वेदों की वर्णन शैलियाँ

डॉ. रामनाथ वेदालंकार

श्रद्धानन्द शोध संस्थान
गुरुकुल कांगडी विश्वविद्यालय
हरिद्वार

सन् 1976 ई.

वेदों की वर्णन-शैलियाँ

[चारों वेदों में प्रयुक्त प्रमुख प्रतिपादन-शैलियों का विवेचनात्मक अध्ययन]

आगरा विश्वविद्यालय से

पी-एच डी. उपाधि प्राप्त शोध-प्रबन्ध

डा० रामनाथ वेदालंकार

अध्यक्ष संस्कृत-विभाग एवं आचार्य

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय

श्रद्धानन्द शोध संस्थान

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

प्रारंभिक शब्द

न केवल भारतीय सस्कृत साहित्य मे, किन्तु विश्व-साहित्य में वेदो का स्थान बहुत उच्च है। मैक्समूलर ने कहा था कि ऋग्वेद ससार भर के उपलब्ध साहित्य मे सबसे प्राचीन ग्रन्थ है। अन्य जो अनेको भावनाएं वेदो के साथ जुडी हुई हैं, उन्हे थोडी देर के लिए छोड भी दे, तो भी केवल प्राचीनतम साहित्य की दृष्टि से भी वेदो का अध्ययन तथा तद्विषयक अनुसन्धान विशेष महत्त्व रखता है। भारतीय मनीषियो की वेदो के प्रति प्रगाढ भक्ति रही है। उन्होने इस का एक-एक छन्द, एक-एक पक्ति, एक-एक अक्षर गिना हुआ था, सम्पूर्ण वेद उन्हें कण्ठाग्र रहते थे। वेदो को वे स्वत. प्रमाण मानते थे। अन्य स्मृत्यादि साहित्य वेदानुकूल होने पर ही प्रमाण माना जाता था, अन्यथा नही। द्विज के लिए वेदो का अध्ययन आवश्यक कर्तव्य था। मनु ने कहा था कि जो द्विज बेद को त्याग कर अन्य शास्त्र मे श्रम करता है, वह इसी जीवन मे सद्य. शूद्रत्व को प्राप्त कर लेता है। वेदो को सब विद्याओ की निधि माना गया था। परन्तु शनै शनै कालक्रम से एक ऐसा युग भी आया जब लोग वेद के अर्थो को भूल गये। उस समय यज्ञो मे वेदमन्त्रो के पाठमात्र से स्वर्गप्राप्ति रूपी फल कल्पित किया जाने लगा। कुछ महर्षियो को यह स्थिति सह्य नही हुई, और उन्होने वेदो के अर्थज्ञान तथा उसके प्रचार के लिए वेदागो की रचना की। वेदो का आधार रख कर ब्राह्मण, आरण्यक, उपनिषद् आदि साहित्य रचा गया। आवश्यकतानुसार प्रातिशाख्य, अनुक्रमणी आदि का भी निर्माण हुआ। स्कन्द स्वामी, नारायण, उद्गीथ, माधव भट्ट, वेकट माधव, आत्मानन्द, सायण, उवट, महीधर, आदि ने वेदो या वेदो के स्थलविशेषो पर भाष्य रचने का उपक्रम किया। यह सब वेदविषयक अनुसधान की दिशा मे ही एक प्रयत्न था। फिर बहुत समय तक वेदो पर नवीन कार्य बन्द सा ही रहा। गत शती मे स्वामी दयानन्द ने फिर इस ओर ध्यान आकृष्ट किया, तथा कर्मकाण्डिक परम्परा से भिन्न पद्धति का अवलम्बन कर वेदभाष्य किया। उनका भाष्य वेदभाष्य की परम्परा मे एक क्रान्तिकारी युग का सूत्रपात करता है। लोकमान्य तिलक ने ज्योतिष की दृष्टि से कुछ वैदिक प्रकरणो पर प्रकाश डाला। उधर पश्चिमी विद्वानो का ध्यान भी वेदो की ओर आकृष्ट हुआ तथा मैक्समूलर, रॉथ, विल्सन, ग्रासमान,

ग्रिफिथ, प्रोल्डनबर्ग, ह्विटने, मैल्डनर आदि ने वेदो के शुद्ध सस्करणो के प्रकाशन, सटिप्पण अनुवाद आदि का कार्य किया, यद्यपि उनके वेद-विषयक मन्तब्यो पर पग-पग पर प्रश्नचिम्ह् उपस्थित किये जा सकते है। वर्तमान मे भी वेदो पर कोशनिर्माण, भाष्य तथा विविध विषयों पर अनुसधान आदि हो रहे है।

वेदो का अध्ययन करते हुए हमारा ध्यान इस अभाव की ओर विशेष रूप से गया कि शैलियो की दृष्टि से वेदो का अध्ययन प्राय नही हुआ है। शैली-विचार के बिना वेदो का वास्तविक रूप पाठक के समक्ष नही आ पाता। जब हम सायणादि के भाष्यो को पढते है, तब वैदिक शब्दो का अर्थ तो हमें विदित होता है, किन्तु उनके पीछे क्या भावना है, इससे हम पर्याप्त अशो मे अपरिचित रहते है। हमारे सम्मुख अनेक समस्याएं उपस्थित हो जाती है और समाधान की अपेक्षा करती है। अथवा हम यह समझने लगते है कि वेदो मे कोई विशेषता नही है, स्तुति, प्रार्थना, यज्ञ तथा कुछ निरर्थक आख्यान मात्र है। परन्तु जब हम वेदो की शैलियो मे परिचित हो जाते है, तब हमारे लिए स्तुति-प्रार्थनाए कोरी स्तुति-प्रार्थनाए नही रहती, आख्यान कोरे आख्यान नही रहते, सवाद कोरे सवाद नही रहते, अपितु उनके पीछे किन्ही रहस्यार्थो के दर्शन होने लगते है। इसी विचार मे प्रस्तुत प्रबन्ध मे वेदो की शैलियो को शाध के विषय के रूप मे गृहीत किया गया है।

शैली का विषय अपने आप मे बहुत विस्तृत है। इस पर भाषा, छन्द, अर्थ आदि कई दृष्टियो से विचार हो सकता है। हमने केवल वर्णन, विषय-प्रतिपादन या अर्थ का ही आधार रखा है, अर्थात् वेद किसी विषय का प्रतिपादन किन-किन शैलियो से करते हैं, यह दर्शाया है। अतएव प्रबन्ध का शीर्षक 'वेदो की वर्णन-शैलिया' है। वर्णन या प्रतिपादन की शैलियाँ भी वेद मे अनेक समझी जा सकती हैं, उनमे से प्रमुख शैलियों को ही लिया है, जिन्हें आठ अध्यायो मे विभक्त किया गया है। इन अध्यायो को लिखने से पूर्व चारो वेदो का ध्यानपूर्वक पारायण कर जिस शैली की जो सामग्री जहा प्राप्त होती है, उसे बडे प्रयत्न से सगृहीत किया है। इस दिशा मे यह सर्वथा नवीन प्रयत्न है। यद्यपि वेदो के हिन्दी भाष्य विद्यमान है, तो भी उनसे सन्तोष न कर प्रबन्ध में प्रयुक्त वेदमन्त्रो का भाषान्तर भी स्वय किया है, जिसमे अनेक स्थानो पर दूसरे भाष्यो के भाषान्तर से नवीनता है। भाषा धारावाही रहे तथा शब्दार्थों से दूर भी न जाये इस का ध्यान रखा गया है। किस शैली के

विचार से क्या विशेष परिणाम हमारे समक्ष आते हैं, इस पर भी यथास्थान चर्चा की गयी है।

विषय–प्रवेश रूप प्रथम अध्याय मे विषय के महत्त्व पर प्रकाश डाला गया है। तथा इस विषय पर प्राचीन देन क्या है, जो शोधकार्य में हमारे लिए सबल बनती है, यह विस्तार से दर्शाया है। वेदो की अनेकार्थक शैली को भी स्पष्ट किया गया है। अनेक अर्थ-प्रक्रियाओ की शैली पर एक स्वतन्त्र अध्याय भी लिखा जा सकता था, परन्तु वैसा न कर इसे विषय–प्रवेशात्मक इस अध्याय मे ही लिया है। इस शैली का प्रयोग अगले अध्यायो मे हमने प्रर्याप्त किया है, इस कारण प्रथम अध्याय मे इसका विवेचन हो जाना आवश्यक था। अन्त मे अपने अध्ययन की दिशा तथा सीमाओं को भी स्पष्ट कर दिया है।

अगले अध्यायो मे विभिन्न शैलिया है। प्रहेलिकात्मक शैली के अध्याय मे जो प्रहेलिकाए दी गयी है, उनके चयन मे बहुत परिश्रम किया गया है। उनमे से कुछ तो प्रहेलिका रूप मे सर्वविदित है। किन्तु शेष का प्रहेलिकात्मक रूप हमने स्वय निर्धारित किया है, भाष्यकारो ने उन्हे वैसा रूप नही दिया है। प्रहेलिकाओ की जो व्याख्याए पूर्व आचार्यो ने की हैं, उन्हे तो दर्शाया ही गया है, किन्तु उन के अतिरिक्त अनेक व्याख्याए वेदो तथा इतर वैदिक साहित्य से सकेत-सूत्र गृहीत कर हमने स्वय की है। इस शैली का वेदार्थ की दृष्टि से क्या महत्त्व है यह भी सोदाहरण स्पष्ट किया गया है।

सवादात्मक शैली मे वैदिक सवादो को दर्शाते हुए प्रत्येक मन्त्र को लिया है, तथा जहा सायणादि से हमारा मतभेद है उसे भी हेतु पुरस्सर दिया है। प्राय इन सवादो की प्राकृतिक व्याख्याएँ ही की जाती रही है। हमने विविध दृष्टिकोणो से व्याख्याए प्रस्तुत करने का यत्न किया है। प्रत्येक अध्याय पर यहा कुछ लिखने से इस प्राक्कथन के अधिक बडा हो जाने का भय है। प्रथम अध्याय मे सक्षेप से तथा आगे प्रत्येक शैली पर विचार करते हुए पर्याप्त लिख दिया गया है। अत पिष्टपेषण की आवश्यकता भी नही है।

इस प्रबन्ध को लिखने मे गुरुकुल कागडी विश्वविद्यालय के बृहत् पुस्तकालय से बहुत लाभ उठाया गया है। जिन वैदिक विद्वानो के ग्रन्थो से सहायता मिली है, उनका नाम सादर सन्दर्भग्रन्थ-सूची मे दे दिया गया है। आधुनिक विद्वानो मे श्री पाद दामोदर सातवलेकर, डा० मगलदेव शास्त्री, प० धर्मदेव विद्यामार्तण्ड तथा आचार्य प्रियव्रत वेदवाचस्पति से लेखक को विशेष प्रेरणा प्राप्त हुई है। अपने पी-एच० डी० के निर्देशक डा० धर्मेन्द्र-

नाथ शास्त्री, अध्यक्ष संस्कृत विभाग डी० ए० वी० कालेज देहरादून से समय-समय पर जो अनेक परामर्श प्राप्त हुए हैं, तदर्थ उनके प्रति लेखक अत्यन्त कृतज्ञ है। अन्त मे उन मनीषी प्राचीन आचार्यों के प्रति लेखक नतमस्तक होता है, जो वेदमय थे तथा जिनके सुरक्षित साहित्य का इस शोध-प्रबन्ध मे प्रचुर प्रयोग किया गया है।

आर्य प्रतिनिधि सभा पजाब तथा गुरुकुल विश्वविद्यालय के अधिकारियो ने गुरुकुल के व्यय पर इसे प्रकाशित करवाना स्वीकार किया। गुरुकुल कागड़ी फार्मेसी के व्यवसायाध्यक्ष डा० हरिप्रकाश आयुर्वेदालंकार ने इसके प्रकाशन एव मुद्रण मे विशेष रुचि लेकर अत्यल्प समय मे ही गुरुकुल-मुद्रणालय के कर्मचारियो के सहयोग से इसे प्रकाशित करा दिया। एतदर्थ लेखक इन सबके प्रति आभार व्यक्त करता है।

इस शोध-प्रबन्ध पर सन् १९६६ मे आगरा विश्वविद्यालय से लेखक को पी–एच० डी० उपाधि प्राप्त हुई थी। किन्तु अभी तक इसे प्रकाशित नही किया जा सका था। अब गुरुकुल कागडी विश्वविद्यालय के श्रद्धानन्द-शोध-संस्थान द्वारा यह प्रकाश मे आ रहा है। आर्यसमाज-स्थापना-शताब्दी वर्ष पर वेद-प्रेमियो के सम्मुख लेखक की यह विनम्र भेंट उपस्थित है।

गुरुकुल कागडी विश्वविद्यालय
२८ फरवरी १९७६

रामनाथ वेदालंकार

विषयानुक्रमणिका

प्रथम अध्याय १-३८

शैली-विचार

वेदो का गौरव, वेदो के शैली-विचार का महत्त्व, वेदो मे शैली-निर्देश, शतपथब्राह्मण मे शैली-निर्देश, यास्क का शैली-विचार, शौनक का शैली-विचार, इतर साहित्य मे शैली-विचार, वेदो की अनेकार्थक शैली, अध्ययन की दिशा और सीमाए ।

द्वितीय अध्याय ३९-१०१

प्रहेलिकात्मक शैली

प्रारभिक विवेचन, **ऋग्वेद की प्रहेलिकाएं**—एक-दूसरे के शिशु को दूध पिलाती हुई दो माताए, दस युवतियो का एक पुत्र, वत्स माताओ को उत्पन्न करता है, आकाश के मध्य मे स्थित पाच बैल, वृक को मार्ग से हटाने वाले आकाशवासी सुपर्ण, तीन भाई, छह लोको को धारण करने वाला अज, एक पक्षी जिसकी गौएं सिर से दूध देती तथा पैरो से पानी पीती हैं, गर्भ मे वत्स को लिये गौ उड रही है, एक वृक्ष पर बैठे दो सुन्दर पक्षी, कभी न मरने वाला ग्वाला, पके बैल का धुआ, तीन केशधारी साधु, एक अद्भुत चक्र, एक विशाल कौआ, स्वर्ग पहुचाने वाला रथ, छह भार उठाने वाला अचल बैल, बैल के घोसले में उत्पन्न सिर-पैर-विहीन शिशु, चार सीग और तीन पैर धारी वृषभ, आकाश मे उडने और रग बदलने वाला उक्षा, पिता-माता के लिए महिष और मृग पकाने वाला युवक, सात दोग्धाओ से दुही जाने वाली गौ, वृक्ष-वृक्ष पर बैठी हुई गौ, उल्टी लीला, युवक को वृद्ध ने निगल लिया, चार चोटियो वाली युवति, समुद्रशायी सुपर्ण, केशी भगवान् का विष-पान, **यजुर्वेद की प्रहेलिकाएं**—सरस्वती मे गिरने वाली पाच नदिया, शरीर मे निवास करने वाले सात ऋषि; **सामवेद की प्रहेलिकाएं**—दो ऊधसो वाली गौए, **अथर्ववेद की प्रहेलिकाए**—दस सिरो वाला ब्राह्मण, द्यावापृथिवी का धारक बैल, सहस्र चरणो वाला श्येन, आठ चक्रो और नौ द्वारों वाली अयोध्यापुरी, लकड़ी से अनन्त वस्त्र बुनने वाली दो युवतिया,

छह युगल शिशुओं का एक अकेला भाई, उल्टा कटोरा, स्वर्ग का यात्री हंस, दो जादू की लकड़ियाँ, बिना पैरों का प्राणी, नवद्वार कमल, एक पैर से उड़ने वाला हंस; **प्रहेलिकात्मक शैली के विचार का महत्त्व**–असंगत प्रकरणों की व्याख्या में सहायता, वृषभ तथा मेष को पकाने का आशय, पशुओं की आहुति का आशय, अश्वमेध तथा अजमेध, देवों के स्वरूपनिर्णय में सहायता ।

तृतीय अध्याय १०२-१४०

आत्मकथात्मक शैली

इन्द्र की आत्मस्तुतियां, प्रथम आत्मस्तुति, द्वितीय आत्मस्तुति, तृतीय आत्मस्तुति, चतुर्थ आत्मस्तुति, इन्द्र-स्तुतियों पर एक दृष्टि; त्रसदस्यु की आत्मस्तुति, वागाम्भृणी की आत्मस्तुति, सेनानी की आत्मस्तुति; रुद्र की आत्म-स्तुति, मनुष्य का आत्म-परिचय; मनुष्य के वीरोद्गार; मनुष्य का आत्मपरिदेवन-एक जुआरी का आत्मनिर्वेद, मैं अपने आपको ही नहीं जानता, ज्योति की राह दिखाओ, इस काली रात्रि को कैसे पार करूं, हे वरुण, दर्शन क्यों नहीं देते ?, जालबद्ध-मत्स्यों का करुण क्रन्दन, अहो मैं क्या से क्या हो गया, विरही का विलाप; उपसंहार ।

चतुर्थ अध्याय १४१-२०२

संवादात्मक शैली

प्रारम्भिक विवेचन, इन्द्र-मरुत् तथा इन्द्र-अगस्त्य के संवाद, विश्वामित्र नदी-संवाद, यम-यमी-संवाद; इन्द्र, इन्द्राणी और वृषाकपि का संवाद, पुरूरवा और उर्वशी का संवाद, सरमा और पणियों का संवाद ।

पंचम अध्याय २०३-२३०

प्रश्नोत्तरात्मक शैली

ऋग्वेद के प्रश्नोत्तर–सोम के मद का क्या प्रभाव है ?, अग्नि, सूर्य, उषाएं, नदियां कितनी हैं ?, परम पुरुष के मुख, बाहु, जाँघें, पैर क्या थे ?, कुमार को और उसके रथ को किसने बनाया ? द्यावापृथिवी किस वृक्ष से रचे गये ? मुक्ति के लिए किसे स्मरण करें ? **यजुर्वेद के प्रश्नोत्तर**–कौन एकाकी चलता रहता है ?, ऐसी क्या वस्तु है जिसकी माप-तोल नहीं ?, क्या विष्णु के पगों में सारा भुवन समाया है ?, किनके अन्दर पुरुष प्रविष्ट है ?, सबसे विशाल

पक्षी कौन ?, पिशंगिला और कुरुपिशंगिला क्या हैं ?,यज्ञ के स्थिति-स्थान, अक्षर आदि कितने है ?, इस भुवन की नाभि आदि को कौन जानता है ?, पृथ्वी का सबसे अन्तिम छोर कौन सा है ? **सामवेद के प्रश्नोत्तर**–बहुत सी गर्दनों वाला युवा वृषभ कहा है ?, **अथर्ववेद के प्रश्नोत्तर**–गौ, एक ऋषि, धाम, आशीष आदि क्या हैं ?, किसकी कृपा से श्रोत्रिय आदि मिलते हैं ?, किससे देवो मे वासयोग्य होता है ?, भूमि, आकाश आदि किसने बनाये ?, ब्रह्म के विवाह मे घराती बराती कौन ? शरीर के अगो को किस ऋषि ने जोड़ा ?, शरीर मे रग किसने भरा ?, किस गाय का दूध-घी आदि अब्राह्मण न खाये ?, किस गाय का दान अवश्य करे ? तुलनात्मक विचार ।

षष्ठ अध्याय २३१-२६०

प्रेरणात्मक, आश्वासनात्मक तथा आशीर्वादात्मक शैली

१–प्रेरणात्मक शैली–(क) विध्यात्मक रूप. उद्बोधन, कर्तव्य-प्रेरणा, राजा एव सेनानी को कर्तव्य-प्रेरणा, अग्निहोत्र की प्रेरणा, त्याग की प्रेरणा, अतिथि-सत्कार की प्रेरणा, सामनस्य की प्रेरणा, अन्य प्रेरणाएं-कृषि, दीर्घायुष्य, अलक्ष्मी-नाशन, प्रणय, रक्षा के उपाय ।(ख) निषेधात्मक रूप । उक्त प्रेरणाओ पर एक दृष्टि ।

२–आश्वासनात्मक शैली–सुबन्धु को आश्वासन, व्याधिग्रस्त को आश्वासन, चिकित्सक की जादू-भरी वाणी, सर्पदष्ट को आश्वासन, अन्य प्रसंग ।

३–आशीर्वादात्मक शैली–दानी के प्रति, अगिरसो के प्रति, वर-वधू के प्रति, जनसाधारण के प्रति, दिवगत आत्मा के प्रति, उपसहार ।

सप्तम अध्याय २६१-२६१

अर्थवादात्मक, अभिशापात्मक, तथा भर्त्सनात्मक शैली

१–अर्थवादात्मक शैली–(क) प्रशसात्मक अर्थवाद–यज्ञ एव अग्निहोत्र की प्रशसा, दान–दक्षिणा की प्रशसा, सोम-सवन की प्रशंसा, अतिथि-यज्ञ की प्रशसा, आदित्यो के रक्षण की प्रशसा, ब्रह्मणस्पति के सख्य की प्रशंसा, सत्य की प्रशंसा, पावमानी ऋचाओ के अध्ययन की प्रशंसा, मणि-धारण की प्रशसा, विविध ज्ञानों की

प्रशंसा, उक्त प्रशंसाओं पर एक दृष्टि। (ख) निन्दात्मक अर्थवाद- अदान-निन्दा, अज्ञान निन्दा, द्यूत-निन्दा, ब्राह्मण के तिरस्कार की निन्दा, गौ के पीडन की निन्दा, अतिथि के प्रति उपेक्षाभाव की निन्दा, व्रात्य के अपमान की निन्दा, इतर निन्दाए, उक्त निन्दाओ पर एक दृष्टि।

२–अभिशापात्मक शैली

३–भर्त्सनात्मक शैली २९२-३२४

अष्टम अध्याय

स्तुत्यात्मक, प्रार्थनात्मक, तथा आशंसात्मक शैली

पूर्व आचार्यों का विचार–यास्क, शौनक, कात्यायन, स्वामी दयानन्द। **स्तुत्यात्मक शैली**–दो भेद, १.प्रत्यक्षकृत स्तुति–इन्द्र, अग्नि, सोम, मरुत्, सूर्य, चन्द्र, गाव., लाक्षा, अजन, २ परोक्षकृत स्तुति– इन्द्र, विष्णु, वरुण, सोम, प्राण उषा, सूर्य, पर्जन्य, मण्डूक, अरण्य।

प्रार्थनात्मक शैली–इन्द्र, अग्नि, सोम, वरुण, सूर्य, सविता, द्यावापृथिवी, प्राणापान, दुन्दुभि।

आशंसात्मक शैली–ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद। वैदिक स्तुति-प्राथना-आशसाओ पर एक दृष्टि : मैक्समूलर का हीनोथीज्म, जड पदार्थों की स्तुति मे विविध वाद-अभिमानि-देवतावाद, प्रकृतिपूजावाद, व्यत्ययवाद, आरोपवाद, वैदिक उदात्त भावनाए।

सकेत-सूची ३२५-३२६

सन्दर्भ-ग्रन्थ-सूची ३२७-३३०

मन्त्रानुक्रमणिका ३३१-३४२

प्रथम अध्याय

शैली-विचार

वेदों का गौरव

विश्व-साहित्य मे वेदों का स्थान बहुत उच्च तथा गौरवपूर्ण है । सभी काल के भारतीय मनीषियो को इन्होने अपनी दिव्य भारती से आकृष्ट किया है । अर्थ-पूर्णता, देवताओ के माध्यम से नाना विषयो के प्रतिपादन की कला, ब्रह्मविद्या तथा सृष्टिविद्या का एव इहलोक तथा परलोक का समुचित समन्वय, स्थूल प्रतीको द्वारा सूक्ष्म आध्यात्मिक रहस्यो के वर्णन की क्षमता, क्वचित् गम्भीर और क्वचित् आख्यान, सवाद आदि रोचक शैलियो द्वारा विषय के निरूपण, अनुपम काव्य-सौन्दर्य आदि के कारण वेदो ने विशेष आदर प्राप्त किया है । आर्यावर्त मे प्राचीन काल मे वेदो का अध्ययन-अध्यापन पवित्र कर्तव्य माना जाता रहा है । मध्य-काल मे जब वेदार्थ लुप्तप्राय हो गये, यहा तक कि मन्त्रों की अनर्थकता का वाद चल पडा, तब भी वेदो के पाठमात्र से स्वर्ग-प्रापक अदृष्ट की उत्पत्ति तथा परम कल्याण की प्राप्ति स्वीकार की जाती रही । समस्त सस्कृत-साहित्य एक स्वर मे वेदो की गौरव-गाथा का गान करता है ।

वेदो की महत्ता से विदेशी विद्वान् भी कम प्रभावित नही हुए हैं । मैक्स-मूलर, रॉथ, विलसन, ग्रासमान, लुडविग, ग्रिफिथ, ओल्डनबर्ग, कीथ, ह्विटने, ब्लूमफील्ड प्रभृति पश्चिमी विद्वानो ने वेदो के अध्ययन, प्रकाशन, अनुवाद, टिप्पणी-योजन आदि कार्यों में पर्याप्त रुचि प्रदर्शित की है, तथा वे वेदो को इस कोटि का साहित्य समझते हैं जिस पर अधिकाधिक अनुसधान-कार्य किया जाना चाहिए । यह श्रेय का विषय है कि आज अनेक दृष्टियो मे जगत् वेदो की महत्ता को स्वीकार कर चुका है, तथा इस के विविध विषयो पर भारत मे और विदेशो मे भी शोधकार्य हो रहा है ।

वेदों के शैली-विचार का महत्त्व

किसी भी शास्त्र का अध्ययन प्रारम्भ करने से पूर्व उसकी भाषागत तथा अर्थगत शैलियो का परिज्ञान आवश्यक होता है । अन्यथा उस शास्त्र को न हम पूर्णत: समझ सकते है, न ही उसका यथार्थ मूल्यांकन कर सकते हैं । उदाहरणार्थ प्रत्याहार-प्रक्रिया, परिभाषाबलि, सूत्रशैली आदि के पूर्व ज्ञान के बिना हम पाणिनि की अष्टाध्यायी को हृदयगम नही कर सकते, कालिदास, बाण या माघ की विशिष्ट शैलियो का परिचय पाये बिना उनकी कविता का

मूल्य-निर्धारण नही कर सकते । इसी प्रकार वेदो के हृद्‌गत आशय को समझने के लिए तथा उनका मूल्याकन करने के लिए वेदो मे प्रयुक्त शैलियो का ज्ञान परम आवश्यक है ।

वेदो की रचना तथा शैली इतर शास्त्रो मे विलक्षण प्रकार की है । वेदों के समान स्मृतिया भी धर्मशास्त्र हैं, किन्तु वेदो तथा स्मृतिशास्त्रो की शैली मे महान् अन्तर है । स्मृतिशास्त्र वर्ण, आश्रम, राजनीति आदि प्रत्येक विषय का पृथक् प्रकरण रखते हैं, तथा उसमे उस-उस विषय के सब नियमो का उल्लेख कर देते है । परन्तु वेदो मे ऐसा कोई स्पष्ट क्रम हमे परिलक्षित नही होता । वेद अग्नि, इन्द्र आदि के स्तुति-प्रसग से कहीं भी किसी विषय की कोई बात कह जाते है, वह भी प्राय द्व्यर्थकता के आवरण के पीछे अन्तर्हित रहती है, जिसे सूक्ष्म दृष्टि मे देखना पडता है । स्मृति-शास्त्रो की भाषा स्पष्टत एक निश्चित अर्थ को देती है, प्रत्येक व्यक्ति उससे एक ही अर्थ समझता है । परन्तु वेदो की भाषा रहस्यमय है, विभिन्न व्यक्ति उससे अपने-अपने स्तर के भिन्न-भिन्न आशय गृहीत कर सकते है । स्मृतिशास्त्रो मे ब्रह्मचारी, स्नातक, राजा आदि के जो कर्तव्य-विधान करने होते हैं, वे स्पष्टत प्रतिपादित कर दिये जाते हैं कि अमुक के अमुक कर्तव्य है, जिनका उसे पालन करना चाहिए । परन्तु वेद सीधी विधिपरक भाषा मे बहुत कम बोलते है । जब वे स्पष्टत. विधि का विधान ही नही करते तो शका होने लगती है कि उन्हे धर्मशास्त्र की कोटि मे ही क्योकर माना जाए ।

जब हम वेदो की शैलियो से अभिज्ञ हो जाते है, तब इस प्रकार की सब शकाए स्वतः निर्मूल हो जाती है, तथा उन शैलियो को ध्यान मे रखते हुए हम वेदो के आशय तक पहुंच सकते हैं । उदाहरणार्थ, वेद की शैलियो मे एक सवादात्मक शैली है । इस शैली के रहस्य को समझे बिना जब हम यम-यमी के सवाद को पढते है, तब कोई यम-यमी थे, जिनमे ऐसा सवाद हुआ था, इतने मात्र अर्थ का बोध हमे होता है । परन्तु सवाद को एक प्रतिपादन-शैली के रूप मे स्वीकृत कर लेने पर हम इस संवाद से अनेक विधियो को स्वतः कल्पित कर लेते हैं, यथा भाई-बहिन का परस्पर विवाह नहीं होना चाहिए, यदि कभी कोई परस्पर ऐसा प्रस्ताव कर भी बैठे तो दूसरे को उसका प्रत्याख्यान कर देना चाहिए, आदि । यही अन्य सवादों व आख्यानो के विषय मे है । ऐसा करने पर जो मन्त्र विधिहीन दिखाई देते है, वे ही सब स्पष्टत. विधियों का प्रतिपादन करते हुए प्रतीत होने लगते हैं, तथा समस्त वेद कर्तव्योपदेशक शास्त्र के रूप में परिणत हो जाता है ।

अनेक स्थलो में वेद में प्रहेलिका-शैली आती है। इस शैली से परिचित हुए बिना प्रहेलिका वाले स्थल असंबद्धार्थाभिधायी उन्मत्त-प्रलाप से प्रतीत होते हैं। इस शैली का रहस्य न समझने के कारण ही वेदो के अनेक प्रकरणो का आशय समझने मे विद्वान् भाष्यकार भी असफल रहे है, इसकी मीमासा हमने इस शैली के अध्याय में विशद रूप से की है। वेदो की अर्थवादात्मक शैली पर ध्यान न जाने के कारण कई बार वेदो पर यह आक्षेप किया जाता है कि वेद असत्य फलो को वर्णित करते है। पर फलश्रुति की अर्थवादात्मकता हृदयगम कर लेने पर यह सशय दूर हो जाता है। यही बात प्रत्येक शैली के सबध में कही जा सकती है। प्रत्येक शैली के विचार का महत्व यथास्थान उस-उस शैली के अध्याय में प्रकट हो गया है। शैली-विचार के बिना जो प्रकरण मृतकल्प प्रतीत होता है, वही शैली का रहस्य समझ लेने पर सप्राण दीखने लगता है, और ऐसा प्रतीत होता है, मानो वह स्वय बोल कर अपने आशय को स्फुरित कर रहा है। यदि शैलियो की दृष्टि से वेदो का विशद अध्ययन अब तक किया गया होता तो वेदो के साथ हम अधिक न्याय कर सकते और आज वेदो की जो लोक-प्रियता है, उससे कही बहुत अधिक हो सकती।

वेदो मे आगे प्रतिपादित जो भी शैलिया व्यवहृत हुई है उनके विवेचनात्मक अध्ययन का एक लाभ यह भी होगा कि उस-उस शैली के सब प्रकरणो को एकत्र कर हम उस शैली के प्रयोग मे वेद कहा तक गये हैं तथा किस प्रकार और कितने अशो तक वे परवर्ती साहित्य के लिए उन-उन शैलियो के प्रयोग मे पथ-प्रदर्शक हुए हैं, इसकी भी मीमासा कर सकेंगे। सक्षेप मे वेदो के शैली-विचार से हमें निम्न प्रकार के लाभ हो सकेंगे।

१. वेदों का स्वरूप निखर कर हमारे सामने आयेगा।
२ वेदों में वैविध्य का दर्शन हो सकेगा।
३. मन्त्रो को विधिरूप मे परिणत कर सकेंगे।
४. मन्त्रो मे विविध अर्थ-प्रक्रियाओ की योजना कर सकेंगे।
५ जो प्रकरण कोरे इतिहास या काल्पनिक आख्यान समझे जाते हैं, उनमे अन्तर्निहित अभिप्राय को हृदयगम कर सकेंगे।
६ उन शैलियो का सहितोत्तर काल मे कहा तक उपयोग, पल्लवन एव विकास या ह्रास हुआ है, इसकी मीमासा कर सकेंगे।
७. जो वैदिक शैलिया शिक्षा-मनोविज्ञान की दृष्टि से उपादेय हैं, उन का लोक में प्रयोग कर सकेंगे।

८. अनेक असगत तथा विपरीतार्थाभिधायक प्रतीत होने वाले॰ प्रकरणो की सुसगत व्याख्या हो सकेगी।
९. अतिशयोक्तिपूर्ण फलश्रुतियो का वास्तविक अभिप्राय हृदयंगम किया जा सकेगा।
१० वेदो के क्रूर अभिशापो के पीछे जो भावना है, उसका ग्रहण कर सकेंगे।
११ वेद स्तुति-प्रार्थनाओ का सग्रहमात्र है, इसका परिहार हो सकेगा।
१२ वेद विविध विज्ञानो की निधि है, इसका रहस्य उद्घाटित हो सकेगा।

इस प्रकार शैली-विचार के महत्त्व का कुछ विवेचन करने के अनन्तर अब यह देखना आवश्यक है कि शैली-विषयक शोधकार्य को प्रवृत्त करने के लिए प्राचीन देन हमे किस अश तक प्राप्त होती है।

वेदों मे शैली-निर्देश

यद्यपि सामान्यत: वेदो मे वैदिक शैलियो के निर्देश की आशा नही की जाती, तो भी प्रसगवश कुछ शैलियो का सकेत वेदो मे आया है। एक दृष्टि से वेदमत्रो का ऋग्, यजु:, साम इन तीन श्रेणियो मे विभाजन प्राप्त होता है।[1] जिन मन्त्रो मे अर्थवश पादव्यवस्था होती है वे ऋग्, गानपरक मन्त्र साम, तथा इन दोनो से अवशिष्ट मन्त्र यजु: कहाते है। जैमिनीय मीमासा मे इसे निम्न शब्दो मे प्रतिपादित किया है—"तेषाम् ऋग् यत्रार्थवशेन पादव्यवस्था। गीतिषु सामाख्या। शेषे यजु:शब्द." (पू मी २ १. ३५-३७)। ऋग्, यजु:, साम इन भेदो की एक व्याख्या यह की जा सकती है कि वर्णनात्मक मन्त्र ऋग्, विधिपरक या यज्ञ से सम्बन्ध रखने वाले मन्त्र यजु., तथा स्तुतिगानपरक मन्त्र साम होते हैं।[2] एव ऋग्, यजु, साम ये वेदमन्त्रो की तीन शैलिया मानी जा सकती है, यद्यपि यह शैलीभेद बहुत स्पष्ट नही है, तथा इन सज्ञाओ के उपर्युक्त अर्थ ही वेद को अभिप्रेत हैं; इसमें पुष्कल प्रमाण भी नही है।

---

१ द्रष्टव्य: ऋग् १०. ९० ९, यजु ३१ ७ तथा ३४ ५
तुलनीय . सा वा एषा वाक् त्रेधा विहिता, ऋचो यजूंषि सामानि। शत० १० ५. १. २। विनियोक्तव्यरूपश्च त्रिविध: सम्प्रदर्श्यते। ऋग्यजु: सामरूपेण मन्त्रो वेदचतुष्टये॥ षड्गुरुशिष्य, सर्वानुक्रमणी-वृत्ति की भूमिका।

२. ऋग्भि: शंसन्ति, यजुर्भिर्यजन्ति, सामभि: स्तुवन्ति। निरु. १३. ७

इससे अधिक स्पष्ट रूप मे अथर्ववेद मे व्रात्यप्रकरण के निम्न मंत्रो मे कुछ शैलियो का निर्देश मिलता है, वे हैं इतिहास, पुराण, गाथा और नाराशसी।

स बृहतीं दिशमनुव्यचलत् । तमितिहासश्च पुराणं च गाथाश्च नाराशंसीश्चानुव्यचलन् । इतिहासस्य च वै स पुराणस्य च गाथानां च नाराशंसीनां च प्रियं धाम भवति य एवं वेद ।

अथर्व. १५. ६. १०-१२ ।

सामान्यत: इतिहास, पुराण आदि ब्राह्मणग्रन्थो के शैली-भेद माने जाते हैं। परन्तु सहिता में निर्दिष्ट ये चारो भेद सहितोत्तरकालीन ब्राह्मणग्रन्थो के नही हो सकते । एव ये भेद वेदमन्त्रो के ही होने चाहिए ।

१. इतिहास

वेदो मे जो आख्यानात्मक शैली के प्रकरण हैं, उन्हे इतिहास कहते है । निरुक्तकार ने भी वेद के कुछ प्रकरणो पर इतिहास दर्शाया है । यथा, वृष्टिसूक्त (ऋग् १० ९८) पर देवापि-शन्तनु का इतिहास दिया गया है ।[३] नदी-सूक्त (ऋग् ३. ३३) पर विश्वामित्र का इतिहास दिखाया है ।[४] द्रुघणसूक्त (ऋग् १० १०२) पर मुद्गल भार्म्यश्व का इतिहास प्रदर्शित किया गया है ।[५] विश्वकर्मा-सूक्त (ऋग् १० ८१) पर विश्वकर्मा भौवन का इतिहास वर्णित किया गया है ।[६] सरण्यू के मन्त्र (ऋग् १० १७ २) पर सरण्यू-विवस्वान् का इतिहास दिया गया है ।[७] यह ध्यान देने योग्य है कि जहा निरुक्तकार 'तत्रेतिहासमाचक्षते' ऐसा कहते है, वहा उनका अभिप्राय ऐतिहासिक शैली से होता है, जैसा उक्त प्रकरणो मे है । किन्तु जहा 'इत्यैतिहासिका:' कहते है, वहा वेदार्थ के ऐतिहासिक सम्प्रदाय मे अपना मतभेद प्रदर्शित करते हैं । यथा 'तत् को वृत्र.? मेघ इति नैरुक्ता., त्वाष्ट्रोऽसुर इत्यैतिहासिका (निरु.२.१६)।' वेद में ऐतिहासिक शैली की सत्ता निरुक्तकार स्वीकार करते है, उससे उनका विरोध नही है ।

शौनक ने भी वेद के कुछ सूक्तो को इतिहासात्मक कहा है ।[८] ऋग्वेद के निम्न प्रकरण इतिहासात्मक शैली के उदाहरण-रूप मे प्रस्तुत किये जा सकते

---

३. निरु. २. ११
४. निरु. २. २४
५. निरु. ९. २२
६. निरु. १०. २६
७. निरु. १२. १०
८. बृ. दे. ४. ४६; ६. १०७, १०९, ७. ७, १५३; ८. ११

हैं—पाशबद्ध शुनः शेप का इतिहास (ऋग् १. २४-३०), इन्द्र-अहि के युद्ध का इतिहास (ऋग् १ ३२), दधीचि की अस्थियो से वृत्रवध का इतिहास (ऋग् १. ८४ १३, १४) कूप-पतित त्रित का इतिहास (ऋग् १ १०५),[९] अश्विदेवो के इतिहास (ऋग् १ ११६), अपाला का इतिहास (ऋग् ८. ८०)[१०], सुबन्धु के प्राणानयन का इतिहास (ऋग् १० ५७-६०) आदि। दान-स्तुतियो के सूक्त भी ऐतिहासिक शैली के ही है, जिनमे राजाओ के दान की स्तुति की गयी है। कुछ आचार्य संवाद-सूक्तो को भी इतिहासात्मक मानते है।[११]

२. पुराण

पुराण शब्द प्राय. इतिहास के साथ आता है। शतपथ-ब्राह्मण मे इन दोनो का वेद नाम से स्मरण किया गया है।[१२] गोपथ ब्राह्मण मे पांच दिशाओं से पाच वेदो की उत्पत्ति बताते हुए ध्रुवा एव ऊर्ध्वा दिशाओ से क्रमशः इतिहास-वेद तथा पुराण-वेद को उत्पन्न कहा गया है।[१३] सायण के अनुसार पुराण एक कथा है जो सृष्टि की आरम्भिक अवस्था का वर्णन करती है।[१४] एव प्रारम्भ मे वेद के ही कुछ भागो को जिनमें पुरातन सृष्टिविद्या का वर्णन है, पुराण कहा जाता था।[१५] अथर्ववेद में यह इसी अर्थ मे प्रयुक्त हुआ है। बाद मे उत्तरवर्ती पौराणिक साहित्य को भी पुराण सज्ञा दे दी गयी,

---

९. निरुक्त मे इस सूक्त के विषय मे कहा है कि इसमे इतिहास, ऋक् तथा गाथा का मिश्रण है—तत्र ब्रह्मेतिहासमिश्र ऋङ्मिश्र गाथामिश्र भवति। निरु. ४ ६

१०. इसे कात्यायन ने भी इतिहास कहा है—कन्या वा· सप्तात्रेय्यपालेतिहास ऐन्द्रः—का. ऋ. सर्वा।

११, यथा पुरूरवा–उर्वशी-सवाद के विषय में शौनक का कथन है कि यास्क इसे सवाद मानते है, किन्तु मेरी सम्मति में यह इतिहास है। बृ दे ७ १५३

१२. तानुपदिशति इतिहासो वेदः।...तानुपदिशति पुराण वेदः। शत १३. ४. ३. १२ १३

१३. गो.ब्रा. पू १ १०

१४. द्रष्टव्य ऐतरेय ब्राह्मण पर सायणभाष्यभूमिका। रॉथ ने भी अपने कोष में इसका उल्लेख किया है, यद्यपि इसे चिन्त्य बताया है।

१५. जीग का विचार। द्रष्टव्य: सूर्यकान्त . वैदिक कोष, १९६३, बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी, इतिहास तथा पुराण शब्द।

क्योंकि उसमे भी सृष्टयुत्पत्ति, सृष्टिसंहार आदि के वर्णन आते है।[16] ऋग्वेद के प्रमुख पुराण-प्रकरण निम्न हैं—

१०. ७२	अदिति-सूक्त
१०. ८१, ८२	विश्वकर्मा सूक्त
१०. ९०	पुरुष-सूक्त
१०. १२१	हिरण्यगर्भ-सूक्त
१०. १२९	नासदीय-सूक्त
१० १९०	भाववृत्त-सूक्त

३. गाथा

वेदो में गाथा शब्द का प्रयोग मिलता है। यह स्वतन्त्र रूप से पाच बार ऋग्वेद मे, तीन बार सामवेद मे तथा छह बार अथर्ववेद मे आया है।[17] यहा गाथा से गाथा-शैली मे निबद्ध विशेष वेद-मन्त्रो का ही ग्रहण होता है। यास्क ने ऋग् १ १०५ के विषय मे कहा है कि इसमे कुछ मन्त्र इतिहासरूप, कुछ ऋग्रूप तथा कुछ गाथारूप हैं।[18] इससे स्पष्ट है कि यास्क के मतानुसार वेद-मन्त्रो मे गाथाए है। काठक तथा पारस्कर गृह्य सूत्रो मे 'सरस्वति प्रेदमव' इत्यादि अनुवाक को गाथा कहा गया है,[19] एव ये भी वेदो मे गाथाए मानते है। ऐतरेय ब्राह्मण मे अथर्ववेद २०. १२७ की ११ से आगे की कुन्ताप ऋचाओं को गाथा कहा है।[20] तैत्तिरीय आरण्यक के भाष्य मे सायण मन्त्र-विशेषो को गाथा कहते है।[21] इन प्रमाणो के होते हुए कुछ विद्वानो का यह

---

१६. सर्गश्च प्रतिसर्गश्च वशो मन्वन्तराणि च। वशानुचरित चैव पुराण पञ्चलक्षणम्॥

१७ ऋग् ८.३२.१, ८ ७१ १४, ८.९८.९, ९ ९९ ४, १० ८५ ६
साम पू. १.५ ५, उ १.२३ ३, उ ८ ६.३
अथर्व. १०. १०. २०, १४. १. ७, १५ ६ ११, १२, २०. १००. ३; २०. १०३. १

१८. निरु. ४. ६ (द्रष्टव्य: पादटिप्पणी ९)।

१९. ततो गाथा वाचयति सरस्वति प्रेदमवेत्यनुवाकम्। का. गृ सू. २५ २३। इस पर टीकाकार का निम्न वचन है 'गीयन्ते इति गाथा;, विशिष्टा एव ऋच: है। "अथ गाथा गायन्ति, सरस्वति प्रेदमव सुभगे वाजिनीवती,' पा. गृ. सू. १७. २

२०. ऐ. ब्रा. ६. ३२

२१. गाथा मन्त्रविशेषा:—तै. आ. २.९ का सायणभाष्य।

मत स्वीकार नहीं किया जा सकता कि गाथाएं केवल लौकिक ही होती हैं, वैदिक नही।[22] वेद में सभवत वे गेय ऋचाएं गाथा कहलाती हैं जिनमे देवस्तुति आदि वर्णित होती है। ऋग्वेद मे कहा है कि तुम गाथा द्वारा इन्द्र के कार्यों का गान करो।[23]

४. नाराशंसी

निरुक्त मे नाराशस उन मन्त्रो को कहा गया है जिनमे मनुष्यों की प्रशंसा होनी है।[24] शौनक के अनुसार नाराशसी वेद की उन ऋचाओ को कहते हैं, जिनमे राजाओ के दान आदि की स्तुति की जाती है—

कर्माणि याभिः कथितानि राज्ञां
दानानि चोच्चावचमध्यमानि।
नाराशंसीरित्यृचस्ताः प्रतीयाद्
याभि स्तुतिर्दाशतयीषु राज्ञाम् ॥ बृ. दे. ३. १५४।

सायण ने भी ऐसा ही माना है[25]। ऋग्वेद मे राजाओं की दान-स्तुतिया, जो नाराशसी के अन्तर्गत हो सकती है, अनेक हैं। कात्यायन ने अपनी सर्वानुक्रमणी मे निम्न बाईस दान-स्तुतियो का उल्लेख किया है[26]—

१. १२५	स्वनय
१. १२६	भावयव्य

---

२२. द्रष्टव्यः सूर्यकान्त 'वैदिक कोश' १९६३, बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी, गाथा शब्द पर रॉथ का विचार।

२३. प्र कृतानि ऋजीषिण कण्वा इन्द्रस्य गाथया।
मदे सोमस्य वोचत ॥ ऋग् ८. ३२. १

२४ येन नरा. प्रशस्यन्ते स नाराशसो मत्र। तस्यैषा भवति, अमन्दान् स्तोमान् प्र भरे मनीषा (ऋग् १ १२६. १)। निरु. ९ ६

२५ प्राता रत्नम् ऋग् १ १२५ १ इत्यादिका मनुष्याणा स्तुतयो नाराशस्य.। सायण ऋग् १०. ८५. ६ का भाष्य।

२६. जिन राजाओ की दान-स्तुति की गयी है, उनके विषय मे दो मत है। प्रथम मत यह है कि ये ऐतिहासिक राजा हुए हैं, जिनसे दान पाकर ऋषि ने उनके दान की स्तुति की है। द्वितीय मत के अनुसार ये काल्पनिक नाम हैं, जो यौगिक अर्थ से राजाओं के किन्हीं गुणों को सूचित करते हैं। प्ररोचना द्वारा वेद ने दान का विधान किया है। द्रष्टव्य युधिष्ठिर मीमांसक 'ऋग्वेद की कतिपय दानस्तुतियो पर विचार' नामक लघुलेख. प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान, अजमतगढ़ पैलेस, काशी।

५. ६१	वैददश्वि तरन्त, वैददश्वि पुरुमीढ, दार्भ्य रथवीति, तरन्तमहिषी शशीयसी
६. २७	चायमान अभ्यावर्ती
६. ४७	सार्ञ्जय प्रस्तोक
७. १८	सुदास् पैजवन
८. २	विभिन्दु
८ ३	कौरयाण पाकस्थामा
८ ४	कुरग
८ ५	चैद्य कशु
८ ६	तिरिंदिर पार्शव्य
८. १९	त्रसदस्यु
८ २१	चित्र
८ २४	सौषाम्ण वरु
८ ४६	कानीत पृथुश्रवा
८. ५५	प्रस्कण्व
८ ७४	आर्क्ष श्रुतर्वा
१० ३३	कुरुश्रवण त्रासदस्यव
१०. ६२	सावर्णि

एव इतिहास, पुराण, गाथा तथा नाराशमी ये अथर्ववेदोक्त नाम वेदों की विभिन्न शैलियो को सूचित करते हैं। शैली-विचार मे इतनी देन हमें वेदों से प्राप्त होती है।

शतपथ-ब्राह्मण में शैली निर्देश

शतपथ-ब्राह्मण मे मैत्रेयी-याज्ञवल्क्य-सवाद के प्रसग मे याज्ञवल्क्य के निम्न वचन आये है—

'स यथा आर्द्रैधाग्नेरभ्याहितस्य पृथग्धूमा विनिश्चरन्ति एवं वा अरेऽस्य महतो भूतस्य निश्वसितमेतद् यद् ऋग्वेदो यजुर्वेद सामवेदोऽथर्वांगिरस इतिहासः पुराण विद्या उपनिषदः श्लोकाः सूत्राण्यनुव्याख्यानानि व्याख्यानानि एतस्यैवैतानि सर्वाणि निश्वसितानि"। शत. १४. ५. ४ १०।

इसमे ऋगादि चारो वेदो के अतिरिक्त इतिहास, पुराण, विद्या, उपनिषद्, श्लोक, सूत्र, अनुव्याख्यान, व्याख्यान इन्हे भी महान् भूत परमेश्वर के निश्वसित रूप कहा है। चतुर्मुख ब्रह्मा से उपदिष्ट वेद-संहिताए ही मानी जाती हैं, इतर साहित्य नहीं। अतः जब याज्ञवल्क्य इतिहासादि को भी परमेश्वर का

निश्वसित कहते है, तो उनका अभिप्राय यह होना चाहिए कि ये इतिहासादि वैदिक सहिताओ के ही भाग-विशेष हैं। इनमे से इतिहास तथा पुराण के विषय में ऊपर लिखा जा चुका है। शेष के सम्बन्ध मे यहा विचार करते है।

विद्या—विद्या वेद के वे स्थल कहलायेंगे जिनमे ब्रह्म से अतिरिक्त किन्ही अन्य विद्याओ का वर्णन हो, यथा आयुर्विद्या, धनुर्विद्या, कृषिविद्या, व्यापारविद्या, पशुपालनविद्या, अर्थविद्या, गणितविद्या, नक्षत्रविद्या, सर्पविद्या आदि[२७]। वेदो के विविध प्रसगो मे इन विभिन्न विद्याओ का वर्णन उपलब्ध होता है। वे सब प्रसग विद्या के अन्तर्गत होगे[२८]। देवो की स्तुति, प्रार्थना आदि के प्रसगो का विद्या मे अन्तर्भाव नही होगा।

उपनिषद्—उपनिषद् मुख्यत रहस्यमय ब्रह्मविद्या के प्रसगो को कहेगे। ब्रह्मविद्या-सम्बन्धी शुक्ल-यजुर्वेद का चालीसवा अध्याय तो पृथक् ईशोपनिषद् नाम से प्रख्यात हो ही गया है। अन्य ऋग्वेद का पुरुष-सूक्त (१० ९०), अथर्ववेद के केनसूक्त (१० २) स्कम्भ सूक्त (१० ७) आदि भी उपनिषद् कहला सकते हैं। ब्रह्मविद्या से अतिरिक्त कुछ अन्य वर्णनो को भी उपनिषद् कहते हैं, जिनमे कोई रहस्य होता है, अथवा जो प्रत्यक्षत या परोक्षत स्तोता के अपने से सबध रखने वाले, सर्वसाधारण पर प्रकट न करने योग्य उद्गार होते हैं। कात्यायनीय सर्वानुक्रमणी मे ऋग्वेद के निम्न प्रसगो को उपनिषद् कहा है —

१. ५०. ११-१३	रोगघ्नी उपनिषद्
१. १९१	विषघ्नी उपनिषद्
५. ७८. ५, ९	गर्भस्राविणी उपनिषद्
७ ५५. २-८	प्रस्वापिनी उपनिषद्
१०. १४५	सपत्नीबाधन उपनिषद्

इनमे से प्रथम मे आदित्य के उदय का स्वागत करते हुए उससे हृदयरोग, हरिमा एव द्वेषी के विनाश की आशंसा की गयी है। द्वितीय मे अप्, तृण, सूर्य

२७ विविध विद्याओ के परिचयार्थ, द्रष्टव्य · छा उ. ७ १।
उत्तरकालीन साहित्य में विद्या का व्यापक अर्थ हो गया है तथा आन्वीक्षिकी, त्रयी, वार्ता, दण्डनीति ये चार विद्याए, या ४ वेद ६ वेदाग, धर्मशास्त्र, पुराण, न्याय तथा मीमासा ये चौदह विद्याए मानी गयी है।

२८. वेदों मे विविध विद्याओ के लिए द्रष्टव्य स्वामी दयानन्द . ऋग्वेदादि-भाष्यभूमिका, विद्यानिरूपण-प्रसग। भगवद्दत्त : वेदविद्यानिदर्शन।

आदि से रोगकृमि तथा विष के निवारण की चर्चा है। तृतीय प्रसव-विषयक है, जिसमे कहा गया है कि दस मास गर्भ मे निवास किया हुआ कुमार जीवित माता के उदर से जीवित एव अक्षत रूप मे बाहर आ जाए। चतुर्थ मे सारमेय को तथा समस्त ज्ञातिजनो को प्रस्वापन कराया गया है। पंचम मे पत्नी की ओर से सपत्नियो को न आने देने तथा पति के प्रेम को पाने की आकाक्षा व्यक्त की गयी है।

श्लोक आदि—इसी प्रकार स्तुति-सम्बन्धी मत्रो को श्लोक कह सकते है, यथा ऋग्वेद ४ २३ मे ऋत-स्तुति के श्लोक हैं[२९]। शतपथ ब्राह्मण मे एक स्थल पर यजुर्वेद के ४०वें अध्याय के 'अन्धन्तम. प्रविशन्ति', 'असूर्या नाम ते लोका' इन मन्त्रो को श्लोक कह कर उद्धृत किया गया है[३०]।

सूत्रात्मक मत्रो को सूत्र कह सकते है, यथा अथर्ववेद के कुन्तापसूक्तो के कुछ मंत्र सूत्ररूप है, जो लघुकलेवर है तथा विशद व्याख्यान की अपेक्षा रखते है।

यदि कोई वर्णन अन्य प्रसग मे आये हुए किसी इतर वर्णन पर आश्रित होता है, एवं उसका पूरक या उसी की व्याख्या करने वाला होता है, तो उसे अनुव्याख्यान कह सकते है। ऋग् १० १०८ मे सरमा एव पणियो का एक सवाद है। पणि इन्द्र की गौए चुरा ले गये है, तथा उन्हे पर्वत-गुहा मे छिपा दिया है। इन्द्र सरमा को दूती बना कर भेजता है, वह पणियो को डराती-धमकाती है कि गौए लोटा दो, नही तो इन्द्र के वीर आकर तुम्हे परास्त कर इन्हें छीन ले जायेंगे। परन्तु अन्त मे परिणाम क्या हुआ इसका सकेत इस सूक्त मे नही है। वह प्रथम मडल के सूक्त ६२ मन्त्र ३,४ से ज्ञात होता है। एवं प्रथम मडल के ये मत्र उक्त सवाद के अनुव्याख्यान या पूरक कहलायेगे। वेदो मे ऐसे परस्पराश्रित सूक्त या मत्र पर्याप्त है।

जब किसी सूक्त, अध्याय आदि मे कोई बात कह आगे उसी का व्याख्यान या विस्तार किया जाता है, तब उन विस्तार-परक मत्रो को व्याख्यान कहना उचित होगा। यथा, ऋग्वेद प्रथम मडल के सूक्त ८० मे प्रथम मत्र में इन्द्र को सम्बोधन कर कहा गया है कि तू पृथ्वी से अहि को बाहर निकाल दे तथा स्वराज्य की अर्चना कर। विधि इस मत्र मे पूर्ण हो जाती है, उद्बोधनार्थ शेष मत्रो मे उसी का विस्तार है। दूसरा उदाहरण दशम मण्डल के सूक्त १०७

---

२९. "ऋतस्य श्लोको बधिरा ततर्द कर्णा बुधान शुचमान आयो." । यहा साक्षात् श्लोक शब्द प्रयुक्त भी हुआ है।

३०. शत. १४. ७. २. ११-१४

का ले सकते है, जहा प्रथम दो मन्त्रो मे दान की प्रशसा करके आगे उसी का व्याख्यान किया गया है।

एव शतपथ के इस प्रकरण से वैदिक शैलियो पर कुछ प्रकाश पड़ता है, यद्यपि इन भेदो को पूर्णत: शैली का नाम देना उपयुक्त नही कहा जा सकता। शतपथ मे अन्यत्र भी इन भेदो की चर्चा हुई है[31]। हमारा यह अभिप्राय नही है कि उक्त परिभाषाए सर्वत्र वैदिक सहिता के किन्ही अशो के लिए ही प्रयुक्त होती है। अन्यत्र इनमे सहितोत्तर-काल के साहित्य के किन्ही अशो का भी ग्रहण हो सकता है। जैसे, उपनिषद् शब्द मुख्यत. उत्तरकाल की उपनिषदो के लिए ही प्रयुक्त होता है। इसी प्रकार श्लोक आदि ब्राह्मणसाहित्य तथा उस से उत्तरकाल के साहित्य मे भी पाये जाते है।[32]

यास्क का शैली-विचार

यास्काचार्य ने अपने निरुक्त मे दो दृष्टियो से शैली-विचार किया है। प्रथम शब्दयोजना या वाक्ययोजना की दृष्टि से, द्वितीय प्रतिपाद्य अर्थ की दृष्टि से। प्रथम के अनुसार ऋचाए तीन प्रकार की कही है, परोक्षकृत प्रत्यक्ष-कृत, तथा आध्यात्मिक। इन का परिचय निम्न शब्दो मे दिया गया है—

तास्त्रिविधा ऋच.। परोक्षकृता., प्रत्यक्षकृता., आध्यात्मिक्यश्च। तत्र परोक्षकृता. सर्वाभिर्नामविभक्तिभिर्युज्यन्ते प्रथमपुरुषैश्चाख्यातस्य। 'इन्द्रो दिव इन्द्र ईशे पृथिव्या,' 'इन्द्रमिद् गाथिनो बृहत्', 'इन्द्रेणैते तृत्सवो वेविषाणा,' इन्द्राय साम गायत,' 'नेन्द्रादृते पवते धाम किञ्चन,' 'इन्द्रस्य नु वीर्याणि प्रवोचम्,' 'इन्द्रे कामा अयसत' इति। अथ प्रत्यक्षकृता मध्यमपुरुषयोगास्त्वमिति चैतेन सर्वनाम्ना। 'त्वमिन्द्र बलादधि,' 'वि न इन्द्र मृधो जहि' इति। अथापि प्रत्यक्षकृता. स्तोतारो भवन्ति परोक्षकृतानि स्तोतव्यानि। 'मा चिदन्यद् विशसत,' 'कण्वा अभिप्रगायत,' 'उपप्रेत कुशिकाश्चेतयध्वम्,' इति। अथाध्यात्मिक्य उत्तमपुरुषयोगा अहमिति चैतेन सर्वनाम्ना। यथैतदिन्द्रो वैकुण्ठो, लव-सूक्त, वागाम्भृणीयमिति। परोक्षकृता. प्रत्यक्षकृताश्च मन्त्रा भूयिष्ठा अल्पश आध्यात्मिका।" निरु ७ १–३।

१ **परोक्षकृत**—परोक्षकृत ऋचाओ मे स्तोतव्य मे सभी विभक्तियो का प्रयोग हो सकता है, तथा वाक्य मे स्तोतव्य यदि कर्ता हो तो उसके लिए

---

३१. यथा, शत. ११.५. ६ ८ तथा १४. ६. १०. ६। प्रथम मे एक नया भेद वाकोवाक्य भी है, जिसका आशय प्रश्नोत्तर से है।

३२. उक्त परिभाषाओ के विषय मे अन्य अर्थों तथा मतो के परिचयार्थ द्रष्टव्य: मैकडानल तथा कीथ : वैदिक इण्डेक्स, सूर्यकान्त : वैदिककोश।

क्रिया प्रथम पुरुष की रहती है। उदाहरणार्थ—इन्द्रो दिव इन्द्र ईशे पृथिव्याः (ऋग् १०. ८९ १०) यहा स्तोतव्य इन्द्र में प्रथमा विभक्ति है, तथा वही कर्ता है, अत उसमे 'ईशे' यह प्रथम पुरुष की क्रिया प्रयुक्त हुई है। 'इन्द्रमिद् गाथिनो बृहदिन्द्रमर्केभिरर्किण । इन्द्र वाणीरनूषत, (ऋग् १ ७. १), इसमें स्यौतव्य इन्द्र द्वितीया विभक्ति मे है, क्रिया का कर्ता इन्द्र नही है, अतः क्रिया पर विच र नही होगा। इसी प्रकार 'इन्द्रेणैते तृत्सवो वेविषाणा' (ऋग् ७ १८ १५), 'इन्द्राय साम गायत' (ऋग् ८ ९८ १), 'नेन्द्रादृते पवते धाम किंचन' (ऋग् ९ ६९ ६) 'इन्द्रस्य नु वीर्याणि प्रवोचम्' (ऋग् १ ३२. १), 'इन्द्रे कामा अयसत'[33] इन मत्रांशो मे क्रमश स्तोतव्य इन्द्र मे तृतीयादि विभक्तिया प्रयुक्त हुई है। यद्यपि गायत, प्रवोचम् ये क्रियाये क्रमश मध्यमपुरुष तथा उत्तमपुरुष की है, तो भी क्योकि उनका कर्त्ता स्तोतव्य नही है, अत इनके मन्त्रो को परोक्षकृत ही माना जायेगा।

२ **प्रत्यक्षकृत**—प्रत्यक्षकृत ऋचाए वे होती है, जिनमे स्तोतव्य को 'त्वम्'[34] सर्वनाम मे प्रकट किया जाता है तथा उसके लिए क्रिया मध्यमपुरुष की प्रयुक्त होनी है। यथा, त्वमिन्द्र बलादधि सहसो जात ओजस । त्वं वृषन् वृषेदसि (ऋग् १० १५३ २), इस मत्र में स्तोतव्य इन्द्र के लिए 'त्वम्' सर्वनाम का प्रयोग किया गया है, तथा 'असि' मध्यमपुरुष की क्रिया है। 'वि न इन्द्र मृधो जहि नीचा यच्छ पृतन्यत । यो अस्माँ अभिदासत्यधर गमया तम. (ऋग् १० १५२ ४)," इस द्वितीय उदाहरण मे यद्यपि "त्वम्' पद प्रयुक्त नही है, किन्तु यह अध्याहृत हो जाता है। 'जहि' 'यच्छ' 'गमय' क्रियाए मध्यम पुरुष की हैं ही।

३ **आध्यात्मिक**—आध्यात्मिक ऋचाए वे होती है, जिनमे देवता 'अह' सर्वनाम के द्वारा स्वय अपना परिचय देता है, तथा अपने लिए उत्तम पुरुष की क्रिया प्रयुक्त करता है। 'अह भुव वसुन पूर्व्यस्पति' आदि इन्द्र

---

३३ यह मन्त्र कहा का है, यह परिज्ञात नही हो सका। अपने 'वैदिक कर्कडेन्स' मे ब्लूमफील्ड भी निरुक्त के अतिरिक्त इसका कोई पता निर्दिष्ट नहीं कर सके हैं। दुर्गाचार्य की टीका मे इसका शेष भाग इस प्रकार पूर्ण किया है 'दिव्यास पार्थिवा उत । त्यमू षु गृणता नर ।' उसे ब्लूमफील्ड ने भी उद्धृत किया है।

३४. 'त्वम्' मे यहा 'युवाम्, यूयम्' भी समाविष्ट समझने उचित हैं। यथा,'युव हि वस्व उभयस्य राजथः' (ऋग् ७.८३.५), 'यूय हि ष्ठा सुदानव' (ऋग् ८.७ १२)।

वैकुण्ठ का सूक्त (ऋग् १० ४८), 'इति वा इति मे मनो गामश्व सनुयामिति' आदि लव-इन्द्र का सूक्त (ऋग् १०.११९) तथा 'अहं रुद्रेभिर्वसुभिश्चरामि' आदि वागाम्भृणी-सूक्त (ऋग् १० १२५) इसके उदाहरण है।

यहा यह पुन ध्यान देने योग्य है कि ये विभाग स्तोतव्य की दृष्टि से किये गये है, स्तोता की दृष्टि से नही। स्तोता के लिए क्रिया मध्यमपुरुष या उत्तमपुरुष की होने पर उन्हे हम प्रत्यक्षकृत या आध्यात्मिक ऋचा नही कह सकते। यथा 'मा चिदन्यद् विशसत' (ऋग् ८ १ १), 'कण्वा अभि-प्रगायत' (ऋग् १ ३७.१), 'उप प्रेत कुशिकाश्चेतयध्वम् (ऋग् ३ ५३ ११), इनमे यद्यपि 'विशसत', 'अभिप्रगायत', 'चेतयध्वम्' येक्रिया-पद मध्यमपुरुष के है तथा 'यूयं' का अध्याहार हो जाता है, तो भी 'यूय' सर्वनाम तथा मध्यम पुरुष के क्रियापद स्तोतव्य के लिए न होकर स्तोताओ के लिए है, अत ये ऋचाए प्रत्यक्षकृत नही, प्रत्युत परोक्षकृत ही मानी जायेगी।

इन तीनो प्रकार की ऋचाओ का विवेचन कर निरुक्तकार कहते है कि वेदो मे परोक्षकृत तथा प्रत्यक्षकृत मत्र तो बहुत है, किन्तु आध्यात्मिक लक्षण वाले अत्यल्प दृष्टिगोचर होते है।

प्रतिपाद्य अर्थ की दृष्टि मे यास्क ने आठ शैलिया निर्धारित की है, जिन का निम्न शब्दो मे वर्णन किया है—

अथापि स्तुतिरेव भवति नाशीर्वाद। 'इन्द्रस्य नु वीर्याणि प्रवोचम्' इति यथैतस्मिन् सूक्ते। अथाप्याशीरेव न स्तुतिः। 'सुचक्षा अहमक्षीभ्यां सुवर्चा मुखेन सुश्रुत् कर्णाभ्यां भूयासम्' इति। तदेतद् बहुलमाध्वर्यवे याज्ञेषु च मन्त्रेषु। अथापि शपथाभिशापौ। 'अद्या मुरीय यदि यातुधानो अस्मि' 'अधा स वीरै-र्दशभिर्वियूया,' इति। अथापि कस्यचिद् भावस्याचिख्यासा। 'न मृत्युरासीद-मृतं न तर्हि', 'तम आसीत् तमसा गूढमग्रे' इति। अथापि परिदेवना कस्माच्चिद् भावात्। 'सुदेवो अद्य प्रपतेदनावृत्,' 'न विजानामि यदि वेदमस्मि' इति। अथापि निन्दाप्रशंसे। 'केवलाघो भवति केवलादी,' 'भोजस्येदं पुष्करिणीव वेश्म' इति। एवमक्षसूक्ते द्यूतनिन्दा कृषिप्रशंसा च। एवमुच्चावचैरभिप्रायै-ऋषीणां मन्त्रदृष्टयो भवन्ति।" निरु. ७ ३

१. स्तुति—कुछ मत्रो मे केवल स्तुति होती है, आशी नहीं। यथा—"इन्द्रस्य नु वीर्याणि प्रवोचम्" (ऋग् १ ३२ १)। इस सम्पूर्ण सूक्त में स्तोता वीरतापूर्ण कर्मों के वर्णन से इन्द्र की स्तुति कर रहा है। इसमें वह अपने लिए याचना कुछ नहीं करता।

२ **आशी**.–कुछ मन्त्रो मे केवल आशी (प्रार्थना) होती है, स्तुति नही होती। यथा–"सुचक्षा अहमक्षीभ्या सुवर्चा मुखेन, सुश्रुत् कर्णाभ्या भूयासम्[३५]"। यहा आखो मे अच्छा देखने, मुख से सुवर्चा होने तथा कानो से अच्छा सुनने की आशी मात्र है। किसी देवता की स्तुति इस मे नही है। यह शैली यजुर्वेद मे तथा यज्ञ-सम्बन्धी मन्त्रो मे अधिक पायी जाती है।

३. **शपथ**–किन्ही मन्त्रो मे शपथ होती है। शपथ का अभिप्राय है, अपने लिए बलपूर्वक कहना कि मैं अमुक दोष का दोषी नही हू, यदि होऊ तो मेरा अमुक अनिष्ट हो जाए। यथा–"अद्या मुरीय यदि यातुधानो अस्मि" (ऋग् ७ १०४ १५), यदि मैं राक्षस होऊं तो आज ही मर जाऊ।

४ **अभिशाप**–कुछ मन्त्रो मे अभिशाप रहता है। यथा–"अधा स वीरैर्दशभिर्वियूया यो मा मोघ यातुधानेत्याह" (ऋग् ७ १०४ १५), जो मुझे यातुधान कहता है, वह अपने दसो पुत्रो से वियुक्त हो जाए।

भावाभिव्यासा–कही किसी भाव की विवक्षा रहती है। यथा, ऋग्वेद के प्रसिद्ध नासदीय-सूक्त मे सृष्ट्युत्पत्ति मे पूर्व की अवस्था का निम्न शब्दो मे चित्रण किया गया है।

न मृत्युरासीदमृत न तर्हि न रात्र्या अह्न आसीत्प्रकेत ।
आनीदवात स्वधया तदेकं तस्माद्धान्यन्न पर: किंचनास ।।
तम आसीत्तमसा गूढमग्रेऽप्रकेत सलिलं सर्व मा इदम् ।
तुच्छ्येनाभ्वपिहित यदासीत्तपसस्तन्महिनाजायतैकम् ।

ऋग् १०.१२६ २,३

६. **परिदेवना**–कही परिदेवन अर्थात् अपनी अवस्था से असन्तुष्ट होकर विलाप किया जाता है। यथा, ऋग्वेद के पुरूरवा-उर्वशी-सवाद मे जब उर्वशी पुरूरवा के बार बार अनुनय-विनय करने पर भी उसके पास आने के लिए तैयार नही होती, तब वह उसके विरह मे विलाप करता है कि इससे तो अच्छा यही है कि मै पर्वत आदि से गिर कर आत्महत्या कर लूं—'सुदेवो अद्य प्रपतेदनावृत्' (ऋग् १०.९५ १४)। इसी प्रकार मनुष्य अपनी अज्ञानावस्था से असन्तुष्ट हो परिदेवन करता है कि मैं यही नही जानता कि मैं क्या हू, 'न विजानामि यदि वेदमस्मि' (ऋग् १.१६४ ३७)।

७ **निन्दा**–किन्ही मंत्रो मे किसी पाप आदि की निन्दा की जाती है। यथा, अन्यो को न खिला कर अकेले खाने वाले की निन्दा करते हुए कहा गया

३५ यह वाक्य मानव गृह्यसूत्र १ ६ २५ मे आता है। कुछ अन्तर के साथ आश्वलायन गृह्यसूत्र ३.६.७ तथा पारस्कर गृह्यसूत्र २ ६.१६ मे भी है। इन गृह्यसूत्रो मे वेद की किसी लुप्त शाखा से लिया गया प्रतीत होता है।

है कि वह केवल पाप का ही भागी होता है 'केवलाघो भवति केवलादी' (ऋग् १० ११७.६)। इसी प्रकार अक्ष-सूक्त (ऋग् १०.३४) मे द्यूत की निन्दा की गयी है।

८. **प्रशंसा**–किन्ही मंत्रो मे किसी सत्कार्य की प्रशसा की जाती है, जिस से मनुष्य उसमे प्रवृत्त हो। यथा, दान-स्तुति-सूक्त मे दानी की प्रशसा करते हुए कहा गया है कि दानी का गृह पुष्कर-पत्रो से अलकृत सरसी के समान शोभित होता है—"भोजस्येद पुष्करिणीव वेश्म" (ऋग् १० १०७.१०)।

यास्क ने अर्थ की दृष्टि से यद्यपि इन आठ शैलियो को ही प्रदर्शित किया है तो भी अन्य शैलियो का अनुसन्धान भी उन्हे अभिप्रेत है, क्योकि उपसहार करते हुए वे लिखते है कि इस प्रकार अनेकविध अभिप्रायो से ऋषि मंत्रदर्शन करते है।

शौनक का शैली-विचार

शौनक ने अपने प्रसिद्ध ग्रन्थ बृहद्-देवता मे निम्न श्लोको मे मत्रो के विभिन्न प्रकार निर्दिष्ट किये है।

मन्त्रा नानाप्रकाराः स्यु र्दृष्टा ये मन्त्रदर्शिभिः।
स्तुत्या चैव विभूत्या च प्रभावाद् देवतात्मन ॥
स्तुतिः प्रशंसा निन्दा च संशय. परिदेवना।
स्पृहाशीः कत्थना याच्ञा प्रश्नः प्रैषः प्रवल्हिका ॥
नियोगश्चानुयोगश्च श्लाघा विलपितं च यत्।
आचिख्यासाथ संलाप पविश्राख्यानमेव च ॥
आहनस्या नमस्कारः प्रतिराधस्तथैव च।
संकल्पश्च प्रलापश्च प्रतिवाक्यं तथैव च ॥
प्रतिषेधोपदेशौ च प्रमावापह्नवौ च ह।
उपप्रैषश्च यः प्रोक्तः सज्वरो यश्च विस्मय. ॥
आक्रोशोऽभिष्टवश्चैव क्षेपः शापस्तथैव च।

बृ०दे० १.३४-३९

श्लोक ४८ से ५८ तक इनके उदाहरण भी दिये गये हैं, जो नीचे प्रदर्शित किए जाते है।

१. स्तुति

मित्र इव् राजा राजका इवन्यके यके सरस्वतीमनु।
पर्जन्य इव ततनद्धि वृष्ट्या सहस्रमयुता ददत् ॥ ऋग् ८.२१.१८

इस मे सोभरि द्वारा चित्र राजा की स्तुति की गई है कि चित्र ही वस्तुत: राजा है, अन्य जो सरस्वती के तट पर स्थित है वे छोटे राजा हैं, चित्र ने पर्जन्य के समान हम पर सहस्रो धन-धान्य, गवादि की वृष्टि की है[३६]।

२ प्रशंसा

भोजायाश्वं सं मृजन्त्याशुं भोजायास्ते कन्या शुम्भमाना ।
भोजस्येदं पुष्करिणीव वेश्म परिष्कृत देवमानेव चित्रम् ॥

ऋग् १० १०७.१०

इस मे भोज अर्थात् दानी की प्रशसा है कि दानी के लिए लोग अश्व को सजा कर लाते है, दानी को वधू रूप मे शोभमान कन्या प्राप्त होती है, दानी का गृह पुष्करपत्रो से अलकृत सरसी के समान शोभित तथा देवमदिर के समान चित्रित होता है।

३ निन्दा

मोघमन्नं विन्दते अप्रचेता सत्यं ब्रवीमि वध इत् स तस्य ।
नार्यमणं पुष्यति नो सखायं केवलाघो भवति केवलादी ॥

ऋग् १० ११७ ६

इसमे दान न करने वाले की निन्दा है कि वह व्यर्थ ही अन्न को प्राप्त करता है, वह अन्न उस के वध का ही कारण होता है। अकेला खाने वाला केवल पाप का ही भागी होता है।

---

३६ सोभरि द्वारा चित्र की स्तुति के सम्बन्ध मे शौनक ने निम्न इतिहास दिया है—"कण्वपुत्र सोभरि अपने वशजो के साथ कुरुक्षेत्र मे यज्ञ कर रहे थे तभी चूहो ने उन के यव तथा विविध हवियो का भक्षण कर लिया। तब सोभरि ने इन्द्र, चूहो के राजा चित्र तथा सरस्वती की 'इन्द्रो वा' इत्यादि मत्र (ऋग् ८ २१ १७) से स्तुति की। तब देव के समान स्तुति किए हुए चित्र ने अभिमान से प्रहृष्टमना हो सोभरि को सहस्रो गौए दी। ऋषि को उसने कहा कि मै तिर्यग्योनि मे उत्पन्न होने के कारण स्तुतियोग्य नही हू, आप देवताओ की स्तुति करे। तो भी प्रस्तुत मन्त्र द्वारा सोभरि उस की स्तुति कर रहा है" (बृ दे.६ ५८-६२)। सायण ने चूहे राजा की कथा नही लिखी। उसके अनुसार चित्र नामक एक राजा ने सरस्वती नदी के तीर पर इन्द्रार्थ याग किया था। उसी के दान की इस मे स्तुति है। नैरुक्त मत मे चित्र गुणवाची नाम होगा, किसी व्यक्ति-विशेष का नही।

४. संशय

तिरश्चीनो विततो रश्मिरेषामधः स्विदासीदुपरि स्विदासीत् ।
रेतोधा आसन् महिमान आसन् स्वधा अवस्तात् प्रयतिः परस्तात् ॥

ऋग् १०. १२९. ५

यह सृष्ट्युत्पत्ति-विषयक प्रसिद्ध नासदीय सूक्त का मन्त्र है। इसमे संशय व्यक्त किया गया है कि सृष्टयुत्पत्ति के समय जो चिरश्चीन रश्मि वितत हुई वह नीचे थी या ऊपर थी।[३७]

५ परिदेवना

दण्डा इवेद् गोअजनास आसन् परिच्छिन्ना भरता अर्भकासः ।
अभवच्च पुरएता वसिष्ठ आदित् तृत्सूनां विशो अप्रथन्त ॥

ऋग् ७ ३३. ६

इस मन्त्र मे कहा गया है कि तृत्सु बैलो को हाकने वाले दण्ड के समान परिच्छिन्न तथा अल्प थे। वसिष्ठ इनका पुरोहित बना, तभी से इनकी प्रजाए विस्तार को प्राप्त हो गयी। कात्यायन की सर्वानुक्रमणी एव सायण के अनुसार यह वसिष्ठ की उक्ति है। परन्तु वसिष्ठ की उक्ति मानने पर यह मन्त्र परिदेवना का उदाहरण नही हो सकता। शौनक के मत मे यह तृत्सुओ के विरोधियो की उक्ति प्रतीत होती है। वे परिदेवन कर रहे हैं कि जो तृत्सु सर्वथा दीन-हीन थे वे ही अब इतने समृद्ध हो गए हैं, और कितने दु.ख की बात है कि हम जो पहले उन्नत थे, अब अवनति के गर्त मे गिर गये है।

६. स्पृहा

सुदेवो अद्य प्रपतेदनावृत् परावतं परमां गन्तवा उ ।
अधा शयीत निर्ऋतेरुपस्थेऽधैनं वृका रभसासो अद्यु. ॥

ऋग् १०. ९५. १४

पुरूरवा अपनी स्पृहा व्यक्त कर कहा है कि उर्वशी पुन मेरे साथ रहना स्वीकार नही करती तो विरह का जीवन व्यतीत करने से अच्छा तो यही है कि मैं कही से गिर कर सदा के लिए पृथ्वी के अंक मे सो जाऊ।[३८]

---

३७ अत एव पाणिनि के अनुसार 'अध स्विदासी ३ त्' मे 'विचार्यमाणानाम्' पा ८ २. ९७ से वाक्य की टि को प्लुत होता है। 'उपरिस्विदासी ३ त्' मे 'उपरिस्विदासीदिति च' पा ८. २. १०२ से टि को अनुदात्त प्लुत हुआ है।

३८. निरुक्त मे यह मन्त्र परिदेवना का उदाहरण है, यह हम ऊपर देख चुके हैं, निरु ७. ३। इसमे अच्छा स्पृहा का यह उदाहरण हो सकता

७. आशी

वात आ वातु भेषजं शंभु मयोभु नो हृदे ।

प्रण आयूंषि तारिषत् ॥ ऋग् १० १८६. १

आशी. का अभिप्राय आशसा है । इस मे स्तोता यह आशसा कर रहा है कि वायु अपने साथ भेषज को लाए, जो हमारे हृदय के लिए शान्तिकर एव आरोग्यकर हो, तथा वह हमारी आयु को प्रवृद्ध करे ।

८. कत्थना

अहं मनुरभवं सूर्यश्चाहं कक्षीवाँ ऋषिरस्मि विप्र ।

अह कुत्समार्जुनेयं न्यृञ्जेऽह कविरुशना पश्यता मा ॥

ऋग् ४ २६ १

कत्थना से आत्मस्तुति अभिप्रेत है । यहा इन्द्र आत्मस्तुति कर रहा है कि मैं ही मनु हूं और सूर्य हूं, मैं ही विप्र कक्षीवान् ऋषि हू, आदि ।[३९]

९. याच्ञा

यदिन्द्र चित्र मेहनाऽस्ति त्वादातमद्रिव ।

राधस्तन्नो विदद्वस उभया हस्त्या भर ॥ ऋग् ५ ३९ १

इस मे स्तोता याचना करता है कि हे इन्द्र, जो आपका ऐसा महनीय धन है जो हमारे पास नही है, उसे आप दोनो हाथो से भर-भर कर हमे दीजिए ।

१०. प्रश्न

पृच्छामि त्वा परमन्त पृथिव्याः पृच्छामि यत्र भुवनस्य नाभि ।

पृच्छामि त्वा वृष्णो अश्वस्य रेत. पृच्छामि वाचः परम व्योम ॥

ऋग् १. १६४. ३४

इसमे प्रश्न किया गया है कि पृथ्वी का परम अन्त कहा है, भुवन की नाभि कहा है, वृषा अश्व का रेतस् क्या है, तथा वाणी का परम व्योम क्या है ।[४०]

है—'इति वा इति मे मनो गामश्व सनुयामिति। कुवित् सोमस्यापामिति ऋग् १०. ११९. १ । अर्थात् मेरा यह मन कर रहा है कि मैं गौ एव अश्व का दान करू, क्योकि मैंने बहुत अधिक सोमपान कर लिया है ।

३९. हमने यह प्रसग आत्मकथात्मक शैली मे लिया है । द्रष्टव्य . अध्याय ३ ।

४०. यह प्रश्न है, इसका उत्तर प्रतिवाक्य - शैली (सख्या २५) मे आगे दिया है ।

११. प्रैष

प्रैष प्रेरणा को कहते है। 'होता यक्षत्' आदि ऋग् १. १३६. १० मे होता को यजन की प्रेरणा की गयी है, अत यह प्रैष का उदाहरण होता है।

१२ प्रवह्लिका

विततौ किरणौ द्वौ तावापिनष्टि पूरुष ।
न वै कुमारि तत् तथा यथा कुमारि मन्यसे ॥ अथर्व २० १३३ १

प्रहेलिका या पहेली को ही प्रवह्लिका कहते है[41]। उपर्युक्त मन्त्र मे कोई व्यक्ति किसी कुमारी से पहेली-बुझौवल कर रहा है। वह पहेली पूछता है—"दो किरण फैले हुए है, पुरुष उन्हे पीस रहा है," इस पहेली को बूझो। वह यह भी कहता है कि तुम जैसी बात समझ रही हो वैसी नही है, अर्थात् सावधान करता है कि सुनते ही तुम जिस स्थूल आशय तक पहुंची होगी, वस्तुतः वह इस पहेली का समाधान नही है, सूक्ष्म बुद्धि से समाधान करो।

विभिन्न दृष्टियो से इस पहेली के विभिन्न समाधान हो सकते है। अधियज्ञ पक्ष मे पुरुष यजमान है, दो किरण उत्तरारणि तथा अधरारणि है, उनके पेषण या सघर्षण से अग्नि उत्पन्न होती है। अध्यात्म मे पुरुष आत्मा है, साधक का मन एक अरणि है, प्रणव दूसरी अरणि है, ध्यान रूप पेषण से परमात्माग्नि प्रकट होती है[42]। पुरुष परमात्मा को भी कहते है[43]। दो किरण है प्राकृतिक जगत् तथा जीव। परमात्मा इन दोनो का पेषण अर्थात् सम्बन्ध कराता है, जिस से भोक्ता-भोग्य के पारस्परिक व्यापार द्वारा यह जगत् चल रहा है। इस पहेली की एक अन्य व्याख्या भी हो सकती है। इधर से अग्नि की किरणे या ज्वालाए ऊपर को उठती है, ऊपर से सूर्य की किरणें नीचे की ओर आती है। मध्य मे दोनो का पेषण अर्थात् सगम होता है[44]। आदित्य-पुरुष[45] ही पुरुष है, जो इन दोनो का सगम कराता है। इस पहेली का एक

---

४१. ऐ ब्रा. ६.३३ और कौ. ब्रा. ३० ७ मे अथर्ववेद के कुछ छन्दो २०. १३३, शा श्रौ. सू १२. २२ तथा खिल ५.१६ को प्रवह्लिका कहा गया है।

४२ स्वदेहमरणि कृत्वा प्रणव चोत्तरारणिम् ।
ध्याननिर्मथनाभ्यासाद् देव पश्येन्निगूढवत् ॥ श्वेता. १ १४

४३. सहस्रशीर्षा पुरुष सहस्राक्ष सहस्रपात् । ऋग् १०.९०.१

४४ वैश्वानरो यतते सूर्येण ऋग् १ ९८.१. । अमुतोऽमुष्य रश्मय प्रादुर्भवन्ति, इतोऽस्यार्चिष, तयोर्भासो सगमं दृष्ट्वैवमवक्ष्यत् । निरु. ७.२३

४५ योऽसावादित्ये पुरुष सोऽसावहम् । यजु ४०.१७

समाधान हमे इसी वेद के ब्रह्मचर्य-सूक्त मे मिलता है। एक किरण अपरा विद्या है, दूसरी परा विद्या है,[४६] पुरुष ब्रह्मचारी है जो अपने जीवन मे इन दोनो का सगम करता है[४७]।

जिस सूक्त की यह पहेली है उसमे ६ मत्र है, तथा सभी इसी प्रकार प्रहेलिकात्मक है[४८]।

१३. नियोग

इमं नो यज्ञममृतेषु धेहीमा हव्या जातवेदो जुषस्व ।
स्तोकानामग्ने मेदसो घृतस्य होतः प्राशान प्रथमो निषद्य ॥ ऋग् ३ २१ १

इस मत्र मे स्तोता अग्नि को इस कार्य के लिए नियुक्त कर रहा है कि वह उसके यज्ञ को देवाधीन करे, हवियो को स्वीकार करे, तथा स्निग्ध घृत के बिन्दुओ का भक्षण करे। एव यहा नियोग है।

१४. अनुयोग

इह ब्रवीतु य ईमङ्ग वेदास्य वामस्य निहित पद वे. ।
शीर्ष्णः क्षीरं दुह्रते गावो अस्य वव्रि वसाना उदकं पदापु ॥

ऋग् १ १६४ ७

इसमे अनुयोग अर्थात् जिज्ञासा है कि जो उस कमनीय पक्षी के निहित पद को जानता हो वह बताये, जिस पक्षी की गौए सिर से दूध देती है तथा पैरो से पानी पीती है[४९]।

१५. श्लाघा

अवीरामिव मामयं शरारुरभि मन्यते ।
उताहमस्मि वीरिणीन्द्रपत्नी मरुत्सखा विश्वस्मादिन्द्र उत्तर ॥

ऋग् १० ८६ ९

---

४६ द्वे विद्ये वेदितव्ये. परा चैवापरा च। मु १ ४

४७ अर्वागन्य इतो अन्य पृथिव्या अग्नी समेतो नभसी अन्तरेमे ।
तयोः श्रयन्ते रश्मयोऽधि दृढास्तानातिष्ठति तपसा ब्रह्मचारी ॥
अथर्व ११.५ ११

४८. आगे द्वितीय अध्याय मे हमने प्रहेलिकात्मक शैली पर विचार करते हुए वेदो की अनेक रोचक तथा ज्ञानवर्धक पहेलियो को दर्शाया है।

४९ हमने इस मन्त्र को प्रहेलिका-रूप माना है, तथा द्वितीय अध्याय मे इस की व्याख्या प्रदर्शित की है। शौनक इसे प्रहेलिका मे भिन्न अनुयोग-रूप मानते हैं, अर्थात् यह पहेली-बुझौवल की भावना से नही किन्तु जिज्ञासा-

यह मंत्र इन्द्र-इन्द्राणी-वृषाकपि-संवाद[५०] का है। इन्द्राणी आत्मश्लाघा-पूर्वक[५१] कहती है कि यह घातुक वृषाकपि मुझे अवीरा मान बैठा है, मैं तो वीरांगना हूँ, इन्द्र की पत्नी हूँ, तथा मरुत् मेरे सखा हैं।

१६. **विलपित**

नदस्य मा रुधत काम आगन्नित आजातो अमुतः कुतश्चित्।
लोपामुद्रा वृषणं नीरिणाति धीरमधीरा धयति श्वसन्तम्॥

ऋग् १.१७९.४

यह मंत्र अगस्त्य-लोपामुद्रा- संवाद का है तथा निरुक्त[५२] मे भी व्याख्यात हुआ है। अगस्त्य ने गृहस्थ होते हुए भी प्रजनन-निरोध का व्रत ग्रहण किया हुआ है। उसके प्रति उसकी पत्नी लोपामुद्रा के मन मे काम उदित होने पर वह विलापयुक्त भाव प्रकट कर रही है कि ऐसा क्यो हुआ[५३]।

समाधानार्थ पूछा गया प्रश्न है। सामान्यत प्रश्न और अनुयोग पर्याय-वाची है-"प्रश्नोऽनुयोग पृच्छा च (अमर० १ ६ १०)"। संख्या १० मे प्रश्न नामक प्रकार आ चुका है, पुन यहा अनुयोग उससे पृथक् प्रतिपादित करने से ज्ञात होता है कि शौनक दोनो मे भेद करना चाहते हैं। प्रश्न सामान्य प्रश्न है, जो परीक्षा आदि की भावना से भी पूछा जा सकता है, किन्तु अनुयोग मे जिज्ञासा का भाव रहता है, यह दिये गये उदाहरणो से स्पष्ट है।

५० इस सवाद पर हमने सवादात्मक शैली मे विचार किया है, जिसमे प्रस्तुत मत्र भी व्याख्यात हुआ है। द्रष्टव्य अध्याय ४र्थ।

५१. अष्टम प्रकार कत्थना बताया गया था। सामान्यत कत्थना तथा आत्म-श्लाघा एक ही अर्थ मे प्रयुक्त होते है, किन्तु यहा कत्थना आत्मस्तुति के अर्थ मे तथा श्लाघा आत्मश्लाघा अर्थ मे प्रतीत होते हैं।

५२. नदनस्य मा रुधत काम आगमत् सरुद्धप्रजननस्य ब्रह्मचारिण इत्यृषिपुत्र्या विलपित वेदयन्ते। निरु ५ २

५३ इस सम्पूर्ण संवाद की व्याख्या हमने सवादात्मक शैली के अध्याय ४ में की है, जिसमे प्रस्तुत मत्र पर भी विवेचन है। सायण के अनुसार यह मंत्र लोपामुद्रा की नहीं, प्रत्युत अगस्त्य की उक्ति है। हमने भी इसी रूप मे व्याख्या की है। उस अवस्था में यह ऋचा विलपित का उदाहरण नही होगी। शौनक ने निरुक्त की व्याख्यानुसार इसे विलपित कहा है।

१७. आचिख्यासा

'न मृत्युरासीदमृत न तर्हि, ऋग् १० १२९. २' आदि मन्त्र मे आचिख्यासा या भावविवक्षा है। यह मन्त्र निरुक्त मे भी भावाचिख्यासा के उदाहरण मे दिया गया है, जिसका उल्लेख ऊपर किया जा चुका है।

१८. सलाप

उपोप मे परा मृश मा मे दभ्राणि मन्यथाः ।
सर्वाहमस्मि रोमशा गन्धारीणामिवाविका ॥ ऋग् १ १२६ ७

इसमे तथा इससे पूर्व के मन्त्र मे पति-पत्नी का सलाप है[५४]। इस मन्त्र मे पत्नी पति से कहती है कि आप मुझसे परामर्श कर लिया करे, मेरी शक्तियो को अल्प न समझे, क्योकि मैं युवति तथा सर्वगुणसम्पन्ना हू[५५]।

१९ आख्यान

'हये जाये मनसा तिष्ठ घोरे' आदि ऋग् १० ९५ मे पुरूरवा तथा उर्वशी का आख्यान है। सप्तम अध्याय मे शौनक ने इस सूक्त का आख्यान प्रदर्शित किया है, तथा इसके विषय मे लिखा है कि यास्क इसे सवाद मानते हैं, किन्तु मेरी सम्मति मे यह आख्यान है[५६]।

२० आहनस्या

महानग्नी महानग्नं धावन्तमनु धावति ।
इमास्तदस्य गा रक्ष यभ मामद्धयौदनम् ॥ अथर्व २० १३६ ११

---

५४ जायापत्योः सप्रवादो द्वय्चेन । बृ. दे ३.१५५

५५. वेकट माधव एव सायण ने इस तथा इससे पूर्व के मन्त्र को सभोगपरक व्याख्यात किया है। स्वामी दयानन्द के अनुसार इस मन्त्र मे राजपत्नी राजा से कहती है कि आप मेरे गुणो का विचार कीजिए, मेरे गुणो को अल्प न समझिए। जैसे पृथ्वी का शासन करने वाली (गधारी) नारियो मे पहले रक्षिका नारिया होती रहीं, वैसी ही मैं हू। द्रष्टव्य इस मन्त्र पर स्वामी दयानन्द का ऋग्वेद-भाष्य, वैदिक यन्त्रालय, अजमेर।

५६. **आख्यान प्रतिचाख्यानमितरेतरयोरिदम् ।**
सवाद मन्यते यास्क इतिहास तु शौनकः ॥ बृ.दे. ७. १५३
हमने इस सम्पूर्ण सूक्त की सवादात्मक शैली, अध्याय ४ मे व्याख्या की है। वही शौनक-प्रदर्शित इतिहास भी दिया है।

आहनस्या कामाभिव्यजकता को कहते है[५७]। शौनक के मत मे यह सूक्त इसी प्रकार के भावो का है[५८]।

२१. नमस्कार

नमस्ते अस्तु विद्युते नमस्ते स्तनयित्नवे।
नमस्ते अस्त्वश्मने येना दूडाशे अस्यसि ॥ अथर्व १ १३ १

इसमे पर्जन्य के विद्युत् स्तनयित्नु (गर्जन) एव अश्मा (ओलो) को नमस्कार किया गया है।

२२ प्रतिराध

अथर्ववेद, काण्ड २०, सूक्त १३५ के 'भुगित्यभिगत:' इत्यादि प्रथम तीन मत्र प्रतिराध के नाम से प्रसिद्ध हैं[५९]। ऐतरेय ब्राह्मण मे लिखा है कि इनके द्वारा देवो ने असुरो का प्रतिराधन कर उन्हे पारस्त किया, अतः इन्हे प्रतिराध कहते है[६०]। सायण के अनुसार विरोधियो की समृद्धि (राध) का प्रतिबन्धन करने के कारण प्रतिराध नाम पडा है[६१]।

२३ संकल्प

यदिन्द्राह यथा त्वमीशीय वस्व एक इत्।
स्तोता मे गोषखा स्यात् ॥ ऋग् ८.१४ १

इसमे भक्त इन्द्र के प्रति अपना सकल्प व्यक्त कर रहा है कि हे इन्द्र, यदि तेरे समान मैं धन का ईश्वर बन जाऊ, तो अवश्य अपने स्तोता को गोसखा (गौओं से युक्त) कर दू।

---

५७ द्रष्टव्यः वैदिक इण्डैक्स मे आहनस्या शब्द।

५८. वस्तुत कामाभिव्यजकता-परक इस का बाह्य अर्थ है। कोई महानग्न पुरुष दौड रहा है, महानग्ना स्त्री उस के पीछे भाग रही है, और कहती कि मुझ ओदनरूपा का भोग करो। इसका रहस्यार्थ यह हो सकता है कि महानग्न जीव है, महानग्ना प्रकृति है, जीव उसे छोड कर अपवर्ग की दिशा मे भागना चाहता है, पर प्रकृति भागने नहीं देती, वह भोगार्थ उसे आकृष्ट करती है।

५९. द्रष्टव्य मोनियर विलियम्स का सस्कृत-अग्रेजी कोश।

६०. प्रतिराधेन वे देवा असुरान् प्रतिराध्य अथैनानत्यायन्। ऐ. ब्रा. ६. ३३

६१. विरोधिना राधं समृद्धि प्रतिबध्नातीति प्रतिराधः— ऐ. ब्रा. ६. ३३ पर सायणभाष्य।

२४. प्रलाप

प्रलाप का उदाहरण अथर्ववेद के कुन्ताप सूक्तो मे ऐतश-प्रलाप के सूक्त (२०.१२६-३२) 'एता अश्वा आप्लवन्ते'[62] आदि है।

२५. प्रतिवाक्य

इयं वेदि परो अन्त पृथिव्या अय यज्ञो भुवनस्य नाभि ।
अयं सोमो वृष्णो अश्वस्य रेतो ब्रह्माय वाच परमं व्योम ॥

यह वेदि ही पृथिवी का परम अन्त है, यह यज्ञ ही भुवन की नाभि है, यह सोम ही वृषा अश्व का रेतस् है, यह ब्रह्मा ही वाणी का परम व्योम है[63]।

२६. प्रतिषेध

द्यूतसूक्त के "अक्षैर्मा दीव्य (ऋग् १० ३४ १३)" इस मन्त्राश मे द्यूतक्रीडा का प्रतिषेध है।

२७. उपदेश

द्यूत-सूक्त के ही "कृषिमित् कृषस्व" (ऋग् १० ३४ १३) इस मत्राश मे कृषि का उपदेश किया गया है।

२८. प्रमाद

हन्ताह् पृथिवीमिमां निदधानीह वेह वा।
कुवित् सोमस्यापामिति ॥ ऋग् १० ११९ ९

यहा लब रूपधारी इन्द्र सोमपान कर अपने उद्‌गार प्रकट कर रहा है कि हे भाई, मै इस पृथिवी को यहा रख दू या वहा रख दूं, मैने बहुत अधिक सोमपान कर लिया है। इस मत्र को प्रमाद के उदाहरण-रूप मे उपन्यस्त करने

---

६२ इसे 'अग्नेरायु काण्ड' भी कहते है। ऐ ब्रा ३०.७ ३३ मे इस विषय मे निम्न कथा है—ऐतश मुनि ने अग्नेरायु नामक मन्त्रकाण्ड का दर्शन कर अपने पुत्रो से कहा कि मै इसका आलाप करूगा, जो कुछ बोलू बोलने देना, मेरी निन्दा मत करना। यह कह उसने 'एता अश्वा आप्लवन्ते' आदि बोलना आरम्भ कर दिया। अभ्यग्नि नामक उसके पुत्र ने पिता को उन्मत्त हुआ जान सम्मुख आ उसका मुख बन्द कर दिया। इससे क्रुद्ध हो पिता ने पुत्र को अलस हो जाने का शाप दे दिया। अन्त मे कहा है कि कुछ याज्ञिक इसका बहुल पाठ करते है। बहुल पाठ करते हुए ब्राह्मणाच्छसी को यजमान निषेध न करे।

६३ प्रतिवाक्य प्रत्युत्तर को कहते हैं। प्रश्न स० १० मे आ चुका है। यहा उसका उत्तर दिया गया है। इस प्रश्नोत्तर की व्याख्या हमने शैली (अध्याय ५) मे की है।

का शौनक का आशय यह प्रतीत होता है कि क्योकि यहा सोमपानजनित प्रकृष्ट मद से प्रभावित हो वचन प्रवृत्त हुआ है, अतः यह प्रमाद का उदाहरण है। एव प्रमाद यहाँ आलस्य, असावधानता आदि अर्थो मे व्यवहृत प्रतीत नही होता।

२९. अपह्नव

न स स्वो दक्षो वरुण ध्रुतिः सा सुरा मन्युर्विभीदको अचित्तिः।
अस्ति ज्यायान् कनीयस उपारे स्वप्नश्चनेदनृतस्य प्रयोता ॥

ऋग् ७.८६.६

पाशबद्ध स्तोता वरुण से कह रहा है कि मनुष्य अपनी इच्छा से ही पाप मे प्रवृत्त नही होता, किन्तु सुरा, क्रोध, द्यूतक्रीडा आदि कई कारण होते हैं। अभिप्राय यह है कि मैने भी इच्छापूर्वक अनृताचरण नही किया है, अत मुझे पाशमुक्त कर दीजिए। एव यहा अपने अपराध को कुछ छिपाया सा गया है, जिससे वह कम प्रतीत हो, अतः अपह्नव है[६४]।

३०. उपप्रैष

इन्द्राकुत्सा वहमाना रथेना वामत्या अपि कर्णे वहन्तु।
निःषीमद्भ्यो धमथो निः षधस्थान् मघोनो हृदो वरथस्तमांसि ॥

ऋग् ५ ३१ ९

उपप्रैष का अर्थ आमन्त्रण है। यहा स्तोता इन्द्र एवं कुत्स को आमन्त्रित कर रहा है कि तुम्हे घोडे रथ मे वहन करके लाये तथा तुम आकर शुष्णासुर का सहार एव यजमान के हृदय से तमस् का उच्छेद करो।

३१. संज्वर

न विजानामि यदि वेदमस्मि निण्यः सनद्धो मनसा चरामि।
यदा मागन् प्रथमजा ऋतस्यादिद् वाचो अश्नुवे भागमस्या ॥

ऋग् १ १६४. ३७

---

६४. शौनक ने इस पर निम्न इतिहास प्रदर्शित किया है। रात्रि मे एक बार स्वप्न-दशा मे वसिष्ठ वरुण के घर पहुंच गए। जब उन्होने अन्दर प्रवेश किया तब कुत्ता भौंकता हुआ उन पर दौडा। वसिष्ठ ने "यदर्जुन सारमेय ७.५५.२,३" आदि दो ऋचाओं से सान्त्वना देकर उसे सुला दिया, इसी प्रकार सेवक को भी सुला दिया। इस पर वरुण ने उन्हे पाशबद्ध कर लिया। तब वसिष्ठ ने पाशमुक्त होने के लिए 'धीरा त्वस्य ७ ८६-८९' आदि चार सूक्तो से वरुण की स्तुति की। इसी स्तुति में उक्त मन्त्र भी आया है। द्रष्टव्य बृ दे ६ ११-१५।

संज्वर से हृदय का सक्षोभ विवक्षित है। इस मन्त्र मे मनुष्य अपने अज्ञान की अवस्था से क्षुब्ध हो कह रहा है कि मैं यह हू, वह हूं, या क्या हूं ?[६५]

३२ **विस्मय**

को अद्य युङ्क्ते धुरि गा ऋतस्य शिमीवतो भामिनो दुर्हृणायून् ।
आसन्निषून् हृत्स्वसो मयोभून् य एषां भृत्यामृणधत् स जीवात् ॥

ऋग् १ ८४. १६ ।

को अद्य नर्यो देवकाम उशन्निन्द्रस्य सख्यं जुजोष ।
को वा महेऽवसे पार्याय समिद्धे अग्नौ सुतसोम ईट्टे ॥

ऋग् ४ २५ १

प्रथम उदाहरण मे विस्मय प्रकट किया गया है कि वह कौन विलक्षण पुरुष है, जो इन्द्र-रथ के धुरे मे कर्मवान्, तेजोयुक्त, दुःसह क्रोध वाले अश्वो को नियुक्त करता है । द्वितीय उदाहरण मे यह विस्मय व्यक्त किया गया है कि कौन ऐसा विलक्षण देवकाम यजमान है, जो इन्द्र के सख्य को प्राप्त कर लेता है ।

३३. **आक्रोश**

माता च ते पिता च तेऽग्रं वृक्षस्य रोहत ।
प्रतिलामीति ते पिता गभे मुष्टिमतंसयत् ॥
माता च ते पिता च तेऽग्रे वृक्षस्य क्रीडतः ।
विवक्षत इव ते मुखं ब्रह्मन् मा त्वं वदो बहु ॥ यजु २३. २४,२५

कर्मकाण्ड-परक व्याख्यानुसार अश्वमेध-प्रकरण मे ऋत्विजो द्वारा रानियो से परिहास के प्रसंग मे उक्त मन्त्र है । प्रथम मन्त्र ब्रह्मा ने महिषी को कहा है । इस पर महिषी भी उसे वैसा ही उत्तर देती है, तथा यह देख कि ब्रह्मा फिर कुछ कहने के लिए मुख खोलना चाह रहा है, आक्रोश करती हुई कहती है कि हे ब्रह्मन्, अब आगे अधिक मत बोलो ।[६६]

---

६५. इस मन्त्र को यास्क ने परिदेवन के उदाहरण मे दर्शाया है, यह हम ऊपर देख चुके हैं (निरु. ७. ३) । हमने भी इसे आत्मकथात्मक शैली (अध्याय ३) मे परिदेवन-रूप व्याख्यात किया है ।

६६ इन मन्त्रो की उवट एव महीधर कृत व्याख्या अत्यन्त अश्लील है । इतर अर्थ के लिए द्रष्टव्य . १. स्वामी दयानन्द ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका का भाष्यकरणशंकासमाधानादि विषय तथा इन मन्त्रों पर उनका यजुर्वेद-भाष्य । २ दामोदर शर्मा झा मन्त्रार्थचन्द्रोदय, ज्योतिष प्रकाश प्रेस,

३४. अभिष्टव

शौनक ने मन्त्रप्रकारो में तो इसे परिगणित किया है, किन्तु उदाहरण नही दिया। कुछ लोग स्तुति के साथ इसकी एकात्मता ही उदाहरण न देने का कारण मानते है। किन्तु यदि स्तुति तथा अभिष्टव एक ही हैं, तो दोनो का पृथक् परिगणन चिन्त्य हो जाता है। शौनकोक्त प्रश्न तथा अनुयोग एव कत्थना तथा श्लाघा भी यद्यपि एक-से ही प्रतीत होते हैं, तो भी उन मे अन्तर है। इसी प्रकार स्तुति तथा अभिष्टव मे भी अन्तर होना चाहिए। अभिष्टव यहा आक्रोश के साथ पठित होने से, आक्रोश से विपरीत अर्थ का प्रतिपादक समझा जा सकता है। एव साधुवाद या आशीर्वाद अर्थ मे गृहीत होगा। उस अवस्था मे इसके उदाहरण "रय्या सहस्रवर्चसेमौ स्तामनुपक्षितौ, अथर्व ६ ७८. २" आदि हो सकते है।

३५. क्षेप

अभीदमेकमेको अस्मि निष्षाडभी द्वा किमु त्रय करन्ति।
खले न पर्षान् प्रति हन्मि भूरि किं मा निन्दन्ति शत्रवोऽनिन्द्राः ॥

ऋग् १० ४८. ७

इसमे इन्द्र कहता है कि मै अकेला ही इस एक शत्रु को परास्त कर देता हू, दो को भी परास्त कर देता हू, तीन भी मेरा क्या कर सकते है। खलिहान मे पूलो के समान सब शत्रुओ को मै कुचल देता हू। मुझ इन्द्र को ज्येष्ठ न मानने वाले ये रिपु मेरी क्या निन्दा कर रहे है। एव इस मन्त्र मे शत्रुओ के प्रति क्षेप (आक्षेप) या उन्हे तुच्छ बनाने का भाव है।

३६. शाप

यो मायातुं यातुधानेत्याह यो वा रक्षाः शुचिरस्मीत्याह।
इन्द्रस्त हन्तु महता वधेन विश्वस्य जन्तोरधमस्पदीष्ट ॥

ऋग् ७. १०४. १६

जो राक्षस मुझे यातुधान न होने पर भी यातुधान कहता है, तथा अपने आप को 'मैं शुचि हू' ऐसा उद्घोषित करता है, उसे इन्द्र महान् वज्र से विनष्ट कर दे, वह सब जन्तुओ से अधम होकर नीचे गिरे। एव इसमे राक्षस को शाप दिया गया है।[६७] बृहद्देवता मे अभिशाप नाम से इसका दूसरा यह उदा-

---

बनारस, १९९७ वि, पृ० ४०२-४। ३. स्वामिभगवदाचार्य : यजुःसस्कार-भाष्येण सहितः शुक्लयजुर्वेदः सरस्वती पुस्तक भण्डार, अहमदाबाद, १।

६७. निरुक्त मे इसी सूक्त का अन्य (१५ वा) मन्त्र अभिशाप के उदाहरण मे दिया गया है, जिसे हम देख चुके हैं।

हरण दिया है–अप्रजा. सन्त्वत्रिण ऋग् १ २१.५,"भक्षक राक्षसो की सन्तान न हो या उत्पन्न हो कर मर जाए।"

शौनक ने मत्रो के उक्त छत्तीस प्रकार बताए है, जो वस्तुत विभिन्न शैलिया ही है। यद्यपि क्वचित् मतभेद सभव है, तो भी इस विवेचन से शौनक की वेदमत्रो के विषय मे सूक्ष्म निरीक्षण-शक्ति का परिचय मिलता है।

इतर साहित्य में शैली-विचार

दर्शन-साहित्य मे भी प्रसगवश वैदिक शैलियो का कुछ विचार आया है। 'जैमिनीय न्यायमाला' मे मत्रभाग का क्या लक्षण हो, इस पर विचार करते हुए कहा है कि याज्ञिको ने जो विभिन्न प्रकार के मत्र समाख्यात किए है उन्ही का ग्रहण मत्रभाग मे होता है, एव "याज्ञिकसमाख्याता मन्त्रा' यह लक्षण निर्दोष है[६८]।

सायण ने अपने ऋग्भाष्य के उपोद्घात मे उन याज्ञिक-समाख्यात मत्र-प्रकारो में से कुछ इस प्रकार निर्दिष्ट किये है—

'उरु प्रथस्व' इत्यादयोऽनुष्ठानस्मारकाः। 'अग्निमीडे पुरोहितम्' इत्यादय स्तुतिरूपा। 'इषेत्वा' इत्यादयस्त्वान्ता। 'अग्न आ याहि वीतये' इत्यादय आमन्त्रणोपेता.। 'अग्नीदग्नीन् विहर' इत्यादय प्रैषरूपाः। 'अधः स्विदासी-दुपरि स्विदासीत' इत्यादयो विचाररूपाः। 'अम्बे अम्बाल्यम्बिके न मा नयति कश्चन' इत्यादयः परिदेवनरूपाः। 'पृच्छामि त्वा परमन्तं पृथिव्या' इत्यादयः प्रश्नरूपा। 'वेदिमाहुः परमन्तं पृथिव्याः' इत्यादय उत्तररूपाः। एवमन्यदप्यु-दाहार्यम्[६९]।

एव यहा अनुष्ठानस्मारक, स्तुतिरूप, त्वान्त, आमत्रण, प्रैष, विचार, परि-देवन, प्रश्न, उत्तर इन शैलियो का परिगणन हुआ है। इनमे से अनुष्ठानस्मारक, त्वान्त तथा आमत्रण ये नवीन है, शेष का उल्लेख बृहद्देवता मे हम देख चुके है। 'विचार' का अन्तर्भाव पूर्वोक्त 'सशय' मे हो सकता है।

सायण ने ऋग्वेद के उपोद्घात मे ही 'ब्राह्मण' के लक्षण पर विचार करते हुए—'हेतुर्निर्वचन निन्दा प्रशसा सशयो विधि। परक्रिया पुराकल्पो व्यवधारण-कल्पना॥' यह पूर्वाचार्यों का श्लोक उद्धृत कर कहा है कि 'हेत्वादीनामन्यतम

---

६८ याज्ञिकाना समाख्यान लक्षण दोषवर्जितम्। जै. न्या. २ १ ७

६९. इन मत्राशो के पते क्रमशः निम्न हैं–तै. स. १. १ ८ १, ऋग् १.१.१, यजु १ १, तै. ब्रा ३. ५ २ १, तै स. ६.३ १.२, ऋग् १० १२९ ५, तै. स. ७ ४.१९. १, तै. स. ७ ४.१८. २, तै स ७ ४ १८.२।

ब्राह्मणम्' यह ब्राह्मण का लक्षण संभव नही है, यत हेतु आदि मन्त्रो मे भी प्राप्त होते है। तदनन्तर मन्त्रो मे से इनके निम्न उदाहरण दिये है। साथ ही इति-करण एव आख्यायिका के भी उदाहरण है—

हेतु—इन्दवो वामुशन्ति हि। ऋग् १ २.४
निर्वचन—उदानिषुर्महीरिति तस्मादुदकमुच्यते। अथर्व ३ १३ ४
निन्दा—मोघमन्न विन्दते अप्रचेता। ऋग् १०.११७.६
प्रशंसा—अग्निर्मूर्धा दिव ककुत्। ऋग् ८ ४४.१६
सशय—अध स्विदासीदुपरि स्विदासीत्। ऋग् १० १२९ ५
विधि—वसन्ताय कपिञ्जलानालभते। यजु २४ २०
परकृति—सहस्रमयुता ददत्। ऋग ८ २१ १८
पुराकल्प—यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवा। ऋग् १ १६४ ५०
इतिकरण—राजा चिद् य भग भक्षीत्याह। ऋग् ७ ४१ २
आख्यायिका—यम-यमी-सवाद ऋग् १० १०

व्यवधारणकल्पना का उदाहरण सायण ने नही दिया, वह हो सकता है—'यद् यद् यामि तदाभर', ऋग् ८ ६१ ६।

शैली-विचार मे प्राचीन साहित्य वेद, निरुक्तादि से इतनी सहायता हमे प्राप्त होती है। प्राचीनो ने जो विचार किया है वह इतना मात्र है कि इस-इस प्रकार के मत्र वेदो मे पाये जाते हैं। शैलियो की दृष्टि से वेदो का अध्ययन उन्होने प्रस्तुत नही किया है। तो भी जो कुछ उपलब्ध होता है, वह हमे विचार मे प्रवृत्त करने मे पर्याप्त सहायक है, तथा उसके लिए हम प्राचीन आचार्यों के ऋणी है।

वेदों की अनेकार्थक शैली

प्राचीन मनीषी आचार्य वेदो मे त्रिविध प्रक्रिया के दर्शन करते रहे हैं, अधिदैवत, अधिभूत तथा अध्यात्म। इन्ही मे अधियज्ञ, अधिज्यौतिष, अधिराष्ट्र आदि इतर प्रक्रियाओ का भी अन्तर्भाव हो जाता है। स्वय वेदो मे ही इसके सकेत मिल जाते हैं कि इन्द्र, वरुण, सविता, मरुत्, अश्विनो आदि की योजना विभिन्न क्षेत्रो मे की जानी उचित है। उदाहरणार्थ, जब वेद मरुतो के विषय में यह कहते हैं कि तुम्हारे कन्धो पर भाले हैं, पैरो मे पादत्राण हैं, वक्ष पर रुक्म हैं, सिरो पर शिरस्त्राण हैं,[७०] तो अनायास यह प्रकट हो जाता है कि मरुतो का अधिभूत अर्थ वीर सैनिक ग्रहण करना उचित है। मरुतो द्वारा वर्षा करने

७०. ऋग् ५. ५४.११

आदि के वर्णन इनके वायुपरक अधिदैवत अर्थ को स्पष्ट कर देते है।[71] कही एक अर्थ स्पष्ट प्रतीत होता है, दूसरा प्रच्छन्न रहता है, जिसमे लक्षणा, व्यजना, अलकारादि की योजना करनी होती है, कही दूसरा अर्थ स्पष्ट होता है। वेद स्वयं कहते हैं कि मनुष्य का शरीर ब्रह्माण्ड का ही छोटा रूप है, ब्रह्माण्ड के सब देवता शरीर मे भी अवस्थित है।[72] अत. जो वेदमन्त्र बाह्य जगत् के पक्ष मे घटित होते हैं, वे शरीरपरक भी घट सकते है। वेदो के रयि, श्रव, ऋत, वाज, गौ, घृत, अश्व, सोम आदि शब्द भी रहस्यमय हैं, जो बाह्य अर्थों के साथ आन्तरिक अर्थ को भी प्रकट करते है। जब वेद मे स्तोता की ओर से गौ, घोडे और धन, सन्तान आदि की प्रार्थना होती है, तब वहा स्थूल सम्पत्ति ही नही, प्रत्युत आन्तरिक सम्पत्ति भी प्रार्थित होती है।[73] गौ से आन्तरिक ज्योति, अश्व से प्राणबल, और धन तथा सन्तान मे आन्तरिक शक्तियो का धन एव आन्तरिक शक्तियो की उत्तरोत्तर वृद्धि अभिप्रेत होते है।

विभिन्न क्षेत्रो मे अर्थदर्शन ऋषियो की एक प्रिय वस्तु रही है। शतपथ ब्राह्मण के बृहदारण्यक मे उद्दालक आरुणि याज्ञवल्क्य से प्रश्न करता है कि वह अन्तर्यामी कौन सा है जो इहलोक, परलोक तथा सब भूतो के अन्तर मे रहता हुआ उनका नियमन करता है। याज्ञवल्क्य उसका उत्तर अधिलोक, अधिदेव, अधिभूत तथा अध्यात्म इन पाच दृष्टियो से देते है।[74] इसी ब्राह्मण मे पूर्णमा और दर्श क्या हैं, यह विचार प्रवृत्त होने पर अधिदैवत तथा अध्यात्म दोनो दृष्टियो से उत्तर दिया गया है।[75] इसी ब्राह्मण मे व्रतमीमासा-प्रकरण को अध्यात्म तथा अधिदैवत दोनो दृष्टियो से वर्णित किया है तथा 'अर्वाग्बिलश्च-मस ऊर्ध्वबुध्न' आदि मन्त्र की व्याख्या अध्यात्मपरक की गयी है।[76] आरण्यक एव उपनिषदो के ऋषि भी इस शैली मे रुचि लेते है। केन उपनिषद् मे यक्ष-कथा के प्रसग मे ऋषि अधिदैवत मे विद्युत् के विद्योतन को तथा अध्यात्म मे मन के सकल्प को ब्रह्म का आदेश कहता है।[77] तैत्तिरीय उपनिषद् मे 'अथात:

---

७१ ऋग् ५. ४५ ५

७२ अथर्व ११ ८ २९-३२, तुलनीयः ऐ उ २ ४, छा उ ८ १ ३

७३ द्रष्टव्य श्री अरविन्द. 'आन दि वेद' भाग १, अध्याय ४, तथा कपाली शास्त्री ऋग्वेद संहिता, सिद्धाजन भाष्य की भूमिका। दोनो श्री अर-विन्दाश्रम पाडिचेरी से प्रकाशित।

७४. शत. १४.६.७

७५. शत. ११.२.४

७६ शत. १४.४.३. ३०-३४ तथा १४. ५. २ ४-६

७७. केन ४ ४, ५

संहिताया उपनिषदं व्याख्यास्यामः' यह प्रतिज्ञा कर अधिलोक, अधिज्यौतिष, अधिविद्य, अधिप्रज तथा अध्यात्म इन सब दृष्टियो से व्याख्यान किये गये है और पाङ्क्त उपासना भी अधिभूत तथा अध्यात्म दृष्टियो मे वर्णित की गयी है[७८]। छान्दोग्य उपनिषद् मे उद्गीथ-महिमा के प्रसग मे अधिदैवत में आदित्य को तथा अध्यात्म मे मुख्य प्राण को उद्गीथ कहा गया है[७९]। इसी उपनिषद् मे अन्यत्र अध्यात्म मे मन को ब्रह्म तथा वाक्, प्राण, चक्षु और श्रोत्र को उसके चार पाद, एव अधिदैवत मे आकाश को ब्रह्म तथा अग्नि, वायु, आदित्य और दिशाओ को उसके चार पाद रूप मे वर्णित किया है[८०]। इसी उपनिषद् के चतुर्थ प्रपाठक मे सयुग्वा रैक्व सवर्गविद्या का वर्णन अधिदैवत तथा अध्यात्म दोनो दृष्टियो मे करता है[८१]।

इसी परम्परा के अनुसार यास्क ने तथा इतर वेदभाष्यकारो ने वेदव्याख्या में विविध प्रक्रियाओ का आश्रय लिया है। निरुक्त मे अनेक मन्त्रो की अधिदैवत तथा अध्यात्म उभयविध व्याख्या प्रदर्शित की गयी है[८२]। निरुक्त परिशिष्ट में महान् आत्मा के लगभग ८० नामो का उल्लेख किया गया है, जिनमे प्रायः सब नाम ऐसे ही है जो बाह्य पदार्थो के वाची प्रसिद्ध है, तथा जिनके विषय मे सामान्यत यह कल्पना भी नही हो सकती कि ये महान् आत्मा के वाचक भी हो सकते हैं[८३]। इसके अनन्तर २६ मन्त्रो की व्याख्या प्रस्तुत की गयी है, जो प्राय. अधिदैवत तथा अध्यात्म उभयपक्षो मे है[८४]। इससे निरुक्तकार की प्रधानतया अधिदैवत अर्थो को देते हुए भी अध्यात्म-प्रक्रिया के विषय मे कितनी अभिरुचि थी यह ज्ञात होता है। कही-कही निरुक्तकार ने यज्ञपरक व्याख्या भी दी है[८५]। एक मन्त्र की व्याख्या मे आर्ष, वैयाकरण, याज्ञिक, नैरुक्त तथा अध्यात्म ये पाच पक्ष प्रदर्शित किये हैं[८६]। ऐतिहासिक पक्ष का भी यथास्थान

---

७८. तै उ. शिक्षावल्ली, अनु ३, ७
७९ छा उ १ ५
८०. छा उ ३ १८
८१ छा उ ४ ३
८२ द्रष्टव्य. निरु. ३ १२, ५.१०, १०.२५, १२ ३५, १३.१०,११
८३ निरु १४ ११
८४. निरु १४ १२-३७
८५. निरु. १३.७
८६ निरु. १३ ९

उल्लेख हुआ है[८७]। एक स्थल पर परिव्राजक पक्ष भी दिया है[८८]।

निरुक्त के टीकाकार तथा ऋग्वेदभाष्यकर्ता स्कन्द स्वामी तो स्पष्ट प्रतिपादित करते है कि वेद के समस्त मन्त्रो की अर्थ-योजना अधिदैवत, अधिभूत, अध्यात्म इन तीनो प्रक्रियाओ मे करनी[८९] चाहिए। सायरण से पूर्ववर्ती एक भाष्यकार आत्मानन्द का ऋग्वेद के अस्यवामीय (१ १६४) सूक्त पर भाष्य उपलब्ध होता है, जिसमे सब मन्त्रो की व्याख्या अध्यात्मपरक है[९०]। उसी सूक्त की सायरण ने अधिदैवत या अधियज्ञ व्याख्या की है, किन्तु कुछ मन्त्रो की व्याख्या उसके साथ-साथ अध्यात्मपरक[९१] भी की है। प्रथम मन्त्र का भाष्य दर्शा कर सायरण लिखने है कि इसी प्रकार शेष मन्त्र भी अध्यात्मपरक व्याख्यात हो सकते है[९२]। सायरण का वेदभाष्य यद्यपि मुख्यत अधियज्ञ है, तो भी अन्य भी कई स्थलो मे उसने अध्यात्म अर्थ प्रदर्शित किये है[९३]।

स्वामी दयानन्द ने अपने वेदभाष्य मे विविधार्थ प्रक्रिया का विशेष रूप से प्रयोग किया है। अपने ऋग्वेदभाष्य के प्रारम्भ मे ही प्रथम वर्ग क पाचो मन्त्रो का भौतिक अग्नि तथा परमात्मा दोनो पक्षो मे अर्थ दिया है। वे वाचकलुप्तोपमा एव श्लेष अलकारो के प्रयोग से मन्त्रो के दो अर्थ प्रायः सूचित कर देते है। उषा देवता के मन्त्रो की वे प्राकृतिक उषा तथा नारी दोनो पक्षो मे अर्थ-योजना करते है। रुद्र का अर्थ परमात्मा, प्राण, सेनापति, सभेश, वैद्य

---

८७. निरु २ १७; १२ १, १२ १०

८८ निरु. २ ८

८९ सर्वदर्शनेषु च सर्वे मन्त्रा योजनीया। कुतः ? स्वयमेव भाष्यकारेण सर्वमन्त्राणां त्रिप्रकारस्य विषयस्य प्रदर्शनाय 'अर्थं वाच पुष्पफलमाह' इति यज्ञादीनां पुष्पफलत्वेन प्रतिज्ञानात्। निरु. ७ ५ पर स्कन्द स्वामी की टीका।

९०. द्रष्टव्य डा० सी० कुन्हन राजा: अस्य वामस्य हिम (दि रिडल आफ दि यूनिवर्स), १९५६, गणेश एण्ड को०, मद्रास, में इस सूक्त का आत्मानन्द कृत भाष्य। अथवा, अस्यवामीयसूक्तम्, मोतीलाल बनारसीदास, लाहौर, १९३२।

९१. द्रष्टव्य . इस सूक्त के मन्त्र ११६, २०-२२ का सायणभाष्य।

९२. एवमुत्तरत्रापि अध्यात्मपरतया योजयितु शक्यम्। तथापि स्वरसत्वाभावात् ग्रन्थविस्तरभयाच्च न लिख्यते।

९३. यथा, ऋग् १.५०.४;६.९.२,३,५;६.४७.१८;१०.८२, ११४, १२१,१२९, १७७, १९०।

आदि करते है। सविता का अर्थ परमेश्वर, सूर्य, राजा आदि एवं वरुण का अर्थ परमात्मा, जीवात्मा, राजा, सूर्य, न्यायाधीश, अध्यापक, अपान, उदान आदि करते हैं।

श्रीपाद दामोदर सातवलेकर प्रभृति आधुनिक वेदभाष्यकार भी वेदार्थ मे किसी एक ही प्रक्रिया का आदर न कर विविध प्रक्रियाओ का आश्रय लेते हैं। श्री अरविन्द ने वेदो के सम्बन्ध मे जो अध्यात्म-प्रक्रिया की शैली निर्दिष्ट की है, उसका आधार लेकर श्री कपाली शास्त्री ने ऋग्वेद के प्रथम अष्टक पर अध्यात्मपरक भाष्य लिखा है। मैक्समूलर, रॉथ, ब्लूमफील्ड, गैल्डनर, ग्रिफिथ आदि विदेशी विद्वान् प्राय अधिदैवत, अधियज्ञ, तथा ऐतिहासिक प्रक्रियाओ का अनुसरण करते है।

एव परम्परा इसकी साक्षी है कि वेदार्थो मे विविध प्रक्रियाओ का यथोचित उपयोग अभीष्ट है। विभिन्न प्रक्रियाओ मे मुख्य शब्दो के अर्थ क्या लिये जाये इसके विषय मे प्राय· स्वय वेदो से ही संकेत मिल जाते हैं। संहितोत्तर काल के ब्राह्मणादि वैदिक साहित्य मे भी बहुमूल्य सहायता प्राप्त होती है। एव किसी भी वैदिक विषय पर अनुसधान करते हुए वेद की इस अनेकार्थकता की शैली पर ध्यान रखना आवश्यक है। हमने भी अगले अध्यायो मे विविध शैलियों पर विचार करते हुए इस पद्धति का प्राय उपयोग किया है।

अध्ययन की दिशा और सीमाएं

प्राचीन आचार्यो ने वेदो का अध्ययन करते हुए मत्रो मे जिन विभिन्न प्रकारो का दर्शन किया था, उन पर हम दृष्टिपात कर चुके है। उस प्रदर्शित दिशा से लाभ उठाकर उसे पल्लवित तथा विकसित करना तथा उस आधार मे वैदिक शलियों एव वेदो का अध्ययन करना हमारा कार्य है।

शैली-विचार एक विस्तृत विषय है। वेदो मे शैलियो का अनुसधान दो दृष्टियो से हो सकता है, एक भाषा की दृष्टि से, दूसरे विषय-प्रतिपादन की दृष्टि से। भाषा की दृष्टि से निम्न प्रकार की बातो पर विचार हो सकता है—

वाक्य-रचना कैसी है? वाक्य मे कर्ता, कर्म, क्रियादि का स्थान कहाँ रहता है? उपसर्गों के प्रयोग मे क्या नियम है? वर्ण्य विषय, वक्ता, बोद्धव्य, रस आदि के अनुसार भाषा मे परिवर्तन होता है या नही? भाषा को अलकृत करने की प्रवृत्ति किस सीमा तक पायी जाती है? किन शब्दालंकारो का प्रयोग हुआ है? कौन से छन्द प्रयुक्त हुए हैं? छन्दो के प्रयोग मे कोई विशेष नियम दिखाई देता है या नही? भाषा की सरलता या कठिनता किस आधार पर है? समस्यापूर्ति का वेदो मे क्या स्थान है? शब्दाध्याहार कहाँ तक होता है?

विरामचिह्न-प्रयोग के क्या नियम हैं ? शब्द यौगिक, योगरूढ या रूढ किस प्रकार के हैं ? लक्षणा, व्यंजना आदि का प्रयोग पाया जाता है या नही ? इत्यादि बातों का तुलनात्मक अध्ययन ।

हमने वैदिक शैलियों के अध्ययन मे भाषागत शैलियो को नही लिया है, अपने निबन्ध का क्षेत्र विषय-प्रतिपादन-शैलियो तक ही सीमित रखा है । भाषागत शैलियो का अध्ययन एक स्वतत्र अनुसंधान का विषय हो सकता है ।

इस निबध का शीर्षक है "वेदो की वर्णन-शैलियां" । वर्णन-शैलियो से तात्पर्य विषय-प्रतिपादन-शैलिया है । वेद किसी बात को कहने के लिए जिन-जिन शैलियो का प्रयोग करते है, उनका इसमे अध्ययन प्रस्तुत किया गया है ।

वेदो से यहाँ क्या अभीष्ट है, इसका स्पष्टीकरण भी आवश्यक है । वेद शब्द बहुत व्यापक अर्थों मे प्रचलित रहा है । कुछ आचार्यों के अनुसार सब शाखाओ सहित सहिताभाग, ब्राह्मणग्रन्थ, आरण्यक व उपनिषदे सब वेद से गृहीत होते हैं । इतर आचार्य केवल मत्रभाग को ही वेद कहते हैं[६४] । हमने वेदो से वैदिक सहिताओ को ही लिया है तथा शैली-विचार मे केवल निम्न सहिताओ को आधार रखा है—ऋग्वेद की शाकल सहिता, यजुर्वेद की वाजसनेयि माध्यन्दिन शुक्ल यजुर्वेद सहिता, सामवेद की राणायनीय सहिता तथा अथर्ववेद की शौनक सहिता । हमारी प्रस्तावित शैलिया, जिन पर इस निबन्ध मे विचार किया गया है, निम्न है ।

१. **प्रहेलिकात्मक शैली**--प्राचीनो ने इसे प्रवह्लिका कहा है । किन्तु वे केवल अथर्ववेद २०.१३३, शाखायन श्रौतसूत्र १२.२२ तथा खिल ५.१६ को प्रवह्लिका मानते थे[६५] । प्रस्तुत निबन्ध मे इस शैली का वेदो मे बहुत व्यापक रूप मे दर्शन किया गया है, तथा इसके विचार की क्या महत्ता है इसका भी सविस्तर प्रतिपादन हुआ है ।

२. **आत्मकथात्मक शैली**—शौनक-प्रोक्त कत्थना, श्लाघा, स्पृहा, परिदेवना, विलपित तथा संज्वर का इसमे अन्तर्भाव हो सकता है । किन्तु हमारे द्वारा व्याख्यात यह शैली इन्ही तक सीमित नही है, अपितु अधिक व्यापक है ।

३. **संवादात्मक शैली**—शौनक ने इसे सलाप कहा है । यह ऋग्वेद की एक महत्त्वपूर्ण तथा विशिष्ट शैली है । इस निबन्ध में प्रमुख सवादो को मन्त्रशः

---

६४. इसमे कौन सा पक्ष प्रबल है, एतद्विषयक विवेचन इस निबन्ध का विषय न होने से यहा नहीं किया गया है । इस सम्बन्ध मे द्रष्टव्यः स्वामी दयानन्द कृत ऋ. भा भू. का वेदसज्ञाविचार विषय ।

६५. द्रष्टव्यः ऐ. ब्रा. ६.३३, कौ. ब्रा. ३०.७ ।

दर्शा कर यथासभव अधिदैवत, अध्यात्म आदि दृष्टियो से उनकी व्याख्या की गयी है। मन्त्र-व्याख्याए कई स्थानो पर सायण आदि से भिन्न भी की गयी हैं, जिसके लिए पोषक हेतु यथास्थान उपन्यस्त कर दिये गये है।

४ **प्रश्नोत्तरात्मक शैली**—शौनक के प्रश्न, अनुयोग तथा प्रतिवाक्य इसके अन्तर्गत हो जाते है। यह शैली जो शिक्षाशास्त्र मे अपना विशेष स्थान रखती है, वेदो मे पर्याप्त प्रयुक्त हुई है। इस शैली के अध्याय में चारो सहिताओ के प्रश्नोत्तरो को पृथक्-पृथक् सगृहीत कर नूतन दृष्टिकोण से उनकी व्याख्याए प्रस्तुत की गयी है तथा चारो सहिताओ के प्रश्नोत्तरो का तुलनात्मक विवेचन भी किया गया है।

५ **प्रेरणात्मक शैली**—शौनक-प्रोक्त प्रैष, नियोग तथा उपदेश इसके अन्तर्गत हो सकते है। किन्तु इस निबन्ध मे जो इसका क्षेत्र निर्धारित किया गया है, वह पर्याप्त व्यापक है, तथा वैदिक प्रेरणाओ की विशेषता को प्रकट करता है। प्राचीनो की 'विधि' भी इसी मे समाविष्ट हो जाती है। इस शैली के विवेचन मे प्रेरणाओ को विधि तथा निषेध दो रूपो मे विभाजित किया गया है। उद्बोधन, कर्त्तव्य-प्रेरणा आदि के जो उदाहरण दिए गये हैं, वे अन्त.करण में विशेष स्फूर्ति को उत्पन्न करने वाले है।

६ **सान्त्वनात्मक शैली**—प्राचीनो ने मन्त्र-प्रकार दर्शाते हुए इसका परिगणन नही किया है। तो भी यह शैली वेद मे अपना विशिष्ट स्थान रखती है, तथा इसका विचार किया जाना उचित है। उद्धृत किये गये प्रकरणो से स्पष्ट है कि वेदमन्त्रो मे जो सान्त्वनाए दी गयी हैं, वे निराश हृदय में भी आशा का सचार करने वाली है।

७ **आशीर्वादात्मक शैली**—प्राचीनो से प्रयुक्त आशी को यदि प्रार्थना तथा आशीर्वाद इस व्यापक अर्थ मे ले तो आशी: का किसी अश तक इसमे अन्तर्भाव हो सकता है। शौनक के अभिष्टव की हमने जो व्याख्या की है, उस के अनुसार वह भी इस मे अन्तर्भूत हो सकता है। हमारा इस शैली से अभिप्राय शुभ-कामना तथा आशीष की शैली से है। वेदो मे इसके जो प्रमुख उदाहरण मिलते हैं, उन्हे इस प्रकरण मे सकलित किया गया है, जिससे वैदिक दृष्टि मे आशीषों के पात्र कौन हैं, तथा आशीषो का स्वरूप क्या है, इस पर प्रकाश पडता है।

८ **अर्थवादात्मक शैली**—यास्क तथा शौनक के प्रशसा एवं निन्दा का इसमे अन्तर्भाव होता है। अर्थवाद शब्द यद्यपि दर्शनशास्त्र में बहुत व्यापक अर्थों मे प्रयुक्त हुआ है, तथा इसके अनेक भेद है, तो भी इससे हमारा प्रयोजन मुख्यत

अतिशयोक्तिपूर्ण प्रशसा तथा निन्दा को दर्शाना ही है। सामान्यत: यह समझा जाता है कि अर्थवाद का क्षेत्र ब्राह्मणग्रन्थ है, वैदिक मन्त्रभाग नही। परन्तु वस्तुत: मन्त्रो मे भी इसका प्रचुर प्रयोग मिलता है, तथा वैदिक शैलियो मे इसका विचार आवश्यक है। इसका जो अध्ययन यहा प्रस्तुत किया गया है, उससे वेदमन्त्रो मे असत्य फल वर्णित हुए है, इस आक्षेप का समुचित उत्तर मिल जाता है। अर्थवादात्मक शैली से जो वस्तुओ की प्रशसा या निन्दा की गयी है, उससे यह प्रकट हो जाता है कि वेदो की दृष्टि मे अतिशय स्पृहणीय या अत्यधिक हेय वस्तुए कौन सी हैं।

६ अभिशापात्मक शैली—वैदिक अभिशापो की ओर यास्क एव शौनक दोनो का ध्यान गया है। जिसे अभिशाप दिया जाता है, उसके प्रति अपनी उग्र विरोध-भावना को प्रकट करने की यह एक शैली है।

१० भर्त्सनात्मक शैली—शौनक-प्रोक्त आक्रोश इसके अन्तर्गत हो सकता है। वेदो मे राक्षस, पाप, अलक्ष्मी आदि अवाञ्छनीय तत्त्वो की बडी प्रबलता के साथ भर्त्सना की गयी है। यह शैली मनुष्य को इन अनिष्टकर वस्तुओ से मुक्ति पाने के लिए विशेष रूप से उत्साहित करने वाली है।

११. स्तुत्यात्मक शैली—यास्क तथा शौनक प्रोक्त स्तुति से यही शैली अभिप्रेत है, यद्यपि उन्होने इसका विशद विश्लेषण नही किया है। निबन्ध मे इसका प्रत्यक्षकृत एव परोक्षकृत भेदो को दर्शाते हुए विस्तार से विचार किया गया है।

१२ प्रार्थनात्मक शैली—शौनक का याच्ञा नामक प्रकार इसी के लिए प्रयुक्त हुआ है। वैदिक प्रार्थनाए कई दृष्टियो मे अपनी विशेषता रखती है। जिन वस्तुओ की प्रार्थना की गयी है, वे मनुष्य के लिए उपादेय है, यह इस शैली से सूचित होता है। इस प्रकरण मे जो प्रार्थनाए सगृहीत की गयी है, वे अतिशय उच्चकोटि की हैं। उनसे वैदिक स्तोता के लिए कौन सी वस्तुए अभीप्सा करने योग्य है, यह ज्ञात हो जाता है।

१३. आशंसात्मक शैली—शौनक का आशी. नामक प्रकार इसी शैली के अन्तर्गत होता है। इसी शैली मे वाञ्छनीय वस्तुओ की प्राप्ति की आशसा व्यक्त की जाती है। प्रार्थना मे जिससे याचना की जाती है उसके प्रति समर्पण का भाव भी निहित होता है, किन्तु आशसात्मक शैली मे केवल अपनी इच्छा या आकांक्षा प्रकट होती है। इस प्रकरण मे सकलित आशसा-मन्त्रो से वैदिक प्रार्थी की महत्त्वाकांक्षाओ पर प्रकाश पडता है।

इन्हीं शैलियो का द्वितीय से अष्टम अध्याय पर्यन्त सात अध्यायो में विभाजन कर इस निबन्ध मे अध्ययन प्रस्तुत किया गया है। इस शैली-विचार में कुछ अन्य शैलियों को भी सम्मिलित किया जा सकता था, यथा आख्यानात्मक एव अलंकारात्मक शैली। विस्तारभय से इन्हे स्थान नही दिया जा सका। तथापि आख्यानात्मक शैली का दिग्दर्शन सवादात्मक शैली के प्रकरण मे पर्याप्त अंशो मे हो जाता है, क्योकि सवादो मे आख्यान भी अन्तर्निहित हैं, यहा तक कि किसी-किसी सवाद के सम्बन्ध मे यह विवाद उठ खडा हुआ है कि इसे सवाद माना जाये या आख्यान।

अगले अध्यायो मे शैली-विवेचन करते हुए यह ध्यान रखा गया है कि प्रत्येक शैली का भेदोपभेद-सहित स्वरूप-निर्धारण कर उसके चारो वेदों में जो उत्तमोत्तम उदाहरण उपलब्ध होते हैं, उन्हे सकलित किया जाए, तथा उन का अनुवाद प्रवाहमयी सजीव भाषा मे प्रस्तुत किया जाए, जिससे वेदमन्त्रो मे जो बल, प्राण एवं स्पन्दन है, वह प्रकट हो सके। प्रत्येक शैली के सम्बन्ध मे विशेष वक्तव्य, व्याख्या आदि भी यथास्थान दे दिये गये है। प्रत्येक शैली के विचार की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला गया है।

द्वितीय अध्याय

प्रहेलिकात्मक शैली

प्रारंभिक विवेचन

किसी तथ्य को गुप्त या रहस्यमय रूप मे प्रकट करना वेदो को बहुत रुचिकर है। ब्राह्मणग्रन्थो मे कहा है कि देवता परोक्षप्रिय होते हैं[1]। प्रहेलिका भी परोक्षप्रधान या गुह्यार्थ होती है[2], अत प्रहेलिकात्मक-शैली ने वेद मे विशेष स्थान पाया है।

सस्कृत के काव्यशास्त्रियो ने प्रहेलिका पर पर्याप्त विचार किया है, तथा समय-समय पर सस्कृत के कवि प्रहेलिकाएं लिखते रहे है। दण्डी ने प्रहेलिका का उपयोग बताते हुए कहा है कि क्रीडा-गोष्ठियो मे मनोरजन, जनाकीर्ण स्थान मे परस्पर गुप्त भाषण तथा पर-व्यामोहन के लिए यह उपादेय होती है[3]। उसने समागता, वचिता, व्युत्क्रान्ता, प्रमुषिता, समानरूपा आदि प्रहेलिका के सोलह भेदो का भी सोदाहरण निरूपण किया है[4]। भोज ने प्रहेलिका के च्युताक्षर, दत्ताक्षर, च्युतदत्ताक्षर आदि छह भेद परिगणित किये है[5]। कविराज विश्वनाथ के अनुसार रसानुभूति मे बाधक होने से प्रहेलिका अलकार-कोटि मे नही आती, क्योकि अलकार तो रसोपकारक हुआ करते है, वह चित्र के ही अन्तर्गत होती है[6]।

प्रहेलिका का आदि स्रोत वैदिक सहिताए ही है। पर उत्तरकालीन साहित्य मे प्रहेलिका का जो शब्दचित्रात्मक जटिल रूप च्युताक्षर, दत्ताक्षर आदि हो गया, वह वेदो मे उपलब्ध नही होता। अधिक से अधिक जो शब्दचित्रमय रूप वेदों मे प्राप्त होता है वह 'सृण्येव जर्भरी तुर्फरीतू' आदि है[7], वह भी बहुत कम।

---

१ परोक्षप्रिया इव हि देवा भवन्ति प्रत्यक्षद्विष। गो पू २-२१

२ विदग्धमुखमण्डन मे प्रहेलिका का निम्न लक्षण मिलता है--

व्यक्तीकृत्य कमप्यर्थं स्वरूपार्थस्य गोपनात्।
यत्र बाह्यान्तरावर्थौ कथ्येते सा प्रहेलिका॥

३. काव्यादर्श ३.९७

४. वही ३.९८-१२४

५. सरस्वतीकण्ठाभरण २.१३३

६ रसस्य परिपन्थित्वान्नालंकार. प्रहेलिका। सा. द १०.१३

७. सृण्येव जर्भरी तुर्फरीतू नैतोशेव तुर्फरी पर्फरीका।
उदन्यजेव जेमना मदेरू ता मे जराय्वजर मरायु॥ ऋग् १०. १०६. ६

वेदो की कुछ पहेलियां हिन्दी की इस पहेली से साम्य रखती है—'एक सन्दूक जिसमे बारह खाने, बारह खानो मे तीस-तीस दाने'। जैसे, दो पक्षी हैं, वे एक ही वृक्ष पर बैठे हैं। उनमे से एक वृक्ष के फलो का स्वाद ले रहा है, दूसरा केवल देख रहा है[८]। कुछ पहेलियाँ ऐसी है जिनमे कोई असभव बात कही गयी है, जिसकी सगति लगानी अभीष्ट होती है। जैसे, पुत्र का माता को उत्पन्न करना, आकाश मे बैलो का स्थित होना, सिर से दूध देने वाली तथा पैरो से पानी पीने वाली गौओ का वर्णन, बैल का घोंसला होना तथा उससे शिशु उत्पन्न होना, चार सीग, तीन पैर, दो सिर और सात हाथो का बैल होना आदि[९]। जितना ही अधिक असभव वर्णन है, उतना ही अधिक पहेली में चमत्कार है। कुछ पहेलिया श्लेषमूलक है[१०]। दण्डी ने जो भेद प्रदर्शित किये है, उनमे से अधिकाश वैदिक पहेलिया वचिता[११] तथा समानरूपा[१२] के अन्तर्गत हो जाती है।

अनेक वैदिक पहेलियो मे वायस, वृषभ, सुपर्ण, गौ आदि ऐसे शब्द प्रयुक्त हुए हैं, जिनका प्रसिद्ध अर्थ कौआ, बैल, गरुड़, गाय आदि है। पहेली को सुनते ही प्रथम ध्यान उन्ही अर्थो की ओर जाता है, किन्तु बुद्धि द्वारा अनुसन्धान करके हम सूर्य, प्राण, आत्मा, प्रत्यचा आदि आशयो पर पहुंच जाते है। इन अर्थो के साथ योगार्थ का भी समजस हो जाना पहेली मे और भी चमत्कार ला देता है। जैसे वायस की पहेली मे हम प्रसिद्ध काक अर्थ के स्थान पर सूर्य आशय लेते है, तथा गत्यर्थक वी धातु से निष्पन्न कर वायस का अर्थ गतिमय भी कर लेते है, जो सूर्य पक्ष मे घटित हो जाता है[१३]।

वेदो की पहेलिया केवल दण्डी के पूर्वोक्त प्रयोजनो तक ही सीमित नही है, अपितु इनसे रहस्यार्थ को समझने मे बडी सहायता मिलती है। इनसे उपमानो-पमेय-भाव आदि ध्वनित होकर एक चामत्कारिक अर्थ की प्रतीति हो जाती

इस प्रकार के उदाहरण दण्डी के प्रमुषिता नामक प्रहेलिका-भेद के अन्तर्गत हो सकते हैं। द्रष्टव्य काव्यादर्श ३ ९९, १११

८. ऋग् १. १६४. २०

९ द्रष्टव्य आगे वर्णित ऋग्वेद की पहेलिया।

१० यथा, आगे वर्णित उक्षा, तीन भाई एव अज की पहेलिया।

११. वञ्चितान्यत्र रूढेन यत्र शब्देन वञ्चना। काव्यादर्श ३.९८

१२. समानरूपा गौणार्थारोपितैर्ग्रथिता पदै ॥
अत्रोद्याने मया दृष्टा वल्लरी पञ्चपल्लवा।
पल्लवे पल्लवे ताम्रा यस्यां कुसुममञ्जरी ॥

१३. द्रष्टव्य : आगे वर्णित ऋग् १.१६४.५२ की पहेली।

है। जैसे पाच नदियो के सरस्वती मे गिरने की पहेली का यदि हम इन्द्रियो द्वारा आनीत ज्ञानो के वाणी द्वारा प्रकट करने से समाधान करते है, तो ज्ञान एव वाणी नदियो की धारा के समान है, इस उपमानोपमेय-भाव मे परिणति होकर प्रतिपाद्य अर्थ मे विशेष स्वारस्य उत्पन्न हो जाता है[१४]।

वैदिक प्रहेलिकाओ में एक यह बात ध्यान देने योग्य है कि उनके समाधान विभिन्न क्षेत्रो मे भिन्न-भिन्न हो सकते है। इन पहेलियो मे अधिदैवत, अधिभूत, अध्यात्म, अधियज्ञ आदि अर्थों का दर्शन प्राचीन मनीषी करते रहे है। निरुक्त इसमे प्रबल प्रमाण है। निरुक्त मे कई पहेलियो की आध्यात्म तथा अधिदैवत दोनो पक्षो मे व्याख्या मिलती है, जिनमे से कुछ पहेलियो पर आगे हमने विचार भी किया है, जहा निरुक्त का सकेत कर दिया गया है। निरुक्त-परिशिष्ट मे जो मन्त्र दिये गये है, उनमे अधिकाश पहेलिया ही है, जिनके निरुक्तकार ने अधिदैवत तथा अध्यात्म दोनो समाधान दर्शाये है। इस विधि से २५ पहेलिया निरुक्त-परिशिष्ट मे ही व्याख्यान हो गयी है। कही-कही तो अधिदैवत तथा अध्यात्म व्याख्यान के साथ वैयाकरण, याज्ञिक आदि अन्य पक्ष भी दिये है[१५]। निरुक्त के शेष भाग मे भी इसी शैली से कुछ पहेलिया व्याख्यात हुई है[१६]।

सायरा ने भी अनेक पहेलियो की विविध पक्षो मे व्याख्या की है। अस्य-वामीय सूक्त, जो ऋग्वेद का प्रसिद्ध प्रहेलिकापरक सूक्त है, सायण ने यद्यपि अधिकाश अधिदैवत या अधियज्ञ दृष्टि से व्याख्यात किया है, तथापि उसने स्वय स्वीकार किया है कि ये सब पहेलियाँ अध्यात्म मे भी चरितार्थ हो सकती है[१७]। कुछ की तो उसने अध्यात्म योजना प्रदर्शित भी की है[१८]। यही सूक्त सायरा से पूर्ववर्ती आत्मानन्द ने सम्पूर्ण अध्यात्मपरक घटाया है[१९]।

वैदिक प्रहेलिकाओ को विविध क्षेत्रो मे घटाने की इसी पद्धति का आश्रय हमने भी लिया है। विविध क्षेत्रो मे घटाने के लिये सूत्र स्वय वैदिक

---

१४. द्रष्टव्य आगे वर्णित यजु ३८.११ की पहेली।

१५. द्रष्टव्य निरु १३.९

१६ द्रष्टव्य निरु १२.३५.३६

१७ एवमुत्तरत्रापि अध्यात्मपरतया योजयितु शक्यम्, तथापि स्वरसत्वा-भावात् ग्रन्थविस्तरभयाच्च न लिख्यते, ऋग् १ १६४ १ के भाष्य मे सायण।

१८ द्रष्टव्य ऋग् १. १६४ के मन्त्र १,१६,२०,२१,२२ का सायण-भाष्य।

१९ द्रष्टव्य आत्मानन्द, अस्यवामीयसूक्तम्। इनका भाष्य केवल इसी सूक्त पर है।

सहिताओ मे या उत्तरकालीन वैदिक साहित्य मे उपलब्ध हो जाते है। यथा, सुपर्ण की पहेली का समाधान करते समय यह देख लेना उपयोगी है कि वेद-मन्त्रो मे किन-किन को सुपर्ण कहा गया है, अथवा परम्परा किन-किन वस्तुओ को सुपर्ण मानती है। आगे पहेलियो की जो व्याख्याए प्रस्तुत की गयी है, उनमे से कुछ प्राचीन एव अर्वाचीन भाष्यकारो के आधार पर है, तथा कुछ हमारी अपनी नवीन है। किन्तु नवीन व्याख्याएं करते हुए उनके सप्रमाण होने का ध्यान रखा गया है। जो सकेत जहा से गृहीत हुए है, उनका पता भी यथास्थान दे दिया गया है।

सायण प्रभृति भाष्यकारो ने पहेलियो का समाधानपरक अर्थ तो दिया है, परन्तु प्रहेलिकात्मक रूप स्पष्ट नही किया है। उनके भाष्य को पढने से सामान्यत यह प्रतीत नही होता कि अमुक मन्त्र पहेली है। ऐसा लगता है कि ग्रन्थ का सीधा अर्थ ही यह है। जैसे, "मैंने एक गोपा को देखा है, जो मरता नही—अपश्य गोपामनिपद्यमानम्',[20] यहाँ यदि गोपा का सीधा अर्थ ही रक्षक आदित्य कर लिया जाये तो पहेली का चमत्कार कुछ भी प्रतीत नही होता। चमत्कार तो तब दिखाई देता है, जब पहले गोपा का अर्थ ग्वाला करे। ग्वाला अर्थ करने पर असभव सा अर्थ बन कर पाठक के मन मे उत्सुकता जनित करता है कि ऐसा ग्वाला कौन हो सकता है। "एक सुपर्ण है, जो समुद्र मे बैठा हुआ सारे विश्व को देख रहा है—एक सुपर्ण स समुद्रमाविवेश स इदं विश्व भुवन विचष्टे[21], यहां यदि प्रारम्भ मे ही सुपर्ण का अर्थ वायु तथा समुद्र का अर्थ अन्तरिक्ष कर ले, तो पहेली का रूप ही नही बनता। भाष्यो से प्रहेलिकात्मक रूप स्पष्ट न होने के कारण ही वैदिक पहेलियो की ओर वेद के अध्येताओ का बहुत कम ध्यान गया है। मैक्समूलर, ग्रिफिथ आदि के जो अनुवाद तथा टिप्पणियां है, उनसे अपेक्षाकृत प्रहेलिकात्मक रूप सामने अधिक आता है, यद्यपि उनके समाधान बहुत अधूरे है, तथा प्राय' सायण-भाष्य पर निर्भर है। इस युग के वैदिक विद्वान् स्वामी दयानन्द, श्रीपाद दामोदर सातवलेकर, जयदेव विद्यालकार आदि ने भी पहेलियो के समाधान या तदुपयोगी सकेत अपने भाष्यो मे दिये है[22], यद्यपि उन्होने इन के लिए पहेली शब्द का प्रयोग नही किया। अभी कुछ समय पूर्व श्री वासुदेव

---

२० ऋग् १ १६४.३१

२१. ऋग् १०.११४ ४ ।

२२. इनके भाष्य क्रमश. वैदिक यन्त्रालय अजमेर, स्वाध्यायमण्डल पारडी (सूरत), तथा सस्ता साहित्य मण्डल अजमेर से प्रकाशित हुए हैं।

शरण अग्रवाल, श्री कुन्हन राजा आदि का ध्यान इन वैदिक पहेलियो के महत्त्व की ओर गया है।[२३]

पहेलिया वेदों मे बहुत है। ऋग्वेद के १.६५,१.१०५, १ १६२–६४, १० २७–२८, १० ५५, १० ११४ आदि कुछ सूक्त स्पष्ट प्रहेलिकात्मक है। इनके अतिरिक्त इन्द्र, ऋभुगण, अश्विनौ आदि देवो के अनेक मन्त्र भी प्रहेलिका-रूप है। कई सूक्तो के बीच-बीच मे भी कुछ मन्त्र इस शैली के मिल जाते है। यजुर्वेद मे भी कही-कही पहेलियाँ मिलती है, जिनमे कुछ ऋग्वेद के समान हैं तथा कुछ नूतन है। सामवेद मे ४-६ से अधिक पहेलिया नही है। जो है वे प्राय ऋग्वेद मे भी आ जाती है, दो-तीन ही नूतन है।[२४] अथर्ववेद मे पहेलिया पर्याप्त है, यद्यपि ऋग्वेद की तुलना मे कम है। इस वेद की कई पहेलिया ऋग्वेद से मिलती है। वेदो मे अमुक मन्त्र प्रहेलिकात्मक है, यह गणना कर सकना बहुत कठिन है। इसका कारण यह है कि जैसा अभी कहा जा चुका है, वेदभाष्यो मे मन्त्रो का प्रहेलिकात्मक रूप स्पष्ट नही किया गया है। गणना करने वाले को प्रहेलिकात्मक रूप भी स्वय पहचानना होगा। जैसे, आगे जिन पहेलियो पर विचार किया गया है, उनमे से कइयों का प्रहेलि-कात्मक रूप हमने स्वय आविष्कृत किया है। निदर्शन के रूप मे हम जो पहेलिया दे रहे है, वे किसी एक प्रकरण की न होकर विविध प्रकरणो से सगृहीत है। प्रहेलिकात्मक शैली का विचार वेदव्याख्या की दृष्टि से बहुत महत्त्वपूर्ण है। इस विषय पर हम अध्याय के अन्त मे प्रकाश डालेगे। अब क्रमश वेदो से कुछ पहेलिया प्रदर्शित की जाती है। जो पहेली हमने किसी एक वेद के शीर्षक के नीचे दी है, वह यदि अन्य वेद मे भी मिलती है, तो स्पष्टता की दृष्टि से हमने इसका सकेत भी साथ ही दे दिया है।

---

२३. द्रष्टव्य 1. V. S. Agrawal, I Sparks from the Vedic Fire, 2. The thousand syllabled speech (सहस्राक्षरा वाक्) Vision in Long Darkness, Chaukhambha, Varanasi. Dr. C. Kunhan Raja· Asya Vamasya Hymn (The Riddle of the Universe), Ganesh & Co , Madras-17. Prof R. V. Vaidya. Asya Vamasya Suktam (Riddle Solved) A. V. G. Publications, Poona-2.

२४. यथा, चन्द्रमा अप्स्वन्तरा ऋग् १ १०५.१; साम पू० ४.७ ६; विधु दद्राण ऋग् १०.५५.५; साम० पू० ३.१० ३, सहर्षभा· सहवत्सा., साम पू० ५. ४. १२।

एक-दूसरे के शिशु को दूध पिलाती हुई दो माताएं

द्वे विरूपे चरतः स्वर्थे अन्यान्या वत्समुप धापयेते ।
हरिरन्यस्यां भवति स्वधावाञ्छुक्रो अन्यस्यां ददृशे सुवर्चाः ॥

ऋग १ ९५ १, (यजु ३३ ५)

विभिन्न रूपो वाली काली-गोरी दो माताए हैं। वे शुभ उद्देश्य को लेकर आवागमन करती है, एक-दूसरे के शिशु को दूध पिलाती हैं। गोरी माता का पुत्र हरि है, जो कृष्णा माता मे स्वधावान् (अन्नवान्) होता है, कृष्णा माता का पुत्र सुवर्चा शुक्र है, जो गौरवर्णा माता मे स्वधावान् होता है।

ये काली-गोरी दो माताए क्रमश रात्रि तथा द्यौ (दिन) है।[२५] काली रात्रि का पुत्र सूर्य है, जो गोरा है तथा जिसे मन्त्र मे शुक्र एव सुवर्चाः शब्दो से सूचित किया है। अथर्ववेद मे इस सूर्य के लिए कहा भी है—"कृष्णाया पुत्रो अर्जुनो रात्र्या वत्सो अजायत, अथर्व १३ ३ २६"।[२६] उस शिशु को उत्पन्न कर रात्रि द्यौ (दिन) को सौंप जाती है, तथा द्यौ ही उस शिशु को दूध पिलाती है, और अगुली पकडकर प्रातः से साय तक गगन-प्रागण मे चलाती है। गोरी द्यौ का कृष्णाभ पुत्र धूमिल अग्नि[२७] या कलकमय चन्द्रमा[२८] है, जिसे मन्त्र मे हरि शब्द से स्मरण किया है। द्यौ उसे रात्रि को पालनार्थ दे देती है, तथा वह रात्रि माता का दूध पीकर परिपुष्ट होता है।

अथवा ये दो माताए पृथिवी तथा द्यौ (द्युलोक) भी हो सकती हैं, पृथिवी कृष्णाभ है, द्यौ गौरवर्णा है। पृथिवी का वत्स हरि है अर्थात् सोम वनस्पति,[२९]

---

२५ द्यौ. = दिन, नि १ ९। सायण ने तैत्तिरीय आरण्यक १ १० का अनुसरण करते हुए इनके लिए रात्रि तथा अह. (अहोरात्रे) शब्द रखे है। परन्तु माता के लिए स्त्रीलिंग शब्द रखने मे औचित्य होने से हमने दिनवाची स्त्रीलिंग शब्द दिव् (द्यौ) लिया है।

२६. तुलनीय रात्रिर्वै कृष्णा शुक्लवत्सा, तस्या असावादित्यो वत्स.। शत ६.२ ३ ३०

२७ 'हरि हरितवर्णोऽग्नि.। शुक्रः शुक्ल. आदित्य'।' ३३.५. का यजुर्वेद-भाष्य, उवट तथा महीधर। सायण ने हरि आदित्य को तथा शुक्र अग्नि को माना है—'हरिः रसहरणशील आदित्यः। शुक्र. निर्मलदीप्तिरग्नि ।'

२८. 'हरि मनोहारी चन्द्र'। दयानन्द, ३३.५ का यजुर्भाष्य।

२९ हरि. सोमो हरितवर्ण। निरु ४ १९

एव द्यौ का वत्स सूर्य है। द्यौ माता पर्जन्यवृष्टि द्वारा पृथिवी के पुत्र को पय पान कराती है, और पृथिवी द्यौ के पुत्र सूर्य को, यत सूर्य अपने किरण-रूप ओष्ठो मे पृथिवीस्थ रसो का पान करता है।[30]

दस युवतियों का एक पुत्र

दशेमं त्वष्टुर्जनयन्त गर्भमतन्द्रासो युवतयो विभृत्रम्।
तिग्मानीकं स्वयशसं जनेषु विरोचमानं परि षीं नयन्ति ॥

ऋग् १ ९५ २

आलस्यरहित दस युवतिया अपने पति त्वष्टा द्वारा गर्भस्थ एक पुत्र को जन्म देती है, जो सबसे धारण करने योग्य है। तीक्ष्णमुख, यशस्वी, विरोचमान उस पुत्र को वे युवतिया जन-जन के पास ले जाती है।

सायण ने इस पहेली की दो व्याख्याए प्रस्तुत की है। प्रथम व्याख्यानुसार दस युवतिया दस प्राची आदि दिशाए है। त्वष्टा मध्यमस्थानीय दीप्त वायु है। उसके द्वारा दिशाओ के मेघरूप उदर मे गर्भ स्थापित किया जाता है, जिससे वे दिशाए वैद्युताग्नि-रूप पुत्र को जन्म देती हैं, जो तीक्ष्णमुख, अतिशय यशस्वी तथा विशेष रूप से दीप्यमान है। द्वितीय व्याख्यानुसार यज्ञकर्ता की दस अगुलियां दस युवतिया है। त्वष्टा पूर्ववत् वायु है। अगुलिया अरणिमन्थन करके वायु की सहायता से यज्ञाग्नि-रूप पुत्र को उत्पन्न करती है।

दिशापरक व्याख्या मे त्वष्टा से सूर्य अर्थ भी लेना सभव है। यह शब्द 'त्विष् दीप्तौ' धातु से निष्पन्न होता है तथा निरुक्तानुसार अग्नि, वायु, सूर्य तीनो का वाची है[31]। दिशाओ मे सूर्य द्वारा उत्पन्न पुत्र सौर तेज है, जो जन-जन के पास पहुचा हुआ है।

अध्यात्म में दस इन्द्रिय-शक्तिया युवतिया हो सकती है तथा त्वष्टा प्राण। ये इन्द्रिया प्राण द्वारा ज्ञान या कर्म रूपी यशस्वी, विरोचमान पुत्र को उत्पन्न करती हैं और उसे सर्वत्र ले जाती हैं, उसका प्रसार करती है। श्री अरविन्द की वेदव्याख्या-शैली का अनुसरण करने वाले कपालीशास्त्री कृत सिद्धाजनभाष्य में ये युवतिया सूक्ष्म धीशक्तिया मानी गयी है,[32] जो दिव्य सम्पत्ति के लिए

---

३०. द्रष्टव्य ऋग् १.१६४ ५१, भूमि पर्जन्या जिन्वन्ति दिव जिन्वन्त्यग्नय।

३१ द्रष्टव्य: निरु ८.१४, १० ३३, १२ ११।

३२ द्रष्टव्य: ऋग्वेदसंहिता, सिद्धाजनभाष्य। श्री अरविन्द आश्रम, १९५१, पृ. ११७, ७०८।

यज्ञयात्रा करने वाले यजमान के अन्दर दिव्य अग्नि रूपी शिशु को उत्पन्न करती हैं।

वत्स माताओं को उत्पन्न करता है

क इमं वो निण्यमाचिकेत वत्सो मातृर्जनयत स्वधाभिः।
बह्वीनां गर्भो अपसामुपस्थान्महान् कविर्निश्चरति स्वधावान् ॥

ऋग् १.९५.४

तुममे से कौन इस गुह्य रहस्य को जानता है ? वत्स अपनी शक्तियो से माताओ को उत्पन्न करता है। उन बहुत सी माताओ का गर्भभूत वह वत्स स्वय भी उनके गर्भ से बाहर निकल आता है। वत्स का परिचय यह है कि वह बहुत महान् है, कवि है तथा शक्तिशाली या आत्मनिर्भर है।

यह वत्स सूर्य है, उषाए उसकी माताए है, यत वह उषाओ मे से आविर्भूत होता है। पर उषाओ को कौन उत्पन्न करता है ? उनका उत्पादक भी सूर्य ही है, क्योकि क्षितिज के नीचे विद्यमान सूर्य का प्रकाश ही तो उषा[33] है। इसी को अन्यत्र आलकारिक रूप मे वेद इस प्रकार कहता है कि सूर्य उषा रूपी वर्तिका को अपने मुख मे पकडे हुए आता है[34]। इसी लिए पहले हमे मुख मे पकडी हुई उषा के दर्शन होते है, पश्चात् सूर्य के।

अथवा, वत्स अग्नि है उसकी माताए अरणिया है, क्योकि वह मन्थन द्वारा अरणियो से प्रकट होता है। पर अरणिया कहा से आती है ? अग्नि ही वृष्टि द्वारा उन्हे उत्पन्न करता है। एव अग्नि अरणियो का वत्स भी है और उत्पादक भी।

अथवा, वत्स मेघवर्ती वैद्युताग्नि है। उसकी माताए मेघस्थ जल (आप.) है। पर इन मेघस्थ जलो का उत्पादक भी अग्नि है, क्योकि अग्नि मे प्रदत्त आहुति वृष्टि मे निमित्त होती है। एव वह वत्स माताओ का जनक भी कहलाता है[35]।

---

३३ तुलनीय आदित्यो दक्ष इत्याहु., आदित्यमध्ये च स्तुतः। अदितिर्दाक्षायणी। 'अदितेर्दक्षो अजायत दक्षाद्वदिति परि' इति च। तत्कथमुपपद्येत ? समानजन्मानौ स्याताम्। अपि वा देवधर्मेण इतरेतरजन्मानौ स्यातामितरेतरप्रकृती। निरु. ११.२०

३४ द्रष्टव्य. ऋग् १ ११७ १६

३५. इस व्याख्या के लिए द्रष्टव्यः इस मन्त्र पर सायण तथा विल्सन का भाष्य।

आकाश के मध्य में स्थित पांच बैल

अमी ये पञ्चोक्षणो मध्ये तस्थुर्महो दिव.।
देवत्रा नु प्रवाच्यं सध्रीचीना निवावृतु-
र्वित्तं मे अस्य रोदसी॥ ऋग् १.१०५.१०

पाच बैल (उक्षण) महान् द्युलोक के मध्य मे स्थित है। वे उसके पास, जो देवो मे प्रशसनीय है, एक साथ आते है तथा फिर लौट जाते है। हे द्यावापृथिवी (अर्थात् द्यावापृथिवी-वासी समस्त स्त्री-पुरुषो), मेरी इस पहेली को बूझो।

सायण के अनुसार इन्द्र, वरुण, अग्नि, अर्यमा तथा सविता ये पाच देव अथवा अग्नि, वायु, सूर्य, चन्द्रमा तथा विद्युत् रूप पाच देव ही द्युलोक के पाच बैल या उक्षा है। उक्षा शब्द 'उक्ष सेचने' धातु से बना है। सेचक या कामाभिवर्षक होने के कारण ये उक्षा कहलाते है। देवो मे प्रशसनीय स्तोत्र के प्रति ये पाचो देव आते है तथा यजमान की परिचर्या स्वीकार कर तृप्त हो प्रतिनिवृत्त हो जाते है[३६]।

नक्षत्रविद्या-परक व्याख्या मे ये पाच बैल, मगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र तथा शनि नामक पाच ग्रह हो सकते है, जो मिलकर देवो मे प्रशसनीय सूर्य की परिक्रमा कर रहे है। आकाश मे बैल की आकृति बनाने वाली वृष राशि के पाच प्रमुख तारे भी पाच बैल समझे जा सकते है[३७]। देवो मे प्रशसनीय सूर्य से इनका योग तथा वियोग होता रहता है, क्योकि सूर्य मेष, वृष आदि बारह राशियो मे क्रमश प्रविष्ट तथा निर्गत हुआ करता है।

अध्यात्म मे शरीर का उत्तमाग द्युलोक है। उसमे रहने वाले पाच उक्षा पाच ज्ञानेन्द्रिय है, यत. वे ज्ञान का सेचन या वर्षण करते हैं। देवो मे प्रशसनीय आत्मा है, जिसके समीप वे जाते-आते रहते है तथा जिससे प्रेरणाए प्राप्त करते है।

---

३६. उक्षण सेक्तार कामाभिवर्षका पञ्च। तत्र इन्द्रस्तद् वरुणस्तदग्निस्तदर्यमा तत्सविता चनो धात् (ऋग् १ १०७ ३) इत्यर्धर्चेन प्रतिपादिता पञ्चसख्याका देवा। यद् वा, अग्निर्वायु सूर्यश्चन्द्रमा विद्युदित्येव पञ्चसख्याका। तथा च शाट्यायनकम्—'एतान्येव पञ्च ज्योतीषि यान्येषु लोकेषु दीप्यन्ते। अग्नि पृथिव्या वायुरन्तरिक्षे आदित्यो दिवि चन्द्रमा नक्षत्रे विद्युदप्सु' इति। नक्षत्रे नक्षत्रलोके, अप्सु मेघस्थोदकेषु। तैत्तिरीयेऽप्याम्नातम्—'अग्नि पृथिव्या वायुरन्तरिक्षे सूर्यो दिवि चन्द्रमा दिक्षु नक्षत्राणि स्वर्लोके' (तै. आ १. २०. १) इति। सायण

३७. Those five Bulls · the stars of some constellation. Griffith.

वृक को मार्ग से हटाने वाले आकाशवासी सुपर्ण

सुपर्णा एत आसते मध्य आरोधने दिवः ।
ते सेधन्ति पथो वृकं तरन्तं यह्वतीरपो
वित्तं मे अस्य रोदसी ।। ऋग् १.१०५.११

आकाश के व्याप्त प्रदेश के मध्य में कुछ सुपर्ण (गरुड) उपविष्ट है। वे विस्तीर्ण जलों (आप.) को तैरना चाहते हुए वृक (भेडिये) को मार्ग में हटा देते हैं। हे द्यावापृथिवी, मेरी इस पहेली को बूझो।

सायण-कृत व्याख्या में सुपर्ण या गरुड सूर्य-रश्मियां है, जो आकाश के मध्य में स्थित है। इस सूक्त का ऋषि त्रित कूप में गिरा हुआ है। कूप में गिरने से पूर्व नदी के परले पार से उसे एक भेडिये ने देखा तथा उसे खाने के लिए नदी को तैर कर आने लगा। फिर सूर्य-रश्मियों पर उसकी दृष्टि पड़ी तो उसने सोचा कि यह त्रित को खाने का उपयुक्त अवसर नहीं है। उपयुक्त अवसर तो रात्रि हो सकती है, जब सूर्य-रश्मियां न हो, अतः वह लौट गया। एव रश्मियों ने भेडिये को मार्ग से निवृत्त कर दिया।

फिर सायण स्वयं यास्क का पक्ष दर्शाते हुए कहते है कि उसके पक्ष में 'आप' (जल) अन्तरिक्षवाची है, वृक चन्द्रमा है,[३८] जो द्वादशराश्यात्मक आकाश-मार्ग को पार कर रहा है, सुपर्ण सूर्यरश्मियां ही है। दिन में सूर्यरश्मियां चन्द्रमा को निरुद्ध अर्थात् निष्प्रभ कर देती है। ग्रिफिथ अन्धकार या चन्द्रग्रहण को वृक तथा तारों को सुपर्ण मानने का प्रस्ताव करते हैं।[३९]

इस पहेली की आकाशीय तारासमूह परक व्याख्या भी संभव है। वर्षा से हेमन्त ऋतु तक आकाश-गंगा के मध्य श्रवण तारे के समीप गरुड-तारासमूह दिखाई देता है, जिसका अंग्रेजी नाम ऐक्विला (Aquila the Eagle) है। वर्षाऋतु में दक्षिण में इसी आकाश-गंगा के पश्चिमी तट पर वृक नामक तारा-समूह रहता है, जिसे ल्यूपस(Lupus) कहते है। तट पर स्थित यह ऐसा प्रतीत होता है, मानो तैर कर आकाश-गंगा को पार करना चाहता है, पर गरुड़ के तारे इसे मार्ग से हटा देते है, अर्थात् आकाश-गंगा को पार नहीं करने देते। हटा देने की संगति इस प्रकार भी लग सकती है कि अगली दो ऋतुओं में भी गरुड़ तो आकाश में दीखता है, परन्तु वृक वर्षा के उपरान्त अस्त हो जाता है।

---

३८ आपः=अन्तरिक्ष, नि० १.३, वृकश्चन्द्रमा भवति'। निरु० ५.२०

३९. Those Birds of beauteous pinion : the stars. The wolf darkness or eclipse of the Moon. —Griffith.

१. गरुड, २ आकाश-गगा, ३ वृक

तीन भाई

अस्य वामस्य पलितस्य होतुस्तस्य भ्राता मध्यमो अस्त्यश्न. ।
तृतीयो भ्राता घृतपृष्ठो अस्यात्रापश्य विश्पतिं सप्तपुत्रम् ॥

ऋग् १ १६४.१, (अथर्व ६ ६ १)

एक अतिसुन्दर (वाम), पके बालो वाला वृद्ध (पलित) है, जिसे 'होता' कहते हैं। उसका मध्यम भ्राता अश्न (बहुत खाने वाला) है। तृतीय भ्राता घृतपृष्ठ (जिसके पृष्ठ पर घृत लगाया जाये) है। इनमें से जो सात पुत्रों वाला है, उसे मैंने विश्पति (सब प्रजाओ का पालक) समझा है।

यहा वाम, पलित, होता, अश्न आदि शब्द श्लिष्ट हैं। प्रहेलिका रूप मे इनका ऊपर दर्शाया हुआ अर्थ होता है, किन्तु समाधानपक्ष मे अन्य अर्थ। सायण ने इस मन्त्र को दो प्रकार से व्याख्यात किया है। प्रथम व्याख्यानुसार

ये तीन भाई क्रमशः आदित्य, वायु तथा अग्नि हैं। सूर्य समस्त आरोग्यार्थियो द्वारा सेवनीय होने से वाम (वन षण सभक्तौ), प्रकाश, वृष्टि आदि के प्रदान द्वारा पालक होने से पलित (पाल रक्षणे) एव सबके द्वारा आह्वानार्ह होने से 'होता' (ह्वेञ् स्पर्धायां शब्दे च) है। उसका मध्यम भ्राता वायु है, जो सर्वत्र व्याप्त होने से अश्न कहाता है (अशूङ् व्याप्तौ)। तृतीय घृतपृष्ठ भ्राता अग्नि है, क्योकि उसके पृष्ठ पर घृताहुतिया पडती है। इनमे से सप्तरश्मिरूपी पुत्रों से युक्त आदित्य ही विश्पति अर्थात् सब प्रजाओ का पालक है। सायण की यह व्याख्या निरुक्त का अनुसरण करती है।[40] द्वितीय व्याख्या मे 'वाम,' 'पलित', 'होता' परमेश्वर है, यन वह विश्व को अपने अन्दर से उद्गीर्ण करने वाला स्रष्टा (वम उद्गिरणे), सृष्ट जगत् का पालक, और आदाता अर्थात् सहर्ता (हु दानादनयो आदाने चेत्येके) है। उसका मध्यम भ्राता अश्न व्यापनशील सूत्रात्मा वायु है। तृतीय भ्राता स्थूलशरीराभिमानी विराट् है, जो घृतपृष्ठ है। यहां पृष्ठ शब्द कृत्स्न शरीरो का उपलक्षक है, तथा घृत का अर्थ प्रदीप्त है, एव घृतपृष्ठ का अर्थ प्रकाशित-शरीर होता है। इन तीनो भाइयो में से सप्त लोको का स्रष्टा परमेश्वर ही मोक्षप्राप्ति के लिए साक्षात् करने योग्य है।

आत्मानन्द का मत है कि इस ऋचा मे अवस्थात्रयकथनपूर्वक चित्स्वरूप आत्मा का चित्रण किया गया है। वाम पलित होता से विश्व नामक आत्मा का, मध्यम भ्राता अश्न से तैजस आत्मा का, घृतपृष्ठ मे प्राज्ञ आत्मा का तथा सत्पुत्र विश्पति से तुरीय आत्मा का ग्रहण होता है[41]।

छह लोकों को धारण करने वाला अज

अचिकित्वान् चिकितुषश्चिदत्र, कवीन् पृच्छामि विद्मने न विद्वान्।
वि यस्तस्तम्भ षडिमा रजांसि, अजस्य रूपे किमपि स्विदेकम्।

ऋग् १.१६४.६, (अथर्व ९.९.७)

अज्ञ मैं विज्ञ मनीषियो से एक प्रश्न पूछता हू। सचमुच मै ज्ञानवर्धन के लिए पूछ रहा हू, विद्वान् बन कर नही। मैंने सुना है कि अज (बकरे) का रूप धारण किए हुए कोई एक है, जिसने इन छहों लोको (रजासि) का भार उठाया हुआ है। वह कौन है?

---

४० द्रष्टव्य. निरु ४.२६। तुलनीय : बृ० दे० ४.३३
"अग्निस्तु वाम. पलितो वायुर्भ्राता तु मध्यमः।
घृतपृष्ठस्तृतीयोऽत्र सप्त वै रश्मयस्तु ताः॥"

४१. द्रष्टव्य· आत्मानन्द के 'अस्यवामीयसूक्तम्' मे इस मन्त्र का भाष्य।

प्रथम यह अज (बकरा) आदित्य है[४२], क्योकि यह अपनी धुरी पर गति करता है, तथा अन्य पृथिव्यादि ग्रहोपग्रहो को अपने चारो ओर गति कराता है (अज गतिक्षेपणयो:)। इस आदित्य ने ही सौर जगत् के पृथिवी, मगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि इन छहो लोको का भार उठाया हुआ है। अथवा छह ऋतुए छह लोक हैं,[४३] जिनका सूर्य निर्माण करता है। अथवा तीन भूमिया और तीन द्युलोक ये छह लोक है,[४४] मध्य के तीन अन्तरिक्ष इन्ही में समाविष्ट हो जाते है।

दूसरे यह अज परमात्मा है, यत वह कभी जन्म नही लेता[४५]। वह भी उक्त छहो लोको को धारण किये हुए है। शरीर मे यह अज जीवात्मा है[४६]। वह शरीर के पाच ज्ञानेन्द्रिया तथा एक मन रूपी अथवा पच प्राण एव एक मन रूपी षड् लोको को धारण करता है। आत्मानन्द ने अज का अर्थ नित्य आत्मा तथा 'षड् रजांसि' का अर्थ रजोगुण के कार्य कामादि षड् रिपु किया है, जिन्हे आत्मा स्तम्भित करता है[४७]।

सिर से दूध देने तथा पैरों से पानी पीने वाली गौएं

इह ब्रवीतु य ईमङ्ग वेद अस्य वामस्य निहित पदं वेः।
शीर्ष्णः क्षीरं दुह्रते गावो अस्य वव्रिं वसाना उदकं पदापु.

ऋग् १.१६४ ७, (अथर्व ९.९ ५)

जो कोई जानता हो वह इस पहेली को बूझे। एक बडा ही भव्य पक्षी है, जिसने अपना पैर निहित किया हुआ है। उसके पास गौए है। उसकी वे गौए सिर से दूध देती हैं, तथा रूप को धारण करने वाली वे पैर से पानी पीती है।

यह पक्षी सूर्य है,[४८] जिसने द्युलोक मे अपना पैर रखा हुआ है। उसकी

---

४२. अजस्य गमनशीलस्य जन्मरहितस्य वा आदित्यस्य। सायण

४३. यद् वा, षड् रजासि विलक्षणा षड् ऋतव। सायण

४४ अथवा षडिमानि रजासि त्रिविधान् द्युलोकान् त्रिविधान् भूलोकाश्च यस्त-स्तम्भ। 'तिस्रो भूमीर्धारयन् त्रीरुत द्यून् (ऋग् २ २७ ८) इति निगम। सायण

४५ अजस्य जननादिरहितस्य चतुर्मुखस्य ब्रह्मण.। सायण

४६. द्रष्टव्य · श्वेता. ४.५

४७. इमा इमानि प्रसिद्धानि कामादीनि षड् रजासि मलानि रजोगुणकार्याणि वा। आत्मानन्द

४८. वे: गन्तुरादित्यस्य। सायण

गौए किरणे[४९] हैं। वे सिर से दूध देती हैं, अर्थात् उपरिस्थ मेघमण्डल मे से वर्षा करती है, और फिर अपने पैरो से भूमिष्ठ पानी को पी लेती है, वाष्प बनाकर ऊपर ले जाती है।

अथवा इस पहेली को इस रूप मे घटा सकते है कि यह सुन्दर पक्षी 'वृक्ष'[५०] है, जिसने भूमि मे अपना पैर निहित किया हुआ है, अर्थात् जड़ जमायी हुई है। इस पर चढ़ी हुई लताए इसकी गौए है, जो सिर मे फल रूपी दूध को देती हैं, तथा पैरो (जड़ो) से पानी पीती है।

शरीर मे आत्मा रूपी पक्षी[५१] की गौए ज्ञानेन्द्रिया है।[५२] वे स्नायुजाल रूपी पैरो से बाह्य समाचार ग्रहण करती है, तथा सिर के मुखादि अवयवो से ज्ञान रूप दूध देती है। पक्षी से हृदय भी गृहीत हो सकता है, जो एक स्थान पर पैर जमाये हुए निरन्तर अपने पख चला रहा है, गति कर रहा है। इसकी पेशिया या गौए पैर-तुल्य दो शिराओ से शरीर के अशुद्ध रक्त रूपी पानी को पीती है तथा फुप्फुसो द्वारा उसे शुद्ध करवा शुद्ध रक्त रूपी दूध मे परिणत कर शरीर की पुष्टि के लिए बृहत् धमनि रूपी सिर से बाहर भेज देती हैं।

गर्भ में वत्स को लिए गौ उड़ रही है

अव: परेण पर एनावरेण पदा वत्सं बिभ्रती गौरुदस्थात्।
सा कद्रीची कं स्विदर्धं परागात् क्व स्वित् सूते नहि यूथे अन्तः॥

ऋग् १ १६४ १७, अथर्व ९.९ १७

एक गौ है, उसके गर्भ मे वत्स है। आगे के पैरो को पीछे मोड़कर और पीछे के पैरो को आगे मोड कर उदरस्थ वत्स को दबाये हुए वह गौ उड रही है। गर्भभार के कारण उसकी गति मन्थर है। मन्थर गति वाली वह भला कितना सा मार्ग पार कर सकेगी! थोड़ी दूर ही जाकर वत्स को जन देगी। पर कहा जनेगी? इतना अता-पता ध्यान रखिये कि पशुओ के यूथ मे नही जनेगी।

वैदिक साहित्य से सूत्र ग्रहण कर इस पहेली की कई व्याख्याएं हो सकती हैं।

---

४९. सर्वेऽपि रश्मयो गाव उच्यन्ते। निरु. २.७

५० वृक्ष पत्र रूपी पंखो वाला होने से पक्षी है।

५१. द्रष्टव्य द्वा सुपर्णा सयुजा सखाया। ऋग् १ १६४.२०

५२ इन्द्रिय वै वीर्य गाव, शत. ५.४.३.१०। गाव पशव इन्द्रियाणि वा—दयानन्द, ऋग् १ ३८ २ का भाष्य।

१ यज्ञ-भूमि गौ है, अग्नि उसका वत्स है।[५३] यज्ञ की सब तैयारी हो चुकी है, केवल अग्नि प्रदीप्त नही की गयी है, वह गर्भ मे विद्यमान है। शीघ्र ही यज्ञभूमि अग्नि रूपी वत्स को जन्म देने वाली है, क्योकि जब सब सभार एकत्र हो चुके है, तो अग्नि-प्रदीपन भी होगा ही। यह लीजिए, गौ ने वत्स को जन दिया। पर कहाँ जना है ? गौ होते हुए भी गो-यूथ मे तो जना नही, यज्ञकुण्ड मे जना है।

२. यज्ञाहुति गौ है[५४], यज्ञ-फल वत्स है। यज्ञाहुति रूपी गौ यज्ञफल को गर्भ मे धारण किये हुए ऊपर उडती है।[५५] पर कब तक उड़ती रहेगी ? आदित्यलोक मे पहुच कर विश्रान्त हो जाती है, तथा यज्ञकर्ताओ को यज्ञफल प्रदान कर देती है।

३ आकाशस्थ मेघ गौ है,[५६] उसके गर्भ मे विद्यमान जल उसका वत्स है। वह मेघ-गौ आकाश मे उड रही है। शीघ्र ही गर्भस्थ जल को बरसा देगी। यही वत्स का जन्म है।

४ अन्तरिक्ष गौ है, वायु उसका वत्स है।[५७] वायु आकाश के गर्भ मे विलीन है, सचार नही कर रहा। सब प्राणी अकुला रहे है, अपने को सन्दूक मे बन्द हुआ सा अनुभव कर रहे है, वायु के जन्म की प्रतीक्षा कर रहे है, सत्वर ही शीतल मन्द पवन बहने लगा। प्राणियो मे प्राण का सचार हो गया। गौ ने वत्स को जन्म दे दिया।

५ दिशाए गौ है, चन्द्रमा उनका वत्स है।[५८] पूर्व या पश्चिम दिशा के गर्भ में चन्द्रमा विद्यमान है, अभी उदित नही हुआ है। पर कब तक उदित नहीं होगा ? लीजिए यह चन्द्रोदय हो गया, गौ ने वत्स को जन्म दे दिया।

६ द्युलोक गौ है, आदित्य उसका वत्स है।[५९] रात्रि के अन्धकार मे आदित्य विलीन हो गया है, वह द्यौ के गर्भ मे विद्यमान है। पर सदा सूर्य गर्भ मे ही प्रच्छन्न नही रहेगा, शीघ्र सूर्योदय होगा। यह देखिए, सूर्य उदित हो गया, गौ ने वत्स को जन्म दे दिया।

---

५३ पृथिवी धेनुस्तस्या अग्निर्वत्स । अथर्व ४ ३९.२

५४. अत्र अग्नौ हूयमानाहुतिर्गोरूपेण स्तूयते। सायण

५५. अग्नौ प्रास्ताहुति. सम्यगादित्यमुपतिष्ठते। मनु ३ ७६

५६ द्रष्टव्य. ऋग् १. १६४ २८ का सायणभाष्य —'मेघरूपा गौः।'

५७. अन्तरिक्षं धेनुस्तस्या वायुर्वत्सः। अथर्व ४ ३९ ४

५८. दिशो धेनवस्तासां चन्द्रो वत्सः। वही, ४. ३९ ८

५९. द्यौर्धेनुस्तस्या आदित्यो वत्स.। वही, ४ ३९. ६

७ वेदवाणी गौ है,[६०] उसका रहस्यार्थ या उसमें प्रतिपादित विषय उसका वत्स है। जो लोग वेदवाणी को केवल कण्ठस्थ कर लेते हैं, अर्थज्ञ नही होते, वे उस मनुष्य के समान हैं, जो घास-फूस की बनी ऐसी गौ को लिए फिरता है, जो न ब्याती है, न दूध देती है। पर जो विवेकीजन वेदार्थ-परिज्ञान के प्रति उत्सुक होते है, उनके प्रति वेदवाक्-रूपिणी गौ अर्थ रूपी वत्स को उत्पन्न करती है। उन्हे ही वेदाध्ययन का सच्चा फल या वेदवाक्-रूपिणी गौ का दूध प्राप्त होता है।[६१]

८ प्रकृति गौ है, जगत् उसका वत्स है। सृष्टयुत्पत्ति से पूर्व सत्त्व, रजस्, तमस् की साम्यावस्था प्रकृति विद्यमान होती है, जगत्प्रपंच उसके गर्भ मे विलीन रहता है।[६२] प्रकृति मे क्रिया उत्पन्न होने के अनन्तर जगत् रूपी वत्स उत्पन्न हो जाता है।

एक वृक्ष पर बैठे दो सुन्दर पक्षी

द्वा सुपर्णा सयुजा सखाया समानं वृक्षं परिषस्वजाते
तयोरन्यः पिप्पलं स्वाद्वत्त्यनश्नन्नन्यो अभिचाकशीति

ऋग् १ १६४ २०, (अथर्व ९ ९ २०)

सुन्दर पंखो वाले दो पक्षी है, जो साथ-साथ रहते है, एक-दूसरे के सखा है, समान वृक्ष पर बैठे हुए है। उनमे से एक स्वादु फलो का भक्षण करता है, दूसरा भक्षण नही करता है।

यहा वृक्ष यह जगत्प्रपच अथवा मनुष्य-शरीर है। उस पर बेठे दो पक्षी जीवात्मा और परमात्मा है। जीवात्मा वृक्ष के फलो को खाता है, अर्थात् सासारिक भोगो को अथवा कर्मफलो को भोगता है। परन्तु परमात्मा भोगता नहीं, द्रष्टा मात्र रहता है[६३]। अथवा आकाशरूपी वृक्ष है, उस पर सूर्य और

---

६०. वाग् वै धेनु, गो० पू० २ २१, ता० ब्रा० १८. ९ २१। वाचं धेनुमुपासीत, शत० १४, ८ ९. १।

६१. स्थाणुरय भारहार किलाभूदधीत्य वेद न विजानाति योऽर्थम्। योऽर्थज्ञ इत् सकल भद्रमश्नुते नाकमेति ज्ञानविधूतपाप्मा॥ निरु० १. १८। ऋग् १० ७१. ४, ५ भी द्रष्टव्य है।

६२ सतो बन्धुमसति निरविन्दन् हृदि प्रतीष्या कवयो मनीषा। ऋग् १० १२९ ४

६३. 'अत्र लौकिकपक्षिद्वयदृष्टान्तेन जीवपरमात्मानौ स्तूयेते'—सायण। यह मत्र अथर्व ९.९.२०, निरुक्त १४.३०, मु. ३.१, श्वेता. ४.६ मे भी आया है।

चन्द्र[६४] दो पक्षी अवस्थित है। उनमे से चन्द्र क्षय-वृद्धि-रूपी फलो को भोगता है, सूर्य प्रकाशकमात्र रहता है। अथवा, देवयजनस्थलरूपी वृक्ष पर ब्रह्मा और यजमान[६५] ये दो पक्षी बैठते है, जिनमे यजमान यज्ञफल को भोगता है। ये दो पक्षी अग्नि-सूर्य, प्राण-अपान, अहोरात्र आदि युगल भी हो सकते है[६६]।

कभी न मरने वाला ग्वाला

अपश्यं गोपामनिपद्यमानमा च परा च पथिभिश्चरन्तम्।
स सध्रीचीः स विषूचीर्वसान आ वरीवर्ति भुवनेष्वन्तः॥

ऋग् १ १६४ ३१, १०.१७७.३

मैंने एक ग्वाले को देखा है, जो कभी मरता नही, मार्गों से आता है और जाता है। वह साथ रहने वाली तथा अन्य स्थानो मे रखी हुई पोशाको को पहन कर भुवनो के अन्दर आता-जाता है।

इस मन्त्र की व्याख्या सायण ने ऋग् १ १६४ मे सूर्यपरक तथा ऋग् १० १७७ मे सूर्य और प्राण-परक की है। यजुर्वेद मे उवट एव महीधर ने सूर्यपरक व्याख्यान किया है।

अधिदैवत पक्ष मे यह ग्वाला सूर्य है, क्योकि यह प्रजा रूप गौओ की अथवा अपनी रश्मि रूप गौओ की रक्षा करता है[६७]। यह प्रवाह-रूप से अमर है, यत

अद्वैतवादियो ने इसकी अद्वैतपरक व्याख्या की है। स्वामी दयानन्द ने इसे सत्यार्थप्रकाश समु ८ मे त्रैत की पुष्टि मे उल्लिखित किया है।

६४ सुपर्ण=सूर्य, द्रष्टव्य ऋग् १ ३५.७, ५.४७ ३, अथर्व १३ २ ९, ३६, ३७, १९ ६५ १। सुपर्ण=चन्द्रमा, द्रष्टव्य ऋग् १ १०५ १

६५ सुपर्णा सुपर्णौ सुपतनौ यजमानब्रह्माणौ, ऋग् १० ११४ ३ पर सायणभाष्य।

६६ इस सूक्त के २२वे मन्त्र के पश्चात् ग्रिफिथ ने निम्न टिप्पणी दी है— Suparna (dual) has been explained by different scholars as two species of souls, day and night, Sun and Moon; (plural) as rays of light, stars, metres, spirits of the dead, priests; and the tree on which they rest as the body, the orb or region of the Sun, the sacrificial post, the world, and the mythical world-tree.

६७. 'एष वै गोपा, य एष (सूर्य.) तपति, एष हीदं सर्वं गोपायति।

शत. १४१.४.९

अस्त होने के पश्चात् भी पुन उदित हो जाता है। अन्तरिक्षमार्गों से प्रात आता है तथा साय चला जाता है। अपने साथ रहने वाली दीप्तिरूपी पोशाक को तथा अन्यत्र चन्द्रादि मे स्थित दीप्ति को भी धारण करता हुआ पुनः-पुन. पृथिव्यादि लोको मे आवागमन करता है।

अध्यात्म मे यह ग्वाला प्राण है[६८]। वह इन्द्रियरूपी गौओ का रक्षक है, मार्गों से शरीर मे आता-जाता है। वह शरीर की समानान्तर तथा असमानान्तर नस-नाडियो का वस्त्र पहन कर जन्म-जन्मान्तर मे आवागमन करता है।

यह ग्वाला परमात्मा,जीवात्मा तथा मन भी हो सकते हैं[६९]। परमात्मा लोक-लोकान्तरो का रक्षक होने से गोपा है, वह अमर भी है। नाना मार्गों (उपायो) से साधको को वह कभी प्रत्यक्ष तथा कभी ओझल होता रहता है। वह एक दिशा मे या विपरीत दिशाओ मे जाने वाली नदी, दिशा आदियो को बसाता हुआ भुवनो के अन्दर व्याप्त हुआ-हुआ है। जीवात्मा भी शरीरस्थ इन्द्रिय-गौओ का रक्षक, अमर, शरीरो मे आने-जाने वाला, देहो के अन्दर एक दिशा मे या विरुद्ध दिशाओ मे चलने वाली रक्तवाहिनी एव ज्ञानवाहिनी नाड़ियो को धारण करता हुआ जन्म-जन्मान्तर मे विभिन्न योनियो मे कर्मानुसार आता-जाता रहता है। इसी प्रकार मनुष्य का मन ज्ञानेन्द्रिय, वाणी आदि गौओ का रक्षक होने से गोपा, मुक्तिपर्यन्त आत्मा के साथ रहने से अमर, नाना मार्गों से समीप तथा दूरवर्ती स्थानो पर आने-जाने वाला और एक दिशा मे तथा विरोधी दिशाओ मे जाने वाली सकल्पशक्तियो को धारण करने वाला है, तथा वह अपनी कल्पना की उडानो से विभिन्न लोको मे पहुच जाता है।

राष्ट्र मे राजा भूमियो का रक्षक होने से गोपा है। वह अनिपद्यमान है, अर्थात् सोया नही रहता, किन्तु सदा प्रजापालन मे जागरूक रहता है। राज्य मे बने हुए अनेक मार्गों से वह प्रजा के मध्य आता-जाता रहता है। वह समान तथा असमान पेशो वाली प्रजाओ को धारण करता हुआ अन्य राष्ट्रो में भी आवागमन करता रहता है।

पके बैल का धुआं

शकमयं धूममारादपश्यं विषूवता पर एनावरेण।
उक्षाणं पृश्निमपचन्त वीरास्तानि धर्माणि प्रथमान्यासन्॥

ऋग् १.१६४.४३, (अथर्व ९.१०.२५)

मैंने दूर पर गोबर का धुआ (शकमय धूम) देखा है, जो इस व्याप्तिमान् भूलोक से परे आकाश मे है। वीरो ने चितकबरे बैल (उक्षा पृश्नि) को पकाया

६८. प्राणो वै गोपाः। स ही सर्वमनिपद्यमानो गोपायति। जै. उ.३.३७.२
६९. द्रष्टव्यः निरु १४ ३

है, उसी का यह धुआ है । पर वीरो ने चितकबरे बैल को पकाया क्यो ? यह तो उनका धर्म ही है । बताइये, यह बैल कौन है और धुआ क्या है ?

प्राचीन परम्परानुसार यहा उक्षा पृश्नि सोमवल्ली है । सर्वानुक्रमणी मे इस मन्त्र का देवता सोम लिखा है[७०] । सायण ने भी सोमपरक व्याख्यात किया है । बृहद्देवता मे भी सोम को ही उक्षा कहा है[७१] । सायण की व्याख्यानुसार यहा वीरो से ऋत्विजो का ग्रहण करना चाहिए–'वीरा विविधेरणकुशला ऋत्विजः' । वे सोमवल्ली को पकाते है, जिससे धुआ उठता है । उसे देख यजमान कहता है कि मै शकमय धूम को देख रहा हू, तथा उस व्याप्तिमान् अवर धूम से उत्कृष्ट जो उसका कारणभूत अग्नि है, उसे भी देख रहा हू । यह व्याख्या कर सायण ने वैकल्पिक दूसरी व्याख्या के लिए एक श्लोक[७२] दिया है, जिसका भाव है कि सोम उक्षा है, यज्ञार्थ उसे देवो ने गोबर से पकाया, उससे उत्पन्न धूम मेघ हो गया, वही शकधूम है ।

आत्मानन्द के मत मे शकमय धूम आवरक अज्ञान है, जो सर्वत्र प्रसृत प्रत्यक्षादिप्रमाणसिद्ध ब्रह्म (विषूवत्) से अवर जीव के साथ स्थित है । उसे महावाक्यार्थ-बोध द्वारा विगलित अविद्या वाला जन देख रहा है । इस पहेली की निम्न व्याख्याए भी सभव है ।

(क) उक्षा पृश्नि (बैल) पार्थिव समुद्र है[७३] । वीर सूर्य की किरणे है[७४] । वे किरणे समुद्र रूपी बैल को पकाती अर्थात् सन्तप्त करती है । उससे समुद्र-जल वाष्प बन कर ऊपर जाता है तथा मेघ रूप को धारण कर लेता है । यह मेघ ही शकमय धूम है, क्योकि देखने से गोबर का धुआ सा प्रतीत होता है[७५] ।

(ख) शकधूम का अर्थ धूमकेतु या पुच्छल तारा भी हो सकता है । पुच्छल तारे मे तीन अश होते है-केन्द्र, सिर तथा पुच्छ । पुच्छ इसमे सदा नही रहती । सूर्य के समीप पहुचने पर इसके अन्दर से रज कण जैसे पदार्थ निकलने लगते है, वे

---

७० शकमयमिति शकधूम उक्षाण पृश्निमिति सोम । का ऋ सर्वा

७१ बृ दे ४.४१

७२ सोम उक्षाभवत् पूर्व त देवाः शकृतापचन् । यज्ञार्थे तद्भवो धूमो मेघ आसीत् तदुच्यते । तत्परत्वेन वा मन्त्रो व्याख्येयोऽय विचक्षणैः ॥

७३. उक्षा समुद्र । ऋग् ५ ४७.३

७४. विशेषेण ईरयन्ति ऊर्ध्व प्रेरयन्ति पार्थिवान् रसानिति वीराः सूर्यरश्मयः ।

७५ The whole may, perhaps, be a figurative description of the gathering of the rainclouds.—Griffith.
मेघे शकस्तस्य धूमः सलिल वास एव वा । बृ. दे. ४ ४१

ही प्रधानत. सूर्य की चमक से प्रकाशित होकर पुच्छ से दिखाई देते हैं। यह पुच्छभाग धूम सा होता है। परन्तु भेद यह है कि पार्थिव धूम तो कृष्णाभ होता है तथा यह चमकीला। इसी लिए इसे 'परः एना अवरेण' अर्थात् इस पार्थिव धूम से विशेष या भिन्न कहा है। यह धूम आया कहा से ? उक्षा पृश्नि (पुच्छहीन धूमकेतु) को वोरो (सूर्यकिरणो) ने पकाया, उसी से धूम निकल रहा है।

(ग) कौशिकसूत्र १०० ३ मे इस मन्त्र को चन्द्रग्रहण की प्रायश्चित्ति के निमित्त पढने मे विनियुक्त किया है। इससे इस पहेली को चन्द्रग्रहण परक भी समझा जा सकता है। चन्द्र ग्रसा जा रहा है। अभी परिपूर्ण बिम्ब दिखायी दे रहा था, अभी यह गोबर का धुआ सा उसके कोने पर आ जाता है, तथा यह बढता ही चलता है। यह धूम कहा से आया ? यह पार्थिव धूम तो नही, यह तो इस अवर भूलोक से परे का है। इस चन्द्र को, उक्षा पृश्नि को, सूर्य-किरण रूप वीर पकाते या परिपक्व करते हैं, जिससे यह प्रकाशित होता है।

(घ) अथर्व ६ १२८ मे शकधूम को नक्षत्रो का राजा कहा गया है। सामान्यत नक्षत्रराज चन्द्रमा समझा जाता है[७६]। परन्तु उक्त प्रकरण मे शकधूम का चन्द्रमा अर्थ प्रतीत नही होता, क्योकि उस शकधूम से जिनके लिए भद्रदिन की प्रार्थना की गयी है, उनमे एक चन्द्रमा भी है[७७]। चन्द्रमा से ही यह प्रार्थना करना कि वह चन्द्रमा के लिए भद्र दिन लाये सगत नही हो सकता। यहा शकधूम मे नीहारिका (Nebula) अभिप्रेत हो सकती है, जिसे वेद मे अदिति भी कहा गया है[७८]। इसे शकधूम कहना सार्थक भी प्रतीत होता है, यतः यह रात्र्याकाश मे धूम सी ही प्रतीत होती है। ऐसी कई नीहारिकाए आकाश मे विद्यमान है, जिनमे से एक प्रसिद्ध नीहारिका मृगशीर्ष नक्षत्रपुंज मे दिखायी देती है। प्रस्तुत पहेली में भी शकधूम से नीहारिका गृहीत हो सकती है। ये नीहारिकाए कई आकृतियो की होती हैं। बैल के समान आकृति वाली नीहारिका को देख द्रष्टा कह रहा है कि मुझे सुदूर आकाश मे गोबर का धुआ सा दीख रहा है, जो इस अवर विषुवत् रेखा से परे है, ऐसा लगता है मानो उसे किन्ही वीरो ने पकाया हो, उसी का यह धुआ हो।

---

७६. चन्द्रमा नक्षत्राणामधिपतिः। अथर्व ५. २४.१०

७७. अहोरात्राभ्यां नक्षत्रेभ्यः सूर्याचन्द्रमसाभ्याम्। भद्राहमस्मभ्यं राजन् शक-धूम त्वं कृधि ॥ अथर्व ६.१२८.३

७८. द्रष्टव्यः ऋग् १०.७२

तीन केशधारी साधु

त्रयः केशिन ऋतुथा विचक्षते संवत्सरे वपत एक एषाम् ।
विश्वमेको अभिचष्टे शचीभिः ध्राजिरेकस्य ददृशे न रूपम् ।।
ऋग् १. १६४. ४४, (अथर्व ६. १०.२६)

तीन केशधारी साधु है, वे समय-समय पर कृपादृष्टि करते रहते हैं। उनमे से एक वर्ष भर बाल काटना रूपी नापित का कार्य करता है या बीज बोता और फसल काटता रहता है, या जलाता रहता है (वपते),[79]। दूसरा अपनी क्रियाओ से विश्व को प्रकाशित करता है। तीसरा ऐसा है जिसकी गति तो दीखती है, रूप नही।

निरुक्त तथा तदनुसार सायण ने इस पहेली का निम्न समाधान किया है। ये केशधारी तीन साधु क्रमश अग्नि, आदित्य तथा वायु है।[80] अग्नि के धूम रूपी केश होते है, तथा वह वर्ष भर जलाने का कार्य या जलाने द्वारा केशस्थानीय ओषधि, वनस्पति आदि का छेदन रूपी नापित का कार्य करता है।[81] आदित्य के रश्मि रूपी केश होते हैं, तथा वह विश्व को प्रकाशित करता है। तीसरे वायु के रज कण या जलकण रूपी केश होते है, तथा उसकी गति तो प्रत्यक्ष अनुभूत होती हैं, रूप नही दीखता।

ये तीन साधु क्रमश जीवात्मा, परमाणु-समूह तथा ब्रह्म भी हो सकते है। जीवात्मा कर्म करता हुआ शुभाशुभ सस्कारो का बीज बोता तथा वैसी ही अच्छी या बुरी फसल काटता अर्थात् अच्छे-बुरे फल भोगता रहता है। दूसरा परमाणु-समूह है जो अपने गुण-कर्मों से विश्व को रूपयुक्त करता है (अभिचष्टे)। तीसरा साधु ब्रह्म है, जिसकी क्रिया तो जगत् मे सर्वत्र दृष्टिगोचर होती है, रूप नही दीखता।

---

७९. वप् धातु के वेद मे जलाना, बीज बोना तथा काटना तीनो अर्थ होते हैं। वपते = दहति, निरु. १२ २६। बीज बोना, यथा–'कृते योनौ वपतेह बीजम्,' ऋग् १०.१०१ ३। काटना, यथा–'वप्ता वपसि केशश्मश्रु', अथर्व ८.२ १७

८०. केशी केशा रश्मयः तैस्तद्वान् भवति। अथाप्येते उत्तरे ज्योतिषी केशिनी उच्येते, धूमेनाग्नि. रजसा च मध्यम। निरु. १२ २५.२६

८१. सवत्सरे वपते एक एषामित्यग्नि पृथिवीं दहति–निरु. १२.६२। वपते दाहेन केशस्थानीयौषधिवनस्पत्यादिच्छेदन नापितकार्यं करोति–सायण।

शरीर मे ये तीन साधु क्रमश मन, आत्मा तथा प्राण लिये जा सकते हैं। मन निरन्तर विचार द्वारा सिद्धान्तों के स्थापन एव खण्डन रूपी बोने और काटने का कार्य करता है। आत्मा सबका प्रत्यक्ष करता है। तीसरे प्राण की गति तो दिखाई देती है, रूप नही दीखता।

एक अद्‌भुत चक्र

द्वादश प्रधयश्चक्रमेक त्रीणि नभ्यानि क उ तच्चिकेत।
तस्मिन्त्साकं त्रिशता न शंकवोऽर्पिताः षष्टिर्न चलाचलास. ॥[८२]

१.१६४.४८, (अथर्व १० ८ ४)

एक चक्र है, जिसमे बारह प्रधिया है, तीन नभ्य है। उसमे ३६० कीलें जड़ी हुई हैं, जो अत्यन्त चचल है। कौन इस चक्र को जानता है ?

यह सवत्सर रूपी चक्र है। वर्ष के बारह मास ही बारह प्रधिया हैं। वसन्त-ग्रीष्म, वर्षा-शरद्, हेमन्त-शिशिर ये तीन ऋतुयुगल ही तीन नभ्य हैं। जटित ३६० कीलें वर्ष के ३६० अहोरात्र हैं। ये अहोरात्र रूप कीलक अत्यन्त चचल हैं, क्योकि एक-एक करके व्यतीत हो जाते है।

आत्मानन्द ने इस पहेली की प्रथम इसी प्रकार की कालचक्र-परक व्याख्या कर फिर इसे अध्यात्मपरक भी घटाया है। अध्यात्म मे यह अद्‌भुत चक्र शरीर है। दस इन्द्रिया, मन तथा बुद्धि ये बारह प्रधिया है, जाग्रत्, स्वप्न तथा सुषुप्ति ये तीन अवस्थाए ही तीन नभ्य है। ३६० कीले हैं शरीरस्थ अनेक अस्थिया, मज्जाए या अस्थिसन्धिया।

एक विशाल कौआ

दिव्यं सुपर्णं वायसं बृहन्तमपां गर्भं दर्शतमोषधीनाम्।
अभीपतो वृष्टिभिस्तर्पयन्तं सरस्वन्तमवसे जोहवीमि ॥

ऋग् १.१६४ ५२, (अथर्व ७.३९.१)

मैं अपनी रक्षा के लिए कौए (वायस) को बारम्बार पुकारता हूं। वह कौआ आकाश मे निवास करने वाला, स्वर्णिम पखों वाला, बहुत विशाल, जलो को ग्रहण करने वाला अर्थात् बहुत पानी पीने वाला, ओषधियों का दर्शन कराने वाला, चारो ओर के जगत् को वृष्टियों से तृप्त करने वाला तथा अपार जलो वाला है।

---

८२. अथर्ववेद मे इस मन्त्र का उत्तरार्ध इस प्रकार है—तत्राहतास्त्रीणि शतानि शङ्कव. षष्टिश्च खीला अविचाचला ये।

यह कौआ या वायस सूर्य है। उपर्युक्त वर्णन सूर्य में पूर्णत घट जाता है। वह आकाशनिवासी है, किरणरूपी स्वर्णिम पखों से युक्त है, विशाल इतना है कि ज्योतिर्विदो के अनुसार आठ लाख छियासठ सहस्र मील लम्बा इसका व्यास है। भूमिष्ठ जलो का पान भी करता है तथा वृष्टि करके ओषधि-वनस्पतियो को उत्पन्न करता है। वह सरस्वान् भी है, क्योंकि आकाश मे बादलरूप मे जल का समुद्र एकत्र कर लेता है, अथवा ताप या ज्योति का सागर होने से सरस्वान् है। वेद मे अन्य भी हस, पतग आदि पक्षीवाची शब्दो से सूर्य को स्मरण किया गया है।[८३] यह वायस पर्जन्य या प्राण[८४] भी हो सकता है। परमात्मा-पक्ष मे भी इसकी सगति लग सकती है, जिसके लिए कहा गया है—'रसो वै स' (तै उ २ ६ १)।

स्वर्ग पहुंचाने वाला रथ

प्राता रथो नवो योजि सस्निश्चतुर्युगस्त्रिकशः सप्तरश्मिः।
दशारित्रो मनुष्य स्वर्षाः स इष्टिभिर्मतिभी रह्यो भूत्॥

ऋग् २ १८.१

एक रथ है, जो प्रात काल जोडा जाता है। वह नूतन या प्रशसायोग्य है, साफ-सुथरा है। उसमे चार जुए (युग), तीन चाबुके (कशा), सात रासें (रश्मिया) तथा दस पहिए (अरित्र) हैं। वह मनुष्यो के लिए हितकर तथा स्वर्ग पहुचाने वाला है। वह इच्छाओ और मतियों से चलाया जाता है।

सायण के अनुसार यह रथ प्रात.कालीन यज्ञ है। चार युग सोमरस निकालने के चार सिलबट्टे (ग्रावा), अथवा होता, उद्गाता, अध्वर्यु, ब्रह्मा रूपी चार ऋत्विज् हैं। तीन कशाए मन्द्र, मध्यम, उत्कृष्ट रूप तीन वाणिया है, अथवा तीन कशाओ से तीन सवन अभिप्रेत है। सात रश्मिया गायत्र्यादि सात छन्द है। दस पहिए दस ग्रह हैं, जो पापो से रक्षा करते हैं। यह यज्ञ मनुष्यो का हितकर तथा स्वर्ग देने वाला है ही। प्रायणीय, आतिथ्य आदि इष्टियो से तथा मननीय स्तोत्रो से शब्दनीय (रह्य) होता है।[८५]

---

८३ द्रष्टव्य ऋग् ४.४० ५, १०.१८६.३

८४. द्रष्टव्य अथर्व, प्राणसूक्त ११ ४

८५ रथ रहणाद् रथो यज्ञ । स च नव । नूयते स्तूयते ऽसेति नव स्तुतिमान्। चतुर्युग, युज्यन्ते इति युगानि ग्रावाण, चत्वारि युगानि यस्य स तथोक्त, अध्वर्य्वाद्यृत्विगभिप्रायं वा... दशारित्र' अरिभ्य पापेभ्यस्त्रायन्त इत्यरित्रा ग्रहा. दशसख्याका ग्रहा यस्य स तादृश, चमसाध्वर्य्वभिप्राय वा। मनुष्य: मनुष्याणां हित । स्वर्षा स्वर्गस्य दाता। सायण.

इस रथ की मानव-शरीर परक व्याख्या भी की जा सकती है। यह इन्द्र अर्थात् आत्मा रूपी रथी का रथ है। रात्रि भर विश्राम कर प्रातः चलने के लिए तैयार हो जाता है। अन्य प्राणियों के शरीर-रथो की अपेक्षा नवीन तथा प्रशंसनीय है। दो भुजाए तथा दो पैर अथवा धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष इसके चार जुए है। मन, वाणी और प्राण ये तीन कशाए हैं। पंच ज्ञानेन्द्रियां, मन तथा बुद्धि ये सात रासे है। दस प्राण ही दस पहिए हैं। यह स्वर्ग या मोक्ष की प्राप्ति का साधन है। यज्ञभावनाओ से (इष्टिभिः) तथा मतियो से चलाया जाता है[८६]

छह भार उठाने वाला अचल बैल

षड् भारां एको अचरन् बिभर्ति ऋतं वर्षिष्ठमुप गाव आगुः।
तिस्रो महीरुपरास्तस्थुरत्या गुहा द्वे निहिते दर्श्येका॥

ऋग् ३ ५६ २

एक विशाल बैल है, जो चलता नही, पर छ भार उठाये हुए है। उसके समीप अनेक गौएं आती है। तीन विशाल घोडिया उसके निकट स्थित है, जिनमे दो गुहा मे निहित अर्थात् अदृश्य हैं और एक दिखायी देती है।

सायण की व्याख्यानुसार यह बैल सवत्सर है, जो स्वय चलता नही, स्थिर रहता है। छह भार वसन्तादि छह ऋतुए है, जिन्हे वह धारण किये है। उनके समीप आने वाली गौए सूर्य-किरणे है, जो सवत्सर को व्याप्त किये रखती है। निकट स्थित तीन घोडिया पृथिवी, अन्तरिक्ष और द्यौ हैं, जिनमे एक पृथिवी स्पष्ट दिखायी देती है, तथा अन्तरिक्ष और द्यौ गुहा मे निहित है, अर्थात् स्पष्टत दृष्टिगोचर नहीं होते।

अध्यात्म मे यह बैल प्राण है[८७]। छः भार हैं पच ज्ञानेन्द्रिया तथा छठा मन, जिन्हे यह धारण करता है[८८]। समीप आने वाली गौए अन्य इन्द्रिया हैं। निकटस्थित तीन घोडिया त्रिविध वाणिया है, जिनमे दो अर्थात् मन स्थ और बुद्धिस्थ वाणिया गुहानिहित हैं तथा तीसरी स्थूल वाणी प्रत्यक्ष श्रुतिगोचर होती है।

---

८६. तुलनीय. आत्मान रथिन विद्धि शरीर रथमेव तु। कठ० ३ ३। य कुमार नव रथमचक्र मनसाकृणो। एकेष विश्वत. प्राञ्चमपश्यन्नधितिष्ठसि॥ ऋग् १०.१३५.३

८७. अनड्वान् प्राण उच्यते। अथर्व ११.४.१३

८८. प्राण इन्द्रियो का धारक है, एतदर्थं द्रष्टव्यः छा. उ. ५.१।

बैल के घोंसले में उत्पन्न सिर-पैर-विहीन शिशु

स जायत प्रथमः पस्त्यासु महो बुध्ने रजसो अस्य योनौ ।
अपादशीर्षा गुहमानो अन्तायोयुवानो वृषभस्य नीळे ॥

ऋग् ४ १ ११

महान् विश्व के मूल मे, इस लोक के घर मे, एक शिशु प्रजाओ के मध्य मे उत्पन्न हुआ है । वह चरणविहीन तथा सिरविहीन है, अपने पार्श्वों को (कच्छप के समान) अन्दर ही अन्दर छिपा रहा है, बैल के घोसले मे सिमटा बैठा है ।

यह अद्भुत शिशु अरणियों द्वारा नवजात यज्ञाग्नि है, जो इस लोक के यज्ञगृह मे उत्पन्न होता है । यह आरम्भ मे ज्वालाहीन होने मे अशीर्ष है । यज्ञकुण्ड के मध्य मे अरणियो द्वारा उत्पन्न होने के कारण इसका कोई अधोवर्ती मूल भी नही होता, अत यह अपात् है । इसके अग-प्रत्यग होते तो हैं, जो कि पश्चात् इसके विस्तीर्ण होने पर निकल भी आते हैं, पर इस समय यह उन्हें कछुए के समान अपने अन्दर ही समेटे होता है । कामनाओ का वर्षक होने से यज्ञ ही वृषभ या बैल है, उसका नीड यज्ञकुण्ड है, उसमें यह सिमटा बैठा होता है ।

अथवा यह शिशु वैद्युताग्नि है । वह अन्तरिक्ष-लोक के घर मे उत्पन्न होता है । विस्तीर्ण रूप मे प्रकट न होने से वह सिर तथा चरणो से विहीन है और अपने पार्श्वों को अन्दर ही सकुचित किये होता है । वृषभ वर्षक मेघ है जिसके नीड मे यह सकुचित हुआ स्थिर रहता है ।[८९]

अध्यात्म मे वृषभ जीवात्मा है, उसका नीड यह शरीर है । उसमे उत्पन्न शिशु प्राण है । वह प्रत्यक्ष सिर-पैरो से रहित है, यद्यपि शक्तिरूप मे वे उसके अन्दर प्रच्छन्न है, मानो वह एक कछुवा है ।[९०]

चार सींग और तीन पैर धारी वृषभ

चत्वारि शृङ्गा त्रयो अस्य पादा द्वे शीर्षे सप्त हस्तासो अस्य ।
त्रिधा बद्धो वृषभो रोरवीति महो देवो मर्त्यां आविवेश ॥

ऋग् ४.५८.३ (यजु १७ ९१)

एक वृषभ है, जिसके चार सीग हैं, तीन पैर हैं, दो सिर हैं, सात हाथ हैं । तीन स्थानो से बंधा हुआ वह बहुत अधिक बोल रहा है । वह एक महान् देव है, जो मनुष्यों में प्रविष्ट हुआ है ।

---

८९ उक्त दोनों व्याख्याओ के लिए द्रष्टव्य इस मन्त्र का सायण-भाष्य ।

९०. प्राणो वै कूर्म । शत ७.५.१.७

इस पहेली के अनेक समाधान किये गये हैं। निरुक्त के अनुसार यह वृषभ यज्ञ है। चार वेद ही उसके चार सींग हैं। प्रातः, मध्याह्न तथा साय के तीन सवन ही तीन पैर हैं। प्रायणीय तथा उदयनीय उसके दो सिर हैं। गायत्र्यादि सात छन्द सात हाथ हैं। वह यज्ञ रूप वृषभ मन्त्र, ब्राह्मण, कल्प इन तीन खूटो से बधा हुआ है। यज्ञ मे होने वाला मन्त्रपाठ ही उस वृषभ का बोलना है।[६१]

पतजलि अपने महाभाष्य मे इसका निम्न हल प्रस्तुत करते हैं। यह वृषभ शब्द है। शब्द के चार भेद नाम, आख्यात, उपसर्ग और निपात ही इसके चार सींग हैं। भूत, भविष्य, वर्तमान काल ही तीन पैर हैं। सुप् और तिङ् दो सिर हैं। सात विभक्तिया सात हाथ है। उरस्, कण्ठ और सिर इन तीन स्थानो मे बधा हुआ वह बोल रहा है, यत. तीनो स्थानो की सहायता से उच्चरित होता है।[६२]

सायण का कथन है कि इस सूक्त के अग्नि, सूर्य, अप्, गो तथा घृत ये पाच देवता होने से यह मन्त्र पचधा व्याख्यात हो सकता है। यज्ञात्मक अग्नि तथा सूर्य के पक्ष मे उसने व्याख्या प्रदर्शित भी की है। यज्ञ-परक व्याख्यान निरुक्त का ही अनुसरण करता है, केवल दो सिर यास्कोक्त प्रायणीय तथा उदयनीय के स्थान पर ब्रह्मौदन तथा प्रवर्ग्य कहे गये है। सूर्य-परक व्याख्यान इस प्रकार है–"चार दिशाएं चार सीग है, तीन वेद तीन पैर हैं, अहोरात्र दो सिर हैं, सात रश्मिया अथवा षड् विलक्षण ऋतुए तथा एक साधारण ऋतु सात हाथ हैं, तीन क्षित्यादि लोको मे अग्न्यादि रूप मे सबद्ध है, अथवा ग्रीष्म, वर्षा, हेमन्त इन तीन द्वारा तीन रूपो मे बद्ध है। वर्षक होने से वह वृषभ है तथा वृष्ट्यादि द्वारा शब्द भी करता है। सब मनुष्यो को प्राप्त होकर उनका नियत्रण करता है।"

यजुर्वेदभाष्य मे इस मन्त्र की उवट ने दो व्याख्याए दी हैं, एक यज्ञ-परक और दूसरी शब्दग्रामपरक। महीधरभाष्य मे तीन व्याख्याए है, दो यज्ञ-परक और एक शब्दग्रामपरक। यज्ञपरक एक व्याख्या निरुक्त का ही अनुसरण करती है। दूसरी के अनुसार चार सीग हैं ब्रह्मा, उद्गाता, होता और अध्वर्यु ये चार ऋत्विज्, तीन पैर ऋग्, यजु., साम हैं, दो सिर हविर्धान तथा प्रवर्ग्य हैं, सात हाथ सप्त होता या सप्त छन्द है, प्रात.सवन माध्यन्दिन सवन तथा तृतीय सवन इन तीन से वह वद्ध है। शब्दग्रामपरक व्याख्या प्राय. पतजलि

---

६१. द्रष्टव्या निरु १३.७

६२. महाभाष्य, आह्निक १, व्याकरणाध्ययनप्रयोजनप्रकरण।

की व्याख्या के समान है। केवल इतना अन्तर है कि पतजलि ने तीन कालो को तीन पैर माना है, किन्तु यहा उनके साथ विकल्प-रूप में प्रथम, मध्यम तथा उत्तम पुरुष को भी तीन पैर कहा है। दो सिर उवट ने नाम और आख्यात तथा महीधर ने कार्यता-व्यङ्ग्यता कहे हैं, जबकि पतजलि ने सुप्-तिङ् माने है। जिन तीन स्थानो में वह शब्द-रूप वृषभ बद्ध है वे पतजलि ने उरस्, कण्ठ एव सिर कहे हैं, किन्तु उवट तथा महीधर ने एकवचन, द्विवचन, और बहुवचन माने हैं।

इन व्याख्याओ के अतिरिक्त शरीर मे यह वृषभ प्राण हो सकता है।[६३] अन्त:करण-चतुष्टय इसके चार सीग है। व्यान, उदान, समान तीन पैर है। प्राण, अपान दो सिर है। पच ज्ञानेन्द्रिया, मन एव बुद्धि ये सात हाथ है। उत्तमाग, मध्याग तथा निम्नाग इन तीनों स्थानो मे बधा हुआ वह श्वासोच्छ्वास द्वारा अथवा वाणी द्वारा शब्द कर रहा है। इस पहेली की ब्रह्मादिपरक इतर व्याख्याए भी सभव हैं।

आकाश में उड़ने और रंग बदलने वाला बैल

उक्षा समुद्रो अरुषः सुपर्णः पूर्वस्य योनिं पितुराविवेश।
मध्ये दिवो निहितः पृश्निरश्मा, वि चक्रमे रजसस्पात्यन्तौ॥

ऋग् ५.४७.३, (यजु १७.६०, तै स ४ ६.३.३)

एक बैल (उक्षा) है, उसे समुद्र भी कहते है। रग लाल है, सुन्दर पख हैं। पूर्व दिशा मे स्थित पिता के घर मे प्रविष्ट है। कभी उडता-उडता आकाश के मध्य में चला जाता है, तब चितकबरा हो जाता है। इसका नाम अश्मा (पत्थर) भी है। बडे-बडे कदम रखता है, इस लोक के पूर्व-पश्चिम दोनो प्रान्तो का प्रहरी है।

यह बैल प्राची मे उदित सूर्य है। यह उक्षा इस कारण है, क्योंकि अपने प्रभातकालीन सौम्य प्राण से सब जड-चेतन को सिक्त करता है[६४] (उक्ष सेचने)। रश्मियों का सागर होने से यह समुद्र है। रग लाल है ही। पूर्व से पश्चिम की ओर पक्षी के समान उड्डयन करने से सुपर्ण है। मध्याकाश में पहुचकर चितकबरा या सात रगों वाला हो जाता है, और जगत् में सर्वत्र अपने तेज से व्याप्त होने के कारण अश्मा कहलाता है (अशूङ् व्याप्तौ)। वामन विष्णु होकर बड़े-बडे तीन चरणन्यास करता है, शाकपूणि के अनुसार पृथिवी-अन्तरिक्ष

६३. अनड्वान् प्राण उच्यते। अथर्व ११.४.१३

६४. प्राण: प्रजानामुदयत्येष सूर्य। प्रश्न १ ८

और द्यौ मे, तथा और्णवाभ के मत मे उदयाकाश, मध्याकाश तथा पश्चिमाकाश मे।[६५] यह प्रहरी के समान प्रात: पूर्व में तथा साय पश्चिम मे आकर स्थित होता है।

पिता-माता के लिए महिष और मृग पकाने वाला युवक

अर्भको न कुमारकोऽधि तिष्ठन्नवं रथम्।

स पक्षन्महिषं मृगं पित्रे मात्रे विभुक्रतुम्॥

ऋग् ८ ६६. १५ (अथर्व २० ९२. १२)

एक प्राणी है, जो अल्प-शरीर कुमार के समान नवीन रथ पर आरूढ होता है। वह पिता-माता के लिए व्यापक कर्म वाले महिष (भैसे) और मृग (हरिण) को पकाता है।

ऋचा इन्द्रदेवताक होने से यह प्राणी इन्द्र है। अधिदैवत दृष्टि मे यह इन्द्र आदित्य है, जो ज्योतिर्मय नवीन रथ पर आरूढ होकर आकाश में अवतीर्ण होता है। पिता-माता द्यावापृथिवी अथवा जगत् के स्त्री-पुरुष हैं। भैसे के समान कृष्णवर्ण होने से तथा हरिण के समान आकाश मे दौडते फिरने से मेघ ही महिष एव मृग है। महिषाकृति तथा मृगाकृति धारण करने से भी यह महिष तथा मृग कहला सकता है।[६६] यह विभुक्रतु है, क्योकि ओषधि-वनस्पतियो के उत्पादन, प्राणप्रदान आदि विविध व्यापक कर्मो को करता है। इन्द्र द्वारा इस महिष तथा मृग को पकाने का अभिप्राय है मेघ को वर्षोन्मुख करना।[६७]

---

६५ इद विष्णुर्विचक्रमे त्रेधा निदधे पदम्। ऋग् १ २२.१७। त्रिधा निधत्ते पद पृथिव्यामन्तरिक्षे दिवीति शाकपूणि। समारोहणे विष्णुपदे गयशिरसीत्यौर्णवाभ। निरु १२ १९

६६. सायण ने महिष का निघण्टु (३ ३) के अनुसार महान् अर्थ लेकर महिष को मृग का विशेषण माना है।

६७. स इन्द्र. महिष महान्त मृग मृगवदिनस्ततो धावन्त सर्वैर्मृग्य वा विभुक्रतु बहुकर्माण मेघ पक्षत् पचति, वृष्टयभिमुख करोतीत्यर्थः—सायण।
His Mother and his Sire : Earth and Heaven. The Buffalo is the dark rain-cloud which Indra pierces with his lightning, or perhaps the demon Vala is intended.—Griffith.
इस पहेली से इन्द्र के लिए सौ महिषो (भैसो) के पकाये जाने (ऋग् ६.१७ ११) तथा इन्द्र द्वारा तीन सौ महिषो का मास खाये जाने (ऋग् ५.२९.८) की भी व्याख्या हो जाती है।

अध्यात्मदृष्टि से इन्द्र आत्मा है, जो शरीर रूपी नवीन रथ पर अधिष्ठित होता है।[९८] महिष तमोगुण का तथा मृग रजोगुण का प्रतीक है।[९९] एवं महिष तमोमय मन तथा मृग रजोमय मन हुआ। आत्मा जगत् के माता-पिताओ के लाभार्थ उनके तमोमय तथा रजोमय मन को परिपक्व[१००] करके सत्त्वगुण-युक्त करता है। विविध सकल्पो तथा कर्मों वाला होने से मन विभुक्रतु है।[१०१]

सात दोग्धाओं से दुही जाने वाली गौ

दुहन्ति सप्तैकामुप द्वा पञ्च सृजतः ।
तीर्थे सिन्धोरधि स्वरे ॥ ऋग् ८. ७२.७

एक गौ है, जिसे सात दोग्धा दुहते है। उन सात मे दो ऐसे है जो शेष पाच को दुहराने की प्रेरणा भी करते रहते है। वह दोहन सिन्धु के तीर्थ पर स्वर नामक स्थान मे होता है।

यह गौ यज्ञाग्नि है। सात ऋत्विज् सात दोग्धा है। इनमे से अध्वर्यु तथा प्रतिप्रस्थाता शेष पाच ब्रह्मा, होता, उद्गाता, आग्नीध्र तथा प्रस्तोता को कार्य के लिए प्रेरणा भी करते है[१०२]। यह दोहन सिन्धु के तीर्थ पर होता है।

---

९८. द्रष्टव्य : ऋग् १०.१३५ ३, कठ ३.३।

९९. पशु-पक्षियो के नामो द्वारा किसी प्रवृत्ति को सूचित करने की शैली वेद मे अन्यत्र भी प्राप्त होती है। यथा—'उलूकयातु शुशुलूकयातु जहि श्वयातुमुत कोकयातुम्। ऋग् ७.१०४. २२। समिन्द्र गर्दभ मृण नुवन्त पापयामुया। ऋग् १.२९ ५

१०० तुलनीय यो मा पाकेन मनसा चरन्तम्, ऋग् ७. १०४ ८। पाकेन पक्वेन शुद्धेन मनसा—सायण। वेद मे परिपक्व होने का बहुत महत्त्व माना गया है। सज्जनों को पाकशंस (ऋग् ७.१०४.९) पाकस्थामा (ऋग् ८ ३.२१) आदि नामो से स्मरण किया है, जो अपाक (अपरिपक्व) है, उन्हें शत्रु कहा है तथा उनसे रक्षा की प्रार्थना की है (ऋग् ८.२.३५)। देवो को परिपक्वो का पक्षपाती अथवा स्वय परिपक्व कहा है (पाकत्रा स्थन देवा:, ऋग् ८.१८.१५। हे देवा. यूय पाकत्रा पाकेषु विपक्वप्रज्ञेषु स्तोतृषु स्थन भवथ। यद्वा प्रथमार्थे त्रा प्रत्यय.। पाकत्रा पाका: परिपक्वज्ञाना भवथ—सायण)।

१०१. द्रष्टव्य ; यजु ३४.३

१०२. उक्त ऋत्विज् हमने सायण के अनुसार लिखे हैं, यद्यपि उसने उद्गाता के स्थान पर यजमान को लिया है, तथा उसकी व्याख्या भी कुछ भिन्न

सिन्धु यज्ञ है, यतः यह स्वर्गादि फल का स्यन्दन करता है[103]। उसका तीर्थ हैं यज्ञगृह। उस तीर्थ मे भी स्वर वेदिस्थान है, जहां बैठकर ऋत्विज् मन्त्र स्वरण या मन्त्रोच्चारण करते हैं[104]।

अथवा, यह गौ अन्तरिक्षस्थ मेघमाला हो सकती है[105]। उसे दोहने वाले अर्थात् उससे वर्षा कराने वाले सात दोग्धा होंगे सूर्य, विद्युत्, पृथिवी, जल, वायु, अग्नि, आकाश। इनमे से प्रथम दो शेष पाच को प्रेरणा करते है, क्योंकि ये ही पृथिव्यादि को वर्षा के अनुकूल बनाते हैं। यह दोहन सिन्धु के तीर्थ अर्थात् आकाश[106] के तट पर स्वरपूर्वक या विद्युद्गर्जनरूपी शब्द के साथ होता है।

अध्यात्म मे शरीरस्थ प्राण-शक्ति गौ है[107]। मन, बुद्धि तथा पंच ज्ञानेन्द्रिया ये सात दोग्धा उससे दूध दुह रहे है, अपने-अपने प्रकार की शक्ति पा रहे हैं।[108] इनमे मे प्रथम दो मन तथा बुद्धि शेष पाचो को दोहने की प्रेरणा भी करते हैं। यह दोहन सिन्धुओ के तीर्थ अर्थात् स्नायुजालों के केन्द्र मस्तिष्क में होता है, जिसका नाम स्वर है।[109]

अथवा शरीर में वाक्शक्ति गौ है।[110] सातो इन्द्रिया उसे दुहती हैं, अर्थात् अपने द्वारा आनीत ज्ञान को उसमे कहलाती हैं। मन जो विचार करता है, वाणी ही उसे प्रकट करती है। बुद्धि जो बोध कराती है वाणी ही उसे प्रकट करती है। इसी प्रकार चक्षु, श्रोत्र, नासिका, जिह्वा, त्वचा जो-जो ज्ञान मस्तिष्क में लाती हैं, वाणी ही उन्हें प्रकट करती है। इनमें मन और बुद्धि शेष पाच को प्रेरित करने वाले भी है। यह दोहन अर्थात् वाणी द्वारा ज्ञान का

है। ऋग् २ १. २ मे सात ऋत्विज् निम्न हैं–होता, पोता, नेष्टा, अग्नीध्, प्रशास्ता, अध्वर्यु और ब्रह्मा।

१०३. सिन्धुः स्यन्दनात्। निरु. ६. २४

१०४. स्वृ शब्दोपतापयोः।

१०५ तुलनीय : उपह्वये सुदुघां धेनुमेतां सुहस्तो गोधुगुत दोहदेनाम्, ऋग् १.१६४.२६। वृष्टया प्रीणयित्रीं मेघलक्षणां धेनुम्—सायण

१०६ सिन्धु=समुद्र=आकाश। नि. १, ३

१०७. प्राणो हि गौः। शत. ४. ३. ४. २५

१०८. तुलनीय : छा.उ. ५. १ प्राण के श्रेष्ठ होने तथा सब इन्द्रियों के प्राण से ही शक्ति पाने की कथा।

१०९. सु ऋ गतौ। जहा से तथा जिसकी ओर शोभन प्रकार से स्नायु (Nerves) गये हुए हैं।

११०. वाग् वै धेनुः। गो. पू. २.२१; ता. ब्रा. १८. ६. २१

प्रकाशन सिन्धु के तीर्थ पर 'स्वर' में होता है। सिन्धु शब्द है,[111] उसका तीर्थ-स्थान या उत्पत्तिस्थल स्वर अर्थात् स्वरसंस्थान है, जिसमें कण्ठबिल से लेकर कंठपिटक (Larynx), काकल (Glottis), स्वरतन्त्री (Vocal chord), अभिकाकल (Epiglottis), नासिकाविवर, मुखविवर, कंठ, तालु, जिह्वा आदि अंग आ जाते हैं। जब आत्मा बुद्धि के साथ मिल मन को शब्दोच्चारण का आदेश देता है, तब मन से प्रेरित मारुत उरस् से उठता है, और कण्ठबिल से होकर उपर्युक्त अंगो की सहायता से शब्द को उच्चरित करता है[112]।

वृक्ष पर बैठी हुई गौ

वृक्षे वृक्षे नियतामीमयद् गौस्ततो वयः प्र पतान् पूरुषादः।
अथेदं विश्वं भुवनं भयात इन्द्राय सुन्वद् ऋषये च शिक्षत्॥

ऋग् १०.२७. २२

वृक्ष-वृक्ष पर एक-एक गौ बैठी हुई रभा रही है। उसमे से बहुत से पक्षी निकल रहे हैं, जो पुरुषो को खा जाने वाले हैं। यह देख कर सारा भुवन भय-भीत हो उठा है, और वह इन्द्र का पूजन तथा ऋषियो को दान करने लगा है।

यह वृक्ष, गौ और पुरुषभक्षी पक्षी क्या है? अधिभूत मे वृक्ष धनुष है, यतः वह बाणो से शत्रुओ का व्रश्चन करता है। गौ उस पर आरोपित प्रत्यंचा है। उस प्रत्यंचा से निकलने वाले पुरुषभक्षी पक्षी बाण हैं। यह युद्ध का दृश्य है। सब योद्धाओ के पास धनुष हैं, सब पर प्रत्यंचा चढी है, सबकी प्रत्यंचाओ से संहारक बाण निकल रहे हैं। इस भयावह दृश्य को देखकर सब जन भयभीत हो उठते हैं[113]।

अधिदैवत पक्ष मे अन्तरिक्ष वृक्ष है, क्योकि इसमे मेघ का व्रश्चन किया जाता है। उस पर बैठी हुई रभाने वाली गौ माध्यमिक वाणी है। उससे ओले

---

१११. महाभाष्य मे पतञ्जलि ने सिन्धवः का अर्थ शब्दविभक्तिया किया है। आह्निक १, व्याकरणाध्ययनप्रयोजन-प्रकरण।

११२. द्रष्टव्य : पा शि. श्लोक ७

११३. ज्यापि गौरुच्यते। गव्या चेद् ताद्धितम्, अथ चेन्न गव्या गमयति इषू-निति। 'वृक्षे वृक्षे नियतामीमयद् गौः ततो वय. प्रपतान् पूरुषादः' वृक्षे वृक्षे धनुषि धनुषि। वृक्षो व्रश्चनात्, वृत्वा क्षा तिष्ठतीति वा। .. विरिति शकुनिनाम वेतेर्गतिकर्मणः, अथापि इषुनामेह भवत्येतस्मा-देव। निरु. २.६

रूपी पुरुषभक्षी पक्षी या बाण भूमि पर गिरते हैं। घोर गर्जन-तर्जन-वर्षण से सब भयभीत हो जाते हैं[११४]

अध्यात्म में शरीर वृक्ष है[११५], क्योंकि इसका व्रश्चन होता है, या यह मरण-धर्मा है। उसमें अवस्थित गौ वाणी है। उस वाणी से निकलने वाले पक्षी शब्द है, जो पुरुषभक्षी अर्थात् नास्तिक पुरुषों को परास्त करने वाले हैं।

उल्टी लीला

इदं सु मे जरितरा चिकिद्धि प्रतीपं शापं नद्यो वहन्ति।
लोपाशः सिंह प्रत्यञ्चमत्साः क्रोष्टा वराहं निरतक्त कक्षात्॥

ऋग् १०.२८.४

हे भाई स्तोता, इस मेरी पहेली को ध्यान से बूझो। नदियां विपरीत दिशा में पानी बहा रही है। मृग सिंह को पकडने के लिए दौड रहा है। गीदड शूकर को गुल्म से बाहर खदेड रहा है[११६]।

विपरीत दिशा में पानी बहाने वाली नदियां शरीर की रक्त-नाड़ियां है। अन्य नदियों में तो ऊपर से नीचे की ओर पानी बहता है, पर इन नाड़ियों में नीचे से ऊपर की ओर भी रक्त प्रवाहित होता है[११७]। फिर, मृग सिंह को पकडने के लिए दौड़ता है। सिंह अग्नि है,[११८] मृग वनस्पति या इन्धन है। यज्ञ में इन्धन अग्नि की ओर जाता ही है। तीसरे, गीदड शूकर को गुल्म से बाहर खदेड़ता है। गीदड या क्रोष्टा मध्यम-स्थानीय इन्द्र अथवा वैद्युताग्नि है, क्योंकि वह आक्रोश या गर्जन करता है। वराह मेघ है[११९]। इन्द्र उसे आकाशरूपी गुल्म से खदेड कर नीचे बरसा देता है[१२०]।

---

११४. तुलनीय . ऋग् १.१६४.४१; ५.८३.२

११५. वृक्षं शरीरम्, निरु १४.३०; वृश्च्यते इति वृक्षो देहः, ऋग् १.१६१.२० का सायणभाष्य।

११६. शापम् उदकम्। लुप्यमान तृणमश्नातीति लोपाशो मृगः। प्रत्यञ्चम् आत्मानं प्रति गच्छन्त सिंहम् अत्सा अत्सारीत् आभिमुख्येन गच्छति। तथा क्रोष्टा शृगालः वराह बलवन्तमपि शूकरं कक्षात् अतिगहनदेशात् निरतक्त निर्गमयति। सायण

११७. तुलनीय को अस्मिन्नापो व्यदधात्. ऊर्ध्वा अवाची. पुरुषे तिरश्चीः। अथर्व १०.२.११

११८. द्रष्टव्य ऋग् १.९५.५

११९. वराहो मेघो भवति वराहारः। निरु. ५.४

१२०. तुलनीय विध्यद् वराह तिरो अद्रिमस्ता। ऋग् १.६१.७

युवक को वृद्ध ने निगल लिया

विधुं दद्राणं समने बहूनां,[121] युवानं सन्तं पलितो जगार ।
देवस्य पश्य काव्यं महित्वा अद्या ममार स ह्यः समान ।।

ऋग् १०.५५.५, (साम. पू. ३ १०.३, अथर्व ६ १०.६)

प्रकम्पनशील तथा युद्ध मे बहुतो का दमन करने वाले एक युवक को श्वेत बालो वाले वृद्ध ने निगल लिया । देव का महत्त्व तथा चमत्कार देखो, जो कल जीवित था, वह आज मरा पडा है ।

निरुक्त मे इस पहेली की सक्षिप्त अधिदैवत तथा अध्यात्म व्याख्या दी गयी है[122] । अधिदैवत पक्ष मे युवक विधु चन्द्रमा है, पके बालो वाला वृद्ध सूर्य है । इन दोनो का मानो युद्ध हो रहा है । रात्रि मे चन्द्रमा प्रबल हो जाता है, और आकाश मे विजयोल्लास के साथ चमकता है, तथा दिन मे सूर्य प्रबलता प्राप्त कर लेता है, और विजयी हो अपनी रश्मिया चारो ओर विस्तीर्ण कर देता है । यह मन्त्र प्रात: सूर्य के गगन मे कुछ ऊचा चढ जाने के पश्चात् बोला गया है, जब वह लालिमा को छोड श्वेत हो जाता है । सूर्य अपनी अनुपम आभा के साथ गगन मे उदित हो गया है, और एक ओर चन्द्रमा निस्तेज मृत सा पड़ा है । उसे देख द्रष्टा कहता है कि इस चमत्कार को देखो, पके बालो वाले एक वृद्ध ने युवक को निगल लिया ।

अध्यात्मपक्ष मे युवक यह शरीर है, जो सघर्षो मे बहुतो का दमन करने वाला है । वृद्ध आत्मा है, जो अजर-अमर एव सनातन है । दिन मे जागते हुए शरीर प्रबल रहता है, तथा इसी की महिमा दृष्टिगोचर होती है । परन्तु रात्रि आने पर यह निद्रा के वशीभूत हो मृततुल्य होकर पड जाता है, मानो आत्मा ने उसे निगल लिया । इस समय शरीर की इन्द्रिया आदि बाह्य शक्तिया आत्मा मे केन्द्रीभूत हो जाती हैं, तथा आत्मा की प्रबलता प्रतीत होती है । कैसा चमत्कार है । यह हाड़-मास का पुतला शरीर जादूगर के समान कैसे अद्भुत वीरता के कार्य कर रहा था, वही इस समय मरा-सा पडा है ।

सायण के अनुसार पुरुष युवक है, काल वृद्ध है । काल सदा से चला आ रहा है, सनातन है । उसकी तुलना में पुरुष आज ही उत्पन्न हुआ है, एवं युवक

---

१२१. अथर्ववेद मे 'समने बहूना' के स्थान पर 'सलिलस्य पृष्ठे' पाठ है ।

१२२. विधु विधमनशील, दद्राणं दमनशील युवान चन्द्रमसं पलित आदित्यो गिरति, सद्यो म्रियते स दिवा समुदितेत्यधिदैवतम् । अथाध्यात्मम्, विधु विधमनशीलं दद्राण दमनशील युवान महान्त पलित आत्मा गिरति रात्रौ । निरु. १४.१८

है। पुरुष इतना शक्तिशाली है कि संग्राम मे अनेको शत्रुओ का दमन कर सकता है। पर काल के समुख उसका वश नही चलता। कल जो जीवित था, वह आज मृत हुआ पडा है।

इस पहेली की व्याख्या चन्द्रग्रहणपरक भी हो सकती है। युवक, जिसे मन्त्र मे विधु शब्द से स्मरण किया है, चन्द्र है। राहु (विधुन्तुद) वृद्ध है, जो उसे निगल जाता है। चन्द्रमा सूर्य मे प्रकाश पाता है। जब वह इस दशा मे जाता है कि सूर्य और चन्द्रमा के मध्य मे पृथिवी आ कर सूर्य से चन्द्रमा पर आने वाले प्रकाश को रोक लेती है, तब वह प्रकाशित नही होता, एव चन्द्रग्रहण हो जाता है। वैज्ञानिक परिभाषानुसार वह कोणविशेष ही राहु है, जिसमे पृथिवी मध्य मे आकर सूर्य से चन्द्रमा पर आने वाले प्रकाश को निरुद्ध करती है[१२३]।

चार चोटियों वाली युवति

> चतुष्कपर्दा युवतिः सुपेशा घृतप्रतीका वयुनानि वस्ते।
> तस्यां सुपर्णा वृषणा निषेदतुः यत्र देवा दधिरे भागधेयम्॥
>
> ऋग् १० ११४ ३

एक युवति है, उसकी चार चोटिया है। वह सुरूपवती है, मुख पर घृत लगाये है, वयुन की साडी पहने है। उस युवति के सिर पर वर्षा करने वाले दो पक्षी स्थित हैं। उसी के द्वारा देव अपना-अपना भाग प्राप्त करते है।

सायण के अनुसार यह युवति यज्ञवेदि है। चतुष्कोण होने से वह चार चोटियो वाली है, अलकृत होने मे सुरूपवती है, घृतहवि से युक्त होने के कारण घृतप्रतीका है। वयुन अर्थात् वेदमन्त्र या यज्ञविधिया ही उसकी साड़ी हैं। उस वेदि पर स्थित दो पक्षी है याज्ञिक पति-पत्नी या यजमान और ब्रह्मा, जो दोनो ही हवि की वर्षा करते रहते है। उस वेदि द्वारा ही अग्न्यादि देव अपने-अपने हविर्भाग को पाते है।

इसी भाष्यकार की दूसरी व्याख्या को ले तो यह युवति औपनिषदी वाक् है। नाम, आख्यात, उपसर्ग और निपात ही उसकी चार चोटियां हैं। देदीप्यमान वर्णावयवो वाली होने से वह घृतप्रतीका है। वयुन अर्थात् ब्रह्मज्ञान उसकी साड़ी है। उसमें स्थित दो पक्षी जीवात्मा तथा परमात्मा हैं, जिनका वह वर्णन करती है।

---

१२३. वेद में राहु के लिए द्रष्टव्य: ऋग् ५.४०; अथर्व १९. ९. १०

समुद्रशायी सुपर्ण

एक: सुपर्ण: स समुद्रमाविवेश, स इदं विश्वं भुवनं विचष्टे ।
तं पाकेन मनसापश्यमन्तितस्तं माता रेळ्हि स उ रेळ्हि मातरम् ॥

ऋग् १०. ११४.४

एक सुपर्ण (सुन्दर पखो वाला पक्षी या गरुड) है, वह समुद्र के अन्दर प्रविष्ट है। वह इस समस्त भुवन को देख रहा या प्रकाशित कर रहा है। उसके विषय मे निकट हो परिपक्व मन से मैने यह देखा है कि उसे माता चाट रही है और वह माता को चाट रहा है।

यह मन्त्र निरुक्त मे मध्यम-स्थानीय देव (वायु) परक व्याख्यात है[124]। सायण ने इसकी वायु, प्राण तथा परमात्मा परक तीन व्याख्याए प्रस्तुत की हैं। इस पहेली के निम्न समाधान हो सकते है।

१ सुपर्ण मध्यमस्थानीय देव वायु है, यत वह शोभन प्रकार से उडता या सचार करता है। वह अन्तरिक्षरूपी समुद्र मे प्रविष्ट है तथा सब भूतजात पर अनुग्रह-दृष्टि रखता है। माता माध्यमिक वाणी है। दोनो एक दूसरे को चाट रहे हैं अर्थात् वृष्टिकर्म मे परस्पर निर्भर है।

२ सुपर्ण प्राण है। वह शरीर रूप समुद्र मे प्रविष्ट है। सारे शरीर पर दृष्टि रख उसे सचालित करता है। माता वाणी है। वह प्राण को चाटती है, तथा प्राण उसे चाटता है। स्वप्नकाल मे प्राण वाणी को चाट लेता है, अत. मनुष्य बोलता नही। अध्ययन-काल में वाणी प्राण को चाट लेती है, अतः वाग्व्यापार स्पष्ट श्रुतिगोचर होता है[125]।

३ सुपर्ण परमात्मा[126] है। विशाल ब्रह्माण्ड समुद्र है, जिसमे वह प्रविष्ट है। वहा प्रविष्ट हुआ वह समस्त लोकलोकान्तरो को देख रहा है। माता जगत्प्रपच की उपादान-कारणभूत प्रकृति या परमाणुसहति है। दोनो एक-दूसरे को चाटते अर्थात् सृष्ट्युत्पत्ति के लिए परस्पर अपेक्षा करते हैं।

४. यह मन्त्र यज्ञ-प्रकरण में है। अतः अग्नि भी सुपर्ण हो सकती है। यज्ञ में एक वेदि सुपर्णाकृति होती भी है। वह ज्वालारूपी पंखो से उड्डयन

---

१२४. द्रष्टव्य निरु. १०.४४

१२५ तं प्राणं माता वाक् रेढि, वाक् प्राणेऽन्तर्भवतीत्यर्थः। स्वापे हि वाग्व्यापारो न दृश्यते, प्राणव्यापारस्तु दृश्यते। अध्ययनकाले वाग्व्यापारो दृष्टः। स ह प्राणो हि मातरं वाच रेढि—सायण। ऋक् प्रा. १.१ भी द्रष्टव्य · वाक्प्राणयोर्यश्च ह्योम: परस्परम्।

१२६. सुपर्णः पक्षवान् निराधारसंचार्येक. प्राणवायुः परमात्मा वा। सायण

करता है। वह यज्ञरूप समुद्र मे प्रविष्ट हुआ है । माता यज्ञवेदि है। अग्नि तथा यज्ञवेदि दोनो परस्पर चाट रहे हैं।

५. सुपर्ण आदित्य है[127]। वह किरणरूप पखों से आकाश मे उड़ रहा है। द्युलोकरूपी समुद्र में स्थित है। सौर जगत् के सब ग्रहोपग्रहो पर अनुग्रह-दृष्टि रखता है। माता उषा है। वह उषा को चाट रहा है, तथा उषा उसे चाट रही है।

६. चन्द्रमा[128] सुपर्ण है। वह अन्तरिक्षरूपी समुद्र मे प्रविष्ट है। सब भुवन को देखता या प्रकाशित करता है। माता पृथिवी है। वह चन्द्रमा को चाटती है अर्थात् अपने ओषधि-वनस्पति रूप मुखो से चन्द्रिकामृत का आस्वादन करती है। चन्द्रमा उसे चाटता है, अर्थात् उसके निकट रहता हुआ उसकी परिक्रमा करता है।

७ संवत्सर भी[129] सुपर्ण है। वह इस भूगोल रूप समुद्र मे प्रविष्ट है। उत्त-रायण-दक्षिणायन रूप दो पक्षो से उड रहा है। माता पृथिवी है, यत. उसके सूर्य की परिक्रमा करने से ही सवत्सर का निर्माण होता है। पृथिवी तथा सवत्सर दोनो एक-दूसरे को चाट रहे है, अर्थात् परस्पर उपकारक है।

केशी भगवान् का विष-पान

वायुरस्मा उपामन्थत् पिनष्टि स्मा कुनन्नमा।
केशी विषस्य पात्रेण यद्रुद्रेणापिबत् सह ॥ ऋग् १० १३६.७

जटाधारी केशी भगवान् हैं, वे रुद्र के साथ प्याले से (पात्रेण) विष-पान करते हैं। उस विष को इनके लिए कुनंनमा नाम की अप्सरा ने पीसा है और वायु ने मथा है।

यह केशी सूर्य है, क्योंकि उसके रश्मि रूपी केश होते हैं, अथवा क्योंकि वह सबको प्रकाशित करता है[130]। रुद्र अन्तरिक्षसचारी पवन है[131]। विष वर्षा-

---

१२७. द्रष्टव्य . टिप्पणी ६४

१२८ चन्द्रमा अप्स्वन्तरा सुपर्णो धावते दिवि। ऋग् १ १०५. १

१२९. अथ ह वा एष महासुपर्ण एव यत् संवत्सर। तस्य यान् पुरस्ताद् विषुवत. षण्मासानुपयन्ति सोऽन्यतर पक्ष, अथ यान् षडुपरिष्टात् सोऽन्यतर.। शत. १२ २ ३.७

१३०. केशी, केशा रश्मय तैस्तद्वान् भवति, काशनाद् वा। निरु.१२ २५

१३१ रुद्र निरुक्त में अन्तरिक्षस्थानीय देवो मे पठित होने से अन्तरिक्षसचारी पवन है। निरु. १०.६

जल है[132]। भूमिष्ठ वर्षा-जल को सूर्य आकाशवर्ती पवनरूपी साथी के रश्मिजाल रूपी पात्र[133] से पान करता है। पर यह भूमिष्ठ वर्षा-जल आया कहा से? 'कुनंनमा' अप्सरा ने इसे आकाश रूपी शिला पर पीस-पीस कर नीचे गिराया। कुनंनमा आकाशीय विद्युत् है, क्योंकि यह कु अर्थात् भूमि को जल बरसा कर नीचे बैठा देती है[134]। पिसी पिट्ठी को मथा भी जाता है। यह मथने का कार्य भूमिष्ठ 'वायु' ने किया है[135]।

अध्यात्मपक्ष मे केशी आत्मा है, जिसके ज्ञानरूपी केश है, रुद्र प्राण है। आत्मा प्राण के साथ मिलकर ब्रह्मानन्द रूपी निर्मल रस (विष) का पान करता है। आत्मा की दिव्य शक्ति ही उसका पात्र या पीने का साधन है। कुनन्नमा दिव्य प्रज्ञा तथा वायु गतिशील दिव्य मन है, जिसमे वह रस पीसा जाकर तथा मथा जा कर तैयार होता है।

यजुर्वेद की प्रहेलिकाएं

ऋग्वेद की प्रहेलिकाओ के निदर्शन-रूप मे अभी २८ प्रहेलिकाओ पर विचार किया गया है। अब यजुर्वेद की प्रहेलिकाओ को लेते है। ऊपर उद्धृत ऋग्वेद की प्रहेलिकाओ मे से कुछ ऋग्वेद के साथ-साथ यजुर्वेद मे भी आती हैं, उसका सकेत यथास्थान कर दिया गया है। अब वाजसनेयि यजुर्वेद की दो ऐसी प्रहेलिकाए प्रस्तुत की जाती हैं, जो केवल इसी वेद की सम्पत्ति हैं तथा जिसका प्रहेलिकात्मक रूप भी विशेष चारु एव आकर्षक है।

सरस्वती में गिरने वाली पांच नदियां

पञ्च नद्य सरस्वतीमपि यन्ति सस्रोतस.।
सरस्वती तु पंचधा सो देशेऽभवत् सरित्॥ यजु ३४.११

पाच नदिया हैं, जिनका स्रोत या उद्गम-स्थान एक ही है। वे सरस्वती मे आकर गिरती है। उस सगम-स्थल पर वह सरस्वती पाच प्रकार की हो जाती है, अर्थात् पाचो धाराए पृथक्-पृथक् दिखायी देती हैं।

---

१३२ विषमित्युदकनाम विष्णाते विपूर्वस्य वा सचते निरु. १२.२५

१३३. पात्रेण पानसाधनेन रश्मिजालेन। सायण

१३४ तुलनीय : यस्य व्रते पृथिवी नन्नमीति। ऋग् ५.८३.५। कुननमा कुत्सितमपि भृश नमयित्री स्वय नमयितुमशक्या स्वतन्त्रा माध्यमिका वाक् पिनष्टि स्म यथाधस्तात् स्रवति तथा चूर्णीकरोति। सायण.

१३५. वायु उपामन्थत् भूगत सर्व रसमुपमथ्नाति, यद्वा यदा अपिबत् पीतवान् भवति तदा सूर्यमण्डले घनीभूतमस्य तदुदक वायुरुपमथ्नाति, मन्थनेन वैद्युताग्निनालोडयति। सायण.

भाष्यकारों ने भौगोलिक प्रसिद्ध सरस्वती नदी मे किन्हीं पाच नदियो का संगम न होते देख सगति के लिए सरस्वती का अर्थ सिन्धु नदी करे लिया है, और उसमें रावी, चनाव, सतलुज, जेहलम, व्यास इन पांच नदियों के संगम का वर्णन इस मन्त्र में है, ऐसी कल्पना कर ली है[१३६]। परन्तु वस्तुत. यह एक पहेली है और इसके द्वारा वेद किसी अन्य ही रहस्यार्थ को प्रकट कर रहा है। पाच नदिया हैं पाचो ज्ञानेन्द्रियो से प्राप्त होने वाली पांच ज्ञानधाराएं। इन सबका उद्गम-स्थान एक ही है और वह मन है, क्योंकि बिना मन रूपी माध्यम के कोई भी ज्ञानेन्द्रिय ज्ञानधारा को नही बहा सकती। ये पाचो ज्ञान-धाराए सरस्वती मे जा गिरती हैं। यह सरस्वती क्या है? सरस्वती वाणी है[१३७]। विविध ज्ञानेन्द्रियो से जो ज्ञानधाराए निकलती हैं, उनका प्रतिपादन वाणी द्वारा ही होता है। इसी को इस रूप में कहा गया है कि उस सगमस्थल पर वह सरस्वती पाच प्रकार की हो जाती है, यतः प्रत्येक इन्द्रिय से प्राप्त ज्ञान को वाणी पृथक्-पृथक् प्रतिपादित करती है।[१३८]

शरीर में निवास करने वाले सात ऋषि

सप्त ऋषयः प्रतिहिताः शरीरे सप्त रक्षन्ति सदमप्रमादम्।
सप्तापः स्वपतो लोकमीयुस्तत्र जागृतो अस्वप्नजौ सत्रसदौ च देवौ॥
यजु ३४.५५

एक शरीर है, जिसमे सात ऋषि अवस्थित हैं। वे सातो बिना प्रमाद के उसकी रक्षा मे तत्पर रहते हैं। जब वह शरीर सो जाता है, तब शरीर मे व्याप्त रहने वाले वे ऋषि अन्य लोक मे चले जाते है। किन्तु उस शयनावस्था मे भी दो देव जागते रहते है, जिन्हे निद्रा नही आती।

निरुक्तकार ने इस पहेली की अधिदैवत तथा अध्यात्म एव उवट तथा महीधर ने केवल अध्यात्म परक व्याख्या की है।

---

१३६ याः दृषद्वत्याद्या पच नद्य.। महीधर
Sarasvatı : here apparently, meanıng the Indus-Griffith.

१३७. सरस्वती = वाक्। नि.१.११

१३८. पंच पच ज्ञानेन्द्रियवृत्तय: नद्यः नदीवत् प्रवाहरूपा, सरस्वती प्रशस्त-विज्ञानवती वाचम् अपियन्ति प्राप्नुवन्ति, सस्रोतसः समान मनोरूप स्रोतः प्रवाहो यासां ताः। सरस्वती तु पचधा पचज्ञानेन्द्रियशब्दादिविषय-प्रतिपादनेन पचप्रकारा। दयानन्द.

अधिदैवत मे शरीर सवत्सर है,[139] उसमें निवास करने वाले सप्त ऋषि सूर्यरश्मियां हैं। वे सदा ही सवत्सर की रक्षा करती रहती है। इस सवत्सर मे ३६५ अहोरात्र होते हैं, जिनमें प्रति अहोरात्र यह रात्रि मे १२ घंटे सोता है तथा दिन मे १२ घंटे जागता हे। जब यह सोने लगता है, अर्थात् जब सूर्यास्त होता है, तब भूमण्डल पर विस्तीर्ण किरणे सूर्य मे लीन हो जाती हैं। पर उस स्वप्नावस्था मे भी वायु तथा अग्नि[140] ये दो देव जागृत रहते हैं।

अध्यात्म मे शरीर मानव-देह है। इसमें अवस्थित सात ऋषि हैं पंच ज्ञानेन्द्रिया, छठा मन और सातवी बुद्धि।[141] ये सातो ज्ञानप्रदान द्वारा इस शरीर के रक्षक होने हैं, क्योकि यदि शरीर इनके द्वारा दर्शन, श्रवण आदि व्यापार न करे तो सकटग्रस्त हो जाये। जब शरीर सो जाता है, तब ये कार्य से उपरत हो आत्मलोक मे चले जाते है। परन्तु उस समय भी प्राणापानरूप दो देव जागते रहते है।[142]

अधियज्ञ व्याख्या मे शरीर से यज्ञ अभिप्रेत हो सकता है। उसमे स्थित सात ऋषि सात ऋत्विज होगे। ये अपना-अपना कार्य करते हुए यज्ञ को रक्षित करते है। यज्ञ के सो जाने अर्थात् स्थगित या उपरत हो जाने पर ये स्वलोक या स्वगृह को चले जाते है। परन्तु उस समय भी दो देव यजमान तथा यजमान-पत्नी अथवा यजमान और गार्हपत्याग्नि जागते रहते है।

नक्षत्र-परक व्याख्या को लें तो उत्तराकाश रूपी शरीर में सप्तर्षि तारे रूपी सात ऋषि अवस्थित हैं, पुच्छ की ओर से क्रमश जिनके नाम मरीचि, वसिष्ठ, अगिरा, अत्रि, ‘पुलस्त्य, पुलह तथा क्रतु है। ये ध्रुव तारे के साथ सम्बन्ध रूपी अपने यज्ञ की रक्षा कर रहे है। जब इनका सोने का समय

---

१३९ निरुक्त में अधिदैवत व्याख्या मे आदित्य तथा सवत्सर दोनो को मिला दिया है। प्रथम ‘शरीरे आदित्ये’ कहा है, पुन ‘सद सवत्सरम्,’ जब कि अध्यात्म व्याख्या मे ऐसा नही है। द्रष्टव्य निरु. १२ ३५

१४०. निरुक्त में ‘वाय्वादित्यौ’ पाठ है। निरु. १२ ३५

१४१. षडिन्द्रियाणि विद्या सप्तमी,निरु. १२.३५। सप्त ऋषय· प्राणाः त्वक्-चक्षु श्रवणरसनाघ्राणमनोबुद्धिलक्षणा –महीधर।

१४२. निरुक्तकार ने दो देव प्राज्ञ आत्मा तथा तैजस आत्मा माने हैं, किन्तु उवट तथा महीधर ने प्राणापान। तुलनीय प्रश्न ४.३ प्राणाग्नय एवैतस्मिन् पुरे जाग्रति।

होता है तब, अर्थात् दिन में, ये अदृश्य हो जाते हैं।[१४३] परन्तु उस समय भी सूर्य एव वायु ये दो देव जागरूक रहते हैं।

सामवेद की प्रहेलिकाएं

सामवेद मे १८७५ मन्त्र हैं, जिन मे ऐसे मन्त्र जो ऋग्वेद मे नही आते केवल १०४ हैं।[१४४] इन १०४ मन्त्रो मे दो-तीन मन्त्र ही ऐसे हैं जो प्रहेलिका का रूप धारण कर सकते है। जो मन्त्र ऋग्वेद के समान हैं उनमे भी स्पष्ट प्रहेलिकाए दो-तीन से अधिक नही है, जिनमे से एक प्रहेलिका ऋग्वेद की पहेलियो मे हम व्याख्यात कर चुके हैं। सामवेद के नूतन मन्त्रो मे से एक प्रहेलिका नीचे दी जा रही है।

दो ऊधसों वाली गौएं

सहर्षभाः सहवत्सा उदेत विश्वा रूपाणि बिभ्रतीर्द्व्यूध्नीः।
उरुः पृथुरयं वो अस्तु लोक इमा आपः सुप्रपाणा इह स्त॥
साम. पू. ५. ४ १२

हे गौओ, सब रूपो को धारण करने वाली, दो ऊधसो वाली तुम बैल सहित तथा बछड़ो सहित आओ। विशाल तथा विस्तीर्ण यह लोक तुम्हारे निवास के लिए होवे। ये जल हैं, इनका सुचारु रूप से पान करती रहो।

सायण ने यहा गौए पशु रूप ही मानी हैं। दो ऊधस् होने का समाधान इस प्रकार किया है कि वे प्रात तथा साय दोनो समय दूध देती है, अत दो ऊधस् वाली हुई।[१४५] इस पहेली की निम्न व्याख्याए भी हो सकती है।

१. उषाए गौए है।[१४६] सविता (उदय से पूर्व क्षितिज के नीचे वर्तमान आदित्य) ऋषभ है[१४७]। उदित सूर्य वत्स है, अथवा यज्ञाग्नि वत्स है, क्योकि उषा-काल मे यज्ञाग्नि प्रदीप्त होती है।[१४८] यद्यपि प्रत्यक्ष रूप से ये रक्तवर्ण

---

१४३ अमी य ऋक्षा निहितास उच्चा नक्त ददृश्रे कुह चिद् दिवे यु।
ऋग् १ २४ १०

१४४. द्रष्टव्य सामवेद सहिता, सातवलेकर, स्वाध्याय मण्डल, सवत् १९९६ पृ. २२०।

१४५. सायप्रात.काले द्विविधानि ऊधासि यासा ता. द्व्यूध्नीः। सायण

१४६. एता उ त्या उषसः केतुमक्रत— प्रति गावोऽरुषीर्यन्ति मातरः। ऋग् १. ९२. १

१४७. ऋग् ७. ७६. १ ; निरु. १६ १२, १३

१४८. (उषसः) अजीजनन्त्सूर्यं यज्ञमग्निम्। ऋग् ७. ७८ ३

दिखाई देती है, तो भी क्योकि इनकी किरणो में सब रग होते है, अत ये विश्वरूपा हैं। पूर्व दिशा एव आकाश इनके दो ऊधस् हैं, जहा से ये प्रकाशरूपी दूध देती है। स्तोता भूलोक में इनका आह्वान कर रहा है तथा जलपान का निमन्त्रण दे रहा है। हविर्भूत यज्ञान्न या यज्ञिय सलिल ही जल (आपः) है।[१४६]

२ सूर्यरश्मिया गौए हैं, सूर्य ऋषभ है।[१५०] ग्रहोपग्रह वत्स हैं, जो सूर्य-रश्मियों के प्रकाश-दुग्ध का पान करते हैं। सतरगी होने के कारण रश्मिया विश्वरूपा हैं। इनके दो ऊधस् है, एक द्युलोक दूसरा अन्तरिक्षलोक। द्युलोक रूपी ऊधस् से ये प्रकाश रूपी दूध देती हैं तथा अन्तरिक्षरूपी ऊधस् से वर्षा-जलरूपी दूध। स्तोता इन्हे भूलोक में जलपान करने का निमन्त्रण दे रहा है। उसका निमन्त्रण स्वीकार कर सचमुच ये जलपान करती भी हैं।

३ दिशाए गौए है, सूर्य ऋषभ है, चन्द्रमा वत्स है।[१५१] वे दिशाए नाना रगो वाली पुष्पित वनस्पति आदि से युक्त होने के कारण विश्वरूपा हैं। मेघ तथा पर्वत दो ऊधस् है, जहा से वर्षाजल एव नदीप्रवाह आते है। ये दिशा-रूपी गौए जलपान भी करती हैं, क्योकि वाष्पीभूत जल इन मे विद्यमान रहता है।

४ गौए वेदवाणिया हैं, परमात्मा या प्राण ऋषभ है, मन वत्स है।[१५२] ऋग् और यजु अथवा ज्ञानकाण्ड एव कर्मकाण्ड दो ऊधस् है। गर्भित रहस्यार्थ इन वाणियो का दूध है। इनका प्रचार करना ही इन्हें जलपान द्वारा प्रवृद्ध करना है।

अथर्ववेद की प्रहेलिकाए

अब अथर्ववेद की कुछ पहेलियो पर दृष्टिपात किया जाएगा। ऊपर उद्धृत ऋग्वेद की प्रहेलिकाओ मे से कुछ अथर्ववेद मे भी आती है। यहा अथर्ववेद की जो अपनी नूतन पहेलिया है, जो अन्य वेदो मे नही है, उनमे से कुछ प्रस्तुत की जा रही है।

---

१४६. अन्न वा आपः, शत २ १. १ ३। प्रातःसवनरूपा नु आपः, कौ ब्रा.११ ३

१५०. सर्वेऽपि रश्मयो गाव उच्यन्ते निरु. २. ७। स एष सप्तरश्मिर्वृषभ। जै० उ० १ ८८. २

१५१. दिशो धेनवस्तासां चन्द्रो वत्स। अथर्व ४. ३९. ८

१५२. वाचं धेनुमुपासीत...तस्या प्राण ऋषभो मनो वत्सः। शत० १४. ८ ६. १

दस सिरों वाला ब्राह्मण

ब्राह्मणो जज्ञे प्रथमो दशशीर्षो दशास्यः ।
स सोमं प्रथमः पपौ स चकारारसं विषम् ।। अथर्व ४. ६ १

एक श्रेष्ठ ब्राह्मण उत्पन्न हुआ, जिसके दस सिर और दस मुख थे । उसने सोम का पान किया तथा विष को निष्प्रभाव कर दिया ।

ब्रह्म की सन्तान होने से यह ब्राह्मण सूर्य है । चार दिशा, चार उपदिशा, ऊर्ध्वा तथा ध्रुवा ये दस दिशाए उसके दस सिर है, और इन मे व्याप्त रश्मिपुज उसके दस मुख है । इन मुखो द्वारा वह भूमिष्ठ रसो का पान करता है तथा अपने तेज से विष को निष्प्रभाव कर देता है ।[१५३]

अध्यात्म मे यह ब्राह्मण आत्मा है । उसके दस प्राण तथा दस इन्द्रिय रूपी दस सिर एवं दस मुख है । उसने अमरता के सोमरस का पान किया हुआ है, अतएव वह अमर है, तथा उस पर सासारिक विषो का प्रभाव नहीं होता । शरीर विष से मृत्यु को प्राप्त हो भी जाए, तो भी वह मृत्यु का पात्र नही बनता ।

द्यावापृथिवी का धारक बैल

अनड्वान् दाधार पृथिवीमुत द्यामनड्वान् दाधारोर्वन्तरिक्षम् ।
अनड्वान् दाधार प्रदिश षडुर्वीरनड्वान् विश्वं भुवनमाविवेश ।।
अथर्व ४. ११ १

एक बैल (अनड्वान्) है, जिसने द्यावापृथिवी को उठाया हुआ है, विशाल अन्तरिक्ष को उठाया हुआ है, विस्तीर्ण छह प्रमुख दिशाओ को उठाया हुआ है । उसका अता-पता यह है कि वह सारे भुवन में प्रविष्ट है ।

यह बैल परब्रह्म, आदित्य या सूत्रात्मा प्राण है । अनस् शकटवाची है, जो शकट को वहन करे उसे अनड्वान् कहते हैं । यहा ब्रह्माण्ड रूपी शकट को वहन करने वाले उक्त तीनो हैं ।[१५४]

---

१५३. तुलनीय . सूर्ये विषमासजामि । ऋग् १. १९१. १०

१५४. अन ब्रह्माण्डरूप शकट वहतीत्यनड्वान् परब्रह्म, आदित्यः, प्राणो वा । "अनड्वान् प्राण उच्यते", अथर्व ११. ४ १३ । "दयेत इव ह्येष सूर्य उक्षश्चास्त च यन् भवति, तस्माच्छ्र्येतोऽनड्वान्", शत ५. ३ १. ७

सहस्र चरणों वाला श्येन

श्येनो नृचक्षा दिव्यः सुपर्णः सहस्रपाच्छतयोनिर्वयोधाः ।
स नो नियच्छाद् वसु यत् पराभृतमस्माकमस्तु पितृषु स्वधावत् ।।

अथर्व ७. ४१. २

एक श्येन (वाज पक्षी) है, जो सब मनुष्यो को देखता है, आकाशवासी है, सुन्दर पखों वाला है। उसके सहस्र चरण है, सौ घोसले हैं। वह सबको आयु या अन्न (वय.) देता है। जो चुराया हुआ धन (वसु) है, उसे वह पुन प्रदान करता है। वह माता-पिताओ को आत्मनिर्भरता रूपी वसु देता है।

अधिदैवत पक्ष मे यह श्येन आदित्य है।[१५५] वह सब मनुष्यो का द्रष्टा या प्रकाशक है। सुन्दर ज्योति रूप पखो मे आकाश मे उडता है। उसके किरण-रूपी सहस्र चरण हैं, सैकडो घोसले या प्रवेशस्थान है, क्योकि वह सर्वत्र व्याप्त होता है। वह आयु और अन्न का दाता भी है। प्राणियो का स्वास्थ्य-रूपी धन क्षीण हो जाता है, उसे वह पुन. प्रदान करता है। सूर्य से ही शक्ति पाकर माता-पिता आत्मनिर्भर होते है।

शरीर मे प्राण श्येन है।[१५६] वह सब मनुष्यो पर कृपादृष्टि रखता है, दिव्य है, आवागमन करने या शरीर से पुनर्जन्म द्वारा दूसरे शरीर मे उडान लेने के कारण सुपर्ण है। उसके सहस्रो श्वासोच्छ्वास रूपी चरण है। शरीर के अग-प्रत्यग रूप सैकडो उसके घोसले है, जिनमे वह प्राण, अपान, व्यान आदि रूपो मे निवास करता है। वह वयोधा अर्थात् आयुष्य की वृद्धि करने वाला है। वही शरीर के क्षीण हुए तेज, बलादि रूप वसु को प्रदान करता है।

यह श्येन परमात्मा भी हो सकता है।[१५७] वह भी मनुष्यो का द्रष्टा, दिव्य और सुपर्ण अर्थात् शोभन प्रकार मे पार कराने वाला है। वह सहस्रो चरणो वाला अर्थात् सर्वगत है।[१५८] पृथिवी, मगल, बुध आदि ग्रहोपग्रह एव नक्षत्र सभी उसके अनेक घर या नीड है। वह वायु, अन्न तथा सर्वविध वसु का भी प्रदाता है।

---

१५५. श्येन आदित्यो भवति श्यायतेर्गतिकर्मण.। निरु. १४. १३
१५६. निरुक्त मे श्येन मध्यमस्थानीय देवो मे पठित होने से वायु या प्राण का वाची भी होता है। निरु. ११. १
१५७. श्येन आत्मा भवति श्यायतेर्गतिकर्मण । निरु १४. १३
१५८. तुलनीय : सहस्रशीर्षा पुरुष: सहस्राक्ष: सहस्रपात् । ऋग् १०. ९०. १

आठ चक्रों और नौ द्वारों वाली अयोध्या-पुरी

अष्टाचक्रा नवद्वारा देवानां पूरयोध्या ।
तस्यां हिरण्ययः कोशः स्वर्गो ज्योतिषावृतः ।। अथर्व १०. २. ३१

एक देवपुरी अयोध्या है, जिसमे आठ चक्र तथा नौ द्वार हैं। उसके अन्दर एक हिरण्यय कोष (स्वर्णिम भवन) है, जिसे स्वर्ग कहते हैं तथा जो ज्योति से अलकृत है।

मानव-शरीर ही यह देवपुरी अयोध्या है।[१५६] इसे देवपुरी इस कारण कहते है क्योकि वाह्य जगत् के अग्नि, वायु आदि सब देव विभिन्न रूपो में इसके अन्दर प्रविष्ट है। अथर्ववेद के अनुसार "शरीर की अस्थियों को समिधा बनाकर, रस-रक्त आदि को जल बनाकर, रेतस् को घृत बनाकर सब देव पुरुष-शरीर में प्रविष्ट है और यज्ञ रच रहे है। इस शरीर में सब जल, सब देवता, समस्त विराट् जगत् प्रविष्ट है, प्रजापति भी इसके अन्दर है। सूर्य चक्षु रूप में शरीर मे विद्यमान है, वायु प्राणरूप में, शरीर के अन्य अग अग्नि को मिले हैं। विद्वान् मनुष्य इस पुरुष-शरीर को साक्षात् देवपुरी या ब्रह्मपुरी समझता है, क्योकि इसमे सब देवता वैसे ही प्रविष्ट है, जैसे गौए गोष्ठ मे"।[१६०] ऐतरेय उपनिषद् के अनुसार अग्नि वाक् बन कर मुख मे प्रविष्ट है, वायु प्राण बनकर नासिका मे प्रविष्ट है, आदित्य चक्षु बन कर नेत्रो मे प्रविष्ट है, दिशाए श्रोत्र बन कर कर्णों मे प्रविष्ट हैं, ओषधि-वनस्पतियाँ लोम बन कर त्वचा मे प्रविष्ट है, चन्द्रमा मन बन कर हृदय मे प्रविष्ट है, मृत्यु अपान बनकर नाभि में प्रविष्ट है, जल रेतस् बनकर शिश्न में प्रविष्ट हैं"।[१६१] इस शरीर मे नीचे से ऊपर की ओर क्रमशः मूलाधार (गुदा मे), स्वाधिष्ठान (उपस्थ मे), मणिपूर (नाभि में), अनाहत (हृदय मे), विशुद्ध (कण्ठ मे), ललित (जिह्वा मे), आज्ञा (भ्रूमध्य मे), तथा सहस्रार (मस्तिष्क मे) ये आठ चक्र है। इन्हे चक्र इस कारण कहते हैं, क्योकि इनमे प्राण चक्रमण करता है। एवं यह शरीर रूपी धुरी आठ चक्रों वाली है। इसमे नौ द्वार है—दो कर्णछिद्र, दो नासिकाछिद्र, दो आखे, एक मुख, दो अधोद्वार।[१६२] इसमें विद्यमान हिरण्यय कोश आनन्दमय कोश है, उसे ही स्वर्ग

---

१५९ इस मन्त्र की व्याख्या के लिए द्रष्टव्य · सातवलेकर कृत अथर्ववेदभाष्य।

१६०. अथर्व ११. ८. २९–३२

१६१. ऐ उ. २ ४

१६२. तुलनीय श्वेता ३. १८, जहाँ शरीर को नवद्वार पुर कहा गया है।

कहते हैं। इसमे ब्रह्म वास करता है। यह शरीर-पुरी अयोध्या इस लिए है, क्योंकि विरोधी शक्तियो द्वारा इसे सरलता से परास्त नही किया जा सकता।

खड्डी से अनन्त वस्त्र बुनने वाली दो युवतियां

तन्त्रमेके युवती विरूपे अभ्याक्रामं वयत षण्मयूखम्।
प्रान्या तन्तूंस्तिरते धत्ते अन्या नाप वृञ्जाते न गमातो अन्तम् ॥

अथर्व १०.७.४२

भिन्न-भिन्न रूपों वाली दो युवतिया है, एक कृष्णा है, दूसरी गौरवर्णा। वे तत्परतापूर्वक खड्डी से वस्त्र बुन रही है। उसके लिए छह खूटे गाडे हुए है। एक तन्तुओ को फैलाती है अर्थात् ताना तनती है, दूसरी बाना भरती है। न वे मध्य मे कभी विराम करती हैं, न उनके कार्य का अन्त होता है।

ये दो काली-गोरी युवतियाँ रात्रि एव उषा है। ये सृष्टि रूपी वस्त्र का वयन कर रही है। चार पूर्वादि दिशाए, एक ऊर्ध्वा दिशा, एक ध्रुवा दिशा ये छह खूंटे हैं, अथवा वसन्तादि छह ऋतुए ही छह खूंटे है। उषा ताना तनती है, रात्रि बाना भरती है। उनका यह वस्त्र बुनने का कार्य निरन्तर चलता रहता है।

अध्यात्म मे ये युवतियाँ विद्या (ज्ञानवृत्ति) तथा अविद्या (कर्मवृत्ति) है। ये दोनों मिलकर जीवन की खड्डी से मनुष्य के मोक्ष रूपी वस्त्र को बुन रही हैं।[१६३] छह खूटे है पंच प्राण या पच ज्ञानेन्द्रियाँ तथा एक मन।

छह युगल शिशुओं का एक अकेला भाई

इदं सवितर्विजानीहि षड् यमा एक एकजः।
तस्मिन् हापित्वमिच्छन्ते य एषामेक एकजः ॥ अथर्व १०. ८ ५

हे भाई सविता, मेरी इस पहेली को बूझो। छह युगल शिशु है, और एक अकेला शिशु है। उस अकेले के साथ छह युगल शिशु भ्रातृत्व-सम्बन्ध रखते हैं।

ये छह युगल शिशु छह ऋतुए हैं, क्योकि वे दो-दो मासो से मिलकर बनी हैं। अकेला शिशु त्रयोदश मास है, जो चान्द्र वर्ष मे प्रति तृतीय वर्ष एक अधिक मास हो जाता है[१६४]। उसके साथ छह शेष ऋतुओ का भ्रातृत्व-सम्बन्ध है ही।

---

१६३. तुलनीय : विद्यां चाविद्या च यस्तद् वेदोभय सह।
अविद्यया मृत्युं तीर्त्वा विद्ययामृतमश्नुते ॥ यजु ४०. १४
"विद्या च आत्मज्ञानं च अविद्या कर्म च"—उक्त मन्त्र पर उवट का भाष्य।

१६४. Twins : the seasons, consisting each of two months. One : the intercalary month.—Griffith.

अध्यात्म मे शरीरवर्ती छह युगल शिशु हो सकते हैं दो कर्ण, दो नेत्र, दो प्राणापान, दो मुखवर्ती युगल रसना एव वाणी, दो हाथ तथा दो पैर। अकेला शिशु मन है। उस मन के साथ शेष युगल शिशुओ का निकट भ्रातृत्व-सम्बन्ध है, क्योकि ये युगल मन के बिना कार्य नही कर सकते।

उल्टा कटोरा

तिर्यग्बिलश्चमस ऊर्ध्वबुध्नस्तस्मिन् यशो निहितं विश्वरूपम्।
तत्रासत ऋषयः सप्त साकं ये अस्य गोपा महतो बभूवुः।

एक कटोरा है, जिसका छिद्र नीचे तथा तला ऊपर है, अर्थात् वह उल्टा किया हुआ है। उसमे विश्वरूप यश निहित है। साथ ही उसमे इकट्ठे सात ऋषि भी आसीन है, जो इस महान् कटोरे के रक्षक बने हुए है।

अधिदैवत दृष्टि से यह कटोरा आदित्य है। वह अधोबिल तथा ऊर्ध्वपृष्ठ ही प्रतीत होता है। उसमे विविध यश भरा हुआ है, क्योकि उसकी अनेकविध महिमा है, अथवा वह प्रकाशरूपी यशोरस से परिपूर्ण है। उसके अन्दर आसीन सात ऋषि सात रगो वाली रश्मिया है। वे इसकी रक्षा कर रही है, क्योकि किरणे न रहे तो सूर्य का सूर्यत्व ही समाप्त हो जाए। अथवा, द्यौ तथा पृथिवी ये दो कटोरे है, जिनमे द्यौरूपी कटोरा अधोमुख तथा दूसरा ऊर्ध्वमुख है। पहेली द्यौरूपी कटोरे की ओर संकेत करती है। द्युलोक मे विविध यश अवस्थित है, उसमे सप्तर्षि तारे रूप सात ऋषि भी है[१६५]।

अध्यात्मपक्ष मे यह कटोरा सिर या मस्तिष्क है। इस का पृष्ठ या शिर कपाल ऊपर तथा मुखछिद्र नीचे है। सात ऋषि सात इन्द्रियां हैं, पाच ज्ञानेन्द्रिय, मन तथा बुद्धि। ये ही इसके रक्षक है[१६६]।

स्वर्ग का यात्री हस

सहस्राह्ण्य वियतावस्य पक्षौ परेर्हंसस्य पततः स्वर्गम्।
स देवान्त्सर्वानुरस्युपदद्य संपश्यत् याति भुवनानि विश्वा॥

अथर्व १०. ८, १८, १३. २. ३८

एक हस है, उसका नाम हरि भी है। वह स्वर्ग की ओर उड रहा है। उसके पख सहस्रों दिनो से फैले हुए हैं। वह अपने वक्षस्थल मे सब देवों को

---

१६५. The b wl the hemispherical sky, the earth being regarded as another bowl.—Griffith.

ऋग् ३ ५५. २ मे इन दोनों कटोरो को वसु से भरपूर कहा है।

१६६. द्रष्टव्य. निरु १२ ३६; शत. १४. ५ २

निहित किये हुए सब भुवनो पर दृष्टि डालता हुआ यात्रा कर रहा है ।

अधिदैवत पक्ष मे यह हस आदित्य है । रसो को हरण करने के कारण उसका नाम हरि भी है । वह प्रात: पूर्वाकाश मे अपने नीड से निकल कर मध्याकाश रूपी स्वर्ग की ओर उडना आरम्भ करता है । वक्ष स्थल मे स्थित समस्त देव रश्मियाँ है । वह सब भुवनो पर अनुग्रह–दृष्टि प्रक्षिप्त करता हुआ इस यात्रा मे सलग्न है ।

आकाश मे हंस नाम का एक तारासमूह भी है, जो उत्तर मे वर्षा, शरद् तथा हेमन्त ऋतुओ मे आकाश- गगा के मध्य उडता हुआ स्पष्ट दिखाई देता है । इस की पुच्छ सब मे अधिक चमकीली होती है । यह अपने उरस् मे आकाश-गगा के अन्य तारो को धारण किये हुए उड़ान भर रहा है ।

हंस तारासमूह
१. मुख, २ पुच्छ

अध्यात्म मे यह हस आत्मा है[१६७] । वह स्वर्ग या मोक्ष की प्राप्ति के लिए अहर्निश प्रयत्न कर रहा है, यही उसका स्वर्ग की ओर उडना है। उडान भरते हुए उसके ज्ञान और कर्म रूपी पंख सदा फैले रहते है । उसके वक्ष स्थल मे स्थित सब देव विविध दिव्यगुण है । उन्हे धारण किये हुए भुवन की सब वस्तुओ को देखता हुआ वह यात्रा कर रहा है ।

दो जादू की लकड़ियां

यो वै ते विद्यादरणी याभ्यां निर्मथ्यते वसु ।

स विद्वान् ज्येष्ठं मन्येत स विद्याद् ब्राह्मणं महत् ॥ अथर्व १० ८ २०

---

१६७. नवद्वारे पुरे देही हसो लेलायते बहिः । श्वेता ३. १८

दो जादू की लकड़ियां (अरणी) हैं, उनकी रगड़ से धन (वसु) उत्पन्न होता है। जो इस रहस्य को जान लेता है वह सबसे बड़े को जान लेता है, वह 'महान् ब्राह्मण' को जान लेता है।

यज्ञ में दो अरणिया होती हैं, एक अधरारणि, दूसरी उत्तरारणि, उनके मन्थन से यज्ञाग्नि रूपी वसु उत्पन्न होता है, जिससे यज्ञ चलता है।[१६८] इसी प्रकार अध्यात्म में उपासक का अपना देह एक अरणि है, प्रणव दूसरी अरणि है, ध्यान करना ही उनका मन्थन है। इन दोनो के मन्थन से परब्रह्मरूप अग्नि का साक्षात्कार होता है।[१६६]

बिना पैरों का प्राणी

अपादग्रे समभवत् सो अग्रे स्वराभरत्।

चतुष्पाद् भूत्वा भोग्य सर्वमादत्त भोजनम्।। अथर्व १० ८ २१

एक प्राणी है, जिसके पहले कोई पैर नहीं था। उसी अवस्था मे उसने स्वः को उत्पन्न किया। फिर वह चार पैरो वाला तथा भोग्य हो गया। पश्चात् भोक्ता बन कर उसने सारा भोजन खा लिया।

यह प्राणी परमात्मा है। सृष्ट्युत्पत्ति से पूर्व क्योकि सृष्टि की कोई वस्तु स्थूल रूप मे विद्यमान नही थी, अत उसका कोई भौतिक पैर नही था, सब पैर अन्तर्निगूढ थे। इसी अवस्था मे उसने स्व· से उपलक्षित सृष्टि को उत्पन्न किया। सृष्ट्युत्पत्ति के पश्चात् वह चतुष्पात् हो गया। छान्दोग्य उपनिषद्[१७०] मे इन चार पादो का वर्णन इस प्रकार है। एक पाद प्रकाशवान् है, जिसकी प्राची, प्रतीची, दक्षिणा, उदीची ये चार कलाए हैं। द्वितीय पाद अनन्तवान् है, जिसकी पृथिवी, अन्तरिक्ष, द्यौ, समुद्र ये चार कलाए हैं। तृतीय पाद ज्योतिष्मान् है, जिसकी अग्नि, सूर्य, चन्द्र, विद्युत् ये चार कलाएं है। चतुर्थ पाद आयतनवान् है, जिसकी प्राण, चक्षु, श्रोत्र, मन ये चार कलाए हैं। इस समय वह भोग्य था, क्योकि अनेक उपासक उसके अमृतरस का आस्वादन करते थे। फिर भोक्ता होकर उसने सारा भोजन खा लिया अर्थात् प्रलयकाल मे सब कुछ निगीर्ण कर लिया[१७१]। एवं इस पहेली में परमात्मा के उत्पादक, धारक तथा

---

१६८ द्रष्टव्य ऋग् ३ २६

१६६ स्वदेहमरणिं कृत्वा प्रणव चोत्तरारणिम्।
ध्याननिर्मथनाभ्यासाद् देव पश्येन्निगूढवत्॥ श्वेता. १. १४

१७० द्रष्टव्य : छा. उ प्रपा. ४, खंड ५-८

१७१. तुलनीय : अहमन्नम् अन्नमदन्तमद्मि। साम पू. ६.१.६। अहमन्नम्, अहमन्नम्, अहमन्नादोऽहमन्नादोऽहमन्नादः। तै. उ. १०.७। अत्ता चराचरग्रहणात्। वे.सू. १.२.६

संहारक रूपों की झांकी दी गयी है।

नव-द्वार कमल

पुण्डरीकं नवद्वारं त्रिभिर्गुणेभिरावृतम्।
तस्मिन् यद् यक्षमात्मन्वत् तद् वै ब्रह्मविदो विदुः॥

अथर्व १०.८.४३

एक कमल है, जिसमें नौ द्वार हैं, वह तीन गुणों (सूत्रों) से आवृत है। उसमें आत्मा सहित एक यक्ष वास करता है। जो ब्रह्मविद् हैं, वे ही उसे जानते हैं।

मानव-शरीर ही वह कमल है। इसके नौ द्वार हैं, दो कर्णद्वार, दो नासिकाद्वार, दो नेत्रद्वार, एक मुख और दो अधोद्वार। यह सत्त्व, रजस्, तमस् अथवा त्वचा, मज्जा, मांस रूपी तीन गुणों से आवृत है। आत्मा सहित उसके अन्दर वास करने वाला यक्ष ब्रह्म है[१७२]। ब्रह्मविद् उसी का साक्षात्कार करते हैं।

एक पैर से उड़ने वाला हंस

एकं पादं नोत्खिदति सलिलाद्धंस उच्चरन्।
यदङ्ग स तमुत्खिदेन्नैवाद्य न श्वः स्यान्न रात्री नाहः
स्यान्न व्युच्छेत् कदाचन॥ अथर्व ११.४.२१

एक हंस है जो मानसरोवर के सलिल से उड़ता हुआ एक पैर को नहीं उठाता। हे भाई, यदि वह उसे भी उठा ले, तो न आज हो, न कल हो, न रात्रि हो, न दिन हो, न ही कभी उषा उदित हो।

यह मन्त्र अथर्ववेद के प्राणसूक्त का है। प्राण ही वह हंस[१७३] है, क्योंकि निरन्तर गति करता रहता है। सलिल या मानसरोवर है दोनों फुप्फुस। श्वास का बाहर निकलना ही उस प्राणरूपी हंस का उड़ना है। वह उड़ते हुए एक पैर तो उठा लेता है, किन्तु एक पैर वहीं स्थिर रखता है, क्योंकि श्वास के बाहर

---

१७२. यक्षम् आत्मन्वत् : the Supreme self or soul.
Nine portalled Lotus flower · the human body. Enclosed with triple bands and bonds : or, which the three Qualities enclose. 'It is possible ... that these may be here a first reference to the three Gunas (fundamental qualities) afterwards so celebrated in Indian philosophical speculation. Muir.' The word Guna meaning both rope or bond and quality. —Griffith.

१७३. हन्ति गच्छति कृत्स्नशरीरं व्याप्य वर्तते इति हंसः। सायण

निकल जाने पर भी प्राण अन्य रूप मे शरीर मे रहता ही है। यदि वह पूर्ण-रूप से ही उड़ जाए या शरीर से दोनो पैर उठा ले, तब क्या परिणाम हो ? शरीर मृत हो जाए, और मृत शरीर के लिए आज क्या, कल क्या, दिन क्या, रात्रि क्या, उषा क्या, कुछ भी नहीं।

इस पहेली का अन्य समाधान सूर्य परक भी हो सकता है[१७४]। सूर्य प्राण का मुख्य स्रोत है[१७५], अत. प्राणसूक्त मे उसका स्तवन किया गया है। अन्धकार, रोगादि का हननकर्त्ता अथवा गतिशील होने से सूर्य हस है। सलिल आकाश है। सूर्य का एक ही पैर है, अतएव उसे एकपाद् देव कहा गया है[१७६]। जब सूर्य-हस आकाशरूप मानसरोवर से उडने अर्थात् अस्त होने लगता है, तब भी वह अपने उस एक पैर को उठाता नहीं, किन्तु पूर्ववत् उसे जमाये हुए अक्षपरि-भ्रमण करता रहता है। अतएव पृथिवी के एक भाग में अस्त होने पर भी दूसरे भाग मे दृष्टिगत होता है[१७७]। यदि वह अपने पैर को सर्वथा उठा ले तब तो आज, कल, दिन, रात्रि, उषा कुछ भी न हो, सौर जगत् मे प्रलय हो जाए।

प्रहेलिकात्मक शैली के विचार का महत्त्व

असंगत प्रकरणों की व्याख्या मे सहायता

ऊपर जो वेदो की कतिपय पहेलिया प्रस्तुत की गयी है, उनसे स्पष्ट है कि इस शैली का वेदो मे महत्त्वपूर्ण स्थान है। अत वेदार्थ करते हुए इस शैली को ध्यान मे रखना अत्यन्त आवश्यक है। इसे ध्यान में रखने से वेदो के अनेक ऐसे वर्णन जो असगत से प्रतीत होते है, सगत, सुसबद्ध, अर्थपूर्ण, आकर्षक तथा मनोहारी दीखने लगते है। इस शैली का अनुसधान करने से हम इस परिणाम पर पहुचते है कि सर्वत्र मन्त्रो के स्थूल अर्थ को ही वास्तविक अर्थ समझ लेना युक्त नही है। वेदो मे बुद्धिपूर्वा वाक्यकृति है, यह वेद के सम्बन्ध मे ऋषि-महर्षियो का विचार रहा है[१७८]। अत यदि कही कोई असम्भव या बुद्धि-विरोधी वर्णन प्रतीत होता है, तो उसे ही अन्तिम अर्थ मान लेने से पूर्व यह विचार कर लेना आवश्यक है कि कही यहा प्रहेलिकात्मक शैली तो नही हैं। नीचे हम

---

१७४. हन्ति गच्छतीति हस जगत्प्राणभूतः सूर्य । सायण

१७५. प्राणः प्रजानामुदयत्येष सूर्यः । प्रश्न. १. ८

१७६. शं नो अज एकपाद् देवो अस्तु । ऋग् ७.३५.१३
तं सूर्यं देवम् अजम् एकपादम् । तै. ब्रा. ३. १ २ ८

१७७. द्रष्टव्य ऐ. ब्रा. ३.४४; गो ब्रा. उ. ४.१०

१७८. बुद्धिपूर्वा वाक्यकृतिर्वेदे । वैशेषिक ६.१.१

कुछ ऐसे प्रसग देंगे जिनका अभिप्राय भाष्यकारो ने इस शैली को ध्यान मे न रखने के कारण अन्यथा ही समझ लिया है ।

वृषभ तथा मेष को पकाने का आशय

ऋग्वेद १०म मण्डल के २७वें सूक्त मे इन्द्र आत्मस्तुति कर रहा है । इस प्रसग मे द्वितीय मन्त्र मे वृषभ को पकाने का तथा सत्रहवे मन्त्र मे मेषो को पकाने का वर्णन आया है । द्वितीय मन्त्र इस प्रकार है—

यदीदहं युधये संनयान्यदेवयून् तन्वा शूशुजानान् ।
अमा ते तुम्रं वृषभं पचानि तीव्रं सुतं पञ्चदशं निषिञ्चम् ॥

सायण ने इसे इन्द्र के पुत्र वसुक्र की उक्ति माना है और व्याख्या की है कि वसुक्र इन्द्र को कहता है कि मै तेरे लिए मोटे-ताजे बैल को पकाता हू[179] । पर वस्तुत प्रथम तथा अगले मन्त्रो के समान इसे इन्द्र की उक्ति मानना अधिक सगत है । इन्द्र कहता है — "यदि मै देवो की आराधना न करने वाले, शरीर से परिपुष्ट हुए शत्रुओं को युद्धार्थ रणभूमि मे लाता हू, तो साथ ही हे स्तोता तेरे लिए मैं स्थूल वृषभ को पकाता हू तथा उस वृषभ मे पन्द्रहवा तीव्र अभिषुत रस निषिक्त कर देता हू" । अधिदैवत पक्ष में ये शत्रु जिनसे इन्द्र युद्ध करता है, वृत्र या मेघ है, जिन्हे युद्ध मे पराजित कर वह भूमि पर बरसा देता है । वृत्रों के साथ इन्द्र का युद्ध प्रसिद्ध है । अपना दूसरा कार्य जो इन्द्र ने यहा वर्णित किया है, वृषभ को पकाना है । प्रश्न यह है कि यहा सायण के समान वृषभ को पकाने का अर्थ बैल पशु को पकाना ही गृहीत किया जाए, अथवा इसे पहेली मानकर किसी रहस्यार्थ के उद्घाटन का प्रयत्न किया जाए । विचार करने पर ज्ञात होता है कि वस्तुत. यह एक पहेली ही है । जिस सूक्त का यह मन्त्र है वह ऋग्वेद के प्रहेलिकात्मक सूक्तो मे से एक है तथा इसके अन्य कई मन्त्र भी पहेलीरूप ही है[180] । यहा वृषभ का अभिप्राय सोम (चन्द्रमा या सोमवल्ली) प्रतीत होता है । सायण ने भी ऋग्वेद के अनेक स्थलो मे वृषभ को सोमपरक स्वीकार किया है । नवम मण्डल मे ११ बार एकवचनान्त वृषभ शब्द आया है, जिसमे ९ स्थलो मे सायण ने सोम को ही वृषभ माना है ।[181] चन्द्रमा को पकाने या परिपक्व करने का अभिप्राय

---

१७९. तुम्रं प्रेरकं बलिनं, पीवानमित्यर्थः, वृषभं सेचनसमर्थं पुपशु पचानि । सायण

१८०. विशेषत : मन्त्र ११ से २४ तक

१८१ द्रष्टव्य: ९म मण्डल १९ ४, ७० ७, ७२.७; ७६.५; ८०.५, ८५.९; ९६.७, १०८ ८, ११ का सायण भाष्य ।

है उसे परिपूर्ण करना। कृष्णपक्ष मे क्षीण हुए चन्द्रमा को इन्द्र पुनः परिपक्व कर देता है। जब वह एक-एक कला बढते हुए चतुर्दशी के चाद तक पहुँच जाता है, तब उसमे पन्द्रहवां रस या पन्द्रहवी कला भी निषिक्त कर देता है और वह पूर्णिमा का परिपूर्ण चाद हो जाता है। सोमवल्ली अर्थ लेने पर भी ऐसी ही व्याख्या होगी, क्योंकि उस का भी चन्द्रमा से घनिष्ठ सम्बन्ध होता है और वह भी चन्द्रमा के क्षय के साथ क्षीण तथा उसकी परिपूर्णता के साथ परिपूर्ण होती है।[१८२]

सायणने १०।२८।१०,११ मे गोधा का अर्थ गोह न करके गायत्री किया है—'गमयति वर्णानिति गौर्वाक् तत्र निधीयमानत्वाद् गायत्री गोधा'। जब वेद की गोह गायत्री हो सकती है, तब बैल सोम हो इस मे आश्चर्य क्या? इसी सूक्त के ११ वे मन्त्र मे सायण ने 'सिम उक्षणोऽवसृष्टान् अदन्ति' मे बैल को खाना अर्थ न लेकर सोम-भक्षण अर्थ किया है। परन्तु ३य मन्त्र मे 'पचन्ति ते वृषभान्' मे वृषभ पकाने का अर्थ बैल पशु को पकाना लिया है, सोम को पकाना नही, जब कि द्वितीय चरण मे 'सुन्वन्ति सोमान्' स्पष्ट पठित भी है। २य मन्त्र मे वृषभ शब्द आया है, पर उसका अर्थ सायण ने 'कामनाओ का वर्षक इन्द्र' कर लिया है। इससे वेदव्याख्या मे सायण की अनिश्चयात्मकता स्पष्ट है।

इस प्रसंग मे उक्षा पृश्नि(श्वेत बैल)को पकाने की पूर्ववर्णित पहेली (ऋग् १ १६४ ४३) भी द्रष्टव्य है, जहा स्वय सायण ने उक्षा का अर्थ बैल न करके सोम अर्थ किया है (पृ० ५६—५८)। चतुर्थ अध्याय में व्याख्यात ऋग् १०.८६.१३,१४ की व्याख्या भी देखनी चाहिए, जहा इन्द्र के लिए पन्द्रह और बीस उक्षा (बैल) पकाने का वर्णन है।

१८२. यत् त्वा देव प्रपिबन्ति तत आप्यायसे पुनः, ऋग् १० ८५.५ की व्याख्या निरुक्त ११.४ मे सोमवल्ली तथा चन्द्रमा उभयपरक की है। इस सम्बन्ध मे सुश्रुत संहिता के निम्न श्लोक भी द्रष्टव्य हैं—

सर्वेषामेव सोमाना पत्राणि दश पञ्च च।
तानि शुक्ले च कृष्णे च जायन्ते निपतन्ति च॥
एकैकं जायते पत्रं सोमस्याहरहस्तदा।
शुक्लस्य पौर्णमास्या तु भवेत् पञ्चदशच्छदः॥
शीर्यते पत्रमेकैकं दिवसे दिवसे पुनः।
कृष्णपक्षक्षये चापि लता भवति केवला॥

सुश्रुत, चिकित्सित स्थान २९. २०—२२।

अब १७वें मन्त्र पर आते हैं–

पीवानं मेषमपचन्त वीरा न्युप्ता अक्षा अनु दीव आसन् ।
द्वा धनुं बृहतीमप्स्वन्त पवित्रवन्ता चरतः पुनन्ता ॥

सायण ने यहा यह अभिप्राय लिया हैं कि प्रजापति के पुत्र वीर अंगिरसो ने मेदोमासादियुक्त मेष पशु को इन्द्र के लिए पका कर पशुयाग किया।[183] पर वस्तुतः यह भी एक पहेली है, जिसका रहस्यार्थ इस प्रकार है। आकाश मे मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुम्भ, मीन ये बारह राशिया हैं। प्रस्तुत मन्त्र मे मेष तथा धनु राशि का वर्णन है। "वीरो ने स्थूल मेष को पकाया", यहा मेष मेषराशि का नक्षत्र-समूह ही प्रतीत होता है[184]। इसे पकाने या परिपक्व करने का अभिप्राय है आकाश मे इस रूप मे चमकाना कि हम उसे देख सके। जब पृथिवी अपने क्रान्तिवृत्त पर सूर्य की परिक्रमा करती हुई मेष राशि के तारापुंज के समुख आ जाती है, तब वह आकाश मे भासमान दिखाई देने लगता है। मन्त्र के द्वितीय चरण मे कहा है कि गगन मे छिटके तारे ऐसे प्रतीत होते थे मानो द्यूतफलक पर जुए के गोटे बिखरे हुए हो। मन्त्र का उत्तरार्ध धनु-राशि परक है। "पवित्रयुक्त (कुशाधारी) कोई दो विशाल धनु को जलो के अन्दर पवित्र करते हुए विचरते है।" ये दो है एक सूर्य, दूसरा चन्द्रमा। जलवाची अप् निघण्टु के अनुसार अन्तरिक्षवाची भी हैं[185]। धनु धनुराशि का नक्षत्र समूह है। सूर्य-चन्द्रमा पवित्रवान् है, क्योकि उनके पास शोधक रश्मिरूपी कुशाएं विद्यमान है।[186] तो अभिप्राय यह हुआ कि सूर्य-चन्द्रमा यथासमय आकाश में विशाल धनुराशि के तारापुंज को पवित्र करते या चमकाते है।

लुडविग तथा उसके अनुसर्ता ग्रिफिथ ने फिर भी इस मन्त्र की प्रहेलिकात्मकता को ध्यान से ओझल नही किया है तथा सायण के समान मेष को

---

१८३ वीरा प्रजापतेः पुत्रा अङ्गिरस पीवान स्थूल, मेदोमासादियुक्तमित्यर्थः, मेषम् अजम् अपचन्त प्रजापतिरूपस्येन्द्रस्यार्थाय पक्ववन्तोऽभवन्, पशुयाग कुर्वन्त इत्यर्थ । सायण

१८४. तिलक ने अपनी पुस्तक 'ओरायन' मे ऋग् १०.८६ की व्याख्या करते हुए उस सूक्त में आये मृग शब्द से मृगशीर्ष नक्षत्रपुंज अर्थ गृहीत किया है। इसी प्रकार मेष, धनु आदि शब्द इन नक्षत्रपुंजो के सूचक हो सकते है।

१८५. नि. १ १२

१८६ रश्मयः पवित्रमुच्यन्ते। निरु. ५.६।

पकाने का अभिप्राय मेष पशु को पका कर पशुयाग करना न लेकर विस्तीर्ण मेघ रूपी मेष को परिपक्व कर बरसाने का भाव लिया है।[१८७]

पशुओं की आहुति का आशय

अब एक अन्य मन्त्र को लेते है, जो ऋग्वेद तथा यजुर्वेद दोनो मे आया है।

यस्मिन्नश्वास ऋषभास उक्षणो वशा मेषा अवसृष्टास आहुताः।
कीलालपे सोमपृष्ठाय वेधसे हृदा मतिं जनये चारुमग्नये॥

ऋग् १० ९१. १४, यजु २० ७८

कात्यायन, सायण, उवट, महीधर आदि के अनुसार यह मन्त्र पशुयज्ञ मे अश्व, बैल, साड, वन्ध्या गौ तथा मेष पशुओ को काट-काट कर अग्नि मे उनकी आहुति देने का वर्णन करता है।[१८८] परन्तु वस्तुत यह भी एक पहेली है। ऋग्वेद मे जिस सूक्त मे यह मन्त्र आया है उसमे इससे पूर्व के मन्त्रो मे अग्नि अन्न, घृत तथा समिधा की हवि चाहता है या यजमान उसे इन की हवि देते है, ऐसा कई बार उल्लेख हुआ है।[१८९]

---

१८७ The falted wether· Perhaps, the swollen rain-cloud The dice· the stars Two. tho Sun and Moon These are Ludwig's suggestion –Griffith.

इस प्रसंग मे द्रष्टव्य· महिष मृग को पकाने की पहेली पृ. ६६ जहा सायण ने भी मृग पशु को पकाने का अभिप्राय न लेकर मृग के समान इतस्ततः दौडने वाले मेघ को वृष्ट्यभिमुख करने का भाव लिया है।

१८८. द्रष्टव्य का श्रौ सू १६ ६ २१। 'यस्मिन् अग्नौ उक्षण उक्षाणः सेचन-समर्था अश्वासः अश्वा. ऋषभास वृषभाश्च वशाः स्वभाववन्ध्याश्च मेषाश्च अवसृष्टास देवतार्थम् अवसृष्टा परित्यक्ता सन्तोऽश्वमेधे आहुता आभिमुख्येन हुता भवन्ति'–सायण। 'यस्मिन्नग्नौ अश्वास. ऋषभास उक्षण· वशा. मेषा अवसृष्टास अवदायावदाय चतुरवत्तेन निक्षिप्ता, आदायादाय हुता'–उवट। 'यस्मिन्नग्नौ एते पशव· अवसृष्टाः अवदायावदाय चतुरवत्तेन निक्षिप्ता, तथा आहुताः आदायादाय हुता'—महीधर।

१८९. मन्त्र १–इषयन् (अन्नमिच्छन्)। मत्र ४–योनिं · · घृतवन्तमासदः। मन्त्र ५–स्वय चिनुषे अन्नमास्ये। मन्त्र ७–अन्ना वेविषद्। मत्र ९–दधति प्रयासि (अन्नानि) ते। मत्र ११–तुभ्य · · समिधा दाशत्।

उसके साथ यह पशुओ की आहुति मेल नही खाती तथा प्रहेलिकात्मकता को सूचित करती है। पहेली मे जितना असभव तथा असबद्ध सा वर्णन हो उतना ही उसका प्रहेलिकात्मक रूप निखरता है। अतएव ऐसा वर्णन इस मन्त्र मे है। यहा 'अवसृष्टास' पद पर ध्यान देने से पहेली सुलझ जाती है। अग्नि मे इन पशुओ को काट कर हवन नही करना है, अपितु सार्वजनिक हित के लिए इनका दान या त्याग करना है। अग्नि को अर्पण करने का भाव यह है कि अब यह पशु अग्नि देवता का हो गया, मेरा नही रहा, एव सार्वजनिक हित के काम आयेगा। इस प्रसग मे शतपथ ब्राह्मण का पुरुषमेध-प्रकरण भी अवलोकनीय है। वहा विभिन्न पुरुषो का अग्नि मे होम नही किया जाता, किन्तु उन्हे केवल अग्नि के समीप लाकर छोड दिया जाता है[१९०]। ऋग्वेद मे पुरुष-सूक्त के ठीक बाद ही प्रस्तुत सूक्त है। यदि पुरुषमेध मे पुरुषो की हवि दी जानी अभिप्रेत नही है, तो यहा अश्व, ऋषभ आदि का हवि दिया जाना वेदाभिमत क्यो अगीकार किया जाए[१९१] ?

---

१९० अथ हैन वागभ्युवाद। पुरुष मा सतिष्ठिपो यदि सस्थापयिष्यसि पुरुष एव पुरुषमत्स्यतीति। तान् पर्यग्निकृतानेवोदसृजत्। तद्देवत्या आहुतीरजुहोत्। ताभिस्ता अप्रीणात्। ता एव प्रीता अप्रीणन् सर्वै: कामै.। शत. १३ ६. २

१९१ अग्नि मे इन पशुओ को आहुत करने का अभिप्राय इन्हें रक्षार्थ अग्नि को सौपना भी लिया जा सकता है। ऋग् ५. ६ १,२ मे कहा है कि अग्नि सबका निवासक तथा गृहवत् आश्रयभूत है, उसके पास धेनुए (धेनव), शीघ्रगामी घोडे (अर्वन्त रघुद्रुव') तथा सुजात स्तोतृजन (सुजातास. सूरय) आकर एकत्र होते है, अर्थात् वह इनका भी निवासक तथा आश्रयदाता है, न कि भक्षक। इन मन्त्रो का अर्थ सायण ने भी पश्वाहुतिपरक नही किया है अन्यथा क्या पशुओ के साथ स्तोतृजनो की भी आहुति दी जाती ? ऋग् ६.१६.४७ मे अग्नि को सम्बोधन कर कहा गया है कि हम ऋचा या स्तुति के साथ हृदय से सस्कृत हवि तुझे देते है, वे हविया तेरे लिए उक्षा, ऋषभ और वशा होवें। इससे प्रतीत होता है अग्नि में सचमुच के साड, बैल और गाय की आहुति न देकर हवियो की ही आहुति देनी अभिप्रेत है। ऋग् २.७.५ मे अग्नि को अष्टापदी वशाओ से आहुत कहा है। सायण ने अष्टापदी वशाओ का अभिप्राय लिया है गर्भिणी गौए। पर वस्तुत: वेद स्वयं इस पहेली का समाधान प्रस्तुत कर देता है, जब वह ऋग्०

साथ ही अग्नि का अर्थ यह पार्थिव अग्नि ही नही है, अपितु उत्तर ज्योतिया अर्थात् अन्तरिक्षस्थ विद्युत् एवं द्युलोकस्थ सूर्य भी अग्नि पद से वाच्य होते हैं[१६२]। द्युलोक की अग्नि में भी ये अश्व, ऋषभ, उक्षा आदि पशु प्रकृति ने आहुत करके आकाश मे छोड़े हुए हैं। ये अश्व आदि आकाश के तारासमूह-विशेष है। उच्चैःश्रवा नामक पौराणिक अश्व तथा नर-तुरग व्योम मे विहार करते है। 'अश्वासः' से इन तारासमूहो के तारे गृहीत हो सकते हैं। इसी प्रकार 'ऋषभासः', 'उक्षण' तथा 'वशा' से वृषराशि के तारे, एवं 'मेषाः' से मेषराशि के तारे अभिप्रेत होने सभव है। यह आकाशस्थ अग्नि 'कीलालपा' अर्थात् आकाश-गगा के प्रकाश-सलिल का पान करने वाली है। चन्द्रमा इसके पृष्ठ पर होने से यह सोमपृष्ठ है।

अध्यात्म मे आत्मा अग्नि[१६३] है। अध्यात्म-मार्ग का उन्मुख ऋषि कहता है कि मैं हृदय-सहित अपनी मति को उस आत्मा के प्रति प्रेरित करता हूँ, जो कीलालपा है अर्थात् दिव्य अमृतरस का पान किये हुए है, तथा सोमरस जिसकी धाराओ को वह शरीर की मन, बुद्धि, वाक्, प्राण, चक्षु श्रोत्र, आदि सब शक्तियो पर प्रवाहित करना चाहता है, जिसके पृष्ठ पर बहता है। उस आत्मा मे अश्व, ऋषभ आदि आहुत हैं इसका अभिप्राय यह है कि इनमे उपलक्षित अपनी सब शक्तियो का उपयोग आत्मा के प्रति समर्पण करते हुए ही करना चाहिए, इन्हें स्वतन्त्र रख कर नही। अश्व प्राण या शारीरिक बल की शक्तिया हैं, ऋषभ भारवाहिता की शक्तिया हैं, उक्षा सेचनशक्तियां है, वशा सौम्यता, माधुर्य, प्रेम एवं मातृत्व की शक्तिया है[१६४], मेष आच्छादन की शक्तिया हैं।

८.७७.१२ मे वाणी को अष्टापदी कहता है—वाचमष्टापदीमहम्।

१६२ स न मन्येत अयमेवाग्निरिति, अप्येते उत्तरे ज्योतिषी अग्नी उच्येते। निरु. ७. १७

१६३. आत्मा वा अग्नि। शत. ७. ३. १. २

१६४. ये शक्तियां वशा को दोग्ध्री गौ मान कर गृहीत की गयी हैं, सायण के समान वन्ध्या गौ मानकर नहीं। जैसा 'वैदिक इण्डैक्स' मे इस शब्द पर लिखित है, वन्ध्या गौ के लिए यह बहुत कम प्रयुक्त हुआ है। अधिकतर यह दोग्ध्री गौ के लिए आया है, यहाँ तक कि अथर्व १०.१० में तो इसे सहस्रधारा (मन्त्र ४) कहा है, तथा लिखा है कि साध्य और वसुगण इसके दूध को पीकर उसकी प्रशंसा करते नही थकते (मन्त्र ३१)।

अश्वमेध तथा अजमेध

अन्य भी वेदों के ऐसे अनेक प्रसग हैं, जिनकी व्याख्या प्रहेलिकात्मक शैली को ध्यान मे रखते हुए ही की जानी चाहिए। उदाहरणार्थ, ऋग्वेद का अश्वमेध-प्रकरण लिया जा सकता हे, जो यद्यपि वस्तुत: प्रहेलिकात्मक है, परन्तु दुर्भाग्य से भाष्यकारो का ध्यान उसके प्रहेलिकात्मक रूप पर नही गया है। यह है प्रथम मण्डल का १६२ वा सूक्त, जिसकी कर्मकाण्डपरक व्याख्या के अनुसार अश्व को काट कर तथा पका कर अग्नि मे आहुति दी जाती है। वस्तुत: यहा १६१ से १६४ तक चारो सूक्त प्रहेलिकात्मक हैं। १६१ वें सूक्त में ऋभुओं के चमत्कारो की पहेलिया है। सूक्त १६२ तथा १६३ मे अश्व की पहेली है। १२४ वा वह प्रसिद्ध अस्यवामीय सूक्त है, जिसकी कई पहेलियो पर हम इसी अध्याय मे विचार कर चुके है। आश्चर्य का विषय है कि १६१ वें तथा १६४ वें सूक्त की प्रहेलिकात्मकता की ओर तो भाष्यकारो का ध्यान गया, परन्तु मध्य के १६२-६३ सूक्तों की व्याख्या अश्व पशु को काटने तथा पकाने परक ही की जाती रही है[१६५]।

वेद मे अग्नि, पर्जन्य, सोम, आदित्य आदि को अश्व कहा गया[१६६] है। ब्रह्म, आत्मा, प्राण, राष्ट्रपति आदि के लिए भी अश्व प्रयुक्त हुआ है, क्योकि ये ब्रह्माण्ड, शरीर, राष्ट्र आदि रथो को वहन करते हैं। इन अर्थों को दृष्टि में रख कर ही अश्वमेध की पहेली का समाधान किया जाना चाहिये[१६७]। यथा, अधिदैवत पक्ष में सवत्सर का सचालन ही अश्वमेध यज्ञ है। सूर्यमण्डल अश्व का सिर है, मेघ उदर है। उत्तरायण काल इस अश्व के परिपुष्ट होने का समय है, दक्षिणायनकाल काट कर उत्सर्ग किये जाने का। वर्षाऋतु में इस अश्व का मेघ रूपी उदर काटा जाता है। उसका आकाश में वन्धन तथा

---

१६५. स्वामी दयानन्द ने ऋग्वेद तथा यजुर्वेद के अश्वमेध-प्रकरणो की प्रचलित व्याख्या से भिन्न व्याख्या की है।

१६६ यथा, अग्नि—ऋग् १०.१८८. १। पर्जन्य—ऋग् ५ ८३.६। सोम—ऋग् ९ ८९.४। आदित्य—ऋग् ७.७७ ३।

१६७. एष वा अश्वमेधो य एष (सूर्य:) तपति, शत. १०. ६. ५ ८। एष एवाश्वमेधो यश्चन्द्रमा:, शत. ११. २. ५. १। राष्ट्रं वा अश्वमेध: शत. १३. १. ६. ५। "राष्ट्रपालनमेव क्षत्रियाणामश्वमेधाख्यो यज्ञो भवति नाश्वं हत्वा तदङ्गाना होमकरण चेति" दयानन्द, ऋ. भा. भू. राजप्रजाधर्म विषय।

विशसन करने वाले मरुद् हैं, जो विद्युत् रूपी छुरियो से उसे काटते हैं। जिसमे उसके अगो को पकाया जाता है वह हाडी (मास्पचनी उखा) अन्तरिक्ष है। अध्यात्म दृष्टि से मनुष्य का आत्मा अश्व है। उसे भी काटने तथा पकाने की आवश्यकता होती है। कष्ट तथा तपस्या का जीवन यापन कराना ही उसे काटना है। पशुता से हटा कर परिपक्व करना ही पकाना है। परिपक्व करके उसे देवार्पण करना होता है।

बृहदारण्यक उपनिषद् के अनुसार तो अश्वमेध का यह अश्व और भी विशाल हैं। उषा मेध्य अश्व का सिर है, सूर्य चक्षु है, वायु प्राण है, वैश्वानर-अग्नि खुला हुआ मुख है, सवत्सर आत्मा है, द्यौ पृष्ठ है, अन्तरिक्ष पेट है, पृथिवी खुर हैं, दिशाए पार्श्व है, अवान्तर दिशाए पसलिया हैं, ऋतुए अग हैं, मास और अर्धमास सधिस्थल हैं, अहोरात्र पैर हैं, नक्षत्र अस्थिया हैं, मेघ मास है, बालुकाकण अधपचा भोजन है, नदिया गुदा है, पर्वत यकृत् तथा क्लोम हैं, ओषधि-वनस्पतिया लोम है, उदयवेला पूर्वार्ध है, अस्तमनवेला उत्तरार्ध है, विद्युत् चमकना जभाई लेना है, गर्जना अग कपाना है, वर्षण मूत्रत्याग है, वाणी हिनहिनाना है[१६८]।

वेद स्वय भी १६३ वे सूक्त मे अश्वमेध के इस अश्व का अता-पता देते हुए कहता है—

"हे अश्व, प्रथम उत्पन्न होकर समुद्र अथवा जल से ऊपर उठ कर जब तूने क्रन्दन किया तब तू ऐसे उडा, मानो श्येन के पख तुझमें आकर लग गये हो। तूने ऐसी कुदकड़ी भरी, मानो हरिण की बाहुए (अगले पैर) तुझे मिल गयी हों। तेरा यह रूप बड़ा स्तुत्य था (मन्त्र १)[१६६]। यम से दिये हुए इसे त्रित ने बाधा, श्रेष्ठ इन्द्र इसका अधिष्ठाता बना। गन्धर्व ने इसकी रस्सी पकड़ी। हे वसुओ, तुमने सूर्य में से इसे निकाला है (मन्त्र २)। हे अश्व, अपने गुह्य व्रत से तू यम हैं, तू आदित्य है, तू त्रित है, तू सोम के साथ सपृक्त है। द्यौ मे तेरे तीन बन्धन है, ऐसा कहते हैं (मन्त्र ३)। हे अश्व, तेरे तीन बन्धन द्युलोक में है, तीन बन्धन अन्तरिक्ष मे है, तीन बन्धन समुद्र में हैं (मन्त्र ४)। नोचे से ऊपर द्युलोक की ओर उड़ते हुए पक्षी-तुल्य तेरे आत्मा को मैंने मन से जान लिया है। रेणुरहित सुगम गगन-मार्गो मे खग के समान गति करने वाले तेरे सिर को भी मैंने देख लिया है (मन्त्र ६)। हे अश्व, भूतल पर

१६८. बृ. उ. १, १, १

१६६. The Sacrificial Horse is here identified with the Sun in the Ocean of air.—Griffith.

अन्नोत्पत्ति के लिए पहुचने की इच्छा करने वाले तेरे रूप को मैंने बहुत उत्तम समझा है। जब मनुष्य तेरे दिये भोग ओषधि-वनस्पतियो को प्राप्त करता है, तब आनन्द से उन्हे खूब खाता है (मन्त्र ७)। हे अश्व, तेरे अनुकूल होने पर ही रथ चलता है, तेरे अनुकूल होने पर ही मनुष्य की जीवन-यात्रा चलती है, तेरे अनुकूल होने पर ही गौओ का निर्वाह होता है, तेरे अनुकूल होने पर ही कन्याओ में वर्चस्व आता है। सभी प्राणी तेरा सख्य चाहते हैं। सब देव तेरी अनुकूलता मे ही बल पाते हैं (मन्त्र ८)। हे अश्व, सोने के तेरे सींग हैं, लोहे के तेरे पैर हैं, तू मन के समान वेगवान् है, इन्द्र भी तेरे आगे तुच्छ है (मन्त्र ९)। जब ये अश्व आकाशमार्ग मे उडते है, तब ऐसा प्रतीत होता है मानो श्रेणिबद्ध होकर हस उड रहे हैं (मन्त्र १०)। हे अश्व, तेरा शरीर उडने वाला है, तेरा चित्त वायु के समान वेगवान् है। तेरे शृ ग चारो और स्थित हैं, वे टूट-टूट कर अरण्यो मे गिर जाते है (मन्त्र ११)।"

अश्वमेध की पहेली का हल खोजते हुए प्रहेलिकाकार के स्वय दिये हुए ये सकेत किसी भी प्रकार उपेक्षणीय नही हो सकते। क्या अश्व पशु के पक्ष में ये चरितार्थ होते है ?

इस पहेली का एक हल हम गगन-प्रागण के तारासमूह मे भी पा सकते है। गगन मे उच्चैःश्रवा नाम का एक तारासमूह है। वह आजकल शरद् मे पूर्व दिशा में उदित हो, समुद्र से उठकर, क्रमशः ऊपर चढता है, फिर नीचे उतरता है और शिशिर के अन्त मे अस्त हो पश्चिम क्षितिज मे नीचे चला जाता है। इस यात्रा मे यह अश्व प्रारम्भ में मुख ऊपर उठा, अगले पैरो को ऊपर उछाल, पिछले दो पैरो के बल खडा हो निक्रमण करता प्रतीत होता है, अगली ऋतु मे सीधा चारो पैरो के बल खड़ा हो जाता है, तीसरी ऋतु मे मुख नीचे कर पानी पीता एव घास खाता हुआ सा दृष्टिगोचर होता है। निम्न रेखाचित्रो से इन अवस्थाओं का कुछ अनुमान होता है। इन्ही स्थितियो का वर्णन सूक्त १६२ मे किया[२००] गया है। अस्त होना ही इस अश्व का काटा जाना है। पश्चिम क्षितिज के नीचे चले जाने के पश्चात् फिर अगली तीन ऋतुओ में इसके दर्शन नही होते। तब वह देवों को अर्पित किया जा रहा होता है। मन्त्र २१ में कहा है कि यह

---

२००. निक्रमणं निषदनं विवर्तनं यच्च पड्वीशमर्वतः। यच्च पपौ यच्च घासिं जघास सर्वा ता ते अपि देवेष्वस्तु ॥ ऋग् १ १६२. १४

उच्चैःश्रवा अश्व की तीन स्थितिया
१ शरद् निक्रमणम् २ हेमन्त निषदनम्
३ शिशिर पपौ, घासि जघास

अश्व काटा जाकर भी मरता[201] नही। सचमुच ही ऐसी बात है, क्योंकि आगे ६ मास के अनन्तर यह पुन आकाश में उदित दिखायी देता है।

अश्वमेध की पहेली की व्याख्या के सम्बन्ध मे ऊपर जो कुछ लिखा गया है, वह संकेतमात्र है। क्रमश प्रत्येक मन्त्र को लेकर विस्तृत व्याख्या करना इस निबन्ध का क्षेत्र नही है। प्रथम ऋग्वेद के, तदनन्तर यजुर्वेद के भी अश्वमेध-प्रकरण की प्रहेलिकात्मक रूप मे उपर्युक्त पद्धति से क्रमिक सांगोपांग व्याख्या कर सकना एक कठिन कार्य अवश्य है, तो भी इसमें सन्देह नही कि ये प्रसंग हैं पूर्णतः प्रहेलिकारूप ही। जैसा हमने ऊपर संकेत किया है, वेद स्वयं इनके प्रहेलिकात्मक होने की घोषणा करते हैं।

अश्वमेध की ही कोटि के अथर्ववेद के अजमेध-प्रकरण हैं[202]। यहां भी बकरे को पका कर स्वर्ग भेजना अभिप्राय नही है, किन्तु अज मनुष्य का

---

२०१. व वा उ एतन्म्रियसे न रिष्यसि देवां इदेषि पथिभिः सुगेभिः। ऋग् १. १६२. २१

२०२. अथर्व ४. १४; ६, ५

आत्मा[203] है, जिसे परिपक्व करना है, क्योंकि अपरिपक्व आत्मा स्वर्ग या मोक्ष का अधिकारी नहीं हो सकता[204]। इन प्रसंगों की प्रहेलिकात्मकता सूचित करने वाले संकेत स्वय इन्ही सूक्तों में उपलब्ध हो जाते है।

देवों के स्वरूप-निर्णय में सहायता

वेदो की व्याख्या में प्रहेलिकात्मक शैली पर ध्यान देने से वैदिक देवताओ के स्वरूप-निर्णय में भी पर्याप्त सहायता मिलती है। उदाहरणार्थ, हम ऋभु देवताओ को लेते हैं। ऋभुओ की पहेलिया या ऋभुओ के प्रमुख चमत्कार, जो ऋग्वेद मे वर्णित किये गये है, उनमे से एक है मृत गौ के चर्म से पुन जीवित गौ बना देना तथा उसे बछडे से युक्त कर देना।

निश्चर्मण ऋभवो गामपिंशत,
सं वत्सेनासृजता मातरं पुनः। ऋग् १ ११०. ८

सायण ने तो यहा निम्न कथा देकर छुट्टी पा ली है—'पहले कभी किसी ऋषि की गौ मृत हो गयी थी। ऋषि ने उसके वत्स को देख ऋभुओ की स्तुति की। ऋभुओ ने उस गौ के सदृश दूसरी गौ बना कर उसके ऊपर मृत गौ का चर्म चढा दिया और वत्स से उमे युक्त कर दिया[205]।' पर यदि हम इसकी प्रहेलिकात्मकता को समझेंगे तो पहेली सुलझाने का भी प्रयत्न करेंगे।

अधिदैवत दृष्टि से गौ भूमि है, चर्म वृष्ट्यभाव से शुष्क भूमि का पृष्ठ है। अनावृष्टि के कारण वह भूमि मृततुल्य होकर चर्मावशेष रह गयी है। वत्स उगा हुआ वृक्ष है। वह अपनी माता भूमि का जल रूपी दूध न मिलने से कुम्हलाया जा रहा है।

---

२०३. अज का आत्मा अर्थ वैदिक साहित्य मे प्रसिद्ध है। अज का योगार्थ है 'जन्म न लेने वाला'। शरीर जन्म लेता है, उसमे रहने वाला आत्मा अजन्मा होने से 'अज' है। द्रष्टव्य: ऋग् १०. १६. ४ तथा उसका सायणभाष्य; श्वेता. ४. ५; अज की पहेली ऋग् १. १६४.६।

२०४. इन प्रकरणों की आत्मपरक विस्तृत व्याख्या के लिए द्रष्टव्य अथर्व वेदभाष्य—सातवलेकर।

२०५. पुरा कस्यचिद् ऋषेर्धेनुर्मृता, स ऋषिस्तस्या धेनोर्वत्स दृष्ट्वा ऋभूंस्तुष्टाव, ऋभवस्तत्सदृशीमन्यां धेनुं कृत्वा तदीयेन चर्मणा संवीय तेन वत्सेन समयोजयन्। सायण.

ऋभु सूर्य-किरणें है, जो वर्षा से उस गौ को पुनरुज्जीवित कर देती है, तथा वृक्ष रूपी वत्स उसका दूध पीने लगता हे।[२०६]

अधिभूत में गौ सरस्वती या वेदमाता है। वाक् उसका चर्म है, अर्थ दूध है। योग्य गुरु के अभाव मे वह सरस्वती चर्मविशेष रह गयी है। शिष्य वत्स है, जो अर्थ रूपी दूध न मिलने से व्याकुल हो रहा है।[२०७] योग्य गुरु रूप सूर्य की उपदेश रूप किरणे माता सरस्वती को पुन अर्थ से भरपूर दोग्ध्री गौ बना देती हैं, जिससे शिष्य उसका स्तन्यपान करने लगता है।[२०८]

अथवा सचमुच की गाय ही गौ है। वह रोगादि के कारण चर्मविशेष या मृतप्राय हो गयी है, जिससे उसका दूध सूख गया है। ऋभु मेधावी लोग हैं,[२०९] जो उसकी यथायोग्य चिकित्सा कर उसे स्वस्थ एवं दुधारु बना बछड़े से जोड़ देते हैं।

अध्यात्म मे मनुष्य की बुद्धि गौ है।[२१०] वह आत्मज्ञान की वर्षा न मिलने से दयनीय तथा मृततुल्य हो रही है। आत्मसूर्य की प्रकाश-रश्मिया बुद्धि को पुनः सजीव कर देती हैं, जिससे मन-रूप वत्स दूध प्राप्त करने लगता हे।

इभी प्रकार जादू से एक चमस के चार चमस कर देना, वृद्ध माता-पिता को युवा कर देना आदि ऋभुओ की अन्य पहेलियो[२११] तथा अश्विनौ प्रभृति इतर देवो की पहेलियो के व्याख्यान से उन-उन देवो के स्वरूप का स्पष्टीकरण हो सकता है।

---

२०६. A skin. Perhaps the dried earth. A cow. The earth refreshed by the rains. The Mother : The earth. Her calf The autumn Sun.-Griffith
आदित्यरश्मयोऽपि ऋभव उच्यन्ते। निरु.११.१४

२०७ "गौ. श्रुति। वत्स पुत्रभावमापन्न शिष्यम्।" अस्यवामीय सूक्त, ऋग्, १.१६४, मन्त्र २८ का आत्मानन्दकृत भाष्य।

२०८. तुलनीय. यस्ते स्तनः शशयो यो मयोभूर्येन विश्वा पुष्यसि वार्याणि।
यो रत्नधा वसुविद् यः सुदत्रः सरस्वति तमिह धातवे कः॥
ऋग् १.१६४.४९

२०९. ऋभुः मेधावी, नि. ३.१५

२१०. "बुद्धिस्वरूपिणी धेनुम्।" अस्यवामीयसूक्त, ऋग् १. १६.४, मन्त्र ४० का आत्मानन्दकृत भाष्य।

२११. ऋभुओ की अन्य पहेलियों की व्याख्या के लिए द्रष्टव्य . ऋभुदेवता, भगवद्दत्त वेदालकार।

इतने विवेचन से हमारे विचार मे वैदिक पहेलियो का स्वरूप तथा वेद में प्रहेलिकात्मक शैली के विचार का महत्त्व स्पष्ट हो गया है, यद्यपि इस अध्याय मे अन्य भी अनेक वैदिक प्रकरणों पर विचार किया जा सकता था। वेदों के अधिकतर वर्णन प्रहेलिकात्मक होने से अगले अध्यायों मे भी, यद्यपि वे इतर शैलियों को लेकर लिखे गये हैं, इस शैली के उदाहरण हमारे समुख आयेंगे।

तृतीय अध्याय

आत्मकथात्मक शैली

अब हम वेदों की आत्मकथात्मक शैली पर विचार करेंगे। इस शैली में कोई देव, मनुष्य आदि अपनी कथा स्वयं वर्णित करता है। उसमे उज्ज्वल पक्ष तथा कृष्ण पक्ष दोनो हो सकते हैं। उज्ज्वल पक्ष मे वह आत्मप्रशस्ति, अपने गौरवगीत, अपने महत्त्वपूर्ण कार्य, आत्मविजयोल्लास, अपनी उमंग, अपनी महत्त्वाकांक्षा आदि का वर्णन करता है। कृष्ण पक्ष में वह अपनी हीन दशा पर परिदेवन करता है। वेदो में इस शैली का प्रचुर प्रयोग मिलता है। कुछ प्रसग यहां प्रस्तुत किये जाते हैं।

इन्द्र की आत्म-स्तुतियां

प्रथम आत्मस्तुति

ऋग् ४.२६ मे इन्द्र निम्न प्रकार आत्मस्तुति करता है—

अहं मनुरभवं सूर्यश्चाहं कक्षीवाँ ऋषिरस्मि विप्रः।
अहं कुत्समार्जुनेयं न्यृञ्जेऽहं कविरुशना पश्यता मा॥१॥
अहं भूमिमददामार्यायाहं वृष्टिं दाशुषे मर्त्याय।
अहमपो अनयं वावशाना मम देवासो अनु केतमायन्॥२॥
अहं पुरो मन्दसानो व्यैरं नव साकं नवतीः शम्बरस्य।
शततमं वेश्यं सर्वताता दिवोदासमतिथिग्वं यदावम्॥३॥

मैं ही मनु हूं और सूर्य हूँ। मे ही कक्षीवान्, ऋषि तथा विप्र हूँ। मैं ही अर्जुनी के पुत्र कुत्स को नितरा अलकृत करता हूँ। मैं ही कवि तथा उशनस् हूं। हे मनुष्यो, मुझे देखो (मन्त्र १)[1]। मैंने ही आर्य को भूमि प्रदान की है। मैंने ही दानी मर्त्य को वृष्टि प्रदान की है। मैंने ही शब्द करती हुई नदिया बहायी हैं। सब देव मेरे ही सकल्प के अनुसार चलते है (मन्त्र २)। मैंने

---

[1] ऐतिहासिक पक्षानुसार मनु आदि व्यक्तिवाचक नाम हैं। यौगिक पक्ष में इनके निम्न अर्थ होंगे। मनु=सर्वज्ञ प्रजापति, 'सर्वस्य मन्ता प्रजापतिः,' सायण। सूर्य=सूर्यवत् प्रकाशक, 'सूर्यः सूर्य इव प्रकाशकः', दयानन्द। कक्षीवान्=कटिबद्ध, 'कक्षीवान् कक्ष्यावान्', निरु. ६.१०,। ऋषि=द्रष्टा, 'ऋषिर्दर्शनात्,' निरु.२ ११। विप्र=मेधावी, नि. ३.१५। कवि=क्रान्तदर्शी, निरु. १२.१२। उशनस्=सर्वहितेच्छु 'उशनाः सर्वहितं कामयमानः', दयानन्द।

सोमपान से आनन्दित होकर शम्बर की एकसाथ निन्यानवे पुरियों को विध्वस्त कर दिया। युद्ध में अतिथिग्व दिवोदास की जब मैंने रक्षा की तब सौवीं पुरी उसे निवास के लिए दे दी (मन्त्र ३)।

द्वितीय आत्मस्तुति

ऋग् १०.२७ मे इन्द्र वसुक्र को अपनी महिमा बता रहा है—

असत् सु मे जरितः साभिवेगो यत् सुन्वते यजमानाय शिक्षम्।
अनाशीर्दामहमस्मि प्रहन्ता सत्यध्वृतं वृजिनायन्तमाभुम् ॥१॥
यदीदहं युधये संनयान्यदेवयून् तन्वा शूशुजानान्।
अमा ते तुम्रं वृषभं पचानि तीव्रं सुतं पञ्चदशं निषिञ्चम् ॥२॥
नाहं तं वेद य इति ब्रवीत्यदेवयून्त्समरणे जघन्वान्।
यदावाख्यत् समरणमृघावदादिद्ध मे वृषभा प्र ब्रुवन्ति ॥३॥
यदज्ञातेषु वृजनेष्वासं विश्वे सतो मघवानो म आसन्।
जिनामि वेत् क्षेम आ सन्तमाभुं प्र तं क्षिणां पर्वते पादगृह्य ॥४॥
न वा उ मां वृजने वारयन्ते न पर्वतासो यदहं मनस्ये।
मम स्वनात् कृधुकर्णो भयात एवेदनु द्यून् किरणः समेजात् ॥५॥
दर्शं न्वत्र शृतपाँ अनिन्द्रान् बाहुक्षदः शरवे पत्यमानान्।
घृषुं वा ये निनिदुः सखायमध्यू न्वेषु पवयो ववृत्युः ॥६॥
अत्रेदु मे मंससे सत्यमुक्तं द्विपाच्च यच्चतुष्पात् संसृजानि।
स्त्रीभिर्यो अत्र वृषणं पृतन्यादयुद्धो अस्य वि भजानि वेदः ॥१०॥

हे स्तोता, मेरा यह स्वभाव है कि मैं सोमयाग के अनुष्ठाता यजमान को अभिलषित फल प्रदान करता हूँ। जो दूसरों को आशीर्वाद नही देते उनका मैं प्रहन्ता हूँ। सत्य का उच्छेद करने वाले पापेच्छु का भी मै विनाशक हूँ (मन्त्र १)। देवयजन न करने वाले, प्रत्युत केवल शरीर के प्रसाधन मे प्रवृत्त रहने वालों को मैं युद्ध का पात्र बनाता हूँ। साथ ही मैं हृष्टपुष्ट वृषभ को परिपक्व करता हूँ, तथा उसमे पन्द्रहवी सोम की कला निषिक्त कर देता हूँ (मन्त्र २)[२]। अपने अतिरिक्त मुझे ऐसा कोई व्यक्ति नहीं मिला जो यह कह सके कि मैंने युद्ध में देवद्वेषियों का ही वध किया है। जब कोई हिंसामय संग्राम की मुझे सूचना देता है, तब मेरे वीरतापूर्ण कार्यों की सब प्रशंसा करते है (मन्त्र ३)। जब अपरिज्ञात संग्रामों में मैं प्रवृत्त होता हूँ, तब धन-धान्यादि से युक्त समस्त जन सहायतार्थ मेरे समीप आ जाते हैं। जगत्-कल्याण के निमित्त मैं महान् शत्रु का वध कर देता हूँ, उसे पैरों से पकड़ कर पर्वत पर दे मारता

---

२. इस मन्त्र की व्याख्या के लिए देखिये, पृ० ८६।

हूँ (मन्त्र ४)। युद्ध में मुझे रोकने वाला कोई नहीं है। जो कुछ करने का मैं संकल्प कर लेता हूं, उसमें पर्वत भी रुकावट नही डाल सकते। मेरे सिंहनाद से बधिर भी भयभीत हो उठता है। मेरे ही शासन मे प्रतिदिन किरणों वाला सूर्य गति करता है (मन्त्र ५)। जो लोग मुझ इन्द्र मे विश्वास नहीं लाते, जो देवार्थ परिपक्व हवियो को छीन कर पी जाते हैं, जो बाहुओं पर ताल ठोकते हुए हिंसा के लिए वेगपूर्वक आते हैं, उन्हे मैं देख लेता हूँ। जो मुझ महान् सखा की निन्दा करते हैं उनके ऊपर मेरे वज्र गिरते है (मन्त्र६)। मैंने यहाँ जो कुछ कहा है वह सत्य है, निश्चय जानो। जो द्विपात्, और चतुष्पात् है, उस सबकी मैं सृष्टि करता हूँ। जो स्त्रियों से बलवान् को युद्ध करने के लिए भेजता है, उसका धन बिना युद्ध के ही हर कर मैं दूसरो मे विभक्त कर देता हूँ (मन्त्र १०)।

तृतीय आत्मस्तुति

ऋग् १०.४८ मे इन्द्र निम्न प्रकार आत्म-परिचय देता है—

अहं भुवं वसुनः पूर्व्यस्पतिरहं धनानि संजयामि शश्वतः ।
मां हवन्ते पितरं न जन्तवोऽहं दाशुषे विभजामि भोजनम् ॥१॥
अहमिन्द्रो रोधो वक्षो अथर्वणस्त्रिताय गा अजनयमहेरधि ।
अहं दस्युभ्यः परि नृम्णमा ददे गोत्रा शिक्षन् दधीचे मातरिश्वने ॥२॥
मह्यं त्वष्टा वज्रमतक्षदायसं मयि देवासोऽवृजन्नपि क्रतुम् ।
ममानीकं सूर्यस्येव दुष्टरं मामार्यन्ति कृतेन कर्त्वेन च ॥३॥
अहमेतं गव्ययमश्व्यं पशुं पुरीषिणं सायकेना हिरण्ययम् ।
पुरू सहस्रा नि शिशामि दाशुषे यन्मा सोमास उक्थिनो अमन्दिषुः ॥४॥
अहमिन्द्रो न परा जिग्य इद्धनं न मृत्यवेऽव तस्थे कदाचन ।
सोममिन्मा सुन्वन्तो याचता वसु न मे पूरवः सख्ये रिषाथन ॥५॥
अहमेताञ्छाश्वसतो द्वा द्वेन्द्रं ये वज्रं युधयेऽकृण्वत ।
आह्वयमानाँ अव हन्मनाहनं दृळ्हा वदन्ननमस्युर्नमस्विनः ॥६॥
अभीदमेकमेको अस्मि निष्षाळभी द्वा किमु त्रयः करन्ति ।
खले न पर्षान् प्रति हन्मि भूरि किं मा निन्दन्ति शत्रवोऽनिन्द्राः ॥७॥
अहं गुङ्गुभ्यो अतिथिग्वमिष्करमिषं न वृत्रतुरं विक्षु धारयम् ।
यत् पर्णयघ्न उत वा करञ्जहे प्राहं महे वृत्रहत्ये अशुश्रवि ॥८॥
प्र मे नमी साप्य इषे भुजे भूद् गवामेषे सख्या कृणुत द्विता ।
दिद्युं यदस्य समिथेषु मंहयमादिदेनं शंस्यमुक्थ्यं करम् ॥९॥
प्र नेमस्मिन् ददृशे सोमो अन्तर्गोपा नेममाविरस्था कृणोति ।
स तिग्मशृङ्गं वृषभं युयुत्सन् द्रुहस्तस्थौ बहुले बद्धो अन्तः ॥१०॥

आदित्यानां वसूनां रुद्रियाणां देवो देवानां न मिनामि धाम ।
ते मा भद्राय शवसे ततक्षुरपराजितमस्तृतमषाळ्हम् ॥११॥

मैं ही धन का मुख्य अधिपति हूँ, मैं सदा ही शत्रु के धनो को जीत लेता हूँ। मुझे ही सब जन्तु पिता के समान पुकारते हैं। मैं ही दानी को भोजन बाटता हूँ (मन्त्र १)। मैं इन्द्र हूँ, मैं ही अथर्वा की छाती को युद्ध मे पराङ्मुख होने से रोकने वाला हूँ।[३] मै ही त्रित के लिए मेघावरण मे से गौओं को प्रकट करता हूँ।[४] मै दस्युओ से धन व बल छीन लेता हूँ। मैं ही दध्यङ् और मातरिश्वा के लिए गौओं के आरोधक को दण्डित करता हूँ (मन्त्र २)। मेरे लिए ही त्वष्टा ने लोह वज्र का निर्माण किया था। मुझ मे ही देवगण अपने-अपने कर्म को समर्पित करते है। मेरा स्वरूप सूर्य के समान दुस्तर है। कृत तथा करिष्यमाण कर्म से सब जन मुझे ही प्राप्त होते है (मन्त्र ३)। मैं इस गोसमूह को, अश्वसमूह को तथा दुग्धामृत देने वाले अन्य हिरण्यालंकार-धारी पशुओ को अपने वज्र द्वारा बहुत अधिक सहस्रो की संख्या मे आत्म-समर्पक भक्त के लिए दिलवा देता हूँ, क्योकि उसके मन्त्रपाठयुक्त सोमरस मुझे तृप्ति प्रदान करते है (मन्त्र ४)। मै इन्द्र हूँ, मन को कभी हार नहीं सकता, मैं कभी मृत्यु का भाजन नही बनता। हे मनुष्यो, सोमसवन करते हुए ही मुझमे धन की याचना करो, तुम मेरे सख्य मे विनाश को प्राप्त नही होगे (मन्त्र ५)। ये जो दो-दो मिलकर मुझ वज्रधारी इन्द्र को युद्ध के लिए बाध्य करते हैं, उन प्रबल, सास लेने वाले, ललकारने वाले, किन्तु अन्तत

---

३. अथर्वा=अविचल-वीर। अथर्वाणोऽथर्वणवन्त:, थर्वतिश्चरतिकर्मा तत्प्रति-षेध:, निरु. ११.१७। सायण ने 'रोधो वक्षो अथर्वण' का निम्न इतिहास-परक अर्थ किया है—"मै ही, (अथर्वण) अथर्वा के पुत्र दध्यङ् का, (वक्ष:) सिर, (रोध.) काटने वाला हूँ। अथर्वा के पुत्र दध्यङ् को इन्द्र ने कहा था कि तुम मधुविद्या किसी को न सिखाना, अन्यथा तुम्हारा सिर काट दूंगा। पर दध्यङ् ने अश्विदेवों को मधुविद्या सिखा दी, अत: इन्द्र ने उसका सिर काट डाला।"

४. त्रिताय गा अजनयम् अहे: अधि। त्रित है आत्मिक, मानसिक, शारीरिक तीनो दृष्टियों से समृद्ध मनुष्य। वह दुर्भाग्य से कूप-पतित अर्थात् दुर्गति को प्राप्त हो जाता है, उसके सम्मुख अविवेक का आवरण छा जाता है। उस अवस्था में इन्द्र उसे ज्ञान-प्रकाश की किरणें प्रदान करता है। कूपपतित त्रित की पुकार के लिए द्रष्टव्य: ऋग् १.१०५.८ तथा निरु. ४.६।

झुक जाने वाले शत्रुओं को कभी न झुकने वाला मैं दृढ़ वचन बोलता हुआ वज्र से मार गिराता हूँ (मन्त्र ६)। मैं अकेला ही इस एक अद्वितीय शत्रु को परास्त कर सकता हूँ, दो को भी परास्त कर सकता हूँ, तीन भी मेरा क्या बिगाड़ सकते हैं। खलिहान मे पूलों के समान बहुत से शत्रुओं को मैं कुचल डालता हूँ। मुझ इन्द्र को न मानने वाले ये शत्रु मेरी क्या निन्दा कर रहे है (मन्त्र ७)। मैं गुंगुजनो की रक्षा के लिए संस्कर्ता, शत्रुहिंसक अतिथिग्व को अन्न के समान प्रजाओ मे धृत करता हूँ। पर्णय के संहारक, करज के संहारक, वृत्र के सहारक महान् युद्ध मे मैं विश्रुत हो चुका हूँ (मन्त्र ८)। जो मेरे आगे झुकता है वह पूजार्ह हो जाता है, अन्न की प्राप्ति मे तथा उसके भोग मे एव गौओ की प्राप्ति मे समर्थ हो जाता है। अतः हे मनुष्यो, तुम भी मेरे साथ अन्दर-बाहर दोनों प्रकार की मैत्री करो। ज्यो ही मैं अपने स्तोता को शस्त्र प्रदान करता हूँ, त्यो ही इसे प्रशसनीय तथा स्तुति का अधिकारी बना देता हूँ (मन्त्र ९)। मैं देव हूँ, आदित्यो, वसुओं तथा रुद्र देवो के धाम को मैं विनष्ट नहीं करता। भद्र बल की प्राप्ति के लिए वे मुझ अपराजित, अहिंसित, अनभिभूत इन्द्र की ही स्तुति करते है (मन्त्र ११)।"

चतुर्थ आत्मस्तुति

इसी आत्म-स्तुति को प्रवृत्त रखता हुआ इन्द्र आगे ऋग् १०. ४९ मे निम्न उद्गार प्रकट करता है—

> अहं दां गृणते पूर्व्यं वस्वहं ब्रह्म कृणवं मह्यं वर्धनम्।
> अहं भुवं यजमानस्य चोदिताऽयज्वनः साक्षि विश्वस्मिन् भरे ॥१॥
> मां धुरिन्द्रं नाम देवता दिवश्च ग्मश्चापां च जन्तवः।
> अहं हरी वृषणा विव्रता रघू अहं वज्रं शवसे धृष्ण्वा ददे ॥२॥
> अहमत्कं कवये शिश्नथं हथैरहं कुत्समावमाभिरूतिभिः।
> अहं शुष्णस्य श्नथिता वधर्यमं न यो रर आर्यं नाम दस्यवे ॥३॥
> अहं पितेव वेतसूँरभिष्टये तुग्रं कुत्साय स्मदिभं च रन्धयम्।
> अहं भुवं यजमानस्य राजनि प्र यद् भरे तुजये न प्रियाधृषे ॥४॥
> अहं रन्धयं मृगयं श्रुतर्वणे यन्माजिहीत वयुना चनानुषक्।
> अहं वेशं नम्रमायवेऽकरमहं सव्याय पड्गृभिमरन्धयम् ॥५॥
> अहं स यो नववास्त्वं बृहद्रथं सं वृत्रेव दासं वृत्रहारुजम्।
> यद् वर्धयन्तं प्रथयन्तमानुषग् दूरे पारे रजसो रोचनाकरम् ॥६॥
> अहं सूर्यस्य परि याम्याशुभिः प्रैतशेभिर्वहमान ओजसा।
> यन्मा सावो मनुष आह निर्णिज ऋधक् कृषे दासं कृत्व्यं हथैः ॥७॥

ग्रहं सप्तहा नहुषो नहुष्टरः प्राश्रावयं शवसा तुर्वशं यदुम् ।
ग्रहं न्यन्यं सहसा सहस्करं नव बाधतो नवतिं च वक्षयम् ॥८॥
ग्रहं सप्त स्रवतो धारयं वृषा द्रवित्न्वः पृथिव्यां सीरा ग्रधि ।
ग्रहमर्णांसि वितिरामि सुक्रतुर्युधा विदं मनवे गातुमिष्टये ॥९॥
ग्रहं तदासु धारयं यदासु न देवश्चन त्वष्टाधारयद्रुशत् ।
स्पार्हं गवामूधःसु वक्षणास्वा मधोर्मधु श्वात्र्यं सोममाशिरम् ॥१०॥

मैं ग्रपने स्तोता को श्रेष्ठ ऐश्वर्य प्रदान करता हूँ, मैंने स्तोत्र को ग्रपना वर्धक बनाया है। मैं यजमान का प्रेरक होता हूँ। सब सग्रामो में ग्रयज्वा लोगो को परास्त करता हूँ। (मन्त्र १)। इन्द्र नाम वाले मुझको ही सब देवता तथा काकाश, भूमि एव जलो के जन्तु ग्रपने ग्रन्दर धृत करते है। मैं रथो में बलवान्, विविध कर्मों वाले, फुर्तीलि घोडो को नियुक्त करता हूँ। मै बल के लिए वर्षक वज्र को ग्रहण करता हूँ (मन्त्र २)। मैंने कवि के मंगल के लिए ग्रत्क को प्रहारों से ताडित किया। मैं रक्षाग्रो के साथ कुत्स के समीप पहुँचा। मैंने शुष्णासुर को शिथिल किया तथा उस पर वज्र-प्रहार किया। दस्यु को मैंने ग्रार्य नाम नही दिया (मन्त्र ३)। मैंने पिता के समान होकर वेतसु जनपदो को तथा तुग्र एव स्मदिभ को कुत्स के वश कर दिया। मैं यजमान को श्री-सम्पन्न करने वाला हूँ, पुत्र के समान उसे शत्रुग्रो के धर्षण के लिये प्रिय वस्तु प्रदान करता हूँ (मन्त्र ४)॥ मेने मृगय को श्रुतर्वा ऋषि के वश कर दिया, क्योकि वह मेरे समीप ग्राया तथा स्तोत्र से उसने मुझे रिझाया। मैंने ग्रायु के हितार्थ वेश को नम्र कर दिया, मैंने पड्गृभि को सव्य के वश कर दिया (मन्त्र ५)। मै वह हूँ जिसने नई-नई हवेलिया खड़ी कर लेने वाले, बृहद् रथो वाले शत्रु का वृत्रो के समान भजन कर दिया था, तथा बढते एव प्रख्यात होते हुए उसे मैंने द्युलोक के भी परले पार फेक दिया था (मन्त्र ६)। एतशवर्ण, ग्राशुगामी ग्रश्वो से वहन किया जाता हुग्रा मैं ग्रपने ग्रोज से सूर्य की परिक्रमा करता हूँ। जब सोमाभिषव करने वाला मनुष्य मुझे कहता है, तब उसके यज्ञ को उज्ज्वल रखने के लिए मैं हन्तव्य शत्रु को प्रहारो से दूर भगा देता हूँ (मन्त्र ७)। मैं सात बड़े-बड़े ग्रसुरो का हन्ता हूँ, मैं बन्धनकर्ता को भी बन्धन मे डालने वाला हूँ। मैंने तुर्वश तथा यदु को बल से प्रख्यापित कर दिया। मैंने ग्रपने ग्रन्य स्तोता को भी बल से बली बना दिया तथा फूलते-फलते निन्यानवे शत्रुग्रो को विनष्ट कर दिया (मन्त्र ८)। वर्षा करने वाले मैंने पृथिवी पर प्रवहणशील सात नदियों को बहाया है। शोभन कर्म वाला मैं प्रचुर जल प्रदान करता हूँ। मनुष्य के यज्ञार्थ युद्ध करके मैं उसे मार्ग प्राप्त कराता हूँ (मन्त्र ९)। गौग्रों के ऊधसों में तथा नदियों मे ग्रागामी

वर्षा काल तक के लिए मैं उस द्रुतगामी, मधुर, चमकीले दुग्ध एव जलरूप सोम को धृत करता हूँ, जिसे इनमे देवशिल्पी त्वष्टा भी धृत नहीं कर सका था (मन्त्र १०)।

इन्द्र-स्तुतियों पर एक दृष्टि

इन्द्र ने आत्मस्तुतियो में अपने महत्त्वपूर्ण कार्यो का उल्लेख किया है। उनमें कुछ सृष्टि-रचना तथा प्रकृति सम्बन्धी है, यथा, वृष्टि करना, सरिताए प्रवाहित करना, द्विपात्-चतुष्पात् सबको जन्म देना, गौओ के ऊधसो मे दुग्ध-रूप सोम तथा नदियो मे जल रूप सोम निहित करना। दूसरे कर्म इस प्रकार के हैं जिनसे नैतिकता को बल मिलता है। उदाहरणार्थ, इन्द्र आर्य को भूमि देता है, दानशील पर ही धनादि की वृष्टि करता है, धर्म-कर्म को तिलाजलि दे शरीर के ही शृ गार मे लगे रहने वालो से युद्ध करता है, केवल देव-द्वेषियो का ही वध करता है, देवसमर्थको का नही, और इस गुण मे वह अन्यो से विलक्षण होने का दम भरता है, तथा कहता है, कि मेरे अतिरिक्त अन्य ऐसा कोई नही मिलेगा। इन्द्र के तीसरे प्रकार के कर्म युद्ध-सम्बन्धी हैं। युद्धकला में वह अद्वितीय है, जहा अपने सखाओ को सकट मे देखता है, युद्ध के लिए पहुँच जाता है तथा प्रतिद्वन्द्वियो को वज्राघात से सचूर्णित कर देता है। चौथे, इन आत्म स्तुतियों मे कुछ इतिवृत्तो का सकेत हुआ है, जिनकी व्याख्या निम्न प्रकार हो सकती है।

१ इन्द्र ने अर्जुनी के पुत्र कुत्स को अलंकृत किया (ऋग् ४.२६ १)। प्रकृति मे अर्जुनी शुभ्र उषा[५] है, इसका पुत्र सूर्य है।[६] मालिन्य का कर्तन करने के कारण यह कुत्स[७] कहाता है। इसे इन्द्र ने ही अलकृत किया हुआ है। अधि-भूत मे गुणवती माता अर्जुनी है, यतः कवि-सम्प्रदाय मे गुणो का रग श्वेत माना जाता है। उसका ऋषि-कोटि का स्तुतिकर्ता पुत्र भी कुत्स है।[८] उसे भी सद्गुणादि से अलंकृत इन्द्र ही करता है। ऐतिहासिक पक्षानुसार अर्जुनी का पुत्र कुत्स नाम का कोई ऋषि-विशेष था, जिसे इन्द्र ने अलंकृत किया था।

---

५. अर्जुनी = उषा। नि. १. ८। द्रष्टव्यः ऋग् १. ४९. ३

६. रुशद्वत्सा रुशती श्वेत्यागात् ऋग् १. ११३. २। रुशद्वत्सा सूर्यवत्सा।... सूर्यमस्या वत्समाह साहचर्याद् रसहरणाद् वा। निरु. २ २०

७. कुत्स इत्येतत् कृन्ततेः (कृती छेदने)। निरु. ३. ३१

८. ऋषिः कुत्सो भवति, कर्त्ता स्तोमानामित्यौपमन्यवः। निरु. ३.११

२. इन्द्र ने शम्बर की निन्यानवे पुरियों को विध्वस्त किया तथा उसकी सौवीं पुरी अतिथिग्व[9] दिवोदास को दे दी (ऋग् ४. २६. ३)। नैरुक्त मतानुसार शम्बर मेघ का नाम है।[10] दिवोदास सूर्य हुआ, यतः वह प्रकाश का दाता है[11]। सूर्य तथा मेघ का युद्ध होता है। मेघ मानो सौ पुरियों का दुर्ग बनाकर आकाश मे निवास करता है। इन्द्र इस युद्ध में सूर्य की सहायता करता है तथा मेघ की निन्यानवे पुरियों को विध्वस्त कर उसे नीचे भूमि पर गिरा देता है, जो सौवीं पुरी अवशिष्ट रहती है, उसे सूर्य को दे देता है तथा सूर्य-किरणें मेघलोक अन्तरिक्ष मे निर्बाध निवास करने लगती हैं।[12]

३. इन्द्र ने दध्यङ् और मातरिश्वा के लिए गौओं के आरोधक को दण्डित किया (ऋग् १०.४८ २)। दध्यङ् निरुक्त मे द्युस्थानीय देवों मे पठित है तथा इसका अर्थ आदित्य है।[13] मातरिश्वा वायु है,[14] गौ रश्मियां हैं,[15] जिनका आरोधक मेघ या राज्यन्धकार है। इन्द्र मेघ को बरसा कर तथा राज्यन्धकार को छिन्न-भिन्न करके सूर्य तथा वायु को पुनः रश्मियां प्रदान करता है।[16]

---

९. अतिथिग्व के लिए द्रष्टव्य: संख्या ४।

१० नि १.१०

११. दिव. प्रकाशस्य दास. दाता (दासति ददातिकर्मा नि. ३ २०)
दिवोदास विज्ञानमयस्य प्रकाशस्य दातारम्—इस मन्त्र का दयानन्दभाष्य।

१२. सायण-प्रदर्शित ऐतिहासिक पक्षानुसार दिवोदास इस नाम का राजर्षि था, वह अतिथियों का अभिगन्ता होने से अतिथिग्व कहलाता था—'अतिथिग्वम् अतिथीनामभिगन्तार दिवोदास दिवोदासनामक राजर्षिम्।' इन्द्र ने शम्बरासुर की निन्यानवे पुरियों को विध्वस्त कर उसकी सौवीं पुत्री दिवोदास के लिए प्रवेशार्ह (वेश्य) कर दी थी।

१३. निरु. १२ ३३

१४ मातरिश्वा वायुः, मातरि अन्तरिक्षे श्वसिति, मातरि आशु अनितीति वा। निरु. ७.२६

१५. सर्वेऽपि रश्मयो गाव उच्यन्ते। नि. २.७

१६. सायण ने यह इतिहासपरक अर्थ किया है कि इन्द्र ने मातरिश्वा के पुत्र दध्यङ् ऋषि के लिए, जो कि वर्षा की कामना कर रहा था, जलों के रोधक मेघों को दण्डित कर बरसाया—'गोत्रा गवामुदकानां रक्षकान् मेघान् शिक्षन् विनयन्, किमर्थम्? मातरिश्वने मातरिश्वनः पुत्राय दधीचे एतन्नामकाय ऋषये वर्षकामाय प्रवर्षयितुमिच्छन्।'

४. इन्द्र ने गुंगुओं की रक्षार्थ अतिथिग्व को प्रजाओ में धृत किया (ऋग्१० ४८.८)। ऐतिहासिक पक्ष में गुगु नामक जनपद-विशेष है, अतिथिग्व अतिथिगु का पुत्र[१७] दिवोदास ऋषि है। नैरुक्त पक्ष मे गुगु भूमि पर विचरने वाले मनुष्यादि प्राणी हो सकते है।[१८] दिवोदास पूर्व प्रदर्शित हेतु से सूर्य है। वह अतिथिग्व इस कारण है, क्योकि चान्द्र तिथियो से अनुसार नहीं, प्रत्युत सौर वासरो के अनुसार आवागमन करता है[१९]। अथवा, अतिथि रूप में आने के कारण वह अतिथिग्व है।[२०] इन्द्र उस सूर्य का प्रकाश प्रजाओं में धृत करता है।

५. इन्द्र ने पर्णय, करज और वृत्र का सहार किया (ऋग् १० ४८ ८)। ऐतिहासिक पक्ष मे ये इस नाम के असुर हैं, पर नैरुक्त पक्ष मे ये सब मेघवाची हैं। वृत्र के विषय मे तो निरुक्त में स्पष्ट ही कहा है कि ऐतिहासिक इसे त्वष्टा का पुत्र असुर मानते हैं, किन्तु नैरुक्तो के मत में यह मेघ है[२१]। मेघ मानो पख लगा कर उड़ता है, अतः इसे पर्णय कहा[२२]। करंज शब्द उत्तरकालीन साहित्य मे एक वृक्ष का वाची है। अमरकोश की टीका मे क्षीरस्वामी ने इसका निर्वचन किया है 'क रञ्जयतीति' अर्थात् जो पानी को रग देता है। मेघ में भी निर्मल जल कृष्णवर्ण या धूमिल रूप मे प्रतीत होता है।

---

१७ अतिथिग्वम् अतिथिगोः पुत्रं दिवोदासम् ऋषिम् – सायण। यह नाम ऋग्वेद मे १३ बार प्रयुक्त हुआ है, कही दिवोदास के साथ और कहीं अकेला। सायण ने प्राय सर्वत्र इसे दिवोदास के लिए ही प्रयुक्त माना है, यद्यपि इसका अर्थ 'अतिथिगु का पुत्र' केवल इसी प्रसंग मे किया है। अन्यत्र 'अथितियो से गन्तव्य' (ऋग् १.५१ ६; १ ११२.४), 'अतिथियो का अभिगन्ता' (ऋग् ४. २६. ३; ६.१८. १३; ६.२६.३), या 'पूजार्थ अतिथियों के पास जाने वाला' (ऋग १ १३०. ७; ७.१९.८) अर्थ किया है।

१८. गवि भूमौ गच्छन्तीति गुगवः।

१९. न तिथिषु गच्छतीति। द्रष्टव्य ऋग् ८.४८.७

२०. अतिथिरिव गच्छतीति अतिथिग्वः। सूर्य अतिथि है, एतदर्थं द्रष्टव्य ऋग् ६.७.१

२१. तत् को वृत्र ? मेघ इति नैरुक्ताः, त्वाष्ट्रोऽसुर इत्यैतिहासिकाः। निरु. २.१७

२२. पर्णैः पक्षैः यातीति पर्णय।

६ इन्द्र ने कवि के हितार्थ अत्क को प्रहारो मे ताडित किया (ऋग् १० ४९. ३)। कवि सूर्य है[२३]। अत्क उसे ग्रसने वाला राहु है,[२४] जिसे ताडित कर इन्द्र सूर्य की रक्षा करता है। ऐतिहासिक पक्ष में कवि उशनस् ऋषि है, उसके सुखपूर्वक निवास के लिए इन्द्र ने उसके शत्रु के पुत्र अत्क को ताडित किया था।

७. इन्द्र ने शुष्ण पर वज्रप्रहार कर उसका वध किया (ऋग् १०.४९.३)। ऐतिहासिक पक्ष मे यह एक असुर था, जिसे इन्द्र ने अपने वज्र से मारा था। नैरुक्त पक्ष में शुष्ण का अर्थ शोषक है, यह वृष्टि का प्रतिबन्धक होकर खेतों की फसल व वृक्ष-वनस्पतियों को सुखा देता है। इन्द्र शुष्ण के दुर्गों को ध्वस्त कर जलो को तथा गौओ (सूर्य-रश्मियो) को मुक्त करते है, ऐसा वेद मे अन्यत्र वर्णन आता है[२५]। एव वृष्टि-प्रतिबन्धक भौगोलिक कारण ही शुष्ण है, जिसका इन्द्र अपने वज्र से वध करते है। अधिभूत मे सज्जनो का शोषण करने वाले लोग शुष्ण है। वे भी इन्द्र के वज्र से ताडित होते है।

८. इन्द्र ने तुग्र एव स्मदिभ को कुत्स के वश कर दिया (ऋग् १० ४९.४)। यहा भी सूर्य-मेघ परक व्याख्या सगत हो जाती है। अन्धकार का कर्तन करने वाला सूर्य कुत्स है, तुग्र और स्मदिभ मेघसेना के ही सेनापति हैं। तुग्र का योगार्थ हिंसक है[२६]। स्मादिभ का अर्थ है उद्दाम गज के समान उन्मत्त[२७]। ये दोनों योगार्थ मेघखण्डों मे चरितार्थ हो जाते हैं। इन्द्र ऐसे मेघो को सूर्य के

---

२३. विश्वा रूपाणि प्रतिमुञ्चते कविः ... अनु प्रयाणमुषसो विराजति। ऋग् ५. ८१. २

२४. अत्ति ग्रसते इति अत्कः। राहु द्वारा सूर्यग्रहण के लिये द्रष्टव्यः ऋग् ५ ४०.५-९; शत ५.३.२ २; ता. ब्रा. ४.५.२, गो. ब्रा. उ ३. १९

२५ द्रष्टव्य : ऋग् १.५१.११, ८.९६.१७

२६. तुजि हिंसाबलादाननिकेतनेषु। द्रष्टव्य ऋग् १.१६३.३ का स्वामी दयानन्द कृत भाष्य—'तुग्रः शत्रुहिंसकः सेनापति।'

२७. 'स्मत् इति प्रशस्तवचनः' ऋग् ७. ३. ८ का सायणभाष्य। स्मद् इभः उद्दामगज इत्यर्थः। स्मत् के साथ समस्त स्मदूध्नी (ऋग् १.७३.६), स्मद्दिष्टि. (ऋग् ३.४५.५), स्मत्पुरंधि. (ऋग् ८.३४.६), स्मदभीशु (ऋग् ८.२५.२४), स्मद्रातिषाच. (ऋग् ८.२८.२) आदि में सायण ने स्मत् को प्रशस्तवाची मान कर योगार्थ किया है। तदनुरूप स्मदिभ का भी यहाँ योगार्थ दर्शाया गया है।

वश कर देता है। ऐतिहासिक पक्ष में कुत्स एक महर्षि था। तुग्र और स्मदिभ उसके शत्रु थे। इन्द्र ने उन्हें कुत्स के वश कर दिया था।

९. मृगय तथा श्रुतर्वा के विरोध मे इन्द्र ने श्रुतर्वा को विजय दिलायी (ऋग् १०.४९.५)। शास्त्र के अनुकूल चलने वाला मनुष्य श्रुतर्वा है (श्रुत + ऋ गतौ), तथा मृगतुल्य मुग्ध एवं शुद्धहृदय जनो को पीड़ित करने वाला व्यक्ति मृगय है।[28] इसका विरोध होने पर सदा ही इन्द्र श्रुतर्वा को जिताता रहा है। ऐतिहासिक पक्षानुसार इन्द्र ने मृगय नामक असुर को श्रुतर्वा नामक महर्षि के वश किया था।

१०. इन्द्र ने आयु के हितार्थ वेश को नम्र कर दिया। (ऋग् १० ४९.५)। आयु निघण्टु मे मनुष्यवाची है।[29] वेश का यौगिक अर्थ है जो बरमे के समान तीव्रता से अन्दर प्रविष्ट होता चला जाये।[30] मनुष्य के शरीर, मन, आत्मा, परिवार, सगठन, समाज आदि के अन्दर जो हानिप्रद शत्रु प्रविष्ट हो जाते है और घर कर लेते है, उन्हे इन्द्र पराजित करता है। ऐतिहासिक पक्षानुसार इन्द्र ने आयु नामक ऋषि के लिए वेश नामक असुर को नम्र कर दिया था।

११. इन्द्र ने पड्गृभि को सव्य के वश कर दिया (ऋग् १० ४९ ५)। ऐतिहासिक व्याख्या मे सव्य ऋषि है तथा पड्गृभि असुर। नैरुक्त पक्ष मे सव्य का अर्थ होगा यज्ञशील मनुष्य[31]। पड्गृभि होगा पैरो या पजों से पकड़ने वाला हिंस्रजन्तु अथवा पाशो से बाधने वाला शत्रु[32]।

---

२८ मृगान् मृगवन्मुग्धान् शुद्धहृदयान् वा (मृजू शुद्धौ) जनान् याति आक्रामतीति मृगयः। मृगयु (लुब्धक) तथा मृगय समानार्थक हैं, अन्तर इतना है कि मृगयु मे य क्यच् प्रत्यय का है, किन्तु मृगय में या धातु का। मृग+क्यच्+उ (क्याच्छन्दसि)=मृगयु। मृग+या+क (आतोऽनुपसर्गे क.)=मृगय।

२९. नि. २.३

३०. 'वेश यो विशति तम्' ऋग् ५ ८५.७ का दयानन्दभाष्य।

३१. सवेभ्यो यज्ञेभ्यः साधुः सव्य.। सव्य शब्द ऋग्वेद मे केवल इसी स्थल पर व्यक्तिवाचक है। अन्यत्र यह 'वाम' अर्थ मे प्रयुक्त हुआ है।

३२. पड्भिः पादैः पाशैर्वा गृह्णातीति पड्गृभिः। यह शब्द ऋग्वेद मे केवल एक बार यही आया है। सायण ने इसे व्यक्ति का नाम माना है। तृतीयान्त 'पड्भिः' शब्द अन्य स्थलों में भी आता है, जहां सायण इसका अर्थ पैर करते हैं।

१२. इन्द्र ने तुर्वश एव यदु को बल से प्रख्यापित किया (ऋग् १०.४९.८)। ये दोनो शब्द निघण्टु के अनुसार मनुष्यार्थक हैं[33]। हिंसार्थक तुर्व धातु से तुर्वश शब्द निष्पन्न होता है। जिसमे शत्रु को हिंसित करने की प्रबल भावना है, वह तुर्वश हुआ[34]। यदु शब्द प्रयत्नार्थक यती धातु से बना है, एव यत्नशील उद्योगी मनुष्य यदु है[35]। एवगुणविशिष्ट दोनो मनुष्यो को इन्द्र बल से प्रख्यात करता है। अथवा प्रकृति मे तुर्वश तथा यदु क्रमश. सूर्य और चन्द्र हो सकते हैं। अन्धकार का हिंसक होने से सूर्य तुर्वश, तथा क्षीण होकर भी पूर्णता के लिए सदा प्रयत्नशील चन्द्र यदु है। ये दोनो इन्द्र से ही बल प्राप्त करते हैं।

वामदेव की आत्मस्तुति

इन्द्र की आत्म स्तुतियों को देखने के पश्चात् अब वामदेव की आत्मस्तुति पर आते हैं।

गर्भे नु सन्नन्वेषामवेदमहं देवानां जनिमानि विश्वा।
शतं मा पुर आयसीररक्षन्नध श्येनो जवसा निरदीयम् ॥१॥
न घा स मामप जोषं जभाराऽभीमास त्वक्षसा वीर्येण।
ईर्मा पुरंधिरजहादरातीरुत वाताँ अतरच्छूशुवानः ॥२॥

ऋग् ४.२७.१ २

"गर्भ में निवास करते हुए ही मैंने देवो के सब जन्मो को जान लिया था, अर्थात् यह जान लिया था कि आत्माए अनेक जन्म धारण करती हैं। सौ लौह-नगरिया[36] मुझे अपने अन्दर रक्षित कर चुकी थी। फिर श्येन के तुल्य मैं वेग के साथ निकल पडा (मन्त्र १)। वह गर्भ मुझे पर्याप्त रूप मे कारागार मे नहीं रख सका, मैं तीक्ष्ण बल के साथ बाहर निकल आया। सर्वप्रेरक, पुरों के धारक परमात्मा ने बाधक शत्रुओ का निवारण कर दिया और उस परिपूर्ण परमात्मा ने गर्भक्लेशकारी प्राणवायुओ को भी परास्त कर दिया (मन्त्र २)।"[37]

---

३३. नि. २.३

३४ 'तूर्वन्तीति तुरस्तेषां वशा वशकर्तारो मनुष्या.' ऋग् १.१०८.८ का दयानन्दभाष्य।

३५ 'यततेऽसौ यदुर्मनुष्यः। अत्र यती प्रयत्ने इत्यस्माद् बाहुलकादौणादिक उ प्रत्यय., तकारस्य दकार.' ऋग् १.३६.१८ का दयानन्दभाष्य।

३६. शतं बहूनि आयसीः अयोमयानि अभेद्यानि पुरः शरीराणि। सायण.

३७. ईर्मा सर्वस्य प्रेरक. पुरंधिः पुरां धारकः परमात्मा अरातीः गर्भसंश्रितान्

ये उद्गार वेद ने एक मुक्तात्मा की ओर से कहलाये हैं, ऐसी कल्पना की जा सकती है। वह कहता है कि जब मैं शरीर मे था तभी मैंने यह जान लिया था कि मैं नाना जन्मों को ग्रहण कर चुका हूं, अनेक शरीरों के कारागारों मे बन्द हो चुका हूं। पर जन्म-मरण के इस बन्धन में पड़े रहना या शरीर रूप कारागृह मे बन्द रह कर जीवन व्यतीत करना ही तो मेरा उद्देश्य नहीं था। मुझे इस बन्धन मे मुक्ति पानी थी। शरीरो की लौह नगरियो को भेद कर मुझे बाहर निकलना था। प्रसन्नता का विषय है कि उस कार्य मे मैं सफल हो गया हूं। श्येन पक्षी के समान वेगपूर्वक मैं शरीर के बन्धन से बाहर निकल आया हूं। सर्वप्रेरक प्रभु ने मेरी इस कार्य में सहायता की है। सब बाधको को उसने मेरे मार्ग से दूर किया तथा उन प्राणों को उपरत किया, जो मुझे बार-बार शरीर के कारागार मे लाते थे।

सायण ने इस सूक्त पर एक श्लोक उद्धृत कर यह इतिहास दिया है कि जब वामदेव गर्भ मे ही था तब वह योगबल मे श्येन का रूप धारण कर बाहर आ गया तथा उक्त प्रकार से उसने अपना भाव प्रकट किया।[३८]

त्रसदस्यु की आत्मस्तुति

ऋग्वेद ४.४२ मे त्रसदस्यु निम्न प्रकार आत्म-स्तुति करता है—

मम द्विता राष्ट्रं क्षत्रियस्य विश्वायोर्विश्वे अमृता यथा नः ।
क्रतुं सचन्ते वरुणस्य देवा राजामि कृष्टेरुपमस्य वव्रेः ॥१॥
अहं राजा वरुणो मह्यं तान्यसुर्याणि प्रथमा धारयन्त ।
क्रतुं सचन्ते वरुणस्य देवा राजामि कृष्टेरुपमस्य वव्रेः ॥२॥
अहमिन्द्रो वरुणस्ते महित्वोर्वी गभीरे रजसी सुमेके ।
त्वष्टेव विश्वा भुवनानि विद्वान्त्समैरयं रोदसी धारयं च ॥३॥
अहमपो अपिन्वमुक्षमाणा धारयं दिवं सदन ऋतस्य ।
ऋतेन पुत्रो अदितेर्ऋतावोत त्रिधातु प्रथयद् वि भूम ॥४॥

, शत्रून् अजह्णात् अत्यजत्, जघान। उत अपि च शुशुवानः वर्धमानः परिपूर्णः परमात्मा वालान् गर्भक्लेशकरान् वायून् अतरत् अतारीत्। सायण.

३८. अत्रैष श्लोकः पठ्यते। श्येनभावं समास्थाय गर्भाद् योगेन निःसृतः। ऋषिर्गर्भे शयानः सन् ब्रूते गर्भे नु सन्निति ॥ सायण। तुलनीय : गर्भ एवैतच्छयानो वामदेव एवमुवाच। ऐ आ. २.५.१

मां नरः स्वश्वा वाजयन्तो मां वृताः समरणे हवन्ते ।
कृणोम्याजिं मघवाहमिन्द्र इयर्मि रेणुमभिभूत्योजाः ॥५॥
अहं ता विश्वा चकरं नकिर्मा दैव्यं सहो वरते अप्रतीतम् ।
यन्मा सोमासो ममदन्यदुक्थोभे भयेते रजसी अपारे ॥६॥

"मैं विश्वायु (पूर्ण आयु वाला) हूं, मुझ क्षत्रिय का राष्ट्र द्यावाभूमी दोनो स्थानों पर है। सब देव मेरी प्रजा हैं। देव मुझ वरुण के ही सकल्प के अनुसार चलते हैं, मैं मनुष्य के परिच्छिन्न शरीर का भी राजा हूं (मन्त्र १)। मैं राजा वरुण हूं, मेरे लिए ही देवगण उन-उन बलो का धारण करते हैं। देव मुझ वरुण के ही सकल्प के अनुसार चलते हैं, मैं मनुष्य के परिच्छिन्न शरीर का भी राजा हूं (मन्त्र २)। मैं इन्द्र हूं, मैं महिमा मे विशाल, गम्भीर, शुभ रूप वाले द्यावापृथिवी हूं। त्वष्टा के समान मैं सब भुवनो को जानता हूं। मैंने ही द्यावापृथिवी को प्रेरित तथा धारित किया है (मन्त्र ३)। मैं ही बरसते हुए जलों को क्षरित करता हू। मैं ही आदित्य को ऋत के सदन मैं स्थापित करता हूं। मेरे कारण ही वह अदिति का पुत्र ऋत मे ऋतावा (सत्य नियम वाला) कहाता है, तथा उसने तीन प्रकार की भूमि को विस्तीर्ण किया हुआ है। (मन्त्र ४)। शोभन अश्वो वाले सग्रामेच्छु नर मुझे ही सहायता के लिए पुकारते है, युद्धार्थ वरण किए हुए योद्धा भी सग्राम मे मुझे ही पुकारते हैं। मैं मघवा इन्द्र बन कर युद्ध करता हू। पराभिभवकारी ओज वाला मैं धूल उड़ाता हूं (मन्त्र ५)। मैंने ही उन सब प्रसिद्ध कार्यों को किया है, मेरे दिव्य अपराजित बल को कोई रोक नही सकता। जब सोमरस तथा स्तोम मुझे मस्त कर देते हैं, उस समय दोनो अपार द्यावापृथिवी मुझ से भयभीत हो उठते हैं (मन्त्र ६)।"

इन मन्त्रो का देवता आत्मा है। परमात्मा त्रसदस्यु नाम से अपना परिचय दे रहा है। उसका नाम त्रसदस्यु इस कारण है क्योंकि उससे समस्त दस्युगण संत्रस्त होते हैं[३९]।

त्रसदस्यु कहता है कि मैं भी एक क्षत्रिय राजा हूँ तथा द्यावाभूमी मे सर्वत्र राज्य करता हूँ। सब देव मेरे ही आदेश के अनुसार कार्य करते हैं, वे स्वतन्त्र नहीं हैं। मुझे ही इन्द्र, वरुण आदि नामो से स्मरण किया जाता है तथा मैं ही जगत् के सब नियमों का संचालक हूँ। ऐतिहासिक पक्षानुसार त्रसदस्यु एक राजर्षि था, जो इन्द्र, वरुण आदि से अपनी तद्रूपता स्थापित

---

३९. त्रसदस्युः त्रस्यन्ति दस्यवो यस्माद् स., ऋग् ४. ३८. १ का दयानन्द-भाष्य।

कर उद्गार प्रकट करता है। इन मन्त्रों के आधार पर अद्वैतवादी दार्शनिक विद्वान् आत्मा का परमात्मा से अद्वैत सिद्ध करना चाहते हैं।

वागाम्भृणी की आत्मस्तुति

ऋग्वेद १०. १२५ की आत्मस्तुति इस प्रकार हुई है—

अहं रुद्रेभिर्वसुभिश्चराम्यहमादित्यैरुत विश्वदेवैः।
अहं मित्रावरुणोभा बिभर्म्यहमिन्द्राग्नी अहमश्विनोभा ॥१॥
अहं सोममाहनसं बिभर्म्यहं त्वष्टारमुत पूषणं भगम्।
अहं दधामि द्रविणं हविष्मते सुप्राव्ये यजमानाय सुन्वते ॥२॥
अहं राष्ट्री संगमनी वसूनां चिकितुषी प्रथमा यज्ञियानाम्।
तां मा देवा व्यदधुः पुरुत्रा भूरिस्थात्रां भूर्यावेशयन्तीम् ॥३॥
मया सो अन्नमत्ति यो विपश्यति यः प्राणिति य ईं शृणोत्युक्तम्।
अमन्तवो मां त उपक्षियन्ति श्रुधि श्रुत श्रद्धिवं ते वदामि ॥४॥
अहमेव स्वयमिदं वदामि जुष्टं देवेभिरुत मानुषेभिः।
यं कामये तं तमुग्रं कृणोमि तं ब्रह्माणं तमृषिं तं सुमेधाम् ॥५॥
अहं रुद्राय धनुरातनोमि ब्रह्मद्विषे शरवे हन्तवा उ।
अहं जनाय समदं कृणोम्यहं द्यावापृथिवी आ विवेश ॥६॥
अहं सुवे पितरमस्य मूर्धन् मम योनिरप्स्वन्तः समुद्रे।
ततो वितिष्ठे भुवनानु विश्वोतामूं द्यां वर्ष्मणोप स्पृशामि ॥७॥
अहमेव वात इव प्रवाम्यारभमाणा भुवनानि विश्वा।
परो दिवा पर एना पृथिव्यैतावती महिना सं बभूव ॥८॥

"मैं रुद्रों और वसुओं के साथ विचरती हूँ, मैं आदित्यों तथा विश्वदेवों के साथ विचरती हूँ। मैं मित्र और वरुण दोनों को अवलम्ब देती हूँ, मैं इन्द्र और अग्नि को सहारा देती हूँ, मैं अश्वियुगल की अंगुलि पकड़ती हूँ, (मन्त्र १)। मैं अन्धकारनाशक चाँद को अवलम्ब देती हूँ, मैं त्वष्टा, पूषा और भग को अवलम्ब देती हूँ। मैं हविष्मान्, हविप्रदाता एवं सोम सवन करने वाले यजमान को द्रविण प्रदान करती हूँ (मन्त्र २)। मैं सम्राज्ञी हूँ, उपासकों को धन प्राप्त कराने वाली हूँ, ज्ञानवती हूँ, पूजार्हों में प्रथम हूँ। बहुत रूपों में स्थित, बहुतों को अपने-अपने स्थान पर निविष्ट करने वाली उस मुझको देवजन अनेक रूपों में हृदय में धारण करते हैं (मन्त्र ३)। जो देखते-भालते हैं, सांस लेते हैं, कहे हुए को सुनते हैं, वे सब प्राणी मेरा दिया हुआ ही अन्न खाते हैं। जो मुझमें विश्वास नहीं लाते वे विनष्ट हो जाते हैं। हे सुनने वाले, सुन, मैं श्रद्धा करने योग्य बात तुझे कह रही हूँ (मन्त्र ४)। मैं ही

इस वेदोपदेश को बोल रही हूँ, जो देवों तथा मनुष्यों से सेवित है। जिससे मैं प्रीति करती हूँ उसको ब्रह्मा, उसको ऋषि, उसको सुमेधा बना देती हूँ (मन्त्र ५) ब्रह्मद्वेषी हिंसक का वध करने के लिए मैं ही रुद्र (क्षत्रिय) के हाथ मे धनुष तानती हूँ। मै ही जनकल्याण के लिए युद्ध रचाती हूँ। मैं द्यावापृथिवी मे प्रविष्ट हूँ (मंत्र६)। मैंने प्राणियो के पिता द्युलोक को इस जगत् के मूर्धस्थान मे स्थित किया हुआ है। मेरा निवास-स्थान आकाश में जलो के अन्दर है। वहा से मैं समस्त भुवनो मे जाकर स्थित होती हूँ। मैं इतनी ऊँची हूँ कि अपने शरीर से मैंने दूरस्थ द्युलोक को स्पर्श किया हुआ है (मन्त्र ७) मैं ही सब भुवनो की रचना करती हुई वायु के समान भ्रमण करती रहती हूँ। मैं द्युलोक के परले पार पहुँची हुई हूँ, इस पृथिवी के भी परले पार पहुँची हुई हूँ। अपनी महिमा से मैं इतनी बड़ी हूँ (मन्त्र ८)।

इस सूत्र पर कात्यायन की सर्वानुक्रमणी मे कहा है कि यहा आम्भृणी वाक् आत्म-स्तुति कर रही है—'वागाम्भृणी तुष्टावात्मानम्।' तदनुसार सायण इस सूक्त का परिचय देते हुए कहते है कि अम्भृण नामक महर्षि की वाक् नाम की दुहिता थी, जो बडी ब्रह्म-विदुषी थी। वह आत्मस्तुति करती है। अत वह इस सूक्त की ऋषिका है। सच्चित्सुखात्मक सर्वगत परमात्मा देवता है। उसके साथ तादात्म्य का अनुभव करती हुई वह स्वात्म-स्तवन करती है कि सर्वजगद्रूप मे तथा सर्वाधिष्ठातृत्व रूप में मैं ही सब कुछ हूँ[४०]। यह सूक्त भी दार्शनिको द्वारा आत्मा-परमात्मा की अद्वैत-सिद्धि के लिए प्रस्तुत किया जाता है। किन्तु निघण्टु मे अम्भृण शब्द महद्वाची पठित है[४१] एवं अम्भृण का अर्थ हुआ महान् परमात्मा। तत्सम्बन्धिनी वाणी वाक् होगी। अत· इस सूक्त मे परमात्मा या जगन्माता की आत्मस्तुति है, यह व्याख्या समीचीन प्रतीत होती है। इसमें परमात्मा के मातृत्वरूप का सुन्दर चित्रण हुआ है। जगत् के रुद्र, वसु, आदित्य, मित्र, वरुण आदि सब देव उसके पुत्र हैं, तथा जैसे माता पुत्रों की अगुलि पकड़ कर साथ-साथ चलती हुई उन्हे चलाती है, वैसे ही जगन्माता इन्हें चला रही है। वही जगत् के सब प्राणियों को अन्न खिलाती है, वही यथायोग्य कर्तव्याकर्तव्य का उपदेश करती है। वही अपनी सन्तानो

---

४०. अम्भृणस्य महर्षेर्दुहिता वाङ्नाम्नी ब्रह्मविदुषी स्वात्मानमस्तौत्। अतः सर्षिः। सच्चित्सुखात्मक सर्वगत. परमात्मा देवता। तेन ह्येषा तादात्म्यमनुभवन्ती सर्वजगद्रूपेण सर्वस्याधिष्ठानत्वेन चाहमेव सर्वं भवामीति स्वात्मानं स्तौति। सायण

४१. नि. ३. ३

को शिक्षा दे कर ब्रह्मा, ऋषि और सुमेधा बनाती है। इस स्तुति में एक विशेष बात विश्वास लाने की कही गई है। जैसे पुत्र मां में विश्वास रखते हैं, वैसे ही उस जगन्माता में श्रद्धा एवं विश्वास लाना आवश्यक है। वह तर्क के क्षेत्र से परे है।

इन्द्राणी की आत्मस्तुति

ऋग्वेद १०. १५९ मे इन्द्राणी निम्न उद्गार प्रकट करती है–

उदसौ सूर्यो अगादुदय मामको भगः।
अहं तद्विद्वला पतिमभ्यसाक्षि विषासहिः ॥१॥
अहं केतुरहं मूर्धाऽहमुग्रा विवाचनी।
ममेदनु क्रतुं पतिः सेहानाया उपाचरेत् ॥२॥
मम पुत्राः शत्रुहणोऽथो मे दुहिता विराट्।
उताहमस्मि संजया पत्यौ मे श्लोक उत्तमः ॥३॥
येनेन्द्रो हविषा कृत्व्यभवद् द्युम्न्युत्तमः।
इद तदक्रि देवा असपत्ना किलाभुवम् ॥४॥
असपत्ना सपत्नघ्नी जयन्त्यभिभूवरी।
आवृक्षमन्यासां वर्चो राधो अस्थेयसामिव ॥५॥
समजैषमिमा अह सपत्नीरभिभूवरी।
यथाऽहमस्य वीरस्य विराजानि जनस्य च ॥६॥

"उधर वह सूर्य उदित हुआ है और इधर यह मेरा सौभाग्य उदित हो गया है, मैंने पति को प्राप्त कर लिया है। विशेष अभिभवकारिणी होकर मैंने सब विघ्न-बाधाओ को परास्त कर दिया है (मन्त्र १)। मैं गृह-राष्ट्र की पताका हूं, मैं उग्र हूँ, विशेष वाक्शक्ति से युक्त हूं। मुझ शत्रु-पराजयकारिणी के संकल्प के अनुकूल ही पति कार्य करता है (मन्त्र २)। मेरे पुत्र शत्रुहन्ता है, मेरी पुत्री अतिशय तेजस्विनी है, और में सम्यक् विजयलाभ करने वाली हू। मेरे पति मे उत्तम कीर्ति का निवास है (मन्त्र ३)। जिस हवि (आत्म-बलिदान) के कारण मेरा पति इन्द्र कृतकार्य, यशस्वी एव उत्तम कहलाता है, हे देवो, उस हवि को मैने भी कर दिया है, मैं निश्चय ही असपत्न हो गयी हूँ (मन्त्र ४)। मैं शत्रुरहिता हू, शत्रुहन्त्री हूं, विजयिनी हूं, बाधकों को अभिभूत करने वाली हू। मैंने शात्रवी सेनाओं के वर्चस् को काट डाला है, जैसे उनकी सम्पत्ति काट डाली जाती है, जो शत्रु के सम्मुख स्थिर न रहने वाले होते हैं (मन्त्र ५)। मैं अभिभवित्री हूं, मेने इन समस्त सपत्नियों को जीत लिया है, जिससे में अपने वीर पति की दृष्टि में तथा जनसामान्य की दृष्टि में विशेष तेजस्विनी गिनी जाऊ (मन्त्र ६)।"

कात्यायन अपनी अनुक्रमणी में लिखते हैं कि इस सूक्त मे पौलोमी शची की आत्मस्तुति है-'पौलोमी शची आत्मानं तुष्टाव ।' शची पुलोम की पुत्री तथा इन्द्र की पत्नी है । सायण का कथन है कि इस सूक्त का विनियोग लिंगानुसार कल्पित कर लेना चाहिए । आपस्तम्ब गृह्यसूत्र (९ ९) मे सपत्नीनाशन के निमित्त सूर्योपस्थान मे यह विनियुक्त है । जैसे वेद में इन्द्र वीरता के लिए प्रख्यात है, वैसे ही उसकी पत्नी शची या इन्द्राणी भी वीरागना है । निघण्टु के अनुसार शची का अर्थ ही क्रियाशक्ति है[४२] । सूक्त मे जो उद्‌गार प्रकट किये गये हैं, उनसे वेद की दृष्टि में नारी की उच्च स्थिति पर अच्छा प्रकाश पड़ता है । इन्हें हम एक आदर्श वीरपत्नी के उद्‌गार समझ सकते है । नारी गृहस्थ-यज्ञ की पताका तथा मूर्धन्य है । पति भी उसकी सकल्पशक्ति, बुद्धि और क्रियाशक्ति का आदर करता है । उसके पुत्र, पुत्री, पति, स्वयं वह, सारा परिवार वीरता की भावना से ओतप्रोत है । जैसे वह, शत्रुओ के लिए वीरागना है, वैसे ही सपत्नियो के लिए भी । उसके रहते पति को अन्य नारियो से विवाह करने की आवश्यकता नही होती, एव वह सपत्नियो को जीत लेती है ।

राजा की आत्मस्तुति

यजुर्वेद अध्याय २० मे राजा आत्म-परिचय देता हुआ कहता है—

शिरो मे श्रीर्यशो मुख त्विषिः केशाश्च श्मश्रूणि ।
राजा मे प्राणो अमृत सम्राट् चक्षुर्विराट् श्रोत्रम् ।।५।।
जिह्वा मे भद्र वाङ् महो मनो मन्यु. स्वराड् भामः ।
मोदाः प्रमोदा अङ्गुलीरङ्गानि मित्र मे सहः ।।६।।
बाहू मे बलमिन्द्रियं हस्तौ मे कर्म वीर्यम् ।
आत्मा क्षत्रमुरो मम ।।७।।
पृष्टी में राष्ट्रमुदरमंसौ ग्रीवाश्च श्रोणी ।
ऊरू अरत्नी जानुनी विशो मेङ्गानि सर्वतः ।।८।।
प्रति क्षेत्रे प्रति तिष्ठामि राष्ट्रे प्रत्यश्वेषु प्रतितिष्ठामि गोषु ।
प्रत्यङ्गेषु प्रति तिष्ठाम्यात्मन् प्रति प्राणेषु प्रति तिष्ठामि पुष्टे
प्रति द्यावापृथिव्योः प्रतितिष्ठामि यज्ञे ।।१०।।
लोमानि प्रयतिर्मम त्वङ्म आनतिरागतिः ।
मांसं म उपनतिर्वस्वस्थि मज्जा म आनतिः ।।१३।।

"राज्य-श्री मेरा सिर है, राष्ट्र का यश मेरा मुख है, राष्ट्र की तेजस्विता मेरे केश और श्मश्रु हैं । मेरा प्राण राजा अमर है, चक्षु सम्यक् राजमान है,

---

४२. शची=कर्म, नि. २. १

श्रोत्र विराट् शक्ति से सम्पन्न हैं (मन्त्र ५)। मेरी जिह्वा भद्रवादिनी है, वाक्शक्ति महान् है, मन में मन्यु भरा है, दीप्ति स्वतः दमक रही है। मेरी अंगुलियां, मेरे अंग मोद-प्रमोद से नाच रहे हैं। साहस मेरा मित्र है (मन्त्र ६)। मेरी भुजाओं में इन्द्र का बल है, मेरे हाथों में कर्म और सामर्थ्य है। मेरा आत्मा दुःखियो के कष्ट को दूर करने वाला है, मेरी छाती चोटों को सहने वाली है (मन्त्र ७)। राष्ट्र मेरी पसलिया हैं, प्रजाएं मेरे उदर, कन्धे, ग्रीवा, कटि, जंघाएं, घुटने आदि अंग-प्रत्यंग हैं (मन्त्र ८)। मैं क्षत्रियों में प्रतिष्ठित हूं, अश्वों और गौओ मे प्रतिष्ठित हूं, अंगो में प्रतिष्ठित हू, प्राणो मे प्रतिष्ठित हूं, पुष्टि मे प्रतिष्ठित हूं, द्यावापृथिवी में प्रतिष्ठित हू, यज्ञ मे प्रतिष्ठित हूं। (मन्त्र १०)। मेरा रोम-रोम प्रयत्नशील है, मेरी त्वचा क्रियाशील तथा शत्रु को झुकाने वाली है. मेरा मांस नमनशील है, मेरी हड्डियां राष्ट्र का धन हैं, मेरी मज्जा नमस्कार है (मन्त्र १३)।"

स्वामी दयानन्द ने ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका मे ये मन्त्र राजप्रजाधर्म-विषय मे उद्धृत किये हैं तथा अपने यजुर्वेद-भाष्य में भी इस प्रकरण की योजना राजा या सभेश परक की है[४३]। राजा कहता है कि राष्ट्र के विविध अंगों को मैं अपना अंग समझता हू। राज्यश्री मेरा सिर है, यदि राज्यश्री न्यून होती है तो मेरे सिर में न्यूनता आ रही है, ऐसा मैं अनुभव करता हू। राष्ट्र का यश मेरा मुख है, यदि राष्ट्र कलकित होता है, तो मेरे मुख पर कलक लग रहा है, ऐसा अनुभव करता हूं। राजा राष्ट्र को अपनी पसलिया समझता है, राष्ट्र पर आघात होता है तो मेरी पसलियो को कोई तोड़ रहा है, ऐसा अनुभव करता है। प्रजाओं को वह उदर, स्कन्ध, ग्रीवा आदि अंग समझता है, प्रजा को कष्ट होता है तो मेरे उदर आदि मे ही पीड़ा हो रही है, ऐसी अनुभूति

---

४३. यज्ञपरक व्याख्यानुसार यह प्रकरण सौत्रामणी याग के अन्तर्गत है। तदनुसार आसन्दी पर उपविष्ट यजमान अपने अंगों को स्पर्श करता हुआ इन मन्त्रो (कण्डिका ५-९) का पाठ करता है। १०म कण्डिका द्वारा वह आसन्दी से कृष्णाजिन पर उतरता है, कण्डिका ११,१२ से वह वसाग्रह का होम करता है। कण्डिका १३ से ग्रहशेष का भक्षण करता है। इस व्याख्या में भी यह प्रकरण आत्मस्तुतिरूप ही होगा; अन्तर केवल यह होगा कि तब यजमान की आत्मस्तुति कहलायेगी। द्रष्टव्य का. श्रौ. सू. १९. ४ २१-२३; १९. ५. ८-१०; तथा इन मन्त्र पर उवट और महीधर का भाष्य।

उसे होती है। राजा अपने साहस, भुजबल, दुःखियों के कष्टहरण का भी बड़ा सजीव परिचय दे रहा है। 'मेरा मांस नमनशील है, अस्थियां राष्ट्र का धन हैं, मेरी मज्जा नमस्कार है' यह कहने मे कितना काव्य-सौन्दर्य है। यह सारा ही प्रकरण सजीव, सुन्दर, ओजस्वी तथा छोटा होते हुए भी अत्यन्त भावपूर्ण है। आदर्श राजा का चरित्र इन शब्दो में ओतप्रोत है।

ब्रह्म की आत्मस्तुति

सामवेद पूर्वार्चिक आरण्यपर्व में ब्रह्म आत्मपरिचय देता है–

अहमस्मि प्रथमजा ऋतस्य पूर्वं देवेभ्यो अमृतस्य नाम ।
यो मा ददाति स इदेव मावदहमन्नमन्नमदन्तमद्मि ॥

साम. पू ६. १. ६

मैं ऋत का प्रथम जनयिता हूं, सब देवों से पूर्व हूं, मेरा नाम अमर है। जो मुझे आत्मसमर्पण करता है, वही मुझे प्राप्त होता है। मैं अन्न हू, मैं अन्न खाने वाले का भक्षक हूं।"

इस एक ही मन्त्र में ब्रह्म ने अपना बहुत कुछ परिचय दे दिया है। सृष्टि मे जो भी ऋत दृष्टिगोचर होता है, उसका प्रथम जनयिता वही है। सब देवो से वह पूर्व है, अर्थात् वह सबका उत्पादक है; किन्तु उसका उत्पादक कोई नहीं है। वह अज एव नित्य है। उसे प्राप्त करने के लिए सर्वभाव से आत्मार्पण करना होता है। वह अन्न भी है और भोक्ता भी है। इसी भाव को तैत्तिरीय उपनिषद् ३ १०. ७ मे इन शब्दो से कहा गया है–'अहमन्नम् अहमन्नम्, अहमन्नम्, । अहमन्नादोऽहमन्नादोऽहमन्नाद.' । वेदान्त दर्शन उसके भोक्तृत्व को 'अत्ता चराचरग्रहणात् (१ २ ६)' इस सूत्र द्वारा प्रकट करता है। वह भक्तों का भोजन है, वे उसके बिना जीवित नही रह सकते, अतः वह अन्न है। चराचर को ग्रसने के कारण वह अत्ता कहलाता है।

सेनानी की आत्मस्तुति

अथर्व ३.१९ मे सेनानी अपने उद्गार प्रकट कर रहा है–

संशितं म इदं ब्रह्म संशितं वीर्यं बलम् ।
संशितं क्षत्रमजरमस्तु जिष्णुर्येषामस्मि पुरोहितः ॥१॥
समहमेषां राष्ट्रं स्यामि समोजो वीर्यं बलम् ।
वृश्चामि शत्रूणां बाहूननेन हविषाहम् ॥२॥
नीचैः पद्यन्तामधरे भवन्तु ये नः सूरिं मघवानं पृतन्यान् ।
क्षिणामि ब्रह्मणामित्रानुन्नयामि स्वानहम् ॥३॥

तीक्ष्णीयांसः परशोरग्नेस्तीक्ष्णतरा उत ।
इन्द्रस्य वज्रात् तीक्ष्णीयांसो येषामस्मि पुरोहितः ॥४॥

"यह मेरी महिमा अतिशय तीक्ष्ण है, वीर्य तथा बल अतिशय तीक्ष्ण है । इसी प्रकार उन योद्धाओं का भी क्षात्रबल तीक्ष्ण तथा अजर होवे जिनका मैं विजयशील सेनानी हूं (मन्त्र १) । मैं इन वीरों के राष्ट्र को तीक्ष्ण करता हूं, ओज, वीर्य, एवं बल को तीक्ष्ण करता हूं, मैं आत्म-हवि द्वारा शत्रुओं की बाहुओं का वृश्चन कर देता हूं । (मन्त्र २) । नीचे गिर जाएं पादाक्रान्त हो जाएं, जो हमारे धनी राजा पर सेना से आक्रमण करते हैं । मैं अपनी महिमा से अमित्रों को विनष्ट कर देता हूं स्वजनों को उन्नत करता हूं (मन्त्र ३) । परशु से भी अधिक तीक्ष्ण है, अग्नि से भी अधिक तीक्ष्ण है, इन्द्र के वज्र से भी अधिक तीक्ष्ण हैं, जिनका मैं अग्रणी हूं (मन्त्र ४) ।"

इस सन्दर्भ में सेनानी ने अपना तथा अपने वीरों का जो परिचय दिया है, वह अतिशय ओजोमय तथा वीर-रस-पूर्ण है ।

रुद्र की आत्मस्तुति

अथर्ववेद ६ ६१ में रुद्र इस प्रकार आत्मस्तुति करता है—

अहं विवेच पृथिवीमुत द्यामहमृतूँरजनयं सप्त साकम् ।
अहं सत्यमनृतं यद् वदाम्यहं दैवीं परि वाचं विशश्च ॥२॥
अहं जजान पृथिवीमुत द्यामहमृतूँरजनयं सप्त सिन्धून् ।
अहं सत्यमनृतं यद् वदामि यो अग्नीषोमावजुषे सखाया ॥३॥

"मैंने पृथिवी और द्युलोक को पृथक्-पृथक् निहित किया है । मैंने एक साथ सात ऋतुओं को उत्पन्न किया है । मैं ही 'क्या सत्य है और क्या अनृत है' यह बताता हूँ । मैं दैवी वाक् में तथा समस्त प्रजाओं में व्याप्त हूँ (मन्त्र २) । मैंने पृथिवी और द्युलोक को जन्म दिया है, मैंने ही सात ऋतु तथा नदियों को जन्म दिया है । मैं ही 'क्या सत्य है और क्या अनृत है' यह बताता हूँ । मैं अग्नि और सोम रूपी अपने सखाओं को प्राप्त करता हूँ (मन्त्र ३) ।"

वेदोत्तरकालीन विकास में रुद्र प्रधानतः सृष्टिसंहार का देवता बन गया है । परन्तु उपर्युक्त सन्दर्भ में रुद्र ने अपने परिचय में संहार की चर्चा कहीं नहीं की है, प्रत्युत द्यावापृथिवी ऋतुओं व नदियों का मैं उत्पादक हूँ यही कहा है । अथर्ववेद में ही अन्यत्र[44] रुद्र के दो रूप कहे हैं, भव और शर्व । भव उसका उत्पादक

---

४४ द्रष्टव्य अथर्व ११, २ ।

रूप है तथा सर्व संहारक रूप[४५]। वह हाथ में हिरण्यय धनुष धारण करता है। ज्वर, खांसी, विष, विद्युत् उसके आयुध हैं। विस्तीर्ण मुख वाले श्वान तथा घोषिणी सेनाए भी उसके साथ रहती है।[४६] परन्तु प्रस्तुत परिचय मे उत्पादक रूप ही प्रकाश मे आया है। यहा रुद्र सात ऋतुओं को जन्म देने की बात कहता है। सौर वर्ष की अपेक्षा चान्द्र वर्ष मे १० दिन कम होते है, अतः प्रति तृतीय वर्ष एक अधिक मास मान कर इस कमी को पूर्ण कर लिया जाता है। दो-दो मास की छह वसन्त आदि ऋतुए हुई, तथा अधिक मास या मल मास की एक सातवी ऋतु।[४७] रुद्र ने अपना एक कार्य यह भी कहा है कि वह लोगो को 'सत्य क्या है तथा असत्य क्या है' यह बतलाता है। एव यहाँ वरुण के समान इसका नैतिक रूप भी है। इसने अग्नि और सोम को अपना सखा बताया है।

मनुष्य का आत्मपरिचय

अब आत्मकथात्मक शैली मे कुछ ऐसे मन्त्र प्रस्तुत किये जाते हैं, जिनमे मनुष्य या उसका आत्मा अपना परिचय दे रहा है। वेद की दृष्टि मे मनुष्य दीन, हीन, तुच्छ, दयनीय नही है, अपितु बड़ा शक्तिशाली है। नीचे जो मन्त्र दिये जा रहे है वे ऋग्, यजु. और अथर्ववेदो के हैं। स्पष्ट तथा तेजोमय आशय वाले मन्त्र ही सकलित किये गये हैं, इनमे भी अधिकाश मन्त्र अथर्ववेद के है। सामवेद मे ऐसे मन्त्र विशेष नही हैं। इन मन्त्रो से यह व्यक्त है कि मनुष्य क्या है, या उसे अपने आपको क्या सभझना चाहिए।

---

४५. सृष्ट्यादौ भवति यस्मात् सर्वं जगद् इति भव.। शृणाति सर्वं जगद् हिनस्ति संहृतिसमये इति शर्वः। अथर्व ११.२ १ का सायणभाष्य।

४६. अथर्व ११.२—धनुर्बिभर्ति हरित हिरण्यय सहस्रघ्नि शतवधं शिखिण्डिनम् (मन्त्र १२), यस्य तक्मा कासिका हेति. (मन्त्र २२)। मा नो रुद्र तक्मना मा विषेण मा नः स स्रा दिव्येनाग्निना (मन्त्र २६)। इद महास्येभ्य श्वभ्यो अकरं नम (मन्त्र ३०)। नमस्ते घोषिणीभ्य . सेनाभ्यः (मन्त्र ३१)।

४७. अहमेव सप्त सप्तसंख्याकान् वसन्ताद्याः षट् ससर्पांहस्पतिसञ्ज्ञकाधिमासाख्यः सप्तमः एतान् सप्तसख्याकान् ऋतून्। सायण

Seven seasons: the six pairs of months and the thirteenth or inter calary month.—Griffith.

चैत्रादीनां द्वादशानां मासाना द्वयद्वयमेलनेन वसन्ताद्याः षड् ऋतवो भवन्ति। अधिमासेन एक उत्पद्यते सप्तमर्तुः—ऋग् १.१६४.१५ पर सायणभाष्य। 'अहोरात्रैर्विमितं त्रिंशदङ्ग त्रयोदशं मासं यो निर्मिमीते।' अथर्व १३.३.८

अग्निरस्मि जन्मना जातवेदा घृतं मे चक्षुरमृतं म आसन् ।
अर्कस्त्रिधातू रजसो विमानोऽजस्रो घर्मो हविरस्मि नाम ।
ऋग् ३. २६. ७; यजु १८. ६६

मैं अग्नि हूँ, दहकता हुआ अंगारा हूँ, स्वभाव से ही जागरूक हूँ। मेरी आँख में तेज है, मेरे मुख मे अमृत है। मैं सूर्य हूँ, शारीरिक, मानसिक, आत्मिक तीनो तेजो से युक्त हूँ। सारे भूलोक को अपने चरणविक्षेपो से माप लेने वाला हूँ। अक्षय हूँ, जलता हुआ यज्ञकुण्ड हूँ, आहुति हूँ।"[48]

मयि त्यदिन्द्रिय बृहन्मयि दक्षो मयि क्रतुः ।
घर्मस्त्रिशुग् विराजति विराजा ज्योतिषा सह
ब्रह्मणा तेजसा सह ॥ यजु. ३८. २७

मेरे अन्दर बृहत् इन्द्र का बल है, मेरे अन्दर उत्साह है, मेरे अन्दर सकल्प-शक्ति है। त्रिविध तेज मेरे अन्दर विराजमान है। मैं विराड् ज्योति से भासमान हूँ, ब्रह्मतेज से देदीप्यमान हूँ।"[49]

सूर्यो मे चक्षु र्वातः प्राणोऽन्तरिक्षमात्मा पृथिवी शरीरम् ।
अस्तृतो नामाहमयमस्मि ॥ अथर्व ५. ९. ७

देखने मे छोटी सी प्रतीत होने वाली यह मेरी आँख छोटी नही, किन्तु सूर्य के बराबर है। मेरी प्राणशक्ति वायुमण्डल के समान अपार है। मेरे शरीर के मध्य की तुलना अन्तरिक्ष से कर सकोगे। और, मेरा यह छोटे से कद वाला शरीर शक्ति में विस्तीर्ण पृथिवी के सदृश है। मै अविनश्वर हूँ, किसी के मारे मर नही सकता।

अहमस्मि सहमान उत्तरो नाम भूम्याम्
अभीषाडस्मि विश्वाषाडाशामाशां विषासहिः ॥ अथर्व १२.१.५४

---

४८. कात्यायनीय सर्वानुक्रमणी के अनुसार इस मन्त्र का देवता अग्नि या आत्मा है। आत्मा से सायण ने ब्रह्म अभिप्राय लिया है। यह मन्त्र अग्नि, ब्रह्म तथा मनुष्य का आत्मा तीनों की ओर से उक्त माना जा सकता है। यहा हमने मनुष्य के आत्मा की ओर से उक्त मान कर व्याख्यात किया है। यजुर्भाष्य मे उवट तथा महीधर ने इसे यजमान की उक्ति माना है।

४९. कर्मकाण्ड मे इस कण्डिका द्वारा यजमान और ऋत्विज् हुतशेष दधिघर्म का भक्षण करते हैं। उवट तथा महीधर के अनुसार यह यजमान की ओर से उक्त हैं।

"मैं साहसी हूं, वीर हूं, भूमि भर मे उत्कृष्ट हूं। शत्रु से पाला पड़ने पर उसके छक्के छुड़ा देने वाला हूँ। समस्त रिपुओं को परास्त करने की शक्ति मुझ में है। दिशा-दिशा मे बार-बार अधिकाधिक पराभव करने वाला हूँ।"

यद् वदामि मधुमत् तद् वदामि यदीक्षे तद् वनन्ति मा।

त्विषीमानस्मि जूतिमानवान्यान् हन्मि दोधतः॥ अथर्व १२.१.५८

'जो कुछ बोलता हूं, मधुर बोलता हू। ज्यो ही मैं देखता हूँ, लोग मुझे प्यार करने लगते हैं। एक ओर जहा मेरा यह मधुर रूप है, वहा दूसरी और ऐसा तेजस्वी और वेगवान् भी हूँ कि जो मुझे अपना क्रोध दिखाते हैं, उन्हे एक क्षण में मार गिराता हूँ।"

बृहस्पतिर्मं आत्मा नृमणा नाम हृद्यः। अथर्व. १६. ३.५

"मेरा आत्मा साक्षात् बृहस्पति है, मेरे मन म अद्भुत नेतृत्वशक्ति है, मैं सबके हृदय को प्रिय लगने वाला हूँ।"

असताप मे हृदयमुर्वी गव्यूतिः।

समुद्रो अस्मि विधर्मणा॥ अथर्व १६.३.६

"मेरा हृदय सन्तापरहित है। मेरा मार्ग बडा विस्तीर्ण है,[50] गुणों का मैं समुद्र हूँ।"

पुरीवृतो ब्रह्मणा वर्मणाह्, कश्यपस्य ज्योतिषा वर्चसा च।

मा मा प्रापन्निषवो दैव्या या, मा मानुषीरवसृष्टा वधाय॥

अथर्व १७.१.२८

"मै ब्रह्म का कवच पहने हूँ, सूर्य[51] की ज्योति और वर्चस् से भासमान हूँ। दैवी विपत्तिया मेरे पास नही आ सकती, वध के लिए छोडे हुए मानव शत्रुओं के शस्त्रास्त्र भी मुझे कुछ हानि नही पहुचा सकते।"

अयुतोऽहमयुतो म आत्माऽयुतं मे चक्षुरयुत मे श्रोत्रम्।

अयुतो मे प्राणोऽयुतो मेऽपानोऽयुतो मे व्यानोऽयुतोऽहं सर्वः॥

अथर्व १६. ५१. १

"मैं एक नही, दस सहस्र हूं,[52] दस सहस्र मिलकर जिस कार्य को करते है,

---

५०. 'उर्वी गव्यूति विस्तीर्ण मार्गम्'—ऋग् ६. ७८. ५ पर सायण-भाष्य।

५१. 'कश्यपः पश्यको भवति यत् सर्व परिपश्यति' तै. आ. १.८.८ इति श्रुतेः कश्यपः सूर्यस्य मूर्त्यन्तरभूतः। सायण

५२. अयुतः अयुतरूप. दशसहस्रात्मकः। सायण ने यहां अयुत का अर्थ सपूर्ण किया है, जिस पर ह्विटने सन्देह प्रकट करते हुए स्वय अव्याहत (Unrepelled) अर्थ करते हैं।

उसे मैं अकेला कर लूंगा। मेरा आत्मा दस सहस्र के बराबर है, मेरी आँखों की शक्ति दस सहस्र के बराबर है, मेरी श्रोत्रशक्ति दस सहस्र के बराबर है। मेरा प्राण-बल दस सहस्र है, मेरा अपान-बल दस सहस्र है, मेरा व्यान-बल दस सहस्र है। मेरे सभी अंग दस सहस्र गुणित शक्ति से आपूरित हैं।"

मनुष्य के वीरोद्गार[५३]

अब कुछ ऐसे प्रसंग दिये जाते हैं, जिनमें मनुष्य के वीर उद्गार हैं। अभी इससे पूर्व जो मन्त्र दिये गये हैं, उनमे मनुष्य ने यह बताया है कि मैं क्या हूँ, किन्तु प्रस्तुत मन्त्रो मे वह यह प्रकट करता है कि मैं क्या-क्या कर दूंगा। यही दोनो मे अन्तर है। इन उद्धृत मन्त्रो मे भी अधिकाश मन्त्र अथर्ववेद के हैं, केवल प्रथम दो प्रसग ऋग्वेद से लिये गये हैं। इन मन्त्रो से यह ज्ञात होता है कि वेद का मानव कैसा साहस की मूर्ति तथा वीरता का अवतार है और उसमे शत्रुदमन, विजय एव ऊर्ध्वारोहण की कैसी उत्कट लालसा है।

नहि मे अक्षिपच्चनाच्छान्त्सुः पञ्च कृष्टयः।
कुवित् सोमस्यापामिति॥
नहि मे रोदसी उभे अन्य पक्ष चन प्रति। कुवित्०॥
अभि द्यां महिना भुवमभीमां पृथिवीं महीम्। कुवित्०॥
हन्ताहं पृथिवीमिमां निदधानीह वेह वा। कुवित्०॥
ओषमित् पृथिवीमहं जङ्घनानीह वेह वा। कुवित्०॥
दिवि मे अन्यः पक्षो अधो अन्यमचीकृषम्। कुवित्० ॥
अहमस्मि महामहोऽभिनभ्यमुदीषितः। कुवित्०॥ ऋग् १०.११९. ६–१२

मैंने सोमरस का पान कर लिया है, बहुत-बहुत पान कर लिया है। मुझ मे वह शक्ति आ गयी है कि सब मनुष्य मिलकर भी मेरी अक्षिसचार की छोटी सी क्रिया तक को नहीं रोक सकते। ये विशाल द्यावापृथिवी मेरे एक पार्श्व के बराबर भी नहीं है, मैंने बहुत-बहुत सोमरस का पान कर लिया है। मैंने महिमा में द्युलोक को भी पीछे छोड दिया है, इस विशाल पृथिवी को भी पीछे छोड दिया है। मेने बहुत-बहुत सोमरस का पान कर लिया है। मेरे अन्दर ऐसी शक्ति आ गयी है कि कहो तो इस पृथिवी को उठाकर यहाँ रख दूँ, वहाँ रख दूँ, जहाँ कहो वही रख दूँ। मैंने बहुत-बहुत सोमरस का पान कर लिया है। मैं पृथिवी को दग्ध करने वाले इस विशाल सूर्य तक को ठोकर मार कर यहाँ, वहाँ, जहाँ कहो पहुँचा दूँ। मैंने बहुत-बहुत सोमरस का पान

५३. वैदिक वीर-भावना के विशेष परिचय के लिए द्रष्टव्यः लेखक की पुस्तक 'वैदिक वीर-गर्जना'।

कर लिया है। मैं अपने आपको इतना विशाल अनुभव कर रहा हू कि मेरा एक सिरा द्युलोक मे है, दूसरा सिरा पृथिवी पर है। मैंने बहुत-बहुत सोमरस का पान कर लिया है। मैं आकाश में उदित साक्षात् महातेजस्वी सूर्य हो गया हूँ। मैंने बहुत-बहुत सोमरस का पान कर लिया है।"[५४]

अहमस्मि सपत्नहा-इन्द्र इवारिष्टो अक्षतः।
अधः सपत्ना मे पदोरिमे सर्वे अभिष्ठिताः ॥
अभिभूरहमागम विश्वकर्मेण धाम्ना।
आवश्चित्तमा वो व्रतमा वोऽह समितिं ददे ॥ ऋग्० १०. १६६.२,४

"मैं रिपुहन्ता हूँ, इन्द्र के समान अविनष्ट और अक्षत हूँ। इन समस्त शत्रुओ को पैरो तले रौद दू गा। मैं अभिभूत करने वाला हूँ, सर्वकर्मक्षम तेज के साथ आ पहुँचा हूँ। हे रिपुओ, तुमने जो मेरे विनाश के बडे-बडे मनसूबे बाध रखे है, जो षड्यन्त्र रच रखे है, जो सघ-समितियाँ बना रखी हैं, उन सबको अभी मैं मुट्ठी मे किये लेता हूँ[५५]।"

यश्च सापत्नः शपथो जाम्याः शपथश्च यः।
ब्रह्मा यन्मन्युतः शपात् सर्वं तन्नो अधस्पदम् ॥
शप्तारमेतु शपथो यः सुहार्त् तेन नः सह।
चक्षुर्मन्त्रस्य दुर्हार्दः पृष्टीरपि शृणीमसि। अथर्व २.७ २,५

शत्रु का शाप हो, चाहे बन्धु का शाप हो, और भले ही ब्रह्मा भी क्रुद्ध होकर शाप दे दे, सबको मैं पादाक्रान्त कर दू गा। शाप उल्टा शाप देने वाले पर ही आकर पडेगा। मै तो उसका साथ देता हूँ, जो शुभ हृदय वाला है। आँखो से सैन चलाने वाले दुष्टहृदय दुर्जन की हड्डी-पसली तोड डालूगा।"

इद देवाः शृणुत ये यज्ञियाः स्थ भरद्वाजो मह्यमुक्थानि शंसति।
पाशे स बद्धो दुरिते नियुज्यतां यो अस्माकं मन इदं हिनस्ति ॥

---

५४. यहाँ लव इन्द्र अर्थात् मनुष्य का अगुष्ठमात्र आत्मा सोम-पान से हृष्ट हो आत्मस्तुति कर रहा है। ऐन्द्रो लव आत्मान तुष्टाव, का. ऋ. सर्वा.। सायण ने इसे निम्न प्रकार ऐतिहासिक रूप दे दिया है—इन्द्रो लवरूपमास्थाय सोमपान कुर्वन् तदानीमृषिभिर्दृष्ट. सन् स्वात्मानमनेन सूक्तेनास्तावीत्। सा० भा०

५५. इस सूक्त को आश्वलायन गृह्यसूत्र में शत्रु पर आक्रमण करते समय जपने का विधान है—ऋषभं मा समानानामित्यभिक्रामन्, आश्व० गृ० २.६.१३। तदनुसार सायण लिखते हैं—'प्रयाणसमये जपेत्'।

इदमिन्द्र शृणुहि सोमप यत् त्वा हृदा शोचता जोहवीमि ।
वृश्चामि त कुलिशेनेव वृक्षं यो अस्माक मन इद हिनस्ति ॥
अथर्व २. १२. २, ३

"हे देवो, मेरी इस भीष्म-प्रतिज्ञा को सुन लो। आज मेरा बलवान् मन[५६] मेरे लिए प्रबल सकल्प उठा रहा है। जो कोई मेरे मन की हिंसा करने आयेगा वह पाशबद्ध होकर दुर्गति पायेगा। हे सोमरसपायी मेरे आत्मन्, सुन, जो मैं दीप्त हृदय के साथ पुकार-पुकार कर कह रहा हूं। काट डालूं गा उसे, जैसे कुल्हाडे से वृक्ष को, जो मेरे मन की हिंसा करने आयेगा।"

परेणैतु पथा वृकः परमेणोत तस्करः ।
परेण दत्वती रज्जुः परेणाघायुरर्षतु ॥
अक्ष्यौ च ते मुखं च ते व्याघ्र जम्भयामसि ।
आत् सर्वान् विंशति नखान् ॥
व्याघ्रं दत्वतां वयं प्रथम जम्भयामसि ।
आदु ष्टेनमथो अहिं यातुधानमथो वृकम् ॥
ओ अद्य स्तेन आयति स संपिष्टो अपायति ॥ अथर्व ४ ३.२-५

"भेडिया सुदूर मार्ग से चला जाए, चोर दूर से चला जाए, यह दातो वाली रस्सी (साप) दूर से चली आए, पापेच्छु दूर से चला जाए। मेरे समीप आने का साहस न करे। ओ व्याघ्र, मैं तेरी आखे फोड़ दूंगा, तेरा मुख चीर दूगा, तेरे बीसो नख तोड़ डालूगा, आ तो सही। नोकीले दातो वाले व्याघ्र को मैं जान से मार डालूगा। चोर का, साप का, परपीडक राक्षस का, भेड़िये का मैं वध कर दूगा। जो कोई चोर-लुटेरा मेरे पास आयेगा वह अच्छी तरह कुट-पिट कर लौटेगा।"

सहे पिशाचान्त्सहसा-ऐषां द्रविणं ददे ।
सर्वान् दुरस्यतो हन्मि स म आकूतिर्ऋध्यताम् ॥
तपनो अस्मि पिशाचानां व्याघ्रो गोमतामिव ।
श्वानः सिंहमिव दृष्ट्वा ते न विन्दन्ते न्यञ्चनम् ॥
न पिशाचैः सं शक्नोमि न स्तेनैर्न वनर्गुभिः
पिशाचास्तस्मान्नश्यन्ति यमहं ग्राममाविशे ॥
य ग्राममाविशत इदमुग्र सहो मम ।
पिशाचास्तस्मान्नश्यन्ति न पापमुपजानते ॥ अथर्व ४.३६.४,६-८

---

५६. मनो वै भरद्वाज ऋषिः। शत. ८.१.१.६। सायण के अनुसार भरद्वाज नामक महर्षि अभिप्रेत है।

"पिशाचो को मैं अपने बल से परास्त कर दूंगा। इनकी धन-सम्पत्ति छीन लूंगा। सब दुष्टता करने वालो का हनन कर दूंगा। यह मेरा सकल्प पूर्ण होकर रहेगा। मैं पिचाचो को सतप्त कर देने वाला हूँ, जैसे व्याघ्र ग्वालों को। मुझे सामने देख कर पिशाच अपनी सब चोकडी भूल जाते हैं, जैसे कुत्ते सिह को देख कर। पिशाचो के साथ, चोर-लुटेरो के साथ, डाकुओ के साथ मैं कभी समझौता नही कर सकता। जिस ग्राम में मैं प्रविष्ट हो जाता हू, पिशाच वहाँ से भाग खडे होते है। जिस ग्राम में मेरा यह दमनकारी बल पहुँच जाता है, वहाँ से पिशाच रफूचक्कर हो जाते हैं। मुझे देखते ही वे सब पाप करना भूल जाते है।"

अश्मवर्म मेऽसि यो मा प्राच्या दिशोऽघायुरभिदासात्।
एतत् स ऋच्छात्॥
अश्मवर्म मेऽसि यो मा दक्षिणाया दिशोऽघायुरभिदासात्।
एतत् स ऋच्छात्॥
अश्मवर्म मेऽसि यो मा प्रतीच्या दिशोऽघायुरभिदासात्।
एतत् स ऋच्छात्॥
अश्मवर्म मेऽसि यो मा ध्रुवाया दिशोऽघायुरभिदासात्।
एतत् स ऋच्छात्॥
अश्मवर्म मेऽसि यो मोर्ध्वाया दिशोऽघायुरभिदासात्।
एतत् स ऋच्छात्॥
अश्मवर्म मेऽसि यो मा दिशामन्तर्देशेभ्योऽघायुरभिदासात्।
एतत् स ऋच्छात्॥ अथर्व ५ १०.१–७

"हे मेरे आत्मन्, तू लोहे का कवच है। पूर्व दिशा से जो कोई पापी मुझ पर घात करने आयेगा, वह उल्टा मुंह की खाकर लौटेगा। दक्षिण दिशा से जो कोई पापी मुझ पर घात करने आयेगा, वह उल्टा मुंह की खाकर लौटेगा। उत्तर दिशा से जो कोई पापी मुझ पर घात करने आयेगा, वह उल्टी मुंह की खाकर लौटेगा। नीचे की दिशा से जो कोई पापी मुझ पर घात करने आयेगा वह उल्टा मुंह की खाकर लौटेगा। ऊर्ध्वा दिशा से जो कोई पापी मुझ पर घात करने आयेगा, वह उल्टा मुंह की खाकर लौटेगा। दिशाओं के अन्तः प्रदेशो से जो कोई पापी मुझ पर घात करने आयेगा, वह उल्टा मुंह की खाकर लौटेगा।"

परोऽपेहि मनस्पाप किमशस्तानि शंससि।
परेहि न त्वा कामये वृक्षाँ वनानि संचर गृहेषु गोषु मे मनः॥
अथर्व ६.४५.१

"परे हट, ओ मन के पाप, क्यों तू मुझे निन्दित परामर्श दे रहा है। भाग जा, मुझे तेरी चाह नही है। जंगलो में वृक्षो पर भटकता फिर। मेरा मन तो गृहकार्यों मे तथा गो-सेवा आदि शुभ कार्यों मे निरत है, मुझे तेरे स्वागत का अवकाश नहीं है।"

यथा सूर्यो नक्षत्राणामुद्यंस्तेजांस्याददे।

एवा स्त्रीणां च पुंसां च द्विषतां वर्च आददे॥ अथर्व ७.१३.१

"जैसे उदित होता हुआ सूर्य नक्षत्रो के तेज को हर लेता है वैसे ही शत्रुता करने वाले सब स्त्री-पुरुषो के तेज को मैं हर लूंगा।"

दौष्वप्न्यं दौर्जीवित्यं रक्षो अभ्वमराय्यः।

दुर्णाम्नीः सर्वा दुर्वाचस्ता अस्मन्नाशयामसि। अथर्व ७.२३.१

"बुरे स्वप्न, बुरे जीवन महाराक्षस, अलक्ष्मियो, बुरे नाम वाली तथा हाहाकार कराने वाली सब आधि-व्याधियो एवं विपत्तियो को मै अपने समीप से नष्ट कर दूंगा।"

स्वायसा असयः सन्ति नो गृहे

विद्मा ते कृत्ये यतिधा परूंषि॥

उत्तिष्ठैव परेहीतोऽज्ञाते किमिहेच्छसि।

ग्रीवास्ते कृत्ये पादौ चापि कर्त्स्यामि निर्द्रव। अथर्व १०.१.२०,२१

"ओ कृत्ये, ओ शत्रुजन्य हिंसापिशाचिनी, सावधान, हमारे घरो मे उत्तम लोहे की तलवारें विद्यमान है। तेरे जितने जोड है, उन्हें मैं जानता हूं। उठ, यहा से भाग कर कही अज्ञात स्थान मे चली जा, यहां तेरा क्या काम है? तेरी ग्रीवा धड से अलग कर दूंगा, तेरे पैर काट डालूंगा, निकल जा यहा से।"

विष्णोः क्रमोऽसि सपत्नहा पृथिवीसंशितोऽग्नितेजाः।

पृथिवीमनु विक्रमेऽहं पृथिव्यास्तं निर्भजामो योऽस्मान्

द्वेष्टि यं वयं द्विष्मः। स मा जीवीत् तं प्राणो जहातु॥

अथर्व १०.५.२५

"हे मेरे कदम, तू छोटा नही, तू विष्णु का विशाल कदम है। तू शत्रुहन्ता है, पृथिवी भर मे तीक्ष्ण है, तुझमें अग्नि का तेज है। मैं तुझे पृथिवी पर रखूंगा। जो मुझ से शत्रुता मोल लेगा, और मैं भी जिसकी दुष्टता के कारण जिससे शत्रुता ठानूंगा, उसे मे पृथिवी से निकाल फेकूंगा। देख लेना, वह जीवित नही बचेगा प्राण उसे छोड़ जाएगा।"

मनुष्य का विजयोल्लास

अभी हम मत शीर्षकों के नीचे मनुष्य की आत्मविश्वासभरी कुछ वीरोक्तियां प्रदर्शित कर चुके हैं। जिसके हृदय में ऐसी भावनाएं हिलोरें लेती हैं,

जीवन-संग्राम में उसकी विजय एवं सफलता निश्चित है। अतएव अब ऐसे कुछ वचनो का चयन प्रस्तुत किया जा रहा है, जिनमें मनुष्य सफलता-लाभ के उपरान्त अपने हृदय का उल्लास व्यक्त कर रहा है। इनमे तमस् को पार कर ज्योति की प्राप्ति, बाह्य तथा आन्तरिक अरातियो को दग्ध कर उन्नति के आकाश मे विहार, कीर्ति की प्राप्ति, पापो पर विजय, ऋत की उपलब्धि आदि से जनित असीम आल्हाद का पारावार हृदय के कूलो से उमड कर वाक्प्रणाली द्वारा प्रवाहित होता हुआ वेद के पाठकों को रसार्द्र कर रहा है। इस सकलन में चारो वेदो के मन्त्र है।

उद् वय तमसस्परि ज्योतिष्पश्यन्त उत्तरम् ।
देव देवत्रा सूर्यमगन्म ज्योतिरुत्तमम् । ऋग् १.५०.१०

"आहा, हमने तमस् से ऊपर उठकर, 'उत्तर ज्योति' के दर्शन कर, प्रकाशको मे सर्वश्रेष्ठ प्रकाशक उत्तम ज्योति 'सूर्य' को पा लिया है।"

अपाम सोममृता अभूम-अगन्म ज्योतिरविदाम देवान् ।
कि नूनमस्मान् कृणवदरातिः किमु धूर्तिरमृत मर्त्यस्य ॥
ऋग् ८.४८.३

"हमने सोमरस का पान कर लिया है, हम अमर हो गये है। हमने ज्योति पा ली है, देवो को पा लिया है। अराति हमारा क्या कर सकता है, मनुष्यजन्य हिंसा हमारा क्या बिगाड सकती है?"

प्रत्युष्ट रक्षः प्रत्युष्टा अरातयो निष्टप्त रक्षो निष्टप्ता अरातयः ।
उर्वन्तरिक्षमन्वेमि ॥ यजु १ ७

"राक्षसों को मैंने दग्ध कर दिया है, पूर्णत दग्ध कर दिया है। अरातियों को मैंने दग्ध कर दिया है, पूर्णत दग्ध कर दिया है। अब मै स्वच्छन्द आकाश में विहार कर रहा हूँ।"

पृथिव्या अहमन्तरिक्षमारुहमन्तरिक्षाद् दिवमारुहम् ।
दिवो नाकस्य पृष्ठात् स्वर्ज्योतिरगामहम् ॥ यजु १७. ६७

"पृथिवी से मैं अन्तरिक्ष में आरूढ हुआ, अन्तरिक्ष से द्युलोक मे आरूढ हुआ। और, हर्ष का विषय है कि अब मैं 'नाक' के पृष्ठ द्युलोक से ऊपर उठकर स्वर्लोक की ज्योति मे पहुँच गया हूँ।"

यशा इन्द्रो यशा अग्निर्यशाः सोमो अजायत ।
यशा विश्वस्य भूतस्याहमस्मि यशस्तमः ॥
अथर्व ६. ३९. ३; ८. ५८. ६७

"जैसे इन्द्र यशस्वी है, अग्नि यशस्वी है, चन्द्र यशस्वी है, वैसे ही सब भूतो मे मै यशस्वी हो गया हूँ, परम यशस्वी हो गया हूँ।"

अवधीत् कामो मम ये सपत्ना उरु लोकमकरन् मह्यमेधतुम् ।

अथर्व ६. २. ११

"मेरे संकल्प-बल ने मेरे जो सपत्न थे उन्हे विनष्ट कर दिया है, मेरे लिए विशाल लोक खोल दिया है, समृद्धि के द्वार उद्घाटित कर दिये हैं।"

अजैष्म-अद्य-असनाम, अद्याभूमानागसो वयम् ।

अथर्व १६. ६. १

"आहा, हम विजयी हुए है, हमने प्राप्तव्य को पा लिया है, हम निष्पाप हो गए हैं।"

जितमस्माकमुद्भिन्नमस्माकमभ्यष्ठां विश्वाः पृतना अरातीः ॥

अगन्म स्वः स्वरगन्म स सूर्यस्य ज्योतिषागन्म ॥

अथर्व १६. ६ १, ३

"हमे विजय प्राप्त हुई है, हमे अभ्युदय प्राप्त हुआ है। मैंने समस्त शात्रवी सेनाओ को परास्त कर दिया है। पा लिया है हमने स्वर्ज्योति को; आहा, स्वर्ज्योति को पा लिया है। हम सूर्य की ज्योति से समन्वित हो गए हैं।"

अहमिद्धि पितुष्परि मेधामृतस्य जग्रभ ।

अहं सूर्य इवाजनि ॥ ऋग् ८ ६ १०, साम. पू २. ४. ८; साम उ. १४. १. १२, अथर्व २०. ११५ १

"मैंने पिता प्रभु से सत्यमयी मेधा को (ऋतम्भरा प्रज्ञा को) पा लिया है। मैं सूर्य-सदृश हो गया हू।"

मनुष्य का आत्म-परिदेवन

अभी तक हमने आत्मकथात्मक शैली के उज्ज्वल पक्ष पर ही दृष्टिपात किया है। अब दूसरे पक्ष को लेते है, जिसमे अपनी हीन दशा से असन्तुष्ट होकर मनुष्य परिदेवन करता है। ससार मे रहते हुए मनुष्य कभी भूकम्प, दुर्भिक्ष आदि दैवी विपत्तियो से ग्रस्त हो दुरवस्था को प्राप्त हो जाता है, कभी शत्रुओ से पराजित हो दुर्दशापन्न हो जाता है। कभी वह किन्हीं दुर्व्यसनों या रोगो के वशीभूत हो दयनीय स्थिति को प्राप्त कर लेता है, कभी पापाचरण मे प्रवृत्त हो उसके कुपरिणामो का भाजन बन चिन्तित होने लगता है। कभी वह अपनी संकल्पित योजनाओ मे विफल हो हताश हो जाता है, कभी अपरिमित हानि, प्रियजन के वियोग आदि से सन्तप्त होता है। कभी वह अपने अज्ञान, अविवेक आदि से स्वयं ही पीडित होने लगता है। ऐसे समयो मे स्व-

भावतः उसके हृदय से अपनी दीनदशा के प्रति क्रन्दन तथा उससे मुक्त होने की आतुर पुकार निसृत होती है। ऐसे ही प्रसंग आत्मपरिदेवन के होते है।

एक जुआरी का आत्म-निर्वेद

प्रथम ऋग् १०. ३४ से एक जुआरी की आत्मकथा प्रस्तुत करते हैं।

प्रावेपा मा बृहतो मादयन्ति प्रवातेजा इरिणे वर्वृतानाः।
सोमस्येव मौजवतस्य भक्षो विभीदको जागृविर्मह्यमच्छान् ॥१॥
न मा मिमेथ न जिहीड एषा शिवा सखिभ्य उत मह्यमासीत्।
अक्षस्याहमेकपरस्य हेतोरनुव्रतामप जायामरोधम् ॥२॥
द्वेष्टि श्वश्रूरप जाया रुणद्धि न नाथितो विन्दते मर्डितारम्।
अश्वस्येव जरतो वस्न्यस्य नाहं विन्दामि कितवस्य भोगम् ॥३॥
अन्ये जायां परि मृशन्त्यस्य यस्यागृधद्वेदने वाज्यक्षः।
पिता माता भ्रातर एनमाहुर्न जानीमो नयता बद्धमेतम् ॥४॥
यदादीध्ये न दविषाण्येभिः परायद्भ्योऽव हीये सखिभ्यः।
न्युप्ताश्च बभ्रवो वाचमक्रतँ एमीदेषां निष्कृतं जारिणीव ॥५॥
सभामेति कितवः पृच्छमानो जेष्यामीति तन्वा शूशुजानः।
अक्षासो अस्य वितिरन्ति कामं प्रतिदीव्ने दधत आ कृतानि ॥६॥
अक्षास इदङ्कुशिनो नितोदिनो निकृत्वानस्तपनास्तापयिष्णवः।
कुमारदेष्णा जयतः पुनर्हणो मध्वा संपृक्ताः कितवस्य बर्हणाः ॥७॥
त्रिपञ्चाशः क्रीडति व्रात एषां देव इव सविता सत्यधर्मा।
उग्रस्य चिन्मन्यवे ना नमन्ते राजा चिदेभ्यो नम इत् कृणोति ॥८॥
नीचा वर्तन्त उपरि स्फुरन्त्यहस्तासो हस्तवन्तं सहन्ते।
दिव्या अङ्गारा इरिणे न्युप्ताः शीताः सन्तो हृदयं निर्दहन्ति ॥९॥
जाया तप्यते कितवस्य हीना माता पुत्रस्य चरतः क्व स्वित्।
ऋणावा बिभ्यद्धनमिच्छमानोऽन्येषामस्तमुप नक्तमेति ॥१०॥
स्त्रियं दृष्ट्वाय कितवं ततापाऽन्येषां जायां सुकृतं च योनिम्।
पूर्वाह्णे अश्वान् युयुजे हि बभ्रून्त्सो अग्नेरन्ते वृषलः पपाद ॥११॥
यो वः सेनानीर्महतो गणस्य राजा व्रातस्य प्रथमो बभूव।
तस्मै कृणोमि न धना रुणध्मि दशाहं प्राचीस्तदृतं वदामि ॥१२॥
अक्षैर्मा दीव्यः कृषिमित् कृषस्व वित्ते रमस्व बहु मन्यमानः।
तत्र गावः कितव तत्र जाया तन्मे विचष्टे सवितायमर्यः ॥१३॥

"प्रवात स्थान में उत्पन्न, कम्पनकारी, द्यूतफलक पर पड़े हुए इन द्यूत-पाशों ने मुझे मतवाला बना दिया है। रातों जगाने वाले इस द्यूत ने मौजवत

सोम के भक्षण के समान मुझे पूर्णत. अपने वश में कर लिया है (मन्त्र १) । यह मेरी जाया मुझे न कभी कष्ट देती थी, न मुझ पर क्रुद्ध होती थी, प्रत्युत मेरे लिए तथा मेरे मित्रो के लिए मंगलकारिणी थी । पर एकमात्र द्यूत के कारण मैंने अपनी इस पतिव्रता को अपने से विमुख कर दिया है (मन्त्र २) । सास मुझ से द्वेष करने लगी है, जाया मुझे अपने पास से दूर रखती है । कष्टापन्न हुआ मैं किसी सुख-सहानुभूति दर्शाने वाले को प्राप्त नहीं करता (मन्त्र ३) । मैंने अनुभव कर लिया है कि जिसके धन पर बलवान् द्यूत ललचा जाता है, उसकी जाया का अन्य जन स्पर्श करते हैं, पिता-माता-भाई इसके विषय मे कहते हैं कि हम इसे जानते ही नहीं, इसे बाध कर ले जाओ (मन्त्र ४) । कई बार मैं निश्चय करता हूं कि अब मैं इन द्यूतपाशो से क्रीडा नही करूंगा, क्योकि समीप से दूर भागते हुए मित्रगण मुझे छोड़ते चले जा रहे है। पर द्यूतफलक पर फेंके हुए ये भूरे-भूरे द्यूतपाश जब शब्द करते हैं, तब मे आकृ-ष्ट हो इनके पास पहुंच ही जाता हूं (मन्त्र ५) । 'जीत भी जाऊगा या नही' यह पूछता हुआ जुआरी मैं शरीर से बेचैन होता हुआ द्यूतसभा मे पहुचता हूं । प्रतिपक्षी जुआरी के लिए अपनी कमाई को आगे रखते हुए मेरी उत्सुकता को द्यूतपाश और भी बढा देते हैं (मन्त्र ६) । मैंने देख लिया है कि द्यूतपाश निश्चय ही अंकुश के समान दु खदायी है, व्यथाजनक है, हृदय का कर्तन कर देने वाले हैं, संतापशील है, अत्यल्प देने वाले हैं[५७], जीतने वाले को भी पुन मारने वाले हैं, ऊपर से मधुसपृक्त (आकर्षक) है, पर वस्तुत: जुआरी का सर्वनाश कर देने वाले हैं (मन्त्र ७) । इन पाशों का ५३ का समूह द्यूतफलक पर क्रीडा करता है[५८], जैसे सत्यधर्मा सविता देव गगनफलक पर क्रीडा करता है । उग्र मनुष्य के क्रोध के आगे भी ये नहीं झुकते । राजा भी इन्हे नमस्कार

---

५७. कुमारदेष्णा (पदपाठ—कुमारऽदेष्णा), अत्यल्प धन देने वाले । तुलनीय : ऋग् ७. ३७. ३, जहा धन के दो विभाग कहे हैं, एक विपुल (महः) दूसरा अर्भ अर्थात् शिशु या अल्प ।

They give frail gifts —Griffith. Presenting gifts like boys. Giving gifts and then taking them back like children. —Macdonell : A Vedic Reader for students.

५८ 'त्रिपञ्चाशः अधिकपचाशत्सख्याकः व्रातः सङ्घः', सायरण । लुड्विग का विचार है कि यहा त्रिगुण पंच अर्थात् पन्द्रह अर्थ करना अधिक उचित है; द्रष्टव्यः ग्रिफिथ की टिप्पणी । मैंकडानल तीन पचास अर्थात् १५० की सख्या अभिप्रेत मानते हैं ।

ही करता है (मन्त्र ८)। ये पासे नीचे पड़े होते हैं, तो भी ऊपर स्फुरण करते हैं, अर्थात् इनका प्रभाव ऊपर हृदय तक पहुंचता है। इनके हाथ नही है, तो भी ये हाथ वाले को परास्त कर देते हैं। द्यूतफलक पर फेंके हुए ये दिव्य अगारे हैं, जो शीतल होते हुए भी हृदय को जलाते है (मन्त्र ९[५६])। मुझ जुआरी की जाया हीन दशा को प्राप्त हुई दुःख पाती है। इधर-उधर भटकने वाले मुझ जुआरी पुत्र की माता भी दुःख भोगती है। मै ऋणी होकर डरता-डरता धन की इच्छा से रात्रि मे (चोरी के लिए) अन्यो के घर पहुचता हूं (मन्त्र १०)। एक ओर अपनी दुर्दशाग्रस्त पत्नी को और दूसरी ओर अन्यो की पत्नी तथा सुसज्जित घर को देखकर मे बहुत सन्तप्त होता हू। पूर्वाह्ण मे जो बभ्रु अश्वो को रथ मे नियुक्त करता था, वही (सब सम्पत्ति जुए मे हार कर शीतार्त हुआ) वृषल के समान अग्नि के समीप पड़ा हूँ (मन्त्र ११)। अत. हे द्यूतपाशो, जो तुम्हारे महान् गण का सेनापति है और श्रेष्ठ राजा है, उसके सम्मुख मैं हाथ जोडता हू। अब भविष्य मे उसके लिए धन जोड़-जोड कर नही रखूगा। यह मै सत्य कह रहा हूं (मन्त्र १२)। हे मेरे जुआरी भाई, (मेरे अनुभव से तू भी शिक्षा ले) द्यूतक्रीडा मत कर, कृषि ही कर, उससे जो कुछ धन तुझे प्राप्त हो उसे ही बहुत मानता हुआ भोग कर। उसी मे गोसुख है, उस मे पत्नीसुख है। यह बात सब के स्वामी सविता (प्रेरक प्रभु) ने मुझे स्पष्ट कर दी है (मन्त्र १३)।"

इस परिदेवन मे क्रमश. परिवर्तित होने वाली जुआरी की मनोदशा का बड़ा ही स्वाभाविक एव मनोवैज्ञानिक चित्रण हुआ है। प्रथम वह द्यूत के प्रति ऐसा आकृष्ट होता है, जैसे सोमरस के प्रति। द्यूतपाश उसे मतवाला किये रहते है। द्यूतक्रीडा मे आसक्त वह रात्रि मे भी जागता है। कभी-कभी विजय का मुख देख वह लाखों का स्वामी होने का स्वप्न देखने लगता है। हारता भी है तो जीत की आशा उसे पुन: पुन खेलने के लिए प्रेरित करती है। अन्त मे सब धन वह जुए मे हार जाता है। पत्नी, भाई, बान्धव सब उससे विमुख होने लगते हैं। तब वह जुआ न खेलने का प्रण करता है। पर द्यूतालय के समीप से जा रहा होता है, और द्यूतपाशो की चिर-परिचित ध्वनि उसके श्रोत्रविवरो मे प्रविष्ट होती है, तब अपना सब प्रण विस्मृत कर

The evidence is in favour of interpreting the word as meaning 'consisting of three fifties' not 'Consisting of fifty three' as the number of dice normally used.–Macdonell. A Vedic Reader for students.

५६. यह विरोधाभास अलकार का एक सुन्दर उदाहरण है।

देता है, और पुन: एक बाजी खेल लेने के लिए द्यूतगृह मे पहुंच जाता है। कई बार वह ऐसा प्रण करता है और हरबार पुन: प्रलोभन में पड़ जाता है। पर फल विपरीत ही होता है। अन्त मे जब अपनी दरिद्र दशा को निहारता है, अपने जीर्ण-शीर्ण घर की अन्यों के राजभवनों से, अपनी जीर्णवसना पत्नी की दूसरों की अलकृत पत्नियो से तुलना करता है, तब वह द्यूत के प्रति विरक्त हो जाता है। इसी विरक्त दशा मे वह अपने भाव प्रकट कर रहा है, द्यूत से निष्पन्न हुई अपनी दशा पर रह-रह कर परिदेवन कर रहा है, और उस दिन की प्रतीक्षा में है जब वह अपने परिश्रम की कमाई से समृद्ध होगा।

मैं अपने आपको ही नहीं जानता

द्यूत-सूक्त के पश्चात् अब परिदेवन के अन्य प्रसंगो पर आते हैं। निम्न प्रसग में अज्ञान एव अविवेक से ग्रस्त कोई मनुष्य अपनी अवस्था से उद्विग्न हो परिदेवन कर रहा है–

न विजानामि यदि वेदमस्मि निण्यः संनद्धो मनसा चरामि।
यदा मागन् प्रथमजा ऋतस्यादिद् वाचो अश्नुवे भागमस्याः॥

ऋग् १. १६४. ३७, अथर्व ६. १०. १५

"मैं यही नही जानता कि मैं यह हू या वह हूं, क्या हूं। अज्ञान से अन्तर्हित हुआ, रागादि के बन्धनों से बधा हुआ भटक रहा हूं। जब मेरे अन्दर सत्य का प्रथमोन्मेष होगा तब मैं दिव्यवाणी के अभिप्राय को हृदयगम कर सकूंगा"।

वेद मुझे बताते हैं कि हे मानव, तू अजर है, अमर है, अमृतपुत्र है, साक्षात् सूर्य है, देव है। पर मै दिव्य वेदवाणी का अर्थ नही समझ पाता। आज मेरी अवस्था यह है कि मैं कभी शरीर को, कभी इन्द्रियो को, कभी मन को, कभी बुद्धि को समझता हू कि यह मैं हू। मुझे असली आत्म-स्वरूप का ही परिचय नहीं है। इस दशा से व्याकुल हुआ मैं 'ऋत के प्रथमजा' की, सत्य के प्रथमोन्मेष की आतुरता से प्रतीक्षा कर रहा हू। कब वह मेरे अन्दर आयेगा, और कब मैं अपने आप को जान सकूंगा।

ज्योति की राह दिखाओ

ऋग्वेद के एक अन्य प्रसग मे सर्वथा किंकर्तव्यविमूढ हुआ मनुष्य मार्गदर्शन के लिए आदित्यो (अखण्डज्योति नेताओ) का आह्वान कर रहा है–

न दक्षिणा विचिकिते न सव्या न प्राचीनमादित्या नोत पश्चा।
पाक्या चिद् वसवो धीर्याचिद् युष्मानीतो अभयं ज्योतिरश्याम्॥

ऋग् २.२७.११

"हे आदित्यो, न मुझे दाहिने कुछ सूझ रहा है, न बाए, न पूर्व मे, न पश्चिम में। चाहे कितना ही मैं अपरिपक्व हूं, चाहे कितनी ही मुझे बुद्धि की आवश्यकता है, तो भी हे निवासको, मैं चाहता हू कि तुम्हारा पथ-प्रदर्शन प्राप्त कर मैं अभयज्योति को पा लू।

इस काली रात्रि को कैसे पार करू ?

ऋग्वेद ६.९ मे निराशा की काली रात्रि से घिरा हुआ कोई मनुष्य खडा है। उसके चक्षु, श्रोत्र, मन आदि सब अन्धकार मे भटक रहे हैं। ऐसी अवस्था से भयभीत हो वह परिदेवन कर रहा है तथा वैश्वानर ज्योति के चमकने की बाट जोह रहा है।

अहश्च कृष्णमहरर्जुनं च विवर्तेते रजसी वेद्याभिः।
वैश्वानरो जायमानो न राजाऽवातिरज्ज्योतिषाग्निस्तमांसि ॥
नाहं तन्तुं न विजानाम्योतुं न यं वयन्ति समरेऽतमानाः।
कस्य स्वित् पुत्र इह वक्त्वानि परो वदात्यवरेण पित्रा ॥
वि मे कर्णा पतयतो वि चक्षुर्वीदं ज्योतिर्हृदय आहितं यत्।
वि मे मनश्चरति दूर आधीः किं स्विद् वक्ष्यामि किमु नु मनिष्ये ॥
विश्वे देवा अनमस्यन् भियानास्त्वामग्ने तमसि तस्थिवांसम्।
वैश्वानरोऽवतूतये नोऽमर्त्योऽवतूतये नः ॥ ऋग् ६ ९ १,२,६,७

"एक निराशा और तमस् का काला दिन है, दूसरा आशा और प्रकाश का श्वेत दिन है। वे दोनो मेरे मानस के द्यावापृथिवी मे आते-जाते रहते है। जब वैश्वानर-प्रभु उदीयमान राजा के समान मेरे हृत्पटल मे आकर अपनी दिव्य ज्योति से 'अन्धकार' को छिन्न-भिन्न करते हैं, उस समय काला दिन श्वेत दिन मे परिणत हो जाता है (मन्त्र १)। पर आज तो मेरे मानस मे काला दिन ही छाया हुआ है। मैं विवेकहीन सा हो रहा हू। न मै यह समझ पा रहा हू कि जीवन का ताना कैसे तना जाए, न यह जान पा रहा हू कि बाना कैसे भरा जाए, और न ही यह विवेक कर पा रहा हू कि ससार-समर मे गति करते हुए जन किस पट को बुना करते हैं। किस का पुत्र है जो ज्ञान मे अपने पिता से भी श्रेष्ठ होता हुआ मुझे यह सब बतलायेगा (मन्त्र २)। मेरे श्रोत्र इतस्तत. भटक रहे हैं, चक्षु भटक रही है, हृदय मे निहित यह आत्म-ज्योति भी भटक रही है। मेरा मन दूर की चिन्ताओ मे उलझ रहा है। ऐसी अवस्था में मैं क्या भाषण कर सकूंगा, क्या विचार कर सकूगा (मन्त्र ६)। हे मेरे वैश्वानर अग्ने, तुम्हीं अन्धकार में आच्छन्न हो गये हो तो अन्य इन्द्रिय रूपी देवों का क्या कहना। वे भयभीत होकर तुम्हे नमस्कार कर रहे है और पुकार मचा

रहे हैं कि वैश्वानर आत्मा हमारी रक्षा करे, अमर आत्मा हमारी रक्षा करे (मन्त्र७)।"

हे वरुण, दर्शन क्यों नहीं देते ?

ऋग्वेद ७.८६ का प्रसग है। भक्त वरुण भगवान् के दर्शन की लालसा सजोये चिरकाल से हृदय-मन्दिर को अलकृत किये प्रतीक्षा मे बैठा-बैठा हार गया है। भगवान् कृपा नही कर रहे। वह आतुर हो कहता है–

पृच्छे तदेनो वरुण दिदृक्षूपो एमि चिकितुषो विपृच्छम्।
समानमिन्मे कवयश्चिदाहुरय ह तुभ्य वरुणो हृणीते ॥
किमाग आस वरुण ज्येष्ठ यत् स्तोतार जिघांससि सखायम्।
प्र तन्मे वोचो दूडभ स्वधावोऽव त्वानेना नमसा तुर इयाम् ॥

ऋग् ७ ८६.३,४

"हे वरुण, आपके दर्शन का अभिलाषी मे आपसे पूछता हू कि मेरा अपराध तो बताइये, जिससे आप मुझे दर्शन नही देते है। यही प्रश्न करने के लिए मैं ज्ञानी-जनों के समीप भी गया हू। सभी ने समान रूप से मुझे यही कहा है कि वरुण तुम पर प्रकुपित है (मन्त्र ३)। हे प्रभो, मेरा क्या अपराध है, जिससे आप मेरा हनन करना चाहते है ? हे दुर्दमनीय, हे तेजस्विन्, मुझे बताइये तो, जिससे निरपराध होकर नमस्कारपूर्वक सत्वर मैं आपके शरणागत हो जाऊ (मन्त्र ४)।"

जालबद्ध मत्स्यों का करुण-क्रन्दन

ऋग्वेद ८.६७ के ऋषि जालबद्ध मत्स्य हैं[६०]। वे जाल मे बधे-बधे अतिशय व्याकुल हो गये हैं, और मुक्त होना चाहते है। वस्तुत. जालबद्ध मत्स्य सांसारिक पाशो मे बधे हुए मानव ही हैं। वे अकुला कर कह रहे है–

जीवान्नो अभिधेतनादित्यास पुरा हथात्।
कद्ध स्थ हवनश्रुतः ॥ ऋग् ८.६७.५

"हे आदित्यो, हे नेताओ, जाल में बधे हुए हम मरणासन्न हो रहे है। कृपा करो, मरण से पूर्व ही हम जीवितो के पास रक्षार्थ दौड़ कर चले आओ। हे पुकार को सुनने वालो, कहा हो ? इस दशा से हमारा उद्धार करो।"

अहो, मैं क्या से क्या हो गया ?

एक ऋषि है। पहले उसकी बहुत उन्नत दशा थी। वह समर्थ तथा समृद्ध था। सर्वत्र उसका स्वागत और आदर होता था। किन्तु दुर्भाग्य से अब दुर्दशा-

---

६०. मत्स्याना जालमापन्नानामेतदार्षं वेदयन्ते। निरु. ६.२७। का. ऋ. सर्वा. तथा बृ.दे. ६.८८-६० भी द्रष्टव्य।

पन्न हो गया है, निर्बलता, निर्धनता एव मतिहीनता उसे क्लेशित कर रही है। अपनी इस अवस्था के प्रति परिदेवन करता हुआ वह सहायतार्थ इन्द्रादि देवो को पुकार रहा है--

प्र मा युयुज्रे प्रयुजो जनानां वहामि स्म पूषणमन्तरेण।
विश्वे देवासो अध मामरक्षन् दुःशासुरागादिति घोष आसीत् ॥
सं मा तपन्त्यभितः सपत्नीरिव पर्शवः।
निबाधते अमतिर्नग्नता जसुर्वेर्न वेवीयते मतिः ॥
मूषो न शिश्ना व्यदन्ति माध्यः स्तोतारं ते शतक्रतो ॥
सकृत्सु नो मघवन्निन्द्र मृडयाधा पितेव नो भव ॥ ऋग् १० ३३ १-३

"अहो, कोई समय था जब जनो को प्रयत्न मे लगाने वाली शक्तियो ने मुझे कार्य-तत्पर किया हुआ था। मै अपने अन्तर मे पूषा प्रभु को धारण किये घूमता था। समस्त देव मेरी रक्षा मे तत्पर थे। जहा-कही मैं पहुच जाता था 'वह दुर्जय्य आ गया' इन शब्दो के साथ मेरा स्वागत और जयजयकार होता था (मन्त्र १)। पर अब तो मेरी दशा विपरीत हो गयी है। ये पार्श्वस्थ जन मुझे सपत्नियो के समान सता रहे हैं, पार्श्वस्थ जन क्या, मेरी अपनी हड्डी-पसलिया ही दुखःदायी हो रही है। मतिहीनता मुझे पीडित कर रही है, नग्नता मुझे आकुल कर रही है, मेरी मति ऐसे काप रही है, जैसे व्याध के भय से पक्षी की (मन्त्र-२)। हे शतक्रतो, जैसे मूषिकाए आटे से पान कराये गये सूत्रो को खा जाती है, वैसे ही चिन्ताए मुझ आपके स्तोता को खाये जा रही है। मघवन्, एक बार तो दया करो, मुझे सुखी कर दो। मेरे लिए पितृतुल्य हो जाओ (मन्त्र ३)" ॥[६१]

विरही का विलाप

पुरूरवा की पत्नी उर्वशी उसे छोड अन्यत्र चली गयी है। उसके विरह मे वह विलाप कर रहा है--

सुदेवो अद्य प्रपतेदनावृत् परावत परमां गन्तवा उ।
अधा शयीत निर्ऋतेरुपस्थेऽधैनं वृका रभसासो अद्युः ॥ ऋग् १० ९५.१४

"मेरी उर्वशी मुझसे वियुक्त हो गयी है। मैं इस विरह को कैसे सहन करू ? इस अवस्था में घुल-घुल कर मरने से अच्छा तो यही है कि इस ससार से महाप्रयाण कर जाने के लिए किसी पर्वत आदि ऊचे स्थान से अपने आपको गिरा दू, सदा के लिए पृथिवी की गोद मे सो जाऊं, और तेजी से झपटने वाले भेड़िये मुझे खा जाएं।[६२]"

---

६१ इस सूक्त का ऋषि कवष ऐलूष है।

६२ पुरूरवा-उर्वशी के प्रसग की व्याख्या के लिए द्रष्टव्य चतुर्थ अध्याय।

ये मनुष्य के आत्म-परिदेवन के उदाहरण है। सभी में यथायोग्य आत्मा का निर्वेद, दीन दशा का सहज चित्रण, हृदय की अकुलाहट, अभद्र के प्रति विरक्ति, भद्र-प्राप्ति की उत्सुकता, अपराध-स्वीकार की निश्छलता, उद्धारक के प्रति समर्पण एव अन्तस्तल का करुण क्रन्दन ध्वनित हो रहे हैं।

उपसंहार

ऊपर वेदो की आत्मकथात्मक शैली पर हमने उदाहरणों सहित विचार किया है। इनमे कुछ इन्द्रादि देवो की आत्मकथाए हैं, कुछ राजा, सेनानी आदि की आत्म-स्तुतिया है, कुछ मनुष्य के अपने सम्बन्ध मे कहे गये आशा या निराशा के उद्गार हैं। इस शैली का जितना भावपूर्ण, विचारोद्बोधक, प्रभावजनक, हृदय के उत्साह, वीरत्व एव कर्तृत्व को प्रकट करने वाला, रसानुकूल, सजीव चित्रण वेदो मे हुआ है, वैसा अन्यत्र बहुत कम देखने को मिलता है। यद्यपि वैदिक सहिताओ में इस शैली के अनेक स्थलो में दर्शन होते हैं, तो भी सहितोत्तरकालीन वैदिक साहित्य मे इसका प्रचलन एव पल्लवन दृष्टिगोचर नही होता। ब्राह्मणग्रन्थ, आरण्यक, उपनिषद् सभी मे आत्मकथात्मक नहीं, प्रत्युत कथात्मक या आख्यानात्मक शैली ही विशेष आदृत हुई है। इसका प्रमुख कारण यह है कि उत्तर साहित्य में रोचकता की ओर अधिक ध्यान रखा गया है और दोनो की तुलना मे कथात्मक शैली अधिक रोचक ठहरती है। तो भी यह गौरव का विषय है कि वेदो मे आत्मकथात्मक शैली का अच्छे उत्कर्ष, चारुत्व और रोचकत्व के साथ सफल प्रयोग हुआ है, तथा कुछ अन्य शैलियो के समान इस शैली के भी वेद ही जन्मदाता कहे जा सकते है।

चतुर्थ अध्याय

संवादात्मक शैली

वेदो में कुछ सवादसूक्त आते हैं, जिनमें दो या अधिक पात्रों के सवाद द्वारा किन्हीं रहस्यो को प्रकट किया गया है। सवादो द्वारा शिक्षा देना शिक्षण की एक रोचक शैली है। वेद के ये सवाद भाषा, भाव, नाटकीय शैली आदि सभी दृष्टियो से अतिशय कलात्मक है। इन्ही नाटकीय सवादो को देखकर अनेक विद्वान् सस्कृत नाटक का उद्‌भव वेदो से मानते हैं। सभवत. ऐसा समझा जाता रहा है कि वेद के ये सवाद या तो ऐतिहासिक है या निरी कवि-कल्पना की उपज है, अत इनकी काव्यमयता का आनन्द लेने के अतिरिक्त इनके पात्रो तथा कथानकों के स्वरूप निर्णीत करने या किन्ही विशेष क्षेत्रों मे इन्हे घटाने की आवश्यकता नही है। हो सकता है इसी कारण माधव, सायण आदि भाष्यकारो ने इस दिशा मे विशेष प्रयत्न न किया हो। तो भी इस ओर इनका ध्यान सर्वथा नही है, यह नही कहा जा सकता, क्योकि कही-कही इन की लेखनी से भी इस दिशा में विचार करने की प्रेरणा मिलती है। यथा, इन्द्र और मरुतो के सवादप्रसग में सायण ने लिखा है कि इसकी योजना प्राण और जीवात्मा परक भी करनी चाहिए[1]। ब्राह्मण ग्रन्थ, निरुक्त, बृहद्-देवता आदि मे भी इनकी व्याख्या के सकेत मिल जाते है, यद्यपि प्रधानत: वे प्रकृतिपरक ही हैं। गैल्डनर, ओल्डनबर्ग, लुडविग, रॉथ, मैक्समूलर, ग्रिफिथ प्रभृति विदेशी विद्वानो ने भी किन्ही-किन्ही सवादो पर विचार किया है, पर उनका प्रयत्न भी प्राकृतिक व्याख्या तक ही सीमित है। आध्यात्मिक, राज-नीतिक आदि इतर क्षेत्रो की व्याख्याए अब तक नही के बराबर है।

संवादात्मक शैली विशेषत ऋग्वेद मे ही पायी जाती है। अथर्ववेद तथा यजुर्वेद मे संवाद नाममात्र हैं। सामवेद मे कोई स्पष्ट सवाद नही मिलता। चारों वेदो में सवाद के स्थल निम्न है–

ऋग् १. १६५	इन्द्र-मरुत्-सवाद
ऋग् १. १७०	इन्द्र-अगस्त्य-सवाद
ऋग् १. १७९	अगस्त्य-लोपामुद्रा-सवाद
ऋग् ३. ३३	विश्वामित्र-नदी-संवाद
ऋग् ४ १८	इन्द्र-अदिति-वामदेव-संवाद

---

१. द्रष्टव्य : ऋग् १. १६५. १ पर सायणभाष्य।

ऋग् ७. ३३	वशिष्ठ-वशिष्ठपुत्र-सवाद
ऋग् ८ १००	इन्द्र-नेम-संवाद
ऋग् १०. १०	यम-यमी-संवाद
ऋग् १०. २८	इन्द्र-वसुकपत्नी-सवाद
ऋग् १०. ५१-५३	अग्नि-देवगण-सवाद
ऋग् १०. ८६	इन्द्र-इन्द्राणी-वृषाकपि-सवाद
ऋग् १०. ९५	पुरूरवा-उर्वशी-सवाद
यजु २३. २२-३१	ऋत्विज्-सवाद
अथर्व ५ ११	भक्त-वरुण-सवाद
अथर्व १८ १. १-१६	यम-यमी-सवाद
अथर्व २० १२६	इन्द्र-इन्द्राणी-वृषाकपि-सवाद

यद्यपि प्रमुख सवाद ये ही है, तो भी कुछ अन्य प्रसगो को भी सवादरूप माना जा सकता है। यथा, ऋग् १ १२६ के अन्तिम दो मन्त्रो को अनुक्रमणी-कार ने सवादात्मक कहा है, जिनमे भावयव्य तथा रोमशा की बातचीत[2] है। ऋग् ८. ४५ के मन्त्र ३१-३७ मे ऋषि तथा इन्द्र का सवाद है, यद्यपि इसे अनुक्रमणी आदि मे सवादरूप कहा नही गया है। यहा ऋषि इन्द्र मे प्रार्थना करता है कि हम से एक-दो-तीन या अधिक अपराध हो जाने पर तू हमारा वध मत करना तथा इन्द्र उत्तर देता है कि बताओ तो सही, मैंने किसका वध किया है? तुम मेरे सखा हो, मैं तुम्हारा वध भला क्यो करूगा! ऋग् १०.१४६ को मुनि-अरण्यानी-सवाद समझा जा सकता है, यद्यपि सवाद-सूक्तो मे इसका परिगणन नही किया जाता। इसमे मुनि अरण्यानी से कहता है कि तुम अरण्यो मे छिपी रहती हो, ग्राम को क्यो नही पूछती। वह उत्तर देती है कि अरण्यो मे तो अमुक-अमुक आनन्द है। यहा हम कुछ प्रमुख सवादों पर विचार करेगे तथा उनकी विविध दृष्टिकोणों से क्या व्याख्याए हो सकती है, यह दर्शाने का प्रयास करेंगे।

इन्द्र-मरुत् तथा इन्द्र-अगस्त्य के संवाद

क. इन्द्र-मरुत्-संवाद

ऋग्वेद १. १६५ मे इन्द्र तथा मरुतो का सवाद है। यह १५ मन्त्रो का सूक्त है। कात्यायन की सर्वानुक्रमणी के अनुसार मन्त्र ३, ५, ७ तथा ९ मरुतो की ओर से एवं मन्त्र १, २, ४, ६, ८, १०-१२ इन्द्र की ओर से कहे

---

२. अन्त्ये अनुष्टुभौ। भावयव्यरोमशयोर्दम्पत्योः संवादः। का. ऋ. सर्वा.

गये हैं, अन्तिम तीन मन्त्र अगस्त्य के हैं[३]। अगस्त्य ने यज्ञ रचाया है। हवि-र्ग्रहणार्थ इन्द्र तथा मरुद्गण दोनों जाते हैं। इन्द्र मरुतों को आता हुआ देख कहता है–

कया शुभा सवयसः सनीडाः समान्या मरुतः सं मिमिक्षुः।
कया मती कुत एतास एतेऽर्चन्ति शुष्मं वृषणो वसूया ॥१॥
कस्य ब्रह्माणि जुजुषुर्युवानः को अध्वरे मरुत आ ववर्त।
श्येनाँ इव ध्रजतो अन्तरिक्षे केन महा मनसा रीरमाम ॥२॥

"एक सी आयु वाले, एक स्थान के वासी ये मरुत् कैसी निराली एक-समान शोभा मे अपने आपको सिंचित किये हुए हैं। किस इच्छा से, कहाँ से ये आये हैं? कुछ भी हो, ये बली मरुत् मेरे बल को बढाते ही है। किसके स्तोत्रो या निमन्त्रणो को इन्होने सुना है? किसने यज्ञ मे इन्हे बुलाया है? श्येनो के समान अन्तरिक्ष मे सवेग गति करने वाले इन्हें मैं किस महान् मन से प्रशसा कर आनन्दित करूं?"

इन्द्र द्वारा कहे गये ये प्रशसावचन मरुतो के भी कानो मे पडते है। वे सोचते हैं कि इन्द्र हमारी सहायता के बिना वृत्रवध, वृष्टिकर्म आदि में असमर्थ है, इसी कारण हमारी प्रशसा कर रहा है। अत वे गर्वपूर्वक इन्द्र को कहते हैं–

कुतस्त्वमिन्द्र माहिनः सन्नेको यासि सत्पते किं त इत्था।
सपृच्छसे समराणः शुभानैर्वोचेस्तन्नो हरिवो यत् ते अस्मे ॥३॥

"हे सत्पति इन्द्र, क्यो तू इतना महान् होता हुआ भी एकाकी विचरता है (क्या तेरा कोई अनुचर नही है)? तेरी ऐसी दशा क्यो है? हमसे मिलने पर शुभ प्रशसा-वचनो के साथ हमारे विषय मे पूछ रहा है। हे हरि नामक अश्वो वाले, जो तुझे हमसे प्रयोजन है, स्पष्ट कह।"

यह गर्वोक्ति सुन इन्द्र विचारता है—अरे, इन्होंने तो मेरी प्रशसा का विपरीत ही अर्थ ले लिया। तब वह भी सगर्व कहता है कि मुझे न किसी अनुचर की आवश्यकता है, न तुम्हारी आवश्यकता है–

ब्रह्माणि मे मतयः शं सुतासः शुष्म इयर्ति प्रभृतो मे अद्रिः।
आ शासते प्रति हर्यन्त्युक्थेमा हरी वहतस्ता नो अच्छ ॥४॥

---

३ मैक्समूलर तथा रॉथ १म, २य मन्त्रो को भी अगस्त्य द्वारा उक्त मानते है, शेष में वे अनुक्रमणीकार से सहमत हैं। पर लुडविग अनुक्रमणी के वर्गी-करण को स्वीकार नहीं करते। हमने यहां अनुक्रमणी का ही अनुसरण किया है।

"मेरे लिये ही ब्रह्म हैं, मेरे लिए ही स्तोताओ के स्तोत्र-हैं, मुझे ही सोमरस शान्ति देते है। मेरा ही बल सर्वत्र प्रसिद्ध है। मैं ही वज्र को उठाये हूँ। सब मुझसे ही आशा लगाते हैं, उक्थ मेरा ही कीर्तन करते हैं। ये मेरे हरि (दोनो अश्व) उनके प्रति मुझे ले जाते है।"

अब मरुत् कुछ ढीले पडते हैं और समझौते की बात करना चाहते हैं–

अतो वयमन्तमेभिर्युजानाः स्वक्षत्रेभिस्तन्वः शुम्भमानाः।
महोभिरेतां उपयुज्महे न्विन्द्र स्वधामनु हि नो बभूथ ॥५॥

"इसी कारण हम अपने निकटतम साथियो से युक्त हुए, अपने क्षात्र-बलो से शरीरो को शोभित किये हुए, बडे गौरव के साथ अपने घोडो को जोत कर तेरे पास आये हैं, क्योंकि अन्तत हमारी सहायता पाकर ही तो तू समर्थ होता है।"

पर इन्द्र फिर फटकार बताता है–

क्व स्या वो मरुतः स्वधासीत् यन्मामेकं समधत्ताहिहत्ये।
अहं ह्यु ग्रस्तविषस्तुविष्मान् विश्वस्य शत्रोरनमं वधस्नैः ॥६॥

"हे मरुतो, कहाँ चली गयी थी तुम्हारी वह सहायता, जब तुमने वृत्र-वध के समय मुझे एकाकी छोड़ दिया था? मैं निश्चय ही उग्र हूं, विशाल हू, बलवान् हू। अपने वध-कौशलो से मैंने शत्रुओ का सहार कर दिया है।"

मरुत् फिर अपनी सहायता का राग अलापते है–

भूरि चकर्थ युज्येभिरस्मे समानेभिर्वृषभ पौंस्येभिः।
भूरीणि हि कृणवामा शविष्ठेन्द्र क्रत्वा मरुतो यद् वशाम ॥७॥

"हे वृषभ, हमारा साथ पाकर ही तो तूने अपने पौरुषो से बहुत से कार्य किये है। हे बलवत्तम, हम मरुतो ने भी अनेक वीरता के कर्म किये है, जो-जो अपनी इच्छा से हमने करने चाहे हैं।"

अभिप्राय यह है कि हम भी शक्तिशाली है, हमने तेरी भी सहायता की है और स्वतन्त्र रूप से भी अनेक शक्ति के कार्य किये है, अतः हमारी उपेक्षा मत कर। पर इन्द्र उनकी आत्मश्लाघा का सिक्का मानने को तैयार नही है। यह बात नही कि वह उनके महत्त्व को नही समझता, पर उनका गर्व खण्डित करना चाहता है। वह उत्तर देता है—

वधीं वृत्र मरुत इन्द्रियेण स्वेन भामेन तविषो बभूवान्।
अहमेता मनवे विश्वश्चन्द्राः सुगा अपश्चकर वज्रबाहुः ॥८॥

"हे मरुतो, मैंने अपने ही इन्द्रत्व से, अपने ही तेज से बलवान् होकर वृत्र का वध किया है। मैंने स्वय वज्रबाहु हो कर मनुष्य के लिए इन सर्वाह्लादक जलो की वर्षा की है।"

अन्ततः मरुत् झुक जाते हैं और इन्द्र की स्तुति करने लगते हैं–

अनुत्तमा ते मघवन्नकिर्नु न त्वावाँ अस्ति देवता विदानः ।
न जायमानो नशते न जातो यानि करिष्या कृणुहि प्रवृद्ध ॥९॥

"हे मघवन्, ऐसी कोई वस्तु नही है, जिसे आपने प्रेरित न किया हो, न ही आपके सदृश विद्वान् कोई अन्य देव है । हे प्रवृद्ध, जिन कार्यों को आप कर रहे हैं तथा करेंगे उन्हे करने वाला न कोई उत्पन्न हुआ है, न होगा ।"

इन्द्र सोचता है, अब ये मार्ग पर आये है । वह कहता है–

एकस्य चिन्मे विभ्वस्त्वोजो या नु दधृष्वान् कृणवै मनीषा ।
अहं ह्युग्रो मरुतो विदानो यानि च्यवमिन्द्र इदीश एषाम् ॥१०॥
अमन्दन्मा मरुतः स्तोमो अत्र यन्मे नरः श्रुत्य ब्रह्म चक्र ।
इन्द्राय वृष्णे सुमखाय मह्यं सख्ये सखायस्तन्वे तनूभिः ॥११॥
एवेदेते प्रति मा रोचमाना अनेद्यः श्रव एषो दधानाः ।
संचक्ष्या मरुतश्चन्द्रवर्णा अच्छान्त मे छदयाथा च नूनम् ॥१२॥

"हे मरुतो, निःसन्देह मुझ एकाकी का ओज बड़ा विभु है, जिसे धर्षणशील होकर मैंने अपनी इच्छा से उत्पन्न किया है । मैं उग्र भी हूं, विद्वान् भी हूं और जिन कार्यो को मैंने किया है उनको करने का प्रभुत्व मुझ मे ही है । पर, हे मरुतो, हे वीरो, हे मित्रो, अभी जो तुमने मुझ वृषा, सुयज्ञकर्ता के लिए श्रवणीय स्तोत्रगान किया है, उसने मुझे आनन्दित कर दिया है । इसी प्रकार हे चन्द्रवर्ण मरुतो, मेरे प्रति प्रीतियुक्त होते हुए अनिन्दनीय यश तथा अन्नो को लाते रहो । जैसे तुमने इस समय स्तोत्र कह कर मुझे वशीभूत किया है, वैसे ही आगे भी करते रहो ।"

इस प्रकार इन्द्र तथा मरुतो की मैत्री हो जाने पर अगले तीन मन्त्रो मे अगस्त्य मरुतो की स्तुति करता है तथा उनसे प्रार्थना करता है कि तुम सखा बन कर हम सखाओ के पास आते रहो । इसमे आगे सूक्त १६६ से १६९ तक अगस्त्य जो स्तुति करता है उसमे मरुत् तथा इन्द्र दोनो का ही स्तवन है ।

(ख) इन्द्र-अगस्त्य-संवाद

सूक्त १७० में फिर एक संवाद है जो इन्द्र तथा अगस्त्य के बीच में है । इस पर निरुक्त मे इतिहास दिखाया है कि अगस्त्य ने पहले इन्द्र को हवि देनी चाही, पर फिर मरुतों को देने का उसका विचार हो गया, तब इन्द्र आकर परिदेवन करने लगा[४] । अभी हम देख चुके हैं कि इन्द्र तथा मरुतों में समझौता

---

४. अगस्त्य इन्द्राय हविर्निरूप्य मरुद्भ्यः सम्प्रदित्सांचकार, स इन्द्र एत्य परिदेवयांचक्रे । निरु. १.६

हो जाने पर अगस्त्य दोनो का मूल्यांकन कर दोनो की ही स्तुति करता है। इस समय वह मरुतों को हवि देने लगा है। इन्द्र को सन्देह हो जाता है कि मेरी उपेक्षा हो रही है, अब अगस्त्य मरुतों को ही हवि दिया करेगा। इस सूक्त मे ५ मन्त्र हैं। कात्यायनीय अनुक्रमणी के अनुसार प्रथम, तृतीय तथा चतुर्थ मन्त्र इन्द्र के वाक्य है, शेष द्वितीय तथा पंचम अगस्त्य के[5]। इन्द्र कहता हैं–

न नूनमस्ति नो श्वः कस्तद् वेद यदद्भुतम्।
अन्यस्य चित्तमभि संचरेण्यमुताधीतं विनश्यति॥ १॥

"आज तो मुझे हवि मिल ही नहीं रही, सभव है कल भी न मिले, क्योंकि भविष्य को कौन जानता है। साधारण मनुष्य का चित परिवर्तनशील होता है, उसका निश्चय बदल भी जाता है।"

इस प्रकार इन्द्र मरुतों को हवि दिया जाना सहन नहीं करता। यह सोच कर वह सन्तोष भी कर सकता था कि मरुत् भी तो महिमाशाली हैं, आज उन्हे ही सही, मुझे फिर किसी दिन हवि मिल जाएगी। पर वह मरुतो के प्रति असहिष्णुता दिखाता है। इस पर अगस्त्य कहता है–

किं न इन्द्र जिघांससि भ्रातरो मरुतस्तव।
तेभिः कल्पस्व साधुया मा नः समरणे वधीः॥२॥

"हे इन्द्र, क्यो तू हमें मारना चाहता है? मरुत् तेरे भाई हैं। उनके साथ तू साधु रीति से व्यवहार कर। सग्राम मे हमारी तू हिंसा मत कर।"

अभिप्राय यह है कि हमें मरुतो को हवि देते देख तू क्रुद्ध क्यो हो रहा है, मरुद् तो तेरे भाई है, आज उन्हे हम हवि दे रहे हैं तो तुझे प्रसन्न ही होना चाहिए। तुझे भी तो देते ही रहते हैं, मरुतो को हवि देते देख हमारी हिंसा पर पर तू क्यो उतर आया है। इस पर इन्द्र पुनः कहता है –

किं नो भ्रातरगस्त्य सखा सन्नति मन्यसे।
विद्मा हि ते यथा मनोऽस्मभ्यमिन्न दित्ससि॥३॥

---

५ मैक्समूलर ने तृतीय, चतुर्थ मन्त्र क्रमशः मरुतो तथा अगस्त्य के वाक्य माने हैं। लुडविग १म, ३य मन्त्र मरुतों के तथा २य, ४र्थ, ५म अगस्त्य के मानता है। ग्रासमान प्रथम मन्त्र इन्द्र का, २य, ३य मन्त्र मरुतों के तथा ४र्थ, ५म मन्त्र अगस्त्य के स्वीकार करता है। ४र्थ मन्त्र के विषय में सायण ने भी लिखा है कि कुछ इसे अगस्त्य का वाक्य मानते हैं। इस प्रकार मतभेद होने पर भी हम अपनी व्याख्या में अनुक्रमणी का ही अनुसरण कर रहे हैं।

"हे भाई अगस्त्य, क्यो तू मेरा मित्र होता हुआ भी मेरी उपेक्षा कर रहा है ? मैं तेरे मन की बात समझ गया हूं । तू मुझे हवि देना ही नही चाहता"। पर यदि तेरे मन मे यह बात नही है, यदि तू मेरा भी आदर करता है और मुझे भी हवि देगा, तो मुझे कोई आपत्ति नही है–

अरं कृण्वन्तु वेदिं समग्निमिन्धतां पुरः।
तत्रामृतस्य चेतनं यज्ञं ते तनवावहै ॥४॥

"ऋत्विज् लोग वेदि को अलंकृत करे, समुख अग्नि को प्रदीप्त करे। वहा हम दोनो (मैं और मरुद्गण)[६] मिल कर तेरे यज्ञ को विस्तीर्ण करेगे।"

अगस्त्य तो यह चाहता ही था। प्रसन्न होकर कहता है–

त्वमीशिषे वसुपते वसूनां त्व मित्राणां मित्रपते धेष्ठः।
इन्द्र त्वं मरुद्भिः स वदस्वाध प्राशान ऋतुथा हवींषि ॥५॥

"हे वसुपति, तू सब वसुओ का स्वामी है। हे मित्रपति, तू मित्रो का अतिशय धारणकर्ता है। हे इन्द्र, तू मरुतो के साथ सहानुभूति रख और उनके साथ मिलकर ऋतु-ऋतु मे हवियों का भक्षण करता रह।"

उक्त संवादों पर विचार

उक्त दोनो सवादों मे अन्तर्निहित अभिप्राय यह है कि किसी भी क्षेत्र मे अधिपति और उसके कर्मचारी दोनो की ही समान महत्ता होती है। कर्मचारियो का यह समझना ठीक नही है कि कार्य तो सब हम करते है, अत: हमारी ही महत्ता है, अधिपति तो नगण्य है। न ही अधिपति का यह विचारना उचित है कि अधीश्वर तो मै हू, कर्मचारी मेरे अधीन है, सब महत्ता मेरी ही है। इस प्रसग में केन उपनिषद् की वह कथा स्मरणीय है, जिसमें जगत् मे विजय तथा उल्लास दिखाई देने पर अग्नि, वायु आदि देवो ने यह समझा कि यह तो हमारी ही विजय है, हमारी ही महिमा है। वस्तुत वह विजय और महिमा ब्रह्म की थी। देवो के गर्व को निरस्त करने के लिए ब्रह्म ने अग्नि के समुख तृण रखा, पर पूर्ण शक्ति लगाने पर भी वह उसे नही जला सका। वायु के समुख भी तृण रखा, पर पूरा वेग प्रयुक्त करने पर भी वह उसे उड़ा नही सका। इस प्रकार ब्रह्म ने देवो को शिक्षा दी कि मेरी शक्ति से ही तुम शक्तिमान् हो। यही बात प्रस्तुत सवादो में है।

---

६. अथवा सायण की व्याख्या के अनुरूप 'तू (अगस्त्य) और मैं (इन्द्र)'। ते त्वदीयं (यज्ञं) त्व चाहं च तनवावहै। सायण

अधिदैवत दृष्टि से इन्द्र सूर्य है,[७] मरुत् वायु है, अगस्त्य यज्ञकर्ता है। इन्द्र और मरुत् दोनों मिल कर वृत्रवध (मेघहनन) तथा वृष्ट्यादि कर्म करते हैं। अत: दोनो की ही अपनी-अपनी महत्ता है। अध्यात्म में इन्द्र जीवात्मा है, मरुत् प्राण हैं,[८] अगस्त्य मन है। अगस्त्य मध्यलोक के प्राणो की उपेक्षा कर सीधा आत्मा से सम्बन्ध स्थापित कर उन्नति के सोपान पर नहीं आरूढ़ हो सकता है। न ही आत्मा की उपेक्षा कर केवल प्राणो के सहारे देवलोक तक पहुँच सकता है। दोनो मिलकर ही मार्ग मे आने वाले विघ्नो पर विजय पाते है तथा अवरुद्ध धाराओ को बहाते है। लक्ष्य पर पहुँचने के लिये दोनो का सहयोग अनिवार्य है। अत दोनो के ही पोषणार्थ हवि दी जानी चाहिए।[९] अधिभूत मे इन्द्र राजा है,[१०] मरुत् वीर सैनिक हैं,[११] अगस्त्य प्रजा का प्रतिनिधि है। राजा और वीर सैनिक दोनो के सहयोग से शत्रु-विजय होती है, तथा शत्रुओ द्वारा लूटी हुई सम्पत्ति भूमि आदि पुन प्राप्त होती है। विजय के उपरान्त प्रजा की ओर से दोनो का ही अभिनन्दन होना चाहिए, अगस्त्य द्वारा दोनो को ही हवि दी जानी चाहिए। यदि दोनो मे से एक को भी मिथ्या अभिमान हो जाता है, तो वह उचित नही है।

अगस्त्य-लोपामुद्रा-संवाद

ऋग्वेद प्रथम मडल के १७९ वें सूक्त मे अगस्त्य और लोपामुद्रा का सवाद है, जिसमे ६ मन्त्र है। अनुक्रमणी के अनुसार प्रथम दो मन्त्र लोपामुद्रा के

---

७. द्रष्टव्य सायणभाष्य, ऋग् १.१२० १;५.४९.३; ८.६ २९; ८.६९.२; १० २७.१३; १० १२० ८। स इन्द्रो भूत्वा तपति मध्यतो दिवम्, अथर्व १३ ३. १३। अथ यः स इन्द्रोऽसौ स आदित्य। शत. ८.५.३.२

८ 'अत्र इन्द्रमरुत्संवादरूपे सर्वत्र प्राणजीवात्मपरतयापि योजनीयम्', ऋग्.१ १६५. १ का सायणभाष्य। इस प्रसंग मे ऋग् ६. ६६.४ का सायणभाष्य भी द्रष्टव्य है, जहा मरुतो का अध्यात्मरूप प्राण तथा अधिदैवत रूप वायु बताया है।

९. अध्यात्मपरक एक व्याख्या के लिये द्रष्टव्य—श्री अरविन्द 'आन दि वेद,' १९५६ पृ० २८७—९१।

१०. 'इन्द्र. समर्थो राजा,' ऋग् ७. ३२. १२ का दयानन्दभाष्य।

११. द्रष्टव्य: बुद्धदेव विद्यालंकार . 'अथ मरुत्सूक्तम्' गुरुदत्त भवन, लाहौर, संवत् १९८८। सातवलेकर : 'दैवतसंहिता,' १म भाग में मरुद् देवता का परिचय, स्वाध्यायमंडल, औंध, सन् १९४१।

तथा तृतीय-चतुर्थ मन्त्र अगस्त्य के वाक्य हैं,[12] और पंचम-षष्ठ मन्त्र अगस्त्य के एक शिष्य ब्रह्मचारी ने अगस्त्य एवं लोपामुद्रा का रति-विषयक सलाप सुन कर अपनी ओर से कहे हैं।[13] अगस्त्य और लोपामुद्रा पति-पत्नी है। दोनो बहुत समय तक स्वेच्छा से ब्रह्मचर्यव्रत का अनुष्ठान किये रखते है। एक दिन लोपामुद्रा के मन में काम उदित होता है। वह अगस्त्य से रति का प्रस्ताव करती है। अगस्त्य भी उस के प्रति आकृष्ट हो उस का प्रस्ताव स्वीकार कर लेता है। महाभारत की एक कथा से ज्ञात होता है कि अगस्त्य ने पुत्र प्राप्ति के लिये ही लोपामुद्रा से विवाह किया था।[14] एव इनका ब्रह्मचर्य-व्रत-धारण था ही इस उद्देश्य से कि तेजस्वी पुत्र उत्पन्न हो।

सवाद प्रारम्भ होता है। लोपामुद्रा अगस्त्य को कहती है—

पूर्वीरहं शरदः शश्रमाणा दोषावस्तोरुषसो जरयन्तीः।
मिनाति श्रियं जरिमा तनूनामप्यू नु पत्नीर्वृषणो जगम्युः ॥१॥
ये चिद्धि पूर्व ऋतसाप आसन्त्साकं देवेभिरवदन्नृतानि।
ते चिदवासु र्नह्यन्तमापु समू नु पत्नीर्वृषभिर्जगम्युः ॥२॥

---

१२. पर निरुक्त ने ४र्थ मन्त्र लोपामुद्रा का वचन माना है—'नदस्य मा रुधत. काम आगन्,' नदस्य मा रुधत' काम आगमत् सरुद्धप्रजननस्य ब्रह्मचारिण इति ऋषिपुत्र्या विलपित वेदयन्ते। निरु. ५. २

१३. चतुर्थ मन्त्र के भाष्य मे सायण ने लिखा है कि दम्पती के सभोग-सलाप को सुन कर उसका प्रायश्चित्त करने की इच्छा से शिष्य ने अन्तिम दोनो मन्त्र' कहे हैं। बृहद्देवता ४.५७–६० मे इस सूक्त का इतिहास इस प्रकार दिया है—"ऋषि ने यशस्विनी भार्या लोपामुद्रा को ऋतुस्नात देखकर एकान्त मे सहवास की इच्छा से वार्ता आरम्भ की। प्रथम दो ऋचाओ से लोपामुद्रा ने अपना अभिप्राय व्यक्त किया। तब रमण की इच्छा वाले अगस्त्य ने बाद की दो ऋचाओ से उसे सन्तुष्ट किया। उसके शिष्य ब्रह्मचारी ने तपोबल से उनके भाव को जान लिया तथा यह विचार कर कि इनकी बातो को सुनकर मैंने पाप किया है, अन्तिम दो ऋचाओ का गायन किया। पर गुरु और गुरुपत्नी ने उसकी प्रशंसा की, उसका आलिगन कर माथे का चुम्बन लिया तथा मुस्कराते हुए दोनो ने उसे कहा—हे पुत्र, तू निष्पाप है।" इसमे प्रथम कामोदय अगस्त्य मे माना है, यद्यपि इसके अनुसार भी ऋचाएं प्रथम लोपामुद्रा की ही हैं।

१४. महा भा., वन पर्व, अ० ९५–९८।

"बहुत वर्षों तक मैं दिन में, रात में, तिल-तिल आयु को समाप्त करने वाली उषाओं में संयम की तपस्या करती रही हूँ[१५]। बुढ़ापा देह की कान्ति को हर लिया करता है। (उस से पूर्व ही) पतियों को पत्नियों के पास जाना चाहिए। जो प्राचीन सत्यव्रती लोग हो चुके हैं, इतने ऊँचे कि देवों के साथ सत्यालाप करते रहे हैं, वे भी ब्रह्मचर्य का अन्त नहीं पा सके हैं। इसलिए पत्नियों को पतियों से यथासमय मिलना ही चाहिए।"

अगस्त्य उत्तर देता है—

न मृषा श्रान्तं यदवन्ति देवा विश्वा इत् स्पृधो अभ्यश्नवाव।
जयावेदत्र शतनीथमाजिं यत् सम्यञ्चा मिथुनावभ्यजाव ॥३॥
नदस्य मा रुधतः काम आगन्नित आजातो अमुतः कुतश्चित्।
लोपामुद्रा वृषणं नीरिणाति धीरमधीरा धयति श्वसन्तम् ॥४॥

"हमारी तपस्या व्यर्थ नहीं गयी है, क्योंकि देव हमारी रक्षा करने लगे हैं। हमने समस्त शत्रुओं को पराजित कर दिया है। अब हम शतसंवत्सर युद्ध (शत वर्ष की आयु) को जीत सकते है। अत आओ, हम दोनो परस्पर मिलें। प्रभु के स्तोता मुझ जितेन्द्रिय के समीप भी काम आया है, यहा-वहा कही से आया हो। अब लोपामुद्रा मुझ पति को प्राप्त हुई है, मुझ धीर को वह अधीर होकर आलिंगन कर रही है।"

अगले दोनो मन्त्र यद्यपि अनुक्रमणी, बृहद्देवता, सायण आदि के अनुसार अगस्त्य के शिष्य द्वारा कहे गये हैं, तो भी मन्त्रो मे इसका कोई संकेत नही मिलता। वस्तुत: पंचम मन्त्र भी अगस्त्य का ही प्रतीत होता है। उसे भय है कि व्रतभंग करके कही मैंने पाप तो नही किया है। अत. वह कहता है—

इमं नु सोममन्तितो हृत्सु पीतमुपब्रुवे।
यत् सीमागश्चकृमा तत् सु मृळतु पुलुकामो हि मर्त्यः ॥५॥

"हृदय मे पान किये हुए, अत्यन्त निकट बैठे हुए इस सोम से मैं प्रार्थना करता हूँ कि यदि हमने कोई पाप किया है तो उसे वह क्षमा करे। मनुष्य तो पुलुकाम है, इसके अन्दर अनेक कामनाएं रहती है।"

अन्त में उपसंहार करते हुए सूक्त का कवि कहता है कि पश्चात् भी अगस्त्य का जीवन भोग-विलासमय नहीं हो गया। साधना, श्रम, तपस्या, यज्ञ आदि भी उसके जीवन के अंग रहे और साथ ही सन्तानों की प्राप्ति भी उसका लक्ष्य रहा।

---

१५. तुलनीय : श्री कृष्ण और रुक्मिणी ने विवाह के पश्चात् तेजस्वी पुत्र की प्राप्ति के लिये बारह वर्ष संयम-साधना की थी। महा भा.

अगस्त्यः खनमानः खनित्रैः प्रजामपत्यं बलमिच्छमानः ।
उभौ वर्णावृषिरुग्रः पुपोष सत्या देवेष्वाशिषो जगाम ॥६॥

"कुदालों से भूमि को खोदता हुआ (अर्थात् भूमि खोदना आदि श्रम और तपस्या करता हुआ एवं यज्ञादि साधनों द्वारा साध्यसिद्धि का प्रयत्न करता हुआ) और साथ ही प्रजा, तपस्या तथा बल की इच्छा करता हुआ वह उग्र ऋषि अगस्त्य तप और काम दोनो ही तत्त्वो की पुष्टि करता रहा। देवो के सत्य आशीर्वाद उसने प्राप्त किये ।"

विवेचन

यह सवाद गृहस्थाश्रम मे सयम और भोग के समन्वय की ओर हमारा ध्यान आकृष्ट करता है। अधिदैवत क्षेत्र में सूर्य अगस्त्य, एव पृथिवी लोपामुद्रा हो सकती है। वेद मे इन्हे हमारे पिता-माता कहा गया हैं, एव ये परस्पर पति-पत्नी हैं। ये दोनो बहुत काल तक सयम की तपस्या करते हैं। पर ग्रीष्म में पृथिवी बहुत प्यासी हो जाती है, तब वह सूर्य से रति का प्रस्ताव करती है, तथा सूर्य मेघवर्षण कर उसकी इच्छा को पूर्ण करता है, जिससे वनस्पति रूपी सन्तान उत्पन्न होती है[16]।

इसी प्रकार परमेश्वर तथा प्रकृति (परमाणुसहति) भी अगस्त्य और लोपामुद्रा हो सकते हैं। भारतीय कालगणना के अनुसार जितने वर्ष सृष्टि चलती है, उतने ही वर्ष प्रलय रहती है। इन्हें क्रमश ब्राह्म दिन तथा ब्राह्म रात्रि कहते हैं। मनु के अनुसार यह काल ४ अरब ३२ करोड वर्ष का है। इतने सुदीर्घ काल तक परमेश्वर तथा प्रकृति सयम साधना मे लीन रहते हैं। तदनन्तर परमेश्वर प्रकृति मे गर्भ स्थापित करता है, जिससे ब्रह्माण्ड रूपी शिशु की उत्पत्ति होती है[17]।

नक्षत्रविद्या-परक व्याख्या मे अगस्त्य एक चमकता तारा है, जिसका अंग्रेजी नाम कैनोपस (Canopus) है, तथा जो शिशिर ऋतु मे दक्षिण दिशा मे उदित होता है। दक्षिण दिशा को लोपामुद्रा मान सकते हैं। वर्ष मे लगभग आठ मास ये दोनों पृथक् पृथक् रहते हुए संयम-साधना करते हैं। केवल शिशिर तथा वसन्त के चार मास प्राय: जनवरी से अप्रैल तक ये साथ रहते हैं तथा इन्हें हम साथ रहता हुआ देख भी सकते हैं।

---

१६. द्यौर्मे पिता जनिता नाभिरत्र बन्धुर्मे माता पृथिवी महीयम् । उत्तानयो-
श्चम्वोर्योनिरन्तरत्रा पिता दुहितुर्गर्भ माधात् ॥ ऋग् १. १६४. ६३,
'दुहितुः दूरे निहितायाःभूम्याः ।' सायण

१७. परमेश्वर-प्रकृति के विवाह के लिए द्रष्टव्य : ११.८.१,२

अध्यात्म मे मनुष्य का मन अगस्त्य और तनू लोपामुद्रा है। कभी-कभी मन इस रूप में साधना करना चाहता है कि वह तनू की सर्वथा उपेक्षा कर देता है। परन्तु अनुभव से वह इस परिणाम पर पहुँचता है कि तनू को भी साथ लेना आवश्यक है। यही योग का समन्वयवाद है।

विश्वामित्र-नदी-संवाद

ऋग्वेद के तृतीय मण्डल के ३३ वे सूक्त मे विश्वामित्र तथा नदियों का सवाद है। विश्वामित्र राजा सुदास् पैजवन का पुरोहित है[१८]। अभी ही तो वह नदियो को पार कर राजा का यज्ञ कराने गया था। उसे क्या मालूम था कि इतनी सी देर मे नदियो मे पानी की बाढ आ जाएगी। दक्षिणा मे गाड़ीभर धन-धान्य ले अपने साथियो सहित लौटता है तो नदियों का रूप देख विस्मित रह जाता है। विपाट् और शुतुद्रि के सगम पर खड़ा हो सोचने लगता है–

प्र पर्वतानामुशती उपस्थादश्वे इव विषिते हासमाने।
गावेव शुभ्रे मातरा रिहाणे विपाट्छुतुद्री पयसा जवेते ॥१॥

"पर्वतो के उत्सग से निकल कर आती हुई ये शुभ्र विपाट् और शुतुद्रि नदिया पानी के साथ कैसे वेग से प्रवाहित हो रही है। मानो दो श्वेत घोड़िया हो जो घुडदौड मे एक दूसरी से आगे निकलने की स्पर्धा करती हुई दौड़ रही हो। तटो पर चढती और उतरती इनकी लहरो को देख ऐसा प्रतीत होता है मानो शुभ्रवर्णा गौए जिह्वाओ से अपने बछड़ो को चाट रही हो।"

क्षण भर उत्ताल नदियो के इस रूप को निहार वह उनकी स्तुति करने लगता है–

इन्द्रेषिते प्रसवं भिक्षमाणे अच्छा समुद्रं रथ्येव याथः।
समाराणे ऊर्मिभिः पिन्वमाने अन्या वामन्यामप्येति शुभ्रे ॥२॥

"हे इन्द्रदेव द्वारा प्रवाहित शुभ्र नदियो, मालूम होता है अपने पिता इन्द्र की अनुज्ञा मांग कर तुम रथारूढ़ युवतियो की न्याईं समुद्र से मिलने जा रही हो। एक-दूसरी से टकरा-टकरा कर मार्ग मे अठखेलियां करती जाती हो और उमड़ती हुई लहरो द्वारा अपनी प्रसन्नता व्यक्त कर रही हो।"

---

१८ विश्वामित्र ऋषि. सुदास. पैजवनस्य पुरोहितो बभूव · · · स वित्त गृहीत्वा विपाट्छुतुद्रयो: सभेदमाययौ, अनुययुरितरे। स विश्वामित्रो नदीस्तुष्टाव गाधा भवतेति ॥ निरु. २.२४

क्यो, ऐसा ही है न ? और, तुम दो ही नहीं हो, तीसरी तुम्हारे साथ सिन्धु भी है।

अच्छा सिन्धु मातृतमामयासं विपाशमुर्वीं सुभगामगन्म ।
वत्समिव मातरा संरिहाणे समानं योनिमनु संचरन्ती ॥३॥

'मैं मातृतमा सिन्धु की शरण मे आया हूँ। सुभगा विशाल विपाट् नदी के समीप आया हूं। ये दोनो अपने तट-प्रदेशो को ऐसे ही चाट रही है, जैसे गौएं अपने बछडो को चाटती हैं, और समान लक्ष्य (समुद्र) की ओर बढी चली जा रही हैं।"

अभी विश्वामित्र ने अपना प्रयोजन नही कहा है, नदियो की स्तुति ही की है, पर नदिया उसके मन की बात ताड जाती है और परस्पर कहने लगती हैं—

एना वयं पयसा पिन्वमाना अनु योनिं देवकृत चरन्तीः ।
न वर्तवे प्रसवः सर्गतक्तः किंयुर्विप्रो नद्यो जोहवीति ॥४॥

"पानी के साथ उमड-उमड कर बहती हुई हम देवो द्वारा निर्मित अपने लक्ष्य की ओर बढ रही है। एक बार गति में प्रवृत्त हमारा प्रवाह रोका नही जा सकता। तो फिर किस कामना मे यह विप्र हम नदियो की पुन पुन स्तुति कर रहा है ?"

अब विश्वामित्र स्पष्ट रूप मे नदियो से प्रार्थना करता है—

रमध्वं मे वचसे सोम्याय ऋतावरीरुप मुहूर्तमेवैः ।
प्र सिन्धुमच्छा बृहती मनीषा अवस्युरह्वे कुशिकस्य सूनुः ॥५॥

"हे प्रभूत जल वाली नदियो, मेरे शान्तिमय वचन की लाज रखने के लिए मुहूर्त भर को अपनी गतियो से उपरत हो जाओ। रक्षा का इच्छुक मैं कुशिक-पुत्र बडे मनोयोग से सिन्धु की ओर मुख करके विनती कर रहा हूँ।"

नदियां उत्तर देती है कि हम तेरे कहने से कैसे रुक जाए ?

इन्द्रो अस्माँ अरदद् वज्रबाहुरपाहन् वृत्रं परिधिं नदीनाम् ।
देवोऽनयत् सविता सुपाणिस्तस्य वय प्रसवे याम उर्वीः ॥६॥

"वज्रबाहु इन्द्र ने जलो के अवरोधक (वृत्र) का छेदन कर हमे बहाया है, और सुन्दर करों वाला सविता देव हमे आगे-आगे ले जा रहा है। हम विस्तीर्ण नदिया उसी के अनुशासन मे चल रही हैं।"

इन्द्र का उपासक तो विश्वामित्र भी है, उसने इसी मण्डल मे अनेक सूक्तों में इन्द्र की स्तुति की है। अतः नदियो के मुख से इन्द्र की महिमा सुन वह भी उस स्तुति मे सम्मिलित हो जाता है। वह कहता है, इन्द्र के

सम्मुख तो मैं भी नतमस्तक हूं। उसने वृष्टि कर पिपासाकुल पृथिवी को तृप्त किया है। नदियो मे जल की बाढ़ लाना भी उसी का कार्य है। तो भी थोड़ी देर के लिए मेरी प्रार्थना आप स्वीकार करें।

प्रवाच्यं शश्वधा वीर्यं तद् इन्द्रस्य कर्म यदहिं विवृश्चत् ।

वि वज्रेण परिषदो जघान, आयन्नापोऽयनमिच्छमानाः ॥७॥

'इन्द्र का यह वीरतापूर्ण कर्म सदा कीर्तनीय रहेगा कि उसने जलो के अवरोधक वृत्र का छेदन किया और चारो ओर मेघजलो को घेरकर बैठे हुए बाधकों को वज्र से चूर्ण कर दिया, जिससे जल विस्तीर्ण स्थान को पाने की इच्छा करते हुए, बरस पड़े।"[१६]

नदिया उत्तर देती है–

एतद् वचो जरितर्मापि मृष्ठा आ यत् ते घोषानुत्तरा युगानि ।

उक्थेषु कारो प्रति नो जुषस्व मा नो नि कः पुरुषत्रा नमस्ते ॥८॥

"हे स्तोता, स्तुतियो के द्वारा ही तू हमे प्राप्त हो। गति से उपरत होने का वचन जो तूने कहा है, उसे मत कह, क्योकि आगे आने वाले युग इसकी घोषणा किया करेंगे कि नदियों ने एक पुरुष से हार मान ली। तू हमे पुरुषो के बीच में नीचा मत दिखा। तुझे हमारा नमस्कार है।"

नदियो का यह निषेध सुन कर भी विश्वामित्र निराश नही होता। वह कहता है–

ओ षु स्वसारः कारवे शृणोत ययौ वो दूरादनसा रथेन ।

नि षू नमध्वं भवता सुपारा अधोअक्षाः सिन्धवः स्रोत्याभिः ॥९॥

"हे बहिनो, मुझ भाई की प्रार्थना अनसुनी न करो। रथ पर बैठकर और ठेले मे सामान भरकर मैं बड़ी दूर से आ रहा हूं। मेरा कहना मानकर थोड़ी नीची हो जाओ, अपनी धार को मेरे पहियों की कीली से नीचा करलो, मेरे लिए सुगमता से पार करने योग्य हो जाओ।"

विश्वामित्र का बहिन सम्बोधन नदियो के हृदय पर जादू का काम करता है। तत्क्षण वे स्नेह से द्रवीभूत हो जाती हैं–

आ ते कारो शृणवामा वचांसि ययाथ दूरादनसा रथेन ।

नि ते नंसै पीप्यानेव योषा मर्यायेव कन्या शश्वचै ते ॥१०॥

---

१६. कात्यायन की अनुक्रमणी के अनुसार यह वचन विश्वामित्र का है। तदनुकूल ही हमने भी व्याख्यात किया है, यद्यपि इसे नदियो का वचन भी माना जा सकता है। उस पक्ष में ६, ७, ८ तीनों मन्त्र नदियों के होंगे।

"हे कारु, हमने तेरा कहना मान लिया, दूर से तू रथ और ठेला लेकर आया है। ले, हम तेरे सम्मुख झुकी जाती हैं, जैसे कोई माता अपने बच्चे को दूध पिलाने के लिए झुकती है या जैसे कोई कन्या अपने भाई का आलिङ्गन करने के लिए झुकती है[२०]।"

विश्वामित्र कृतार्थ हो जाता है। कृतज्ञता-पूर्वक वह कहता है—

यदङ्ग त्वां भरताः सन्तरेयु गंव्यन् ग्राम इषित इन्द्रजूतः।
अर्षादह प्रसवः सर्गतक्त आ वो वृणे सुमतिं यज्ञियानाम् ॥११॥

'हे नदियो, जब सब भरत तुम्हे पार कर ले और गौओ की कामना वाला, इन्द्र से प्रेरित, उद्योगी सघ भी तुम्हे पार कर चुके, तभी पुन. तुम अपने गतिमय प्रवाह को चलाना। तुम यज्ञार्ह नदियों की सुमति को मैं पाना चाहता हूँ।"

फिर प्रसन्न हो उद्गार प्रकट करता है—

अतारिषुर्भरता गव्यवः समभक्त विप्रः सुमतिं नदीनाम्।
प्र पिन्वध्वमिषयन्तीः सुराधा आ वक्षणाः पृणध्वं यात शीभम् ।१२।
उद् व ऊर्मिः शम्या हन्त्वापो योक्त्राणि मुञ्चत।
मादुष्कृतौ व्येनसाऽघ्न्यौ शूनमारताम् ॥१३॥

"आहा, गौओ के इच्छुक भरतो ने नदियो को पार कर लिया, विप्र विश्वामित्र ने नदियो की सुमति को पा लिया। अब हे नदियो, अन्न उत्पन्न करना चाहने वाली, शुभ ऐश्वर्य वाली तुम उमड-उमड़ कर बहो, नहरो को भर दो, सत्वर गति करो। तुम्हारी लहर खूंटो को तुडा कर बहे, तुम अपनी रस्सियो को तोड दो। तुम्हारे अदुष्कृत, अपाप बैल कष्ट को न प्राप्त करे।[२१]

२०. यथा कन्या युवति मर्यायेव मनुष्याय पित्रे भ्रात्रे वा शश्वचै परिष्वजनाय नम्रीभवति तद्वत्। सायण

२१. ग्रिफिथ ने भी १३वें मन्त्र का ऐसा ही अर्थ किया है। विश्वामित्र की प्रार्थना पर नदियो ने मानो अपनी लहरो को खूटो से बांध दिया था, अपने आपको रस्सियों से कस लिया था। अब विश्वामित्र कहता है कि खूंटे और रस्सियां तुड़ा कर पुन तुम यथापूर्व बहने लगो। नदिया मानो बैलो के रथ में आरूढ होकर वेग से बहती है, अत: कहा कि तुम्हारे बैलों को कोई कष्ट या बाधा न हो। सायण ने इस मन्त्र का भिन्न अर्थ किया है — "तुम इस प्रकार बहो कि तुम्हारी लहर बैलों की कण्ठ, पार्श्वादि की रस्सियो को ऊपर रखे, डुबाये नहीं। तुम उन रस्सियों को

विवेचन

यहां सम्वाद समाप्त होता है। इस सम्वाद में विश्वामित्र सब के साथ मैत्री रखने वाला मनुष्य है। वह सुदास् अर्थात् शोभन दान वाले राजा का पुरोहित है।[22] विपाट् अपनी उत्तुग ऊर्मियो से तटो को तोडने वाली, शुतुद्रि अति वेग से बहने वाली तथा सिन्धु गम्भीर प्रवाह वाली नदी है।[23] सम्वाद अनुपम काव्य-सौन्दर्य[24] के साथ प्रथम यह शिक्षा देता है कि विश्वामित्र बन कर शान्तिमय तथा स्नेहयुक्त वचनो से बडे से बडे बाधक को अनुकूल किया जा सकता है। यहा विश्वामित्र उन नदियो को जो मार्ग की रुकावट थी, अपनी बहिनें बना लेता है और वे भी सच्ची बहिनो के समान उसका उपकार करती है। दूसरे इससे यह सन्देश मिलता है कि मनुष्य अपने अन्दर महत्त्वाकाक्षा, तत्परता, आगे बढ़ने की भावना यदि उत्पन्न करले तो संसार मे कोई शक्ति उसकी बाधक नही बन सकती, नदिया, सागर और पर्वत तक उसे प्रसन्नता-पूर्वक रास्ता देते हैं।

परन्तु निश्चित ही यह सूक्त अपने इस स्थूल अर्थ तक ही सीमित नही है। यह अपने पीछे एक आन्तरिक और रहस्यमय अभिप्राय भी प्रच्छन्न किये हुए है। विश्वामित्र आन्तरिक उन्नति की यात्रा मे ऊर्ध्वारोहण का यात्री है, उसके साथ अन्य भी बहुत से व्यक्ति इस मार्ग के पथिक है। उसका यह शरीर ही रथ और ठेला है,[25] जिसमे ज्ञान-विज्ञान, सद्गुण आदि का अनन्त ऐश्वर्य भरा हुआ है। उसके साथ जो सघ है वह साधारण मनुष्यो का सघ नही,

---

मुक्त किये रखो अर्थात् उनका स्पर्श मत करो। अदुष्कृत तथा निष्पाप विपाट्–शुतुद्रि समृद्धि को न प्राप्त करें।" बैलवाची अघ्न्यौ पुल्लिङ्ग को अघ्न्ये स्त्रीलिग बनाकर उसने इसका अर्थ विपाट्शुतुद्रि परक माना है, जो अनावश्यक है। साथ ही जब १२वे मन्त्र मे विश्वामित्र नदियो को उमड कर बहने की स्वीकृति दे चुका है, तो अब पुन: उन्हे नीची बहने के लिए कहने मे सगति भी नही बैठती।

२२. विश्वामित्र: सर्वमित्र। सुदा. कल्याणदान। पैजवन. पिजवनस्य पुत्र:। पिजवन: पुन: स्पर्धनीयजवो वा अमिश्रीभावगतिर्वा। निरु० २.२४

२३. शुतुद्री शुद्राविणी क्षिप्रद्राविणी आशु तुन्नेव द्रवतीति वा। विपाड् विपाटनाद् वा, विपाशनाद् वा, विप्रापणाद् वा। सिन्धु: स्यन्दनात्। निरु ९.२४

२४. The hymn has some poetical beauty.—Griffith

२५. आत्मान रथिनं विद्धि शरीरं रथमेव तु।—कठ० ३. ३

अपितु वह गौओ या अध्यात्म-प्रकाश की किरणो की खोज करने वाला सघ (गव्यन् ग्राम`)है। विश्वामित्र और उसके साथी नदियो को इस कारण पार करना चाहते हैं कि उनके पार पहुंच कर अध्यात्म-प्रकाश की निधि उन्हे प्राप्त हो सकेगी, जो उनका चरम लक्ष्य है। पर ये विपाट्, शुतुद्रि और सिन्धु नदिया क्या हैं ? ये शरीर के पृथिवी, अन्तरिक्ष तथा द्यौ में बहने वाली नदिया है। तटभजक विपाट् भौतिक चेतना की नदी है, आशुद्राविणी शुतुद्रि प्राणमय या वातमय चेतना की नदी है, अगाध जल वाली सिन्धु मानसिक चेतना की नदी है। ये क्रमश· अन्नमय, प्राणमय तथा मनोमय कोषो से सम्बन्ध रखती हैं। विज्ञानमय तथा उससे परे आनन्दमय लोक तक पहुचने के लिए इन नदियो को पार करना आवश्यक है। पर इन्हे पार करना सुगम नही है। जब मनुष्य पार्थिव या भौतिक चेतना के स्तर पर होता है तब भौतिक चेतना की नदी उसे अपने प्रवाह मे बहाते रहना चाहती है। इसी प्रकार जब प्राणमय या मनोमय चेतना के स्तर पर होता है तब इन की नदिया उसे अपने प्रवाह मे बहाती है। उनका सगम तो और भी जटिल होता है। पर आवश्मकता है इन्हें बहिन बनाने की। बहिन बनने पर ये अगले ऊर्ध्वलोक मे पहुंचाने के लिए उससे भी अधिक सहायक या अनुकूल हो जाती हैं, जितनी बाधक थी। मनुष्य समस्वरता के साथ इन्हें पार कर आनन्दमय कोश के महद् यक्ष या दिव्य हंस के समीप पहुंच जाता है। यही अध्यात्मदृष्टि से इस संवाद का रहस्य है।[२६]

इस सवाद की व्याख्या नक्षत्रविद्यापरक भी की जा सकती है। आकाश मे रथ की आकृति का एक नक्षत्र-समूह है, जिसे रोहिणी शकट कहते हैं। इस शकट मे ब्रह्ममण्डल आसीन है, आगे वृष जुता हुआ है। इसी शकट को लेकर चन्द्रमा रूपी विश्वामित्र आकाश-गगा के तट पर पहुचता है, जहा कई धाराओ का सगम है। पहले वे धाराए बाधक बनती हैं, किन्तु फिर पार हो जाने देती हैं।

स्कन्द स्वामी अपने निरुक्त-भाष्य मे इस संवाद की निम्न व्याख्या करते हैं। विश्वामित्र भगवान् आदित्य है। वे वर्षा ऋतु मे दोनो कूलों को प्लावित कर बहती हुई नदियों से मानों प्रार्थना करते हैं कि तुम उमड कर यज्ञ-प्रदेश को आप्लुत न करो, यज्ञों के लिए संव्यवहार्य होवो। भगवान्

---

२६. वैदिक नदियों की एक अध्यात्म-परक व्याख्या के लिए श्री अरविन्दकृत 'आन दि वेद' मे 'दि सीक्रेट ऑफ दि वेद' का ११वाँ अध्याय 'दि सेवेन रिवर्स (सात नदियां)' द्रष्टव्य है।

आदित्य जगत् के पालन की कामना वाले (अवस्यु) हैं तथा औषस प्रकाश रूपी कुशिक के पुत्र है । वर्षा में प्रवृद्ध उदक वाली नदियां प्रथम प्रत्याख्यान करती है, किन्तु वर्षा का अन्त होने पर शरद् ऋतु मे क्रमश. क्षीयमाण जल वाली हो प्रार्थना को स्वीकार कर लेती है ।[27]

यम-यमी-संवाद

ऋग्वेद, दशम मण्डल के दशम सूक्त में, जिसमे १४ मन्त्र हैं, यम और यमी का सवाद है । ये दोनों विवस्वान् तथा सरण्यू की सन्तान हैं[28], एवं परस्पर सगे भाई-बहिन हैं । केवल सगे ही नही, किन्तु युगल हैं, एक साथ गर्भ में रहे है, जैसा पंचम मन्त्र के अन्तःसाक्ष्य से स्पष्ट है । यौवन मे पदार्पण करने पर यमी के मन में काम का आविर्भाव होता है तथा वह उचित-अनुचित का विचार किये बिना यम से विवाह का प्रस्ताव कर बैठती है—

ओ चित् सखायं सख्या ववृत्यां तिरः पुरू चिदर्णवं जगन्वान् ।
पितुर्नपातमा दधीत वेधा अधिक्षमि प्रतरं दीध्यानः ॥१॥

"मैं चाहती हूं कि अपने सखा यम को पतिरूप सख्यभाव से वरण करूं । वह यौवन के प्रचुर अर्णव मे प्रवेश कर चुका है । सूक्ष्म दृष्टि से सोचता हुआ वह विधाता बन कर पत्नी रूप मुझ मे अपने पिता के पौत्र को उत्पन्न करे" ।

यम उसके इस अप्रत्याशित प्रस्ताव को सुनकर विस्मित रह जाता है तथा पूरे बल के साथ इसका विरोध करता है—

न ते सखा सख्यं वष्ट्येतत् सलक्ष्मा यद्विषुरूपा भवाति ।
महस्पुत्रासो असुरस्य वीरा दिवो धर्तार उर्विया परिख्यन् ॥२॥

"हे यमी, तेरा सखा यम इस सख्य को नही चाहता, क्योंकि सलक्ष्मा कन्या विवाह के लिए विषमरूप होती है[29] । महान् प्रभु के वीर पुत्रो ने, जो प्रकाश

---

२७ नित्यपक्षे प्रावृषि प्लावितोभयकूला नदीः सर्वमित्रो भगवानादित्योऽध्येषतीव रमध्वं म इत्यादि । देशप्लवनं मा कार्ष्ट, यज्ञानां सव्यवहार्यो भवतेति जगतः पालनकामः । ऋशतेः औषस प्रकाशः कुशिकः, कुशिकस्य प्रकाशस्य सूनुरहमादित्यः, तस्य पुत्रस्थानीय इत्यर्थः । एवमुक्ता नद्यस्त प्रत्यूचुः इन्द्रो अस्मानिति । एवं प्रावृषि प्रवृद्धोदकाः प्रत्याख्यायैन तदर्यनामन्ते वर्षाणां शरदि प्रत्यह तारतम्येन क्षीयमाणोदका आशुश्रुवुः ।
—स्कन्द०, निरु० २.२७ का भाष्य ।

२८. तत्रेतिहासमाचक्षते । त्वाष्ट्री सरण्यूर्विवस्वत आदित्याद् यमौ मिथुनौ जनयाञ्चकार । निरु. १२.१०

२९. उत्तरकालीन शास्त्रकारों ने भी सगोत्र विवाह का निषेध किया है । द्रष्टव्य : मनु ३.५

को धारण करने वाले हैं, ऐसे सम्बन्ध का बलपूर्वक प्रत्याख्यान किया है"।

यमी फिर यम को अपने अनुकूल करना चाहती हुई कहती है कि तुम जो प्रभु के वीर पुत्रों की दुहाई देते हो वह तो मेरे पक्ष में भी है–

उशन्ति घा ते अमृतास एतदेकस्य चित् त्यजसं मर्त्यस्य ।
नि ते मनो मनसि धाय्यस्मे जन्युः पतिस्तन्वमा विविश्या ।।३।।

"हे यम, वे अमृतरूप देवता भी एक ही मर्त्य की सन्तान को परस्पर विवाह के लिए चाहते हैं[30]। अत तेरा मन मेरे मन मे अनुरक्त होवे, तू उत्पादक पति बन कर मेरे शरीर से योग कर"।

यम उत्तर देता है–

न यत् पुरा चकृमा कद्ध नूनमृता वदन्तो अनृतं रपेम ।
गन्धर्वो अप्स्वप्या च योषा सा नो नाभिः परमं जामि तन्नौ ।।४।।

'जो कार्य पहले हमने कभी नही किया वह आज कैसे करें ? अब तक हम सत्य आचरण करते आये हैं, अब क्या असत्य आचरण करे ? अन्तरिक्षवर्ती गन्धर्व (विवस्वान्) तथा अन्तरिक्षस्थ योषा (सरण्यू) हमारे पिता-माता हैं । एवं हम दोनो का अति निकट सम्बन्ध है"।

इस पर यमी कहती है कि हम दोनो को पति-पत्नी विधाता ने तभी बना दिया था जब गर्भ मे उसने हमे एक साथ रखा था । क्या विधाता के विधान को भी कोई तोड सकता है ?

गर्भे नु नौ जनिता दम्पती कर्देवस्त्वष्टा सविता विश्वरूपः ।
नकिरस्य प्रमिनन्ति व्रतानि वेद नावस्य पृथिवी उत द्यौः ।।५।।

"सबके जनक, प्रेरक, विश्वरूप त्वष्टा देव ने गर्भ मे ही हम दोनो को दम्पती बना दिया था । इसके विधानों को कोई भग नही कर सकता । हम दोनों के इस सम्बन्ध मे द्यावापृथिवी साक्षी है"।

---

३०. 'उशन्ति घा ते अमृतास एतदेकस्य चित् त्यजसं मर्त्यस्य'। एकस्य चित् मर्त्यस्य त्यजसम् अपत्यम् उशन्ति परस्परविवाहयोग्यत्वेन कामयन्ते इत्यर्थः। यहाँ यमी का सकेत उन कथाओं की ओर प्रतीत होता है, जिनके अनुसार प्रजापति आदि देवो ने अपनी पुत्री, भगिनी आदि से योग किया था । जब स्वय देवता ऐसा आचरण करते हैं, तब मनुष्यों के लिये वे क्यो नही चाहेंगे । पर वस्तुतः इस प्रकार की कथाए प्रहेलिकात्मक हैं। द्रष्टव्य : ऋग् १.७१.५; १.१६४.३३; ६.५५.४,५; १०.६१.७ । ऐ.ब्रा. ३.३३.३४ । निरु. ४.२१ । ऋ. भा. भू., ग्रन्थप्रामाण्याप्रामाण्यविषय, प्रजापति द्वारा दुहिता से योग करने की कथा की आलकारिकता ।

परन्तु यम उसे कहता है कि गर्भ में विधाता ने क्या व्यवस्था की थी इसे तू या मैं कैसे जान सकते हैं ?

को अस्य वेद प्रथमस्याह्नः क ईं ददर्श क इह प्रवोचत् ।
बृहन्मित्रस्य वरुणस्य धाम कदु ब्रव आहनो वीच्या नॄन् ॥६॥

"इस प्रथम दिन की (गर्भ की) बात को कौन जानता है ? भला किसने इसे देखा है ? कौन इसके विषय मे कह सकता है ? मित्र तथा वरुण का धाम बडा विस्तीर्ण है । तो फिर हे असभ्य भाषण करके मेरे हृदय को चोट पहुँचाने वाली यमी, तू मनुष्यो को निश्चयात्मकता के साथ कैसे कह सकती है कि प्रथम दिन विधाता ने यह विधान रचा था[31]" ।

जब यमी को अन्य कोई युक्ति स्फुरित नही होती तो वह अपने मन को ही प्रमाण बताती है । वह कहती है कि मेरा मन तेरे प्रति आकृष्ट हुआ है, यही हम दोनो के विवाह के लिये सर्वप्रबल समर्थन है–

यमस्य मा यम्यं काम आगन् त्समाने योनौ सहशेय्याय ।
जायेव पत्ये तन्वं रिरिच्यां वि चिद् वृहेव रथ्येव चक्रा ॥७॥

"मुझ यमी के अन्दर यम विषयक काम उत्पन्न हुआ है कि हम एक स्थान पर साथ शयन करे । कोई पत्नी जैसे पति मे अपने शरीर का योग करती है, वैसे ही मैं भी करू । इस प्रकार हम दोनो एक रथ के दो पहियो के समान परस्पर मिल कर उद्योग करे" ।

परन्तु यम उत्तर देता है कि यौवनसुलभ काम तेरे अन्दर जागरित हुआ है, तो तू मुझ से भिन्न किसी अन्य पुरुष को अंगीकार कर ले–

न तिष्ठन्ति न निमिषन्त्येते देवानां स्पश इह ये चरन्ति ।
अन्येन मदाहनो याहि तूयं तेन विवृह रथ्येव चक्रा ॥८॥

"न कभी रुकते हैं, न आंख झपकाते हैं, देवो के वे गुप्तचर जो इस संसार में विचर रहे हैं । अत. हे असभ्यभाषिणी, मुझ से भिन्न किसी अन्य पुरुष से ही तू विवाह कर और उसी के साथ एक रथ के दो पहियों के समान मिल कर उद्योग कर" ।

---

३१. अनुक्रमणी के अनुसार यह छठी ऋचा भी यमी की ओर से कथित है । सायण ने तदनुकूल ही व्याख्या की है। पर इसे उपर्युक्त अर्थ के अनुसार यम की उक्ति मानना अधिक संगत प्रतीत होता है। ग्रिफिथ भी इस ऋचा को यम द्वारा उक्त मानते हैं ।

यमी फिर अपनी धुन को दोहराती है–

रात्रीभिरस्मा अहभिर्दशस्येत् सूर्यस्य चक्षुर्मुहुरुन्मिमीयात् ।
दिवा पृथिव्या मिथुना सबन्धू यमीर्यमस्य बिभृयादजामि ॥९॥

"सूर्य का प्रकाश मुहुर्मुहु उन्मीलित होता रहे तथा दिनो और रात्रियो के साथ इस युगल के लिए (पति-पत्नीरूप हमारे लिए) आशीर्वाद की वर्षा करता रहे । हम दोनो द्यावा-पृथिवी के समान मिथुन बन । एव यमी यम के साथ अभ्रातृत्व-सम्बन्ध को धारण करे[32] ।

यम पुन निषेध करता है–

आ घा ता गच्छानुत्तरा युगानि यत्र जामय कृणवन्नजामि ।
उपबर्बृहि वृषभाय बाहुमन्यमिच्छस्व सुभगे पति मत ॥१०॥

आगे ही कभी वे युग आयेंगे जब बहिने भाई क साथ अभ्रातृत्व सम्बन्ध अर्थात् विवाह करेगी (अभी ससार का ऐसा पतन नही हुआ है) । अत हे सुभगे तू मुझसे भिन्न ही किसी को पति रूप म वरण करने की इच्छा कर तथा उसी पति के लिए अपने बाहु को उपधान बना ।

यमी कहती है–

किं भ्रातासद्यदनाथ भवाति किमु स्वसा यन्निर्ऋतिर्निगच्छात् ।
काममूता बह्वेतद्रपामि तन्वा मे तन्व स पिपृग्धि ॥ ११ ॥

वह भाई ही क्या जिसके रहते बहिन अनाथ रहे और वह बहिन क्या जिसके रहते भाई को कष्ट झेलना पड । काम से अनुस्यूत होकर मैं यह बहुत कुछ प्रलाप कर रही हूँ । हे यम तू मेरे शरीर के साथ अपने शरीर का योग कर ।

पर यम पुन स्पष्ट रूप से अस्वीकार कर देता है–

न वा उ ते तन्वा तन्व सपपृच्या पापमाहुर्य स्वसार निगच्छात् ।
अन्येन मत् प्रमुद कल्पयस्व न ते भ्राता सुभगे वष्ट्येतत् ॥१२॥

"मैं तेरे शरीर के साथ अपने शरीर का योग नही करूगा । जो बहिन से विवाह करता है उसे पापी कहते हैं । मुझ से भिन्न ही किसी के साथ तू वैवाहिक आमोद-प्रमोद रचा । हे सुभगे, तेरा भाई इसे पसन्द नही करता ।"

---

३२. अनुक्रमणीकार तथा तदनुकूल सायण ने इस नवमी ऋचा को भी यम की उक्ति माना है । ग्रिफिथ यमी की उक्ति मानते हैं ।

३३. इस मन्त्रार्ध के नियोग-परक अर्थ के लिए द्रष्टव्य स्वामी दयानन्द सत्यार्थप्रकाश, ४र्थ समु० ।

अन्त में यमी यम को भीरु बताते हुए कहती है कि तेरा भी हृदय कैसा कठोर है जो बहिन की करुण पुकार पर भी नहीं पसीजता--

बतो बतासि यम नैव ते मनो हृदयं चाविदाम ।

अन्या किल त्वां कक्ष्येव युक्तं परिष्वजाते लिबुजेव वृक्षम् ॥१३॥

"हा, तू बडा दुर्बल है, मैं तेरे मन और हृदय को नही जान सकी। कोई अन्य ही कन्या तेरा आलिगन करेगी, जैसे रास रथ मे नियुक्त घोड़े का अथवा लता वृक्ष का आलिगन करती है।"

यम अन्त तक अपने व्रत पर दृढ रहता हुआ उत्तर देता है-

अन्यमू षु त्व यम्यन्य उ त्वां परिष्वजाते लिबुजेव वृक्षम् ।

तस्य वा त्वं मन इच्छा स वा तवाऽधा कृणुष्व संविद सुभद्राम् ॥१४॥

'हा, हे यमी, तू किसी अन्य को ही वरण कर, अन्य ही कोई तेरा आलिगन करे, जैसे लता वृक्ष का आलिगन करती है। तू उसके मन के प्रति अनुरक्त हो, वह तेरे मन के प्रति। और तदनन्तर तुम सुभद्र सुख-सवित् का भोग करो।"

विवेचन

इस प्रकार यह सवाद समाप्त होता है। इसमे यमी की भावुकतापूर्ण उक्तिया तथा यम का कठोर रुख दोनो ही दर्शनीय हैं। यम और यमी नामों से सूचित होता है कि ये दोनो सयमी है। सयमी जनो को भी कभी-कभी प्रलोभन आक्रान्त कर लेता है, जनसाधारण का तो कहना ही क्या, इस मनोवैज्ञानिक सत्य की ओर सूक्त सकेत करता है। सवाद बहुत ही सुन्दर शैली मे वेद की इस मर्यादा को हमारे संमुख रखता है कि सगे या सगोत्र भाई-बहिनों का परस्पर विवाह होना पाप है।

वान रॉथ इस सूक्त पर विचार करते हुए लिखते हैं कि ये भाई-बहिन यम और यमी मानव जाति के आदि युगल हैं। जैसे हिब्रू विचार में मनुष्य-जाति के पिता-माता आदम और ईव युगल रूप हैं, वैसे ही भारतीय विचार-धारा में यम-यमी हैं। परन्तु इसका खण्डन मैक्समूलर ने ही कर दिया है तथा कहा है कि वेद में इसका समर्थक एक भी प्रमाण उपलब्ध नहीं होता।[३४] अवेस्ता से बाद के ईरानी साहित्य में यिमेह के रूप में यिम की एक बहिन

---

३४. There is not a single word in the Veda pointing to Yama as the first Couple of mortals, the Indian Adam and Eve. ग्रिफिथ द्वारा इस सूक्त पर 'लैक्चर्स ऑन दि सायन्स ऑफ लैंग्वेज', सेकण्ड सिरीज, पृ ५२१ से उद्धृत।

का उल्लेख है जो अपने भ्राता के साथ प्रथम मानव-दम्पती का निर्माण करती[३५] है। भाई-बहिन के इस युगल का विचार ऋग्वेद के इस यम-यमी सूक्त से ही वहा गया है, पर इनके द्वारा प्रथम मानव-दम्पती की उत्पत्ति कराने की कल्पना ईरानी साहित्य की अपनी ही है, उसका वेद से कोई सम्बन्ध नही है।

मैक्समूलर स्वय दिन और रात्रि से यम-यमी की व्याख्या करते[३६] हैं। दिन और रात्रि एक-दूसरे के अनन्तर आते हुए आकाश के प्रागण मे भाई-बहिन के समान क्रीडा कर रहे है। रात्रि अपने गौर-वर्ण उज्ज्वल भ्राता दिन को देख स्वभावत: उसके प्रति आकृष्ट होती है, पर दिन उसे पत्नी रूप में स्वीकार करने को तैयार नही होता। सचमुच वेद में रात्रि दिन की पत्नी नही है, दिन की पत्नी उषा है[३७], रात्रि सविता भग की या सवत्सर की पत्नी है[३८]। परन्तु यदि प्राकृतिक व्याख्या मे दिन-रात्रि यम-यमी हैं तो ये विवस्वान् तथा सरण्यू के पुत्र कैसे हैं इसकी भी सगति लगनी चाहिये। ऋग्वेद कहता है कि 'जब त्वष्टा अपनी पुत्री सरण्यू का विवाहोत्सव रचाता है, उस समय सारा भुवन एकत्र होता है। विवाही हुई वह विवस्वान् की जाया सरण्यू यम की माता बनकर समाप्त हो जाती है[३९]। यदि विवस्वान् को अस्तोन्मुख आदित्य तथा सरण्यू को सन्ध्या समझा जाए तो इनसे उत्पन्न होने वाले सह-जात पुत्र-पुत्री अन्धकार तथा रात्रि होने अधिक ठीक है, न कि दिन और रात्रि। पर यदि विवस्वान् को क्षितिज से नीचे का प्रात:कालीन सूर्य तथा सरण्यू को उषा माना जाए तो उनसे उत्पन्न पुत्र-पुत्री दिन तथा दीप्ति होगे। प्रात:कालीन सूर्य तथा उषा से प्रथम दिन रूपी पुत्र तदनन्तर रात्रि की

---

३५. द्रष्टव्य वैदिक माइथोलोजी में यम का विवरण।

३६. There is a curious dialogue between her (Yami) and her brother, where she (the night) implores her brother (the day) to make her his wife and where he declines her offer .., ग्रिफिथ द्वारा इस सूक्त पर लैक्चर्स ऑन दि सायन्स ऑफ लैंग्वेज', सेकण्ड सिरीज, पृ. ५१० से उद्धृत।

३७. अव स्यूमेव चिन्वती मघोन्युषा याति स्वसरस्य पत्नी। ऋग् ३ ६१. ४। स्वसराणि अहानि भवन्ति, निरुक्त. ५ ४।

३८. इधिरा योषा युवतिर्दमूना रात्रिर्देवस्य सवितुर्भगस्य। अथर्व १९.४९.१। संवत्सरस्य या पत्नी, अथर्व १. १०. २।

३९. त्वष्टा दुहित्रे वहतुं कृणोतीदं विश्वं भुवनं समेति। यमस्य माता पर्युह्यमाना महो जाया विवस्वतो ननाश॥ ऋग् १०. १७. १

उत्पत्ति होती है, ऐसी व्याख्या करके कथंचित् यम-यमी का दिन्-रात्रि अर्थ लिया जा सकता है। पर उस अवस्था मे दिन-रात्रि को पूर्णतः सहजात कहना कठिन है। वैज्ञानिक दृष्टि से विचार करे तो अस्तोन्मुख आदित्य रूपी विवस्वान् तथा सन्ध्या रूप सरण्यू से जिस समय पृथिवी के एक भाग में रात्रि रूप पुत्री उत्पन्न होती है, वहा दूसरे भाग मे दिन रूपी पुत्र भी उत्पन्न होता है। एव दोनो सहजात भाई-बहिन हैं तथा भूमि के पृथक्-पृथक् भागो में होने मे ये परस्पर मिलते नही या इनका विवाह नही होता, यह व्याख्या कथचित् समीचीन हो सकती है।

शतपथ ब्राह्मण के एक प्रकरण में अग्नि को यम तथा पृथिवी को यमी कहा गया है[४०]। स्कन्द स्वामी ने अपने निरुक्तभाष्य मे इस सवाद की दो व्याख्याओ की ओर सकेत किया है। प्रथम के अनुसार आदित्य यम है तथा रात्रि यमी है[४१]। द्वितीय के अनुसार माध्यमिक मेघ-वाणी यमी है तथा मध्यमस्थानीय वायु या वैद्युताग्नि यम है। वर्षाकाल मे ये दोनो बहिन-भाई साथ रहते है। बहिन चाहती है कि यह साथ (सख्य) सदा ही बना रहे, हम दोनो विवाह कर ले। पर भाई नहीं चाहता तथा वर्षा-समाप्ति पर उसे पृथक् करता हुआ कहता है कि जा, तू किसी अन्य का ही आलिंगन कर। इसी कारण वर्षोपरान्त शरद् ऋतु में मेघवाणी सुनायी नही देती[४२]।

अध्यात्म मे ये यम-यमी प्राण तथा तनू (काया) होने संभव हैं, जो तेजस् रूप विवस्वान् से तथा पृथिवी एव आपः रूप सरण्यू से उत्पन्न होते हैं। ये दोनो भाई-बहिन शरीरस्थ आत्मा के सहायक एव पोषक होते है। मनुष्य की तनू या पार्थिव चेतना यह चाहती है कि प्राण मुझसे विवाह कर ले तथा मेरे ही पोषण मे तत्पर रहे। पर यदि ऐसा हो जाए तो मनुष्य की सारी आन्तरिक प्रगति अवरुद्ध हो जाए तथा वह पशुता-प्रधान ही रह जावे। मनुष्य का लक्ष्य है पार्थिव चेतना से ऊपर उठकर आत्मलोक तक पहुँचना। उसके लिए प्राण तथा तनू को भाई-बहिन रहना ही ठीक है। तब प्राण अपनी बहिन

---

४०. अग्निर्वै यमः, इय (पृथिवी) यमी, आभ्या हीदं सर्वं यतम्। शत. ७. २. १ १०

४१. नित्यपक्षे तु यम आदित्यो, यम्यपि रात्रिः। निरु. ५. २ का स्कन्दस्वामिभाष्य।

४२. यदा नैरुक्तपक्षे मध्यमस्थाना यमी तदा मध्यमस्थानो यमो वायु वैद्युतो वा वर्षकाले व्यतीते तामाह। प्रागस्माद् वर्षकालादष्टौ मासान् अन्यमू षु त्वमित्यादि। निरु. ११. ३४ का स्कन्दस्वामिभाष्य।

तनू की भी रक्षा करेगा तथा साथ ही मनुष्य को पार्थिव चेतना से ऊपर उठा कर उच्च स्तरों पर पहुँचाने में सहायक भी होगा।

साख्य के अनुसार पुरुष तथा प्रकृति यम-यमी हो सकते हैं। वहा पुरुष पति बनकर प्रकृति से जगत् का सर्जन नहीं करता, किन्तु वह साक्षीमात्र तथा तटस्थ रहता है, और प्रकृति स्वय अपने अन्दर से महदादि जगत्प्रपंच की उत्पत्ति करती है। उन दोनो का सम्बन्ध भाई-बहिन का होता है। जैसे भाई-बहिन एक साथ इस कारण रहते हैं कि भाई बहिन की सहायता कर देता है तथा बहिन भाई की, वैसे ही जड प्रकृति तथा चेतन पुरुष का संयोग परस्पर उपकार के लिए होता है। पुरुष प्रकृति की सहायता से कैवल्य प्राप्त करता है तथा पुरुष रूपी द्रष्टा के होने से प्रकृति का जगत्प्रपच को उत्पन्न करना सार्थक होता है। एव ये दोनो भाई-बहिन होते है, यद्यपि दार्शनिको ने भाई-बहिन के स्थान पर पगु और अन्ध का दृष्टान्त दिया है।

नक्षत्रों मे पुरुष (Pollux) तथा प्रकृति (Castor) का तारा-युगल यम-यमी-युगल होना सभव है। यह युगल शिशिर ऋतु में रात्र्याकाश मे उदित होता है तथा वसन्त-ग्रीष्म मे रह कर अस्त हो जाता है।

इन्द्र, इन्द्राणी और वृषाकपि का संवाद

दशम मण्डल के ८६वे सूक्त मे इन्द्र, इन्द्राणी तथा वृषाकपि का सवाद है, जिसमे २३ मन्त्र है। कौन सा मन्त्र किसकी ओर से कहा गया है, इसका उल्लेख कात्यायन की सर्वानुक्रमणी मे नही है। षड्गुरुशिष्य तथा सायण के अनुसार १,८,११,१२,१४,१६,२०-२२ सख्यक मन्त्र इन्द्र के, २-६, ९, १०, १५-१८ संख्यक मन्त्र इन्द्राणी के, तथा ७,१३, २३ संख्यक मन्त्र वृषाकपि के वचन हैं। माधव भट्ट प्रथम मन्त्र इन्द्र के स्थान पर इन्द्राणी का मानते है[43]। पिशेल तथा गैल्डनर ने भिन्न व्याख्याए की है, तथा संवाद मे वृषाकपायी को भी सम्मिलित कर लिया है, जिसके अनुसार मन्त्र १,३,८,१२,१४,१६,२० इन्द्र के, मन्त्र २,४-६,९,१६,२१ इन्द्राणी के, मन्त्र ७,१०,१३ वृषाकपि के तथा मन्त्र ११,१५,१७,१८ वृषाकपायी के हैं, और मन्त्र २२, २३ तटस्थ या कवि की ओर से कहे गये है।

संवाद का संक्षिप्त कथानक इस प्रकार है। वृषाकपि इन्द्र का सखा है। अनुक्रमणी के भाष्यकार षड्गुरुशिष्य के अनुसार वह इन्द्राणी की सपत्नी से उत्पन्न हुआ उसका पुत्र है। इन्द्र याज्ञिको को सोमाभिषव के लिए कहता है।

---

४३. माधवभट्टास्तु विहि सोतोरित्येषर्गिन्द्राण्या वाक्यमिति मन्यन्ते। सायण

सबसे बड़ा देव इन्द्र ही है, अतः याज्ञिकों को प्रमुख रूप से उसे ही सोम अर्पित करना चाहिए था। पर वे उसकी उपेक्षा कर वृषाकपि को सोमपान कराते हैं। इन्द्र वृषाकपि से स्नेह करता है, अतः वह इसे सहन तो कर लेता है, पर उसे अखरता अवश्य है और वह अपना भाव इन्द्राणी के संमुख प्रकट करता है। इन्द्राणी उसे कहती है, तुमसे तो वृषाकपि के बिना रहा ही नहीं जाता, उसी के साथ-साथ फिरते हो, अन्यत्र सोमपान के लिए क्यों नहीं चले जाते ? इन्द्र उत्तर देता है कि इस हरित-मृगधारी-वृषाकपि ने तुम्हारा क्या बिगाड़ा है, जो इससे इतनी ईर्ष्या करती हो। इस पर इन्द्राणी कहती कि तुम तो व्यर्थ ही सदा वृषाकपि का पक्ष लेते हो, मैं कुत्ते से इसका कान कटवा दूंगी, इस दुष्ट ने मेरी हवियो को दूषित कर दिया है, मै इसका सिर काट डालूंगी। इन्द्र उसे शान्त करता हुआ कहता है कि तुम वृषाकपि पर इतना क्रुद्ध क्यो होती हो। इन्द्राणी कहती है, इसने मुझे अवीरा समझ लिया है, मैं इससे निबट लूंगी। तब इन्द्र इन्द्राणी की स्तुति करता है कि तुम तो सब नारियो मे श्रेष्ठ हो और तुम्हारा पति भी अजर-अमर है। वह कहता है कि देखो, असली बात यह है कि सोमपान मे सखा वृषाकपि के बिना मुझे आनन्द ही नही आता है, इसी कारण मैं इसके साथ रहता हूं। इन्द्र के मुख से अपनी प्रशंसा सुन वृषाकपि कहता है–'लो, अप्रसन्न न हो, तुम्हारा इन्द्र यथेच्छ उक्षाओं का भक्षण कर ले'। इन्द्र आनन्दित हो जाता है और अपने उद्गार प्रकट करता है– 'अहा, याज्ञिकगण मेरे लिए पन्दह और बीस उक्षा पकाते है, खाकर मै बहुत हृष्ट-पुष्ट हो गया हूँ, मेरी दोनो कुक्षिया भर गयी हैं'। फिर वह वृषाकपि को कहता है कि निकट ही जो तुम्हारा घर है, वहा जाओ और यथासमय पुन हमारे घर लौट आना, हम दोनो मिलकर सुकार्य करेंगे। वृषाकपि घर से लौट आता है। पर पहले उसके पास जो हरित मृग होता था, उसे न देख इन्द्र पूछता है कि वह बहुभक्षी, मनुष्यो का आह्लादक मृग कहां है ?

विभिन्न पक्षो मे इस कथानक की व्याख्याएं हो सकती हैं। अध्यात्मपक्ष में इन्द्र आत्मा है है, इन्द्राणी बुद्धि है, वृषाकपि मन है, जिसके साथ अहंकार रूपी हरित मृग रहता है। मनुष्य जो आन्तरिक यज्ञ रचाता है, उसमे इन्द्रिय, प्राण आदि की समस्त हवियो का अर्पण आत्मा को ही किया जाना चाहिए। परन्तु साधना की अपरिपक्व अवस्था में वह मन (वृषाकपि) को अपना अधिष्ठातृदेव मान बैठता है, तथा उसे ही सब हवियां देता है। बुद्धि इस मन से बहुत रुष्ट है, क्योंकि इसके साथ जो अहंकार रूपी मृग रहता है, वह सब हवियो को दूषित कर देता है। जो हवि अहंभाव के साथ देवता को अर्पित की

जाती है, वह सात्त्विक एवं परिशुद्ध हवि नहीं होती। अतः बुद्धि इसका विरोध करती है। तो भी आत्मा का इस मन के साथ स्नेह है और उसे इसके साथ मिलकर ही सोमपान या हविर्ग्रहण रुचिकर है। हाँ, वह यह अवश्य चाहता है कि मन परिशुद्ध हो तथा अहंकार रूप मृग से स्वतन्त्र रहे। यह ठीक भी है, क्योंकि साधक की हवि आत्मा के पास सीधी नहीं, किन्तु मनोमय भूमिका के द्वारा ही पहुंचती है। मन जब देखता है कि इन्द्राणी (बुद्धि) उससे बहुत रुष्ट है, तब वह कहता है कि लो, मुझे कुछ आपत्ति नही है, १५ या २० सब बैलो (उक्षाओं) की हवि इन्द्र (आत्मा) ही ग्रहण कर ले। पन्द्रह बैल हैं दस प्राण और पंच ज्ञानेन्द्रिया। पाच कर्मेन्द्रिया भी इनमे सम्मिलित कर ली जायें तो ये बैल बीस हो जाते हैं[44]। यजमान इन बैलो को पकाता है, परिपक्व करता है, क्योंकि अपरिपक्व या असस्कृत प्राण, इन्द्रिय आदि मे अपवित्रता का अश रहता है। इन परिपक्व बैलों की हवि जब आत्मा को मिलती है तब वह खूब छक जाता है, उसकी दोनो कुक्षि भर जाती है। आत्मा मन को कहता है कि तुम अपने घर भले ही जाओ, पर फिर लौट आना। आत्मा का घर आनन्दमय कोश है, तथा मन का मनोमय कोश। आत्मा बुद्धि सहित जब विशुद्ध मन से मिलता है, तब हविर्ग्रहण में उसे अपूर्व आनन्द आता है। मन अपने घर चला जाता है, अर्थात् कुछ समय के लिए आत्मा को स्वतन्त्र छोड अपना व्यापार बन्द कर देता है। जब लौट कर आता है, तब आत्मा यह देख कर प्रसन्न होता है कि उसके साथ अहकार रूपी मृग नही है, तथा वह पूर्णतः विशुद्ध है।

आधिदैविक दृष्टि से लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने अपनी 'ओरायन' (मृगशीर्ष) नामक पुस्तक में इस सूक्त की एक व्याख्या उपस्थित की है। उन का कथन है कि इस सूक्त मे आकाश की उस प्राचीन स्थिति का उल्लेख है जब मृगशीर्ष-नक्षत्र मे वसन्त-सम्पात होता था। वैदिक यज्ञ सवत्सर के आरंभ मे प्रवृत्त होते थे, तथा सवत्सर वसन्त-सम्पात से आरम्भ होता था। इसे ही देवयान या सूर्य का उत्तरायण काल भी कहते थे। शरत्संपात से पितृयाण या दक्षिणायन काल चलता था। उस समय यज्ञ निरुद्ध हो जाते थे। जब यज्ञ चालू रहते हैं, उस समय इन्द्र तथा इन्द्राणी को सोमरस तथा हवि प्राप्त होती

---

४४ पं० शिवशंकर इन संख्याओं की निम्न व्याख्या करते है — जो पच ज्ञानेन्द्रिय हैं वे ही उत्तम, मध्यम और अधम भेद से १५ प्रकार के हैं। और इन पन्द्रहों के पन्द्रह विषय और पाच कर्मेन्द्रिय ये मिलकर २० हैं। ये ही मानो १५ और २० बैल हैं। (वैदिक इतिहासार्थ निर्णय पृ०४२७)।

रहती है। तिलक के मत में प्रस्तुत सूक्त में वृषाकपि उस समय का सूर्य है जब वसन्त-सम्पात मृगशीर्ष नक्षत्र मे था[४५]। उसके साथ जिस हरित मृग का उल्लेख किया गया है, वह मृगशीर्ष नक्षत्र ही है। इन्द्राणी वृषाकपि से इस कारण रुष्ट है कि वह या उसका मृग यज्ञिय हवि को दूषित कर देता है तथा यज्ञ विघ्नित हो जाता है। वसन्त-सम्पात मे यह मृगशीर्ष सूर्योदय काल मे निकलने के कारण दिखाई नही देता था। अतः उससे कुछ भय नही था। न वह यज्ञिय हवि को दूषित करता था, न यज्ञ उपरत होता था, न ही इन्द्राणी को कोई रोष होता था। परन्तु शरत्सपात मे वह मृगशीर्ष नक्षत्र सूर्यास्त के समय निकलने के कारण आकाश मे दिखाई देता था। शरत्संपात में नियमानुसार यज्ञ बन्द हो जाते थे। मानो यह मृग ही आकर यज्ञ का विध्वस कर देता था। इन्द्राणी कहती है कि मैं इस मृग का सिर काट डालूंगी या कुत्ते से इसका कान कटवा दूगी। सचमुच आकाश मे इस मृगशीर्ष नक्षत्रसमूह के बाये कान के तारे के समीप कुत्ता है भी, जिसे श्वा या कैनिस मेजर (Canis

१ श्वा २ मृगशीर्ष

Major) कहते हैं। शनै.शनै शरत्संपात समाप्त होने पर यह मृगशीर्ष-नक्षत्र-पुज क्षितिज के नीचे चला जाता है। इन्द्र वृषाकपि (शरत्संपात के सूर्य) से कहता है कि तुम अपने घर जा रहे हो तो जाओ, पर शीघ्र ही मेरे घर आ जाना, तब हम दोनो मिल कर सोमरस का पान करेंगे। इन्द्र का घर ऊपर है। शरत्संपात के पश्चात् फिर सूर्य उत्तरायण हो जाता है, यही वृषाकपि का ऊपर इन्द्र के घर आना है। तब यज्ञ फिर प्रारम्भ हो जाते हैं।

---

४५. Vrishakapi must, therefore, be taken to represent the Sun in Orion (Orion 1955, Tilak Bros., Poona 2, P. 189)

इस व्याख्या के आधार पर तिलक यह परिणाम निकालते हैं कि क्योंकि मृगशीर्ष नक्षत्र मे वसन्त-सम्पात, जिसका इस सूक्त मे सकेत है, लगभग चार हजार ई० पू० मे था, अत इस सूक्त की रचना उसी समय हुई होगी। किन्तु तिलक द्वारा प्रतिपादित आशय ही वेदाभिमत है यह निश्चित रूप से नही कहा जा सकता। व्याख्या में थोडा सा परिवर्तन कर देने से ही सूक्त ऐसा लगने लगता है कि इसमे वर्णित आकाशीय स्थिति चार हजार ई० पू० की ही नही, प्रत्युत वह स्थिति हर समय हो सकती है। मृग द्वारा हवि दूषित दक्षिणायन मे होती है, इसके स्थान पर यह माना जा सकता है कि रात्रि मे हवि दूषित होती है, क्योकि दिन की हवि यदि रात्रि मे रखी रहे तो वह पर्युषित (बासी) हो जाती है। तब वृषाकपि अस्तोन्मुख सूर्य होगा। रात्रि होना इन्द्राणी को प्रिय नही है, क्योकि रात्रि मे सोमपान करना तथा हविर्भक्षण करना नही मिलेगा। और रात्रि लाता है वृषाकपि, अतएव उससे वह रुष्ट है। पर इन्द्र जानता है कि यही वृषाकपि, प्रात भी उदित होगा[४६], जो हवि दिलाने मे कारण बनेगा, अतः वह उससे प्रीति करता है। मृग चन्द्रमा हो सकता है। अथवा तिलक का ही अनुसरण करे तो मृगशीर्ष अर्थ भी ले सकते है। यद्यपि कभी मृगशीर्ष ऐसे काल मे भी उदित हो सकता है जब यज्ञ न होते हो, पर अग्निहोत्र रूपी नित्य यज्ञ तो सदा ही होता है।

स्कन्द स्वामी अपने निरुक्त-भाष्य मे कहते हैं कि ऐतिहासिक पक्षानुसार इन्द्राणी इन्द्र की भार्या तथा वृषाकपि इस नाम से प्रसिद्ध ऋषि है, किन्तु नैरुक्त पक्ष मे इन्द्राणी माध्यमिक वाणी एव वृषाकपि आदित्य है।[४७] इन्द्र का स्वरूप यद्यपि उन्होने स्पष्ट नही किया, तो भी जब इन्द्राणी माध्यमिक वाणी है, तब इन्द्र वैद्युताग्नि होना चाहिये। सब हवि सूर्य छीन ले जाता है, अत माध्यमिक वाणी उससे रुष्ट है।

राजनीतिक दृष्टि से इन्द्र राष्ट्र का राजा हो सकता है, इन्द्राणी राजपरिषद् और वृषाकपि सामन्त राजा, जो प्रधान राजा या इन्द्र का प्रबल

---

४६ प्रस्तुत सूक्त के ही २१ वे मन्त्र "य एष स्वप्ननशनोऽस्तमेषि पथा पुनः" से स्पष्ट है कि उदयकालीन तथा अस्तोन्मुख दोनो ही आदित्य वृषाकपि हैं।

४७. इन्द्राणी माध्यमिकामिन्द्रस्य वा भार्याम्। ... नेह प्रसिद्धो वृषाकपिः ऋषिः। किं तर्हि ? द्युस्थानोऽभिप्रेतः। निरु ११.३८ का स्कन्दस्वामि-भाष्य। सख्युर्वृषाकपेर्ऋते संख्या वृषाकपिना आदित्येन ऋषिणा विनेत्यर्थः। निरु. ११.३९ का स्कन्दस्वाभिभाष्य।

सहायक होने से उसका सखा है, अथवा उसी के द्वारा राज्याभिषिक्त किये जाने के कारण उसका पुत्र है। इन्द्र वृषाकपि के साथ सोमपान करता है, इसका आशय यह है कि सामन्त राजा अपने राज्य से जो कर (टैक्स) एकत्र करता है, उसमे से कुछ अंश तो वह अपने राज्य मे व्यय करने के लिए अपने पास रखता है तथा कुछ प्रतिशत अंश प्रधान राजा को देता है। सामन्त राजा का कोई मुख्य अधिकारी है, जो उसका शीर्षस्थानीय है, तथा जो यह परामर्श देता है कि अपनी प्रजा से प्राप्त सारा कर अपने ही पास रखो, प्रधान राजा को मत दो, एव तुम स्वतन्त्र हो जाओ। यही हरित मृग है। उसकी कुमन्त्रणा के वशीभूत हो सामन्त वैसा ही करने लगता है। तब राजपरिषद् (इन्द्राणी) इस समस्या पर विचार करने के लिए बैठती है। राजपरिषद् के सदस्य यह विचार प्रस्तुत करते हैं कि वृषाकपि का सिर काट देना उचित है, अर्थात् उसे राज्यच्युत कर देना चाहिये। परन्तु राजा वृषाकपि का महत्त्व समझता है, वह जानता है कि यह मेरा दाहिना हाथ है, संकट के समय काम आने वाला है। अत वह उसके प्रति प्रीतिभाव ही रखता है, और यह उचित समझता है कि इसके साथ जो इसे कुमन्त्रणा देने वाला मृग है उसे दण्डित किया जाये। वह राजपरिषद् को भी अपने विचार के अनुकूल कर लेता है। परिणाम यह होता है कि सामन्त राजा अपने घर (अपने राज्य मे) जाकर उस अधिकारी को (मृग को) पदच्युत कर देता है। तब १५,२० या ३५ जितने भी प्रकार के उक्षा अर्थात् प्रजा से लिये जाने वाले कर हैं, उनका उचित अंश वह इन्द्र को भी देने लगता है, तथा इन्द्र का उदर या राज्यकोश खूब भर जाता है। एव इन्द्र वृषाकपि के साथ मिल कर आनन्दपूर्वक सोमपान करता है।

अब हम मन्त्रशः सूक्त पर विचार करते है।

वृषाकपायी

वि हि सोतोरसृक्षत नेन्द्रं देवममंसत।
यत्रामदद् वृषाकपिरर्यः पुष्टेषु मत्सखा विश्वस्मादिन्द्र उत्तरः ॥१॥

इन्हे (याज्ञिको को) सोम सवन करने के लिए कहा गया था, पर इन्होने इन्द्र (मेरे श्वसुर) को देव नही माना, अर्थात् उसे सोम अर्पित नहीं किया, जब कि परिपुष्ट यज्ञों मे मेरा सखा समृद्ध वृषाकपि खूब छक गया है। पर तो भी इन्द्र सबसे उत्तर है।"[४८]

---

४८. सायण ने इस मन्त्र को इन्द्र की उक्ति माना है। उसी ने इसका भी निर्देश किया है कि माधव भट्ट इसे इन्द्राणी का वाक्य समझते थे। पिशेल,

इन्द्राणी

परा हीन्द्र धावसि वृषाकपेरति व्यथिः ।
नो अह प्रविन्दस्यन्यत्र सोमपीतये विश्वस्मादिन्द्र उत्तरः ॥२॥

"हे इन्द्र, वृषाकपि के लिए व्याकुल हुए तुम उसके पीछे दूर तक भाग जाते हो। क्या अन्यत्र सोमपान के लिए तुम्हे स्थान नहीं मिलता ? इन्द्र सबसे उत्तर है।"

इन्द्र

किमयं त्वां वृषाकपिश्चकार हरितो मृगः ।
यस्मा इरस्यसीदु न्वर्यो वा पुष्टिमद्वसु विश्वस्मादिन्द्र उत्तरः ॥३॥

"इस हरित(हरित-मृग-धारी)वृषाकपि ने तुम्हारा क्या बिगाड़ा है, जो तुम

गैल्डनर, लुड्विग आदि सायण का ही अनुसरण करते है। पर हमने इसे वृषाकपायी के कथन के रूप मे लिया है। इसमे दो हेतु है। प्रथम यह कि इस सूक्त की इसी मण्डल के २८वें सूक्त से तुलना करे तो प्रथम मन्त्र वृषाकपायी की ओर से अपने श्वसुर के लिए ही कहा गया प्रतीत होता है, जैसे वहाँ प्रथम मन्त्र वसुक्र की पत्नी ने अपने श्वसुर इन्द्र के विषय मे कहा है कि अन्य सब देव तो यज्ञ मे आ गये, पर मेरे श्वसुर जी नही आये, यदि वे भी आ जाते तो भुने जव खाते और सोमरस पीते। दूसरे यह कि प्रस्तुत सूक्त की १३वी ऋचा मे वृषाकपि वृषाकपायी को ही कहता है कि लो, तुम्हारा इन्द्र यथेच्छ उक्षाओ का भक्षण कर ले, मै बाधक नही बनता। यदि इन्द्र को हवि न मिलने की शिकायत प्रथम मन्त्र में वृषाकपायी द्वारा न की गयी होती तो वृषाकपायी को उसे सम्बोधन करने की क्या आवश्यकता थी, इन्द्र या इन्द्राणी को सम्बोधन करना चाहिए था, जिनकी ओर से आपत्ति उठायी गयी होती। तिलक भी यह स्वीकार करते हैं कि यदि संवाद मे वृषाकपायी को भी सम्मिलित करना हो तो मैं प्रथम ऋचा को उसका वचन मानना अधिक पसन्द करूंगा—

"If वृषाकपायी is to be at all introduced in the dialogue, we may assign this verse to her. The phrases 'my friend मत्सखा' and 'did not respect Indra नेन्द्रं देवममंसत' would be more appropriate in her mouth than in that of इन्द्र or इन्द्राणी (Orion 1955. P. 190). 'विश्वस्मादिन्द्र उत्तरः' में उत्तर का अर्थ सायण उत्कृष्टतर करते हैं। तिलक ने 'उत्तर में वर्तमान' (In the upper i.e. northern part of the universe) किया है।

उससे इतनी ईर्ष्या कर रही हो? जो समर्थ है, वह पुष्टिमान् वसु को अवश्य प्राप्त कर ही लेता है। इन्द्र सबसे उत्तर है।[४९]"

इन्द्राणी

> **यमिमं त्वं वृषाकपिं प्रियमिन्द्राभिरक्षसि ।**
> **श्वा न्वस्य जम्भिषदपि कर्णे वराहयुर्विश्वस्मादिन्द्र उत्तरः ॥४॥**
> **प्रिया तष्टानि मे कपिर्व्यक्ता व्यदूदुषत् ।**
> **शिरो न्वस्य राविषं न सुगं दुष्कृते भुवं विश्वस्मादिन्द्र उत्तरः ॥५॥**
> **न मत् स्त्री सुभसत्तरा न सुयाशुतरा भुवत् ।**
> **न मत् प्रतिच्यवीयसी न सक्थ्युद्यमीयसी विश्वस्मादिन्द्र उत्तरः ॥६॥**

"हे इन्द्र, जिस अपने वृषाकपि की तुम रक्षा करने मे तत्पर हो, वराह का शिकार करने वाला कुत्ता उसका कान काट ले। मेरे लिए तो इन्द्र सबसे उत्तर है। इस कपि ने (यजमानो से) तैयार की हुई मेरी प्रिय हवियो को दूषित कर दिया है। मैं इसका सिर काट डालूंगी। दुष्कर्म करने वाले को मैं चैन से नहीं बैठने दूंगी। मेरे लिए तो इन्द्र सबसे उत्तर है। मुझसे अधिक अन्य कोई स्त्री सुभगा, सुकीर्तिमती या सुन्दरी[५०] नही है, न सुखिनी या सुपुत्रवती है,[५१] न

---

४९. हरितो मृग = लक्षणा से हरितमृगधारी। २२वे मन्त्र से स्पष्ट है कि वृषाकपि मृगरूप नही, किन्तु मृगधारी है। सायण ने इस मन्त्र को इन्द्राणी का वचन माना है— "इस हरित मृग वृषाकपि ने तेरा क्या प्रिय किया है, जो तू उदार होकर उसे पुष्टिमान् वसु प्रदान करता है।" परन्तु इरस् धातु ईर्ष्यार्थक ही है, दानार्थक नही। ऋग्वेद मे अन्यत्र ७. ४१ ६ तथा १०. १७४. २ इन दो स्थलो पर ही यह धातु प्रयुक्त हुई है तथा सायण ने क्रमश. 'इरस्यः विघात मा कृथाः,' 'इरस्यति ईर्ष्यति' अर्थ किये है। लुड्विग, ग्रासमान, पिशेल, गैल्डनर, ग्रिफिथ, तिलक आदि इस ऋचा को इन्द्र का ही वचन स्वीकार करते हैं।

५०. 'सुभसत्तरा अतिशयेन सुभगा'—सायणः। यद्वा, बभस्ति दीप्यते इति भसत् यशः (भस भर्त्सनदीप्त्योः)। सुभसत्तरा सुयशस्तरेत्यर्थः। अथवा ऋग् १० १६३ ४ इत्यस्य सायणीयं भाष्यमनुसृत्य भसत् कटिप्रदेशः, तथा च सति सुभसत्तरा शोभनकटियुक्ता सुन्दरीत्यर्थः।

५१. सुयाशुतरा अतिशयेन सुसुखा, अतिशयेन सुपुत्रा वा। सायण

मुझसे बढ कर शत्रुओ को च्युत करने वाली है, न सक्थि उठाने वाली अर्थात् उद्यम करने वाली है ।[52]"

इन्द्र

> **उवे ग्रम्ब सुलाभिके यथेवाङ्ग भविष्यति ।**
> **भसन्मे अम्ब सक्थि मे शिरो मे वीव हृष्यति विश्वस्मादिन्द्र उत्तरः ।।७।।**
> **किं सुबाहो स्वंगुरे पृथुष्टो पृथुजाघने ।**
> **किं शूरपत्नि नस्त्वमभ्यमीषि वृषाकपिं विश्वस्मादिन्द्र उत्तरः ।।८।।**

हे शुभ लाभ वाली प्रिय पत्नी, जैसा तुमने कहा है, वैसा ही होगा। हे प्रिये, तुमसे मेरी कीर्ति है, (तुम्हारी गौरवगाथा से) मेरे ऊरु-युगल, मेरा सिर, (मेरा अग-अग) नृत्य कर रहा है। न्द्र सबसे उत्तर है। परन्तु हे शोभन बाहुग्रो वाली, शोभन अगुलियो वाली, लम्बे घने केलो वाली, विस्तीर्ण जघन वाली शूरपत्नी, हमारे प्रिय वृषाकपि पर क्रुद्ध क्यो होती हो? इन्द्र सबसे उत्तर है ।[53]"

---

५२ षष्ठ मन्त्र के उत्तरार्ध का सायणकृत यह भाष्य शिष्टजन-सम्मत होने योग्य नहीं है—"कि च मत् मत्तोऽन्या प्रतिच्यवीयसी पुमास प्रति शरीरम्यात्यन्त च्यावयित्री नास्ति। किं च मत्तोऽन्या स्त्री सक्थ्युद्यमीयसी सभोगेऽत्यन्तमुत्क्षेप्त्री नास्ति। न मत्तोऽन्या काचिदपि नारी मैथुनेऽनुगुणं सक्थि उद्यच्छतीत्यर्थ ।" क्या कोई भी शीलवती नारी ग्रात्मस्तुति मे ऐसे उद्गार प्रकट कर सकती है। वैसे भी इन्द्राणी की प्रशस्ति भोग-विलास मे नही, किन्तु वीरता मे है।

५३ सप्तम मन्त्र सायण ने वृषाकपि का वाक्य माना है। 'ग्रम्ब' सम्बोधन ही इसमें प्रबल हेतु रहा प्रतीत होता है। परन्तु ग्रम्ब शब्द, जैसा कि तिलक ने माना है, स्नेह तथा ग्रादर के व्यंजक ग्रव्यय के रूप में भी गृहीत हो सकता है। तदनुसार तिलक से सहमत होकर हमने ग्रष्टम मन्त्र के साथ इसे भी इन्द्र की ही उक्ति स्वीकार किया है। सायण ने वृषाकपि की उक्ति मानते हुए इस मन्त्र के उत्तरार्ध का जो ग्रर्थ किया है वह ग्रनावश्यक खींचतान वाला तथा अत्यन्त ग्रस्वाभाविक है। कोई भी पुत्र ऐसा वचन नही कह सकता है—'मे मम पितुः त्वदीयो भसत् भगः उपयुज्यताम्। किं च मम पितुस्त्वदीय सक्थि चोपयुज्यताम्। किं च मे मम पितरमिन्द्र त्वदीय शिरश्च प्रियालापेन वीव यथा कोकिलादिः पक्षी तद्वत् हृष्यति हर्षयतु।" साथ ही 'पक्षी के समान(वीव)' इस ग्रर्थ के

इन्द्राणी

अवीरामिव मामयं शरारुरभि मन्यते ।
उताहमस्मि वीरिणीन्द्रपत्नी मरुत्सखा विश्वस्मादिन्द्र उत्तरः ॥९॥
सं होत्रं स्म पुरा नारी समनं वाव गच्छति ।
वेधा ऋतस्य वीरिणीन्द्रपत्नी महीयते विश्वस्मादिन्द्र उत्तरः ॥१०॥

"यह घातक(वृषाकपि)मुझे अबला समझ बैठा है । पर मैं तो वीरांगना हू, इन्द्र की पत्नी हू मरुत् मेरे सखा हैं । (मेरा पति) इन्द्र सबसे उत्तर है । प्राचीन काल से नारी यज्ञ तथा संग्राम मे जाती रही है । फिर इन्द्राणी तो सत्य की विधात्री है, वीरिणी है, इन्द्र की पत्नी है, अतः विशेष महिमाशालिनी है । इन्द्र सबसे उत्तर है ।[५४]"

इन्द्र

इन्द्राणीमासु नारिषु सुभगामहमश्रवम् ।
नह्यस्या अपरं चन जरसा मरते पतिर्विश्वस्मादिन्द्र उत्तरः ॥११॥
नाहमिन्द्राणि रारण सख्युर्वृषाकपेर्ऋते ।
यस्येदमप्यं हविः प्रियं देवेषु गच्छति विश्वस्मादिन्द्र उत्तरः ॥१२॥

"इन सब नारियो मे मैंने इन्द्राणी को सुभगा सुना है । दूर से दूर काल मे भी इसका पति जराजीर्ण हो कर मरता नही । (इसका पति) इन्द्र सबसे उत्तर है । (इस प्रकार हे इन्द्राणी, मैं तुम्हारा आदर करता हू, तो भी वृषाकपि को दण्डित करने की तुम्हारी बात से मैं सहमत नही हू) । हे इन्द्राणी, अपने सखा वृषाकपि के विना मुझे आनन्द नही आता, जिसकी जलो मे संस्कृत प्रिय हवि देवो को प्राप्त होती है । इन्द्र सबसे उत्तर है ।[५५]"

स्थान पर 'वि हृष्यति इव—नृत्य सा कर रहा है' यह अर्थ अधिक उपयुक्त प्रतीत होता है ।

लुड्विग इस मन्त्र को पूर्व मन्त्र के समान इन्द्राणी का वचन मान कर यह व्याख्या करते हैं कि वृषाकपि के अपराध के कारण मेरा अंग-अंग क्रोध से कांप रहा है । पर उस अवस्था में 'सुलाभिके' यह स्त्रीलिंग सम्बोधन किस के प्रति होगा ?

५४. दसवीं ऋचा पिशेल तथा गैल्डनर के अनुसार वृषाकपि ने इन्द्राणी को कही है ।

५५. सायण ने यह विकल्प दिया है कि ११वीं ऋचा वृषाकपि की भी मानी जा सकती है । पिशेल तथा गैल्डनर इसे वृषाकपायी की उक्ति मानते हैं।

वृषाकपि

वृषाकपायि रेवति सुपुत्र आदु सुस्नुषे ।

घसत् त इन्द्र उक्षणः प्रियं काचित्करं हविः विश्वस्मादिन्द्र उत्तरः ॥१३॥

"हे ऐश्वर्यशालिनी, सुपुत्रवती, शोभन पुत्रवधू वाली वृषाकपायी, सुनो (अब मैं तुम्हारे श्वसुर इन्द्र के सोमपान या हविर्ग्रह मे बाधक नही बनूगा), तुम्हारा इन्द्र यथेच्छ उक्षाओ तथा सुखसंचय करने वाली प्रिय हवि को भक्षण करे । इन्द्र सबसे उत्तर[५६] है ।"

---

५६ सायण का कथन है कि कामनाओ का वर्षक (वृषा) तथा अभीष्ट देश मे पहुँचने वाला (कपि) होने से इन्द्र भी वृषाकपि है । एवं उसकी पत्नी वृषाकपायी से यहा इन्द्राणी ही अभिप्रेत है । अथवा वृषाकपायी का अर्थ वृषाकपि की पत्नी न लेकर वृषाकपि की माता लेना चाहिए, इस प्रकार भी इन्द्राणी वृषाकपायी कहला सकती है । परन्तु यह ठीक प्रतीत नही होता । प्रथम विकल्प मे तो व्यर्थ खीचातानी है, तथा दूसरा विकल्प इसलिए स्वीकार्य नही हो सकता, क्योकि वेद में जैसे अग्नि की पत्नी (न कि अग्नि की माता) अग्नायी है, वैसे वृषाकपि की पत्नी ही वृषाकपायी हो सकती है (वृषाकपायी वृषाकपे पत्नी, निरु १२ ६) । हमारी योजनानुसार प्रथम ऋचा मे वृषाकपि की पत्नी ने ही श्वसुर इन्द्र को सोमरस न मिलने की शिकायत की थी, अत. वृषाकपि द्वारा अपनी पत्नी को कहा जाना सर्वथा उचित है । पिशेल तथा गैल्डनर भी इस ऋचा को वृषाकपि द्वारा अपनी पत्नी को कहा मानते हैं । सायण की दूसरी असंगति यह है कि उस ने यहा उक्षा का अर्थ सेचनसमर्थ बैल पशु किया है । यह आश्चर्य का विषय है कि आपत्ति तो यह उठी थी कि इन्द्र को सोमपान-करना नही मिला, जब कि वृषाकपि सोमपान से खूब छक गया, और परिहार किया जा रहा है इन्द्र को बैल खिला कर । सायण को यह भी विस्मृत हो गया कि 'उक्षा बिभर्ति भुवनानि वाजयुः ऋग् ६.८३.३' मे वह स्वयं उक्षा का अर्थ 'जलस्य सेक्ता सोम' कर चुका है । यहा तक कि ऋग् ६.८६. ४ में तो केवल उक्षा नही, किन्तु 'उक्षा पशु (उक्षण पशुम्) शब्द आये हैं, तो भी सायण ने बैल अर्थ न करके सोम अर्थ किया है, भले ही उसे वहां पशु का अर्थ द्रष्टा करना पड़ा है । जब वेद के अन्य अनेक स्थलों में सायण के अनुसार ही उक्षा सोम है तो यहां क्यों नहीं, जब कि प्रसंग भी सोमसवन का है । इस प्रसंग में द्वितीय

इन्द्र

उक्ष्णो हि मे पञ्चदश साकं पचन्ति विंशतिम् ।
उताहमस्मि पीव इदुभा कुक्षी पृणन्ति मे
विश्वस्मादिन्द्र उत्तरः ।।१४।।

"मेरे लिए वे (यज्ञकर्ता लोग) एक साथ १५ और २० उक्षाओ को पकाते हैं, तथा मैं उनका भक्षण करता हूँ । मैं बहुत मोटा हो गया हूं, मेरी दोनो कुक्षियो को उन्होने भर दिया है । इन्द्र सबसे उत्तर है ।[५७]"

अध्याय मे व्याख्यात उक्षा पृश्नि को पकाने की पहेली तथा वृषभ को पकाने का वर्णन भी द्रष्टव्य है । यह भी ध्यान देने योग्य है कि वेद मे केवल इन्द्र का भोजन ही उक्षा या वृषभ नही है, जो कि बैल अर्थ मे इतिश्री कर ली जाए, किन्तु इन्द्र के वज्र, रथ, घोडे, आयुध, मद, क्रतु, सिल-बट्टे (ग्रावा), अध्वर्यु, पेय रस सभी वृषभ है, यहा तक कि इन्द्र का आह्वाता तथा इन्द्र स्वय भी वृषभ है (द्रष्टव्य ऋग् २ १६. ५, ६, ५ ३६.५;५. ४०. २, ३) । इससे स्पष्ट है कि वेद जान-बूझ कर रहस्यमयी भाषा का प्रयोग कर रहा है तथा पहेली बुझवाना चाहता है । यहा उक्षा का बैल अर्थ निरुक्तकार ने भी नही किया, किन्तु माध्यमिक सस्त्यान या ओस के कण अर्थ लिया है । प्रात कालीन सूर्य ओस-कण रूप उक्षाओ का भक्षण करता है । 'उक्षणः एतान् माध्यमिकान् संस्त्यानान् (निरु. १२. ६) ।'

५७ यहा १५ और २० उक्षाओ को पकाने का वर्णन है । इसका आशय १५ या २० भी हो सकता है और १५ तथा २० अर्थात् ३५ भी । यदि उक्षा सोम है तो ये १५, २० या ३५ उस सोम के भेद माने जायेगे । आयुर्वेद की सुश्रुत सहिता मे अशुमान्, मुजवान् आदि सोम के अनेक भेद वर्णित भी है । अथवा ये सख्याये सोमरस से परिपूर्ण पात्रों की हैं । ऋग् ८. ७७ ४ मे इन्द्र द्वारा सोम के ३० तालाब (सरासि) पिये जाने का उल्लेख है, जिसका आशय निरुक्तकार ने याज्ञिकों के मत मे सोम से भरे हुए ३० उक्थ-पात्र बताया है, जो माध्यन्दिन सवन मे इन्द्र को पिलाये जाते हैं (निरु. ५ १०) । तिलक ने अपनी व्याख्या मे अश्विनी, भरणी आदि २८ नक्षत्र तथा ७ ग्रह ये ३५ उक्षा माने हैं ।

इन्द्राणी

वृषभो न तिग्मशृङ्गोऽन्तर्यूथेषु रोरुवत्
मन्थस्त इन्द्र श हृदे य ते सुनोति भावयुर्विश्वस्मादिन्द्र उत्तर. ॥१५॥
न सेशे यस्य रम्बतेऽन्तरा सक्थ्या कपृत् ।
सेदीशे यस्य रोमश निषेदुषो विजृम्भते विश्वस्मादिन्द्र उत्तर ॥१६॥

"जैसे तीक्ष्ण शृ गो वाला बैल डकराता हुआ यूथो के बीच मे आता है, वैसे ही अपने तीक्ष्ण आयुध या प्रभावरूपी शृ गो से युक्त होकर दहाडते हुए तुम अपनी प्रजाओ के मध्य आओ। मन्थ[५८] तुम्हारे हृदय के लिए शान्ति दायक हो, जिसे तुम्हारे लिए भावयु (प्रेमभाव के अभिलाषी) ने तैयार किया है। इन्द्र सबसे उत्तर है। (याद रखो) वह समर्थ नही होता, जिसका सिर दूसरो के पैरो के बीच झुकता है, प्रत्युत समर्थ वह होना है, जिस दृढ स्थिति वाले का सिर तन कर अपने प्रभाव को फैलाता है[५९]। इन्द्र सबसे उत्तर है।'

इन्द्र

न सेशे यस्य रोमश निषेदुषो विजृम्भते ।
सेदीशे यस्य रम्बतेऽन्तरा सक्थ्या कपृद् विश्वस्मादिन्द्र उत्तर ॥१७॥

(हे इन्द्राणी, तुमने जो कहा है वह ठीक है। तो भी यह नियम सर्वत्र लागू नही होता। कभी कभी ऐसा भी होता है कि) वह समर्थक नही होता

---

५८ मन्थ =सोमरस के साथ सत्तू मिला कर तैयार किया हुआ पेय द्रव्य। अध्यात्म मे, मन्थ=ध्यान (ध्याननिर्मथनाभ्यासाद् देव पश्येन्निगूढवत् श्वेता १ १४)।

५९ १६ वे मन्त्र मे इन्द्राणी इन्द्र को कहती है कि तुम तो सबके सामने नम्र होकर रहते हो, नम्रता से ससार मे कार्य-निर्वाह नही होता, प्रत्युत अपने प्रभाव का विस्तार करने से होता है। सायण ने कपृत् तथा रोमश को उपस्थवाची मान कर मन्त्र १६-१७ को मैथुनपरक व्याख्यात किया है। पर यहा उसका तो कोई प्रसग ही नही है। इन्द्राणी सोमरस के अन्य द्वारा छीन लिये जाने से चोट खाई हुई है। चोट खाई सर्पिणी को क्या शृ गारचेष्टाए सूझती हैं। उसे तो प्रतीकार के लिए साहस और वीरता ही शोभा देते हैं। हमने जो अर्थ किया है उसे दृष्टि मे रखते हुए १७ वें मन्त्र का सस्कृतभाष्य इस प्रकार होगा—"स न ईशे समर्थो भवति यस्य कपृत् क यशोज्ञानादिरूपो रस तेन पूर्ण, यद्वा क सुख पृणातीति, अथवा कानि इन्द्रियाणि पिपर्ति पालयतीति, शिर इत्यर्थ,

जो डट कर खड़ा हो जाता है और सिर ताने रखता है, प्रत्युत वह समर्थ होता है जिसका सिर दूसरों के पैरों के बीच झुकता है[६०]।"

इन्द्राणी

अयमिन्द्र वृषाकपिः परस्वन्तं हतं विदत् ।

असिं सूनां नवं चरुमादेधस्यान आचितं विश्वस्मादिन्द्र उत्तरः ।१८।

"हे इन्द्र, इस वृषाकपि ने अपने मृग[६१] को हतप्राय जान लिया है, क्योंकि इसने तलवार को तथा वधशिला (सूना) को देख लिया है, तथा (यज्ञार्थ सुसज्जित) नवीन चरु एवं समिधाओ से भरी हुई गाडी का दर्शन कर लिया है।"[६२]

अन्येषा सक्थ्या अन्तरा सक्थ्युपलक्षितयोश्चरणयोर्मध्ये, रम्बते लम्बते उपतिष्ठते, प्रत्युत स इत् स एव ईशे समर्थो जायते यस्य निषेदुषः निषण्णस्य सुखस्थितिमतो रोमश केशयुक्त शिर', विजृम्भते वितत जायते।"

६०. अर्थात् सर्वत्र दण्डनीति का ही प्रयोग हितकर नही होता, किन्तु अवसर के अनुसार साम का प्रयोग भी आवश्यक होता है। 'अन्तरा सक्थ्या' का अर्थ होगा ऊरुओ के बीच मे अर्थात् चरणो के मध्य। सायण ने सूक्त की भूमिका मे तो १७वी ऋचा इन्द्राणी की उक्ति मानी है, परन्तु व्याख्या मे इसे इन्द्र का ही वचन लिखा है। पिशेल तथा गैल्डनर के मत मे मन्त्र १७, १८ वृषाकपायी के वचन है।

६१. परस्वन्तम्'। सायण ने अथर्व ६ ७२. २ के भाष्य मे परस्वान् को मृगविशेष ही माना है– परस्वतः एतत्संज्ञस्य मृगविशेषस्य', पर प्रस्तुत मन्त्र मे उसने 'परस्वन्त परस्वमात्मनो विषयेऽवर्तमानम्' अर्थ कर लिया है।

६२. जब वृषाकपि के मृग का उत्पात असह्य हो गया, तब उसके वध की पूरी तैयारी कर ली गई है। आकाश में यह मृगशीर्ष नक्षत्र है, तलवार की आकृति के तीन तारे ही तलवार है, जिससे यह मृगशीर्ष बिद्ध है, आकाश या आकाशगगा वधशिला है और अस्त होना ही वध है। अध्यात्म मे शम, दमादि की तलवार से अहंकार रूप मृग का वध होगा। इसी प्रकार विभिन्न क्षेत्रो में विभिन्न व्याख्याएं हो सकती है। मृग ही हवियों को दूषित करने के द्वारा यज्ञ में बाधक था। उसके वध की तैयारी हो जाने पर यज्ञ निर्विघ्न होना निश्चित हो गया, अतः यज्ञार्थ चरु और समिधायें सुसज्जित करने का भी मन्त्र में वर्णन है।

इन्द्र

अयमेमि विचाकशद् विचिन्वन् दासमार्यम् ।
पिबामि पाकसुत्वनोऽभि धीरमचाकश विश्वस्मादिन्द्र उत्तर ॥१९॥
धन्व च यत् कृन्तत्र च कति स्वित् ता वि योजना ।
नेदीयसो वृषाकपेऽस्तमेहि गृहाँ उप विश्वस्मादिन्द्र उत्तर ॥२०॥
पुनरेहि वृषाकपे सुविता कल्पयावहै ।
य एष स्वप्ननंशनोऽस्तमेषि पथा पुन विश्वस्मादिन्द्र उत्तर ॥२१॥

"यह मैं देखता हुआ, आर्य तथा दास की पृथक पहचान करता हुआ, चलता हूँ। मैं परिपक्व मन से सोम अभिषुत करने वाले के सोमरस को पीता हूँ और उस धीर पर कृपादृष्टि रखता हूँ। धन्व तथा कृन्तत्र मे भला कितने योजनो की दूरी है ? अर्थात कोई विशेष दूरी नही है। हे वृषाकपि अपने निकटस्थ घर को तू जा तथा वहा मे हमारे घर पर आ जाना। इन्द्र सबसे उत्तर है। हे वृषाकपि पुन तुम आ जाना हम दोनो शुभ कर्म करेंगे। जो तू निद्रा को भग करता हुआ उदित होता है, वही मार्ग म चलता चलता अब अस्त हो रहा है। इन्द्र सबसे उत्तर है।[६३]

इन्द्राणी

अकुर्वञ्चो वृषाकपे गृहमिन्द्राजगन्तन ।
क्व स्य पुल्वघो मृग कमगञ्जनयोपनो विश्वस्मादिन्द्र उत्तर ॥२२॥

यहा मृत पशु को पकाने के लिए चरु (हाडी) तथा लकडिया एकत्र हाने का जो भाव कुछ भाष्यकारो ने लिया है वह अनावश्यक है। चरु का अर्थ हाडी ले तो वह हाडी यज्ञिय हवि पकाने के लिए होगी, न कि मृत मृग को पकाने के लिए। दूसरे चरु एक हवि भी है जो चावल, यव आदि से तैयार होती है।

६३ इन्द्राणी वृषाकपि का वध करने को तैयार थी पर इन्द्र ने विवेकबुद्धि से समझ लिया कि वृषाकपि आर्य है दास नही, मृग के कारण वह दास सा प्रतीत होता है, अत वध्य तो मृग है वृषाकपि नही। एव १९वी ऋचा मे इन्द्र अपने विवेक की प्रशसा कर रहा है। धन्व तथा कृन्तत्र क्रमश पूर्व क्षितिज तथा पश्चिम क्षितिज प्रतीत होते हैं। इन्द्र वृषाकपि सूर्य को कह रहा है कि अभी तो तुम अस्त हो रहे हो, पर शीघ्र ही पश्चिम क्षितिज म पूर्व क्षितिज मे आ जाना। सायण के मत मे, धन्व=मरुस्थल, कृन्तत्र=हराभरा वनप्रदेश। तिलक के मत मे धन्व कृन्तत्र' एक ही दक्षिण क्षितिज है, नेदीयस्=नीचे स्थित वृषाकपि का घर।

"हे वृषाकपि तथा इन्द्र, जब तुम ऊर्ध्व गति करते हुए घर पर आये तब वह पुल्वघ मृग कहां रह गया ? वह जनों को विमूढ़ करने वाला मृग किसके पास चला गया ? इन्द्र सबसे उत्तर है।[६४]"

वृषाकपि

पर्शुर्ह नाम मानवी साकं ससूव विंशतिम्।

भद्रं भल त्यस्या अभूद् यस्या उदरमामयद् विश्वस्मादिन्द्र उत्तरः ॥२३॥

"मनु की दुहिता पर्शु ने एक साथ बीस पुत्रों को जन्म दिया। उस बेचारी को चैन मिल गया, जिसका उदर (२० पुत्रों के भार से) कष्ट पा रहा था।[६५] इन्द्र सबसे उत्तर है।"

पुरूरवा और उर्वशी का संवाद

ऋग्वेद १०म मण्डल, सूक्त ९५ मे पुरूरवा और उर्वशी का संवाद वर्णित है, जिसमें १८ मन्त्र हैं। अनुक्रमणी के मन्त्र १, ३, ६, ८–१०, १२, १४ तथा १७ पुरूरवा के वाक्य हैं तथा शेष उर्वशी के। पुरूरवा और उर्वशी

---

६४ 'मृग=मृगशीर्ष नक्षत्र। उदञ्चः=उत्तरायण होकर'–तिलक। पुल्वघ =पुरु अघ=बहुत पापी। पुल्वघ बह्वादी, निरु १३.३। इन्द्र तथा वृषाकपि को साथ देख तथा हविर्भक्षी मृग को न देख प्रसन्न हो इन्द्राणी कह रही है। सायण ने यह ऋचा इन्द्र (परमैश्वर्यवान्) को वृषाकपि का विशेषण मान कर प्रथम इन्द्रोक्ति के रूप मे व्याख्यात की है, फिर यह विकल्प दिया है कि यह इन्द्राणी का वचन भी हो सकता है, २३वीं ऋचा उसने वृषाकपि की मानी है। पिशेल तथा गैल्डनर २२, २३ दोनो ऋचायें सूक्त के कवि की ओर से कही गयी मानते हैं। वह भी सभव है। ग्रिफिथ ने दोनों ऋचाए इन्द्राणी की मानी हैं।

६५ ये बीस पुत्र १४वे मन्त्र में वर्णित २० उक्षा ही हैं। पूर्वप्रदर्शित नयानुसार बीस पुत्र सोमरस से परिपूर्ण २० प्याले हुए। इनकी माता मानवी पर्शु वह बडी स्थाली होगी जिसमें ये प्याले भरे जाते हैं। अध्यात्म में पाच यम, पांच नियम, शमदमादि षट्कसम्पत्ति तथा मैत्री करुणादि चार वृत्तियां ये २० पुत्र हो सकते हैं, इनकी माता विशुद्ध चित्तवृत्ति है। हमने 'भल' शब्द सम्बोधनवाची माना है, सायण ने इसका अर्थ शर किया है। इस सूक्त के ११,१२,१३,२१, २२ये पांच मन्त्र क्रमशः ११.३४, ११.३५, १२.९, १२.२७ तथा १३.३ पर निरुक्त मे व्याख्यात हैं।

पति-पत्नी हैं। बहुत दिन तक साथ रहने के पश्चात् उर्वशी के कहीं चले जाने पर पुरूरवा उसे खोजने लगता है। अन्त में साक्षात्कार होने पर दोनों का परस्पर निम्न प्रकार संवाद प्रवृत्त होता है।

पुरूरवा

हये जाये मनसा तिष्ठ घोरे वचांसि मिश्रा कृणवावहै नु ।
न नौ मन्त्रा अनुदितास एते मयस्करन् परतरे चनाहन् ॥१॥

"हे मेरी निष्ठुर पत्नी, मन से जरा ठहर जाओ, हम दोनों परस्पर बातें कर लें। हमारी एक-दूसरे के समुख न कही हुई (मन की मन में ही रही हुई) ये मन्त्रणाएं आगे आने वाले दिनो मे हमें सुखी नहीं कर सकेंगी।"

उर्वशी

किमेता वाचा कृणवा तवाहं प्राक्रमिषमुषसामग्रियेव ।
पुरूरवः पुनरस्तं परेहि दुरापना वात इवाहमस्मि ॥२॥

"मैं तेरी इन बातो से क्या करूंगी ? अब तो मैं तेरे पास से चली ही आयी हूँ, जैसे उषाओं में प्रथमा उषा जा चुकी है। हे पुरूरवा, तू पुनः घर को लौट जा, मैं तो अब वायु के समान पकड मे न आने वाली हो गयी हूँ।"

पुरूरवा

इषुर्न श्रिय इषुधेरसना गोषाः शतसा न रंहिः ।
अवीरे क्रतौ वि दविद्युतन्नोरा न मायुं चितयन्त धुनयः ॥३॥

"(तेरे विरह के कारण) मुझे विजय-श्री की प्राप्ति के लिये तूणीर से बाण नहीं छोड़ मिलता। अब मेरा वेग (पहले जैसा) गौओ को प्राप्त करने तथा सैकड़ो धन-धान्यो को जीतने वाला नहीं रहा। राजकार्य के वीर-विहीन हो जाने से उसकी शोभा नहीं रही। मेरे शत्रु-प्रकम्पक वीर विस्तीर्ण संग्राम में अब सिंहनाद करना नहीं जानते।"

उर्वशी

सा वसु दधती श्वशुराय वय उषो यदि वष्ट्यन्तिगृहात् ।
अस्तं ननक्षे यस्मिञ्चाकन् दिवा नक्तं श्नथिता वैतसेन ॥४॥
त्रिः स्म माह्नः श्नथयो वैतसेनोत स्म मेऽव्यत्यै पृणासि ।
पुरूरवोऽनु ते केतमायं राजा मे वीर तन्वस्तदासीः ॥५॥

"उर्वशी उषा-काल मे श्वसुर के लिए प्रशस्त भोजन (प्रातराश) तैयार कर रही होती थी, तभी पति उसकी चाह करने लगता था। तब वह अन्तिकगृह (समीपस्थ भोजनागार) से पति के कक्ष में चली जाती थी, जहां वह उसकी

बांहू में बैठा होता था। दिन-रात वह भोग से शिथिल की जाती थी[६६]। हे पुरूरवा, दिन मे तीन-तीन बार तू मुझे भोग से पीड़ित करता था और मुझ सपत्नी-रहिता को तू सब प्रकार से भरपूर करता था। मैं तेरे कक्ष में आती थी और तब हे वीर, तू मेरी देह का राजा होता था।"

पुरूरवा

या सुजूर्णिः श्रेणिः सुम्न आपिर्ह्रदेचक्षुर्न ग्रन्थिनी चरण्युः।
ता अञ्जयोऽरुणयो न सस्रुः श्रिये गावो न धेनवोऽनवन्त ॥६॥

"जो सुजूर्णि, सुम्न-आपि, ह्रदेचक्षु, ग्रन्थिनी, चरण्यु नामक तेरी सखिया थीं, वे आभूषणों से अलकृत अरुणवर्णा सखियां अब मेरे घर नही आतीं, जो शोभा के लिए नवप्रसूता गौओं के समान प्यारी वाणी बोलती थी[६७]।"

उर्वशी

समस्मिञ्जायमान आसत ग्ना उतेमवर्धन् नद्यः स्वगूर्ताः।
महे यत् त्वा पुरूरवो रणायाऽवर्धयन् दस्युहत्याय देवाः ॥७॥

"हे पुरूरवा, जब तू राजा बना था तथा जब महान् सग्राम के लिए एव दस्युओ का हनन करने के लिए देवो ने तेरी महिमा को बढाया था, उस समय राज्याभिषेक के सलिल मुझे प्राप्त हुए थे, और स्वयं बहने वाली नदियो ने (नदीजलो ने) तुझे समृद्ध किया था[६८]।"

---

६६. इस मन्त्र मे उर्वशी अपने लिए प्रथम पुरुष का प्रयोग कर आप-बीती सुना रही है।

६७. सुजूर्णिः=सुजवा=प्रशस्त वेग वाली (जूर्णिरिति क्षिप्रनाम नि २.१५)। जूर्णिः जवतेर्वा द्रवतर्वा दुनोतेर्वा, निरु. ६.४)। श्रेणिः=सेवापरायण (श्रिञ् सेवायाम्)। सुम्न आपि =सुख प्राप्त कराने वाली (सुम्न= सुख, नि. ३. ६, आपि—आप्लृ व्याप्तौ)। ह्रदेचक्षु=जिसकी आंखें आह्लादित करने वाली हैं। ग्रन्थिनी=सुन्दरता से केश गूंथने वाली। चरण्युः=सुन्दर चाल वाली।

उर्वशी पुरूरवा को स्मरण करा रही है कि किन आशाओ को लेकर तुझे राजा बनाया गया था। पर पुरूरवा अपनी ही धुन में मस्त है। वह उर्वशी की सखियों के साथ हुई अपनी क्रीडाओं को ही याद कर रहा है। ग्नाः=जल (ग्नाः गमनाद्, आपो देवपत्न्यो वा, निरु १०. ४५)। सायण ने देवपत्नी अर्थ किया है। उसके अनुसार उर्वशी पुरूरवा पर यह आरोप लगाती है कि तेरा देवपत्नियों के साथ संसर्ग रहा है, पुरूरवा अगले मन्त्रों मे उसका उत्तर देता है कि नहीं, जब मैं उनके पास आता था तब वे मुझ से दूर भाग जाती थीं।

पुरूरवा

सचा यदासु जहतीष्वत्कममानुषीषु मानुषो निषेवे ।
अप स्म मत् तरसन्ती न भुज्युस्ता अत्रसन् रथस्पृशो नाश्वा : ॥८॥
यदासु मर्तो अमृतासु निस्पृक् संक्षोणीभिः क्रतुभिर्न पृङ्क्ते ।
ता आतयो न तन्वः शुम्भत स्वा अश्वासो न क्रीडयो दन्दशानाः ॥९॥
विद्युन्न या पतन्ती दविद्योद् भरन्ती मे अप्या काम्यानि ।
जनिष्ठो अपो नर्यः सुजातः प्रोर्वशी तिरते दीर्घमायुः ॥१०॥

"जब अपने रूप को बखेरती हुई उन अमानुषी सुन्दरियों के बीच मैं क्रीडाए करता था, तब वेगवती-मृगी के समान तथा रथ मे जुती हुई घोडियो के समान वे डर कर दूर भाग जाती थी। जब मैं मर्त्य उन अमृताओ के साथ वाणी से तथा क्रियाओ से सम्पर्क स्थापित करता था तब वे हसियों के समान अपनी तनुओं को शोभित करती थी, तथा घोडियो के समान क्रीडा करती थी और दात दिखाती थी[६६]। मेरी उर्वशी गिरती हुई विद्युत् के समान चमकती है, उसने मेरे व्यापक मनोरथो को धारण किया हुआ है। उससे कर्मशील, नरहितकारी पुत्र जन्म लेगा, तब वह उर्वशी दीर्घ आयु प्राप्त करेगी।"

उर्वशी

जज्ञिष इत्था गोपीथ्याय हि दधाथ तत् पुरूरवो म ओज ।
अशासं त्वा विदुषी सस्मिन्नहन् न म आशृणोः किमभुग्वदासि ॥११॥

"हे पुरूरवा, तू भूमि की रक्षा के लिए पैदा हुआ है, भूमि की रक्षा के लिए ही तूने मेरे अन्दर अपना ओज निहित किया है। मुझ विदुषी ने तुझे सब दिन समझाया, पर तूने मेरी बात नही सुनी। अब भोग के स्वामित्व से वंचित हुआ तू किस अधिकार से बोल रहा है?"

पुरूरवा

कदा सूनुः पितरं जात इच्छाच्चक्रन्नाश्रु वर्तयद् विजानन् ।
को दंपती समनसा वि यूयोदध यदग्निः श्वशुरेषु दीदयत् ॥१२॥

"कब वह घडी आयेगी जब मेरा पुत्र उत्पन्न होगा और वह मुझ पिता की चाहना करेगा, मुझे पहचान कर क्रन्दन करता हुआ सा आंसू बहायेगा! प्रेमयुक्त

---

६६. उर्वशी से कही हुई ७म मन्त्र की बात पर पुरूरवा कुछ ध्यान नहीं देता, मानों उसने कुछ सुना ही नहीं। षठ मन्त्र मे उसने कहा था कि उर्वशी की सखियाँ अब उसके घर नही आती हैं। अब भी वह उन्हीं की बात सोच रहा है तथा उन्हीं के विषय में कह रहा है।

मन वाले हम पति-पत्नी को कौन पृथक् कर सकेगा, जब श्वशुरों के बीच में शिशु रूपी अग्नि चमक रहा होगा।[७०]"

उर्वशी

प्रति ब्रवाणि वर्तयते अश्रु चक्रन् न क्रन्ददाध्ये शिवायै।
प्र तत् ते हिनवा यत् ते अस्मे परेह्यस्तं न हि मूर मापः ॥१३॥

"जब वह आसू बहायेगा तब मैं उसे सान्त्वना दे लूंगी, फिर वह बिलखता हुआ क्रन्दन नही करेगा। उसके मगल की मैं चिन्ता कर लूगी। (और यदि तुझे बहुत ही परवाह है तो) जो तेरा तेज मुझ मे निहित है (वह जब जन्म लेगा) उसे मैं तेरे ही पास भेज दूंगी। जा, तू घर जा। हे मूढ, तू मुझे नहीं पा सकता।"

पुरूरवा

सुदेवो अद्य प्रपतेदनावृत् परावतं परमां गन्तवा उ।
अधा शयीत निर्ऋतेरुपस्थेऽधैनं वृका रभसासो अद्युः ॥१४॥

"(यदि तू मेरा कहना नही मानती तो) आज यह तेरा सुदेव फिर लौट कर न आने के लिए, महाप्रयाण कर जाने के लिए, किसी ऊंचे स्थान से गिर पडेगा और सदा के लिए पृथिवी की गोद में सो जायेगा। तेजी से झपटते हुए भेड़िये इसे खा जायेंगे।"

उर्वशी

पुरूरवो मा मृथा मा प्रपप्तो मा त्वा वृकासो अशिवास उक्षन्।
न वै स्त्रैणानि सख्यानि सन्ति सालावृकाणां हृदयान्येता ॥१५॥

यद्विरूपाचरं मर्त्येष्ववस रात्रीः शरदश्चतस्रः।
घृतस्य स्तोकं सकृदह्न आश्नां तादेवेदं तातृपाणा चरामि ॥१६॥

"हे पुरूरवा, तू मर मत, किसी ऊचाई से गिर मत, न ही तुझे अशिव भेडिये खायें। स्त्रियो का सख्य अच्छा नहीं होता। इनके हृदय भेड़ियो के हृदय होते हैं। विशेष रूपवती मैं (पतिकुल के) लोगो के बीच में विचरती रही और चार वर्ष (तेरे साथ) रात्रियों में रही। उन दिनों जो मैंने थोड़ा सा

---

७०. अर्थात् चल मेरे ही पास रह। मैं तो उस दिन की प्रतीक्षा मे हूँ, जब पुत्र पैदा होगा और पिता-पिता की रट लगा कर मेरे पास आने के लिए मचलेगा। और, तब तो तेरा मुझ से अलग होना और भी असंभव हो जाएगा, क्योंकि कौन श्वसुर उस खिलौने से शिशु को अपने पास से पृथक् करना चाहेगा।

घृत भक्षण किया था, उसी से तृप्त हुई-हुई मैं जी रही हूँ[71]।"

पुरूरवा

अन्तरिक्षप्रां रजसो विमानीमुप शिक्षाम्युर्वशीं वसिष्ठः ।

उप त्वा रातिः सुकृतस्य तिष्ठान्निवर्तस्व हृदयं तप्यते मे ॥१७॥

"अपने सौन्दर्य से अन्तरिक्ष को पूर्ण करने वाली, रस का निर्माण करने वाली तुझ उर्वशी को मैं वसिष्ठ (घर बसाने वाला)[72] सर्वस्व देने को तैयार हूँ। मेरी शुभ कमाई का सब उपहार तेरे चरणों में न्यौछावर होगा। लौट चल, मेरा हृदय सन्तप्त हो रहा है।"

उर्वशी

इति त्वा देवा इम आहुरैड यथेमेतद् भवसि मृत्युबन्धुः ।

प्रजा ते देवान् हविषा यजाति स्वर्ग उ त्वमपि मादयासे ॥१८॥

"हे इडा के पुत्र पुरूरवा, सब देवजन तेरे विषय मे यही कहते हैं कि तू तो मृत्यु का शिकार होता जा रहा है। (उचित तो यह है कि) तेरी प्रजा हवि द्वारा देवो का यजन करे और तू भी स्वर्ग मे आनन्द भोगे[73]।"

विवेचन

ऐतिहासिक पक्ष के अनुसार पुरूरवा एक राजा था, यह इडा का पुत्र होने से ऐड कहलाता है। उर्वशी नाम की अप्सरा से उसने विवाह कर लिया था। उन्ही का सवाद इस सूक्त मे वर्णित है[74]। अन्य पक्षो मे भी इस सवाद की व्याख्याए हो सकती हैं।

राजनीतिक दृष्टि मे पुरूरवा एक क्षत्रिय राजा है, इडा राष्ट्रभूमि है, जिसका वह पुत्र है, उर्वशी उसकी पत्नी है[75]। राजा को प्रजा ने इसलिए चुना है

---

७१. नही तो, तेरे प्रति भोग ने मेरा शरीर ही छुडा दिया होता।

७२. वसिष्ठ. समानाना मध्येऽतिशयेन वासयिता–सायण। यहा वसिष्ठ निश्चित ही व्यक्तिवाची नाम नहीं है।

७३. अर्थात् मेरे भोग की इच्छा छोडकर तू प्रजा को सन्मार्ग मे प्रवृत्त कर, जिससे तू स्वर्ग का अधिकारी बने।

७४. द्रष्टव्य: आगे अद्भुत शतपथ ब्राह्मण ११ ५ १ का कथानक (पृ.१८६)।

७५. पुरूरवा:, पुरु+रु शब्दे। पुरूरवा बहुधा रोरूयते, निरु. १०.४५। पुरु बहु रौति शब्दायते रूयते स्तूयते वा स पुरूरवा:। जो बहुत सिंहनाद करता है, प्रजा को नियमों का उपदेश करता है या प्रजा से बहुत स्तुति पाता है, ऐसा राजा। उर्वशी, उरु+वश कान्तौ, बहुत चाही जाने वाली, बहुत प्रिय। अथवा उरु+अशूङ् व्याप्तौ, बहुत व्याप्त गुणों वाली।

कि वह दस्युओं का हनन कर राज्य की रक्षा तथा उन्नति करे। परन्तु वह अपने कर्तव्य को भूल विलास-परायण हो गया है। अपनी रूपवती पत्नी तथा उसकी सहेलियों के साथ क्रीडा करने में ही उसका अधिकांश समय व्यतीत होता है। उसके विवाह को चार वर्ष हो चुके हैं। इस समय पत्नी के उदर में गर्भ विद्यमान है। तो भी राजा उसे क्षण भर के लिए भी अपने से पृथक् नही करता। पत्नी उसे बहुत समझाती है, अनुनय-विनय करती है, पर सब व्यर्थ होता है। यह अवस्था देख वह घर छोड़ चली जाती है। पतिगृह के बाद नारी का दूसरा अवलम्ब पितृगृह ही होता है, अत' वह पितृगृह चली गयी है ऐसा सहज ही अनुमान किया जा सकता है। पुरूरवा भी उसके पास जा पहुँचता है और उससे घर लौट चलने का आग्रह करता है। वह उसे उसका राज्य-रक्षा का कर्तव्य स्मरण कराती है, यह भी कहती है कि तेरा बीज मेरे उदर मे विद्यमान है, ऐसे समय मेरा पृथक् रहना ही उचित है, पर पुरूरवा नही मानता। वह हर प्रकार से उर्वशी को मनाने का प्रयत्न करता है, पर उर्वशी नही मानती। अन्त मे वह पर्वत से गिरकर आत्महत्या कर लेने की धमकी देता है। पर उर्वशी समझदार है, वह उसे शिक्षा देती है कि स्त्रियो के मोह मे रहने से कोई लाभ नही है। इस समय तुम्हारे साथ रहने से न मेरा कल्याण है, न तुम्हारा कल्याण है, न प्रजा का कल्याण है। जाओ, तुम राज्य-सचालन मे मन लगाओ और प्रजा को सन्मार्ग मे प्रवृत्त करो। पुत्रोत्पत्ति के पश्चात् यथासमय मैं तुम्हारे समीप आऊगी। तब तुम उत्सव रचना, जितना चाहे पुत्र को गोद खिलाना और स्नेह पूर्वक मेरे साथ मिलकर प्रजानुरजन करना।

सारे संवाद मे एक स्वाभाविकता है, कामाभिभूत मनुष्य के हृदय का सहज चित्रण है, और नारी की दूरदर्शिता, बुद्धिमता एव कर्तव्योन्मुखता का उज्ज्वल परिचय है। गृहस्थ-जीवन का एक ऐसा उपन्यास इसमे चित्रित है, जिसकी पुन' पुनः आवृत्ति होती रहती है। गार्हस्थ्य-धर्म एव राजनीति दोनो का सुन्दर ग्रन्थन इसमे विद्यमान है। देशों के इतिहास में अनेक विलासी राजा होते रहे हैं तथा भविष्य मे भी मानव की इस दुर्बलता के उदाहरण मिलते ही रहेगे। उन सबके लिए यह वैदिक संवाद मार्गदर्शक विद्युद्दीप के रूप मे जगमगा रहा है।

निरुक्त मे पुरूरवा तथा उर्वशी मध्यमस्थानीय देवताओं में पठित हैं। स्कन्द स्वामी अपनी टीका मे ऐतिहासिक पक्ष दिखाकर फिर नित्य पक्ष

उर्वशी अप्सराः; उरु अभ्यश्नुते, उरुभ्यामश्नुते, उरुर्वा वशोऽस्याः, निरु ५.४७। इडा=पृथिवी, नि १. १।

प्रदर्शित करते हुए कहते हैं कि कुछ के मत में उर्वशी विद्युत् तथा पुरूरवा वायु है[76]। स्वामी दयानन्द विभिन्न प्रकरणो मे उर्वशी से यज्ञक्रिया, दीप्ति, बहुवशकर्त्री प्रज्ञा, वाणी एव विद्या अर्थ गृहीत करते हैं[77]। पुरूरवा से एक स्थान पर उन्होने यज्ञ अर्थ अभिप्रेत माना है, अन्यत्र विद्वान् अर्थ भी लिया है[78]। मैक्समूलर के कथनानुसार यह संवाद वेद की उन पुरावृत्त कथाओ मे से एक है, जो उषा तथा सूर्य के सम्बन्ध पर प्रकाश डालती हैं। गोल्डस्टुकर का मत है कि उर्वशी छाया हुआ प्रातःकालीन कुहरा है, जो सूर्य रूपी पुरूरवा के आते ही अन्तर्धान हो जाता है[79]। विभिन्न क्षेत्रो में सवाद को घटाने के लिए निम्न प्रकार की कल्पनाए भी की जा सकती हैं।

आत्मा पुरूरवा है, देह (तनू) उर्वशी है। आत्मा चार वर्ष इसका भोग करता है। बाल्य, कौमार, यौवन तथा वार्धक्य मनुष्य-जीवन की ये चार अवस्थाए ही चार वर्ष है। इसके उपरान्त देह आत्मा को छोड चली जाती है। तब आत्मा पुन. देह की प्राप्ति के लिए प्रार्थना करता है[80]।

भूपति पुरूरवा है, भू उर्वशी है। भूपति यदि भू की रक्षा न कर उसके भोग मे सलग्न रहता है तो भू उसके पास से चली जाती है, छिन जाती है। फिर भूपति कितना ही उसे अपने समीप आने के लिए कहे, वह नही आती।

हलधर (कृषक) पुरूरवा है, भूमि उर्वशी है। वह भूमि का कर्षण करता है, उसमे हल चलाता है। पर जब बीजवपन हो जाता है, तब भूमि

---

७६. अत्र च नित्यपक्षे केचिद् उर्वशी विद्युद् वायु. पुरूरवा इति मन्यन्ते। निरु. ५. १३ का भाष्य। नैरुक्तपक्षे मध्यमस्थान स्तनयित्नुलक्षणाया वाचोऽधिष्ठात्री या देवता तामाह, निरु ११ ३६ का भाष्य। पुरूरवा मध्यमस्थान। विज्ञायते हि वायु प्राण एव पुरूरवा इति, निरु. १०.४६ का भाष्य।

७७. क्रमशः द्रष्टव्य यजु ५.२, १५.११, ऋग् ५ ४१.१६ (प्रज्ञा, वाणी); तथा ७.३३.११ के भाष्य। प्रस्तुत सवाद-सूक्त का भाष्य स्वामी दयानन्द ने नही किया है।

७८. क्रमश. द्रष्टव्य—यजु ५.२ तथा ऋग् १.३१.४ के भाष्य।

७९. द्रष्टव्य. इस सूक्त के अन्त में ग्रिफिथ की टिप्पणी।

८०. तुलनीय. कस्य नूनं कतमस्यामृताना मनामहे चारु देवस्य नाम।
को नो मह्या अदितये पुनर्दात् पितर च दृशेयं मातर च॥
ऋग् १. २४. १

कहती है कि अब मेरा कर्षण मत करना, नहीं तो बोया हुआ बीज नष्ट हो जाने का भय है। फिर जब पुत्रोत्पत्ति हो जाती है, परिपक्व फसल कट जाती है, तब हलधर को पुनः उसका कर्षण करने तथा नयी फसल के लिए बीज वपन करने का अधिकार प्राप्त हो जाता है।

क्षितिज से नीचे वर्तमान ब्राह्ममुहूर्त का सूर्य पुरूरवा है, उषा उर्वशी है। चार घड़ी वह उसके साथ रहता है, फिर उषा उसे एकाकी छोड़ भाग जाती है[८१]। सूर्य भी उसे आकाश में खोजता फिरता है और सायंकाल में सन्ध्या के रूप में स्थित उसे पाकर अपने साथ रहने का आग्रह करता है। पर वह कहती है कि अहोरात्र रूपी शिशु की उत्पत्ति के पश्चात् ही मैं तुझ से मिलूंगी। फिर अगले दिन उन दोनो का मिलन होता है।

मेघ पुरूरवा है, विद्युत् उर्वशी है। वर्षा ऋतु के चार पक्ष ही चार वर्ष हैं, जिनमें दोनो साथ रहते हैं। उसके पश्चात् भी आकाश मे छुट-पुट मेघ तो रहते हैं, पर विद्युत् दिखाई नही देती। शीत ऋतु की वर्षा में पुन. दोनो का साक्षात्कार होता है, तथा मेघ उसे अपने साथ रहने के लिए कहता है, परन्तु वह इसके लिए तैयार नहीं होती। अगली वर्षा ऋतु मे ही पुन: दोनो का समागम हो पाता है।

पर्जन्य पुरूरवा है, पृथिवी उर्वशी है। वर्षा ऋतु मे ये दोनो साथ रहते हैं तथा पर्जन्य के रेतस् को पृथिवी गर्भ मे धारण करती है। वर्षा के अनन्तर दोनो पृथक् हो जाते है। पृथिवी के गर्भ में स्थित जल से निर्झर, स्रोत आदि शिशुओं की उत्पत्ति होती है। तत्पश्चात् आगामी सवत्सर में पुन दोनों का मिलन हो जाता है।

उत्तरसंहिता-काल मे इस सवाद के कथानक को पर्याप्त अतिरंजित रूप दे दिया गया है। शतपथ ब्राह्मण में कथा इस प्रकार है–

---

८१. तुलनीय : अपोषा अनसः सरत् सपिष्टादह बिभ्युषी। नि यत् सीं शिश्नथद् वृषा ॥ ऋग् ४ ३०.१०, अर्थात् जब वृषा सूर्य ने उषा को अतिशय भोग से शिथिल किया तब उसका रथ भी टूट-फूट गया और वह उससे भाग निकली।

...... and when Urvashi says that s' e ıs gone away and Pururavas calls himself Vasishtha or the brightest, it is the same Dawn flying away from the embrace of the rising Sun. (B.G. Tilak : The Arctic Home in the Vadas, 1956, Tilak Bros Poona, P 224,).

"उर्वशी एक अप्सरा थी, वह इडा के पुत्र पुरूरवा को चाहने लगी। उसे पाकर वह बोली, एक तो मेरी इच्छा न होने पर आप मुझसे रतिपरायण न हो, दूसरे मैं आपको कभी नग्न न देखूं, यह हम स्त्रियों का उपचार है। वह इसके समीप रहने लगी तथा इससे गर्भवती हो गयी। जब उसे पुरूरवा के पास रहते चिरकाल हो गया तब गन्धर्व परस्पर कहने लगे कि इस उर्वशी ने बहुत समय तक मनुष्यों के मध्य निवास कर लिया है, ऐसा उपाय करो जिससे यह पुन हमारे बीच लौट आये। उर्वशी के शयन के निकट एक मेषी दो बच्चों सहित बधी रहती थी। गन्धर्व उनमे से एक बच्चा ले भागे। वह बोली जैसे अवीर और विजन देश मे चोर धनादि हर लेते हैं, वैसे ये मेरे पुत्र को हर लिये जा रहे हैं। गन्धर्व दूसरे बच्चे को भी ले चले। पुन वह वैसे ही चिल्लायी। तब पुरूरवा बोला, जहा मैं हूँ वह स्थान अवीर और विजन कैसे कहला सकता है। यह कहकर वह नग्न ही उनके पीछे भागा। गन्धर्वों ने विद्युत् चमका दी, जिसके प्रकाश मे उर्वशी ने पुरूरवा को नग्न देख लिया। तब वह 'फिर मैं आऊगी' ऐसा कह वहा से तिरोहित हो गयी। पुरूरवा शोकसन्तप्त हो कुरुक्षेत्र के निकट विचरण करने लगा। घूमता-घूमता कमलमण्डित सरोवर के पास आया। वहा अप्सराए बत्तख होकर तैर रही थी। पुरूरवा को पहचान कर उर्वशी बोली, यह वही मनुष्य है जिसके साथ मैं रहती थी। तब वे इसके समक्ष आविर्भूत हुई। इसने भी उर्वशी को पहचान लिया तथा 'हये जाये मनसा तिष्ठ घोरे' आदि ऋग्वेद के सूक्त से इनका परस्पर सवाद हुआ। अन्त में उर्वशी के हृदय मे दया उपजी। उसने कहा संवत्सरतमी रात्रि को आप आवे, तब आप मेरे साथ एक रात्रि शयन कर सकेंगे और आप के एक पुत्र भी उत्पन्न होगा। वह सवत्सरतमी रात्रि को हिरण्यनिर्मित गृह में आया। उर्वशी ने कहा, प्रातःकाल गन्धर्व आपको वर मागने को कहेगे। आप यह वर मांगना कि मैं तुममें से ही एक हो जाऊं। उसने यही वर माग लिया। गन्धर्व बोले, मनुष्यों में अग्नि की वह यज्ञिया तनू नहीं है, जिससे यज्ञ करके यह हम में से एक हो सके। अत. उन्होंने इसे स्थाली मे रख कर अग्नि दिया और कहा कि इससे यज्ञ करके आप हममे से एक होगें। वह अग्नि को तथा कुमार को लेकर चला। अरण्य मे ही अग्नि को रख मैं फिर आऊगा' यह कह कुमार के साथ ग्राम को आ गया। वह अग्नि अश्वत्थ हो गया और वह स्थाली शमी हो गयी। वह पुन. गन्धर्वों के पास आया। उन्होंने कहा एक-सवत्सर-चातुष्प्राश्य ओदन पकाओ और इसी अश्वत्थ की तीन-तीन समिधाएं लेकर उन्हें घृताक्त कर समिद्वती तथा घृतवती

ऋचाओं से समिदाधान करो। उससे जो अग्नि जनित होगा वह यही होगा। पुनः वे बोले, यह परोक्षवत् है, आप अश्वत्थ की लकड़ी की उत्तरारणि बनायें तथा शमी की लकड़ी की अधरारणि, इन दोनो का मन्थन करे। उससे जो अग्नि जनित होगा वही यह होगा। पुन. वे बोले, यह भी परोक्षवत् है, आप अश्वत्थ की लकडी की उत्तरारणि तथा अश्वत्थ की ही लकड़ी की अधरारणि बनाये, इससे जो अग्नि उत्पन्न होगा वही यह होगा। इसने अश्वत्थ की ही लकडी की उत्तरारणि तथा अधरारणि बना कर अग्निमन्थन किया। इससे यज्ञ कर पुरूरवा गन्धर्वों में से एक हो गया। इसलिए उत्तरारणि तथा अधरारणि दोनो अश्वत्थ की ही बनावे। इससे जो अग्नि उत्पन्न होगा उससे यज्ञ करके यजमान गन्धर्वों मे से ही एक हो जायेगा[८२]।

यह ध्यान देने योग्य है कि ऋग्वेद की मूल कथा से शतपथ की यह कथा कितनी भिन्न हो गयी है। मूल मे पुरूरवा को नग्न न देखने की शर्त होना, शय्या के समीप मेषी व मेषशिशुओ का बंधा रहना, गन्धर्वो द्वारा शिशुओ को ले भागना, पुरूरवा का खिन्न हो कुरुक्षेत्र के निकट विचरण करना, कुरुक्षेत्र के सरोवर मे उर्वशी का सखियो सहित बत्तख बनकर तैरना, सवत्सरतमी रात्रि को इकट्ठे शयन करना, पुत्रोत्पत्ति होना, गन्धर्वो से वर माँगना, अश्वत्थ की उत्तरारणि बना अग्नि उत्पन्न कर यज्ञ करना आदि कुछ नही है। यह सब शतपथकार की अपनी कल्पना है।

यही कथा भागवतपुराण मे इस रूप मे वर्णित है—"मित्र और वरुण के शाप से स्वर्ग की अप्सरा उर्वशी मर्त्यलोक को प्राप्त हो राजा पुरूरवा के घर आयी। राजा से उसने कहा कि आप मेरे ये दो उरणक (मेषशिशु) न्यास रख लें, मेरा भोजन केवल घृत रहे और आप मेरे निकट कभी विवस्त्र न हो। यह आपको स्वीकार हो तो मैं आपके साथ कुछ काल निवास करूं। राजा के स्वीकार कर लेने पर उर्वशी सुखपूर्वक निवास करने लगी। बहुत दिनो के पश्चात् इन्द्र ने अपना भवन उर्वशी से रहित देख गन्धर्वो को आज्ञा दी कि मर्त्यलोक से उर्वशी को ले आओ। गन्धर्व उर्वशी के पुत्रीकृत दोनों उरणक ले भागे। पुरूरवा उन्हें बचाने के लिए नग्न ही उनके पीछे दौड़ा। विद्युत्प्रकाश में पुरूरवा को नग्न देख उर्वशी अन्तर्धान हो गयी। अन्त मे उसने कुरुक्षेत्र की सरस्वती नदी मे स्नान करती हुई सखियों के साथ उर्वशी को देखा। दोनों में वार्तालाप हुआ। उर्वशी ने कहा कि एक वर्ष के अन्त मे एक रात्रि आप मेरे साथ वास करेंगे और अन्य पुत्र भी आपको होंगे, इस समय आप लौट जाएं।

---

८२. शत. ११. ५. १

पुरूरवा लौट आया तथा अवधि की प्रतीक्षा करता रहा। एक वर्ष के अन्त में उर्वशी आयी। दोनों दम्पती स्नेहसहित एक रात्रि सहवास के सुख से परम सुखी हुए। उर्वशी ने कहा आप गन्धर्वों की स्तुति कीजिए, वे मुझको आपके लिए देंगे। गन्धर्व राजा की स्तुति से प्रसन्न हो उसे एक अग्नि-स्थाली देकर चले गये। वह उसी को उर्वशी समझ उसे लिये-लिये वन मे घूमने लगा। फिर वन मे ही उसे रखकर चला आया। लौटने पर उसने अग्निस्थाली के स्थान पर शमीगर्भस्थ अश्वत्थ वृक्ष को देखा। उस वृक्ष की एक अधरारणि बनायी और उत्तरारणि स्वय बनकर दोनो का मन्थन किया। उससे अग्नि उत्पन्न हुआ जो त्रेता मे अनेक यज्ञो का कारण बना।"[८३]

महाभारत की कथा का निम्न रूप है—"चन्द्रमा ने बृहस्पति की पत्नी तारा को हर लिया था। उस समय तारा के गर्भ से चन्द्र को एक पुत्र हुआ, जिसका नाम बुध रखा गया। बुध का विवाह राजपुत्री इला के साथ हुआ। इला के गर्भ से बुध को पुरूरवा नामक एक पुत्र उत्पन्न हुआ। पुरूरवा अतिविद्वान् और नानाविध सद्गुणो मे विभूषित थे। उर्वशी ने ब्रह्मशाप से मर्त्यलोक मे जन्म लिया। एक दिन वह अप्सरा राजा पुरूरवा के निकट पहुची और बोली कि यदि आप मेरी इन चारो बातो का पालन करेगे तो मैं आपको वर सकती हूं। मै आपको नग्न कभी न देखूं, मेरी इच्छा हो तभी आप मुझसे मैथुन करे, दो मेष शयन के समीप सदा बधे रहे और मैं केवल घृत का एक काल आहार करूँ। जब तक आप इन चार बातो का पालन करेगे तभी तक मैं आपके पास रहूँगी। उसका उल्लघन करने पर मैं उसी समय आपको छोड स्वस्थान को चली जाऊँगी। राजा ने इन बातो को मान कर विवाह किया और ६१ वर्ष तक सुखपूर्वक रहे। एक दिन गन्धर्व उर्वशी के शापमोचन के लिए दोनो मेष खोलकर ले चले। राजा नग्न ही उनकी ओर दौडे। राजा को नग्नावस्था मे देखने से उर्वशी का शाप छूट गया और वह स्वर्ग को चली गयी। इस समय गन्धर्वो ने भी मेष छोड दिये। राजा उर्वशी-वियोग से नितान्त अधीर हो इधर-उधर घूमने लगे। एक बार कुरुक्षेत्र के अन्तर्गत प्लक्ष तीर्थ मे हेमवती पुष्करिणी के किनारे उन्हें उर्वशी पुनः दिखायी पडी। राजा उसे देख बहुत विलाप करने लगे। इस पर उर्वशी ने कहा, मुझे आपसे गर्भ है, एक वर्ष बाद अनेक पुत्र उत्पन्न होंगे, जिन्हें लेकर आपके निकट आऊँगी और केवल एक रात्रि रहूंगी। तब राजा प्रसन्न हो अपने नगर को चला गया। एक वर्ष बीतने पर उर्वशी पुनः आयी और राजा

---

८३. भा० पु० ६. १३

उसके साथ एक रात्रि रहा। पीछे स्वर्ग में उर्वशी के गर्भ से आयु, अमावसु, विश्वायु, श्रुतायु, दृढायु, वनायु और शतायु ये सात पुत्र उत्पन्न हुए।[८४]"

शौनक इस कथानक को इस प्रकार दिखाते हैं–"प्राचीन काल मे उर्वशी नाम की अप्सरा राजा पुरूरवा के पास उससे कुछ वचन लेकर रही तथा उसके साथ गृहस्थधर्म का पालन करने लगी। इन्द्र को उन दोनों के साथ रहने से ईर्ष्या हुई तथा उसने अपने पार्श्वस्थ वज्र से कहा कि यदि तुम मेरा प्रिय चाहो तो इन दोनो की प्रीति भंग करो। वज्र ने भी तथास्तु कह अपनी माया से उनकी प्रीति को भंग कर दिया। तब उससे विहीन हुआ राजा उन्मत्त के समान फिरने लगा। घूमते-घूमते उसने एक सरोवर मे उर्वशी को पाँच सुन्दर सखियो से घिरी हुई देखा। उसे उसने पुन: अपने पास आने के लिए कहा, पर वह राजा से बोली, आज तुम यहा मुझे प्राप्त नही कर सकते, पुन तुम मुझे स्वर्ग मे प्राप्त करोगे। दोनों के इस उत्तर-प्रत्युत्तर को यास्क ने संवाद माना है, किन्तु शौनक ने इसे इतिहास कहा है।[८५]"

अन्यत्र, वायुपुराण, मत्स्यपुराण, विष्णुपुराण, देवी भागवत पुराण, विक्रमोर्वशीय नाटक आदि मे भी कम-अधिक अन्तर के साथ यह कथानक मिलता है[८६]। इस प्रकार हम देखते है कि ऋग्वेद के पुरूरवा-उर्वशी-संवाद को लेकर ही विभिन्न ग्रन्थकारो ने उसे अपना-अपना रग दे दिया है, जिन सब मे मूलतत्त्व एक ही है।

सरमा और पणियों का संवाद

ऋग्वेद, दशम मण्डल के १०८ वें सूक्त में सरमा तथा पणियो का संवाद है, जिसमें ११ ऋचाए हैं। अनुक्रमणी के अनुसार ११ वी के अतिरिक्त विषम सख्या की ऋचाए पणियो द्वारा सरमा को कही गई है, तथा सम संख्या की ऋचाएं एव ११ वी ऋचा सरमा पणियो को कहती है। यास्क ने निरुक्त मे प्रथम ऋचा के भाष्य मे आख्यानवादियो का पक्ष दिखाते हुए कहा है कि इन्द्र द्वारा प्रेरित देवशुनी सरमा ने असुर पणियो से संवाद किया ऐसा आख्यान है[८७]। सायण ने इस सूक्त पर यह इतिहास लिखा है—"इन्द्र

८४. महा भा, हरिवंश, अ० २५, २६

८५. बृ. दे ७. १४७-१५३

८६. द्रष्टव्य: वायु पु०, ९१, मत्स्य पु० २४ विष्णु पु० ४. ६, देवी भा. १ १३।

८७. देवशुनी इन्द्रेण प्रहिता पणिभिरसुरैः समूदे इत्याख्यानम्। निरु. ११.२२

के पुरोहित बृहस्पति की गौओं को वल नामक असुर के योद्धा पणि असुरों ने चुरा कर गुफा में छिपा लिया । तब बृहस्पति द्वारा प्रेरित इन्द्र ने गौओ की खोज के लिए देवशुनी सरमा को भेजा । वह विशाल नदी को पार कर वल के नगर में पहुँची तथा उसने गुप्त स्थान मे निहित उन गौओं को देखा । इसी बीच मे पणियो ने यह वृत्तान्त जान इससे मैत्री करने के लिए सवाद किया ।" ऋग् १. ६२. ३ के भाष्य मे भी सायण ने एतद्विषयक इतिहास दिया है, पर उसमें कुछ अन्तर है । वहा लिखा है कि जब इन्द्र सरमा को गौओ की खोज के लिए भेजने लगे तो उसने यह शर्त रखी कि यदि मेरी सन्तान को उन गौओ का क्षीरादि भोज्य दोगे तभी मै जाऊंगी"[८८] । इन्द्र ने इस शर्त को स्वीकार कर लिया । तब सरमा ने जाकर गौए किस स्थान पर हैं यह जान लिया तथा लौट कर इन्द्र से निवेदन कर दिया । इन्द्र ने उस असुर का संहार कर गौएं प्राप्त कर ली ।

शौनक द्वारा प्रस्तुत इतिहास इससे भी भिन्न है । वह लिखता है—"पणि नामक असुर थे । वे इन्द्र की गौए चुरा ले गये तथा प्रयत्नपूर्वक उन्हे छिपा दिया । बृहस्पति ने देख लिया तथा इन्द्र को सूचित कर दिया । तब इन्द्र ने सरमा को उनके पास दूती के रूप मे भेजा । पणियो ने उसे देख कर पूछा—हे कल्याणी, तुम कहा से आ रही हो, तुम किसकी हो, तुम्हारा यहा क्या कार्य है ? तब सरमा ने उनसे कहा कि मै इन्द्र की दूती के रूप में विचरण कर रही हूँ, तुम्हें तथा तुम्हारे गोष्ठ को और इन्द्र की गौओं को खोज रही हूँ, क्योंकि इन्द्र उनके सम्बन्ध मे पूछ रहे है । उसे इन्द्र की दूती जान पापी असुर कहने लगे—हे सरमा, तुम जाओ मत, यही हमारी बहिन बन कर रहो । हम तुम्हे भी गौओ का भाग देगे, हमारा अहित मत करो । तब सरमा ने कहा—मैं न तुम्हारी बहिन बनना चाहती हूँ, न धन चाहती हूँ, किन्तु उन गौओं का दूध पीना चाहती हूँ, जिन्हें तुमने छिपाया हुआ है । इस पर असुरो ने दूध लाकर दे दिया । उसने भी स्वभाव से विवश होकर तथा लालच के कारण असुरो का दिया दूध पी लिया, जो अतिशय सभजनीय, हृद्य तथा बल एव पुष्टि को देने वाला था । फिर वह शतयोजन विस्तार वाली रसा को तैर गयी, जिसके दूसरे पार उनका सुदुर्जय पुर था । इन्द्र ने सरमा से पूछा तुमने गौओं को देखा या नहीं ? उसने असुरों के दूध के प्रभाव से इन्द्र को नकारात्मक उत्तर

---

८८. सायण ने इसके प्रमाण रूप मे निम्न वचन उद्धृत किया है—'तथा च शाट्यायनकम् । अन्नादिनीं ते सरमे प्रजां करोमि या नो गा अन्वविन्द इति ।"

दे दिया। तब इन्द्र ने क्रुद्ध हो उसे लात मारी, जिससे उसके पेट से दूध निकल पड़ा और वह भयोद्विग्न हो पुनः पणियों के पास दौड़ी चली गयी। इन्द्र भी रथारूढ़ हो उसके पदचिन्हों का अनुसरण करता हुआ जा पहुँचा और पणियो का वध कर गौओं को वापिस ले आया"।[८९]

वेद से कथानक लेकर ब्राह्मण ग्रन्थ, पुराण आदि के लेखक उसमें अपनी कल्पना का मिश्रण कर उसे रोचक रूप देने का प्रयत्न करते हैं। ऐसा ही उपर्युक्त कथाओ में भी हुआ है। वस्तुत सूक्त मे ऐसा कोई संकेत नहीं है, जिससे सरमा पर लालच करने, अपनी सन्तान सारमेयो को दूध देने की शर्त रखने या स्वय दूध के लोभ मे विश्वासघात करने का आरोप लगाया जा सके[९०]। सूक्त मे सरमा का जो चरित्र चित्रित हुआ है वह सर्वथा निष्कलक, निश्छल तथा दूतकर्म का उज्ज्वल आदर्श है। उसे भय भी दिखाया जाता है, प्रलोभन भी दिया जाता है, पर वह कर्तव्य से विचलित नही होती। अस्तु, अब हम सवाद को देखते है।

पणि

किमिच्छन्ती सरमा प्रेदमानड् दूरे ह्यध्वा जगुरि पराचैः।
कास्मे हितिः का परितक्म्यासीत् कथं रसाया अतरः पयांसि ॥१॥

"क्या चाहती हुई सरमा इस स्थान पर आयी है? यहा आने का मार्ग बहुत लम्बा है। बहुत चलने के पश्चात् ही कोई पहुँच सकता है। हे सरमा, हम में तेरा क्या प्रयोजन निहित है? तेरी चाल[९१] क्या थी? तूने नदी के जलो को कैसे पार किया?"

---

८९. बृ० दे० ८. २४–३६

९०. ऋग् १. ६२ ३ मे ये शब्द आये है "इन्द्रस्याङ्गिरसा चेष्टौ विदत् सरमा तनयाय धासिम्" अर्थात् इन्द्र और अगिरसो की इष्टि में सरमा ने सन्तान के लिए अन्न प्राप्त किया। सायण ने इष्टि का अर्थ प्रेषण किया है। परन्तु इस मन्त्राश से यह सिद्ध नहीं होता कि सरमा ने सन्तान को अन्न देने की शर्त रखी थी। इन्द्र ने उसके आदर्श दूतकर्म से प्रसन्न हो पुरस्कारस्वरूप उसकी सन्तान के लिए अन्न या दूध दिया, यही अर्थ ग्रहण करना उचित है। सायण ने प्रमाण में जो शाट्यायन का वचन उद्धृत किया है उससे भी यही पुष्ट होता है (द्रष्टव्य: टिप्पणी[८८])।

९१. परितक्म्या—चाल या रात्रि, निरु ११. २५। तेरी चाल क्या थी, या मार्ग में रात्रि कैसी बीती।

सरमा

इन्द्रस्य दूतीरिषिता चरामि मह इच्छन्ती पणयो निधीन् वः ।
अतिष्कदो भियसा तन्न आवत् तथा रसाया अतरं पयांसि ॥२॥

"हे पणियो, मैं इन्द्र की दूती हूँ, उससे भेजी हुई विचर रही हूँ । तुम जो इन्द्र की महान् निधियां लूट कर लाये हो, उन्हे चाहती हूं । आक्रमण के भय से जल भी मेरी रक्षा मे तत्पर हो गया । इस प्रकार नदी के जलो को मैंने पार कर लिया ।"

पणि

कीदृङ्ङिन्द्रः सरमे का दृशीका यस्येदं दूतीरसरः पराकात् ।
आ च गच्छान्मित्रमेना दधाम अथा गवां गोपतिर्नो भवाति ॥३॥

"हे सरमा, इन्द्र कैसा है, क्या उसके लक्षण हैं, जिसकी दूती बन कर तू दूर से यहा आयी है ? क्या ही अच्छा हो यदि यह सरमा हममें ही आ मिले, इसे हम अपना मित्र बना ले और यह भी हमारी गौओं की स्वामिनी बन जाए ।"

सरमा

नाहं तं वेद दभ्यं दभत् स यस्येदं दूतीरसरं पराकात् ।
न तं गूहन्ति स्रवतो गभीरा हता इन्द्रेण पणयः शयध्वे ॥४॥

"जिस इन्द्र की दूती बन मैं दूर से आयी हूं, मैं उसे पराजेय नही समझती, उल्टा वही अन्यो को पराजित करने वाला है । गम्भीर से गम्भीर नदियां भी उसे रोक नही सकती । हे पणियो, इन्द्र से मारे जाकर तुम भूमि पर सो जाओगे ।"

पणि

इमा गावः सरमे या ऐच्छः परि दिवो अन्तान् सुभगे पतन्ती ।
कस्त एना अवसृजादयुध्वी उतास्माकमायुधा सन्ति तिग्मा ॥५॥

"देख, हे सरमा, ये गौए हैं, जिनकी खोज मे तू आकाश के एक छोर से दूसरे छोर तक मारी-मारी फिरी है । भला कौन इन्हे बिना युद्ध किए यो आसानी से तेरे लिए छोड़ देगा ? और हमारे आयुध भी बडे तीक्ष्ण हैं ।"

सरमा

असेन्या वः पणयो वचांसि—अनिषव्यास्तन्वः सन्तु पापीः ।
अधृष्टो व एतवा अस्तु पन्था बृहस्पतिर्व उभया न मृडात् ॥६॥

"हे पणियो, तुम्हारे ये वचन हमारी सेनाओं के सामने व्यर्थ सिद्ध होगे । भले ही तुम्हारे पापी शरीरो पर बाणों का प्रभाव न होता हो, और भले

ही तुम तक पहुचने का रास्ता परिचित न हो, दोनो ही दशाओं मे बृहस्पति तुम्हे चैन नहीं लेने देगा।"

पणि

अयं निधिः सरमे अद्रिबुध्नो गोभिरश्वेभिर्वसुभिन्यृष्टः ।
रक्षन्ति तं पणयो ये सुगोपा रेकु पदमलकमा जगन्थ ॥७॥

"हे सरमा, गौओ, घोडो तथा अन्य ऐश्वर्यों से भरा हुआ यह खजाना हमने पहाड के अन्दर दृढता से बन्द किया हुआ है। पणि उसकी रक्षा कर रहे हैं, जो बडे कुशल रक्षक है। अत व्यर्थ ही तू इस शकाकुल स्थान पर आयी है।"

सरमा

एह गमन्नृषयः सोमशिता अयास्यो अङ्गिरसो नवग्वाः ।
त एतमूर्वं विभजन्त गोनामथैतद् वचः पणयो वमन्नित् ॥८॥

"हे पणियो, सोमपान मे तीक्ष्णीकृत अयास्य तथा नवग्व अगिरस ऋषि यहा आयेगे। वे गौओ के इस बाड़े को खोल डालेगे। अत अच्छा यही है कि तुम इन शेखी भरे वचनो का परित्याग कर दो।"

पणि

एवा च त्वं सरम आजगन्थ प्रबाधिता सहसा दैव्येन ।
स्वसारं त्वा कृणवै मा पुनर्गा अप ते गवां सुभगे भजाम ॥९॥

"हे सरमा, प्रतीत होता है कि देवों के बल से बाधित होकर तुझे यहा आना पड़ा है। आ, हम तुझे अपनी बहिन बना लेते हैं, तू लौटकर न जा, कुछ गौए हम तुझे भी दे देंगे।"

सरमा

नाहं वेद भ्रातृत्वं नो स्वसृत्वमिन्द्रो विदुरङ्गिरसश्च घोराः ।
गोकामा मे अच्छदयन् यदायमपात इत पणयो वरीयः ॥१०॥
दूरमित पणयो वरीय उद् गावो यन्तु मिनतीर्ऋतेन ।
बृहस्पतिर्या अविन्दन्निगूढाः सोमो ग्रावाण ऋषयश्च विप्राः ॥११॥

"न मैं भाईपना जानती हूं, न बहिनपना। यह सब इन्द्र जाने और घोर अगिरस जानें। मुझे तो उन्होने गौओं की कामना से भेजा है, इसी लिए मैं आयी हूं। अतः हे पणियो, तुम्हारा भला इसी में है कि (गौओं को छोड़कर) यहा से दूर कहीं भाग जाओ। हां, हे पणियो, तुम दूर चले जाओ। गौए सत्य का शब्द करती हुई बाहर निकल पड़ें। इन्हें बृहस्पति ने, सोम ने, ग्रावाओ ने तथा विप्र ऋषियों ने समझो पा ही लिया है।"

यहा सवाद समाप्त होता है। आगे का इतिवृत्त यद्यपि इस सूक्त मे नहीं कहा गया है, तो भी ऋग्वेद के अन्य सूक्त से हमे ज्ञात होता है। सरमा पणियो से हुआ अपना समग्र वार्तालाप इन्द्र को सुना देती है। इन्द्र बृहस्पति, अगिरस आदि को साथ लेकर जाता है तथा गौओ की गुफा को विदीर्ण कर, पणिग्रो को परास्त कर गौए वापिस ले आता है— तुम उस बली महान् इन्द्र के लिए आघोषणीय सामगान करो जिसकी सहायता से हमारे पूर्व पितर अगिरसो ने गौओ को प्राप्त कर लिया। बृहस्पति ने पर्वत की गुफा को तोड फोड डाला गौओ को पा लिया गौओ के साथ साथ सब नरो ने हर्षध्वनि की। हे इन्द्र विजयप्रयाण के लिए इच्छुक नवग्व तथा दशग्व सप्त विप्रो (अगिरसो) को साथ लेकर तूने गौओ को घेरने वाले पर्वत को तथा पणियो के सरदार बल को शब्दपूर्वक विदीर्ण कर दिया

विवेचन

इस सूक्त पर ऐतिहासिक दृष्टिकोण प्रारम्भ मे दिखाया जा चुका है। अब अन्य पक्षो मे क्या क्या व्याख्याए हो सकती है यह देखगे। राजनीतिक दृष्टि से इस कथानक मे इन्द्र राजा है गौए राष्ट्र की धेनु आदि सम्पत्ति या ऐश्वर्य की प्रतीक है पणि कृपण शत्रुजन है जो उन गौओ को लूट ले जाते है तथा उनका उपयोग किसी दूसरे के लिए नही होने देते। इसी लिए वेद मे पणियो के हृदय को मृदु करने तथा उन्हे दानशील बनाने की प्रार्थना मिलती है।[६] ऐसी अवस्था मे राजा का परम कर्तव्य है कि वह उन चुरायी हुई गौओ का पता लगाये तथा उन्हे प्रजा के हितार्थ पुन प्राप्त करे। वह सरमा को दूती बना कर भेजता है। निरुक्त मे इस सवाद के प्रथम मन्त्र की टीका मे दुर्गाचार्य ने सरमा का अर्थ वाणी किया है। सरमा और सरस्वती समानार्थक है दोनो ही गत्यर्थक सृ धातु से बने है। तो राजा पणियो के पास किसी सन्देशहर द्वारा अपनी वाणी को पहुचाता है। वह सन्देशहर इतना वाक्कुशल है कि लक्षणा का आश्रय ले उसे साक्षात् वाणी (सरमा) कह दिया गया है। सरमा को सन्देशहर्त्री समझे तो राजदूत का कार्य नारी भी कर सकती है यह भी इससे सूचित होता है। पणि दूती सरमा को भय दिखा कर, प्रलोभन दे कर, सभी उपायो से वश मे करना चाहते है पर वह उनकी बातो मे नही आती। इससे राजाओ के दूत दूतिया किन गुणो वाले हों इस पर भी इस सूक्त से प्रकाश

---

९२ ऋग १ ६२ २–४

९३ अदित्सन्त चिदाघृणे पूषन् दानाय चोदय। पणेश्चिद् वि म्रदा मन ॥ ऋग् ६ ५३ ३

पड़ता है । यहा सरमा को अति दीर्घ पथ पार करना पड़ा है, विशाल नदी को तैरना पड़ा है, पर वह इन संकटो से विचलित नहीं होती । स्वयं कर्तव्य पर दृढ़ रहती है तथा पणियों को भी उनका कर्तव्य सुझाती है । पणियों से गौएं छीन लाने मे बृहस्पति, अंगिरस, अयास्य तथा अन्य विप्र ऋषि राजा के सहायक होते हैं । बृहस्पति राजा का पुरोहित है, पुरोहित इस अर्थ में कि वह सेनापति बन कर आगे-आगे चलता है । "हे बृहस्पति, तू रथ पर बैठ कर चारों ओर जा, राक्षसों का वध कर, शत्रुओं को दूर धकेल दे, सेनाओ का भंजन करता हुआ, रिपुओं को युद्ध से जीतता हुआ हमारे रथो की रक्षा कर,"[६४] यह बृहस्पति का चरित्र है । अगिरस तेजस्वी वीर योद्धा हैं, जो अगारो के समान दहकने वाले हैं, मानो अग्नि के पुत्र हों ।[६५] ये ही नवग्व तथा दशग्व भी कहलाते हैं, क्योंकि वर्ष मे नौ-नौ या दस-दस महीने युद्ध करते हैं ।[६६] अयास्य इनका अग्रणी है, जो किसी से हराया नहीं जा सकता ।[६७] राजा के सहायको मे विप्र ऋषि अर्थात् ज्ञानी ब्राह्मण भी हैं । एव क्षात्रबल और ब्राह्म-बल दोनों का समन्वय विद्यमान होने से विजय निश्चित है ।[६८]

गो शब्द भूमि का वाची भी है[६९] । यह भी हो सकता है कि किसी तरह राष्ट्र ने अवैधरूप से हमारे देश की गौएं अर्थात् भूमिया हस्तगत कर ली है और उसके आगे रोक लगा दी है, तथा सीमा पर अपनी रक्षक सेना नियुक्त कर दी है, जिससे उसे पुन. पाना कठिन हो गया है । शत्रुओ ने वह भूमि हर कर ऐसी अधिकार मे कर रखी है मानो अद्रि की गुहा मे छिपा दी हो । तब भी हमारे इन्द्र का कर्तव्य है कि वह सरमा अर्थात् अपनी वाणी को शत्रुओं के

---

६४. ऋग् १०.१०३.४

६५. अंगारेष्वगिरा:, निरु ३.१७ । ते अग्नेः परिजज्ञिरे, ऋग् १०.६२.५ ।

६६. यत: वर्षा के तीन या दो महीने युद्ध के लिए वर्जित है । सायण के अनुसार जो नौ महीने यज्ञ करते हैं वे नवग्व तथा जो दस महीने यज्ञ करते हैं वे दशग्व हैं । युद्ध को भी एक यज्ञ मानें तो यहां सायण की व्याख्या पूर्णत: संगत हो जाती है ।

६७. "यासः प्रयत्नः तत्साध्यो यास्यः, न यास्योऽयास्यः, युद्धरूपैः प्रतत्नैः साधयितुमशक्य इत्यर्थः"—ऋग् १.६२.७ पर सायणभाष्य ।

६८. यत्र ब्रह्म च च क्षत्रं च सम्यञ्चौ चरतः सह । त लोकं पुण्य प्रज्ञेषं यत्र देवाः सहाग्निना ।। यजु २०.२५

६९. नि० १.१ ।

पास पहुँचाये कि तुम हमारी भूमि हमे लौटा दो, नही तो युद्ध होगा और हमारे वीर सैनिको के आगे तुम पराजय स्वीकार करने के लिए बाध्य होगे। फिर भी यदि शत्रु न माने तब अपने बृहस्पति, अयास्य और अंगिरसों को लेकर उनसे युद्ध करे तथा अपनी भूमि को पुन: प्राप्त करे।

अधिदैवत पक्ष में इन्द्र सूर्य[100], एव गौए उसकी किरणे[101] हो सकती है। उन गौओं को वह पृथ्वी के चरागाह मे चरने के लिए भेजता है। परन्तु मार्ग मे मेघखण्डरूपी पणि उन्हे रोक लेते है तथा अपनी गुहा मे छिपा लेते है। इन्द्र की दूती सरमा विद्युत् है, जो मेघों के मध्य मे मानो अग्निज्वाला हाथ मे लिए हुए उन गौओ को ढूँढती है। विद्युत् सूर्य से ही आती है, क्योंकि सूर्य के बिना सौर जगत् मे कहीं भी तेज की उत्पत्ति नही हो सकती। सूर्य से अन्तरिक्ष तक का अवकाश ही नदी है, जिसे वह पार करती है। विद्युत् और मेघो के बीच संवाद होता है, जिसे हम आज भी सुनते हैं। सूर्य के सेनानी बृहस्पति तथा अयास्य उष्ण व शीत वायुए हैं, जिनके वज्राघातो से मेघ की पर्वत-गुहा टूट-फूट जाती है। अगिरस बाद मे छोडी हुई सूर्य की किरणे है, जो अपनी सखा किरणो को वलासुर के कारागार से मुक्त करने मे सहायता करती हैं। सप्त विप्र ऋषि सूर्य की वे सतरगी रश्मिया है, जो आकाश मे इन्द्रधनुष तान कर खडी हो जाती है। इस प्रकार मेघ की गिरि-गुहा टूट जाती है, अर्थात् मेघ बरस जाता है और इन्द्र की गौए पूर्ववत् निर्भय होकर द्यावाभूमी पर विचरने लगती है।

अथवा पणि रात्रि का अन्धकार हो सकते है। दिन मे प्रात से साय तक सूर्य की गौए निर्बाध विचरती है। परन्तु अचानक रात्रिचर तमोरूप पणि उन्हे पकड ले जाते हैं तथा अपने कारागार मे या पर्वत की गुफा मे बन्द कर देते हैं। तब सूर्य अपनी दूती सन्ध्या रूपी सरमा को भेजता है, जो अस्ताचल की गुफाओ में छिपायी हुई उन गौओ को देख लेती है। फिर सूर्य तथा उसके महारथी रात्रि के अन्धकार का, पणियो की गिरिगुहा का, भेदन कर देते हैं। तब सन्ध्या रूपिणी सरमा उषा का परिधान पहन सूर्य की गौओ को अपने साथ लिए हुए आविर्भूत होती है, जिसके पीछे-पीछे विजयोल्लास से रक्ताभ सूर्यदेव रथारूढ़ हुए प्राची के क्षितिज मे प्रकट होते हैं[102]।

१००. स इन्द्रो भूत्वा तपति मध्यतो दिवम्, अथर्व १३.३.१३। अथ य: स इन्द्रोऽसौ स आदित्य:, शत. ८.५.३.२

१०१. सर्वेऽपि रश्मयो गाव उच्यन्ते। निरु. २.७

१०२. तुलनीय : "Sarama. is said to have pursued and recovered the Cows stolen by the Panis: which has been

अथवा सूर्य की गौओं या किरणों के चुराये जाने का अभिप्राय है उसका निस्तेज हो जाना। शीत ऋतु में सूर्य की किरणें मन्द तेज वाली हो जाती हैं, शीतोत्पत्ति के भौगोलिक कारण ही पणि हैं, जो उनका तेज हर लेते हैं। आकाश में मृगशीर्षनक्षत्र के समीप श्वान नक्षत्रपुञ्ज है, यह कुतिया ही देवशुनी सरमा है। आजकल दिसम्बर से लेकर अप्रैल तक यह रात्रि के आकाश मे दिखाई देती है। यही इन्द्र की दूती है। इसे बड़ा लम्बा आकाशमार्ग तय करना पड़ता है। चलते-चलते यह आकाशगंगा के पास पहुँचती है। यही रसा या नदी है, जिसके जलों को यह पार करती है। यह साधारण नदी नहीं, किन्तु ज्योतिर्विदो के अनुसार पद्मों कोस विस्तार वाली है। तभी तो पणि आश्चर्य प्रकट करते हैं कि सरमा ने इसे कैसे पार कर लिया। देवशुनी सरमा इस नदी को वसन्त मे पार करती है। उसके अनन्तर सूर्य शीतोत्पत्ति के भौगोलिक कारणों को पराजित कर देता है तथा सूर्य की गौओं मे पुनः तेज आ जाता है।

अपनी निरुक्तटीका मे दुर्गाचार्य तथा स्कन्द स्वामी इस सूक्त के प्रथम मन्त्र की व्याख्या में लिखते हैं कि "नैरुक्त पक्ष मे सरमा माध्यमिका वाक् है। चिरकालीन अनावृष्टि के पश्चात् कभी अचानक विद्युद्वाणी का गर्जन सुन मनुष्य कहता है कि हे सरमा, तुम यहा कैसे आ पहुँची" आदि। इस पक्ष में रसा अन्तरिक्ष-नदी है[१०३]।

अध्यात्मपक्ष में आत्मा इन्द्र है, गौए आत्मिक प्रकाश की किरणें है। आत्मा इन किरणों से शरीर की सब क्रियाओं को प्रकाशित करना चाहता है। पर असद्विचार रूप पणि इन अन्तःप्रकाश की किरणो

---

supposed to mean that Sarama is the Down who recovers the rays of the Sun that have been carried away by night." ऋग् १-६२-३ पर ग्रिफिथ की टिप्पणी। "Sarama,crossing the waters to find out the Cows stolen by Panis, is similarly the Dawn bringing with her the rays of the morning. (B. G. Tilak : The Arctic Home in the Vedas, 1956, Poona P. 223).

१०३. वाक्पक्षे तु चिरकालीनवृष्टिव्युपरमे कदाचिदभिनवमेघसंप्लवे सहसैव स्तनयित्नु मुपश्रुत्य कुत इयं माध्यमिका वाक् चिरेणागतेति विस्मितस्ता-मसूयन्निव ब्रवीति किमिच्छन्ती सरमा इति (दुर्ग निरु. ११.२५ का भाष्य)। अनावृष्ट्या पीडितो मदन्तं स्तनयित्नुमुपश्रुत्य सासूयं मन्त्रदृगाह (स्कन्द, वहीं)।

को पकड़ कर गुफा मे बन्द कर लेते हैं, जिसका परिणाम यह होता है कि शरीर इनके आलोक से वंचित हो जाता है । तब आत्मा अपनी आन्तरिक दिव्य वाणी रूप सरमा को दूती बना कर उनके पास भेजता है । इन असद् विचारो के लोक तथा आत्मलोक मे बहुत बड़ा अन्तर है, वही बीच की विस्तीर्ण नदी है, जिसे पार कर वह असद् विचारों के पास पहुँचती है । वह दिव्यवाणी गर्ज कर कहती है कि तुम इन अन्त:प्रकाश की गौओं को छोड दो । चिरकाल तक दोनो में कहासुनी होती रहती है । असद्-विचार चाहते है कि यह दिव्यवाणी हमारे पक्ष की हो जाये । अनेक बार ऐसा होता भी है । पर उचित यही है कि मनुष्य अन्तर्वाणी रूप सरमा को पणियो के वश न होने दे, तभी आत्मा की चुराई हुई गौएं पुन: प्राप्त हो सकती हैं । इन गौओ को पुन: प्राप्त कर लेने में आत्मा के जो सहायक है उनमे एक बृहस्पति है, यह बुद्धि है । दूसरे अंगिरस हैं, ये मन की तेजोमयी वृत्तियां हैं, जिनसे मनुष्य के अन्दर साहस, महत्त्वाकाक्षा, आदर्शवादिता आदि गुण आते है । अयास्य प्राण हैं[१०४] । अन्य विप्र ऋषि शरीरस्थ ज्ञानेन्द्रिया हैं[१०५] । इस प्रकार प्रत्येक मनुष्य, प्रत्येक आत्मा, अपनी अन्तर्वाणी को दूती बनाकर तथा बुद्धि, मन, प्राण, ज्ञानेन्द्रिय आदि को सहायक बना कर अपनी चोरित अन्त:-प्रकाश की गौओ को पुन प्राप्त कर सकता है ।

इस प्रसग मे इस कथानक की श्री अरविन्दकृत अध्यात्मपरक व्याख्या भी उल्लेखनीय है । उन्होंने यद्यपि विशेष रूप से इस सूक्त की व्याख्या नही लिखी है, तो भी इससे सम्बन्द्ध कई अन्य सूक्तों को लिया है तथा इस कथानक के प्रत्येक पार्श्व एवं प्रत्येक पात्र पर विशद विचार किया है । उनका कथन है कि बाह्य प्रतीकों द्वारा रहस्यमय आन्तरिक अर्थ को सूचित करना ही वेद का लक्ष्य है । उनकी व्याख्यानुसार इन्द्र प्रकाशमय या दिव्य मन है, जो अतिमानस लोक स्व का अधिपति है, गौएं दिव्य उषा या दिव्य सूर्य की किरणें या ज्योतिया हैं । पणि इन किरणो के या आध्यात्मिक प्रकाश के शत्रु हैं, ये वे शक्तिया हैं जो जीवन की उन सामान्य अप्रकाशमान इन्द्रियक्रियाओं की अधिष्ठात्री हैं जिनका मूल अन्धकारमय अवचेतन भौतिक सत्ता मे होता है, न कि दिव्य मन मे । ये पणि मनुष्य के स्व: अर्थात् अतिमानस उच्च लोक के प्रति आरोहण करने के मार्ग में आकर खड़े हो जाते हैं तथा आध्यात्मिक

---

१०४. एतमु (प्राणम्) एव अयास्य मन्यन्ते, आस्याद यदयते । छा. उ. १ २. १२

१०५. सप्त ऋषय: प्रतिहिता: शरीरे, । यजु ३४. ५५

प्रकाश की प्राप्ति का विरोध करते हैं। सरमा अन्तर्ज्ञान (Intuition) है, यह वह शक्ति है जो पराचेतन सत्य (Superconscient Truth) से अवतीर्ण होकर आयी है तथा उस प्रकाश तक ले जाती है जो हमारे अन्दर अवचेतन (Subconscient) मे छिपा पडा है। अन्तर्ज्ञान की शक्ति दिव्य मन के सामने इसकी अग्रदूती के रूप में आविर्भूत होती है। इसी के द्वारा वह प्रकाश को मुक्त कराता तथा उस प्रचुर सम्पत्ति को अधिगत कराता है जो पणियो के दुर्गद्वारो के पीछे चट्टान के अन्दर छिपी पड़ी है। अंगिरस ऋषि दिव्य अग्नि की प्रसरणशील ज्योतिया हैं। ये दिव्य ज्वाला की जाज्वल्यमान अर्चियो मे पूर्णतम होते है, और इस लिए कारागार मे बन्द प्रकाश को मुक्त करने मे तथा अतिमानस (विज्ञानमय) ज्ञान को उत्पन्न करने मे समर्थ होते है। बृहस्पति सर्जनकारी अन्तर्वाणी का अधिपति है। अयास्य वह है जो सत्य मे से उत्पन्न होने वाले सात सिरो के महान् विचार (सप्तशीर्ष्णी धी) को पाता है तथा इन्द्र के लिए स्तुतिमन्त्रो का गान करता है। ये बृहस्पति तथा अयास्य अंगिरसों मे से ही एक है। दिव्य मन (इन्द्र) इन सबकी सहायता से अवचेतन मन मे छिपी प्रकाश की गौओ को प्राप्त करने मे समर्थ तथा अतिमानस लोक स्वः के अपने ऊर्ध्वारोहण मे सफल होता है"[१०६]।

उपर्युक्त कुछ वैदिक सवादो की परीक्षा कर यह दर्शाने का यत्न किया गया है कि वेद सवाद-शैली द्वारा किस प्रकार विविध रहस्यो का प्रतिपादन करते हैं। यह कहना कठिन है कि विविध सवादो की यहा जो व्याख्याए की गयी हैं वे ही अन्तिम हैं, तो भी इससे विचार की दिशा अवश्य हमारे सामने आ गयी है। अवशिष्ट सवादो पर भी इसी पद्धति से विचार कर उनके अन्तर्गर्भित आशय तक पहुचा जा सकता है।

---

१०६. विस्तृत व्याख्या के लिए द्रष्टव्य—श्री अरविन्द, 'आन दि वेद' भाग १ अध्याय १५-२४।

पञ्चम अध्याय

प्रश्नोत्तरात्मक शैली

शिक्षा मे प्रश्नोत्तर-शैली विशेष महत्त्व रखती है। ब्राह्मण-ग्रन्थ, आरण्यक, उपनिषद्, महाभारत आदि उत्तरकालीन साहित्य मे यह शैली पर्याप्त पल्लवित हुई है। प्राचीन काल में शिष्य गुरु से जो प्रश्न करते थे तथा गुरु उनका जो उत्तर देते थे उन्हीं से कई शास्त्र या शास्त्रों के विशेष प्रकरण बन गये हैं। कभी-कभी ये प्रश्नोत्तर शिष्य-गुरुओं मे जिज्ञासा-शान्ति के निमित्त किये गये प्रश्नोत्तरो से विपरीत विद्वानों मे एक-दूसरे को विजित करने की इच्छा से या परस्पर परीक्षा लेने के लिए होते थे। शतपथ ब्राह्मण का वह प्रकरण प्रसिद्ध है, जिसमें कई विद्वान् तथा विदुषियो ने याज्ञवल्क्य ऋषि को पराजित करने की भावना से प्रश्न किये हैं, तथा याज्ञवल्क्य सबका यथोचित उत्तर देते गये है। यह प्रकरण ब्राह्मण-साहित्य का तथा बृहदारण्यकोपनिषद् के रूप मे उपनिषत्साहित्य का भी एक अमूल्य रत्न समझा जाता है[1]। उपनिषदों में एक उपनिषद् का नाम ही प्रश्नोपनिषद् है, जिसमे छः शिष्यो ने आचार्य पिप्पलाद से प्रश्न किये है तथा उनसे उनके समुचित उत्तर प्राप्त किये हैं। केनोपनिषद् भी एक प्रश्न मे ही प्रारम्भ होती है। इसी प्रकार मुण्डकोपनिषद् मे शौनक विनीत भाव से महर्षि अगिरा के उपसन्न हो प्रश्न करता हैं कि ऐसी कौनसी वस्तु है, जिस एक के जान लेने से सब कुछ विज्ञात हो जाता है। अंगिरा शौनक के इस प्रश्न का उत्तर देते हैं। अन्य उपनिषदो मे भी प्रश्नोत्तर पाये जाते हैं। महाभारत का रोचक ज्ञान प्रश्नोत्तरो में ही है। पतजलि के महाभाष्य में भी यही शैली अपनायी गई है।

प्रश्नोत्तर-शैली के प्रथम दर्शन हम वेदो मे पाते हैं। चारो ही वेदो में न्यूनाधिक प्रश्नोत्तर मिलते है, यद्यपि सामवेद मे कठिनाई से एक-दो प्रसंग ही ऐसे हैं। यद्यपि वेदो के विपुल परिमाण को देखते हुए इन प्रश्नोत्तरों की सख्या स्वल्प ही है, तो भी इनमें इस कला का चरमोत्कर्ष प्राप्त होता है। वैदिक साहित्य में प्रश्नोत्तरो को ब्रह्मोद्य भी कहते हैं। शुक्ल यजुर्वेद का ब्रह्मोद्य प्रकरण वैदिक साहित्य मे प्रख्यात है। अब हम क्रमश वेदों के प्रश्नोत्तरो पर दृष्टिपात करते हैं।

---

१. शत १४. ६. १–९, बृ० उ० ३. १–९

ऋग्वेद के प्रश्नोत्तर

ऋग्वेद मे जो प्रमुख प्रश्नोत्तर उपलब्ध होते है, वे नीचे दिये जा रहे हैं।

सोम के मद का क्या प्रभाव है ?

> किमस्य मदे किम्वस्य पीताविन्द्रः किमस्य सख्ये चकार ।
> रणा वा ये निषदि किं ते अस्य पुरा विविद्रे किमु नूतनासः ॥
> सदस्य मदे सद्वस्य पीताविन्द्रः सदस्य सख्ये चकार ।
> रणा वा ये निषदि सत्ते अस्य पुरा विविद्रे सदु नूतनासः ॥

ऋग् ६.२७.१,२

प्रश्न–सोम के मद मे इन्द्र ने क्या किया ? सोम का पान कर क्या किया ? सोम से सख्य स्थापित कर क्या किया ? इसकी सगति मे जो पुराने स्तोता थे उन्होने प्राचीन काल में क्या प्राप्त किया था ? नूतन स्तोता क्या प्राप्त करते हैं ?

उत्तर–सोम के मद में इन्द्र ने सत् किया, सोम का पान कर सत् किया, सोम से सख्य स्थापित कर सत् किया। इसकी सगति मे जो पुराने स्तोता थे उन्होंने प्राचीन काल में सत् प्राप्त किया था, नूतन स्तोता भी सत् प्राप्त करते हैं।

वैदिक सोमरस-पान के प्रभाव की झाकी इस प्रकरण मे मिलती है। भौतिक रूप में यह सोम सोमलता का रस है जो बुद्धि को बढाता तथा आचरण को निर्मल करता हैं, और आन्तरिक रूप मे दिव्य ब्रह्मानन्द-रस (Devine Beatitude)[२]। इन्द्र मनुष्य का आत्मा है। सोम-पान से मनुष्य का जीवन सत्-मय हो जाता हैं; उसकी प्रत्येक इच्छा, उसका प्रत्येक कार्य, उसका प्रत्येक वचन सत् होता है। न केवल वह स्वय सत् हो जाता है, किन्तु उसकी सगति मे रहने वाले अन्य भी उससे प्रभावित होकर सत् जीवन से युक्त हो जाते हैं।

ऋग् १०.८८ मे एक प्रश्न है, जिसका उत्तर यद्यपि वहा नही दिया गया है, तो भी ८.५८ में अन्यत्र मिल जाता है।

अग्नि, सूर्य, उषाएं, नदियां कितनी है ?

> कत्यग्नयः कति सूर्यासः कत्युषासः कत्यु स्विदापः ।
> नोपस्पिजं वः पितरो वदामि पृच्छामि वः कवयो विद्मने कम् ॥

ऋग् १०.८८.१८

---

२. Soma is rhe Lord of the wine of delight, the wine of immortality. Shri Aurobindo: On the Veda. 1956. P.405.

एक एवाग्निर्बहुधा समिद्ध एकः सूर्यो विश्वमनुप्रभूतः।
एकैवोषाः सर्वमिदं विभाति एकं वा इदं वि बभूव सर्वम्॥

ऋग् ८. ५८. २

प्रश्न—कितनी अग्निया है ? कितने सूर्य है, कितनी उषाएं हैं, कितनी नदिया हैं ? हे पितृजनो, हे कवियो, मै आपसे स्पर्धावश नहीं कह रहा हूँ, किन्तु ज्ञानवृद्धि के लिए पूछता हूँ।

उत्तर—एक ही अग्नि बहुत रूपो मे प्रदीप्त है। एक ही सूर्य विश्व मे अनुस्यूत है। एक ही उषा इस सबको भासित करती है। एक ही ब्रह्म इस सब जगत् मे व्याप्त है।

देखने में हमे अनेक अग्निया प्रतीत होती है, कोई यज्ञाग्नि है, कोई वाडवाग्नि है, कोई जाठराग्नि है, कोई वैद्युताग्नि है। किन्तु अग्निरूप से वे सब एक ही हैं। सूर्य भी अनेक प्रतीत होते हैं। द्वादश आदित्य तो वैदिक साहित्य मे वर्णित हैं ही। उसके अतिरिक्त प्रतिदिन ही नवीन सूर्य ने जन्म लिया है, ऐसा लगता है। पर वस्तुत सूर्यात्मना सब एक ही हैं। एक ही सूर्य बारह राशियो के भेद मे बारह प्रकार का हो जाता है। नववधू के समान नित्य प्रकाश की साडी पहन कर जो उषा आती है, वह भी एक ही है, हमें प्रतीति भले ही यह होती हो कि प्रतिदिन की उषा भिन्न है। नदिया (आप) कितनी हैं, इसका उत्तर उक्त ऋचा मे नही आया है, तो भी समझा जा सकता है कि नदी भी एक ही है। जो गगा, यमुना आदि विभिन्न धाराए दृष्टिगोचर होती है, इनमे एक ही जल की आत्मा प्रवाहित हो रही है। मन्त्रकार अन्त मे उपसंहार करता है कि इसी प्रकार ब्रह्माण्ड मे ब्रह्म भी एक ही है। नाना देव रथचक्र में अरो के समान या तने मे शाखाओं के समान उसी एक देव में ओतप्रोत है।[3] प्रसिद्ध पुरुषसूक्त में एक प्रश्नोत्तर इस प्रकार है—

परम पुरुष के मुख, बाहु, जांघें, पैर क्या हैं ?

यत् पुरुषं व्यदधुः कतिधा व्यकल्पयन्।
मुखं किमस्य कौ बाहू का ऊरू पादा उच्येते॥
ब्राह्मणोऽस्य मुखमासीद् बाहू राजन्यः कृतः।
ऊरू तदस्य यद् वैश्यः पद्भ्यां शूद्रो अजायत॥

ऋग् १०. ९०, ११, १२

प्रश्न—सृष्टि के आदि में जब देवजनो ने पुरुष परमेश्वर को हृदय में धारण किया तब उन्होने कितने रूपो मे उसकी कल्पना की। इसका मुख

३. तस्मिञ्छ्रयन्ते य उ के च देवा वृक्षस्य स्कन्धः परित इव शाखाः। अथर्व १०. ७. ३८

क्या था, भुजाएं कौन सी थीं, ऊरु तथा पैर कौन से थे ?

उत्तर—ब्राह्मण इसका मुख था, क्षत्रिय भुजाएं बने, वैश्य ऊरु थे और पैरों से शूद्र ने जन्म लिया।

परमेश्वर निराकार-निरवयव है। पर उसके चिन्तन के लिए उपासक उसके अंगों की कल्पना कर लेता है। ब्राह्मण को वह इसका मुख या इसके मुख से उत्पन्न हुआ कल्पित करता है। ब्राह्मण तथा मुख मे कई समानताएं हैं। ब्राह्मण ज्ञान का प्रतिनिधि है, वह समाज मे ज्ञान-विज्ञान का प्रसार करता है, वैसे ही मुख भी ज्ञानेन्द्रियो द्वारा ज्ञान का केन्द्र बना हुआ है तथा उसका उपदेश भी करता है। ब्राह्मण के समान मुख भी अपरिग्रही होता है। सारे शरीर को हम उत्तमोत्तम वस्त्रो से अलंकृत करते हैं, पर मुख नग्न ही रहता है। मुख जो कुछ भोज्य या पेय ग्रहण करता है, वह अन्य अंगो के पोषण के लिए उदर में पहुंचा देता है। एवं समाज में ब्राह्मण के गुणों से उपासकों ने परमेश्वर की मुख-शक्ति का अनुमान किया। क्षत्रियो से उसकी भुजाओ की शक्ति को कल्पित किया। क्षत्रिय तथा भुजाएं दोनों ही रक्षक हैं। एवं परमेश्वर मे रक्षा की शक्ति क्षत्रियो के समान है ऐसा उन्होंने विचार किया। ऊरु मध्यभाग के प्रतिनिधि हैं, यह इससे स्पष्ट है कि अथर्ववेद मे ऊरु के स्थान पर 'मध्यं'[४] पाठ है। उदर आमाशय मे सब द्रव्यो का संग्रह करता है, जैसे वैश्य संग्रहशील होता है। वैश्य व्यापारार्थ यातायात भी करता है, जो शरीर मे ऊरु का कार्य है। एवं वैश्यो से उपासकों ने परमेश्वर के ऊरु या मध्यांगो की शक्ति को समझा। समाज मे शूद्र परम पुरुष के चरणो से उत्पन्न हुआ है, ऐसी उन्होंने कल्पना की। चरण सारे शरीर के सेवक हैं, शरीर का प्रत्येक अंग अपने आनन्द के लिए चरणों के यान पर आरूढ हो जहां चाहे भ्रमण करता है। परमेश्वर मे भी सेवा की शक्ति ऐसी ही अद्‌भुत है। उसका प्रत्येक कार्य परार्थ है, स्वार्थ के लिए कुछ नही।

कुमार को और उसके रथ को किसने बनाया ?

कः कुमारमजनयद् रथं को निरवर्तयत्।
कः स्वित् तदद्य नो ब्रूयादनुदेयी यथाभवत्॥
यथा भवदनुदेयी ततो अग्रमजायत।
पुरस्ताद् बुध्न आततः पश्चान्निरयणं कृतम्॥ ऋग् १०.१३५.५,६

---

४. अथर्व १९. ६. ६.

प्रश्न—किसने कुमार को जन्म दिया है, किसने इसके रथ को रचा है ? कौन आज हमें यह बतायेगा कि यह अनुदेयी कैसे हुआ ?

उत्तर—जब यह अनुदेयी हुआ उससे पूर्व जन्म ले चुका था। पहले इसका सिर फैला, पश्चात् यह सारा बाहर निकल आया।

कुमार (आत्मा) ने जन्म लिया है, वह शरीर रूपी रथ पर बैठ कर आया है। उसके विषय में प्रश्न है कि वह अनुदेयी कैसे हुआ। अनुदेयी का अर्थ है एक की गोदी से दूसरे की गोदी में देने योग्य। जब तक कुमार माता के उदर में रहता है तब तक वह अनुदेयी नही होता, अनुदेयी जन्म के पश्चात् होता है। जन्म की प्रक्रिया बताते हुए कहा है कि पहले सिर बाहर आता है, पश्चात् सम्पूर्ण शरीर निकल आता है। प्रसूतितन्त्र के अनुसार भी स्वस्थ जन्म मे यही क्रम रहता है।

इन प्रश्नोत्तरो के अतिरिक्त ऋग्वेद १.१६४ की ऋचा ३४ तथा ३५ भी प्रश्नोत्तरात्मक हैं। ये यजुर्वेद के ब्रह्मोद्य प्रकरण (अध्याय २३) मे भी आती है, जिस सम्पूर्ण प्रकरण को अभी हम यजुर्वेद के प्रश्नोत्तरो मे ले रहे है। अत. ये वही व्याख्यात की जायेंगी।

ऋग्वेद मे कुछ प्रसग ऐसे भी है जहा प्रश्न तो उठाया गया है, किन्तु उसका उत्तर स्वय न देकर पाठको के विचार के लिए छोड़ दिया गया है। शिक्षा-शास्त्र में यह भी शिक्षण की एक पद्धति है। प्रश्न उठा कर उसका उत्तर न दे उसके समाधान तथा अनुसन्धान के लिए शिष्य मे उत्सुकता जनित करने मे शिष्य की बुद्धि का विकास होता है। ऐसा एक प्रसग निम्नलिखित है।

ऋग्वेद के विश्वकर्मा-सूक्त मे सृष्टि की उत्पत्ति कैसे हुई इस पर विचार करते हुए प्रश्न किया है—

द्यावापृथिवी किस वृक्ष से रचे गये ?

किं स्विदासीदधिष्ठानमारम्भणं कतमत् स्वित् कथासीत्।
यतो भूमिं जनयन् विश्वकर्मा वि द्यामौर्णोन्महिना विश्वचक्षाः॥
किं स्विद् वनं क उ स वृक्ष आस यतो द्यावापृथिवी निष्टतक्षुः।
मनीषिणो मनसा पृच्छतेदु तद् यदध्यतिष्ठद् भुवनानि धारयन्॥

ऋग् १०.८१.२,४

प्रश्न—वह अधिष्ठान कौन सा था, वह उपादान क्या था, और किस रूप का था, जहा, जिस पर तथा जहा से विश्वद्रष्टा विश्वकर्मा ने अपनी महिमा से भूमि एवं द्युलोक को उत्पन्न किया ? वह वन कौन सा था तथा वह वृक्ष कौन सा था, जिससे जगत्स्रष्टाओ ने द्यावा-पृथिवी को गढ-छील कर बनाया ? हे मनीषियो, अपने मन से पूछो।

यह भी पूछो कि वह कौन था जो भुवनों को धारण किये हुए उनका अधिष्ठातृत्व कर रहा था ?

उत्तर—अद्वैतवादी इन प्रश्नों के यह उत्तर देते है कि परमेश्वर से भिन्न कोई उपादान कारण नही था। परमेश्वर ने स्वयं अपने अन्दर से जगत् को उत्पन्न किया। स्वयं वही वन था, वही वृक्ष था, जिससे द्यावापृथिवी रचे गये हैं। किन्तु त्रैतवादी प्रकृति को उपादान कारण एवं वन तथा वृक्ष मानते हैं। परमेश्वर को सृष्ट्युत्पत्ति के लिए आधार की आवश्यकता नही है, अत. उसने बिना ही अधिष्ठान के सब जगत् की रचना की है, यह उभयपक्ष मे समान है।

कहीं-कही ऐसा भी है कि मनुष्य स्वय से ही प्रश्न करता है, तथा विचारोपरान्त स्वय ही उसका उत्तर देता है। ऐसा एक दृष्टान्त शुनःशेप के सूक्त मे उपलब्ध होता है।

मुक्ति के लिए किसे स्मरण करें ?

कस्य नूनं कतमस्यामृतानां मनामहे चारु देवस्य नाम।
को नो मह्या अदितये पुनर्दात् पितरं च दृशेयं मातरं च॥
अग्नेर्वयं प्रथमस्यामृतानां मनामहे चारु देवस्य नाम।
स नो मह्या अदितये पुनर्दात् पितरं च दृशेयं मातरं च॥

ऋग् १.२४.१,२

प्रश्न—अमर देवो मे से हम किस देव के सुन्दर रूप का स्मरण करे ? कौन हमे महती मुक्ति की प्राप्ति के लिए पुनः जन्म देगा, जिससे हम पिता और माता के दर्शन करेंगे ?

उत्तर—अमर देवो मे से हम अग्निदेव के सुन्दर नाम का स्मरण करें। वही हमे महती मुक्ति की प्राप्ति के लिए पुनः जन्म देगा, जिससे हम पिता और माता के दर्शन करेंगे।

ये उद्गार सांसारिक पाशो से बद्ध मनुष्य (शुनःशेप) की ओर से प्रकट किये गये हैं। वह मुक्ति के लिए उत्सुक है। यह जन्म अपर्याप्त देख वह मुक्ति के प्रयास के लिए पुनर्जन्म पाना चाह रहा है। तदर्थ इसी सूक्त में प्रथम वह अग्नि को स्मरण करता है, फिर सविता, यम और वरुण को।[५]

---

५. शुनःशेप की कथा के लिए द्रष्टव्य. ऐ. ब्रा. अध्याय ३३।

यजुर्वेद के प्रश्नोत्तर

यजुर्वेद का प्रसिद्ध ब्रह्मोद्य प्रकरण वाजसनेयि संहिता के अश्वमेध - प्रसग में अध्याय २३ की कण्डिका ४५ से ६२ तक है।[६] कर्मकाण्डिक विनियोगानुसार ये प्रश्नोत्तर अश्वमेघ यज्ञ मे परस्पर ऋत्विजों के बीच होते हैं, कण्डिका ४५-४८ होता-अध्वर्यु के, ४६, ५२ ब्रह्मा-उद्गाता के, ५३–५६ पुनः होता-अध्वर्यु के, ५७–६० पुनः ब्रह्मा-उद्गाता के, तथा ६१, ६२ यजमान–अध्वर्यु के बीच। विनियोग से स्वतन्त्र होकर विचार करे तो ये प्रश्नोत्तर सभी के लिए हैं तथा वेद इस शैली के द्वारा सम्बद्ध विषयो का ज्ञान दे रहा है[७]। यजुर्भाष्य मे इन प्रश्नोत्तरो पर उवट, महीधर तथा स्वामी दयानन्द के व्याख्यान उपलब्ध हैं। उवट तथा महीधर के व्याख्यान प्रायः एक से ही है। स्वामी दयानन्द की व्याख्या कई स्थलों पर भिन्न है। हम इन भाष्यकारो से तथा इतर वैदिक साहित्य से मार्ग-दर्शन प्राप्त कर अधिकतर स्वतन्त्र व्याख्याए प्रस्तुत कर रहे हैं, जिनमें कुछ प्रश्नोत्तरों को विभिन्न क्षेत्रो मे घटाने का भी प्रयत्न किया गया है।

कौन एकाकी चलता रहता है ?

कः स्विदेकाकी चरति क उ स्विज्जायते पुनः
किं स्विद्धिमस्य भेषजं किं वावपनं महत् ॥
सूर्य एकाकी चरति चन्द्रमा जायते पुनः
अग्निर्हिमस्य भेषजं भूमिरावपन महत् ॥ यजु २३. ४५, ४६

प्रश्न—कौन एकाकी चलता रहता है ? पुन कौन जन्म लेता है ? हिम का औषध क्या है ? विशाल अन्नागार कौन सा है ?

उत्तर—सूर्य एकाकी चलता रहता है। चन्द्रमा पुनः जन्म लेता है। अग्नि हिम का औषध है। भूमि विशाल अन्नागार है।

ससार मे सभी अपने साथी-संगियो के साथ मिलकर यात्रा किया करते हैं। मृग मृगो के साथ चलते हैं, गौए गौओ के साथ चलती है, पक्षी भी पंक्तिबद्ध हो विहार करते हैं, चन्द्रमा भी सितारों के साथ रहता है, मनुष्य

---

६. यद्यपि कण्डिका ६–१२ भी प्रश्नोत्तरात्मक ही हैं, पर ये कण्डिका ४५, ४६, ५३, ५४ में पुनरुक्त हुई हैं।

७. कुछ विद्वान् विनियोग को नित्य नहीं मानते, जिनमें स्वामी दयानन्द प्रमुख हैं। उन्होंने विनियोग से सर्वथा स्वतन्त्र होकर सम्पूर्ण यजुर्वेदभाष्य किया है। इस शैली से आधुनिक युग के अन्य विद्वानों ने भी भाष्य लिखे हैं।

भी भ्रमण के लिए साथी की खोज करता है। पर एक सूय रूपी परिब्राजक ही है जो प्रात से साय तक दिन भर गगन मे एकाकी चलता रहता है। अध्यात्म मे यहा सूय का अर्थ प्राण ले सकते हैं। शरीर मे प्राण किसी साथी की अपेक्षा किए बिना निरन्तर चलता रहता है चक्षु श्रोत्रादि हस्त पाद आदि बाह्य इन्द्रियो तथा मनरूपी अन्तरिन्द्रिय के सो जाने पर भी प्राण नही सोता एकाकी चलता रहता है[९]। चन्द्रमा पुन जन्म लेता है। अमावस के पश्चात् शिशु चन्द्र आकाश के प्रागण मे पदार्पण करता है। शनै शनै बड़ा होते होते वह पूर्णिमा को परिपूर्णाग हो जाता है। फिर कृष्णपक्ष मे क्षीण होते होते अमावस को उसका अन्त हो जाता है न वह दिन मे दिखाई देता है न रात्रि मे। पर दो दिन बाद ही हम पुन उसे तारो के बीच मे हसता हुआ देखते है मानो हस कर कहता है कि तुम तो मुझे मृत समझ बैठे थे लो मैं पुन आ गया। अध्यात्म मे चन्द्रमा मन है। वह क्षीण होकर या मर कर भी पुन जन्म लेता है अर्थात् हताश होकर भी सद्गुरु से प्रेरणा पाकर पुन आशावान् हो जाता है। और हिम का औषध क्या है? हिम का सच्चा औषध अग्नि है। अग्नि के समीप दो क्षण बैठ लेने से जो शीत का उपचार हो जाता है वह अन्य साधनो से नही। अग्नि से केवल यह ज्वाला मयी स्थूल अग्नि ही नही किन्तु सूक्ष्म अग्नितत्त्व भी गृहीत है। यदि हमारे शरीर मे अग्नितत्त्व न्यून है तो कितने ही शीतत्राण के उपाय कर ले सब विफल होगे। फिर सबसे विशाल अन्नागार कौन सा है? सभव है कोई कहे कि राजकीय अन्न-सचय मन्दिर सबसे बडा अन्नागार है जिसमे अरबो क्विन्टल अन्न सुरक्षित रह सकता है। पर नही सबसे विशाल अन्नागार तो बीजवपनस्थली यह भूमि है जिसके पास अन्न का अक्षय कोष है जहा से एक दाना बोने पर सैकडो दाने निकल आते हैं। वैदिक साहित्य मे भूमि या पृथिवी नारी को भी कहते है। नारी भी बहत् आवपन अर्थात महत्त्व

---

८. प्राणो ह सूय अथव ११ ४ १२। प्राण प्रजानामुदयत्येष सूर्य प्रश्न १ ८। प्राणा वा आदित्या। जै० उ० ४ २ ६

९ ऊर्ध्वो सुप्तेषु जागार ननु तिर्यङ् निपद्यते। न सुप्तमस्य सुप्तेष्वनुशुश्राव कश्चन॥ अथव ११ ४ २५

१० यत् तन्मन एष स चन्द्रमा शत १० ३ ३ ७ चन्द्रमा मनो भूत्वा हृदय प्राविशत् ऐ उ १ २ ४

११ विवाह प्रसंग में वर वधू को कहता है—द्यौरह पृथिवी त्वम्। अथव १४ २ ७१

पूर्ण बीज बोने की स्थली है। अचेतन भूमि तो अचेतन अन्न के दानों को ही उत्पन्न करती है, किन्तु यह नारी उस चेतन मानव की जननी होती है, जो सब प्राणियों मे श्रेष्ठ है।

ऐसी क्या वस्तु है जिसकी माप-तोल नहीं ?

किं स्वित् सूर्यसमं ज्योतिः किं समुद्रसमं सरः ।
किं स्वित् पृथिव्यै वर्षीयः कस्य मात्रा न विद्यते ॥
ब्रह्म सूर्यसमं ज्योति र्द्यौः समुद्रसमं सरः।
इन्द्रः पृथिव्यै वर्षीयान् गोस्तु मात्रा न विद्यते ॥ यजु २३ ४७ ४८

प्रश्न—सूर्य के समान ज्योति क्या है ? समुद्र के समान सरोवर कौन सा है ? ऐसी वस्तु कौन सी है जिसकी माप-तोल न हो सके ?

उत्तर—ब्रह्म सूर्य के समान ज्योति है। आकाश समुद्र के समान सरोवर है। इन्द्र पृथिवी से बडा है। गौ की माप-तोल नही हो सकती।

सूर्य के समान ज्योति क्या है ? यह प्रश्न सुनकर सभव है कोई अग्नि, विद्युद्दीप, अणु-शक्ति की भट्टी आदि की बात सोचने लगे। पर नही, सूर्य मे जो असीम प्रकाश का पारावार है, उसके सम्मुख ये ज्योतिया कुछ भी नही हैं, ये सब तो अपने प्रकाश के लिए सूर्य पर ही निर्भर है। सूर्य जैसी ज्योति तो इस सौर जगत् में यदि कोई है तो ब्रह्म है, जो सूर्य जैसी क्या, उससे भी सहस्रगुणित है[12]। और समुद्र के समान सरोवर आकाश है। जैसे पार्थिव समुद्र मे जलराशि उमड़ती है, वैसे ही मेघ के रूप में आकाश मे भी। इसी कारण वैदिक भाषा में समुद्र शब्द के दोनो अर्थ होते हैं, पार्थिव समुद्र तथा आकाश[13]। फिर, पृथिवी से बडा कौन है ? यह है इन्द्र। यद्यपि पृथिवी बहुत बड़ी है, भूगोलवेत्ता बताते है कि उसका व्यास चार सहस्र कोस है और घनफल लगभग साढ़े तेंतीस घन कोस, तो भी इन्द्र की तुलना में वह कुछ नहीं है। इन्द्र मनुष्य का आत्मा है,[14] जो सोमपान के मद मे आकर पृथिवी को गेंद के समान इधर से उधर फेक सकता है और विशाल

---

१२. लोक मे उपमान उपमेय की उपेक्षा अधिक गुण वाला होता है। किन्तु वेद में उपमान न्यूनगुण भी हो सकता है। इसे हीनोपमा कहते है, (द्रष्टव्य. निरु. ३. १४)। ब्रह्म से अधिकगुण कोई वस्तु न होने के कारण न्यूनगुण लौकिक वस्तु ही उसका उपमान बन सकती है।

१३. स उत्तरस्मादधरं समुद्रम्, ऋग् १०. ९८. ५। समुद्र =अन्तरिक्ष, नि० १.३

१४. इन्द्र. इन्द्रियवान् जीवः। दयानन्द, ऋग् १.१०१.५ भाष्य।

द्यावापृथिवी जिसके पासे के बराबर भी नहीं है।[१५] और, वह वस्तु कौन सी है, जो मापी न जा सके? वह है गौ। गौ हमारी माता है, जो यज्ञ के लिए तथा हमारे शरीर के लिए दुग्ध-घृतादि प्रदान करती है। उसके उपकार हम पर असीम हैं। वह अपरिमेय है, उसके बराबर कोई वस्तु नही, जिससे उसे तोला जा सके। दूसरे वेदवाणी भी गौ शब्द से व्यवहृत होती है। वह वरदा वेदमाता है, जो आयु, प्राण प्रजा, पशु, कीर्ति, द्रविण, ब्रह्मवर्चस् का वर प्रदान करती है।[१६] वह सरस्वती है, जो ज्ञानरस रूपी स्तन्य का पान कराती है।[१७] वह भी अपरिमेय है।

क्या विष्णु के पगों में सारा भुवन समाया है?

पृच्छामि त्वा चितये देवसख यदि त्वमत्र मनसा जगन्थ।
येषु विष्णुस्त्रिषु पदेष्वेष्ट स्तेषु विश्वं भुवनमाविवेशाँ॥
अपि तेषु त्रिषु पदेष्वस्मि, येषु विश्वं भुवनमाविवेश।
सद्यः पर्येमि पृथिवीमुत द्याम् एकेनाङ्गेन दिवो अस्य पृष्ठम्॥

यजु २३.४९,५०

प्रश्न—हे देवो के सखा विद्वन्, ज्ञान के लिए मैं तुमसे पूछता हूँ, यदि तुम्हारे मन की गति इस विषय मे हो। मैंने सुना है कि जिन तीन पदो मे विष्णु गति करता है, उनमे सारा भुवन प्रविष्ट है। क्या यह सत्य है?

उत्तर—हाँ, विष्णु के उन तीन पदो मे सम्पूर्ण भुवन प्रविष्ट है, मै भी उनके मध्य ही निवास करता हूँ। मैं अपने एक अग (मन) से पृथिवी मे, द्युलोक में तथा इस अन्तरिक्ष के पृष्ठ पर झटपट यात्रा कर आता हूँ, अर्थात् तीनों लोको की मुझे जानकारी है।

किसी व्यक्ति के तीन पदो में सारा भुवन समा जाए यह बडे आश्चर्य का विषय है। अत एव प्रश्नकर्ता पूछता है कि क्या यह सत्य है? उत्तर हां में है। विष्णु सूर्य है, वह पृथिवी-अन्तरिक्ष-द्यौ अथवा पूर्वक्षितिज, मध्याकाश एव पश्चिम क्षितिज, तीनों स्थानों में अपने किरणरूपी पैरों को निहित करता है,[१८] अत ये तीनो उसके पद अर्थात् चरणन्यास करने के लोक हैं। इनमें सारा ही

१५. द्रष्टव्य: ऋग् १०.११६

१६. अथर्व. १९.७१

१७. ऋग् १. १६४.४९

१८. निरु. १२.१९

भुवन या सौर जगत् प्रविष्ट है। विष्णु का अर्थ सर्वव्यापी परमात्मा[१९] ले तो भी यह ठीक है। विष्णु का अर्थ आत्मा करें तो तीन स्थान शरीर का उत्तमांग, मध्यभाग तथा अधोभाग होगे । इनमे वह पग रखे हुए है, अर्थात् उसी की क्रियाशक्ति से शरीरस्थ तीनो लोकों का संचालन हो रहा है। इन तीन पदो में सारा ही शरीर समाविष्ट हो जाता है। उत्तर देने वाला कह रहा है कि मै अपने मन से विष्णु के तीनो पादन्यासस्थानो का विचार कर सकता हूँ तथा मुझे सब जानकारी है। तुम जो कुछ पूछो मैं बता सकता हूं, चाहे परीक्षा लेने के लिए पूछो, चाहे ज्ञानवृद्धि के लिए।

किनके अन्दर पुरुष प्रविष्ट है?

केष्वन्तः पुरुष आविवेश, कान्यन्तः पुरुषे अर्पितानि ।
एतद् ब्रह्मन्नुपवल्हामसि त्वा, किंस्विन्नः प्रतिवोचास्यत्र ।।
पंचस्वन्तः पुरुष आविवेश, तान्यन्तः पुरुषे अर्पितानि।
एतत् त्वात्र प्रतिमन्वानो अस्मि, न मायया भवस्युत्तरो मत् ।।

यजु २३. ५१, ५२

प्रश्न—किनके अन्दर पुरुष प्रविष्ट है? कौन सी वस्तुएं पुरुष के अन्दर अर्पित हैं? हे ब्रह्मन्, यह हम आपसे प्रश्न करते है, आप हमे उत्तर क्यो नही देते?

उत्तर—पाच के अन्दर पुरुष प्रविष्ट है, वे पांचो पुरुष के अन्दर अर्पित हैं। यह मैं आपको उत्तर देता हूँ। आप बुद्धि मे मुझसे बढ नही सकते।

पुरुष आत्मा है, वह प्राणो के अन्दर प्रविष्ट है, पच प्राण उसके अन्दर अर्पित है। एवं दोनो अन्योन्याश्रित है। अथवा वह आत्मा पृथिव्यादि पच भूतो मे या पांचभौतिक शरीर मे प्रविष्ट है तथा वे पच भूत आत्मा के आश्रित है। अथवा पुरुष परमात्मा है, वह पचभूतो में या पंच तन्मात्राओ मे व्याप्त है तथा वे उसके अधीन हैं।[२०]

सबसे विशाल पक्षी कौन?

का स्विदासीत् पूर्वचित्तिः किं स्विदासीद् बृहद् वयः।
का स्विदासीत् पिलिप्पिला का स्विदासीत् पिशंगिला ।।

१९. विष्णुः = वेवेष्टि व्याप्नोति चराचर जगत् स परमेश्वरः। दयानन्द, ऋग् १.२२.१६ भाष्य।

२०. "पुरुषः आत्मा पञ्चसु प्राणेषु अन्तः यद्वा पञ्चसु भूतेषु भूम्यादिषु" महीधर। तुलनीयः मु० ३.१.६ । "पञ्चसु भूतेषु तन्मात्रासु वा अन्तः पुरुषः पूर्णः परमात्मा आविवेश स्वव्याप्त्या आविष्टोऽस्ति," दयानन्द।

द्यौरासीत् पूर्वचित्तिरश्व आसीद् बृहद् वयः ।
अविरासीत् पिलिप्पिला रात्रिरासीत् पिशंगिला ।।

यजु २३. ५३, ५४

प्रश्न—सबसे पहली ज्ञातव्य वस्तु (पूर्वचित्ति) क्या थी ? सबसे विशाल पक्षी (बृहद् वयः) कौन था ? पिलपिली वस्तु (पिलिप्पिला) क्या थी ? रूप को निगलने वाली वस्तु (पिशंगिला) कौन सी थी ?[२१]

उत्तर—द्यौ सबसे ज्ञातव्य वस्तु थी। अश्व विशाल पक्षी था। अवि पिल-पिली वस्तु थी। रात्रि रूप को निगलने वाली वस्तु थी।

द्यौ आकाश है। सृष्ट्युत्पत्तिकाल में सर्वप्रथम आकाश ही उत्पन्न होता है,[२२] अत वही सबसे पहली ज्ञातव्य वस्तु या पूर्वचित्ति था। अश्व आदित्य है,[२३] वही विशाल पक्षी[२४] है। उसे पक्षी इस कारण कहा, क्योकि वह अपने रश्मि रूपी पंखो को फैला कर पक्षी के समान आकाश में उड़ता है। और उसकी विशालता का क्या कहना! खगोलवेत्ता बताते हैं कि उसमे लगभग साढ़े बारह लाख पृथिविया समा सकती हैं। अवि पिलपिली वस्तु थी। अवि यहा पृथिवी है[२५]। पृथिवी सूर्य से टूट कर बनी है। प्रारभ मे वह गैस रूप थी, फिर द्रव रूप में आयी, शनैः शनै. ठण्डी होकर ठोस रूप को धारण करने लगी। उस समय पहले वह पिलपिली ही थी। ज्यो ज्यो अधिक ठंडी पडती गई त्यो-त्यों उसका पृष्ठ दृढ़ होता गया[२६]। रात्रि पिशंगिला है, यत वह दिन मे दीखने वाले वस्तुओं के रूप को अपने अधकार मे निगल लेती है।

---

२१. पूर्वं चित्यते ज्ञायते इति पूर्वचित्ति (चिती संज्ञाने)। पिश रूप गिलति निगिरति इति पिशंगिला (पिश = रूप, निरु० ८ ११, गॄ निगरणे)।

२२. तस्माद्वा एतस्मादात्मन आकाश सम्भूतः। तै०उ० २.१

२३. असौ वा आदित्योऽश्वः तै० ३.६.२३.२। ऋग् ७.७७.३ भी द्रष्टव्य।

२४. द्रष्टव्यः अथर्व १३ २.३३ जहां आदित्य को चमकता हुआ विशाल पक्षी (ज्योतिष्मान् पक्षी महिष.) कहा गया है। इसी प्रकरण में इसे पतङ्ग (मन्त्र ३०) सुपर्ण (मन्त्र ३२, ३६, ३७) तथा हंस (मन्त्र ३८) इन पक्षीवाची नामों से भी स्मरण किया है। अन्यत्र इसे श्येन (बाज पक्षी) भी कहा गया है—आ सूर्यो यातु सप्ताश्वः रघुः····श्येनः, ऋग् ५.४५.६।

२५. 'अवतीत्यविः पृथिवी'-महीधर। 'अविः रक्षणादिकर्त्री' पृथिवी-दयानन्द।

२६. तुलनीय. 'यः पृथिवीं व्यथमानामदृंहद्' (जिस इन्द्र ने पिलपिली पृथिवी को दृढ़ किया), ऋग् २.१२. २।

अथवा द्यौ सूर्य है[27] वही हमारी सौर जगत् की भौतिक वस्तुओं में सर्वप्रथम ज्ञातव्य तथा चेतनाप्रदायक होने से पूर्वचित्ति है। पर्जन्य या अग्निरूप अश्व ही विशाल पक्षी है क्योंकि पर्जन्य वायुरूप पखों से तथा अग्नि ज्वाला रूप पखों से उड्डयन करता है। अवि अर्थात् प्रकृति[28] ही पिलपिली या चिकनी वस्तु है। प्रलयरूप रात्रि ही सब पदार्थों के रूप को निगलने वाली है।

अध्यात्म मे आत्मारूपी द्यौ ही पूर्वचित्ति या सर्वश्रेष्ठ ज्ञातव्य वस्तु है। प्राणरूप अश्व ही विशाल पक्षी है। प्राण को पक्षीवाची शब्द हंस नाम से कहा भी गया है। तनूरूपिणी अवि ही पिलिप्पिला या मांसल वस्तु है। मृत्युरूप रात्रि ही पिशङ्गिला या रूप को निगलने वाली है।

राजनीतिक क्षेत्र मे राजसभा रूपिणी द्यौ पूर्वचित्ति है। राजारूप अश्व विशाल पक्षी है क्योंकि वह राष्ट्र को अपने साथ लिए हुए उन्नति के ऊर्ध्वाकाश मे उडता है। राष्ट्रभूमि पिलिप्पिला अर्थात् ऐश्वर्य रसों से समृद्ध या पिलपिली है। राजा की दण्डशक्ति ही रात्रि या पिशङ्गिला है क्योंकि वह दुष्टरूपता को निगल लेती है।

उव्वट तथा महीधर ने द्यौ वृष्टि को माना है तथा प्राणियों द्वारा पूर्व चिन्तन की जाने के कारण उसे पूर्वचित्ति कहा है। अश्व से अश्वमेध अर्थ लिया है। पक्षी के तुल्य इस अश्वमेध से यजमान स्वर्गलोक को आरोहण करता है अतः यह विशाल पक्षी हुआ। भूमि को पिलपिली इस कारण कहा है क्योंकि वह वर्षा से पिलपिली हो जाती है। रात्रि शब्द से रात्रि ही गृहीत की गई है तथा सब रूपों को निगल लेने के कारण उसे पिशङ्गिला कहा है।[34]

---

२७ दिवं द्योतमानस्य आदित्यस्य द्युलोकस्य वा—सायण ऋग १ ९६ ५ भाष्य।

२८ अश्व=पर्जन्य ऋग ५ ८३ ६। अश्व=अग्नि ऋग १० १८८ १। 'अश्व' योऽश्नुते मार्गम् सोऽग्नि —दयानन्द।

२९ अवि रक्षिका प्रकृति —दयानन्द। 'अविर्वै नाम देवता-ऋतेनास्ते परीवृता। तस्या रूपेणेमे वृक्षा हरिता हरितस्रज'। अथर्व १०. ८ ३१

३० रात्रि रात्रिवद् वर्तमान प्रलय —दयानन्द। मनुस्मृति मे सृष्टि को ब्राह्म दिन तथा प्रलय को ब्राह्म रात्रि कहा है। मनु १ ७३

३१ एकं पाद नोत्खिदति सलिलाद्धंस उच्चरन्। अथर्व ११ ४ २१

३२ राजसभा के लिए द्रष्टव्य ऋग ६ ९२ ६ १० ९७ ६, अथर्व १ [illegible] ३ [illegible] १३ ३ १४, ६ [illegible]

३३ राजा महत् है—क्षत्र वा अश्व—शत० १३ २ ११ १५

३४ उव्वटीय शत० १३ ३ ६ १४–१७ द्यौर्वै वृष्टि पूर्वचित्ति . अश्वो वै बृहद् वय . श्रीर्वै पिलिप्पिला—अहोरात्रे वै पिशङ्गिले।

पिशंगिला और कुरुपिशंगिला क्या हैं ?

का ईमरे पिशंगिला का ईं कुरुपिशंगिला ।
क ईमास्कन्दमर्षति क ईं पन्थां विसर्पति ॥

अजारे पिशंगिला श्वावित् कुरुपिशंगिला ।
शश आस्कन्दमर्षत्यहिः पन्थां विसर्पति ॥ यजु २३. ५५, ५६

प्रश्न--पिशंगिला क्या है ? कुरुपिशंगिला क्या है ? उछल-उछल कर कौन चलता है ? कौन रास्ते पर तेजी से सरकता है ?

उत्तर--अजा पिशंगिला है। श्वावित् कुरुपिशंगिला है। शश उछल-उछल कर चलता है। अहि रास्ते पर तेजी से सरकता है।

यहां अजा, श्वावित् आदि शब्दों के निम्न प्रकार विभिन्न अर्थ हो सकते हैं।

बकरी पिशंगिला है, क्योंकि वह वृक्ष-वल्लरियों के अवयवभूत पत्तों को (पिश अवयवे) खा जाती है। सेही कुरुपिशंगिला है, क्योंकि वह कुर-कुर शब्द करती हुई कन्द-मूल आदि अवयवों को निगलती है, अथवा कृत कृष्यादि के अवयवों को खा जाती है।[३५] खरगोश उछल-उछल कर चलता है। सर्प रास्ते पर तेजी से सरकता है।

अथवा अजन्मा या नित्य होने से अजा प्रकृति है। वही पिशंगिला है, क्योंकि अपने अन्दर से प्रादुर्भूत जगत् के रूपों या अवयवों को प्रलयकाल में अपने उदर में निगल लेती है। काम-क्रोधादि श्वानों को पकड़ने के कारण जीव-शक्ति श्वावित् है। वही कुरुपिशंगिला है, यतः कृत कर्मों के फलों को भोगती है। उछल-उछल कर श्वासोच्छ्‌वास करने के कारण प्राण शश है (शश प्लुतगतौ)। मन अहि है, वह विभिन्न मार्गों पर तेजी से सर्पण करता है।[३६]

अथवा प्रवाह रूप से नित्य होने के कारण रात्रि अजा है, वह अपने अन्धकार में सब पदार्थों के रूपों को निगरण करने से पिशंगिला है। विद्युत्

---

३५. 'कुरु इति शब्दमनुकुर्वाणा पिशान् मूलाद्यवयवान् गिलति पिशगिला'-महीधर। 'कुरोः कृतस्य कृष्यादेः पिशानि अङ्गानि गिलति सा', दयानन्द।

३६. अजा जन्मरहिता ''' प्रकृतिः। 'अजा प्रकृतिः सर्वकार्यप्रलयाधिकारिणी कार्यकारणाख्या स्वकार्यं स्वस्मिन् प्रलाययति,' दयानन्द। श्वेता. ४. ५ भी द्रष्टव्य। जीवशक्ति-पक्ष में कुरुपिशंगिला का निर्वचन यह होगा--'कुरूणां कृतकर्मणां पिशानि फलानि गिलति भुङ्क्ते इति कुरुपिशंगिला जीवात्मशक्तिः।'

कुरुपिशंगिला है, यतः कड़-कड शब्द करती हुई भूमि पर गिरकर वृक्षादिकों के अवयवों को निगल जाती है। वायु शश है, जो उछल-उछल कर चलता है। अहि मेघ है, वह आकाशमार्ग में त्वरित गति से सर्पण करता है।[३७]

नक्षत्रो की दृष्टि से विचार करें तो मेषराशि अजा, सिंहराशि श्वावित्, शशक नक्षत्रपुंज शश तथा कालिय नाग नामक नक्षत्रपुंज अहि है। मेषी या बकरी की आकृति बनाने वाली मेषराशि आकाश मे पत्तो को चरती प्रतीत होने से अजा है। नक्षत्रो में सिंह राशि के सामने ही एक सारमेय या श्वा (Canis Minor) है, सिंह जिसका पीछा करता हुआ प्रतीत होता है। अतः वह श्वावित् है। शशक नक्षत्रपुंज पूर्व से पश्चिम की ओर उछल-उछल कर चल रहा है, अतः वह शश है। उत्तराकाश मे कालिय नामक नक्षत्रपुंज इधर-उधर सर्प के समान सर्पण करने से अहि है।

यज्ञ के स्थितिस्थान, अक्षर आदि कितने हैं ?

कत्यस्य विष्ठाः कत्यक्षराणि, कति होमासः कतिधा समिद्धः।
यज्ञस्य त्वा विदथा पृच्छमत्र, कति होतार ऋतुशो यजन्ति॥
षडस्य विष्ठाः शतमक्षराणि, अशीतिर्होमाः समिधो ह तिस्रः।
यज्ञस्य ते विदथा प्रब्रवीमि, सप्त होतार ऋतुशो यजन्ति॥

यजु. २३. ५७, ५८

प्रश्न—यज्ञसम्बन्धी ज्ञान के विषय में मैं तुझसे पूछता हूं। बता, इस यज्ञ के विशेष स्थितिस्थान (विष्ठा.) कितने है, कितने अक्षर हैं, कितने होम हैं, कितनी समिधाओ से यह समिद्ध होता है, कितने होता ऋतु-ऋतु में यजन करते हैं ?

उत्तर—यज्ञ सम्बन्धी ज्ञान के विषय मे मैं तुझे उत्तर देता हू। सुन, इस यज्ञ के ६ विशेष स्थितिस्थान हैं, १०० अक्षर हैं, ८० होम है, ३ समिधायें हैं, ७ होता ऋतु-ऋतु मे यजन करते है।

उवट तथा महीधर के अनुसार इन सख्याओ की व्याख्या निम्न प्रकार है। षड्रस अन्न ही ६ विशेष स्थितिस्थान है। १०० अक्षर हैं, क्योंकि छन्दो के गायत्री वर्ग के साथ विपरीत क्रम से अतिजगत्यादि छन्दो को मिलाने से एक-एक छन्दोयुगल में सौ-सौ अक्षर ही बनते हैं। यथा—

---

३७. 'अजा नित्या माया रात्रिर्वा...माया विश्वं ग्रसते, रात्रावपि रूपाणि न प्रतीयन्ते तमसा', महीधर। 'शश. पशुविशेष इव वायुः। अहिः मेघः', दयानन्द।

गायत्री + अतिधृति	२४ + ७६ = १००
उष्णिक् + धृति	२८ + ७२ = १००
अनुष्टुप् + अत्यष्टि	३२ + ६८ + १००
बृहती + अष्टि	३६ + ६४ + १००
पक्ति + अतिशक्वरी	४० + ६० + १००
त्रिष्टुप् + शक्वरी	४४ + ५६ = १००
जगती + अतिजगती	४८ + ५२ = १००

अश्वमेध मे २१ यूप रहते हैं जिनमे से अग्निष्ठ मध्यम यूप मे अश्व तूपर तथा गोमृग को नियुक्त किया जाता है। उसे निकाल दे तो शेष २० यूपो मे प्रत्येक मे १६–१६ पशु नियुक्त होते हैं जो कुल मिलाकर २० × १६ = ३२० हुए। एव २० यूपो मे पशुओ की चार अशीतिया हुई। इस अभिप्राय से ८० होम कहे गय है। इक्कीसवे अग्निष्ठ यूप मे नियुक्त अश्व, तूपर (शृ गरहित छाग) तथा गोमृग (गवय) ये ही यज्ञ की तीन समिधाए हैं। वषट्कर्ता सात ऋत्विज् ही सात होता हैं। यह अश्वमेधीय कमकाण्ड पद्धति का अनुसरण करने वाली व्याख्या हुई।

दूसरी जीवन यात्रापरक सुन्दर व्याख्या हा सकती है। मनुष्य का जीवन एक यज्ञ है[३८]। छह ऋतुए ही इस यज्ञ के ६ स्थितिस्थान या पडाव है। यात्रा के प्रत्येक वष मे ६ ६ पडाव करने होते है। जीवन के १०० वष ही सौ अक्षर या ॐकार पाठ है। अन्त के ८० वर्ष होम है, क्योंकि प्रारम्भ के २० वर्ष तो अपने आपको परिपक्व करने के होते हैं, वे होम के नही, किन्तु होम की तैयारी के होते है। छ या आठ वर्ष का बालक आचार्य के समीप विद्याध्ययन के लिए आता है, चौदह या बारह वर्ष अध्ययन कर २० वर्ष का स्नातक बन जाता हैं। उसके पश्चात् वह सामाजिक हित के कार्यो मे अपना होम करने लगता है। एव १०० वर्ष की पूर्णायु हो तो ८० वर्ष होम के हुए। शरीर मन एव प्राण तीन समिधाए हैं जिनसे यज्ञ प्रदीप्त होता हैं। पाच ज्ञानेन्द्रिया मन और बुद्धि ये सात इस यज्ञ के होता है[३९]। एवं यह शतसवत्सर यज्ञ चलता है।

---

३८ द्रष्टव्य 'पुरुषो वाव यज्ञ' आदि प्रकरण। छा उ' ३' १६' ८'

३९ तुलनीय पुरुषो वै यज्ञ तस्य मन एव ब्रह्मा, प्राण उद्गाता, अपान प्रस्तोता व्यान प्रतिहर्ता, वाग् होता, चक्षु अध्वर्यु, प्रजापति सदस्य, अगानि होत्राशसिन, आत्मा यजमान। गो ब्रा, उ० ५ ४

इस भुवन की नाभि आदि कौन जानता है?

को अस्य वेद भुवनस्य नाभिं को द्यावापृथिवी अन्तरिक्षम् ।
कः सूर्यस्य वेद बृहतो जनित्रं को वेद चन्द्रमसं यतोजाः ।।
वेदाहमस्य भुवनस्य नाभिं वेद द्यावापृथिवी अन्तरिक्षम् ।
वेद सूर्यस्य बृहतो जनित्रमथो वेद चन्द्रमसं यतोजाः ।।

यजु २३. ५९,६०

प्रश्न–कौन इस भुवन की नाभि को जानता है ? कौन द्यावापृथिवी तथा अन्तरिक्ष को जानता है ? कौन महान् सूर्य की उत्पत्ति को जानता है ? कौन चन्द्रमा के विषय मे जानता है कि कहा से वह उत्पन्न होता है ?

उत्तर–मैं इस भुवन की नाभि को जानता हूँ, द्यावापृथिवी तथा अन्तरिक्ष को जानता हूं, महान् सूर्य की उत्पत्ति को जानता हू, और यह भी जानता हू कि चन्द्रमा कहा से उत्पन्न होता है ।

प्रश्नकर्ता ने पूछा था, 'कौन जानता है' । उसी के अनुरूप उत्तर दिया गया है । उत्तर देने वाला आत्मविश्वास के साथ कहता है, मैं जानता हू, मैंने सब अध्ययन किया हुआ है । अहम् से अभिप्राय ज्ञानी आत्मा या परमात्मा भी हो सकता है । पहला प्रश्न इस भुवन की नाभि के सम्बन्ध में है । वेदों मे इस भुवन (पृथिवी) की नाभि सूर्य कही गयी है[४०] । इस भुवन से अभिप्राय शरीर ले तो इसकी नाभि प्राण है, क्योकि प्राण से ही शरीर के अंग-प्रत्यंग बधे रहते है (नह बन्धने) । फिर द्यावापृथिवी तथा अन्तरिक्षविषयक प्रश्न है, जिसमे अधिदैवत, अधिभूत, अध्यात्म आदि दृष्टियों से ये क्या है, इनमे परस्पर क्या सम्बन्ध है इत्यादि ज्ञान आ जाता है । अधिदैवत मे सूर्य से अधिष्ठित ऊर्ध्वलोक द्यौ है, अग्नि से अधिष्ठित भूलोक पृथिवी है और वायु या इन्द्र से अधिष्ठित मध्यलोक अन्तरिक्ष है[४१] । अधिभूत मे पति-पत्नी[४२] क्रमश द्यावापृथिवी है तथा सन्तान उनके मध्य का अन्तरिक्ष है । अध्यात्म में अन्नमय कोश पृथिवी, मनोमय कोश द्यौ तथा मध्यवर्ती प्राणमय कोश अन्तरिक्ष है[४३] । ये तीनो लोक परस्पर एक सूत्र मे ओतप्रोत रहते है । फिर महान्

---

४०. वैश्वानर नाभिरसि क्षितीनाम् । ऋग् १.५९ २

४१ निरु० ७. ५

४२. अथर्व १४. २. ७१

४३. आर्षोऽयं त्रैलोक्यविभाग: भूमिरन्तरिक्ष द्यौरिति । इद च बाह्य भुवनत्रय तत्सदृशस्य आन्तरस्य त्रिकस्य संकेतभूतम् अवगन्तव्यम् । तत्र भूरित्ययं लोक: भौतिक इन्द्रियार्थ: अन्नमयाख्यस्थूलजाग्रत्प्रज्ञाविशेषभूमे. सकेतो

सूर्य तथा चन्द्रमा की उत्पत्ति का प्रश्न है। वेद में महान् सूर्य की उत्पत्ति अदिति से बतायी गयी है[४४]। यह अदिति वह विशाल नीहारिका होगी जिससे सूर्य का जन्म हुआ। सूर्य को द्यौ का पुत्र[४५] भी कहा है। समुद्र से भी इसका जन्म बताया गया है[४६]। पुरुषसूक्त में इसका जन्म विराट् पुरुष के नेत्रों[४७] से बताया गया है। वही चन्द्रमा की उत्पत्ति उस पुरुष के मन से बतायी है[४८]। चन्द्रमा सूर्य या पृथिवी का पुत्र भी[४९] है। चन्द्रमा की उत्पत्ति के प्रश्न से यदि उसके नित्य नवीन रूप मे उदित होने का अभिप्राय लिया जाए तो इसका उत्तर है कि सूर्य के प्रकाश से प्रकाशित[५०] हो यह प्रतिदिन नया-नया जन्म लेता है, क्योंकि जितने भाग पर सूर्य का प्रकाश पडता है उतना भाग ही हमे प्रकाशित दीखता है। चन्द्र पर पड़ने वाले इस सूर्यप्रकाश को वेद मे सुषुम्ण रश्मि[५१] कहा है।

पृथ्वी का सबसे अन्तिम छोर कौन सा है ?

> **पृच्छामि त्वा परमन्तं पृथिव्याः पृच्छामि यत्र भुवनस्य नाभिः ।**
> **पृच्छामि त्वा वृष्णो अश्वस्य रेतः पृच्छामि वाच. परमं व्योम ॥**
> **इयं वेदिः परो अन्तः पृथिव्या अयं यज्ञो भुवनस्य नाभिः ।**
> **अयं सोमो वृष्णो अश्वस्य रेतो ब्रह्मायं वाचः परमं व्योम ॥**
> यजु. २३. ६२, ६३

भवति। बहिर्भुवनानपेक्षस्य स्वतन्त्रतयावस्थितस्य शुद्धमनस्तत्त्वप्रधानस्य प्रज्ञाविशेषस्य द्यौः सकेतो भवति। उभयोर्द्यावापृथिव्योर्मध्यवर्ती उभयोरन्नमयमनोमयप्रज्ञाविशेषयो सन्धिभूत· प्राण. प्रज्ञागर्भितशक्तिविशेष. भुव इत्यन्तरिक्षेण सकेतितो भवति। कपाली शास्त्री, ऋग्वेदसहिता, सिद्धाञ्जनभाष्य, १म भाग, १९५०, पृ० २६, २७।

४४. ऋग् १०. ७२ ८

४५. दिवस्पुत्राय सूर्याय शंसत। ऋग् १०. ३७. १

४६. समुद्रादूर्मिमधुमाँ उदारत् (ऋग् ४. ५८ १) इत्यादित्यमुक्त मन्यन्ते। 'समुद्राद्ध्येषो ऽद्भ्य उदेति' इति च ब्राह्मणम्। निरु० ७.१७

४७. चक्षोः सूर्यो अजायत। ऋग् १०. ९०. १३

४८. चन्द्रमा मनसो जात । वही

४९. ऋग् ९. ९. ३

५०. अधित्विषीरधित सूर्यस्य। ऋग् ९. ७१. ९, स सूर्यस्य रश्मिभि. परिव्यत। ऋग् ९. ८६. ३२

५१. सुषुम्णः सूर्यरश्मिश्चन्द्रमा गन्धर्व.। यजु १८. ४० । निरु २. ६. भी द्रष्टव्य।

प्रश्न–मैं तुझसे पृथ्वी का परम अन्त पूछता हूं। मै यह पूछता हूं कि भुवन की नाभि कहा है। मैं तुझसे पूछता हूं कि वृषा अश्व का रेतस् क्या है, और यह पूछता हूं कि वाणी का परम व्योम क्या है।

उत्तर–यह वेदि पृथ्वी का परम अन्त है, यह यज्ञ भुवन की नाभि है। यह सोम वृषा अश्व का रेतस् है, यह ब्रह्मा वाणी का परम व्योम है।

क्या तुम पृथिवी को पार कर स्वर्गलोक को पहुँचना चाहते हो, इस लिए पूछ रहे हो कि पृथिवी का अन्त कहा है? चलते चले जाओ, कही भी पृथिवी का छोर नही मिलेगा, क्योकि वह गोलाकार है। वस्तुतः यह वेदि ही पृथिवी-लोक को पार कर मोक्षधाम पहुचने का परम साधन है। तुम पूछते हो भुवन की नाभि या केन्द्र कहा है? यह यज्ञ ही भुवन की नाभि या केन्द्र है। यदि यज्ञ की भावना इस भुवन मे निकल जाये तो सब अस्तव्यस्त हो जाये, असन्तुलित हो जाये। यज्ञरूप केन्द्र के बिन्दु के चारो ओर ही सारा ब्रह्माण्ड घूम रहा है। सूर्य, चन्द्र, सितारे, ऋतु, संवत्सर, बडे-बडे राष्ट्र आदि सब यज्ञ-भावना से ही चल रहे हैं। तुम पूछते हो वृषा अश्व का, वर्षक पर्जन्य का[५२] रेतस् या सार क्या है? ओषधियों का राजा सोम ही उसका रेतस् या सार है। पर्जन्य ने बरस कर भूमि पर जो सर्वोत्कृष्ट सार-वस्तु उत्पन्न की है वह सोम ही है, जिसका यज्ञ मे व्यवहार होता है। फिर तुम पूछते हो वेद-वाणी का परम व्योम क्या है? नि.सन्देह वेदवाणिया विविध विषयो का प्रतिपादन करती हैं, पर उनका परम व्योम, चरम प्रतिपाद्य विषय तो ब्रह्म ही है[५३]।

सामवेद के प्रश्नोत्तर

सामवेद मे विशेष प्रश्नोत्तर नहीं पाये जाते। तो भी ऐन्द्र पर्व के एक सुन्दर प्रश्नोत्तर का उल्लेख यहाँ किया जाता है।

बहुत सी गर्दनों वाला युवा ऋषभ कहां है?

क्व ३स्य वृषभो युवा तुविग्रीवो अनानतः।
ब्रह्मा कस्तं सपर्यति।। साम पू० २. ३. ७

प्रश्न–वह बहुत सी ग्रीवाओ वाला, किसी के आगे न झुकने वाला युवा वृषभ कहां है? और कौन ज्ञानी उसकी पूजा करता है?

---

५२. वृषा अश्व=पर्जन्य। ऋग् ५. ८३. ६

५३. तुलनीय ऋचो अक्षरे परमे व्योमन् यस्मिन् देवा अधि विश्वे निषेदु.।
यस्तन्न वेद किमृचा करिष्यति य इत् तद् विदुस्त इमे समासते।।
ऋग् १. १६४.३९

यह मन्त्र पहेली भी है और प्रश्नोत्तर भी। यह वृषभ इन्द्र है। यहाँ दो प्रश्न किये हैं। इन्द्र चर्मचक्षुओं से दिखाई नही देता, अतएव कई यह कहते है कि इन्द्र है ही नहीं[५४], परन्तु आस्तिक लोग निश्चित रूप से उसकी सत्ता बताते है कि वह सुखादि की वर्षा करने वाला (वृषभ) है, नित्य तरुण (युवा) है, बहुत सी ग्रीवाओ वाला अर्थात् बहूपदेष्टा (तुविग्रीव) है, और किसी से पराजित न होने वाला (अनानत) है। उसके विषय मे प्रश्न उठाया है कि यदि वह है तो बताओ कहा है ? दूसरा प्रश्न यह किया है कि यदि वह है भी तो जो निराकार है, नेत्रो से दीखता नहीं, जिसका त्वचा से स्पर्श नही होता, जो श्रोत्र से सुनाई नही देता, रसना से जिसका स्वाद नही लिया जा सकता, नासिका से जिसे सू घा नही जा सकता, ऐसे देव की पूजा भला कौन कर सकता है ? दोनो प्रश्नो का एक साथ ही श्लिष्ट वाणी मे उत्तर दिया गया है।

उपह्वरे गिरीणां सगमे च नवीनाम् ।
धिया विप्रो अजायत ॥ साम पु० २ ३. ८

उत्तर–पर्वतो के एकान्त प्रदेश मे तथा नदियो के सगम पर वह रहता है, अर्थात् उसकी अनुभूति करने के लिए ऐसे शान्त, पवित्र वातावरण की आवश्यकता हैं। साथ ही ध्यान द्वारा जो ज्ञानी हो गया है वही उसकी पूजा करने योग्य होता है।

अथर्ववेद के प्रश्नोत्तर

अब हम अथर्ववेद के प्रश्नोत्तरों पर दृष्टिनिक्षेप करते हैं, जो पर्याप्त रोचक तथा ज्ञानवर्धक है।

गौ, एकऋषि, धाम, आशीष आदि क्या हैं ?

को नु गौः क एकऋषिः किमु धाम का आशिषः ।
यक्षं पृथिव्यामेकवृदेकर्तुः कतमो नु सः ॥
एको गौरेक एकऋषिरेकं धामैकधाशिषः ।
यक्षं पृथिव्यामेकवृदेकर्तुर्नातिरिच्यते ॥ अथर्व ८. ९. २५, २६

प्रश्न–गौ कौन है ? एक-ऋषि कौन है ? धाम क्या है ? आशीर्वाद कौन से हैं ? पृथिवी पर जो एक ही यक्ष है, वह कौन सा है ? एक ऋतु कौन सी है ?

---

५४. नेन्द्रो अस्तीति नेम उ त्व आह क ईं ददर्श कमभिष्टवाम ।
ऋग् ८. १००. ३

उत्तर–एक ही गौ है, एक ही एक-ऋषि है, एक ही धाम है, एक ही प्रकार के आशीर्वाद होते हैं। यक्ष पृथिवी पर एक ही है। एक ही ऋतु है, अधिक नहीं।

प्रश्न यह था कि गौ कौन है, एकऋषि कौन है आदि। तदनुसार उत्तर मे नामोल्लेख होना चाहिये था कि अमुक गौ है, अमुक एकऋषि है। परन्तु स्पष्ट निर्देश न कर वेद उत्तर में केवल इतना सकेत करता है कि गौ, एकऋषि आदि एक-एक ही है। शेष उत्तर की पूर्ति वेद प्रश्नकर्ता जिज्ञासु पर ही छोड देता है कि वह अपनी बुद्धि को प्रेरित करे और निश्चित उत्तर तक पहुचे। एक सूत्र यहा पकडा दिया गया, अन्य सूत्र वेद मे ही इतस्तत मिल जाते है। उन्हे गृहीत कर निश्चित परिणाम पर पहुँच जाना कठिन नही है। वेद की यह शिक्षण-शैली कई स्थानो पर मिलती है तथा शिक्षामनोविज्ञान की दृष्टि से विशेष ध्यान देने योग्य है। यहाँ गो शब्द पुल्लिङ्ग व्यवहृत हुआ है। यह एक गौ अर्थात् बैल सूर्य है[५५]। यद्यपि इस सौर जगत् में अन्य भी गो या वृषभ है, यथा पर्जन्य, अग्नि, बैल पशु आदि, तथापि सर्वप्रमुख वृषभ सूर्य ही है। अध्यात्म मे यह वृषभ प्राण होगा, जो शरीररूपी शकट को खींचता है[५६]। एकऋषि शरीर मे आत्मा एव ब्रह्माण्ड मे परमात्मा है। ऋषि का अर्थ द्रष्टा[५७] होता है। शरीर मे मन, चक्षु, श्रोत्र आदि, राष्ट्र मे राजा, अमात्य आदि, ब्रह्माण्ड मे सूर्य, चन्द्र, नक्षत्रादि भी यद्यपि ऋषि हैं, किन्तु परम ऋषि आत्मा या परमात्मा ही है। एक धाम मोक्षधाम है, जो अन्य अनेको लौकिक धामो मे श्रेष्ठ है। आशीर्वाद भी एक ही होता है, वह है स्वस्ति[५८] का आशीर्वाद। यद्यपि दीर्घायु होने, सौभाग्यवान् होने, तेजस्वी होने, ऐश्वर्यशाली होने आदि के अनन्त आशीर्वाद हो सकते है, परन्तु उन सबमे स्वस्ति अन्तर्निहित होता है। यक्ष (पूजनीय) भी पृथिवी पर एक ही है, वह है परमेश्वर। यद्यपि माता, पिता, अतिथि, गुरुजन आदि अनेक पूजनीय हैं, तो भी वह पूजनीयो का

---

५५. गौः आदित्यो भवति। निरु २. १४

५६. प्राणो हि गौः। शत. ४ ३ ४. २५
अनड्वान् प्राण उच्यते। अथर्व ११ ४. १३

५७ ऋषिर्दर्शनात्। निरु २ ११

५८. स्वस्ति गोभ्यो जगते पुरुषेभ्यः अथर्व १ ३१. ४। स्वयन्तु यजमाना स्वस्ति, वही ४. १४ ५। स्वस्ति न इन्द्रो मघवान् कृणोतु, वही ७ ९१ १। कृणोमि ते प्राणापानौ जरा मृत्यु दीर्घमायुः स्वस्ति, वही ८.२.११।

भी पूजनीय एव परम यक्ष है[५९] । फिर, एक ही ऋतु है, अधिक नहीं। यह ऋतु संवत्सर है । यद्यपि वेद के अनुसार ऋतुओं की संख्या वर्गीकरणों के भेद से बारह, सात, छ., पाच, चार, तीन, दो एक और अहोरात्रों की दृष्टि से ३६० या ७२० होती है, तो भी सवत्सररूप एक ऋतु ही प्रधान है[६०] । ऐसी सौ ऋतुओ से मनुष्यो का शतसवत्सर जीवन-यज्ञ बनता है[६१] ।

अथर्ववेद के केनसूक्त (१०.२) में भी कुछ प्रश्नोत्तर मिलते हैं ।

किसकी कृपा से श्रोत्रिय आदि मिलते हैं ?

केन श्रोत्रियमाप्नोति केनेमं परमेष्ठिनम्
केनेममग्निं पूरुषः केन संवत्सरं ममे ॥
ब्रह्म श्रोत्रियमाप्नोति ब्रह्मेमं परमेष्ठिनम् ।
ब्रह्मेममग्निं पूरुषो ब्रह्म संवत्सरं ममे ॥ अथर्व १० २. २०, २१

प्रश्न - किसकी कृपा से पुरुष श्रोत्रिय गुरु को प्राप्त करता है, किसकी कृपा से परमेष्ठी को प्राप्त करता है, किसकी कृपा से अग्नि को प्राप्त करता है, किसकी कृपा से सवत्सर को मापने मे समर्थ होता है ?

उत्तर - ब्रह्म की कृपा से[६२] पुरुष श्रोत्रिय गुरु को प्राप्त करता है, ब्रह्म की कृपा से अग्नि को प्राप्त करता है और ब्रह्म की ही कृपा से सवत्सर को मापने मे समर्थ होता है ।

अज्ञान तथा मोह के अन्धकार से पार कर दिव्य ज्ञान एवं विवेक के प्रकाश में पहुँचा देने वाले, मुक्तिमार्ग के प्रदर्शक श्रोत्रिय गुरु विरलो को ही मिल पाते हैं। जिन पर परब्रह्म की कृपा होती है, वे ही ऐसे परम निष्णात गुरु को प्राप्त करते हैं । जगत्प्रपच से मन को विमुख कर अन्तर्मुख हो परमेष्ठी आत्मा का दर्शन करने वाले भी ससार मे वे ही होते है, जिन पर परब्रह्म कृपा करते हैं। कठोपनिषद् के नचिकेता के समान अग्नि-विद्या या यज्ञ के रहस्य को हृदयगम भी वे ही करते हैं जिन पर परब्रह्म की कृपादृष्टि होती है ।

---

५९. महद् यक्षं भुवनस्य मध्ये तपसि क्रान्त सलिलस्य पृष्ठे। अथर्व १०.७.३८

६०. द्रष्टव्य: निरु ४. २७ । ऋषभो वा एष ऋतूनां यद् संवत्सरः । तै. ब्रा. ३. ८. ३. ३

६१. द्रष्टव्य: सातवलेकरकृत अथर्ववेदभाष्य मे इस प्रश्नोत्तर की व्याख्या ।

६२ ब्रह्म=ब्रह्मणा । सुपां सुलुग् पा० ७ १. ३९ से तृतीया विभक्ति का लुक् होकर यह रूप बना है ।

इसी प्रकार एक-एक संवत्सर को मापते हुए जीवन के शत-संवत्सर-यज्ञ को सकुशल पार करने वाले भी ब्रह्म-कृपा-प्राप्त पुरुष ही होते हैं[६३]।

किससे देवों में वास योग्य होता है ?

केन देवाँ अनु क्षियति केन दैवजनीर्विशः ।
केनेदमन्यन्नक्षत्रं केन सत् क्षत्रमुच्यते ।।
ब्रह्म देवाँ अनु क्षियति ब्रह्म दैवजनीर्विशः ।
ब्रह्मेदमन्यन्नक्षत्रं ब्रह्म सत् क्षत्रमुच्यते ।। अथर्व १० २. २२, २३

प्रश्न - किससे मनुष्य देवो में वास करने योग्य होता है, किससे दैवजनी प्रजाओ मे वास करने योग्य होता है ? किससे ये अन्य (क्षत्रियभिन्न) मनुष्य 'नक्षत्र' कहाते हैं ?

उत्तर - ब्रह्म ही है जिसकी कृपा से मनुष्य देवो (उच्च जनो) मे वास करने योग्य होता है । ब्रह्म ही है जिसकी कृपा से दैवजनी प्रजाओं[६४] में वास करने योग्य होता है । ब्रह्म ही है जिसकी व्यवस्था से क्षत्रियेतर ब्राह्मणादि वर्ण 'न-क्षत्र' कहाते है । ब्रह्म ही है जिसकी व्यवस्था से कुछ लोग श्रेष्ठ क्षत्रिय कहाते है[६५] ?

भूमि, आकाश आदि किसने बनाये ?

केनेयं भूमिर्विहिता केन द्यौरुत्तरा हिता ।
केनेदमूर्ध्वं तिर्यक् चान्तरिक्षं व्यचो हितम् ।।
ब्रह्मणा भूमिर्विहिता ब्रह्म द्यौरुत्तरा हिता ।
ब्रह्मेदमूर्ध्वं तिर्यक् चान्तरिक्षं व्यचो हितम् ।। अथर्व १०. २.२४, २५

प्रश्न - किसने यह भूमि रची है ? किसने ऊपर द्युलोक को निहित किया है ? किसने इस विस्तीर्ण अन्तरिक्ष को ऊर्ध्व तथा तिरछे स्थापित किया है ?

उत्तर - ब्रह्म ने भूमि रची है । ब्रह्म ने ऊपर द्युलोक को निहित किया है । ब्रह्म ने ही ऊर्ध्व तथा तिरछे इस विस्तीर्ण अन्तरिक्ष को स्थापित किया है ।

---

६३. तुलनीय : मु० २.४ ।

६४. दैवजनीः विशः=यज्ञ, परोपकार आदि द्वारा देवजनों का हित करने वाली प्रजाएं । देवजनेभ्यो हिता दैवजन्यस्ताः ।

६५. क्षतात् किल त्रायत इत्युदग्रः क्षत्रस्य शब्दो भुवनेषु रूढः । रघुवंश २. ५३ । जो आपत्तियों से रक्षा करे वह क्षत्र, तथा तदितर वर्ण 'न-क्षत्र' हुए ।

अथर्व ११. ८ मे सृष्टयुत्पत्ति का अलकारमय वर्णन करते हुए निम्न प्रश्नोत्तर हुए है–

ब्रह्म के विवाह में घराती-बराती कौन ?

यन्मन्युर्जायामावहत् सकल्पस्य गृहादधि ।
क आस जन्या के वरा क उ ज्येष्ठवरोऽभवत ।
तपश्चैवास्तां कर्म च–अन्तर्महत्यर्णवे ।
त आस जन्यास्ते वरा ब्रह्म ज्येष्ठवरो ऽभवत् ॥ अथर्व ११ ८ १, २

प्रश्न - जब मन्यु सकल्प के घर मे से जाया को लाया, उस समय घराती कौन थे बराती कौन थे और ज्येष्ठ वर कौन था ।

उत्तर - महान् अर्णव के अन्दर तप तथा कर्म विद्यमान थे । वे ही घराती एव बराती थे । ब्रह्म ज्येष्ठ वर था ।

यहा परमात्मा तथा प्रकृति के विवाह का आलकारिक वर्णन है । परमात्मा के अन्दर सृष्टयुत्पत्ति के लिए जाया की इच्छा हुई । उसने सकल्प किया और जाया मिल गयी, मानो सकल्प के घर मे जाया को ले आया । ब्रह्म इस विवाह मे ज्येष्ठ वर था, तप घराती थे, कर्म बराती थे । तप का अर्थ है स्रष्टव्यपर्यालोचनात्मक ज्ञान[६६] । ब्राह्मणग्रन्थो मे इस ईश्वरीय तप का आलकारिक चित्रण करते हुए कहा गया है कि उसने इतना घोर तप किया कि उसके ललाट म स्वेदधाराये प्रवाहित होने लगी[६७] । यह ईश्वरीय तप ही ब्रह्म के विवाह मे घरानी थे । साथ ही जीवात्माओ के पूर्व जन्मोपार्जित शुभाशुभ कर्मसस्कार भी उनके साथ विद्यमान थे, जिनका फल देने के लिए सृष्टि की आवश्यकता थी, ये ही बराती थे ।

शरीर के अंगो को किस ऋषि ने जोड़ा ?

ऊरू पादावष्ठीवन्तौ शिरो हस्तावथो मुखम् ।
पृष्टीर्बर्जह्ये पार्श्वे कस्तत् समदधाद् ऋषि ॥
शिरो हस्तावथो मुख जिह्वा ग्रीवाश्च कीकसा ।
त्वचा प्रावृत्य सर्व तत् सधा समदधान्मही ॥ अथर्व ११ ८ १४, १५ ।

प्रश्न - जांघ, पैर, घुटने, सिर, हाथ, मुख, पसलिया, हँसली, पार्श्व, शरीर के इन सब अगो को किस ऋषि ने जोडा है ?

---

६६. यस्य ज्ञानमयं तपः । मु० १ १ ९

६७. गो० ब्रा०, पू० १. १,२

उत्तर - सिर, हाथ, मुख, जिह्वा, गर्दन के मोहरे, पीठ के मोहरे आदि शरीर के सब अंगों को त्वचा से ढक कर महती संधा देवी (जोड़ने वाली ईश्वरी शक्ति) ने जोड़ा है।

शरीर में रंग किसने भरा ?

यत् तच्छरीरमशयेत् संधया संहित महत् ।
येनेदमद्य रोचते को अस्मिन् वर्णमाभरत् ॥
सर्वे देवा उपाशिक्षन् तदजानाद् वधू सती ।
ईशा वशस्य या जाया सास्मिन् वर्णमाभरत् ॥ अथर्व ११. ८. १६, १७

प्रश्न–संधा देवी से जोड़ा हुआ जो महान् शरीर शयन कर रहा था, उसमें वह रग किसने भरा, जिसके कारण यह आज रोचमान हो रहा है।

उत्तर–शरीर में स्थित सब (प्राणादि) देवों ने (रंग भरने की) प्रार्थना की। उसे सती वधू ने जान लिया। कमनीय परमेश्वर की जो अधीश्वरी जाया (प्रकृति) थी, उसी ने इसमे रग भरा।

अथर्व १२.४ मे वशा गौ को ब्राह्मणो के लिए दान करने का विधान किया गया है तथा उसका महाफल भी वर्णित किया है। इस प्रसग मे निम्न प्रश्नोत्तर हम पाते है।

किस गाय का दूध-घी आदि अब्राह्मण न खाये ?

कति नु वशा नारद यास्त्वं वेत्थ मनुष्यजाः ।
तास्त्वा पृच्छामि विद्वांसं कस्या नाश्नीयादब्राह्मणः ॥
विलिप्त्या बृहस्पते या च सूतवशा वशा ।
तस्या नाश्नीयादब्राह्मणो य आशंसेत भूत्याम् ॥

अथर्व १२.४.४३,४४

प्रश्न–हे नारद कितनी वशाएं है, जिन्हें तुम मनुष्यज (पालतू) जानते हो ? तुम विद्वान् हो, अतः उनके विषय मे मैं तुमसे पूछता हूँ कि उनमें से किसके दूध, घी आदि का अब्राह्मण भक्षण न करे।

उत्तर–हे बृहस्पति, वशाओं के तीन रूप हैं, एक विलिप्ती, दूसरी सूतवशा, तीसरी वशा। जो ब्राह्मण समृद्धि चाहता है, उसे इन तीनों के ही दूध-घी का स्वय भक्षण नही करना चाहिए (किन्तु इन्हें ब्राह्मणो को दान कर देना चाहिये)[६८]।

---

६८. तुलनीय : त्रीणि वै वशाजातानि विलिप्ती सूतवशा वशा। ताः प्रयच्छेद् ब्रह्मभ्यः सोऽनाव्रस्कः प्रजापतौ ॥ अथर्व १२.४.४७

जो ब्राह्मण कुलपति बन गुरुकुलों व आश्रमों का संचालन करते हैं तथा अगणित छात्रों को विद्याध्ययन कराते हैं उन्हें उत्तम गौओं की आवश्यकता होती है। सद्गृहस्थों को चाहिए कि जो उनके पास विशेष उत्तम गौएं हों उनका दान करें[६९]; ऐसा समझें कि ब्राह्मण ही उनके दूध, घी आदि के अधिकारी हैं, हम नहीं। प्रश्न किया गया है कि ऐसी गौएं कितनी हैं। उत्तर में ऐसी तीन गौएं बतायी गयी हैं--विलिप्ती, सूतवशा और वशा। विलिप्ती वह है जिसके दूध में घी बहुत निकलता है। सूतवशा वह है जो उत्तम नस्ल की बछड़ियां ही बछड़िया देती है। वह आश्रमों के लिए विशेष उपयोगी है, क्योंकि उससे दूध के लिए अधिक गौएं प्राप्त होंगी। ऐसी गौ कृषि व व्यापार करने वाले गृहस्थों के काम की नहीं होती, क्योंकि उन्हें बछड़ों की भी आवश्यकता होती है। वशा वह गौ है जो अपनी किन्हीं अन्य विशेषताओं के कारण चाहने योग्य है[७०]।

फिर प्रश्न किया गया है कि इन तीनों में से भी ऐसी कौन सी है जिसे दान न करना अति भयंकर परिणाम वाला होता है।

किस गाय का दान अवश्य करें ?

नमस्ते अस्तु नारदानुष्ठु विदुषे वशा।
कतमासां भीमतमा यामदत्त्वा पराभवेत्॥ अथर्व १२.४.४५

प्रश्न--हे नारद, आपको नमस्कार हो। आप जैसे विद्वान् को अवश्य गौ मिलनी चाहिये। अब कृपया यह बताइये कि उक्त तीनों में से दान न करने पर भीमतम कौनसी होती है, जिसे दान न करने से मनुष्य पराभूत हो जाता है ?

इस मन्त्र का यथार्थ उत्तर इससे पहले के ४१वें मन्त्र में है--

या वशा उदकल्पयन् देवा यज्ञादुदेत्य।
तासां विलिप्त्यं भीमामुदाकुरुत नारदः॥ अथर्व १२.४.४१

---

६९. द्रष्टव्य. सातवलेकर--अथर्ववेदभाष्य, तृतीय खण्ड, १९३५, पृ. १५९।

७० विलिप्ती=जो अधिक घी देने वाली गौ है (सातवलेकर, अथर्वभाष्य)। सूतवशा=सूता उत्पादिता वशा वत्सतर्यो यया सा (जो बछड़िया ही ब्याती है)। वशा=उश्यते काम्यते या सा (वह गौ जो प्रचुर दूध देना आदि गुणों के कारण चाहने योग्य है, वश कान्तौ)। कहीं वशा वन्ध्या गौ को तथा सूतवशा उस गौ को भी कहा है जो एक बछड़ा जनने के बाद वन्ध्या हो जाती है, पर यह इसका सार्वत्रिक अर्थ नहीं है। द्रष्टव्य : 'वैदिक इण्डैक्स' में इन शब्दों का विवेचन।

उत्तर—देवों ने यज्ञ से उठ कर जिन वशाओं को उत्कृष्ट कल्पित किया था, उनमें से विलिप्ती को नारद (दान न करने पर) भयंकर अनुभव करता है, अर्थात् कम से कम विलिप्ती का तो दान करना ही चाहिये ।

तुलनात्मक विचार

चारो वेदों के उपर्युक्त प्रश्नोत्तरो का विश्लेषण करने पर यजुर्वेद के प्रश्नोत्तरो में निम्न विशेषतायें दृष्टिगोचर होती हैं ।

१. वे ऐसे अवसरो के लिए हैं जब कोई परीक्षा या दूसरे के ज्ञान की थाह लेने की दृष्टि से या गम्भीर ज्ञानचर्चा के लिए प्रश्न करता है । जब इस भावना से प्रश्न किया जाता है, तब स्वभावत: प्रश्न का रूप जटिल और पेचीदा होता है । या तो उसके कई उत्तर हो सकने है या उत्तर स्फुरित ही नहीं होता । वेद मे इस शैली के प्रश्नोत्तर रखने का प्रयोजन ज्ञानवर्धन के साथ-साथ शिष्य या पाठक की बुद्धि का विकास करना है । इन प्रश्नो के अनुकरण पर हम व्यवहार में अन्य प्रश्न भी परस्पर कर सकते है । विद्वानो के पारस्परिक प्रश्नोत्तर जिस कोटि के होने चाहियें ये उनके अनुरूप हैं । एकाकी कौन विचरता है (यजु २३.४५.), समुद्र के समान सरोवर कौनसा है, ऐसी कौनसी वस्तु है जो मापी तोली न जा सके (यजु २३.४७) आदि प्रश्न छोटे होते हुए भी ऐसे है जिनका उतर देने के लिए मस्तिष्क को प्रेरित करना पड़ता है । उत्तर भी प्रश्नों के सर्वथा अनुरूप विद्वत्तापूर्ण तथा बेजोड़ बन पड़े है । जो मापी-तोली न जा सके ऐसी वस्तु हिमालय, सागर, सूर्य आदि न बतला कर गौ बतलायी गयी है, इसमें कितना स्वारस्य है । स्थूल दृष्टि से तो गौ की अपेक्षा हिमालय आदि अधिक अपरिमेय है, गौ को तो बडी आसानी से मापा भी और तोला भी जा सकता है, तो भी गौ उत्तर देने में ही चमत्कार है ।

२. वे प्रहेलिकात्मक पुट को लिये हुए है । जैसे 'सबसे बडा पक्षी कौन है' इस प्रश्न का उत्तर दिया है 'घोडा सबसे बडा पक्षी है' (यजु २३.५३,५४) । यह उत्तर अपने आप मे एक पहेली है । ऐसा उत्तर देकर उत्तरदाता मानो प्रश्नकर्ता को चुनौती दे रहा है कि लो, और पूछो । देख लो बुद्धि मे कौन अधिक है ।

३ उनमे कुछ प्रश्न ऐसे हैं, जिनमें प्रश्न का रूप अपने आप में स्पष्ट नहीं है । उत्तरदाता को प्रश्न का स्वरूप समझना तथा उत्तर देना दोनों कार्य करने पड़ते हैं । यथा, 'पिशंगिला कौन है ? कुरुपिशंगिला कौन है ?' (यजु २३.५५) इन प्रश्नों में पिशंगिला तथा कुरुपिशंगिला शब्द अस्पष्ट हैं।

उत्तर देने वाला प्रथम इनके अर्थों का अनुसन्धान करने में अपनी बुद्धि लगायेगा, फिर उत्तर देने में।

४. उनके उत्तर अनेकार्थकता को लिये हुए हैं। उनमें स्थूल अर्थ के पीछे गम्भीर अर्थ अन्तर्निहित है। जैसे 'शश उछल-उछल कर चलता है, अहि रास्ते पर तेजी से सरकता है' (यजु २३.५६), यहां खरगोश तथा सर्प इन स्थूल अर्थों मे ही परिसमाप्ति नही हो जाती, किन्तु पूर्व व्याख्यानुसार अन्य सूक्ष्म अर्थ भी ग्राह्य होते हैं, अन्यथा 'खरगोश उछल-उछल कर चलता है' यह उत्तर तो सामान्य मनुष्य भी दे सकता है, उसमे विद्वत्ता या कौशल क्या हुआ ?

इसकी तुलना मे ऋग्वेद तथा अथर्ववेद के प्रश्नोत्तर प्रायः सामान्य कोटि के है। उनमे दूसरे की विद्वत्ता की थाह लेने या दूसरे पर अपनी विद्वत्ता का सिक्का बैठाने की प्रवत्ति कार्य नही कर रही है। किसी प्रसग मे कोई जिज्ञासा उठी है तो उसके समाधानार्थ प्रश्न कर दिया गया है। जैसे, "सोमरस के मद मे आकर इन्द्र क्या करता है ? (ऋग् १.१६४.१), पुरुष का ध्यान करते समय देवजनो ने उसके मुखादि की क्या कल्पना की ? (ऋग् १०.९०.११), कुमार अनुदेयी कैसे हुआ या उसका जन्म कैसे हुआ ?" (ऋग् १०.१३५.५), ये ऋग्वेद के तथा "यह भूमि किसने रची है ? (अथर्व १०.२.२४), ब्रह्म जाया को लाया तो घराती, बराती व ज्येष्ठ वर कौन थे ? (अथर्व ११.८.१), शरीर के अगो को किस ऋषि ने जोड़ा है ?" (अथर्व ११.८.१४) आदि अथर्ववेद के प्रश्न हैं। जिज्ञासा इन प्रश्नो की जननी बनी है तथा जिज्ञासा-शान्ति की दृष्टि से ही उत्तर दिया गया है।

विषय की दृष्टि से अवलोकन करें तो यजुर्वेद के प्रश्नोत्तर यज्ञ तथा प्रकृति से सम्बन्ध रखने वाले, ऋग्वेद के प्रश्नोत्तर इन्द्र, अग्नि, पुरुष आदि देवो से सम्बन्ध रखने वाले तथा अथर्ववेद के प्रश्न ब्रह्म द्वारा सृष्ट्युत्पत्ति तथा गौ के विषय मे हैं। सामवेद मे, जैसा हम अभी कह आये हैं, विशेष प्रश्नोत्तर नही हैं। जो एक प्रश्नोत्तर दर्शाया गया है उसके प्रश्नपरक तथा उत्तरपरक दोनों मन्त्र ऋग्वेद मे भी आये है, परन्तु वहा दोनो पृथक् सूक्तों (क्रमश: ८.६४.७ तथा ८.६.२८) मे हैं तथा प्रश्नोत्तर का रूप धारण नही करते। तो भी सामवेद में अव्यवहित पठित है तथा वहा प्रश्नोत्तर का सौन्दर्य निखर उठा है।

इस प्रकार वेदो के प्रश्नोत्तर-प्रकरणों का विवेचन करने से यह स्पष्ट है कि विषय-प्रतिपादन के लिए प्रश्नोत्तर-शैली भी वेद की एक प्रिय शैली है।

षष्ठ अध्याय

प्रेरणात्मक, आश्वासनात्मक तथा आशीर्वादात्मक शैली

१ प्रेरणात्मक शैली

प्रेरणात्मक शैली वह होती है जिसमे किसी को किसी कार्य के लिए साक्षात् रूप से प्रेरणा की जाती है। यह दो प्रकार की है, विध्यात्मक तथा निषेधात्मक। विध्यात्मक मे किसी कार्य को करने की प्रेरणा होती है तथा निषेधात्मक मे किसी कार्य से पृथक् रहने की प्रेरणा। इसमे सामान्यत. लोट् या विधिलिङ् की क्रिया रहती है अथवा तव्यत् आदि कृत्य प्रत्यय का प्रयोग होता है।

वेदो मे यह शैली मध्य-मध्य मे विविध स्थलो मे उपलब्ध होती है। इस शैली द्वारा वेद मनुष्य को कर्तव्य-पथ पर चलने की एव निम्न अवस्था से ऊपर उठकर महान् बनने की प्रेरणा करते हैं। ब्राह्मण, क्षत्रिय, राजा, सेनापति, सैनिक, बृहस्पति, आचार्य, शिष्य, स्त्री, पुरुष, भिषग्, आतुर आदियो को उन-उन के कर्तव्य उपदिष्ट किये गये हैं, तथा उद्बोधन दिया गया है। केवल मनुष्य के लिये ही नही, किन्तु चेतनत्व का आरोप कर नदी, पर्वत आदि अचेतनों के प्रति भी यह शैली वेदो मे व्यवहृत हुई है। नीचे हम इस शैली के पर्याप्त उदाहरण प्रदर्शित करेगे। कुछ मन्त्रो के देवता यद्यपि इन्द्र, अग्नि, सूर्य आदि हैं तो भी उनका आत्मापरक अर्थ लेकर मनुष्य पक्ष मे योजना की गयी है। प्रथम प्रेरणा के विध्यात्मक रूप को लेते हैं।

(क) विध्यात्मक रूप

उद्बोधन

प्राणियो में मनुष्य सर्व-श्रेष्ठ है। उसके अन्दर मन, बुद्धि आदि की शक्ति अद्भुत है। किन्तु साधारणत: वह अपनी शक्ति को विस्मृत किये रखता है। वह अपनी शक्ति को पहचाने, एतदर्थ उसे उद्बोधन की आवश्यकता है। अत एव अनेक वेदमन्त्र उद्बोधन-परक हैं, जो भाषा और भाव दोनो ही दृष्टियो से अत्यन्त सजीव तथा स्फूर्तिदायक हैं। कुछ उदाहरण निम्न हैं।

उदीर्ध्वं जीवो असुर्नं आगादपप्रागात् तम आ ज्योतिरेति।
आरैक् पन्थां यातवे सूर्यायागन्म यत्र प्रतिरन्त आयुः॥ ऋग्.१.११३.१६

अश्मन्वती रीयते संरभध्वमुत्तिष्ठत प्रतरता सखायः ।
अत्रा जहाम ये असन्नशेवाः शिवान् वयमुत्तरेमाभि वाजान्॥ ऋग् १०.५३.८
उद्बुध्यध्वं समनसः सखायः समग्निमिन्ध्वं बहवः सनीळाः ।
दधिक्रामग्निमुषसं च देवीमिन्द्रावतोऽवसे निह्वये वः ॥ ऋग् १०.१०१.१

"उठो, जागो, हे भाइयो जीवन और प्राण हमें प्राप्त हुआ है, अन्धकार दूर हो गया है, ज्योति ने पदार्पण किया है, आत्मसूर्य की ऊर्ध्वयात्रा के लिए उसने मार्ग खोल दिया है। हम उस अवस्था में पहुंच गये हैं, जहा आयु ही आयु है। मित्रो, उठो, पथरीली नदी बड़े वेग से बह रही है, मिल कर उद्यम करो, पार हो जाओ। जो अशिव वस्तुए हैं, उन्हें हम यहीं छोड़ देवें, शिव ऐश्वर्यों को पाने के लिए पार उतर जायें। उठो, साथियो, मनोबल से अनुप्राणित होवो, एक नीड के वासी तुम सब अपने अन्दर 'अग्नि' को प्रदीप्त करो। इन्द्र की अधीनता में रहने वाले तुम सबकी रक्षार्थ मैं उस अग्नि का आह्वान करता हूं, जिसे धारण करते ही मनुष्य क्रियाशील हो जाता है, उस उषा का आह्वान करता हू, जिससे जीवन ज्योतिर्मय हो जाते है।

स्ववृजं हि त्वामहमिन्द्र शुश्रवानानुदं वृषभ रध्रचोदनम् ।
प्र मुञ्चस्व परिकुत्साविहागहि किमु त्वावान् मुष्कयोर्बद्ध आसते ॥
ऋग् १०.३८.५
तन्तुं तन्वन् रजसो भानुमन्विहि ज्योतिष्मतः पथो रक्ष धिया कृतान् ।
अनुल्बणं वयत जोगुवामपो मनुर्भव जनया दैव्यं जनम् ॥ ऋग् १०.५३.६
इदं त एकं पर ऊ त एकं तृतीयेन ज्योतिषा सं विशस्व ।
संवेशने तन्वश्चारुरेधि प्रियो देवानां परमे जनित्रे ॥ ऋग् १०.५६.१
इति चिद्धि त्वा धना जयन्तं मदे मदे अनुमदन्ति विप्राः ।
ओजीयो धृष्णो स्थिरमा तनुष्व मा त्वा दभन् यातुधाना दुरेवाः ॥
ऋग् १०.१२०.४

"हे वीर, मैने सुना है कि तू स्वय अपने को बन्धनों से मुक्त कर सकने वाला है, पराजित न होने वाला है, सफलता पाने वाला है। घातक के हाथ से अपने आपको छुडा ले, कूद कर यहाँ आ जा। क्या तुझ जैसा वीर पाशबद्ध रह सकता है। अपने जीवन का तार फैलाता हुआ तू 'भानु' तक पहुंच जा। ज्ञान से उत्पादित ज्योतिष्मान् पथों की रक्षा कर। इकसार उन कर्म-पटों को बुनता चल, जिन्हें प्रभु के स्तोता बुनते हैं। तू मननशील बन, दैव्य जन को उत्पन्न कर। हे नर, तेरा एक यह भौतिक रूप है, एक परम दिव्य रूप है। भौतिक रूप को ही सर्वस्व मत समझ। तृतीय ज्योति के साथ संगति कर।

इस संगति में स्वरूप से सुन्दर हो, परम जन्म को प्राप्त कर, देवों का प्रिय बन। हे वीर, जब तू वीरता के हर्ष से हर्षित हो ऐश्वर्यों को जीतता है, तब विप्रजन तेरे स्तुतिगीत गाते हैं। हे विजेता, अपने ओजंपूर्ण बल का विस्तार कर। सावधान, दुश्चरित्र यातुधान तुझे तिरस्कृत न कर सकें।"

सं सीदस्व महाँ असि शोचस्व देववीतमः।
वि धूममग्ने अरुषं मियेध्य सृज प्रशस्त दर्शतम्॥ यजु ११. ३७
सुपर्णोऽसि गरुत्मान् पृष्ठे पृथिव्याः सीद।
भासान्तरिक्षमापृण ज्योतिषा दिवमुत्तभान तेजसा दिश उद्दृंह॥
यजु १७. ७२

"हे अग्रणी, उत्तम स्थिति लाभ कर, तू महान् है, देवो की प्राप्ति मे अद्वितीय है। हे पूजास्पद, हे प्रशस्त, तू अपने प्रताप रूपी दर्शनीय धूम को उत्पन्न कर। तू उत्तम पखो वाला है, ऊँची उड़ानें लेने वाला है, गुरु आत्मा वाला है। पृथिवी के सिहासन पर अधिष्ठित हो, अपनी कान्ति से अन्तरिक्ष को परिपूर्ण कर दे, अपनी ज्योति से द्युलोक को थाम ले, अपने तेज से दिशाओ को दृढ कर दे।

दूष्या दूषिरसि हेत्या हेतिरसि मेन्या मेनिरसि।
आप्नुहि श्रेयांसमति समं क्राम॥
सूरिरसि वर्चोधा असि तनूपानोऽसि। आप्नुहि०॥
शुक्रोऽसि भ्राजोऽसि स्वरसि ज्योतिरसि। आप्नुहि०॥ अथर्व २.११.१,४,५
समुद्र ईशे स्रवतामग्निः पृथिव्या वशी।
चन्द्रमा नक्षत्राणामीशे त्वमेकवृषो भव॥
सम्राडस्यसुराणां ककुन्मनुष्याणाम्
देवानामर्धभागसि त्वमेकवृषो भव॥ अथर्व ६. ८६. २, ३

"हे नर, जो शक्ति तुझे दूषित करने आती है, उल्टा उसी को तू दूषित कर देने वाला है। शस्त्र का तू शस्त्र है, वज्र का तू वज्र है। अपने आपको पहचान, श्रेष्ठो तक पहुंच, बराबर वालों से आगे बढ़। हे नर, तू विद्वान् है, वर्चस्वी है, शरीर-रक्षक है। अपने आपको पहचान, श्रेष्ठों तक पहुच, बराबर वालों से आगे बढ़। हे नर, तू शुद्ध हे, भ्राजमान है, आनन्दमय है, ज्योतिष्मान् है। अपने आपको पहचान, श्रेष्ठों तक पहुंच, बराबर वालों से आगे बढ़। हे नर, जैसे समुद्र नदियों का राजा है, अग्नि पृथिवी का राजा है, चन्द्रमा नक्षत्रों का राजा है, वैसे ही तू भी सबका राजा हो जा, सर्वश्रेष्ठ बन जा। तू असुरों पर शासन करने वाला है, मनुष्यों में सर्वोपरि है, देवों का आधा आसन पाने वाला है। तू सबका राजा हो जा, सर्वश्रेष्ठ बन जा।"

वि जिहीष्व लोकं कृणु बन्धान्मुञ्चासि बद्धकम् ।
योन्या इव प्रच्युतो गर्भः पथः सर्वां अनु क्षिय ॥
अथर्व ६.१२१.४

उत्क्रामातः पुरुष माव पत्था मृत्योः पड्वीशमव मुञ्चमानः ।
मा च्छित्था अस्माल्लोकादग्नेः सूर्यस्य संदृशः ॥
उद्यानं ते पुरुष नावयानं जीवातुं ते दक्षतातिं कृणोमि ।
आ हि रोहेममृतं सुखं रथमथ जिर्विर्विदथमा वदासि ॥
अथर्व ८.१.४,६

दिवं च रोह पृथिवीं च रोह राष्ट्रं च रोह द्रविणं च रोह ।
प्रजां च रोहामृतं च रोह रोहितेन तन्वं सं स्पृशस्व ॥
अथर्व १३.१.३४

हरिः सुपर्णो दिवमारुहोऽर्चिषा ये त्वा दिप्सन्ति दिवमुत्पतन्तम् ।
अव तां जहि हरसा जातवेदोऽबिभ्यदुग्रोऽर्चिषा दिवमारोह सूर्य ॥
अथर्व १६.६५ १

"हे मनुष्य, हाथ-पैर मार, संसार में अपना स्थान बना, जो बद्ध है, उन्हें बन्धन से मुक्त कर । गर्भाशय से बाहर आये हुए गर्भ के समान तू बन्धन से मुक्त होकर स्वतन्त्रतापूर्वक सब मार्गों में विचर, सब दिशाओं में उन्नति कर। हे पुरुष, इस वर्तमान अवस्था से उन्नति कर, अवनत मत हो, मृत्यु की बेड़ी को काट दे । इस लोक से वियुक्त मत हो, अग्नि एवं सूर्य के संदर्शन से अपने को वंचित मत कर । देख, तेरी उन्नति होनी चाहिए, अधोगति नहीं, तेरे अन्दर मैं जीवन तथा बल को फूंकता हूं । इस अमृतमय सुखगामी 'रथ' पर आरोहण कर तथा चिरजीव होता हुआ ज्ञानवाणी बोलता रह । तू आकाश में सर्वोपरि हो जा, पृथिवी पर सर्वोपरि हो जा, राष्ट्र में सर्वोपरि हो जा, ऐश्वर्य में सर्वोपरि हो जा, प्रजा में सर्वोपरि हो जा, अमृत-प्राप्ति में सर्वोपरि हो जा, इतना उन्नत हो जा कि सूर्य से शरीर को छुआ ले । हे नर, तू सूर्य है, तू संसार से कालुष्य को हरने वाला है, तू उत्तम पंखों वाला है । अपनी अनुपम दीप्ति के साथ उन्नति के आकाश में आरोहण कर । आकाश में आरोहण करते हुए तुझे जो विघ्नित करना चाहे उनका तू अपने तेज से संहार कर दे । भयभीत न होता हुआ उग्र प्रताप वाला तू अपनी ज्योति के साथ आरोहण करता रह ।"

कर्तव्य–प्रेरणा

वेदों में उद्बोधन की प्रेरणा देखने के उपरान्त अब राजा, सेनानी आदि के लिए तथा जन-साधारण के लिए जो कर्तव्य-प्रेरणायें दी गई हैं, उनका

अवलोकन करेंगे। यद्यपि वेदों की शैली स्मृति-ग्रन्थों के समान एक-एक प्रकरण को लेकर क्रमशः विस्तार से सीधे रूप मे कर्तव्य प्रतिपादित करने की नही है, तो भी अनेक स्थलो में कर्तव्य-प्रेरणायें उपलब्ध होती हैं, जिनसे वेद की दृष्टि में मानव-आदर्श सूचित होता है।

राजा एवं सेनानी के प्रति

आ त्वा हार्षमन्तरेधि ध्रुवस्तिष्ठाविचाचलिः।
विशस्त्वा सर्वा वाञ्छन्तु मा त्वद् राष्ट्रमधिभ्रशत्॥
इहैवैधि माप च्योष्ठाः पर्वत इवाविचाचलिः।
इन्द्र इवेह ध्रुवस्तिष्ठेह राष्ट्रमु धारय॥

ऋग् १०,१७३.१,२

उत्तरस्त्वमधरे ते सपत्ना ये के च राजन् प्रतिशत्रवस्ते।
एकवृष इन्द्रसखा जिगीवाँ छत्रूयतामा भरा भोजनानि॥
सिंहप्रतीको विशो अद्धि सर्वा व्याघ्रप्रतीकोऽव बाधस्व शत्रून्।
एकवृष इन्द्रसखा जिगीवाँ छत्रूयतामा खिदा भोजनानि॥

अथर्व ४.२२.६,७

ध्रुवोऽच्युतः प्र मृणीहि शत्रून् छत्रूयतोऽधरान् पादयस्व।
सर्वा दिशः संमनसः सध्रीचीर्ध्रुवाय ते समितिः कल्पतामिह॥
विसर्माणं कृणुहि वित्तमेषां ये भुञ्जते अपृणन्तो न उक्थैः।
अपव्रतान् प्रसवे वावृधानान् ब्रह्मद्विषः सूर्याद् यावयस्व॥ ऋग् ५.४२.९

"मैंने तुझे राजा चुना है, तू प्रजाओ के मध्य में वास कर, ध्रुव बना रह, अविचल हो। सब प्रजाए तुझे चाहती रहे, तुझसे राष्ट्र छिने नही। इसी पद पर बना रह, सिंहासन से च्युत मत हो, पर्वत के समान असचलित रह। इन्द्र के सदृश ध्रुव हो, राजगद्दी पर बैठा हुआ राष्ट्र का धारण करता रह। हे राजन्, तू उच्च हो, जो तेरे प्रतिद्वन्द्वी रिपु है, वे नीचे हो जायें। सिंह होकर सब वैरियों को हड़प जा, व्याघ्र होकर शत्रुओ को परे खदेड दे। सर्व-श्रेष्ठ हो, इन्द्र का सखा बन, विजयी हो, शत्रुता करने वालो का भोजन छीन ले। ध्रुव तथा अच्युत होता हुआ तू शत्रुओं का सहार कर, वैर करने वालों को ठोकर के प्रहार से गिरा दे। सब दिशाएं तेरे साथ अनुकूल मन वाली तथा सहयोग करने वाली हो। राजपरिषद् तेरे साथ सहयोग करने वाली हो। जो लोग दान न करते हुए केवल स्वयं उपभोग करते है, उनके धन को तू विसरणशील कर दे। दुष्कर्म करते हुए भी संसार मे वृद्धि प्राप्त करने वाले ब्रह्मद्वेषियो को सूर्यदर्शन से वंचित कर दे।"

प्रेह्यभीहि धृष्णुहि न ते वज्रो नियंसते ।
इन्द्र नृम्णं हि ते शवो हनो वृत्रं जया अपोऽर्चन्ननु स्वराज्यम् ॥

ऋग् १.८०.३

पदा पणीँरराधसो नि बाधस्व महाँ असि ।
नहि त्वा कश्चन प्रति ॥ ऋग् ८.६४ २

बृहस्पते परि दीया रथेन रक्षोहामित्राँ अपबाधमानः ।
प्रभञ्जन्त्सेनाः प्रमृणो युधा जयन्नस्माकमेध्यविता रथानाम् ॥

ऋग् १० १०३,४

अव स्म दुर्हणायतो मर्तस्य तनुहि स्थिरम् ।
अधस्पदं तमीं कृधि यो अस्माँ आदिदेशति,
देवी जनित्र्यजीजनद् भद्रा जनित्र्यजीजनत् ॥ ऋग् १० १३४.२

वि रक्षो वि मृधो जहि वि वृत्रस्य हनू रुज ।
वि मन्युमिन्द्र वृत्रहन्नमित्रस्याभिदासतः ॥ ऋग् १० १५२.३

उत् तिष्ठ त्वं देवजनार्बुदे सेनया सह ।
भञ्जन्नमित्राणां सेना भोगेभिः परि वारय ॥
उद्वेपय सं विजन्तां भियामित्रान् सं सृज ।
उरुग्राहैर्बाह्वङ्कैर्विध्यामित्रान् न्यर्बुदे ॥

अथर्व ११.६.५,१२

"आगे बढ, आक्रमण कर, परास्त कर, तेरा वज्र झुके नहीं । हे वीर, तेरा बल बडे से बड़े शत्रु को झुका देने वाला है, वृत्र का संहार कर, धाराओं को जीत ले, स्वराज्य का आराधक बन । पाद-प्रहार से विनाशकारी लुटेरो को नीचे गिरा दे । हे वीर, तू महान् है, कोई तेरी बराबरी नहीं कर सकता । हे विशाल सेना के सेनानी, राक्षसों का संहर्ता, अमित्रो को दूर भगा देने वाला तू रथारूढ हो चारो ओर घूम । शत्रुसेनाओं का भजन करता हुआ, हिंसकों को युद्ध द्वारा जीतता हुआ हमारे रथों का रक्षक बन । बुरी तरह मार काट करने वाले मनुष्य के बल को नीचा दिखा दे । जो हम पर शासन करना चाहता है, उसे पैरो से रौंद दे । स्मरण रख, तुझे दिव्य जननी ने जन्म दिया है, तुझे भद्र जननी ने जन्म दिया है । राक्षस को विनष्ट कर दे, संहारक को कुचल दे, शत्रु की दाढ़े तोड़ दें । हे दस करोड़ सैन्य के अधिपति, हे देवजन, अपनी सेना के साथ उठ खड़ा हो, शत्रु की सेना को परास्त कर नागपाशो से घेर ले । हे सौ करोड़ सेना के नायक, रिपुओं को प्रकम्पित कर दे, वे विचलित हो उठें, उन्हें भय से संयुक्त कर दे । विशाल पकड़ वाले बाहुसदृश काँटो से शत्रु-दल को विद्ध कर दे ।"

वीर सैनिकों के प्रति

मरुतो यद्ध वो बलं जनाँ अचुच्यवीतन ।
गिरीँ रचुच्यवीतन ।। ऋग् १ ३७. १२

स्थिरा वः सन्त्वायुधा पराणुदे वीळू उत प्रतिष्कभे ।
युष्माकमस्तु तविषी पनीयसी मा मर्त्यस्य मायिनः ।। ऋग् १.३६,२

परा ह यत् स्थिरं हथ नरो वर्तयथा गुरु ।
वि याथन वनिनः पृथिव्या व्याशाः पर्वतानाम् ।। ऋग् १. ३६ २, ३

वाशीमन्त ऋष्टिमन्तो मनीषिणः सुधन्वान इषुमन्तो निषङ्गिणः ।
स्वश्वाः स्थ सुरथाः पृश्निमातर. स्वायुधा मरुतो याथना शुभम् ।।
ऋग् ५ ५७ २

परा वीरास एतन मर्यासो भद्रजानय । अग्नितपो यथासथ ।।
ऋग् ५ ६१. ४

वि तिष्ठध्वं मरुतो विक्ष्विच्छत गृभायत रक्षसः सं पिनष्टन ।
वयो ये भूत्वी पतयन्ति नक्तभिर्ये वा रिपो दधिरे देवे अध्वरे ।।
ऋग् ७ १०४. १८

संक्रन्दनेनानिमिषेण जिष्णुना युत्कारेण दुश्च्यवनेन धृष्णुना ।
तदिन्द्रेण जयत तत् सहध्वं युधो नर इषुहस्तेन वृष्णा ।।
ऋग् १०. १०३. २

प्रेता जयता नर इन्द्रो वः शर्म यच्छतु ।
उग्रा वः सन्तु बाहवोऽनाधृष्या यथासथ ।। ऋग् १०. १०३. १३

"हे वीरो जो तुम्हारे अन्दर बल है, उससे रिपुजनों को हिला दो, पर्वतो को गिरा दो। शत्रु को पलायन करा देने के लिए तुम्हारे हथियार सुदृढ हों, शत्रु के वार को रोकने के लिए सुदृढ हों, तुम्हारी सेना प्रशसा योग्य हो, मायावी शत्रु की ऐसी न हो। तुम स्थिर से स्थिर वस्तु को भी गिरा देने वाले हो, भारी से भारी वस्तु को हिला देने वाले हो। पृथिवी के वनयुक्त प्रदेशो को चीरते चले जाओ, पर्वतो के शिखरो को चीरते चले जाओ। कन्धे पर परशु है, हाथों मे भाले हैं, मनीषी हो, धनुष, बाण, तरकस धारण करने वाले हो, उत्तम घोड़े, उत्तम रथ तुम्हारे पास है। हे वीरो, हथियार उठाओ और शुभ उद्देश्य की पूर्ति के लिए बढ़े चलो। हे भद्र जन्म वाले मर्त्य वीरो, युद्धक्षेत्र मे आगे-आगे जाओ, जिससे अग्नि से तप कर खरे उतरो। हे सैनिको, दृढ़ स्थिति के साथ प्रजाओं में स्थित होवो, महत्वाकांक्षा रखो, इन राक्षसों को पकड़ लो, पीस डालो, जो पक्षी होकर रात्रि में उड़ते

हैं तथा जो दिव्य राष्ट्रयज्ञ को दूषित करते हैं। हे योद्धा नरो, सिंहनाद करने वाले, निर्निमेष, विजयशील, रणसमर्थ, दुश्च्यवन, धृष्णु, इषुहस्त, अस्त्रवर्षी सेनानी के साथ तुम विजयलाभ करो, बैरी को परास्त कर दो। आगे बढो, विजयलाभ करो, इन्द्र तुम्हें सफलता दे। तुम्हारी बाहुए उग्र हों, जिससे तुम अनाधृष्य बने रहो।"

असौ या सेना मरुतः परेषामस्मानैत्यभ्योजसा स्पर्धमाना।
तां विध्यत तमसापव्रतेन यथैषामन्यो अन्यं न जानात्॥

अथर्व ३. २, ६

प्रतिधावतातिसरा इन्द्रस्य वचसा हत।
अवि वृक इव मथ्नीत स वो जीवन् मा मोचि प्राणमस्यापि नह्यत॥

अथर्व ५. ८ ४

उत् तिष्ठत सं नह्यध्वमुदाराः केतुभिः सह।
सर्पा इतरजना रक्षांस्यमित्राननु धावत॥ अथर्व ११ १०.१

"हे वीरो, वह जो शत्रुओ की सेना ओज से स्पर्धा करती हुई हमारी ओर आ रही है, उसे सब कर्मों को रोक देने वाले मोहान्धकार से विद्ध कर दो, जिससे वे आपस में एक-दूसरे को भी न पहचान सकें। दौड़ पडो, हे अग्रगामी वीरो, अपने नायक की आज्ञा पाते ही शत्रु पर जा टूटो। शत्रु को पकड़कर ऐसे झकझोर डालो, जैसे भेडिया भेड को। देखो, वह जीवित वचकर न भागने पावे। इसके प्राणों को बाध लो। उठो, हे उदार वीरो, पताकाओं के साथ संनद्ध हो जाओ। जो सर्प है, इतर जन है, राक्षस हैं, अमित्र है, उन पर धावा बोल दो।

नारी के प्रति

अधः पश्यस्व मोपरि संतरां पादकौ हर।
मा ते कशप्लकौ दृशन् स्त्री हि ब्रह्मा बभूविथ॥ ऋग् ८.३३. १६
अघोरचक्षुरपतिघ्न्येधि शिवा पशुभ्यः सुमनाः सुवर्चाः।
वीरसूर्देवकामा स्योना शं नो भव द्विपदे शं चतुष्पदे॥ ऋग् १०.८५.४४
पूर्णं नारि प्रभर कुम्भमेतं घृतस्य धारामसृतेन संभृताम्।
इमां पातॄनमृतेना समङ्ग्धीष्टापूर्तमभि रक्षात्येनाम्॥ अथर्व ३.१२.८
शिवा भव पुरुषेभ्यो गोभ्यो अश्वेभ्यः शिवा।
शिवास्मै सर्वस्मै क्षेत्राय शिवा न इहैधि॥ अथर्व ३.२८.२
आशासाना सौमनसं प्रजां सौभाग्यं रयिम्।
पत्युरनुव्रता भूत्वा सं नह्यस्वामृताय कम्॥ अथर्व १४.१.४२

आरोह चर्मोपसीदाग्निमेष देवो हन्ति रक्षांसि सर्वा ॥
इह प्रजां जनय पत्ये अस्मै सुज्यैष्ठ्योऽभवत् पुत्रस्त एषः ॥
सुमङ्गली प्रतरणी गृहाणां सुशेवा पत्ये श्वशुराय शंभूः ।
स्योना श्वश्र्वै प्र गृहान् विशेमान् ॥ अथर्व १४.२.२४,२६

"नीचे दृष्टि रख, ऊपर नही। चलते हुए पैरो को समस्वर रख। तेरे सिर के केश तथा कुच दिखाई न दे। तू स्त्री गृहस्थ-यज्ञ की ब्रह्मा है। अघोर-चक्षु हो, पति का दिल न दुखा, पशुओं के लिए शिव हो, सुमना तथा सुबर्चा हो। वीरप्रसवा, देवो की आराधना करने वाली तथा सुखकारिणी बन। द्विपात्, चतुष्पात् सबके लिए मगलमयी हो। हे नारी, इस भरे हुए कुभ को उठा ला, दुग्धामृत सहित घृत की धारा को ले आ। पीने वालो को अमृत से तृप्त कर। यज्ञ तथा परोपकार के कर्म तेरी रक्षा करते रहे। पुरुषो के लिए मगलमयी हो, गौओं तथा अश्वों के लिए मगलमयी हो, इस सारे क्षेत्र के लिए मगलमयी हो, यहा हम सबके लिए भी मंगलमयी हो। सौमनस्य, प्रजा, सौभाग्य तथा ऐश्वर्य की आकाक्षा रखती हुई तू पति की अनुकूलकर्मा होकर अमृत-प्राप्ति के लिए संनद्ध रह। मृगचर्म पर बैठ, अग्निहोत्र कर, यह अग्निदेव सब राक्षसो को विनष्ट कर देता है। पति के लिए प्रजा उत्पन्न कर, तेरा पुत्र सुज्येष्ठ गुणों से परिपूर्ण हो। सुमगली बन, गृहो को तराने वाली हो, पति के लिए सुखदात्री, श्वशुर के लिए सुखदात्री, श्वश्रू के लिए सुखदात्री होकर घर मे प्रवेश कर।"

देवपूजा की प्रेरणा

य एक इद्धव्यश्चर्षणीनामिन्द्रं तं गीर्भिरभ्यर्च आभिः ।
यः पत्यते वृषभो वृष्ण्यावान् त्सत्यः सत्वा पुरुमायः सहस्वान् ॥
ऋग् ६. २२. १

सखायो ब्रह्मवाहसेऽर्चत प्र च गायत ।
स हि नः प्रमतिर्मही ॥ ऋग् ६.४५.४

प्र सम्राजं चर्षणीनामिन्द्रं स्तोता नव्यं गीर्भिः ।
नरं नृषाहं मंहिष्ठम् । ऋग् ८.१६.१

यो रायोऽवनिर्महान् त्सुपारः सुन्वतः सखा ।
तमिन्द्रमभि गायत ॥ ऋग् ८.३२.१३

अर्चत प्रार्चत प्रियमेधासो अर्चत ।
अर्चन्तु पुत्रका उत पुरं न धृष्ण्वर्चत ॥
अव स्वराति गर्गरो गोधा परि सनिष्वणत् ।
पिङ्गा परि चनिष्कददिन्द्राय ब्रह्मोद्यतम् ॥ ऋग् ८.६९.८,९

इन्द्राय साम गायत विप्राय बृहते बृहत् ।
धर्मकृते विपश्चिते पनस्यवे ॥ ऋग् ८ ९८ १

"जो एक है, मनुष्यों से आवाहन किये जाने योग्य है, सुखवर्षी है, बली है, सत्यस्वरूप है, पौरुषवान् है, बहुप्रज्ञ है, साहसी है तथा जो अपने स्तोताओं का सहायक होता है, उस इन्द्र की तुम स्तुतिवाणियों से अर्चना करो। हे मित्रो, स्तोम को वहन करने वाले इन्द्र की अर्चना करो, उसके स्तुतिगीत गाओ, क्योकि वह हमे प्रकृष्ट मति को प्रदान करने वाला है। जो मनुष्यों का सम्राट् है, शत्रुओं को परास्त करने वाला है, सबसे बढ़कर दानी है उस इन्द्र के स्तुतिगीत गाओ। जो ऐश्वर्यों का रक्षक है, महान् है, जीवन-नौका को पार लगाने वाला है, भक्त का सखा है, उस इन्द्र के गीत गाओ। अर्चना करो, पुनः पुनः अर्चना करो, हे प्रियमेधाओ, अर्चना करो। तुम्हारे पुत्र भी अर्चना करें। शत्रुओं के पराजेता, भक्तो के परिपूरक इन्द्र की अर्चना करो। गागर बजे, सारंगी बजे, पिंगियाँ बजे, इन्द्र के लिए भक्ति-गीत गाओ। जो विप्र है, महान् है, धर्मकृत् है, विपश्चित् है, स्तुति की जिसे चाह है, उस इन्द्र के लिए अधिकाधिक सामगान करो।"

उपस्तुहि प्रथमं रत्नधेयं बृहस्पतिं सनितारं धनानाम् ।
यः शंसते स्तुवते शं भविष्ठः पुरूवसुरागमज्जोहुवानम् ॥ ऋग् ५.४२.७

"हे मनुष्यो. तू बृहस्पति की स्तुति कर, जो प्रथम है, रत्न प्रदान करने वाला है, धनो का प्रदाता है, जो कीर्तन-स्तवन करने वाले के लिए मंगलकारी होता है, जो आह्वान करने वाले के समीप प्रवृद्ध ऐश्वर्य लेकर पहुँचता है।"

प्र सम्राजे बृहदर्चा गभीरं ब्रह्म प्रियं वरुणाय श्रुताय ।
वि यो जघान शमितेव चर्मोपस्तिरे पृथिवीं सूर्याय ॥ ऋग् ५.८५.१

"तू उस सम्राट्, विश्रुत वरुण प्रभु के लिए गभीर, प्रिय स्तोत्र का बहुत-बहुत उच्चारण कर, जिसने सूर्य की परिक्रमा करने के लिए पृथिवी को बिछाया है, जैसे एक शान्त्युपासक मृगचर्म को फैलाता है।

इमा रुद्राय स्थिरधन्वने गिरः क्षिप्रेषवे देवाय स्वधाव्ने ।
अषाळ्हाय सहमानाय वेधसे तिग्मायुधाय भरता शृणोतु नः ॥
ऋग् ७.४६.१

"रुद्र देव के गीत गाओ, जो स्थिरधन्वा है, क्षिप्र इषुओं वाला है, आत्म-निर्भर है, अपराजेय है, पराजेता है, विधाता है, तीक्ष्ण आयुधों वाला है।"

प्र मंहिष्ठाय गायत ऋताव्ने बृहते शुक्रशोचिषे ।
उपस्तुतासो अग्नये ॥ ऋग् ८ १०३ ८

प्राग्नये वाचमीरय वृषभाय क्षितीनाम् ।
स नः पर्षदति द्विषः ॥ ऋग् १० १८७ १

"हे स्तोताओ, उस अग्नि प्रभु के गीत गाओ, जो अतिशय दानी है, सत्यमय है, महान् है, पवित्र ज्योति वाला है। उस अग्नि के प्रति स्तुतिवाणियो को प्रेरित करो, जो मनुष्यो पर सर्वविध ऐश्वर्यों की वर्षा करने वाला है।"

विपश्चिते पवमानाय गायत मही न धारात्यन्धो अर्षति ।
अहिर्न जूर्णामति सर्पति त्वचमत्यो न क्रीडन्नसरद्वृषा हरिः ॥
सखाय आ निषीदत पुनानाय प्र गायत ।
शिशुं न यज्ञैः परिभूषत श्रिये ॥ ऋग ९ १०४ १

"मेधावी पवमान सोम के गुणगान करो, जो रसमय प्रभु महती जलधारा के समान बहता हुआ हृदय मे आता है, सर्प के समान अपने भक्त की पुरानी पाप-केचुली को उतार फेकता है, अश्व शावक के समान हृत्प्रागण मे क्रीडा करता है, रसवर्षक है, चितचोर है। मित्रो, आओ, बैठो, पवित्रतादायक सोम का स्तुतिगान करो। जैसे शोभा के लिए शिशु को सजाया-सवारा जाता है, वैसे ही उस प्रभु को भक्तियज्ञो से अलकृत करो।"

परेयिवांस प्रवतो महीरनु बहुभ्य पन्थामनुपस्पशानम् ।
वैवस्वत सगमन जनानां यम राजान हविषा दुवस्य ॥ ऋग् १० १४ १

"हे मनुष्य, उस यम राजा की भक्तिमय हवि द्वारा आराधना कर जो उच्च से उच्च भूमिकाओ में पहुचा हुआ है बहुतो को मार्ग दर्शाने वाला है, विवस्वान् का पुत्र है तथा जनो को सचाई के लिए सगठित करने वाला है। यम राजा के लिए घृतयुक्त दूध की हवि दो।"

नमो मित्रस्य वरुणस्य चक्षसे महो देवाय तद् ऋत सपर्यत ।
दूरेदृशे देवजाताय केतवे दिवस्पुत्राय सूर्याय शंसत ॥ ऋग् १० ३७ १

"भाइयो, उस सूर्य प्रभु को नमस्कार करो, जो मित्र तथा वरुण को प्रकाश देने वाला है, दूर दीखता है देवजात है, केतुरूप है। उस सूर्य के महान् ऋत की आराधना करो।"

अग्निहोत्र की प्रेरणा

समिधाग्निं दुवस्यत घृतैर्बोधयतातिथिम् ।
आस्मिन् हव्या जुहोतन ॥ ऋग् ८ ४४.१, यजु ३.१

सुसमिद्धाय शोचिषे घृतं तीव्रं जुहोतन ।
अग्नये जातवेदसे ।। ऋग् ५.५.१, यजु ३.२

अग्निर्देवेषु राजत्यग्निर्मर्तेष्वाविशन् ।
अग्निर्नो हव्यवाहनोऽग्निं धीभिः सपर्यत ।। ऋग् ५. २५. ४

आ जुहोता दुवस्यताग्निं प्रयत्यध्वरे ।
वृणीध्वं हव्यवाहनम् ।। ऋग् ५ २८ ६

"समिधा से अग्नि का सत्कार करो। अग्निरूप अतिथि को घृतों से उद्बुद्ध करो। इसमे हव्यो की आहुति दो। सुसमिद्ध, शोचिष्मान् जातवेदा अग्नि के लिए तीव्र घृत की आहुति दो। अग्नि ज्योतिर्मयों मे ज्योतिष्मान् है, यज्ञकुण्ड मे प्रविष्ट होता हुआ अग्नि मनुष्यो के मध्य चमकता है। अग्नि हमारे हव्य को वहन करने वाला है। अग्नि का वेदवाणियो से सत्कार करो। यज्ञ मे अग्नि की परिचर्या करो, अग्नि मे आहुति दो, हव्यवाड् अग्नि का वरण कर लो। उस अग्नि की तुम वेदमन्त्रो से स्तुति करो, जो घृताहुति पाकर विशेष रूप से प्रदीप्त होता है।"

त्याग की प्रेरणा

पृणीयादिन्नाधमानाय तव्यान् द्राघीयांसमनु पश्येत पन्थाम् ।
ओ हि वर्तन्ते रथ्येव चक्रा ऽन्यमन्यमुप तिष्ठन्त रायः ।।
ऋग् १०. ११७ ५

ईशा वास्यमिदं सर्वं यत् किं च जगत्यां जगत् ।
तेन त्यक्तेन भुञ्जीथा मा गृधः कस्य स्विद्धनम् ।। ऋग् ४०.१

शतहस्तसमाहर सहस्रहस्त सं किर ।
कृतस्य कार्यस्य चेह स्फातिं समावह ।। अथर्व ३. २४. ५

यां ते धेनुं निपृणामि यमु ते क्षीर ओदनम् ।
तेना जनस्यासो भर्ता यो ऽ त्रासदजीवनः ।। अथर्व १८. २. ३०

"धनी को चाहिए कि वह याचना करने वाले को अवश्य दान करे, वह लम्बे मार्ग को देखे। सम्पत्तिया रथ-चक्र के समान घूमती रहती हैं, एक से दूसरे के समीप जाती रहती हैं। इस जगतीतल में जो कुछ भी कार्य मे आने वाला धन है, वह सब ईश्वर द्वारा प्रदत्त है (उसी का है)। अत त्यागभाव से उपभोग कर, लोभ मत कर, धन भला किसका है। हे मनुष्य, तू सौ हाथों से धन कमा, सहस्र हाथों से उसका दान कर। कमाये हुए तथा भविष्य में कमाये जाने वाले धन की वृद्धि कर। जो मैं तुझे धेनु देता हूँ, जो मैं तुझे

दूध भात देता हूँ उससे तू उस जन की सहायता कर जो जीवन रहित सा हो गया है।

अतिथि-सत्कार की प्रेरणा

तद् यस्यैव विद्वान व्रात्यो राज्ञोऽतिथिर्गृहानागच्छेत् ॥
श्रेयासमेनमात्मनो मानयेत् तथा क्षत्राय ना वृश्चते तथा राष्ट्राय ना वृश्चते ॥ अथर्व १५ १० १ २
तद् यस्यैव विद्वान् व्रात्योऽतिथिर्गृहानागच्छेत् ॥
स्वयमेनमभ्युदेत्य ब्रूयात् व्रात्य क्वाऽवात्सीर्व्रात्योदक व्रात्य तर्पयन्तु व्रात्य यथा ते प्रिय तथास्तु व्रात्य यथा ते निकामस्तथास्त्विति ॥
अथर्व १५ १० १ २

जिस राजा के घर म विद्वान् व्रात्य अथिति आय वह अपना अहोभाग्य माने। इस प्रकार वह क्षात्र की हानि नही करता, राष्ट्र की हानि नही करता। जिसके घर मे विद्वान् व्रात्य अतिथि आये वह स्वय उठ कर उसे कहे—हे व्रात्य, आप कहाँ रहे? हे व्रात्य जल लीजिए। ह व्रात्य ये वस्तुए आपको तृप्त कर। ह व्रात्य जैसा आपको प्रिय हो वैसा किया जाये। हे व्रात्य जैसा आपका मनोरथ हो वैसा किया जाये। हे व्रात्य जैसी आपकी उत्कृष्ट अभिलाषा हो वैसा किया जाये।

तद् यस्यैव विद्वान व्रात्य उद्धृतेष्वग्निष्वधिश्रितेऽग्निहोत्रऽतिथि गृहाना गच्छेत् ॥ स्वयमेनमभ्युदेत्य ब्रूयाद व्रात्यातिसृज होष्यामीति ॥ स चातिसृजेज्जुहुयान्न चातिसृजेन्न जुहुयात ॥ अथर्व १५ १२ १ ३
अशितावत्यतिथावश्नीयाद् यज्ञस्य सात्मत्वाय
यज्ञस्याविच्छेदाय तद्व्रतम् ॥ अथर्व ९ ६ ३८

जिसके घर मे विद्वान् व्रात्य अतिथि अग्नियो के आहूत हो जाने पर तथा अग्निहोत्र आरभ हो जाने पर आये वह स्वय उठकर इसे कहे—हे व्रात्य स्वीकृति दीजिए, मैं हवन करूँगा। वह स्वीकृति दे तो हवन करे, किसी कारण स्वीकृति न दे तो उस समय हवन न करे। गृहपति को चाहिए कि वह अतिथि के खा चुकने पर खाये, जिससे यज्ञ आत्मवान् रहे, यज्ञ अविच्छिन्न रहे यह पवित्र कर्तव्य है।

सांमनस्य की प्रेरणा

स गच्छध्व स वदध्व स वो मनांसि जानताम्।
देवा भाग यथा पूर्वे सजानाना उपासते ॥

समानी मन्त्रः समितिः समानी समानं मनः सह चित्तमेषाम् ।
समान मन्त्रमभि मन्त्रये वः समानेन वो हविषा जुहोमि ॥
समानी व आकूतिः समाना हृदयानि वः ।
समानमस्तु वो मनो यथा वः सुसहासति ॥ ऋग् १०.१९१.२-४

"एक मत होकर चलो, एक मत होकर बोलो, तुम्हारे मन एक हो जायें। जैसे देव परस्पर एक मत होकर अपने-अपने भाग का पालन करते है, वैसे ही तुम भी करो। तुम्हारा मन्त्र एक हो, समिति एक हो, मन एक हो, चित्त एक हो। समान मन्त्र से तुम्हे अभिमन्त्रित करता हूँ, समान हवि से तुम्हें आहुत करता हू। तुम्हारा संकल्प एक हो, तुम्हारे हृदय एक हों, तुम्हारा मन एक हो, जिससे तुम्हारे अन्दर पूर्ण एकता का भाव विद्यमान रहे।"

सहृदयं सांमनस्यमविद्वेषं कृणोमि वः ।
अन्यो अन्यमभि हर्यत वत्सं जातमिवाघ्न्या ॥
अनुव्रतः पितुः पुत्रो मात्रा भवतु संमनाः ।
जाया पत्ये मधुमतीं वाचं वदतु शन्तिवाम् ॥
समानी प्रपा सह वोऽन्नभागः समाने योक्त्रे सह वो युनज्मि ।
सम्यञ्चोऽग्निं सपर्यतारा नाभिमिवाभितः ॥ अथर्व ३.३०.१,२,६

"सहृदयत्व, सामनस्य तथा अविद्वेष तुम लोगो मे उत्पन्न करता हूँ। तुम एक-दूसरे से प्रेम करो, जैसे नवजात बछड़े से गाय प्रेम करती है। पुत्र पिता का आज्ञाकारी हो, माता के साथ समान मन वाला हो। पत्नी पति के प्रति मधुर तथा शान्त वाणी बोले। तुम लोगो का समान पानागार हो, समान अन्नागार हो। रज्जु से मैं तुम्हे बाधता हूँ। साथ मिल कर अग्नि की परिचर्या करो, जैसे अरे रथनाभि के चारो ओर मिले रहते हैं।

अन्य प्रेरणाएँ

युनक्त सीरा वि युगा तनुध्वं कृते योनौ वपतेह बीजम् ।
गिरा च श्रुष्टिः सभरा असन्नो नेदीय इत् सृण्यः पक्वमेयात् ॥
ऋग् १०.१०१.३

व्रजं कृणुध्व स हि वो नृपाणो वर्म सीव्यध्वं बहुला पृथूनि ।
पुरः कृणुध्वमायसीरधृष्टा मा वः सुस्रोच्चमसो दृंहता तम् ॥
ऋग् १०१.८, अथर्व १९.५८.४

मृत्योः पदं योपयन्त एत द्राघीय आयुः प्रतरं दधानाः ।
आसीना मृत्युं नुदता सधस्थेऽथ जीवासो विदथमा वदेम ॥
अथर्व १२.२.३०

"हल जोतो, जुए बैलों के कन्धों पर रखो, भूमि जुत जाने पर उसमें बीज वपन कर दो। हमारे कथनानुसार अन्न की बालियाँ खूब भरी हुई हों। फसल पक जाने पर दरातियाँ उसे काटें।"

"गौशालाएं बनाओ, उनसे तुम्हारे मनुष्यों की रक्षा होगी। बहुत से विशाल कवच सी लो। लोह-पुरियों का निर्माण करो, जो धर्षित न हो सकें। तुम्हारा अन्नागार क्षीण होने वाला न हो, उसे दृढ़ करो।"

"मृत्यु के पैर को परे हटाते हुए, अतिशय दीर्घ आयु धारण करते हुए चलो। मिलकर रहने के स्थान राष्ट्र में बैठे हुए तुम मृत्यु को धक्का दे दो। तत्पश्चात् जीवित-जागृत होते हुए हम ज्ञानवाणी बोलते रहें।"

अदो यद् दारु प्लवते सिन्धोः पारे अपूरुषम्।
तदारभस्व दुर्हणो तेन गच्छ परस्तरम्॥ ऋग् १०.१५५.३

अपक्रामन् पौरुषेयाद् वृणानो दैव्यं वचः।
प्रणीतीरभ्यावर्तस्व विश्वेभिः सखिभिः सह॥ अथर्व ७.१०५.१

"यह जो सिन्धु के किनारे बिना किसी पुरुष से अधिष्ठित नौका तैर रही है, उसे हे अलक्ष्मी से पीड़ित तू ग्रहण कर ले तथा उससे (समाधि लाने के लिए) परले पार चला जा।

"पौरुषेय दुर्वचन छोड़कर दिव्य वचन को स्वीकार करता हुआ तू सब मित्रों के साथ प्रणय का व्यवहार कर।

(ख) निषेधात्मक रूप

ऊपर हमने प्रेरणात्मक शैली के विध्यात्मक पार्श्व पर दृष्टिपात किया है। अब निषेधात्मक पार्श्व को देखेंगे।

ऋग्वेद में गोवध का निषेध करते हुए निम्न प्रेरणा दी गयी है—"गौ रुद्रों की माता है, वसुओं की दुहिता है, आदित्यों की स्वसा है, अमृत की नाभि है। मैंने विवेकशील जनों को कह दिया है कि तुम इस निरपराध गौ का वध मत करो। हमारी वाणी को समझने वाली, अपनी वाणी बोलने वाली, सब हितबुद्धियों के साथ हमारे समीप आने वाली, सर्वत्र पहुँचने वाली देवी गौ को अल्पचित्त मनुष्य काटे नहीं[1]।" मनुष्य को द्यूत से बचने की प्रेरणा

१. माता रुद्राणां दुहिता वसूनां स्वसादित्यानाममृतस्य नाभिः।
प्र नु वोचं चिकितुषे जनाय मा गामनागामदितिं वधिष्ट॥
वचोविदं वाचमुदीरयन्तीं विश्वाभि र्धीभिरुपतिष्ठमानाम्।
देवीं देवेभ्यः पर्येयुषी गामा मावृक्त मर्त्यो दभ्रचेताः॥
ऋग् ८.१०१.१५, १६

करते हुए कहा है, 'द्यूतक्रीडा मत कर[2]।' नारी को कर्तव्योपदेश करते हुए वेद कहता है, 'जहां शुभ हृदय वाले, शुभ कर्मों वाले जन अपने शरीर के रोगादि को छोड़कर आनन्द से रहते हैं, उस गृहस्थलोक को हे यमनियम-परायणा नारी, तू प्राप्त हुई है। वहां रहती हुई पुरुषों तथा पशुओं को कष्ट मत दे[3]। अथर्ववेद के प्रसिद्ध सांमनस्य सूक्त में कहा है, 'भाई भाई से द्वेष न करे, बहिन बहिन से द्वेष न करे[4]।'

राजन्य के लिए ब्राह्मण की गौ को न खाने (उसकी वाणी[5] की उपेक्षा न करने) का परामर्श देते हुए कहा है, हे राजन्, ब्राह्मण की गौ को तू मत खा, यह खाने योग्य नहीं है। देवों ने इसे तुझे खाने के लिए नहीं दिया है। जैसे अपने प्रिय शरीर की अग्नि की कोई हिंसा नहीं करना चाहता, वैसे ही ब्राह्मण की हिंसा नहीं करनी चाहिए[6]।' अतिथि से पूर्व भोजन न करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा है, 'गृहपति को चाहिए कि वह श्रोत्रिय अतिथि के भोजन करने से पूर्व स्वयं भोजन न करे[7]। राजा को कहा है, 'तू सांप मत बन, अजगर मत बन[8]' जिसका अभिप्राय है कि राजा सर्प के समान कुटिलाचरण या प्रजा का हिंसन न करे, अजगर के समान प्रजा को भक्षणीय न समझे। इन सब उदाहरणों में किसी अनिष्टकर बात को न करने की प्रेरणा की गयी है। एवं यहां निषेधात्मक शैली है।

---

२ अक्षैर्मा दीव्य ॥ ऋग् १० ३४ १३

३ यत्रा सुहार्द सुकृतो मदन्ति विहाय रोगं तन्व स्वायाः ।
तं लोकं यमिन्यभिसंबभूव सा नो मा हिंसीत् पुरुषान् पशूंश्च ॥
अथर्व ३ २८ ५

४ मा भ्राता भ्रातरं द्विक्षन्मा स्वसारमुत स्वसा ॥ अथर्व ३ ३० ३

५ एक व्याख्यानुसार यहां गौ का अर्थ वाणी है। द्रष्टव्य अभय विद्यालंकार ब्राह्मण की गौ। प्रकाशन मन्दिर, गुरुकुल कांगड़ी।

६ नैता ते देवा अददुस्तुभ्यं नृपते अत्तवे ।
मा ब्राह्मणस्य राजन्य गां जिघत्सो अनाद्याम् ॥
न ब्राह्मणो हिंसितव्योऽग्निः प्रियतनोरिव ।
सोमो ह्यस्य दायाद इन्द्रो अस्याभिशस्तिपाः ॥ अथर्व ५ १८ १ ६

७ एष वा अतिथिर्यच्छ्रोत्रियस्तस्मात् पूर्वो नाश्नीयात् ॥ अथर्व ९ ६ ३७

८ माहिर्भूर्मा पृदाकुः ॥ यजु ८ २३

उक्त प्रेरणाओं पर एक दृष्टि

ऊपर हमने वेदो की कुछ प्रमुख प्रेरणाओ पर दृष्टिपात किया। सर्वप्रथम उद्बोधन को लिया है। उद्बोधन के मन्त्र ऐसे हैं, जिनमे सचमुच हृदय तरंगित होने लगता है, विघ्नों को पार कर संसार-समर में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। वेद प्राय: अग्नि, सूर्य और उषा की वार्ता करते हैं। मन्त्रो मे भी इनकी चर्चा आयी है। वेद की दृष्टि मे मनुष्य को अग्निमय बनना है, अपने जीवन मे उषा जैसा प्रकाश लाना है। वेदमन्त्र मे सूर्य को सम्बोधन कर कहा है कि तू अन्धकार को विदीर्ण करता हुआ ऊपर द्युलोक मे आरूढ़ हो जा। सूर्य को तो उद्बोधन की आवश्यकता ही नही है, वह स्वय ही द्युलोक मे आरोहण करेगा। वस्तुतः सूर्य, अग्नि आदि की अन्योक्तियो से वेद मनुष्य को ही ऊर्ध्वगामी होने की प्रेरणा करते हैं।

राजा, सेनानी तथा सैनिको को जो प्रेरणाए दी गयी है, उनमे एक प्रमुख प्रेरणा शत्रुसहार करने तथा विजय पाने की है। राजा व्याघ्र बनकर शत्रुओ को निगीर्ण कर ले, वह अनिवार्य रूप से प्रत्येक प्रजाजन को सैनिक शिक्षा दे। जो समाज के हित के लिए अपने धन का दान नही करते, प्रत्युत एक मात्र स्वय ही भोग करते है, तथा धन को अपने पास सग्रह किए रखते हैं, उनके धन को राजा विसरणशील कर दे, ऐसा कहा है, अर्थात् राजनियम से उनका धन प्रचलन मे आ जाना चाहिए। इसके आगे नारी के लिए कुछ प्रेरणाए है। उनसे उसके सदाचरण, गुरुजनों को सुख देना, एव देवर, श्वशुर, श्वश्रू सबके प्रति मगलमय होना आदि गुण प्रकट होते है।

देवपूजा की प्रेरणाओ में इन्द्र, बृहस्पति, वरुण, रुद्र, अग्नि, सोम, यम, सूर्य इन्ही देवों की पूजा विषयक मन्त्र यहा दिये गये हे। इनसे अतिरिक्त विष्णु, अश्विनौ आदि अन्य देवो की पूजा के प्रसग भी वेदो मे आते है। वेद स्वय ही अनेक मन्त्रो मे यह भी वर्णित करते है कि ये सब विभिन्न नाम एक ही ज्येष्ठ देव के हैं[१]।

आगे अग्निहोत्र, त्याग एव अतिथिसत्कार की प्रेरणाए है, जो वैदिक सस्कृति के प्रधान अंग है। अतिथि-सत्कार को इतना महत्त्व दिया गया है कि उसके लिए नैत्यिक कर्म अग्निहोत्रादि भी स्थगित किया जा सकता है।

---

१. द्रष्टव्य: ऋग् १. १६४. ४६; ऋग् १०. ११४. ५, ऋग् ३. २६. ७; ऋग् २. १. ३७; ऋग् १०. ८२. ३, अथर्व २. १; यजु ३२. १; अथर्व १३. ४।

तदनन्तर सांमनस्य की प्रेरणाओं में परस्पर ऐकमत्य, सौहार्द, अविद्वेष, प्रीतिभाव, एकचित्तता, समानता, माधुर्य आदि की झांकी मिलती है। इतर प्रेरणाओं में कृषि, दीर्घायुष्य, अलक्ष्मीनाशन आदि की प्रेरणाएं हैं, जो स्पष्ट रूप से मनुष्य को इसके लिए प्रवृत्त होने का उपदेश देती हैं। निषेधात्मक प्रेरणाओं में गोवध न करना, द्यूतक्रीडा न करना, ब्राह्मण का अनादर न करना आदि उपदेश हैं।

यहां प्रेरणात्मक शैली को दर्शाने के उद्देश्य से ही इन प्रेरणात्मक मन्त्रों को संगृहीत किया गया है। यह ध्यान में रखना आवश्यक है कि वेदों में कर्तव्यों का उपदेश केवल प्रेरणात्मक शैली से नहीं, किन्तु इतर शैलियों से भी दिया जाता है।

२. आश्वासनात्मक शैली

अब आश्वासनात्मक शैली को लेते हैं। वेद में कई प्रसंगों में दैवी या मानुषी विपत्ति तथा आधि-व्याधि आदि से पीड़ित व्यक्ति को आश्वासन दिया गया है। विशेषकर ऋग्वेद के दशम मण्डल में तथा अथर्ववेद में ऐसे प्रसग अधिक आते हैं। इनकी शैली बड़ी सजीव, प्रभावोत्पादक तथा हृदय में विश्वास उत्पन्न कराने वाली है। यहां कुछ प्रसंग दिये जाते है।

सुबन्धु को आश्वासन

सुबन्धु[10] मरणासन्न पड़ा है। उसका मनोबल समाप्त हो चुका है, मन मानो शरीर में रहा ही नहीं है। वह अपने जीवन से निराश हो चुका है। ऐसी अवस्था में उसके साथी अथवा चिकित्सक नितान्त विश्वासजनक शब्दों में उसे कहते हैं—

१०. ऐतिहासिक व्याख्यानुसार बन्धु, सुबन्धु, श्रुतबन्धु और विप्रबन्धु ये चार असमाति नामक इक्ष्वाकुवंशी राजा के पुरोहित थे। पर राजा ने इन्हें छोड़ कर किन्हीं दो अन्य मायावी ऋषियों को पुरोहित वरण कर लिया। तब बन्धु आदियों ने क्रुद्ध हो राजा पर अभिचार किया। मायावी पुरोहितों को यह ज्ञात हुआ तो उन्होंने उनमें से एक सुबन्धु को प्राणों से वियुक्त कर दिया। तब मृत सुबन्धु के भाई उसके प्राणों तथा मन को लौटा लाने के लिए इन सूक्तों (ऋग् १०. ५७-६०) का जप करते हैं। द्रष्टव्य: इन सूक्तों पर सायणभाष्य। नैरुक्त प्रक्रिया के अनुसार सुबन्धु उत्तम बन्धु-बान्धवों से युक्त कोई भी व्यक्ति हो सकता है। उसके मरणासन्न या हतोत्साह हो जाने पर उसके सम्बन्धी-जन उसे आश्वासन दे रहे हैं।

यत् ते यमं वैवस्वतं मनो जगाम दूरकम् ।
तत् त आ वर्तयामसीह क्षयाय जीवसे ॥
यत् ते दिवं यत् पृथिवीं मनो जगाम दूरकम् । तत्० ॥
यत् ते भूमिं चतुर्भृष्टिं मनो जगाम दूरकम् । तत्० ॥
यत् ते चतस्रः प्रदिशो मनो जगाम दूरकम् । तत्० ॥
यत् ते समुद्रमर्णवं मनो जगाम दूरकम् । तत्० ॥
यत् ते मरीचीः प्रवतो मनो जगाम दूरकम् । तत्० ॥
यत् ते ग्रपो यदोषधी र्मनो जगाम दूरकम् । तत्० ॥
यत् ते सूर्यं यदुषसं मनो जगाम दूरकम् । तत्० ॥
यत् ते पर्वतान् बृहतो मनो जगाम दूरकम् । तत्० ॥
यत् ते विश्वमिदं जगन्मनो जगाम दूरकम् । तत्० ॥
यत् ते पराः परावतो मनो जगाम दूरकम् । तत्० ॥
यत् ते भूतं च भव्यं च मनो जगाम दूरकम् । तत्० ॥

ऋग् १०. ५८ १-१२

'जो तेरा मन बहुत दूर वैवस्वत यम के पास चला गया है, उसे हम इसी शरीर मे निवास के लिए ग्रभी लौटाये लाते हैं, जिससे तू चिरकाल तक जीवित रहेगा । जो तेरा मन बहुत दूर द्युलोक तथा भूलोक मे चला गया है, उसे हम इसी शरीर मे निवास के लिए ग्रभी लौटाये लाते हैं, जिससे तू चिरकाल तक जीवित रहेगा । जो तेरा मन बहुत दूर गोलाकार भूमि की ग्रोर चला गया है, उसे हम इसी शरीर मे निवास के लिए ग्रभी लौटाये लाते हैं, जिससे तू चिरकाल तक जीवित रहेगा । जो तेरा मन बहुत दूर जल के पारावार समुद्र तक चला गया है, उसे हम इसी शरीर में निवास के लिए ग्रभी लौटाये लाते हैं, जिससे तू चिरकाल तक जीवित रहेगा । जो तेरा मन बहुत-बहुत दूर जलों में तथा ग्रोषधियों में चला गया है, उसे हम इसी शरीर मे निवास के लिए ग्रभी लौटाये लाते हैं, जिससे तू चिरकाल तक जीवित रहेगा । जो तेरा मन बहुत दूर सूर्य में तथा उषा मे चला गया है, उसे हम इसी शरीर मे निवास के लिए ग्रभी लौटाये लाते हैं, जिससे तू चिरकाल तक जीवित रहेगा । जो तेरा मन बहुत दूर विशाल पर्वतों मे चला गया है, उसे हम इसी शरीर में निवास के लिए अभी लौटाये लाते हैं, जिससे तू चिरकाल तक जीवित रहेगा । जो तेरा मन बहुत दूर समस्त जगत् मे चला गया है, उसे हम इसी शरीर में निवास के लिए ग्रभी लौटाये लाते है, जिससे तू चिरकाल तक जीवित रहेगा । जो तेरा मन दूर, दूर, बहुत दूर तक के प्रदेशों में चला गया है, उसे हम इसी शरीर में निवास के लिए अभी लौटाये लाते हैं, जिससे तू चिरकाल तक

जीवित रहेगा। जो तेरा मन बहुत दूर भूत तथा भव्य मे चला गया है, उसे हम इसी शरीर मे निवास के लिए अभी लौटाये लाते हैं, जिससे तू चिरकाल तक जीवित रहेगा।"

अयं मातायं पिताऽयं जीवातुरागमत् ।
इदं तव प्रसर्पणं सुबन्धवेहि निरिहि ॥
यथा युगं वरत्रया नह्यन्ति धरुणाय कम् ।
एवा दाधार ते मनो जीवातवे न मृत्यवेऽथो अरिष्टतातये ॥
यथेयं पृथिवी मही दाधारेमान् वनस्पतीन् ।
एवा दाधार ते मनो जीवातवे न मृत्यवेऽथो अरिष्टतातये ॥
यमादहं वैवस्वतात् सुबन्धोर्मन आभरम् ।
जीवातवे न मृत्यवेऽथो अरिष्टतातये ॥
अयं मे हस्तो भगवानयं मे भगवत्तरः ।
अयं मे विश्वभेषजोऽयं शिवाभिमर्शनः ॥ ऋग् १० ६० ७-१०,१२

"यह सजीवन औषध तेरे लिए आ गया है, यह माता है, यह पिता है। यह देख तेरा प्रसर्पण आरभ हो गया है। हे सुबन्धु, आने जाने की क्रियाए कर। जैसे रथ की दृढ स्थिति के लिए जुए को रस्सी से कसकर बाँधते है, वैसे ही मैने तेरे मन को इस शरीर मे दिया है, जिससे तू जीवित रहेगा, मरेगा नही तथा नीरोग रहेगा। जैसे इस विशाल पृथिवी ने इन वनस्पतियो को दृढ़ता से थामा हुआ है, वैसे ही मैंने तेरे मन को दृढ़ता से थाम लिया है, जिससे तू जीवित रहेगा, मरेगा नही तथा नीरोग रहेगा। वैवस्वत यम के पास से मैं तुझ सुबन्धु के मन को लौटा लाया हू, जिससे तू जीवित रहेगा, मरेगा नही तथा नीरोग रहेगा। यह मेरा हाथ बडा प्रभावशाली है, यह दूसरा हाथ उससे भी अधिक प्रभावशाली है। यह मेरा हाथ सब रोगो का भेषज है, यह मेरा दूसरा हाथ छूते ही कल्याण कर देने वाला है।"

व्याधिग्रस्त को आश्वासन

ऋग्वेद के ओषधी सूक्त मे भी कुछ मन्त्र इसी शैली के हैं। वैद्य रोगी को सम्बोधन कर कहता है—

अश्वावतीं सोमावतीमूर्जयन्तीमुदोजसम् ।
आवित्सि सर्वा ओषधीरस्मा अरिष्टतातये ॥
उच्छुष्मा ओषधीनां गावो गोष्ठादिवेरते ।
धनं सनिष्यन्तीनामात्मानं तव पूरुष ॥

अति विश्वाः परिष्ठाः स्तेन इव व्रजमक्रमुः ।
ओषधीः प्राचुच्यवुर्यत् किं च तन्वो रपः ॥
यदिमा वाजयन्नहमोषधी र्हस्त आदधे ।
आत्मा यक्ष्मस्य नश्यति पुरा जीवगृभो यथा ॥ ऋग् १०. ६७. ७-११

"इस रोग को विनष्ट करने के लिए अश्वावती, सोमावती, ऊर्जयन्ती, उदोजस् सब ओषधियो का ज्ञान मुझे है। हे रुग्ण पुरुष, तेरे शरीर को अपना धन प्रदान करने की इच्छा वाली मेरी ओषधियो के बल एव प्रभाव इनमे से ऐसे ही उत्कण्ठापूर्वक बाहर आना चाह रहे है, जैसे गौए गोष्ठ से बाहर निकलती है। मेरे चारो ओर स्थित इन ओषधियो ने रोग पर ऐसे ही आक्रमण कर दिया है,जैसे चोर गौओ के व्रज पर आक्रमण करता है। इन्होने शरीर का जो भी रोग है उसे प्रच्युत कर दिया है। जब मैं तुझे बल देता हुआ इन ओषधियो को हाथ मे पकडता हू, तब प्रयोग से पहले ही रोग के प्राण नष्ट हो जाते हैं, जैसे व्याध को देखकर पक्षियो के प्राण।"

चिकित्सक की जादू भरी वाणी

कोई व्यक्ति भयकर रोग से पीड़ित है। निश्चयात्मक रूप से रोग का निदान नही हो पा रहा। कुछ लोग राजयक्ष्मा बताते हैं। रोगी भी समझ रहा है कि अब यह रोग मेरे प्राण लेकर ही छोडेगा। ऐसे समय सौभाग्य से एक कुशल चिकित्सक आता है और रोगी पर प्रभाव डालता हुआ कहता है—

मुञ्चामि त्वा हविषा जीवनाय कमज्ञातयक्ष्मादुत राजयक्ष्मात् ।
ग्राहिर्जग्राह यदि वैतदेनं तस्या इन्द्राग्नी प्र मुमुक्तमेनम् ॥
यदि क्षितायुर्यदि वा परेतो यदि मृत्योरन्तिकं नीत एव ।
तमा हरामि निर्ऋतेरुपस्थादस्पार्षमेनं शतशारदाय ॥
आहार्षं त्वाविदं त्वा पुनरागाः पुनर्णव ।
सर्वाङ्ग सर्वं ते चक्षुः सर्वमायुश्च तेऽविदम् ॥ ऋग् १० १६१. १, २, ५

"मैं अग्नि मे ओषधियो की हवि डालकर उसकी धूनी द्वारा चिरकाल तक जीने के लिए तुझे इस अज्ञात रोग से मुक्त कर दूगा, भले ही यह राजयक्ष्मा क्यों न हो। चाहे तेरी आयु क्षीण हो चुकी है, चाहे तू इस लोक से विदा ले चुका है, चाहे तू मृत्यु के अत्यन्त निकट पहुंच चुका है, तो भी मैं तुझे मृत्यु की गोद से खींच लाऊँगा। शत वर्ष जीने के लिए मैंने तुझे बल प्रदान कर दिया है। देख, मैं तुझे मृत्यु के पास से लौटा लाया हूँ, तुझे हमने पा लिया है, तू पुन: हम जीवितो मे आ मिला है। हे पुन: नवीन, हे सर्वा ग, तेरी पूर्ण चक्षु-शक्ति को तथा पूर्ण आयु को मैं ले आया हूँ।"

अक्षीभ्यां ते नासिकाभ्यां कर्णाभ्यां छुबुकादधि ।
यक्ष्मं शीर्षण्यं मस्तिष्काज्जिह्वाया वि वृहामि ते ।।
ग्रीवाभ्यस्त उष्णिहाभ्यः कीकसाभ्यो अनूक्यात् ।
यक्ष्मं दोषण्यमंसाभ्यां बाहुभ्यां वि वृहामि ते ।।
आन्त्रेभ्यस्ते गुदाभ्यो वनिष्ठोर्हृदयादधि ।
यक्ष्मं मतस्नाभ्यां यक्नः प्लाशिभ्यो वि वृहामि ते ।।
ऊरुभ्यां ते अष्ठीवद्भ्यां पार्ष्णिभ्यां प्रपदाभ्याम् ।
यक्ष्मं श्रोणिभ्यां भासदाद भंससो वि वृहामि ते ।।
मेहनाद् वनंकरणाल्लोमभ्यस्ते नखेभ्यः ।
यक्ष्मं सर्वस्मादात्मनस्तमिदं वि वृहामि ते ।।
अङ्गादङ्गाल्लोम्नोलोम्नो जातं पर्वणि पर्वणि ।
यक्ष्म सर्वस्मादात्मनस्तमिद वि वृहामि ते ।।

ऋग् १० १६३; अथर्व २ ३३

"तेरे नेत्रों से, नासिका से, कानों से, मस्तिष्क से, जिह्वा से, शिरोवर्ती यक्ष्म को मैं अभी बाहर निकाल दूंगा। तेरी ग्रीवा से, स्नायुओं से, अस्थियों से, पृष्ठवंश से, स्कन्धो से, भुजाओ से मध्यवर्ती यक्ष्म को मै अभी बाहर निकाल दूंगा। तेरी छोटी आंतो से, गुदा-भागो से, बृहद् आन्त्र से, हृदय से, गुर्दो से, जिगर से, तिल्ली से यक्ष्म को मैं अभी बाहर निकाल दूंगा। तेरे ऊरुओं से, घुटनो से, एडियों से, पजों से, जघन-स्थलो से, पायु से यक्ष्म को मैं अभी बाहर निकाल दूंगा। तेरी मूत्रेन्द्रिय से, लोमो से नखो से, सारे ही शरीर से यक्ष्म को मैं अभी बाहर निकाल दूंगा। अग-अंग से, रोम-रोम से, पर्व-पर्व से, सारे शरीर से यक्ष्म को मैं अभी बाहर निकाल दूंगा।"

सर्पदष्ट को आश्वासन

अथर्ववेद मे सर्पदंश का प्रसंग है। सर्प के विष से उतने व्यक्ति नहीं मरते, जितने सर्प काटे के भय से मरते है, क्योंकि अधिकांश सर्प निर्विष होते हैं। अतः चिकित्सक आश्वासनात्मक शैली का आश्रय ले एक सर्पदष्ट व्यक्ति को सान्त्वना दे रहा है—

ददिर्हि मह्यं वरुणो दिवः कविर्वचोभिरुग्रैर्नि रिणामि ते विषम् ।
खातमखातमुत सक्तमग्रभमिरेव धन्वन् नि जजास ते विषम् ।।
यत् ते अपोदकं विषं तत् त एतास्वग्रभम् ।
गृह्णामि ते मध्यमुत्तमं रसमुतावमं भियसा नेशदादु ते ।।

तृषा मे रवो नभसा न तन्यतुरुग्रेण ते वचसा बाध आदु ते ।
अहं तमस्य नृभिरग्रभं रसं तमस इव ज्योतिरुदेतु सूर्यः ॥
अथर्व ५. १३. १-३

"दिव्य कवि वरुण ने मुझे ऐसी शक्ति दी है कि उग्र वचनो से ही मैं तेरे विष को निकाल दूंगा । अंग में सर्प का दात गडा हो, न गड़ा हो, स्पर्शमात्र हुआ हो, कोई चिन्ता की बात नहीं है । तेरा विष ऐसे ही सूख जायेगा, जैसे मरुस्थल मे पानी । जो तेरा तीव्र विष है, उसे मैंने इन बन्धनियों में बांध लिया है । मध्यम, उत्तम, अधम कैसा भी विष हो, मैंने उसे पकड़ लिया है । मेरी पकड़ में आकर वह भय से ही नष्ट हो जायेगा । देख, बडा तीव्र मेरा शब्द है, जैसे आकाश की बिजली हो । उस उग्र शब्द मे मैं तेरा विष नष्ट कर रहा हू ।"

अन्य प्रसंग

अन्यत्र चिकित्सक रोगी को सान्त्वना देता हुआ निम्न उद्गार प्रकट करता है–

यत् ते माता यत् ते पिता जामिर्भ्राता च सर्जतः ।
प्रत्यक् सेवस्व भेषजं जरदष्टिं कृणोमि त्वा ॥
इहैधि पुरुष सर्वेण मनसा सह ।
दूतौ यमस्य मानु गा अधि जीवपुरा इहि ॥
मा बिभेर्न मरिष्यसि जरदष्टिं कृणोमि त्वा ।
निरवोचमहं यक्ष्ममङ्गेभ्यो अङ्गज्वरं तव ॥ अथर्व ५. ३०. ५, ६, ८

"तेरे माता, पिता, बहिन या भाई ने जिस औषध को तैयार किया है, उसका तू सेवन कर । चिन्तित मत हो, मै तुझे दीर्घजीवी कर दूगा । हे पुरुष, अपने सम्पूर्ण मनोबल के साथ तू यही रह, यम के दूतो का अनुसरण मत कर, इस जीवपुरी में ही वास कर । भयभीत मत हो, तू मरेगा नही, तुझे मैं चिरजीव कर रहा हूं । मैंने तेरे अगों से यक्ष्म को तथा अगज्वर को, समझ ले, बाहर निकाल ही दिया है ।"

जीवतां ज्योतिरभ्येह्यर्वाङा त्वा हरामि शतशारदाय ।
अवमुञ्चन् मृत्युपाशानशस्तिं द्राघीय आयुः प्रतरं दधामि ॥
कृणोमि ते प्राणापानौ जरां मृत्युं दीर्घमायुः स्वस्ति ।
वैवस्वतेन प्रहितान् यमदूतांश्चरतोऽप सेधामि सर्वान् ॥
सोऽरिष्ट न मरिष्यसि न मरिष्यसि मा बिभेः ।
न वै तत्र म्रियन्ते नो यन्त्यधमं तमः ॥

सर्वो वै तत्र जीवति गौरश्वः पुरुषः पशुः ।
यत्रेदं ब्रह्म क्रियते परिधिर्जीवनाय कम् ॥ अथर्व ८.२.२,११,२४,२५

"हे पुरुष, तू जीवितो की ज्योति को प्राप्त कर। शत वर्ष जीने के लिए मैं तुझे मृत्यु के मुख से खींच लाया हूँ। मृत्युपाशों को तथा अप्रशस्त जीवन को दूर कर, मैं तुझे दीर्घायुष्य प्रदान कर रहा हूं। मैं तुझे प्राणापान, जरा-मृत्यु, दीर्घायु तथा स्वस्ति प्रदान कर रहा हूं। वैवस्वत से भेजे हुए, यहां विचरण करते हुए सब यमदूतो को मैं अभी दूर भगा दूगा। तू अक्षय है, मरेगा नही, भय मत कर। जहां जीवन के लिए मेरे औषध को परिधि बना लिया जाता है, वहा कोई मरते नही, न दुर्गति को प्राप्त करते है, अपितु गौ, अश्व, पुरुष, पशु सब जीवित रहते हैं।"

शीर्षक्तिं शीर्षामयं कर्णशूलं विलोहितम् ।
सर्वं शीर्षण्यं ते रोगं बहिर्निर्मन्त्रयामहे ॥
यः कृणोति प्रमोतमन्धं कृणोति पूरुषम् ।
सर्वं शीर्षण्यं ते रोगं बहिर्निमन्त्रयामहे ॥
यस्य भीमः प्रतीकाश उद्वेपयति पूरुषम् ।
तक्मानं विश्वशारदं बहिर्निर्मन्त्रयामहे ॥ अथर्व ९.८.१,४,६

"शिर:कम्प, शिरोवेदना, कर्णशूल, रक्ताधिक्य आदि तेरे समस्त शीर्षण्य रोग को मैं अभी बाहर निकाल दूंगा। जो पुरुष को गूंगा कर देता है, अन्धा कर देता है, उस सब तेरे शीर्षण्य रोग को मैं सभी बाहर निकाल दूंगा। जिसका रूप बड़ा भयकर है, जो पुरुष को प्रकम्पित कर देता है, उस वर्षव्यापी ज्वर को अभी मैं बाहर निकाल दूंगा।"

यह शैली मनोवैज्ञानिक दृष्टि से बहुत महत्त्वपूर्ण है। इसी शैली के आधार पर बिना औषध के मानसिक तथा शारीरिक रोगो की चिकित्सापद्धति का आविष्कार हुआ है।

३. आशीर्वादात्मक शैली

अब इस अध्याय की तृतीय शैली पर आते हैं। यह आशीर्वादात्मक शैली है। इस शैली मे किसी व्यक्ति के प्रति शुभकामना प्रकट की जाती है, अथवा उसे आशीर्वाद दिया जाता है। वेदों मे इस शैली का भी प्रयोग हुआ है। जिसके प्रति शुभकामना या आशीर्वाद प्रयुक्त किये जाते हैं, वह व्यक्ति अथवा उसका कार्य समाज के लिए हितकर एव वांछनीय है तथा वेद की दृष्टि मे वह प्रशंसनीय है यह इससे सूचित होता है। वेदों मे से चुन कर इस शैली के उदाहरण नीचे प्रस्तुत किए जा रहे हैं।:

दानी के प्रति

अभी प्रेरणात्मक शैली मे हम देख चुके हैं कि वेद की दृष्टि में दान एव त्याग का बहुत महत्त्व है। तदनुसार जो दान देता है उसके प्रति ग्रहीता के हृदय से आशीर्वाद प्रवृत्त होना स्वाभाविक है। निम्न प्रसग मे नाभा नेदिष्ठ सावर्णि मनु[11] से विपुल दान प्राप्त कर उसके प्रति शुभकामना तथा आशीर्वाद की धाराएं बहा रहा है--

प्र नूनं जायतामयं मनुस्तोक्मेव रोहतु ।
यः सहस्रं शताश्वं सद्यो दानाय मंहते ॥

सहस्रदा ग्रामणीर्मा रिषन्मनुः सूर्येणास्य यतमानैतु दक्षिणा ।
सावर्णेर्देवाः प्रतिरन्त्वायुर्यस्मिन्नश्रान्ता असनाम वाजम् ॥

ऋग् १०.६२.८, ११

"यह सावर्णि मनु बहुत-बहुत फूले-फले, दूर्वांकुरो के समान समृद्धि को प्राप्त हो, जिसने सहस्र गौए तथा शत अश्व मुझे दान मे दिए हैं। सहस्रो के दाता इस मनु को कोई हानि न पहुचे। इसकी प्रवर्तमान दक्षिणा सूर्य के साथ तुलनीय होवे। देव इस सावर्णि की आयु को बढाये, जिसकी शरण मे जाकर अश्रान्त होते हुए हमने ऐश्वर्य-लाभ किया है।"

निम्न स्थल मे वृषभ का दान करने वाले के प्रति शुभकामना प्रकट की गयी है--

गावः सन्तु प्रजाः सन्त्वथो अस्तु तनूबलम् ।
तत् सर्वमनु मन्यतां देवा ऋषभदायिने ॥ अथर्व ९.४.२०

"गौए प्राप्त हो, सन्तान प्राप्त हो और शारीरिक बल प्राप्त हो। हे देव-जनो, ऋषभ का दान करने वाले को यह समस्त ऐश्वर्य अधिगत हो।"

अङ्गिरसों के प्रति

चतुर्थ अध्याय मे सरमा-पणि-सवाद मे हम देख चुके हैं कि अगिरस पणियों द्वारा चुरायी गयी गौओ को पुन प्राप्त करने में इन्द्र प्रधान सहायक होते हैं। उन्ही अगिरसों के प्रति अधोलिखित प्रसंग मे शुभकामना की गयी है--

---

११. ऐतिहासिक पक्ष के अनुसार नाभा नेदिष्ठ और सावर्णि मनु ऐतिहासिक नाम है, किन्तु नैरुक्त पक्ष मे ये यौगिक नाम होगे।

ये यज्ञेन दक्षिणया समक्ता इन्द्रस्य सख्यममृतत्वमानश ।
तेभ्यो भद्रमङ्गिरसो वो अस्तु प्रतिगृभ्णीत मानवं सुमेधसः ॥
य उदाजन् पितरो गोमयं वस्वृतेनाभिन्दन् परिवत्सरे वलम् ।
दीर्घायुत्वमङ्गिरसो वो अस्तु प्रतिगृभ्णीत मानवं सुमेधसः ॥
य ऋतेन सूर्यमारोहयन् दिव्यप्रथयन् पृथिवीं मातरं वि ।
सुप्रजास्त्वमङ्गिरसो वो अस्तु प्रतिगृभ्णीत मानवं सुमेधसः ॥

ऋग् १०. ६२, १-३

"जिन्होंने यज्ञ किया है, दक्षिणा दी है, इन्द्र के सख्य को तथा अमृतत्व को प्राप्त किया है, ऐसे आप लोगों को हे अंगिरसो, कल्याण प्राप्त हो। जिन पितृजनों ने गौरूप धन प्राप्त कराया है, एक वर्ष में ऋत के द्वारा वलासुर का भेदन कर दिया है, ऐसे आप लोगों को हे अंगिरसो, दीर्घायुष्य प्राप्त हो। जिन्होंने ऋत के द्वारा सूर्य को द्युलोक मे आरोहण कराया है, माता पृथिवी को विस्तीर्ण किया है, ऐसे आप लोगों को हे अंगिरसो, सुप्रजास्त्व प्राप्त हो। यह नाभा नेदिष्ठ आपके गृह पर आकर आपके लिए रमणीय शुभकामना कह रहा है, हे ऋषियो, उसे सुनो। हे अंगिरसो, प्रभु करे तुम्हे सुब्रह्मण्य प्राप्त हो।

वर-वधू के प्रति

ऋग्वेद दशम मण्डल का सूक्त ८५ तथा अथर्ववेद का चतुर्दश काण्ड विवाह परक है। इनमे तथा क्वचित् अन्यत्र भी वर-वधू के प्रति आशीर्वाद एवं शुभकामना के कुछ मन्त्र आते हैं, जिनका भाव यहां दिया जाता है।

इहैव स्तं मा वि यौष्टं विश्वमायुर्व्यश्नुतम् ।
क्रीडन्तौ पुत्रैर्नप्तृभिर्मोदमानौ स्वस्तकौ ॥
शं ते हिरण्यं शमु सन्त्वापः शं मेथिर्भवतु शं युगस्य तर्द्म ।
शं त आपः शतपवित्रा भवन्तु शमु पत्या तन्वं सं स्पृशस्व ॥
यथा सिन्धुर्नदीनां साम्राज्यं सुषुवे वृषा ।
एवा त्वं सम्राज्ञ्येधि पत्युरस्तं परेत्य ॥
सम्राज्ञ्येधि श्वशुरेषु सम्राज्ञ्युत देवृषु ।
ननान्दुः सम्राज्ञ्येधि सम्राज्ञ्युत श्वश्र्वाः ॥

अथर्व १४. १. २२, ४०, ४३, ४४

"प्रभु करे आप दोनों साथ-साथ रहें, परस्पर पृथक् न हों, पुत्र-पौत्रों के साथ खेलते हुए, अपने गृह मे आमोद-प्रमोद करते हुए गृहस्थाश्रम के लिए नियत समस्त आयु व्यतीत करें। हे वधू, तेरे लिए हिरण्य सुखकारी हो,

यज्ञस्तम्भ सुखकारी हो, रथयुग का छिद्र सुखकारी हो। जैसे समुद्र ने नदियो को साम्राज्य दिया हुआ है, ऐसे ही तू भी पतिगृह में जाकर सम्राज्ञी बने। तू श्वसुर की दृष्टि मे सम्राज्ञी होवे, सास की दृष्टि में सम्राज्ञी होवे, ननद की दृष्टि में सम्राज्ञी होवे, देवरो की दृष्टि में सम्राज्ञी होवे।"

या ओषधयो या नद्यो यानि क्षेत्राणि या वना।
तास्त्वा वधु प्रजावतीं पत्ये रक्षन्तु रक्षसः॥
स्योनाद् योनेरधिबुध्यमानौ हसामुदौ महसा मोदमानौ॥
सुगू सुपुत्रौ सुगृहौ तराथो जीवावुषसो विभातीः॥ अथर्व १४ २.७, ४३

"जो औषधियाँ है, जो नदियां हैं, जो खेत है, जो वन है, वे सब हे वधू, राक्षसो से तेरी रक्षा करते रहे। सविता तुम दोनो की आयु को दीर्घ करे। आप दोनो सुखमय घर में जागरूक रहते हुए, हास्य-प्रमोद करते हुए, उत्सव से आनन्द लाभ करते हुए श्रेष्ठ गौए, श्रेष्ठ पुत्र, श्रेष्ठ गृह प्राप्त करते हुए, जीवन से अनुप्राणित होते हुए जगमगाती उषाओ को व्यतीत करते रहे।"

अभि वर्धतां पयसाभि राष्ट्रेण वर्धताम्।
रय्या सहस्रवर्चसेमौ स्तामनुपक्षितौ॥
त्वष्टा जायामजनयत् त्वष्टास्यै त्वां पतिम्।
त्वष्टा सहस्रमायूंषि दीर्घमायुः कृणोतु वाम्॥ अथर्व ६.७८.२

"यह युगल दूध से बढे, राष्ट्र से बढे, सहस्रवर्चोयुक्त ऐश्वर्य के सहित ये दम्पती अनुपक्षीण रहे। त्वष्टा ने इसे तेरी जाया बनाया है, त्वष्टा ने ही तुझे इसका पति बनाया है। वही त्वष्टा प्रभु आप दोनो की आयु को दीर्घ करे, आपको सहस्र वर्ष की आयु प्रदान करे।"

जन-साधारण के प्रति

निम्नलिखित वैदिक आशीर्वाद प्रत्येक मनुष्य के लिए हो सकते हैं–

एह्यश्मानमातिष्ठाश्मा भवतु ते तनूः।
कृण्वन्तु विश्वे देवा आयुष्टे शरदः शतम्॥ अथर्व २ १३.४

घृतह्रदा मधुकूलाः सुरोदकाः क्षीरेण पूर्णा उदकेन दध्ना।
एतास्त्वा धारा उप यन्तु सर्वाः स्वर्गे लोके मधुमत् पिन्वमानाः॥
उप त्वा तिष्ठन्तु पुष्करिणीः समन्ताः॥ अथर्व ४.३४.६.

त्रयः पोषास्त्रिवृति श्रयन्तामनक्तु पूषा पयसा घृतेन।
अन्नस्य भूमा पुरुषस्य भूमा भूमा पशूनां त इह श्रयन्ताम्॥ अथर्व ५.२८.३
शिवे ते स्तां द्यावापृथिवी असंतापे अभिश्रियौ।

शं ते सूर्य आ तपतु शं वातो वातु ते हृदे ।
शिवा अभिक्षरन्तु त्वापो दिव्याः पयस्वतीः ।।

"आ, इस प्रस्तर पर बैठ, प्रस्तर के समान तेरा शरीर सुदृढ हो जाये। समस्त देव तेरी आयु शत वर्ष की करे[12]। घृत के सरोवरो वाली, मधुमय कूलो वाली, स्वच्छ जल वाली, दूध से पूर्ण, दधिरस से पूर्ण ये सब धाराये गृहस्थ-स्वर्ग मे तुझे प्राप्त हो। पुष्कर-पत्रो से अलकृत सरसिया तेरे चारो ओर शोभित हो[13]। तुझे शारीरिक, मानसिक, आत्मिक त्रिविध पुष्टि प्राप्त हो, पूषा देव तुझे दूध तथा घृत से युक्त करे। अन्न की समृद्धि, पशुओ की समृद्धि तुझे प्राप्त हो[14]। तेरे लिये द्यावापृथिवी शिव, सन्तापरहित तथा श्रीयुक्त हो। सूर्य तेरे लिए सुखकर होता हुआ ताप दे, वायु तेरे हृदय के लिए सुखकर होता हुआ बहे, दूध जैसे निर्मल वर्षा-जल तेरे लिए सुखकर होते हुए प्रवाहित हो[15]।

दिवंगत आत्मा के प्रति

ऋग्वेद तथा अथर्ववेद के निम्न प्रसग से दिवगत व्यक्ति की आत्मा के लिए शुभकामना प्रकट की गयी है कि वह इन श्रेष्ठ कुलो मे से ही किसी मे जन्म ले—

सोम एकेभ्यः पवते घृतमेक उपासते
येभ्यो मधु प्रधावति ताँश्चिदेवापि गच्छतात् ।।
तपसा ये अनाधृष्यास्तपसा ये स्वर्ययुः ।
तपो ये चक्रिरे महस्ताँश्चिदेवापि गच्छतात् ।।

---

१२ विनियोगकार के अनुसार इस मन्त्र से गोदान सस्कार मे ब्रह्मचारी का दक्षिण चरण पत्थर पर रखवाया जाता है। द्रष्टव्य: सायणभाष्य मे उद्धृत कौशिकसूत्र (५४. ८) का विनियोग।

१३. इस सूक्त के मन्त्रो का विनियोग ओदनसव मे चारों दिशाओ मे ह्रद तथा कुल्याए रचने, उन्हे रस से भरने आदि मे किया गया है। कौ. सू. ६६. ६

१४. इसका विनियोग हिरण्यमणिबन्धन, उपनयन आदि मे किया गया है। द्रष्टव्य. सा. भा.।

१५. इसका विनियोग उपनयन, आयुष्यकर्म, नामकरण आदि मे किया गया है। द्रष्टव्य: सा० भा०

ये युध्यन्ते प्रधनेषु शूरासो ये तनूत्यजः ।
ये वा सहस्रदक्षिणास्तांश्चिदेवापि गच्छतात् ॥
ये चित् पूर्व ऋतसाप ऋतावान ऋतावृधः ।
पितृ न् तपस्वतो यम तांश्चिदेवापि गच्छतात् ॥
सहस्रणीथाः कवयो ये गोपायन्ति सूर्यम् ।
ऋषीन् तपस्वतो यम तपोजाँ अपि गच्छतात् ॥ ऋग् १० १५४ १-५

"कुछ के लिए सोम प्रवाहित होता है, कुछ घृत को प्राप्त करते हैं, कुछ के लिए मधु प्रवाहित होता है । हे दिवगत आत्मन्, उन्ही लोगों को तू पुनर्जन्म मे प्राप्त होवे । जो तप से अनाधृष्य बने हुए हैं, जिन्होने तप से स्व को अधिगत किया हुआ है, जो महान् तप का अनुष्ठान करने वाले हैं, उन्हीं लोगो को हे दिवगत आत्मन्, तू पुनर्जन्म मे प्राप्त होवे । जो सग्रामो मे युद्ध करते हैं, जो शरीर का बलिदान कर देने वाले शूर है, जो सहस्र दक्षिणाए देने वाले हैं, उन्ही को हे दिवगत आत्मन्, तू पुनर्जन्म मे प्राप्त होवे । जो सत्यस्पर्शी, सत्यमय एव सत्यप्रचारक श्रेष्ठ पुरुष है, उन्ही तपस्वी पितृजनों को हे दिवंगत आत्मन्, तू पुनर्जन्म मे प्राप्त होवे । जो सहस्र मार्ग दर्शाने वाले कविजन है, जो सूर्य के रक्षक हैं, उन तपस्वी, तप ख्यात ऋषियो को हे दिवगत आत्मन्, तू पुनर्जन्म मे प्राप्त होवे ।

यजुर्वेद के पितृमेधाध्याय मे निम्न आशीर्वाद मिलता है-

शं वातः श हि ते घृणि शं ते भवन्त्विष्टकाः ।
श ते भवन्त्वग्नय. पार्थिवासो मा त्वाभिशूशुचन् ॥
कल्पन्ता ते दिशस्तुभ्यमापः शिवतमास्तुभ्य भवन्तु सिन्धवः ।
अन्तरिक्ष शिवं तुभ्यं कल्पन्तां ते दिशः सर्वाः ॥ यजु ३५ ८, ९

"तेरे लिए वायु सुखकारी हो, तेरे लिए सूर्यकिरण सुखकारी हो, यज्ञवेदि की इष्टकाए तेरे लिए सुखकारी हो, पार्थिव अग्नियां तेरे लिए सुखकारी हो, वे सब तुझे शोकाकुल न करे । दिशाए तेरे लिए मगलकारी हो, सलिल तेरे लिए मगलकारी हो, नदिया तेरे लिए मगलकारी हो, अन्तरिक्ष तेरे लिए मगलकारी हो । सब दिशाए तेरे ऊपर मगलवर्षा करती रहे[१६] ।"

---

१६ पितृमेधाध्याय की कर्मकाण्डपरक व्याख्या के अनुसार इन मन्त्रो को यहा दिवंगत आत्मा के प्रति दर्शाया गया है । वैसे यह सुरम्य आशीर्वाद किसी भी व्यक्ति को दिया जा सकता है । गुरुकुल कागडी विश्वविद्यालय की दीक्षान्तविधि मे ये मन्त्र नवस्नातको को जनता द्वारा आशीर्वाद देने में विनियुक्त किये गये है ।

इस अध्याय मे प्रेरणात्मक, आश्वासनात्मक तथा आशीर्वादात्मक शैलियो पर विचार किया गया है। यद्यपि इन शैलियों को विशद करने के लिए दिये गये उदाहरण विषय की दृष्टि से भी पर्याप्त महत्त्वपूर्ण हैं, तो भी यहा विशेषत: शैली की दृष्टि से ही उनका मूल्यांकन करना अभिप्रेत है। जब वेद प्रेरणात्मक शैली मे कोई बात कहते है तो वहां यह निस्सन्देह ज्ञात हो जाता है कि मनुष्य के लिए वेदो का यह आदेश है। किन्तु आश्वासनात्मक एवं आशीर्वादात्मक शैलियो द्वारा कथन होने पर यह प्रतीति नही होती कि वेद का कुछ आदेश है। पर वस्तुत. उसमें भी एक आदेश या विधि अन्तर्निहित होती है। वेद ने यह कल्पित किया कि कोई सुबन्धु मानसिक रोग से रुग्ण हो गया है, पश्चात् चिकित्सक द्वारा उसे आश्वासन प्रदत्त करवाया गया। इसमे यह विधि ध्वनित होती है कि ऐसे अवसरो पर चिकित्सक द्वारा आश्वासन दिया जाना चाहिए। रोगी के लिए यह विधि सूचित होती है कि उसे कष्ट से व्याकुल न हो धैर्य धारण करना चाहिए। इसी प्रकार जब वेद दानी के प्रति किसी के द्वारा आशीर्वाद दिलवाना है तब मनुष्य को दान करना चाहिए यह विधि ही व्यक्त होती है। ग्रहीता के सम्बन्ध मे यह सूचित होता है कि उसे दानी के प्रति कृतज्ञ होना चाहिए। यदि हम इन शैलियो पर ध्यान नहीं देते तो ऐसा कोई वृत्त घटित हुआ था कि अमुक ने अमुक को आश्वासन या आशीर्वाद दिया था, इतना मात्र हम वेद का आशय समझ पाते हैं। एव इन शैलियो का विचार आवश्यक है।

सप्तम अध्याय

अर्थवादात्मक, अभिशापात्मक तथा भर्त्सनात्मक शैली

१. अर्थवादात्मक शैली

दर्शनशास्त्र में अर्थवाद के अनेक भेद हैं, जिनमे स्तुति, निन्दा, परकृति तथा पुराकल्प प्रमुख हैं[1]। इनमे भी सार्वत्रिक प्रयोग पाये जाने से स्तुति एव निन्दा विशेष प्रसिद्ध है। हम भी यहा अर्थवादात्मक शैली मे केवल स्तुति तथा निन्दा को ही गृहीत करेगे। किसी सत्कार्य मे प्रवृत करने के उद्देश्य से उसकी अतिशयोक्तिपूर्ण प्रशसा करना स्तुति कहलाता है। इसमे उस कार्य का ऐसा फल वर्णित किया जाता है जो सामान्यत: उस कार्य को करने से उपलब्ध होता नही। यथा, तैत्तिरीय ब्राह्मण मे कहा है कि पूर्णाहुति से सब मनोरथ पूर्ण हो जाते हैं[2], परन्तु देखने मे यह आता है कि पूर्णाहुति देने के पश्चात् भी मनोरथ पूर्ण नही होते। ताण्ड्य महाब्राह्मण मे गर्गत्रिरात्र-विधि की स्तुति करते हुए कहा है कि जो इसे जान लेता है उसका मुख शोभित हो जाता है[3]; किन्तु देखा यह गया है कि उक्त विधि का ज्ञान प्राप्त कर लेने पर भी किसी असुन्दर मुख वाले का मुख शोभित नही हुआ। वस्तुत: फल-कथन मे यह अतिशयोक्ति इस हेतु से की जाती है कि इस महान् फल को सुनकर मनुष्य उस कार्य मे तत्पर हो। इसी प्रकार किसी कार्य से निवृत्त करने के लिए उसका अतिशयोक्तिपूर्ण अपवाद निन्दा कहलाती है। यथा, ताण्ड्यब्राह्मण मे कहा है कि जो ज्योतिष्टोम यज्ञ न कर अन्य यज्ञ करता है वह गर्त मे गिर कर मृत्यु को

---

१. स्तुतिर्निन्दा परकृतिः पुराकल्प इत्यर्थवादः। न्यायदर्शन २ १. ६४। विधेः फलवादलक्षणा या प्रशसा सा स्तुतिः, सम्प्रत्ययार्था, स्तूयमान श्रद्दधीतेति, प्रवर्तिका च, फलश्रवणात् प्रवर्तते। ...अनिष्ट-फलवादो निन्दा, वर्जनार्था, निन्दित न समाचरेदिति। ...अन्यकर्तृकस्य व्याहतस्य विधेर्वाद: परकृतिः। ... ऐतिह्यसमाचरितो विधिः पुराकल्प इति (वात्स्यायन-भाष्य)।

२. पूर्णाहुत्या सर्वान् कामानवाप्नोति। तै. ब्रा. ३.८.१०.५

३. शोभतेऽस्य मुखं य एवं वेद। ता. ब्रा २०. १६. ६

प्राप्त होता है[४]। परन्तु देखते यह है कि ज्योतिष्टोम से भिन्न यज्ञ करने वाले भी सुरक्षित रहते हैं, उनका गर्त मे पतन नही होता। यहाँ अन्य यज्ञो की तुलना मे ज्योतिष्टोम की महत्ता बताने के लिए ही ऐसा कहा गया है। निरुक्त मे एक वचन उद्धृत किया गया है, जिसका भाव यह है कि यजमान यज्ञस्तम्भ को भूमि मे गाड़ते समय इस बात का ध्यान रखे कि उसका अनछिला अचिक्कण भाग पूरा भूमि के अन्दर चला जाये, ऊपर दिखाई न दे, यदि दिखाई देगा तो यजमान मृत्यु को प्राप्त कर श्मशान मे शयन करेगा[५]। परन्तु अनछिला भाग ऊपर दीखने पर भी कोई यजमान श्मशान मे स्थित नही होता। यह निन्दा इस अशुभ कार्य से यजमान को निवृत्त करने के हेतु से ही की गयी है।

इस अतिशयोक्तिपूर्ण फलश्रुति को देख कर ऐसा प्रतीत होता है कि ये वाक्य असत्य या अप्रामाणिक है। इसीलिए पूर्वमीमासा में बडे प्रयत्न से इन अर्थवादो का प्रामाण्य सिद्ध किया गया है[६]। ब्राह्मण, आरण्यक, उपनिषद् आदि के समान वेदो मे भी ऐसी प्रशसाए तथा निन्दाए प्रचुर परिमाण मे पायी जाती हैं, जिन्हे हम प्रदर्शित करेगे।

क. प्रशसात्मक अर्थवाद

वेदो मे यज्ञ, दान आदि सत्कर्म मनुष्य-जीवन के आदर्श स्वीकार किये गये है। अत एव मनुष्य को उनमे प्रवृत्त करने के लिए उनकी अतिशयोक्तिपूर्ण प्रशसा की गयी है। नीचे इस प्रकार के बहुत से प्रसग उपस्थित किये जा रहे हैं।

यज्ञ एवं अग्निहोत्र की प्रशंसा

अग्निस्तुविश्रवस्तमं तुविब्रह्माणमुत्तमम्।
अतूर्तं श्रावयत्पतिं पुत्रं ददाति दाशुषे॥
अग्निर्ददाति सत्पतिं सासाह यो युधा नृभिः।
अग्निरत्यं रघुष्यदं जेतारमपराजितम्॥ ऋग् ५.२५.५ ६

---

४. एष (ज्योतिष्टोमः) वाव प्रथमो यज्ञाना, य एतेनानिष्ट्वा अथान्येन यजते गर्तपत्यमेव तज्जीयते वा प्र वा मीयते। ता. ब्रा. १६ १. २।

५. नोपरस्याविष्कुर्याद् यदुपरस्याविष्कुर्याद् गर्तेष्ठाः स्यात् प्रमायुको यजमान इत्यपि निगमो भवति। निरु. ३. ५

६. द्रष्टव्य पू. मी. १. २. १-१८

"अग्नि हविर्दाता यजमान को प्रभूतकीर्तिसम्पन्न, प्रचुर ज्ञानवान्, शत्रुओं से अहिंस्य तथा माता-पिता के यश को प्रख्यापित करने वाला पुत्र प्रदान करता है। अग्नि ऐसा पुत्र देता है जो श्रेष्ठ जनों का पालक हो तथा युद्ध मे अपने सैनिको द्वारा शत्रु को परास्त कर सके। अग्नि ऐसा अश्व देता है जो फुर्तीले वेग वाला, तथा अपराजित होता है।"

यस्ते यज्ञेन समिधा य उक्थैरर्केभिः सूनो सहसो ददाशत् ।
स मर्त्येष्वमृत प्रचेता राया द्युम्नेन श्रवसा विभाति ।। ऋग् ६ ५.५

"हे बल के सूनु अमर अग्नि, जो यज्ञ, समिधा, उक्थ एव स्तोत्रो के साथ तुझे हवि प्रदान करता है, वह मनुष्यो मे प्रचेता होकर धन, अन्न तथा यश से भासमान होता है।"

इन्द्रो यज्वने पृणते च शिक्षत्युपेद् ददाति न स्वं मुषायति ।
भूयो भूयो रयिमिदस्य वर्धयन्नभिन्ने खिल्ये निदधाति देवयुम् ।।
न ता नशन्ति न दभाति तस्करो नासामामित्रो व्यथिरा दधर्षति ।
देवाश्च याभिर्यजते ददाति च ज्योगित् ताभिः सचते गोपतिः सह ।।
न ता अर्वा रेणुककाटो अश्नुते न संस्कृतत्रमुप यन्ति ता अभि ।
उरुगायमभयं तस्य ता अनु गावो मर्तस्य वि चरन्ति यज्वनः ।।

ऋग् ६.२८ २-४

"यज्वा एव हविर्दाता यजमान को इन्द्र निश्चय ही गौएं देता है, उसके गोधन को अपहरण नही करता। पुन पुन उसके ऐश्वर्य को बढाता हुआ उस देवपूजाभिलाषी को अच्छिन्न, सुरक्षित निवासस्थान प्रदान करता है। जिन गौओं से गोपति यजमान देव-यज्ञ करता है तथा जिनके घी-दूध आदि का दान करता है, उनके साथ वह चिरकाल तक सयुक्त रहता है। उसकी वे गौएँ न नष्ट होती हैं, न चोर उन्हे चुराता है, न शत्रु का व्यथादायक शस्त्र उन पर आक्रमण कर पाता है। न काट-काट कर टुकडे करने वाले हिंस्र जन्तु के हाथ वे पड़ती है, न कसाई-खाने मे जाने पाती है। अपितु उस यज्वा की वे गौए खुले चरागाहो मे निर्भयतापूर्वक विचरती हैं।"

यः समिधा य आहुती यो वेदेन ददाश मर्तो अग्नये ।
यो नमसा स्वध्वरः ।।
तस्येदर्वन्तो रंहयन्त आशवस्तस्य द्युम्नितमं यशः ।
न तमंहो देवकृतं कुतश्चन न मर्त्यकृतं नशत् ।। ऋग् ८.१९.५,६
यो अस्मै हव्यदातिभिराहुतिं मर्तोऽविधत् ।
भूरि पोषं स धत्ते वीरवद् यशः ।। ऋग् ८.२३.२१

"श्रेष्ठ यज्ञ का सम्पादन करने वाला जो मनुष्य समिधा, आहुति, वेदपाठ तथा नमस्कार पूर्वक अग्नि को हवि प्रदान करता है, उसे फुर्तीले घोड़े वेग के साथ वहन करते हैं, उसका यज्ञ अतिशय दीप्तिमान् होता है। न देवकृत दुर्गति उसके समीप आती है, न मनुष्यकृत।"

जो मनुष्य ऋत्विजो द्वारा अग्नि को आहुति प्रदान करता है, वह भूरि-भूरि पुष्टि को तथा वीर पुत्रो एवं कीर्ति को प्राप्त करता है।"

यो यजाति यजात इत् सुनवच्च पचाति च।ब्रह्मेदिन्द्रस्य चाकनत् ॥
पुरोळाशं यो अस्मै सोमं ररत आशिरम्। पादित् तं शक्रो अंहसः ॥
तस्य द्युमाँ असद् रथो देवजूतः स शूशुवत्। विश्वा वन्वन्नमित्रिया ॥
अस्य प्रजावती गृहेऽसश्चन्ती दिवे दिवे। इळा धेनुमती दुहे ॥
या दम्पती समनसा सुनुत आ च धावतः। देवासो नित्ययाशिरा ॥
प्रति प्राशव्याँ इतः सम्यञ्चा बर्हिराशाते। न ता वाजेषु वायतः ॥
न देवानामपि ह्नुतः सुमतिं न जुगुक्षतः। श्रवो बृहद् विवासतः ॥
पुत्रिणा ता कुमारिणा विश्वमायुर्व्यश्नुतः। उभा हिरण्यपेशसा ॥

ऋग् ८.३१.१-८

"जो यज्ञ करता है, सोम-सवन करता है, हवि पकाता है, इन्द्र के स्तुति-मन्त्रो की पुन पुनः स्पृहा करता है, इन्द्र के लिए पुरोडाश तथा गोदुग्ध मिश्रित सोम अर्पित करता है, उसे इन्द्र निश्चय ही पाप से बचाता है। उसका रथ दीप्तिमान् रहता है, देवो से प्रेरित होकर वह शत्रुकृत सब बाधाओं को विनष्ट करता हुआ वृद्धि को प्राप्त करता है। इसके घर मे प्रतिदिन बछड़े बछियो वाली दुधारू गौ बेरोक-टोक दूध देती है। जो दम्पती समान मन वाले होकर सोम अभिषुत करते हैं, भक्षणयोग्य हविर्भूत अन्नो को प्राप्त करते हैं तथा दोनो मिलकर यज्ञ मे बैठते हैं, उन्हे अन्न, धन, बलादि की कमी नही रहती। जो दम्पती हवि अर्पित करने मे दुराव-छिपाव नही करते, स्तुति करने मे दुराव-छिपाव नही करते, वे महान् यश तथा अन्न को प्राप्त करते हैं। वे पुत्रवान् तथा कुमारवान् होते हुए पूर्ण आयु पाते हैं तथा दोनों ही हिरण्यालंकारों से जगमगाते रहते हैं।

यो अस्मा अन्नं तृष्वादधात्याज्यैर्घृतैर्जुहोति पुष्यति।
तस्मै सहस्रमक्षभिर्वि चक्षेऽग्ने विश्वतः प्रत्यङ्ङसि त्वम् ॥

ऋग् १०.७९.५

अग्निः सप्तिं वाजंभरं ददात्यग्निर्वीरं श्रुत्यं कर्मनिःष्ठाम्।
अग्नी रोदसी वि चरत् समञ्जन्नग्निर्नारीं वीरकुक्षिं पुरंधिम् ॥

ऋग् १०.८०.१

"हे अग्नि, जो तुझे शीघ्र अन्न प्रदान करता है, पिघले हुए घृतो की आहुति देता है, तथा परिपुष्ट करता है, उस पर तू सहस्र नेत्रो से अपना अनुग्रहदृष्टि डालता है तथा सर्वत्र तू उसकी रक्षार्थ उसके समीप पहुचता है।"

"अग्नि बलवान् अश्व प्रदान करता है, अग्नि विश्रुत तथा कर्मनिष्ठ वीर पुत्र प्रदान करता है, अग्नि द्यावापृथिवी को प्रकाशित करता हुआ विचरता है, अग्नि नारी को वीरप्रसवा तथा गृहकार्यदक्ष बनाता है।"

त्वामग्ने यजमाना अनु द्यून् विश्वा वसु दधिरे वार्याणि।
त्वया सह द्रविणमिच्छमाना व्रजं गोमन्तमुशिजो विवव्रुः॥ यजु १२.२८
स्वर्यन्तो नापेक्षन्त आ द्यां रोहन्ति रोदसी।
यज्ञं ये विश्वतोधार सुविद्वांसो वितेनिरे॥ अथर्व ४.१४.४

'जो विद्वज्जन विश्वतोधार यज्ञ को फैलाते है, उन्हे स्वर्ग-प्राप्ति के लिए किसी अन्य उपाय की अपेक्षा नहीं होती, वे पृथिवी और अन्तरिक्ष को पार कर द्युलोक में आरोहण कर जाते हैं।"

"हे अग्नि, तेरे यजमान सर्वदा समस्त वरणीय धनो को प्राप्त कर लेते हैं, तेरे साथ स्थित वे मेधावी यज्ञफल को चाहते हुए आदित्यमण्डल को भेद कर स्वर्लोक को प्राप्त कर लेते हैं।"

दान-दक्षिणा की प्रशंसा

उपक्षरन्ति सिन्धवो मयोभुव ईजानं च यक्ष्यमाणं च धेनवः।
पृणन्तं च पपुरिं च श्रवस्यवो घृतस्य धारा उपयन्ति विश्वतः॥
नाकस्य पृष्ठे अधि तिष्ठति श्रितो यः पृणाति स ह देवेषु गच्छति।
तस्मा आपो घृतमर्षन्ति सिन्धवस्तस्मा इयं दक्षिणा पिन्वते सदा॥
दक्षिणावतामिदिमानि चित्रा दक्षिणावतां दिवि सूर्यासः।
दक्षिणावन्तो अमृतं भजन्ते दक्षिणावन्तः प्रतिरन्त आयुः॥

ऋग् १.१२५.४-६

"जो दान कर रहा है तथा जिसने भविष्य मे भी दान करने का संकल्प कर लिया है, उसे सुखदायिनी दुधार गौए प्रचुर दूध देती है। जो दान करता है एवं अन्यो का पालन करता है उसे सब ओर से कीर्तिदायक घृत की धाराए प्राप्त होती हैं। दानी मनुष्य स्वर्ग के पृष्ठ पर आसीन हो जाता है, देव-पुरुषो मे जा मिलता है। सिन्धु-सदृश ऊधस् वाली गौएं उसे घृत प्रदान करती हैं। यह दी हुई दक्षिणा सदा सींचती रहती है। दक्षिणा देने वालो के लिए ही ये चित्र-विचित्र ऐश्वर्य हैं। दक्षिणा देने वालों के लिए ही आकाश में सूर्य

अवस्थित हैं। दक्षिणा देने वाले अमृतत्व पा लेते हैं, दक्षिणा देने वाले आयु को बढ़ा लेते हैं।"

तवोतिभिः सचमाना अरिष्टा बृहस्पते मघवानः सुवीराः ।
ये अश्वदा उत वा सन्ति गोदा ये वस्त्रदाः सुभगास्तेषु रायः ॥

ऋग् ५. ४२. ८

"हे बृहस्पति, प्रभु, तेरी रक्षाओं से समन्वित होते हुए जो अक्षत, धनी, सुवीर जन अश्व-दान करते है या गो-दान करते है अथवा वस्त्र-दान करते है, उन्हे सुभग ऐश्वर्य प्राप्त होते हैं।"

उच्चा दिवि दक्षिणावन्तो अस्थुर्ये अश्वदाः सह ते सूर्येण ।
हिरण्यदा अमृतत्व भजन्ते वासोदाः सोम प्र तिरन्त आयुः ॥
दक्षिणावान् प्रथमो हूत एति दक्षिणावान् ग्रामणीरग्रमेति ।
तमेव मन्ये नृपतिं जनानां यः प्रथमो दक्षिणामाविवाय ॥
तमेव ऋषि तमु ब्रह्माणमाहुर्यज्ञन्य सामगामुक्थशासम् ।
स शुक्रस्य तन्वो वेद तिस्रो यः प्रथमो दक्षिणया रराध ॥
दक्षिणाश्व दक्षिणा गां ददाति दक्षिणा चन्द्रमुत यद्धिरण्यम् ।
दक्षिणान्न वनुते यो न आत्मा दक्षिणां वर्म कृणुते विजानन् ॥
न भोजा मम्रुर्न न्यर्थमीयुर्न रिष्यन्ति न व्यथन्ते ह भोजाः ।
इद यद्विश्व भुवन स्वश्चैतत् सर्वं दक्षिणैभ्यो ददाति ॥
भोजा जिग्युः सुरभि योनिमग्रे भोजा जिग्युर्वध्वं या सुवासाः ।
भोजा जिग्युरन्तःपेयं सुराया भोजा जिग्युर्ये अहूताः प्रयन्ति ॥
भोजायाश्व सं मृजन्त्याशुं भोजायास्ते कन्या शुम्भमाना ।
भोजस्येदं पुष्करिणीव वेश्म परिष्कृतं देवमानेव चित्रम् ॥

ऋग् १० १०७. २, ५-१०

"दक्षिणा देने वाले उच्च स्थिति पाते है। जो अश्व का दान करते है वे सूर्य के साथ आसीन होते है। हिरण्य दान करने वाले अमृतत्व पाते हैं, वस्त्रदान करने वाले आयु को बढ़ा लेते हैं। दक्षिणा देने वाला श्रेष्ठ माना जाता है, वह सबके द्वारा निमन्त्रित होकर उनके यहा पहुचता है, दक्षिणा देने वाला ग्राम का नेता बनकर आगे-आगे चलता है। मैं उसे ही नृपति समझता हूं, जो श्रेष्ठ मनुष्य सत्पात्र जनों को दक्षिणा देता है। उसे ही ऋषि कहते हैं, उसे ही ब्रह्मा, अध्वर्यु, उद्गाता तथा होता कहते है, वही अग्नि के तीनों रूपो को जानता है, जो श्रेष्ठ मनुष्य दक्षिणा द्वारा यज्ञसिद्धि करता है। दक्षिणा दाताओ को अश्व देती है, दक्षिणा गौ देती है, दक्षिणा रजत तथा

हिरण्य देती है, दक्षिणा अन्न देती है, जो हम सबका आत्मा है। समझदार मनुष्य दक्षिणा को अपना कवच बना लेता है। दानी मनुष्य न मरते हैं, न निर्धन होते है, न हिंसित होते है, न व्यथा पाते हैं। यह जो विश्व है तथा जो इसका सुख है उसे सबको दक्षिणा इन्हे प्रदान कर देती है। दानी लोग सबसे आगे होकर सुरक्षित गृह को पाते हैं, दानी लोग सुन्दर वस्त्रो से अलंकृत वधू को पाते हैं। दानी लोगो को मधुर रस पीने को मिलते है,दानी लोगो को अन्य अनेक पदार्थ मिलते है, जो उनके समीप बिना बुलाये ही दौडे चले आते हैं। दानी के लिए लोग शीघ्रगामी घोडे को सजाते है, दानी के लिए सुन्दरी कन्या विराजमान रहती है। दानी का घर पुष्करपत्रो मे अलकृत सरसी के समान परिष्कृत तथा देवनिर्मित के समान मनोहर होता है।"

इनके अतिरिक्त कुछ अन्य वस्तुओ के दान की भी प्रशसा वेदो मे की गयी है, जो नीचे दी जा रही है।

शितिपाद् अवि का दान–"सकल्पो को पूर्ण करने वाली,श्वेत पैरो वाली अवि (भेड) दान की हुई क्षति को प्राप्त नहीं होती। वह व्याप्त होकर, फलदान मे समर्थ होकर सब कामनाओ को पूर्ण करती है। लोक से समित, श्वेत पैरो वाली अवि का जो दान करता है वह सुख प्राप्त करता है, जहा निर्बल को बलवान् के प्रति कर नही देना पडता। पृथिव्यादि लोक के बराबर, पाच अपूपो सहित, श्वेत पैरो वाली अवि का प्रदाता पालकजनो के लोक मे अक्षित फल का भोग करता है[७]।"

ऋषभ का दान–"जो ब्राह्मण को ऋषभ का दान करता है वह शत यज्ञ करने मे समर्थ होता है, उसे अग्नियाँ पीडित नही करती,सब देव उसे तृप्ति प्रदान करते हैं। जो ब्राह्मणो को ऋषभ का दान कर अपने मन को विशाल बनाता है, वह अपनी गोशाला मे गौओं की पुष्टि को देखता है[८]।"

अज का दान–"अज अग्नि है, अज को ज्योति कहते है। जीवित मनुष्य द्वारा ब्राह्मण को अज का दान करना कर्तव्य बताते हैं। इस लोक मे श्रद्धालु द्वारा दान किया हुआ अज अन्धकारो को दूर कर देता है। अज दाता को

---

७. अथर्व ३. २९ २-४

८. शतयाज स यजते नैनं दुन्वन्त्यग्नय.।
जिन्वन्ति विश्वे त देवा यो ब्राह्मण ऋषभमाजुहोति ॥
ब्राह्मणेभ्य' ऋषभं दत्त्वा वरीय कृणुते मनः।
पुष्टि सो अध्न्यानां स्वे गोष्ठेऽव पश्यते॥ अथर्व ९. ४. १८, १९

सुखी के पृष्ठ पर पहुंचा देता है । ब्राह्मणों को दान किया जाता हुआ पंचौदन अज दाता के लिए कामधेनु बन जाता है । जो मनुष्य अज के साथ बँर-बुना वस्त्र देता है, हिरण्य और दक्षिणा देता है, वह दिव्य तथा पार्थिव लोको को प्राप्त कर लेता है । जो दक्षिणा से दमकते हुए पचौदन अज का दान करता है, उसके लिए पाच स्वर्ण ज्योति का काम करते है, शरीर के लिए उसे कवच तथा वस्त्र प्राप्त होते हैं, वह सुखी लोक को प्राप्त करता है[९] ।

शतौदना तथा वशा गौ का दान –जो अपूपो सहित शतौदना गौ का दान करता है वह आरोहण कर उस उन्नत स्थिति पर पहुच जाता है, जहां आत्म-लोक का तृतीय स्तर है । जो हिरण्य से दमकती हुई शतौदना गौ का दान करता है वह उन लोको को प्राप्त कर लेता है[१०] जो दिव्य तथा पार्थिव हैं । जो शतौदना गौ का दान करता है वह अन्तरिक्ष, द्यौ, भूमि, आदित्य, मरुत्, दिशा, लोक सबको प्राप्त कर लेता है । जो विद्वान् को वशा गौ का दान करते हैं वे सुख प्राप्त करते है । ब्राह्मण को वशा गौ का दान कर मनुष्य सब लोको को जीत लेता है । इस गौ मे ऋत, ब्रह्म तथा तप अर्पित है[११] ।

सोम-सवन की प्रशंसा

जो मनुष्य नेता, नरहितकारी, नरो मे नृतम इन्द्र के लिए 'मैं सोमाभिषव करूंगा' ऐसा कहता है, उसे 'भारत अग्नि' मगल प्रदान करता है, वह चिरकाल तक उदित होते हुए सूर्य के दर्शन करता है । न बहुत से, न थोडे शत्रुजन उसका वध कर पाते है । देवमाता अदिति उसे प्रभूत सुख प्रदान करती है[१२] ।

---

९ अथर्व ९. ५. ७, १०, १४, २२, २५, २६ । श्री सातववेकर की व्याख्यानुसार इस सूक्त में अज का अर्थ जीवात्मा है । यह पाच प्रकार का अन्न खाता है, इसलिए इसको पचौदन कहा है । शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गन्ध ये पाच विषय इसके पाच भोजन हैं। जीवित मनुष्य को उचित है कि वह अपने आत्मा (अज) का समर्पण परब्रह्म के लिए करे । द्रष्टव्य: इन सूक्तों पर अथर्वभाष्य, स्वाध्याय मण्डल ।

१० अथर्व १० ९.५,६,१० । 'सैकड़ो मनुष्यो को अन्न देने वाली गौ शतौदना कहलाती है", सातवलेकर ।

११. अथर्व १०.१०.३२,३३ "वशा गौ वह है जो सुख से दोही जाती है । वशा गौ सबमे उत्तम है, क्योंकि वह न मारती है, न लातें लगाती है और हर समय दूध देती है" – सातवलेकर ।

१२. ऋग् ४.२५.४,५

जो मनुष्य दिन मे या रात्रि मे इन्द्र के लिए सोम अभिषुत करता है, वह प्रकाशवान् हो जाता है[13]। जैसे सत्पात्र को स्पन्दनशील गवाश्वादि धन प्रदान किया जाता है, वैसे ही जो हविष्मान् इन्द्र के लिए तीव्र सोमो को अभिषुत करता है, उसके लिए इन्द्र पूर्वाह्न मे पुत्र-पौत्रो-सहित, आयुधो से सुसज्जित शत्रुओ को दूर कर देता है। प्रचुर धाराओ वाले, बहुत परिमाण वाले तीव्र सोमरस जिसके उदर मे पहुँच जाते है वह मघवा इन्द्र अभिषोता को भूरि-भूरि धन प्रदान करता है, उसके लिए अपने दान को रोकता नही[14]।

अतिथि-यज्ञ की प्रशंसा

अतिथिपूजक गृहपति, जो अतिथियो का दर्शन करता है, मानो देवयजन का दर्शन करता है। जो अतिथियो से सभाषण करता है, मानो यज्ञदीक्षा का ग्रहण करता है। जो उनसे जल लेने की प्रार्थना करता है, वह मानो यज्ञिय जल का आहरण करता है। जो तर्पणार्थ मधुपर्क आदि लाता है, मानो सदो-हविर्धान कल्पित करता है। जो चटाई बिछाता है, मानो यज्ञिय कुशासन बिछाता है। जो बिछाने की चादर लाता है उससे मानो स्वर्ग लोक को अपने लिए सुरक्षित कर लेता है। जो ओढने की चादर तथा तकिया लाता है, वह मानो यज्ञ की परिधि हैं। जो अंजन तथा अभ्यजन लाना है, वह मानो यज्ञिय घृत है। जो भोजन से पूर्व लघ्वाहार लाता है, वह मानो यज्ञिय पुरोडाश है। जो अतिथि का भोजन बनाने के लिए पाचक को बुलाता है, वह मानो हविष्कृत को बुलाना है। जो ब्रीहि तथा यव लाये जाते है, वे मानो सोमलता के खण्ड हैं। जो छड़ने के लिए ऊखल-मूसल लाता है, वे मानो यज्ञिय सिलबट्टे हैं।. जो अतिथिपूजक आतिथ्य के लिए आहार्य वस्तुओ को देखता है कि यह अधिक हो या यह अधिक हो आदि, उसका यह कार्य मानो यजमान द्वारा ब्राह्मण ऋत्विजो के प्रति किया जाने वाला पूजा-कर्म होता है। जो कहता है 'और लीजिए' उससे प्राण को अधिक-अधिक समृद्ध करता है। जो सत्कारार्थ वस्तुए उसके समीप लाता है, मानो हविया लाता है। जो प्रिय या अप्रिय अतिथि हैं, वे ऋत्विज् हैं, जो स्वर्गलोक को प्राप्त कराते हैं। अतिथि जिसका अन्न खा लेते हैं, उसके पाप जग्ध हो जाते हैं। जो अतिथि-सत्कार के माहात्म्य को जानता हुआ अतिथि के लिए दूध पात्र मे डाल कर लाता है, उसे अग्निष्टोम यज्ञ का फल प्राप्त होता है।

---

१३. ऋग् ५.३४.३

१४. ऋग् १०.४२.५,८

जो घृत लाता है, उससे अतिरात्र यज्ञ के फल को प्राप्त कर लेता है। जो उदक लाता है, उससे प्रजाओं के प्रजनन में समर्थ हो जाता है, प्रतिष्ठा प्राप्त करता है, प्रजाओं का प्रिय हो जाता है[15]।

"गृहपति जो व्रात्य अतिथि से प्रश्न करता है कि आप कहां के निवासी हैं, उससे यह अपने लिए देवयान मार्गों को सुरक्षित कर लेता है। जो कहता है कि 'हे ब्राह्मण, मेरी ये वस्तुएं आपको तृप्त करें, उसमें प्राण को समृद्ध कर लेता है। जो कहता है कि 'हे ब्राह्मण, जैसा आपको प्रिय हो, वैसा किया जाये' उससे अपने लिये प्रिय को सुरक्षित कर लेता है। उसे प्रिय प्राप्त होता है। वह प्रियों का प्रिय हो जाता है, जो इस महिमा को जानता है। जो कहता है, हे व्रात्य, जैसी आपकी कामना हो, वैसा ही किया जाये, उसमें अपनी कामना पूर्ति को सुरक्षित कर लेता है। उसके मनोरथ पूर्ण होते हैं। वह आप्त-कामों में आप्तकाम हो जाता है, जो इस महिमा को जानता है। जो अतिथि से कहता है, जैसी आपकी बड़ी से बड़ी इच्छा हो, वैसा किया जाये,' उसमें अपनी बड़ी से बड़ी इच्छा को पूर्ण कर लेता है। जिसके घर में विद्वान् व्रात्य अतिथि एक रात्रि वास करता है वह उससे पृथिवी पर जो पुण्य लोक है, उन्हें अधिगत कर लेता है। जिसके घर में विद्वान् व्रात्य अतिथि द्वितीय रात्रि भी वास करता है वह उससे अन्तरिक्ष में जो पुण्यलोक है, उन्हें अधिगत कर लेता है। जिसके घर में विद्वान् व्रात्य अतिथि तृतीय रात्रि भी वास करता है, उससे द्यौ में जो पुण्य लोक है, उन्हें अधिगत कर लेता है। जिसके घर में विद्वान् व्रात्य अतिथि चतुर्थ रात्रि भी वास करता है, उसमें जो पुण्यों में पुण्य लोक हैं, उन्हें अधिगत कर लेता है। जिसके घर में विद्वान् अतिथि अपरिमित रात्रि वास करता है, उससे जो अपरिमित पुण्य लोक है, उन्हें अधिगत कर लेता है।[16]

आदित्यों के रक्षण की प्रशंसा

हे ख्याति प्राप्त आदित्यो, जिसे तुम सुख प्रदान करने लगते हो, उसे शत्रु का तीक्ष्ण से तीक्ष्ण आयुध, भारी से भारी दुःख हिंसित करने में समर्थ नहीं होता। तुम्हारी रक्षाएं निष्पाप हैं, तुम्हारी रक्षाएं सच्ची रक्षाएं हैं[17]। हे आदित्यो, जिसे तुम सब दुरितों से पार करा कल्याण के लिए सुनीतियों से ले चलते हो, वह मनुष्य अक्षत रहता हुआ वृद्धि को प्राप्त करता है, प्रजाओं

१५ अथर्व ६. ६

१६. अथर्व १५.११.१३

१७. ऋग् ८.४७.७

से प्रख्यात होता है, धर्म मे निपुण हो जाता है[18]। उस मनुष्य को न पाप प्राप्त होता है, न दुर्गति, जिसे परस्पर सगत मित्र, वरुण तथा अर्यमा द्वेषियो से आगे ले जाते है[19]। न उसे घर में, न रोकटोक वाले मार्गों मे पाप-प्रशंसक रिपु सता पाता है, जिस मनुष्य को अदिति के पुत्र प्रकृष्ट जीवन के लिए ज्योति प्रदान करते है[20]।

ब्रह्मणस्पति के सख्य की प्रशंसा

इन्धानो अग्निं वनवद् वनुष्यतः कृतब्रह्मा शूशुवद् रातहव्य इत् ।
जातेन जातमति स प्रसर्सृते यं य युजं कृणुते ब्रह्मणस्पतिः ।।
वीरेभिर्वीरान् वनवद् वनुष्यतो गोभी रयिं पप्रथद् बोधति त्मना ।
तोकं च तस्य तनयं च वर्धते य यं युजं कृणुते ब्रह्मणस्पतिः ।।
सिन्धुर्न क्षोद शिमीवाँ ऋघायतो वृषेव वध्रीरँभि वष्ट्योजसा ।
अग्नेरिव प्रसितिर्नाह वर्तवे यं यं युजं कृणुते ब्रह्मणस्पतिः ।।

तस्मा अर्षन्ति दिव्या असश्चतः स सत्वभिः प्रथमो गोषु गच्छति ।
अनिभृष्टतविषिर्हन्त्योजसा यं य युज कृणुते ब्रह्मणस्पतिः ।।

तस्मा इद् विश्वे धुनयन्त सिन्धवोऽच्छिद्रा शर्म दधिरे पुरूणि ।
देवानां सुम्ने सुभगः स एधते यं यं युजं कृणुते ब्रह्मणस्पतिः ।। ऋग्. २. २५

"अग्नि को प्रदीप्त करता हुआ हिंसको को विनष्ट कर देता है, मन्त्रपाठ करता हुआ तथा हवि प्रदान करता हुआ वृद्धि को प्राप्त करता है, जिस-जिस को ब्रह्मणस्पति प्रभु अपना सखा बना लेता है। अपने वीरो द्वारा शत्रुपक्षीय हिंसक वीरो का वध कर देता है, गौओ मे ऐश्वर्य का विस्तार करता है, स्वय उद्बुद्ध रहता है, उसके पुत्र-पौत्र भी उन्नति की राह पर चलते है, जिस-जिस को ब्रह्मणस्पति अपना सखा बना लेता है। तटादि को चूर्ण करने वाली नदी के समान कर्मशूर हो जाता है, उपद्रवी शत्रुओ को अपने ओज मे परास्त कर देता है, जैसे वृषभ बधिया बैलो को, अग्नि की ज्वाला के समान उसका कोई निवारण नहीं कर सकता, जिस-जिस को ब्रह्मणस्पति अपना सखा बना लेता है। उसे बेरोकटोक दिव्य धाराए प्राप्त होती हैं, वह प्राणियो मे सर्वश्रेष्ठ होकर भूमियो पर विचरता है। अपराजित बल वाला होकर अपने ओज से शत्रुओं को नष्ट कर देता है, जिस-जिस को ब्रह्मणस्पति अपना सखा बना लेता है।

---

१८. ऋग् १० ६३.१३

१९. ऋग् १०.१२६.१

२०. ऋग् १०.१८५.२,३

उसके लिए सब नदिया प्रवाहित होती हैं, जो उसे न्यूनतारहित अनेक सुख प्रदान करती हैं. सौभाग्यशाली वह देवप्रदत्त आनन्दो का भोग करता हुआ समृद्धि पाता है, जिस-जिस को ब्रह्मणस्पति अपना सखा बना लेता है ।"

सत्य की प्रशंसा

ऋतस्य हि शुरुधः सन्ति पूर्वीर्ऋतस्य धीतिर्वृजिनानि हन्ति ।
ऋतस्य श्लोको बधिरा ततर्द कर्णा बुधानः शुचमान आयोः ।।
ऋतस्य दृळ्हा धरुणानि सन्ति पुरूणि चन्द्रा वपुषे वपूंषि ।
ऋतेन दीर्घमिषणन्त पृक्ष ऋतेन गाव ऋतमा विवेशु. ।।
ऋतं येमान ऋतमिद् वनोत्यृतस्य शुष्मस्तुरया उ गव्युः ।
ऋताय पृथ्वी बहुले गभीरे ऋताय धेनू परमे दुहाते ।।

ऋग् ४ २३. ८-१०

सत्येनोत्तभिता भूमिः सूर्येणोत्तभिता द्यौः ।
ऋतेनादित्यास्तिष्ठन्ति दिवि सोमो अधि श्रितः ।। ऋग् १० ८५ १

"सत्य की शोकनिवारक शक्तिया बडी श्रेष्ठ है, सत्य का धारण पापो को नष्ट करता है । सत्य का श्लोक मनुष्य के बहरे कानो को भी खोल देता है, वह बोध प्रदान करने वाला तथा तेजस्वी बनाने वाला होता है । सत्य के स्तम्भ बहुत दृढ़ है, उसके विविध रूप देहधारी के लिए अति रमणीय हैं। सत्य द्वारा ही दीर्घ वृष्टि प्राप्त होती है, सत्य द्वारा ही सूर्यरश्मिया मेघ-जल मे प्रवेश करती हैं । जिसे सत्य को प्राप्त करने की लगन है, वह अवश्य उसे प्राप्त कर लेता है । सत्य का बल बडा तीक्ष्ण तथा प्रकाश का अन्वेषक होता है। सत्य के अनुसार ही विस्तीर्ण एवं गम्भीर द्यावापृथिवी स्थित हैं, सत्य के अनुसार ही वे उच्च प्रीणयित्री द्यावापृथिवी रूप गौए अपना-अपना दूध देती हैं । सत्य मे ही भूमि टिकी हैं, सत्य से ही सूर्य सहित द्युलोक टिका है । सत्य से ही देवो की स्थिति है, सत्य से ही आकाश में चन्द्रमा अधिश्रित है ।"

पावमानी ऋचाओं के अध्ययन की प्रशंसा

"जो ऋषियों द्वारा संभृत रसरूप पावमानी (पवमान सोम देवता वाली) ऋचाओं का अध्ययन करता है, उसे मातरिश्वा द्वारा स्वादुकृत परिपूत भोज्य पदार्थों का भक्षण करना मिलता है । जो ऋषियो द्वारा संभृत रसरूप पावमानी ऋचाओ का अध्ययन करता है, उसे सरस्वती दुग्ध, घृत, मधु तथा रस प्रदान करती है । पावमानी ऋचाएं स्वस्ति प्रदान करने वाली हैं, प्रचुर दूध देने वाली हैं, घृत बहाने वाली हैं । वे ऋषियो द्वारा संभृत रसरूप हैं, वे ब्राह्मणो में निहित अमृत हैं । पावमानी ऋचाएं स्वस्ति प्रदान करने वाली हैं, उनसे

मनुष्य परमानन्द की अवस्था को प्राप्त करता है पुण्य भोगों को भोगता है, अमृतत्व को प्राप्त करता है[२२]।

मणि-धारण की प्रशंसा

अथर्ववेद मे हिरण्य, शख, दर्भ, औदुम्बर आदि कुछ मणियो के सूक्त आते हैं। इन्हे शरीर पर बांधने तथा औषध रूप मे इनका सेवन करने के विशेष लाभ मन्त्रों मे वर्णित किये गये हैं। परन्तु अन्तर यह है कि हिरण्य, प्रतिसर तथा शतवार इन मणियो के धारण की जो प्रशसा की गयी है कि इनमे यह फल मिलता है, तथा शेष मणियो से प्रार्थना रूप मे कहा गया है कि तुम हमे अमुक-अमुक फल प्रदान करो। अत प्रशसात्मक अर्थवाद की श्रेणी मे उक्त तीन मणियां ही आ सकती है, शेष मणियां प्रार्थनात्मक शैली के अन्तर्गत होगी। हिरण्यमणि स्वर्णनिकार है। शरीर पर इनके धारण से विशेष प्रकार की विद्युत्-धाराए प्रवाहित होती है, जिससे रोगनिवारण, दीर्घायुष्य आदि की प्राप्ति होती है। भस्म आदि के रूप मे भी हिरण्य का सेवन अति हितकर होता है। प्रतिसर मणि विनियोगकार के अनुसार तिलक-वृक्षजन्य मणि है। शतवार शतावरी ओषधी है, जिसकी मूलें वीर्यवर्धक होती है। यद्यपि इन मणियो के उपयोग से लाभ होता है, तो भी अक्षरश वैसा फल सभव नही है, जैसा वर्णित हुआ है। फल-कथन मे अतिशयोक्ति है, अत यहा अर्थवादात्मक प्रशसा ही समझनी चाहिए।

हिरण्य—हिरण्य देवो का प्रथमोत्पन्न ओज है, न इमे राक्षस, न पिशाच पराजित कर सकते हैं। जो बल के पुत्र हिरण्य को धारण करता है, वह जीवो मे दीर्घ आयु पाता है[२३]।

प्रतिसर—वह व्याघ्र हो जाता है, सिंह हो जाता है, वृषभ हो जाता है, तथा सपत्न का कर्षण करने वाला बन जाता है, जो प्रतिसर मणि को धारण करता है। न इसे अप्सराए हानि पहुँचाती हैं, न गन्धर्व, न मनुष्य; वह सब दिशाओ मे शोभित होता है, जो प्रतिसर मणि को धारण करता है[२४]।

शतवार—शतवार मणि अपने तेज से रोगो को तथा राक्षसो को नष्ट कर देती है, अपने वर्चस् के साथ शरीर पर आरोहण करती हुई यह दुर्नामा रोगों को समूल विच्छिन्न कर देती है। सीगों से राक्षस को दूर करती है, मूल

---

२२. साम उ० १० ७, १–३, ६

२३. अथर्व १. ३५. २

२४. अथर्व ८. ५. १२, १३

में यातुधानियों को, मध्य से रोग को बाधित करती है, इसे पाप पराजित नहीं कर सकता। जो छोटे-छोटे रोग हैं, तथा जो रुलाने वाले बड़े रोग हैं, उन सबको यह मणि नष्ट कर देती है। यह सौ वीरों को जन्म देती है, सौ रोगों का निवारण करती है, सब दुर्नामा रोगों को मार कर राक्षसों को कंपा देती है[25]।

विविध ज्ञानों की प्रशंसा

"ब्राह्मण, राजा, धेनु, अनड्वान्, व्रीहि, यव तथा मानवा शहद ये कशा के सात मधु हैं। जो कशा के इन सात मधुओं को जान लेता है, वह मधुमान् हो जाता है। जो इसे जानता है वह मधुमय हो जाता है, उसकी आहार्य वस्तुएं मधुमय होती हैं तथा वह मधुमय लोकों को जीत लेता है[26]।"

"जो गौ का रूप है वह विश्वरूप है, सर्वरूप है जो ऐसा जानता है उसे विश्वरूप, सर्वरूप पशु प्राप्त हो जाते हैं[27]।"

"जो अमृत से आवृत ब्रह्म की पुरी को जानता है उसे ब्रह्म तथा ब्रह्मजनित पदार्थ चक्षु, प्राण एवं प्रजा प्रदान करते हैं। जो ब्रह्म की पुरी को जानता है, जिसका अधिष्ठाता पुरुष है, उसे चक्षु तथा प्राण जरावस्था से पूर्व नहीं छोड़ते[28]।"

"जो सलिल में स्थित हिरण्यय वेतस को जानता है वह गुह्य प्रजापति के तुल्य हो जाता है, उसका तमस् नष्ट हो जाता है, वह पाप से व्यावृत्त हो

---

२५ अथर्व १९. ३६. १-४

२६ अथर्व ९. १. २२, २३। मधुकशा=मधु की चाबुक। इसका परिचय इसी सूक्त में इस प्रकार किया है—पृथिवी इसकी डण्डी है, अन्तरिक्ष मध्य भाग है, द्यौ अग्रभाग है (मन्त्र २१)। एवं पृथिवी, अन्तरिक्ष, द्यौ यह त्रिलोकी मिल कर मधुकशा होती है। इसमें उत्पन्न सात मधु उक्त ब्राह्मणादि हैं।

२७ एतद् वै विश्वरूपं सर्वरूपं गोरूपम्॥
उपैनं विश्वरूपाः सर्वरूपाः पशवस्तिष्ठन्ति य एवं वेद॥ अथर्व ९.७.२५,२६

२८ यो वै तां ब्रह्मणो वेदामृतेनावृतां पुरम्।
तस्मै ब्रह्म च ब्राह्माश्च चक्षुः प्राणं प्रजां ददुः॥
न वै तं चक्षुर्जहाति न प्राणो जरसः पुरा।
पुरं यो ब्रह्मणो वेद यस्याः पुरुष उच्यते॥ अथर्व १०. २. २९, ३०

जाता है, प्रजापति के अन्दर जो तीन ज्योतियां हैं वे सब उसे प्राप्त हो जाती हैं[२९]।"

"यह ओदन (भोग्य जगत्) सर्वांग है, सब परुओं से युक्त है, पूर्ण शरीर वाला है। जो ऐसा जानता है वह भी सर्वांग, सब परुओं से युक्त तथा पूर्ण शरीर वाला हो जाता है। यह जो ओदन है वह आदित्य का लोक है, आदित्य लोक वाला हो जाता है, आदित्य के लोक में श्रित हो जाता है, जो ऐसा जानता है[३०]।"

"हे प्राण, जो तेरी महिमा को जानता है तथा जिसमें तू प्रतिष्ठित हो जाता है, उसके प्रति उस उत्तम लोक में सब बलि लाते हैं। हे प्राण, जिस प्रकार तेरे लिए ये सब प्रजाएं बलि आहरण करती हैं उसी प्रकार हे सुकीर्ति-सम्पन्न, जो तेरी महिमा को श्रवण करता है उसके प्रति भी बलि लाती हैं[३१]।"

"जो इस एकवृत् सविता देव को जानता है, उसे ब्रह्म, तप, कीर्ति, यश, अम्भस्, नभस्, ब्राह्मणवर्चस्, अन्न तथा अन्नाद्य प्राप्त होता है। जो इस एकवृत् सविता देव को जानता है, उसे भूत, भव्य, श्रद्धा, रुचि, स्वर्ग और स्वधा प्राप्त होते हैं[३२]।"

---

२९ अप तस्य हतं तमो व्यावृत्तः स पाप्मना।
सर्वाणि तस्मिन् ज्योतींषि यानि त्रीणि प्रजापतौ॥
यो वेतसं हिरण्ययं तिष्ठन्तं सलिले वेद।
स वै गुह्यः प्रजापतिः॥ अथर्व १०.७.४०,४१
सलिल में स्थित हिरण्यय वेतस्=मेघजल में स्थित विद्युल्लता, अथवा प्रकृति के अन्दर बीजरूप में अवस्थित विराड् ब्रह्माण्ड।

३० एष वा ओदनः सर्वाङ्गः सर्वपरुः सर्वतनूः।
सर्वाङ्ग एव सर्वपरुः सर्वतनूः स भवति य एवं वेद॥
एतद् वै ब्रध्नस्य विष्टपं यदोदनः॥
ब्रध्नलोको भवति ब्रध्नस्य विष्टपि श्रयते य एवं वेद॥ अथर्व ११.३.४९-५१

३१ यस्ते प्राणेदं वेद यस्मिंश्चासि प्रतिष्ठितः।
सर्वे तस्मै बलिं हरानमुष्मिंल्लोक उत्तमे॥
यथा प्राण बलिहृतस्तुभ्यं सर्वाः प्रजा इमाः।
एवा तस्मै बलिं हरान् यस्त्वा शृणवत् सुश्रवः॥ अथर्व ११.४.१८,१९

३२. ब्रह्म च तपश्च कीर्तिश्च यशश्चाम्भश्च नभश्च।
ब्राह्मणवर्चसं चान्नं चान्नाद्यं च य एतं देवमेकवृतं वेद॥
भूतं च भव्यं च श्रद्धा च रुचिश्च स्वर्गश्च स्वधा च॥
य एतं देवमेकवृतं वेद॥ अथर्व १३.४.२२-२४

उक्त प्रशंसाओं पर एक दृष्टि

ऊपर वेदो से सकलित कर कुछ अर्थवादात्मक प्रशसाए दर्शायी गयी है। यज्ञ वैदिक संस्कृति का एक मुख्य अग है। उद्धृत प्रसग यह बताते है कि यज्ञ करने से मनुष्य को गुणवान् पुत्र, धन, अन्न, कीर्ति, गौ, अश्व, बल, दीर्घायुष्य, स्वर्ग आदि की प्राप्ति होती है। प्रदर्शित दान-स्तुतियो से ज्ञात होता है कि दानी को गो-दुग्ध की धाराये, अमृतत्व, रजत, हिरण्य, गौ, अश्व, सुरभित गृह, अलकृत वधू, द्रुतगामी रथ आदि अक्षय चित्र-विचित्र ऐश्वर्यों एव पुण्य लोकों की प्राप्ति होती है। सोम-सवन करने वाला मगल, दीर्घायु एव धन पाता है, तथा शत्रुओ मे अवध्य हो जाता है। अतिथि-सत्कार की भूरि-भूरि प्रशसा कर यज्ञ से उसकी तुलना की गयी है, और कहा है कि अतिथि जिसका अन्न खाते है उसके पाप नष्ट हो जाते है। गृहपति के घर अतिथि के एक-दो-तीन या अधिक रात्रि निवास करने का अपूर्व फल कथित हुआ है। आदित्यो की रक्षा का भी महाफल वर्णित किया गया है। आदित्य शब्द वेद मे सूर्य के लिए भी आता है तथा अदिति के पुत्र मित्र, वरुण अर्यमा प्रभृति देवो के लिए भी। यहा द्वितीय अर्थ मे प्रयुक्त है। ब्रह्मणस्पति के सरूय का अतीव मनोमोहक फल कथित हुआ है। इसी प्रकार सत्य पवमान-देवता की ऋचाओ के अध्ययन एव मणि-बन्धन की भी गौरवपूर्ण प्रशसा की गई है। अन्त मे मधुकशा, ब्रह्मपुरी, हिरण्यय वेतस आदि विविध वस्तुओ के ज्ञानमात्र का महान् फल बताया गया है।

प्रश्न यह उपस्थित होता है कि यज्ञादि के कर्ताओ को उपयुक्त फल मिलते दिखाई नही देते, तो क्या इन वेदवचनो को असत्य या उन्मत्तप्रलापवत् परित्याज्य ठहराया जाये।

ख. निन्दात्मक अर्थवाद

अब अर्थवादात्मक शैली के दूसरे पक्ष अर्थात् निन्दात्मक अर्थवाद पर आते है। वेदो मे अदान, अयज्ञ, द्यूत आदि की तीव्र निन्दा उपलब्ध होती है, जिससे सर्वसाधारण इन कार्यों मे प्रवृत्त न हो। इन प्रसगो को सगृहीत कर यहा दिया जा रहा है।

अदान-निन्दा

य आध्राय चकमानाय पित्वोऽन्नवान्त्सन् रफितायोपजग्मुषे।
स्थिरं मनः कृणुते सेवते पुरोतो चित् स मर्डितारं न विन्दते॥

मोघमन्नं विन्दते अप्रचेताः सत्यं ब्रवीमि वध इत् स तस्य ।
नार्यमण पुष्यति नो सखायं केवलाघो भवति केवलादी॥ ऋग् १०.११७.२,६

"जो अन्नवान् होता हुआ भी दुर्बल, अन्न की कामना वाले, दारिद्र्योपहत अत एव अपनी शरण मे आये हुए मनुष्य के सम्मुख मन को कठोर करके दान नही करता, प्रत्युत उसके सामने ही भोग करता रहता है, वह कभी सुख देने वाले को प्राप्त नही करता। अप्रचेता मनुष्य व्यर्थ ही अन्न प्राप्त करता है, सच कहता हू वह उसका वध ही होता है। जो अपने धन से न अर्यमा आदि देवो को पुष्ट करता है, न अपने सखा को, ऐसा अकेला खाने वाला केवल पाप का ही भागी होता है।"

अज्ञान-निन्दा

उत त्वः पश्यन् न ददर्श वाचमुत त्वः शृण्वन् न शृणोत्येनाम् ।
उतो त्वस्मै तन्वं वि सस्रे जायेव पत्य उशती सुवासाः ॥

उत त्वं सख्ये स्थिरपीतमाहुर्नैनं हिन्वन्त्यपि वाजिनेषु ।
अधेन्वा चरति माययैष वाचं शुश्रुवाँ अफलामपुष्पाम् ॥

यस्तित्याज सचिविदं सखायं न तस्य वाच्यपि भागो अस्ति ।
यदीं शृणोत्यलकं शृणोति न हि प्रवेद सुकृतस्य पन्थाम् ॥

इमे ये नार्वाङ् न परश्चरन्ति न ब्राह्मणासो न सुतेकरासः ।
त एते वाचमभिपद्य पापया सिरीस्तन्त्रं तन्वते अप्रजज्ञयः ॥

"एक व्यक्ति वेदवाणी को देखता हुआ भी नही देखता, दूसरा सुनता हुआ भी नही सुनता। जो फल-पुष्प[33]-रहित वाणी को सुनने वाला है, वह दूध न देने वाली, घास-फूस की बनी हुई मायारूपिणी गौ के साथ विचरता है। जिसने साथ निबाहने वाले वेदार्थ रूपी सखा को त्याग दिया है, उसकी अधीत वाणी मे कोई सार नही होता। जो कुछ वेदमन्त्रादि वह सुनता है व्यर्थ ही सुनता है, क्योंकि उससे वह सुकृत के मार्ग को नही जान सकता। ये जो वेदार्थ से अनभिज्ञ लोग न इहलोक की चिन्ता करते है, न परलोक की चिन्ता करते है, न ब्रह्मज्ञानी बनते है, न यज्ञ-तत्पर होते है, वे वेद को पढ कर भी नौसिखिये जुलाहे के समान उल्टे-सीधे अपने जीवन रूप वस्त्र को फैलाते रहते है।"

---

३३. अर्थं वाचः पुष्पफलमाह, याज्ञदैवते पुष्पफले, देवताध्यात्मे वा । निरु.१ १८

द्यूत-निन्दा

"जुआरी की सास उससे द्वेष करने लगती है, पत्नी उसे अपने से दूर रखती है। प्रार्थना करने पर भी वह किसी सुख देने वाले को प्राप्त नही करता। जिसके धन पर बलवान् जुआ ललचा जाता है, उसकी पत्नी का अन्य लोग स्पर्श करते है। पिता-माता, भाई-बन्धु इसके विषय मे कहते है कि हम इसे नही जानते, चाहे इसे हथकडी डाल कर ले जाओ। जुए के पासे अकुश चुभाने वाले है, व्यथा पहुँचाने वाले हैं, काटने वाले है, स्वभाव से सताप-दायक है, बुरी मार देने वाले है, जीतने वाले को भी पुन: हराने वाले है, ऊपर से मधु-सम्पृक्त (आकर्षक) होते हुए भी वस्तुत. जुआरी का सर्व-नाश कर देने वाले है। जुआरी की पत्नी हीन दशा को प्राप्त हुई दु ख पाती है, इधर-उधर भटकने वाले जुआरी पुत्र की माता भी दुःख पाती है। वह ऋणी होकर डरता-डरता चोरी के लिए अन्यो के घर पहुचता है[३४]।"

ब्राह्मण के तिरस्कार की निन्दा

"जिस राष्ट्र मे नासमझी से ब्राह्मण की जाया को पकडकर रोक लिया जाता है, उस राष्ट्र की शत-शत सुखो को देने वाली कल्याणी पत्नियो को शय्या पर सुख की नीद नही आती। जिस राष्ट्र मे नासमझी से ब्राह्मण की जाया को पकड कर रोक लिया जाता है, उस राष्ट्र के गृहो मे बहुश्रुत, पृथु मस्तिष्क वाले पुत्र उत्पन्न नही होते। जिस राष्ट्र मे नासमझी से ब्राह्मण की जाया को पकड कर रोक लिया जाता है, उस राष्ट्र के दानी गले मे स्वर्णहार पहन अन्नादि से भरी टोकरियो के आगे-आगे नही चलते[३५]। जिस राष्ट्र मे

---

३४ ऋग् १० ३४ ३, ६, ७, १०

३५ "तस्य क्षत्ता निष्कग्रीव सूनानामेत्यग्रत.", इसके अर्थ के विषय मे पर्याप्त मतभेद है। हमने अर्थ ह्विटने के अनुसार किया है – "A distributer with necklaced neck goes not at the head of his crates of food"—Whitney. क्षत्ता का दानी अर्थ ऋग् ६. १३. २ मे सायण ने भी किया है – "क्षत्ता असि। क्षदतिरत्र दानकर्मा। दाता भवसि"–सायण। क्षत्ता का अर्थ वर्षाजल का दानी मेघ तथा सूना का अर्थ उत्पादक भूमि (धातु उत्पत्त्यर्थक षु या षू) ले तो अभिप्राय यह होगा कि जिस राष्ट्र मे ब्राह्मण का अनादर होता है वहा दानी मेघ भूमियो के समुख नही आते अर्थात् वहा वर्षा नही होती। ह्विटने ने अपने भाष्य की टिप्पणी मे मूर तथा लुड्विग के अर्थों का भी सकेत किया है — "The meaning is not undisputed,

नासमझी से ब्राह्मण की जाया को पकड कर रोक लिया जाता है, वहा कृष्ण कान वाला श्वेत घोडा धुरे मे नियुक्त हो महिमा नही पाता। जिस राष्ट्र मे नासमझी से ब्राह्मण की जाया को पकड कर रोक लिया जाता है, उस राष्ट्र के क्षेत्र मे न कमलपत्रो से अलकृत सरसिया होती है, न कमलगट्टे तथा कमल-नाल उत्पन्न होते है। जिस राष्ट्र मे नासमझी से ब्राह्मण की जाया को पकड कर रोक लिया जाता है, उसमे दुहने मे दक्ष ग्वाले गौओ को दुहने मे मना कर देते है[३६]।"

'जो ब्राह्मण को अन्न ही समझ बैठता है, वह मानो हालाहल विष का पान करता है। उसका यह कार्य क्षात्रशक्ति को थोथा कर देता है, वर्चस् को नष्ट कर देता है, सुलगी हुई अग्नि के समान सर्वस्व दग्ध कर देता है। जो देवघाती राजा धन-लोलुप होकर नासमझी से ब्राह्मण को मृदु मानकर सताता है, उसके हृदय मे इन्द्र अग्नि जला देता है, विचरण करते हुए इसके साथ भूमि-आकाश दोनो वैर ठान लेते है। ब्राह्मणघाती राजा मनुष्यो के बीच मे विष पिये हुए के समान घूमता है वह सूखकर अस्थिपजर मात्र रह जाता है,

---

Muir renders "charioteer" and "hosts" (emending to Sena) Ludwig, "Kshattar" and "slaughter-bench". ग्रिफिथ निम्न अर्थ करते है —"No steward, golden-necklaced goes before the meat-trays of the man परन्तु प्रकरण को देखते हुए पशुवध या मासभक्षण परक अर्थ सर्वथा असंगत प्रतीत होता है। श्री सातवलेकर क्षत्ता का अर्थ वीर तथा सूना का अर्थ लडकी करते है—'जिस राष्ट्र मे अज्ञान मे ब्राह्मण की स्त्री प्रतिबन्ध मे पडती है, उस राष्ट्र का वीर सुवर्णालकार गले मे धारण करके लडकियो के समुख नही जाता है"।

३६. नास्य जाया शतवाही कल्याणी तल्पमा शये।
यस्मिन् राष्ट्रे निरुध्यते ब्रह्मजायाचित्या॥
न विकर्ण. पृथुशिरास्तस्मिन् वेश्मनि जायते। यस्मिन्०॥
नास्य क्षत्ता निष्कग्रीव सूनानामेत्यग्रत। यस्मिन्०॥
नास्य श्वेतः कृष्णकर्णो धुरि युक्तो महीयते। यस्मिन्०॥
नास्य क्षेत्रे पुष्करिणी नाण्डीक जायते बिसम्। यस्मिन्०॥
नास्मै पृश्नि वि दुहन्ति येऽस्या दोहमुपासते। यस्मिन्०॥
अथर्व ५. १७. १२-१७

जो देवबन्धु ब्राह्मण को कष्ट देता है, वह पितृयाण लोक को भी प्राप्त नही करता[३७]।"

जो ब्राह्मण का तिस्कार करते है अथवा जो इस पर किसी प्रकार का शुल्क लगाते है, वे रक्त की धारा के मध्य केशो को खाते हुए पडे रहते है। सतायी जाती हुई ब्राह्मण की गौ ज्यो-ज्यो छटपटाती है त्यो-त्यो वह राष्ट्र के तेज को नष्ट करती चलती है, उस राष्ट्र मे बलवान् पुत्र उत्पन्न नही होते। ब्राह्मण की गौ का वध करना बडा क्रूर कार्य है, इसका मास खाना बडा कटु कार्य है, क्षत्रिय द्वारा इसका दूध पिया जाना पितृजनो के प्रति महान् अपराध है। वह राजा बडा क्रूर होता है, जो अभिमान मे आकर ब्राह्मण को हडप जाना चाहता है। जहा ब्राह्मण का पराजय होता है वह राष्ट्र खोखला हो जाता है। सतायी जाती हुई ब्राह्मण की गौ आठ पैरो वाली, चार आँखो वाली, चार कानो वाली, चार जबडो वाली, दो मुखो वाली, दो जिह्वाओ वाली होकर ब्राह्मणघाती राजा के राष्ट्र को प्रकम्पित कर देती है। ब्रह्म-हत्या का कार्य राष्ट्र को चलनी-चलनी कर देता है, जैसे टूटी नौका को पानी। जहा ब्राह्मण की हिंसा होती है, वह राष्ट्र दुर्गति का शिकार हो जाता है। जो ब्राह्मण के सात्त्विक धन को हथियाना चाहता है उसे वृक्ष मना कर देते है कि तू हमारी छाया मे मत आ। ब्रह्मघाती राजा के राज्य मे मित्र-वरुण मे होने वाली वर्षा नही बरसती, न उसकी राष्ट्रसभा सामर्थ्यवान् होती है, न वह मित्रराष्ट्रो को वश मे रख पाता है[३८]।"

"जो क्षत्रिय ब्राह्मण की गौ को छीनता है एव ब्राह्मण को कष्ट देता है, उसके पास से सूनृता, वीर्य, पुण्य लक्ष्मी सब भाग जाते है। जो क्षत्रिय ब्राह्मण की गौ को छीनता है, एव ब्राह्मण को कष्ट देता है, उसके पास से ओज, तेज, साहस, बल, वाणी, इन्द्रिय-शक्ति, श्री, धर्म, ब्रह्म, क्षात्र, राष्ट्र, विट्, दीप्ति,

---

३७. निर्वै क्षत्र नयति हन्ति वर्चोऽग्निरिवारब्धो वि दुनोति सर्वम्।
यो ब्राह्मण मन्यते अन्नमेव स विषस्य पिबति तैमातस्य ॥
य एन हन्ति मृदु मन्यमानो देवपीयुर्धनकामो न चित्तात्।
स तस्येन्द्रो हृदयेऽग्निमिन्ध उमे एन द्विष्टो नभसी चरन्तम् ॥
देवपीयुश्चरति मर्त्येषु गरगीर्णो भवत्यस्थिभूयान्।
यो ब्राह्मण देवबन्धु हिनस्ति न स पितृयाणमप्येति लोकम् ॥
अथर्व ५ १८. ४, ५, १३

३८ अथर्व ५ १९ ३-९, १५

यश, वर्चस्, द्रविण, आयु, रूप, नाम, कीर्ति, प्राणापान, चक्षु, श्रोत्र, दूध, रस, अन्न, भोग-सामर्थ्य, ऋत, सत्य, इष्ट, पूर्त, प्रजा, पशु ये सब भाग जाते है[३९]।"

गौ के पीडन की निन्दा

"जो गौ के कान ऐंठता है वह देवो के प्रति अपराध करता है। यदि कानो को तप्त शलाका से दाग कर चिन्हित करने का विचार करता है, तो अपने धन को न्यून कर लेता है। यदि किसी भोग के लिए इसके बाल काटता है, तो उसके किशोरो की मृत्यु होने लगती है, तथा बच्चो को भेड़िया खा जाता है। यदि गोस्वामी के अधीन रहती हुई इसके लोम को कौआ नोचता है, तो कुमार मरने लगते है, तथा सहज ही यक्ष्मा घर कर लेता है। यदि इसकी दासी गौ के चारे एव गोबर को मिला देती है, तो उस अपराध से मुक्त न होकर वह विरूप हो जाता है। जो इसे वन्ध्या मानकर घर मे पकाता है, उसके पुत्र तथा पौत्रो तक से बृहस्पति भीख मगवाता है[६०]।"

---

३९ नामाददानस्य ब्रह्मगवी जिनतो ब्राह्मण क्षत्रियस्य ।
अप क्रामति सूनृता वीर्य पुण्या लक्ष्मी ।।
ओजश्च तेजश्च सहश्च बल च वाक् चेन्द्रिय च श्रीश्च धर्मश्च ।
ब्रह्म च क्षत्र च राष्ट्र च विशश्च
त्विषिश्च यशश्च वर्चश्च द्रविण च ।।
आयुश्च रूप च नाम च कीर्तिश्च प्राणश्चापानश्च चक्षुश्च श्रोत्र च ।।
पयश्च रसश्चान्न चान्नाद्य चर्त च सत्य चेष्ट च पूर्तं च प्रजा च पशवश्च
तानि सर्वाण्यप क्रामन्ति ब्रह्मगवीमाददानस्य जिनतो ब्राह्मण क्षत्रियस्य ।।
अथर्व १२ ५ ५-११

६० यो अस्या कर्णावास्कुनोत्या स देवेषु वृश्चते ।
लक्ष्म कुर्व इति मन्यते कनीय कृणुते स्वम् ।।
यदस्या: कस्मै चिद् भोगाय बालान् कश्चित् प्रकृन्तति ।
तत किशोरा म्रियन्ते वत्साश्च घातुको वृक. ।।
यदस्या गोपतौ सत्या लोम ध्वाङ्क्षो अजीहिडत् ।
तत· कुमारा म्रियन्ते यक्ष्मो विन्दत्यनामनात् ।।
यदस्या पल्पूलन शकृद् दासी समस्यति ।
ततोऽपरूपं जायते तस्मादव्येष्यदेनस ।।
यो वेहत मन्यमानोऽमा च पचते वशाम् ।
अप्यस्य पुत्रान् पौत्राश्च याचयते बृहस्पति. ।। अथर्व १२ ४.६-६,३८

अतिथि के प्रति उपेक्षा-भाव की निन्दा

"जो अतिथि से पूर्व खाता है, वह गृहो के इष्ट तथा पूर्त को खाता है। जो अतिथि से पूर्व खाता है, वह गृहो के दूध तथा रस को खाता है। जो अतिथि से पूर्व खाता है, वह गृहो की अन्न तथा वृद्धि को खाता है। जो अतिथि से पूर्व खाता है, वह गृहो के प्रजा तथा पशुओ को खाता है। जो अतिथि से पूर्व खाता है, वह गृहो की कीर्ति तथा यश को खाता है। जो अतिथि से पूर्व खाता है, वह गृहो की श्री तथा सवित् को खाता है[41]।"

"हवन का समय हो और विद्वान् व्रात्य अतिथि घर मे आ जाए तो उससे स्वीकृति लिये बिना जो हवन करने बैठ जाता है, वह न पितृयाण मार्ग को जानता है, न देवयान मार्ग को, वह देवो के प्रति अपराध करता है, उसका हवन नही होता, इस लोक मे उसका आयतन अवशिष्ट नही रहता[42]।

व्रात्य के अपमान की निन्दा

"विद्वान् व्रात्य की जो निन्दा करता है वह बृहत्, रथन्तर, आदित्य तथा विश्वे देवा के प्रति अपराध करता है। विद्वान् व्रात्य की जो निन्दा करता है, वह यज्ञायज्ञिय, वामदेव्य, यज्ञ, यजमान तथा पशुओ के प्रति अपराध करता है। विद्वान् व्रात्य की जो निन्दा करता है, वह वैरूप साम, आप तथा वरुण राजा के प्रति अपराध करता है। विद्वान् व्रात्य की जो निन्दा करता है, वह श्यैत, नौधस, सप्तर्षिगण तथा सोम राजा के प्रति अपराध करता है[43]।

---

४१. इष्ट च वा एष पूर्त च गृहाणामश्नाति य पूर्वोऽतिथेरश्नाति ॥
पयश्च वा एष रस च गृहाणामश्नाति य पूर्वोऽतिथेरश्नाति ॥
ऊर्जां च वा एष स्फाति च गृहाणामश्नाति य पूर्वोऽतिथेरश्नाति ॥
प्रजा च वा एष पशूश्च गृहाणामश्नाति य. पूर्वोऽतिथेरश्नाति ॥
कीर्ति च वा एष यशश्च गृहाणामश्नाति य पूर्वोऽतिथेरश्नाति ॥
श्रिय च वा एष सविद च गृहाणामश्नाति य पूर्वोऽतिथेरश्नाति ॥
अथर्व ६. ६.३१-३६

४२. अथर्व १५ १२. ८-११

४३. अथर्व १५ २. ३, ११, १६, २७। व्रात्य शब्द सहितोत्तरकालीन साहित्य मे प्राय: निन्दित अर्थो मे आया है, जिसके जातकर्मादि सस्कार नही होते, ऐसा असस्कृत निन्दित मनुष्य। परन्तु वेद मे यह अच्छे अर्थो मे प्रयुक्त है, व्रतपति, व्रतनिष्ठ या जनसमाज (व्रात) का हितकारी।

ओदन के दुरुपभोग की निन्दा

"यदि तू उससे भिन्न सिर से ओदन (भोग्य जगत्) का भोग करेगा जिससे पूर्व ऋषि करते रहे है, तो तेरी ज्येष्ठ सन्तान मर जायेगी। यदि तू उससे भिन्न श्रोत्रो मे भोग करेगा, जिनसे पूर्व ऋषि करते रहे है, तो बहरा हो जायेगा। यदि तू उससे भिन्न मुख से भोग करेगा, जिससे पूर्व ऋषि करते रहे है, तो तेरी मुख्य प्रजा मर जायेगी। यदि तू उससे भिन्न जिह्वा मे भोग करेगा, जिसमे पूर्व ऋषि करते रहे है, तो तेरी जिह्वा बेकार हो जायेगी। यदि तू उनमे भिन्न दातो से भोग करेगा, जिनमे पूर्व ऋषि करते रहे है, तो तेरे दात टूट जायेगे। यदि तू उनमे भिन्न प्राणापानो से भोग करेगा, जिनसे पूर्व ऋषि करते रहे है, तो प्राणापान तुझे छोड जायेगे। यदि तू उसमे भिन्न व्यान से भोग करेगा, जिससे पूर्व ऋषि करते रहे है तो राजक्ष्मा तुझे मार डालेगा। यदि तू उससे भिन्न पृष्ठ से भोग करेगा, जिसमे पूर्व ऋषि करते रहे है, तो विद्युत् तुझे मार डालेगी। यदि तू उससे भिन्न उरस् से भोग करेगा, जिससे पूर्व ऋषि करते रहे है, तो कृषि से समृद्ध नही होगा। यदि तू उससे भिन्न उदर से भोग करेगा जिससे, पूर्व ऋषि करते रहे है, तो उदर-कष्ट तुझे मार डालेगा। यदि तू उसमे भिन्न वस्ति मे भोग, करेगा जिससे पूर्व ऋषि करते रहे है, तो पानी मे तेरी मृत्यु होगी। यदि तू उनसे भिन्न ऊरुओ से भोग करेगा, जिनसे पूर्व ऋषि करते रहे है, तो तेरे ऊरु बेकार हो जायेगे। यदि तू उनमे भिन्न घुटनो से भोग करेगा, जिनसे पूर्व ऋषि करते रहे है, तो तू लगडा हो जायेगा। यदि तू उनसे भिन्न पैरो से भोग करेगा, जिनसे पूर्व ऋषि करते रहे है, तो सूर्य तुझे मार डालेगा। यदि तू उनसे भिन्न हाथो मे भोग करेगा, जिनसे पूर्व ऋषि करते रहे है, तो तू ब्राह्मण को मार डालेगा। यदि तू उनमे भिन्न तलवो मे भोग करेगा, जिनसे पूर्व ऋषि करते रहे है, तो तू निराधार तथा आयतन-रहित होकर मरेगा।[४४]"

इतर निन्दाएं

"जो धर्म-कर्म से रहित हो, शरीर की सजधज मे सलग्न रहता है तथा जो कुत्सित लोगो मे मैत्री करता है, उसे मघवा इन्द्र विनष्ट कर देता है, निश्चय ही विनष्ट कर देता है[४५]।"

---

४४. अथर्व ११ ३ ३२-४९

४५. ऋग् ५ ३४ ३

"हे इन्द्र और अग्नि, जो यज्ञ मे मन्त्रो का स्पष्ट उच्चारण न कर मुख के अन्दर ही अन्दर बोलने वाला है, उसकी आहुति का तुम भक्षण नही करते[४६]।"

"सोम न पापी को बढाता है, न दोहरी चाल चलने वाले क्षत्रिय को। वह राक्षस को मार देता है, असत्य बोलने वाले को मार देता है, वे दोनों इन्द्र के पाश मे जकडे जाते है[४७]।"

"देवो के नियम का उल्लघन कर मनुष्य सौ वर्ष जीवित नही रहता, तथा अपने साथी मे वियुक्त हो जाता है[४८]।"

"जो केवल असभूति की उपासना करते है, वे गाढ अन्धकार मे प्रवेश करते है। उससे भी अधिक गाढ अन्धकार मे वे प्रवेश करते है, जो केवल सभूति मे रत रहते है। जो केवल अविद्या की उपासना करते है, वे गाढ अन्धकार मे प्रवेश करते है। उससे भी अधिक गाढ अन्धकार मे वे प्रवेश करतेहै, जो केवल विद्या मे रत रहते है[४९]।"

उक्त निन्दाओं पर एक दृष्टि

ऊपर वेदो के निन्दात्मक शैली के कुछ प्रसग प्रदर्शित किये गये है। प्रथम अदान-निन्दा के कुछ मन्त्र हैं। जो व्यक्ति समाज मे रहता हुआ एकाकी धन का उपभोग करता है, वह वेद की दृष्टि मे पाप का ही भोग कर रहा होता है।[५०] कृपण का धन धन नही, अपितु उसके लिए वधरूप होता है, ऐसा कहा है। पर हम तो देखते है कि बहुधा अदानी व्यक्तियो का जीवन भी बडा सुख-

४६. ऋग् ६ ५९.४

४७. ऋग् ७.१०४.१३

४८. ऋग् १० ३३.९

४९. यजु ४० ११-१४। असभूति=विनाश, अनित्यता। सभूति=नित्यता। न उनका कल्याण होता है जो सब वस्तुओ को अनित्य समझ जीवन यापन करते है, न उनका जो सबको नित्य समझते है। कल्याण उनका होता है जो दोनो की एक साथ उपासना करते हैं, अर्थात् देह, जगत् आदि अनित्यो को अनित्य एव आत्मा, परमात्मा को नित्य समझ धर्म-पूर्वक जीवन व्यतीत करते है। अविद्या=विद्या से भिन्न कर्म। विद्या=ज्ञान। केवल कर्म या केवल ज्ञान की उपासना से नही, अपितु दोनो की समन्वयपूर्वक यथायोग्य उपासना से ही सत्फल प्राप्त होता है।

५०. केवलाघो भवति केवलादी। ऋग् १०. ११७. ६
तुलनीय भुञ्जते ते त्वघं पापा ये पचन्त्यात्मकारणात्। गीता ३ १३

मय होता है। एव वेद-वचन असत्य प्रतीत होकर अपनी अर्थवादात्मकता को प्रकट करते है। आगे अर्थरहित वाणी को सुनने-पढने की निन्दा है। यद्यपि सर्वथा अध्ययन न करना तथा अर्थरहित अध्ययन करना इन दोनो की तुलना मे अर्थसहित अध्ययन अधिक प्रशस्य है, अत वह निन्दनीय नही ठहरता, तो भी अर्थ सहित वाणी के अध्ययन मे प्रवृत्त करने के निमित्त मे अर्थरहित अध्ययन की निन्दा की गयी है।

आगे द्यूत की निन्दा इस रूप मे की गई है, मानो द्यूत मे मनुष्य सदा दुर्दशा को ही प्राप्त करता हो। यद्यपि इसके विपरीत हम प्रत्यक्ष देखते हैं कि अनेक वार द्यूतक्रीडा करने वाले बडे आनन्द का जीवन व्यतीत करते है। तो भी सामान्यत समाज के लिए यह दुर्व्यसन अवाछनीय होने से लोगो को इसमे प्रवृत्ति को रोकने के लिए ऐसी निन्दा की है।

इसी प्रकार गौ के पीडन की निन्दा करते हुए जो गौ के बाल काटने पर किशोरो की मृत्यु होने लगती है आदि कहा गया है, वह भी अर्थवाद ही है। अतिथि से पूर्व भोजन करने से घर का इष्ट पूर्त, रस, अन्न, वृद्धि, प्रजा, पशु, कीर्ति, श्री, सवित् सब कुछ नष्ट हो जाता है, यह भी अर्थवाद ही है, जिससे लोग अतिथि से पूर्व भोजन न करे। यही बात अन्य निन्दाओ के विषय मे घटित होती है। एव अर्थवादात्मक शैली पर ध्यान देने से वेद के ये वर्णन जो असगत से प्रतीत होते है, सर्वथा सगतिपूर्ण लगने लगते है। काव्य मे जैसे रूपक, अतिशयोक्ति, अपह्नुति आदि मे अरम्यता नही, प्रत्युत अलकार की प्रतीति होती है, वैसे ही ये अर्थवाद भी दोषावह नही, प्रत्युत अलकार है। एव इस शैली का विचार विशेष उपयोगी है। अर्थवादात्मक शैली के उदाहरण कृष्ण यजुर्वेद की तैत्तिरीय एव मैत्रायणी सहिताओ मे प्रचुर मात्रा मे मिलते है, यद्यपि अपने निबन्ध का क्षेत्र सीमित रखने के कारण हमने उन्हे यहा उद्धृत नही किया है।

२. अभिशापात्मक शैली

अर्थवादात्मक शैली पर विचार करने के उपरान्त अभिशापात्मक शैली को लेते है। पर उससे पूर्व दो शब्द शपथात्मक शैली के विषय मे कह देना उचित होगा। अपने विषय मे बलपूर्वक यह स्थापना करना कि मै अमुक दोष का दोषी नही हूँ, यदि होऊ तो मेरा अमुक अनिष्ट हो, इस शैली के वर्णन शपथात्मक कहलाते है। वेदो मे इस शैली का क्वचित् ही प्रयोग हुआ है[५१]। यहा एक प्रसग दर्शाया जाता है जो यास्क ने भी उद्धृत किया है।

५१. वेदो मे इस शैली के विशेष उदाहरण उपलब्ध न होने के कारण हमने इसे पृथक् स्थान नही दिया है। द्रष्टव्य वैदिक इण्डैक्स मे शपथ शब्द।

अद्या मुरीय यदि यातुधा नो अस्मि यदि वायुस्ततप पूरुषस्य ।

ऋग् ७. १०४. १५

स्तोता जातवेदा अग्नि मे शपथपूर्वक कहता है कि यदि मैं यातुधान हूँ, अथवा यदि मैने किसी निर्दोष पुरुष की आयु को सन्तप्त किया है, तो मैं आज ही मर जाऊ। यह ऋचा का पूर्वार्ध है। इसके साथ उत्तरार्ध मे अभि-शाप सलग्न है–

अधा स वीरैर्दशभिर्वियूया यो मा मोघ यातुधानेत्याह ॥

और, यातुधान न होते हुए भी जो मुझे व्यर्थ ही यातुधान कहता है, वह अपने दसो वीरो मे वियुक्त हो जाये। एव यह ऋचा शपथ तथा अभिशाप दोनों की मिश्रित शैली का उदाहरण होती है।

अब विशुद्ध अभिशाप के कुछ उदाहरण प्रस्तुत किये जाते है–

यो नो रस दिप्सति पित्वो अग्ने यो अश्वाना यो गवां यस्तनूनाम् ।
रिपुः स्तेनः स्तेयकृद् दभ्रमेतु नि ष हीयतां तन्वा तना च ॥
परः सो अस्तु तन्वा तना च तिस्रः पृथिवीरधो अस्तु विश्वाः ।
प्रति शुष्यतु यशो अस्य देवा यो नो दिवा दिप्सति यश्च नक्तम् ॥
यो मायातु यातुधानेत्याह यो वा रक्षा शुचिरस्मीत्याह ।
इन्द्रस्तं हन्तु महता वधेन विश्वस्य जन्तोरधमस्पदीष्ट ॥

ऋग् ७. १०४. १०,११, १६, अथर्व ८ ४ १०,११,१६

"जो हमारे अन्न का रस हरना चाहता है, जो हमारे अश्वो, गौओ तथा शरीरो का रस हरना चाहता है, वह चोर, लुटेरा शत्रु मर जाये, वह शरीर से तथा दल-बल म हीन हो जाये। जो दिन मे या रात्रि मे हमारी हिंसा करना चाहता है वह शरीर तथा दल-बल के साथ हमसे परे हो जाये, तीनो पृथिवियो से नीचे रसातल मे चला जाये, उसका यश सूख जाये। जो राक्षस मुझे यातुधान न होते हुए भी यातुधान कहता है तथा अपने आपको मै शुचि हूँ, ऐसा कहता है, इन्द्र उसका अपने महान् वज्र से वध कर दे। वह सब जन्तुओ, से अधम होकर नीचे गिर जाये।

अबुध्यमानाः पणयः ससन्तु ऋग् १. १२४ १०
नेहं भद्रं रक्षस्विने नावयै नोपया उत ॥ ऋग् ८ ४७.१२
शत्रूयन्तो अभि ये नस्ततस्रे महि व्राधन्त ओगणास इन्द्र ।
अन्धेनामित्रास्तमसा सचन्तां सुज्योतिषो अक्तवस्तां अभि ष्युः

ऋग् १० ८९. १५

"कृपण लोग सदा की नींद सो जाये, राक्षस का, हिंसक का, बुरे इरादे के साथ समीप आने वाले का संसार में भला न हो, शत्रुता करने वाले, बाधा पहुँचाने वाले जो दलबद्ध रिपु हमारी हिंसा करते हैं वे घोर अन्धकार में जा पड़े, दिन-रात्रियां उन्हें अभिभूत करें।"

विलपन्तु यातुधाना अत्रिणो ये किमीदिनः ॥ अथर्व १ ७. ३

वेणोरद्गा इवाभितोऽसमृद्धा अघायव ॥ अथर्व १ २७. ३

या शशाप शपनेन याघं मूरमादधे ।

या रसस्य हरणाय जातमारेभे तोकमत्तु सा ॥

पुत्रमत्तु यातुधानीः स्वसारमुत नप्त्यम् ।

अधा मिथो विकेश्यो विघ्नतां यातुधान्यो वितृह्यन्तामराय्यः ॥

अथर्व १ २८. ३, ४

पापमार्छत्वपकामस्य कर्ता । ब्रह्मद्विष द्यौरभिसंतपाति अथर्व । २ १२ ५,६

तान्त्सत्यौजाः प्र दहत्वग्निर्वैश्वानरो वृषा ।

यो नो दुरीयाद् दिप्साच्चाथो यो नो अरातियात् । अथर्व ४ ३६ १

यो नस्तायद् दिप्सति यो न आविः स्वो विद्वानरणो वा नो अग्ने ।

प्रतीच्येत्वरणी दत्वती तान् मैषामग्ने वास्तु भून्मो अपत्यम् ॥

अथर्व ७ १०८. १

यस्त्वा जघान वध्यः सो अस्तु मा सो अन्यद् विदत भागधेयम् ॥

अथर्व १८ २ ३१

"जो भक्षक किमीदी यातुधान है, उन्हें रोना-धोना नसीब हो। पापेच्छु शत्रु बांस की शाखाओं के समान कभी समृद्ध न हों। जो राक्षसी हमें शाप देती है, जो हिंसा को उद्देश्य बनाती है, जो खून चूसने के लिए हमारी सन्तान को पकड़ती है, वह अपने बच्चों को खाये। यातुधानी अपने पुत्र को खाये, बहिन को खाये, नातिन को खाये। बाल बिखराये हुए वे एक दूसरे को मारती-काटती हुई मर मिटें। बुरी कामनाएं करने वाला दुर्गति को पाये। ब्रह्मद्वेषी को द्यौ सन्तप्त कर डाले। जो हमारे प्रति दुष्टता करे, हमारा वध करना चाहे और हमसे शत्रुता करे उन्हें सत्योजा अग्नि भस्म कर दे। जो कोई अपना या पराया व्यक्ति छिप कर अथवा प्रकट रूप में मारना चाहता है, उसे साँप काट ले, उसका घर-बार नष्ट हो जाये, उसकी सन्तानें न हों। जिसने तुझे मारा है उसका वध हो जाये, उसका भाग्य खोटा हो जाये।

इस अभिशाप में भी मनुष्य पापी या अपराधी के प्रति अपनी प्रबल विरोध-भावना ही व्यक्त करता है। आवश्यक रूप से यह अभिप्राय नहीं होता

कि अक्षरश ऐसा ही घटित हो जाये। एव इसमे अर्थवाद का पुट भी सम्मिलित समझा जा सकता है।

३. भर्त्सनात्मक शैली

अभिशाप से मिलती-जुलती ही भर्त्सनात्मक शैली है। इस शैली मे मनुष्य नितान्त आत्मविश्वास के साथ अवाञ्छनीय तत्त्वो की भर्त्सना करता है। जिसकी भर्त्सना की जाती है वह मानव शत्रु, राक्षस, पिशाच, सिह, व्याघ्र, आदि शरीरधारी भी हो सकता है तथा पाप, रोग, दुर्विचार, दु स्वप्न आदि अशरीर भी। उससे भर्त्सना करने वाले की उस शत्रु आदि को न सह सकने की उत्कट भावना द्योतित होती है। नीचे कुछ दृष्टान्त प्रस्तुत है।

पर मृत्यो अनु परेहि पन्था यस्ते स्व इतरो देवयानात्।
चक्षुष्मते शृण्वते ते ब्रवीमि मा नः प्रजां रीरिषो मोत वीरान्॥
ऋग् १०. १८. १

"ओ मृत्यु, उस दूर के मार्ग पर चली जा, जो तेरा देवयान से भिन्न मार्ग है। तुझ आखो वाली और कानो वाली मे मैं कहे देता हूँ, हमारी प्रजा को मत मार, न ही हमारे वीरो को मार"।

अरायि काणे विकटे गिरि गच्छ सदान्वे।
शिरिम्बिठस्य सत्वभिस्तेभिष्ट्वा चातयामसि॥ ऋग् १०. १५५ १

"ओ काणी, विकटा, रुलाने वाली अलक्ष्मी, पर्वत से आकर टकरा। मेघ के जलो से हम तुझे विनष्ट कर देगे।"

अपेहि मनसस्पतेऽप क्राम परश्चर।
परो निर्ऋत्या आ चक्ष्व बहुधा जीवतो मनः॥ ऋग् १० १६४ १

"दूर हो जा, ओ मन पर आधिपत्य करने वाले दु स्वप्न, कदम बढा आ, परे भटकता फिर। अपनी माता निर्ऋति मे जाकर कह दे कि मुझ जीवित का मन तो अनेको कार्यो मे सलग्न है।"

यदि नो गां हंसि यद्यश्व यदि पूरुषम्।
तं त्वा सीसेन विध्यामो यथा नोऽसो अवीरहा॥ अथर्व १. १६. ४

"सावधान, यदि तू हमारी गाय को मारेगा, यदि घोडे को मारेगा, यदि पुरुषो को मारेगा, तो हम तुझे सीसे की गोली से वेध देगे, जिससे तू वीरो की हत्या नही कर सकेगा।"

परोऽपेह्यसमृद्धे वि ते हेतिं नयामसि।
वेद त्वाहं निमीवन्तीं नितुदन्तीमराते॥ अथर्व ५. ७. ७

"परे भाग जा, ओ असमृद्धि, तेरे शस्त्र को मैं विफल कर दूंगा। मैंने जान लिया है कि तू कृश करने वाली तथा कष्ट देने वाली है।"

चक्षुषा ते चक्षुर्हन्मि विषेण हन्मि ते विषम्।
अहे म्रियस्व मा जीवीः प्रत्यगभ्येतु त्वा विषम्॥ अथर्व ५. १३. ४

"चक्षु से तेरी चक्षु को मार दूंगा, विष से तेरे विष को मार दूंगा। ओ सर्प, मर जा, जीवित मत रह, काटे का विष उल्टा तुझ में ही चला जाये।"

अय यो विश्वान् हरितान् कृणोष्युच्छोचयन्नग्निरिवाभिदुन्वन्।
अधा हि तक्मन्नरसो हि भूया अधा न्यङ्ङधराङ् वा परेहि॥
अथर्व ५ २२. २

"हे ज्वर, जो तू अग्नि के समान तपाता हुआ, सताता हुआ सबको पीला कर देता है, वह तू निर्वीर्य हो जा, पराजित हो जा, नीचे पाताल लोक को चला जा।"

निर्बलासेतः प्रपताशुङ्गः शिशुको यथा।
अथो इट इव हायनोप द्राह्यवीरहा॥ अथर्व ६ १४. ३

"ओ, बल को क्षीण करने वाले श्लेष्मरोग, यहां से दूर भाग जा, जैसे कुदकड़ी भरता हुआ हिरनौटा भागता है या जैसे एक वर्ष का बछड़ा भागता है। तू हमारे वीरों का विनाश मत कर।"

परोऽपेहि मनस्पाप किमशस्तानि शससि।
परेहि न त्वा कामये वृक्षां वनानि सं चर गृहेषु गोषु मे मनः॥
अथर्व ६ ४५ १

मरीचीर्धूमान् प्र विशानु पाप्मन्नुदारान् गच्छोत वा नीहारान्।
नदीनां फेना अनु तान् विनश्य भ्रूणघ्नि पूषन् दुरितानि मृक्ष्व॥
अथर्व ६.११३.२

"परे हो जा, ओ मन के पाप। क्यों अप्रशस्त सलाहें दे रहा है? चल, लम्बा बन यहां से, मुझे तेरी चाह नहीं है। वृक्षों पर जंगलों में भटकता फिर, मेरा मन तो गृहकार्यों तथा गौओं में संलग्न है। हे पाप, तू सूर्य-मरीचियों में जाकर जल जा, धुएं में घुट जा, दूर मेघों में चला जा, तुषार के शीत में चला जा, नदियों के फेनों के साथ विनष्ट हो जा।"

तर्द है पतङ्ग है जभ्य हा उपक्वस।
ब्रह्मेवासंस्थितं हविरनदन्त इमान् यवानहिंसन्तो अपोदित॥
अथर्व ६.५०.२

"हे चूहो, टिड्डी-दलो, कृषि को कुतरने वाले कीडो, हे कृषि को चिपट जाने वाले कृमियो, जैसे ब्रह्मा असस्कृत हवियो को छोड देता है; वैसे ही इन यवो को हानि न पहुँचाते हुए दूर हो जाओ।"

यथा मनो मनस्केतैः परापतत्याशुमत् ।
एवा त्व कासे प्र पत मनसोऽनु प्रवाय्यम् ॥
यथा बाण सुसंशितः परापतत्याशुमत् ।
एवा त्वं कासे प्र पत पृथिव्या अनु संवतम् ॥
यथा सूर्यस्य रश्मयः परापतन्त्याशुमत् ।
एवा त्वं कासे प्र पत समुद्रस्यानु विक्षरम् ॥ अथर्व ६ १०५ १-३ ।

"जैसे मन मनोवृत्तियो के साथ सत्वर दूर-दूर जाता है, वैसे ही हे खासी, मनोवेग का अनुसरण करती हुई तू दूर चली जा। जैसे सुतीक्ष्ण बाण सत्वर दूर पहुच जाता है, वैसे ही हे खाँसी, तू दूर पृथिवी के छोर तक चली जा। जैसे सूर्य की रश्मिया सत्वर दूर-दूर चली जाती है, वैसे ही हे खासी, तू दूर समुद्र के प्रवाह तक चली जा।"

न ते बाह्वोर्बलमस्ति न शीर्षे नोत मध्यतः ।
अथ किं पापयामुया पुच्छे बिभर्ष्यर्भकम् ॥
य उभाभ्या प्रहरसि पुच्छेन चास्येन च ।
आस्ये न ते विषं किमु ते पुच्छधावसत् ॥ अथर्व ७ ५६ ६,८

"ओ बिच्छू, न तेरी भुजाओ मे बल है, न सिर में, न मध्य मे। तो फिर पूँछडी मे थोडा सा विष क्या रखे फिरता है! तू पुच्छ तथा मुख दोनो से प्रहार करता है, पर जब तेरे मुख मे विष नही, तो फिर पूछडी मे क्या रहेगा ?"

प्र पतेतः पापि लक्ष्मि नश्येतः प्रामुतः पत ।
अयस्मयेनाङ्केन द्विषते त्वा सजामसि ॥ अथर्व ७.११५ १

"हे पाप लक्ष्मी, यहा से भाग जा, यहा से लुप्त हो जा, वहा से भी छूमन्तर हो जा, नही तो लोहे के काटे में फसा कर हम तुझे शत्रु के पास (यमलोक) पहुचा देंगे।"

स्वायसा असयः सन्ति नो गृहे विद्मा ते कृत्ये यतिधा परूंषि ।
उत्तिष्ठैव परेहीतोऽज्ञाते किमिहेच्छसि ॥
ग्रीवास्ते कृत्ये पादौ चापि कर्त्स्यामि निर्द्रव ।
इन्द्राग्नी अस्मान् रक्षतां यौ प्रजाना प्रजावती ॥ अथर्व १०.१ २०,२१

"उत्तम लोहे की तलवारे हमारे घर मे विद्यमान है। हे कृत्या, तेरे शरीर मे जितने जोड हैं, सबको हम जानते है, एक-एक जोड को काट डालेगे। उठ खडी हो, भाग जा यहां से, ओ अपरिचिते, यहाँ तेरा क्या काम है? तेरी गर्दन काट डालूंगा, तेरे पैर काट डालूगा, नही तो रफूचक्कर हो यहा से।"

ऊपर जो उदाहरण प्रस्तुत किये गये है उनमे मृत्यु, अलक्ष्मी, दु स्वप्न, असमृद्धि, पाप, ज्वर आदि मे चेतनत्व का आरोप कर उनकी जिन प्रबल शब्दो मे भर्त्सना की गयी है, उनसे वक्ता की इन वस्तुओ को दूर करने की अतिशय तीव्र भावना द्योतित हो रही है। इस शैली का प्रयोग न कर सीधे शब्दो मे भी यह कहा जा सकता था कि मृत्यु, अलक्ष्मी आदि को दूर करना चाहिए। परन्तु इस शैली के कथन के समुख वह कथन निष्प्राण सा प्रतीत होता। इस शैली के उद्‌गारो मे जागृति का परिस्पन्दन है, वक्ता के हृदय की तरङ्ग और भावना व्यक्त हो रही है। इन्हे पढने तथा सुनने से पाठक एव श्रोता का हृदय भी चमत्कृत होता है, तथा उसमे इस प्रकार के अवाञ्छनीय तत्त्वो से सघर्ष करने का अदम्य उत्साह उत्पन्न हो जाता है। अत एव वैदिक शैलियो के विचार मे हमने इस शैली को भी लिया है।

स्तुत्यात्मक, प्रार्थनात्मक तथा आशंसात्मक शैली

इस अध्याय मे स्तुत्यात्मक, प्रार्थनात्मक तथा आशसात्मक शैलियो पर विचार किया जायेगा। इन शैलियो का वेदो मे पर्याप्त प्रयोग मिलता है, यहा तक कि कुछ लोगो की धारणा ही यह है कि वेद केवल स्तुतियो, प्रार्थनाओ तथा आशसाओ का सग्रह है। स्तुति एव प्रार्थना मनुष्य के हृदय की स्वाभाविक पुकार है। जब मनुष्य किसी विलक्षण वस्तु का साक्षात् करता है, तब स्वभावत उसके अन्तस्तल मे उस वस्तु के प्रति स्तुति के उद्गार निसृत होते है। उस वस्तु मे जो अद्भुत गुण होते है, उन्हे वह स्वय भी प्राप्त करना चाहता है, अत प्रार्थना का भाव उसके अन्दर मे उद्भूत होता है। जब किसी अलौकिक शक्ति मे मनुष्य की श्रद्धा होती है, तब ये स्तुति एव प्रार्थनाए उसके प्रति भी प्रवृत्त होती है, जिन से वह आन्तरिक बल अर्जित करता है। मानव-हृदय की इसी आवश्यकता की पूर्ति के लिए वेदो मे स्तुति एव प्रार्थनाए प्रचुर परिमाण मे उपलब्ध होती है। सामान्यत किसी वस्तु के गुण-कर्मादि के वर्णन का नाम स्तुति है, किसी मे कुछ याचना करने को प्रार्थना कहते है, तथा हमे यह प्राप्त हो आदि इच्छा प्रकट करने को आशसा कहते है।

पूर्व आचार्यों का विचार

इन शैलियो पर पूर्व आचार्यो ने भी विचार किया है। प्राचीनो ने इन शैलियो को क्रमश स्तुति, याच्ञा तथा आशी नाम दिया है। किन्ही ने आशी. मे ही प्रार्थना एव आशसा दोनो का अन्तर्भाव कर लिया है।

यास्क

यास्क ने याच्ञा का पृथक् उल्लेख नही किया, स्तुति तथा आशी: शब्द ही प्रयुक्त किये है, आशी मे ही याच्ञा का भी समावेश अभीष्ट प्रतीत होता है। वे निरुक्त मे इन शैलियो का निम्न शब्दो मे परिचय देते है–

अथापि स्तुतिरेव भवति नाशीर्वादः। "इन्द्रस्य नु वीर्याणि प्रवोचम्" इति यथैतस्मिन् सूक्ते। अथाप्याशीरेव न स्तुतिः। "सुचक्षा अहमक्षीभ्या सुवर्चा मुखेन सुश्रुत् कर्णाभ्या भूयासम्" इति। तदेतद् बहुलमाध्वर्यवे याज्ञेषु च मन्त्रेषु (निरु ७ ३)।

अर्थात् कही केवल स्तुति होती है, आशी नही। जैसे, 'इन्द्रस्य नु वीर्याणि प्रवोचम्' इत्यादि सम्पूर्ण सूक्त (ऋग् १ ३२) मे स्तुति ही है। कही केवल आशी. होती है, स्तुति नही, यथा 'सुचक्षा अहमक्षीभ्याम्'[1] इत्यादि मे। यह आशी[2] यजुर्वेद मे तथा यज्ञसम्बन्धी मन्त्रो मे अधिकतर प्राप्त होती है।

शौनक

शौनक ने याच्ञा को आशी से पृथक् माना है। वे स्तुति तथा आशीः का परिचय देते हुए कहते है कि स्तुति मे नाम, रूप, कर्म और बन्धुत्व का कीर्तन रहता है, तथा आशी मे स्वर्ग, आयु, धन, पुत्र आदि की आशसा की जाती है।

स्तुतिस्तु नाम्ना रूपेण कर्मणा बान्धवेन च।
स्वर्गायुर्धनपुत्राद्यैरर्थैराशीस्तु कथ्यते॥ बृ दे १ ७

स्तुति, आशीः तथा याच्ञा के उदाहरण क्रमश निम्न दिये हैं[3]—

स्तुति—चित्र इद् राजा राजका इदन्यके यके सरस्वतीमनु।
पर्जन्य इव ततनद्धि वृष्ट्या सहस्रमयुता ददत्॥ ऋग् ८ २१ १८

आशीः—वात आ वातु भेषज शभु मयोभु नो हृदे।
प्र ण आयूषि तारिषत्॥ ऋग् १० १८६ १

भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम देवा भद्र पश्येमाक्षभिर्यजत्राः।
स्थिरैरंगैस्तुष्टुवासस्तनूभिर्व्यशेम देवहित यदायुः॥ ऋग् १ ८९ ८

याच्ञा—यदिन्द्र चित्र मेहनाऽस्ति त्वादातमद्रिव।
राधस्तन्नो विदद्वस उभयाहस्त्या भर॥ ऋग् ५ ३९ १

इन उदाहरणो से प्रकट है कि जहा सामान्य रूप मे आशसा रहती है कि मै ऐसा बनू अथवा मुझे यह प्राप्त हो, या अमुक देव हमे अमुक लाभ

---

१ मानव गृह्यसूत्र १.९.२५। गृह्यसूत्र मे यह वचन किसी लुप्त वैदिक शाखा से आया प्रतीत होता है। तुलनीय सुश्रुतौ कर्णौ भद्रश्रुतौ कर्णौ भद्र श्लोक श्रूयासम्। ...सौपर्ण चक्षुरजस्र ज्योतिः॥ अथर्व १६.२.४,५

२. स्कन्द स्वामी ने आशी. के उदाहरणस्वरूप यजुर्वेद के 'तच्चक्षु., ३६ २४' तथा 'इदमाप प्रवहत, ६ १७' मन्त्र लिये हैं। इन मे प्रथम मन्त्र आशसा-रूप तथा द्वितीय मन्त्र याच्ञा रूप है। इससे स्पष्ट है कि स्कन्द स्वामी को आशी' मे आशसा और याच्ञा दोनो का समावेश इष्ट है।

३. द्रष्टव्य. बृ० दे० १ ४८,५०,५८

पहुँचाये आदि, उसे शौनक ने आशी कहा हे, तथा जहा स्पष्ट रूप से याचना की जाती है उसे याच्ञा[४]।

कात्यायन

कात्यायनीय ऋक्-सर्वानुक्रमणी मे भी स्तुति तथा आशी का उल्लेख है। वहा अन्न (१ १८७), शकुन्त (२.४३), मण्डूक (७ १०३), नदी (१० ७५), ग्रावा (१० ७६), अरण्यानी (१०.१४६) आदि की स्तुतियो का तथा अनेक दानस्तुतियों[५] का कथन हुआ है, यद्यपि आशी एक ही ऋचा को कहा गया है। अन्य सब मन्त्रो के कोई न कोई अग्न्यादि देवता बताये गये है, किन्तु सप्तम मण्डल के सूक्त १०४ की २३ वी ऋचा के पूर्वार्ध मे केवल आशी: कथित की है, अन्य कोई देवता नही, अतएव अनुक्रमणीकार ने अकेले इसी अर्धर्च को आशी कहा है[६]। जिसमे आशसा की गयी हो इस लक्षण के अनुसार अन्य देवता वाले भी अनेक मन्त्र आशी हो सकते है।

स्वामी दयानन्द

स्वामी दयानन्द ने स्तुति के लिए स्तुति शब्द ही रखा है तथा आशी के स्थान पर प्रार्थना एव याचना शब्दो का प्रयोग किया है। ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका के स्तुतिप्रार्थनायाचनादि विषय मे इनके स्पष्टीकरणार्थ उन्होने निम्न मन्त्र उदाहृत किये हैं।

स्तुति

यो भूत च भव्य च सर्व यश्चाधितिष्ठति।
स्वर्यस्य च केवल तस्मै ज्येष्ठाय ब्रह्मणे नम: ।। अथर्व १०. ८. १

---

४. उवट ने अपने यजुर्भाष्य की भूमिका मे 'विध्यर्थवादयाच्ञाऽऽशी.स्तुति-प्रैषप्रवह्लिका:' आदि वचन उद्धृत कर उसकी व्याख्या मे याच्ञा का उदाहरण 'तनूपा अग्नेऽसि तन्व मे पाहि' यजु ३ १७ तथा आशी' का उदाहरण 'आ वो देवास ईमहे', यजु ४ ५ दिया है। इस से भी भेद स्पष्ट है।

५. द्रष्टव्य: ऋग् १ १२५, ६ २७, ४६; ७.१८, ८.३-६,१९,२१, २४,४६,५५,७४ आदि।

६ मा नो रक्ष (मा नो रक्षो अभि नड् यातुमावतामपोच्छतु मिथुना या किमीदिना ७ १०४.२३) इत्यृषेरात्मन आशी:, उत्तरोऽर्धर्च: पृथिव्यन्त-रिक्षदैवत'—का.ऋ सर्वा ।

यस्य भूमिः प्रमान्तरिक्षमुतोदरम् ।
दिव यश्चक्रे मूर्धानं तस्मै ज्येष्ठाय ब्रह्मणे नमः ॥
यस्य सूर्यश्चक्षुश्चन्द्रमाश्च पुनर्णवः ।
अग्नि यश्चक्र आस्यं तस्मै ज्येष्ठाय ब्रह्मणे नमः ॥
यस्य वातः प्राणापानौ चक्षुरङ्गिरसोऽभवन् ।
दिशो यश्चक्रे प्रज्ञानीस्तस्मै ज्येष्ठाय ब्रह्मणे नमः ॥ अथर्व १० ७ ३२-३४

प्रार्थना

तेजोऽसि तेजो मयि धेहि वीर्यमसि वीर्यं मयि धेहि
बलमसि बल मयि धेहि । ओजोऽस्योजो मयि धेहि
मन्युरसि मन्युं मयि धेहि । सहोऽसि सहो मयि धेहि ॥ यजु १९ ९
मयीदमिन्द्र इन्द्रिय दधात्वस्मान् रायो मघवानः सचन्ताम् ।
अस्माक सन्त्वाशिषः सत्या नः सन्त्वाशिषः ॥ यजु २. १०
या मेधा देवगणाः पितरश्चोपासते ।
तया मामद्य मेधयाग्ने मेधाविनं कुरु स्वाहा ॥ यजु ३२ १४
इषे पिन्वस्वोर्जे पिन्वस्व ब्रह्मणे पिन्वस्व
क्षत्राय पिन्वस्व द्यावापृथिवीभ्या पिन्वस्व ।
धर्मासि सुधर्मा मे न्यस्मे नृम्णानि धारय ।
ब्रह्म धारय क्षत्रं धारय विशं धारय ॥ यजु ३८ १४
यज्जाग्रतो दूरमुदैति दैव तदु सुप्तस्य तथैवैति ।
दूरगमं ज्योतिषां ज्योतिरेक तन्मे मनः शिवसकल्पमस्तु ॥ यजु ३४ १

प्रार्थना के उद्घृत मन्त्रो मे द्वितीय तथा अन्तिम मन्त्र आशसा-रूप है। इससे ज्ञात होता है कि स्वामी दयानन्द आशसा का भी प्रार्थना मे ही अन्तर्भाव करते है।

अब हम प्रत्येक शैली पर भेदो सहित सोदाहरण सविस्तर विचार करेगे। इन शैलियो के पर्याप्त उदाहरण प्रस्तुत किये जायेगे, जिससे वेदो मे किस प्रकार की स्तुतियां, प्रार्थनाए तथा आशसाए की गयी है, इस पर भी प्रकाश पड सके।

१. स्तुत्यात्मक शैली

दो भेद

जहा स्तोतव्य के गुण, कर्म, स्वभावादि का कीर्तन किया जाता है, वहा स्तुत्यात्मक शैली होती है। यह दो प्रकार की होती है, प्रत्यक्षकृत तथा परोक्ष-

कृत । प्रत्यक्षकृत मे स्तोतव्य वस्तु को अपने समुख अनुभूत या कल्पित कर स्तुति की जाती है । अत. इसमें 'हे इन्द्र, तुम वृत्रहा हो, तुमने द्यावापृथिवी को उत्पन्न किया है, तुम्हारे विविध पराक्रम के कार्य है' इत्यादि प्रकार की रचना होती है । परोक्षकृत मे स्तोतव्य परोक्षवत् रहता है, अत: 'इन्द्र वृत्रहा है, इन्द्र ने द्यावापृथिवी को उत्पन्न किया है, इन्द्र के विविध पराक्रम के कार्य है' आदि स्तुति का रूप रहता है ।[७] प्रत्यक्षकृत मे स्तोतव्य को सम्बोधन कर युष्मद् शब्द के प्रयोग के साथ स्तुति की जाती है । युष्मद् शब्द किसी भी विभक्ति मे रह सकता है, तथा प्रयुक्त न हो तो अध्याहृत हो जाता है । उदाहरणार्थ, अथर्ववेद के निम्न मन्त्र मे पृथिवी की स्तुति है, जहा पृथिवी सम्बोधन मे है, तथा उस के लिए क्रमश पंचम्यन्त, सप्तम्यन्त, प्रथमान्त, तथा षष्ठ्यन्त युष्मद् शब्द का प्रयोग हुआ है–

त्वज्जातास्त्वयि चरन्ति मर्त्यास्त्वं बिभर्षि द्विपदस्त्व चतुष्पदः ।
तवेमे पृथिवि पच मानवा येभ्यो ज्योतिरमृत मर्त्येभ्य
उद्यन्त्सूर्यो रश्मिभिरातनोति ।। अथर्व १२ १ १५

शेष द्वितीया, तृतीया तथा चतुर्थी विभक्तिया क्रमश निम्न मन्त्रो मे देखी जा सकती है .

त्वा स्तोमा अवीवृधन् त्वामुक्था शतक्रतो ।। ऋग् १ ५.८
विश्वं सो अग्ने जयति त्वया धन यस्ते ददाश मर्त्यः ।। ऋग् १ ३६ ४

परोक्षकृत स्तुति मे स्तोतव्य या तत्स्थानीय सर्वनाम सभी विभक्तियो मे आ सकता है । क्रमश. उदाहरण निम्न है

इन्द्र तुभ्यमिदद्रिवोऽनुत्तं वज्रिन् वीर्यम् ।। ऋग् १. ८० ७
इन्द्रो दिव इन्द्र ईशे पृथिव्या ।। ऋग् १० ८९ १०
इन्द्रमिद् गाथिनो बृहद् इन्द्र वाणीरनूषत ।। ऋग् १ ७. १
इन्द्रेण रोचना दिवो दृंढानि दृंहितानि च । ऋग् ८. १४ ९
इन्द्राय गाव आशिरं दुदुहे वज्रिणे मधु । ऋग् ८ ६९. ६
नेन्द्राद् ऋते पवते धाम किंचन । ऋग् ९ ६९. ६
इन्द्रस्य नु वीर्याणि प्रवोचम् । ऋग् १. ३२ १
इन्द्रे विश्वानि वीर्या कृतानि कर्त्वानि च । ऋग् ८ ६३ ६

---

७. प्रत्यक्षकृत तथा परोक्षकृत नामो के लिए द्रष्टव्य निरु ७.२, यद्यपि ये नाम यहां पूर्णत निरुक्ताभिमत अर्थ में नही लिये गये हैं ।

वेदो मे ज्येष्ठ ब्रह्म की, इन्द्र, वरुण आदि देवो की, पशु-पक्षियो की तथा नदी, ओषधी आदि की भी स्तुति मिलती है। प्रथम हम प्रत्यक्षकृत स्तुति को देखेगे।

प्रत्यक्षकृत स्तुति

इन्द्र

नकिरिन्द्र त्वदुत्तरो न ज्यायाँ अस्ति वृत्रहन्। नकिरेवा यथा त्वम्॥

ऋग् ४ ३० १

अदर्दरुत्समसृजो वि खानि त्वमर्णवान् बद्बधानाँ अरम्णाः।
महान्तमिन्द्र पर्वत वि यद् वः सृजो वि धारा अव दानव हन्॥

ऋग् ५ ३२,१

तव द्यौरिन्द्र पौंस्यं पृथिवी वर्धति श्रवः। त्वामापः पर्वतासश्च हिन्विरे॥

ऋग् ८ १५.८

शवसा ह्यसि श्रुतो वृत्रहत्येन वृत्रहा। मघैर्मघोनो अति शूर दाशसि॥

ऋग् ८ २४ २

त्वमेतदधारयः कृष्णासु रोहिणीषु च। परुष्णीषु रुशत् पयः॥

ऋग् ८ ९३ १३

मन्ये त्वा यज्ञिय यज्ञियानां मन्ये त्वा च्यवनमच्युतानाम्।
मन्ये त्वा सत्वनामिन्द्र केतुं मन्ये त्वा वृषभ चर्षणीनाम्॥

ऋग् ८ ९६ ४

त्वमिन्द्राभिभूरसि त्व सूर्यमरोचयः। विश्वकर्मा विश्वदेवो महाँ असि॥

ऋग् ८ ९८ २

"हे वृत्रहन्ता इन्द्र, तुम मे अधिक उत्कृष्ट कोई नही है, न तुमसे अधिक प्रशस्य है, तुम्हारे सदृश भी कोई नही है। तुमने मेघ को विदीर्ण किया है, उसके छिद्रो को खोल दिया है, आकाश मे बद्ध जल के पारावार को मुक्त कर दिया है, महान् पर्वत के मुख को विवृत कर दिया है, जलधाराओ को बहा दिया है। हे इन्द्र, तुम्हारे पौरुष और यश का द्युलोक वर्णन कर रहा है, पृथिवी वर्णन कर रही है, नदियां और पर्वत भी तुम्हारा ही यशोगान कर रहे है। हे शूर, तुम बल मे विश्रुत हो, वृत्रसहार के कारण वृत्रहा कहलाते हो, दानी ऐसे हो कि बडे-बडे दानियो को पीछे छोड देते हो। तुमने ही काली तथा लाल पर्ववती गौओ के अन्दर श्वेत चमकीला दूध रखा है, तुमने ही काली तथा चमकीली पर्ववती नदियो मे चमकता हुआ जल स्थापित किया है, तुमने ही काली तथा चमकीली रात्रियो में चमकता

अवश्याय-जल निहित किया है। मै तुम्हें यज्ञियो मे यज्ञिय मानता हूँ, अच्युतो मे च्यावयित्ता मानता हू बलियो मे मूर्धन्य मानता हूँ, मनुष्यों के मनोरथो को पूर्ण करने वाला मानता हूँ। हे इन्द्र, तुम सर्वव्यापी हो, तुमने सूर्य को चमकाया है, तुम विश्वकर्मा हो, विश्वदेव हो, महान् हो।"

अग्नि

त्वमग्ने प्रथमो अङ्गिरा ऋषिर्देवो देवानामभवः शिव सखा ।
तव व्रते कवयो विद्मनापसोऽजायन्त मरुतो भ्राजदृष्टयः ।।
त्वमग्ने वृषभः पुष्टिवर्धन उद्यतस्रुचे भवसि श्रवाय्यः ।
य आहुतिं परि वेदा वषट्कृतिमेकायुरग्रे विश आविवाससि ।।
त्वं तमग्ने अमृतत्व उत्तमे मर्तं दधासि श्रवसे दिवे दिवे ।
यस्तातृषाण उभयाय जन्मने मयः कृणोषि प्रय आ च सूरये ।
त्वमग्ने प्रमतिस्त्वं पितासि नस्त्वं वयस्कृत् तव जामयो वयम् ।
स त्वा रायः शतिनः सं सहस्रिणः सुवीरं यन्ति व्रतपामदाभ्य ।।

ऋग् १ ३१ १, ५, ७, १०

'हे अग्नि, तुम प्रथम अंगिरा ऋषि हो, तुम देवो के मगलमय सखा हो। तुम्हारे ही व्रत मे कविजन प्रख्यात कर्मो वाले होते है, तुम्हारे ही व्रत मे मरुद्गण चमचमाती ऋष्टियो वाले होते है। तुम अभीप्सित फलो के वर्षक हो, पुष्टिवर्धक हो, स्रुवा उठाने वाले यमजान के लिए कीर्तिप्रदाता होते हो। जो वषट्कारपूर्वक तुम्हे आहुति प्रदान करता है, उसे तुम सबसे पूर्व प्रजाओ का अधिपति बना देते हो। तुम उस मर्त्य को दिन-प्रतिदिन उत्तम अमृतत्व तथा यश प्रदान करते हो, जिसे द्विपात्-चतुष्पात् उभयविध प्राणियो के हित की प्यास लगी होती है। तुम उस सूरि के लिए सुख तथा अन्न उत्पन्न करते हो। हे अग्नि, तुम प्रकृष्टमति हो, तुम हमारे पिता हो, तुम आयुष्यप्रदाता हो, हम सब तुम्हारे बान्धव है। हे अहिंसनीय, सुवीर तथा व्रतपालक, तुम्हारे समीप शत-शत, सहस्र-सहस्र ऐश्वर्य प्रवाहित होकर आते है।"

त्वमग्ने द्युभिस्त्वमाशुशुक्षणिस्त्वमद्भ्यस्त्वमश्मनस्परि ।
त्वं वनेभ्यस्त्वमोषधीभ्यस्त्वं नृणां नृपते जायसे शुचिः ।।
तवाग्ने होत्रं तव पोत्रमृत्वियं तव नेष्ट्रं त्वमग्निदृतायतः ।
तव प्रशास्त्रं त्वमध्वरीयसि ब्रह्मा चासि गृहपतिश्च नो दमे ।।

ऋग् २. १. १, २

"हे अग्नि, तुम सूर्य-किरणो के साथ उत्पन्न होते हो, तुम आशुशुक्षणि नाम से प्रसिद्ध हो। तुम जलो मे उत्पन्न हो, अश्माओ से उत्पन्न होते हो।

तुम वनो से उत्पन्न होते हो, तुम वनस्पतियों से उत्पन्न होते हो। हे सब मनुष्यो के पालक, तुम शुचि रूप मे प्रकट हो। होता का कर्म, पोता का कर्म, ऋत्विजो का विधि-विधान तुम्हारे ही अधीन है। यज्ञाभिलाषी के अग्नीध् तुम्ही हो। प्रशास्ता का कर्म भी तुम्हारे ही अधीन है। तुम यज्ञ की कामना करते हो, तुम ब्रह्मा हो, तुम हमारे घर में गृहपति हो।"

सोम

त्वं विप्रस्त्वं कविर्मधु प्र जातमन्धस । मदेषु सर्वधा असि ।।
तव विश्वे सजोषसो देवासः पीतिमाशत । मदेषु सर्वधा असि ।।
आ यो विश्वानि वार्या वसूनि हस्तयोर्दधे । मदेषु सर्वधा असि ।।

ऋग् ९ १८ २-४

"हे सोम, तु विप्र है, तू कवि है, तू रसीले पौधे से उत्पन्न मधु है। परस्पर प्रीतियुक्त देवगण तेरे ही रसपान को प्राप्त करते हैं। तू सवन-कर्ताओं के हाथो मे वरणीय वसु रख देता है। तू मदो द्वारा सबका विधारक होता है।"

तव शुक्रासो अर्चयो दिवस्पृष्ठे वि तन्वते । पवित्रं सोम धामभि ।
तवेमे सप्त सिन्धव प्रशिष सोम सिस्रते । तुभ्यं धावन्ति धेनव ।।

ऋग् ९ ६६ ५, ६

"हे सोम, तेरी निर्मल अर्चियाँ अपने तेजो मे द्यौ के पृष्ठ पर मेघ रूप छाननी को फैलाती है। ये सात नदियाँ तेरे ही प्रशासन का अनुसरण करती है, धेनुए तुझ से ही मिलने के लिए दौडती आती है।"

तवेमाः प्रजा दिव्यस्य रेतसस्त्व विश्वस्य भुवनस्य राजसि ।
अथेदं विश्वं पवमान ते वशे त्वमिन्दो प्रथमो धामधा असि ।।
त्व समुद्रो असि विश्ववित् कवे तवेमाः पञ्च प्रदिशो विधर्मणि ।
त्वं द्यां च पृथिवीं चाति जभ्रिषे तव ज्योतींषि पवमान सूर्यः ।।

ऋग् ९. ८६ २८, २९

"हे सोम, तेरे दिव्य रेतस् से ये सब प्रजाए उत्पन्न हुई है, तू सारे भुवन का राजा है। हे पवमान, यह सम्पूर्ण विश्व तेरे वश मे है। हे इन्दु, तू सर्वप्रथम धामो का धारणकर्ता है। हे विश्वजित्, हे कवि, तू समुद्रतुल्य है, पाचो दिशाए तेरे ही शासन मे है। तू द्यौ और पृथिवी का भरणपोषण करता है, नक्षत्रादि ज्योतिया तथा सूर्य तेरे ही है।"

मरुत्

वाशीमन्त ऋष्टिमन्तो मनीषिणः सुधन्वान इषुमन्तो निषङ्गिणः ।
स्वश्वाः स्थ सुरथाः पृश्निमातरः स्वायुधा मरुतो याथना शुभम् ॥⁸
धूनुथ द्या पर्वतान् दाशुषे वसु नि वो वना जिहते यामनो भिया ।
कोपयथ पृथिवीं पृश्निमातरः शुभे यदुग्राः पृषतीरयुग्ध्वम् ॥
ऋष्टयो वो मरुतो अंसयोरधि सह ओजो बाह्वोर्वो बलं हितम् ।
नृम्णा शीर्षस्वायुधा रथेषु वो विश्वा वः श्रीरधि तनूषु पिपिशे ॥
ऋग् ५ ५७ २, ३. ६

"हे मरुतो, तुम्हारे पास परशु है, ऋषिया है, तुम मनीषी हो, धनुर्धर हो, बाणधारी हो, तूणीरधारी हो, रथारोही हो, पृश्नि माता के पुत्र हो, शस्त्रधारी हो, शुभ चाल से चलने वाले हो। तुम आकाश को कपा देते हो, पर्वतो को कपा देते हो, हविर्दाता को धन देते हो। तुम्हारे आक्रमण के भय से वन भी तुम्हारे लिए मार्ग छोड देते है। हे पृश्निमाता के पुत्र, शुभ कार्य के लिए जब पृषतियो⁸ पर आरूढ होते हो, तब सारी पृथिवी को प्रकुपित कर देते हो। तुम्हारे कन्धो पर ऋष्टियाँ है,साहसपूर्ण तुम्हारा ओज है,भुजाओ मे बल निहित हैं, सिरो पर शिरस्त्राण है, रथो मे आयुध है, शरीरो पर समग्र कान्ति फूटी पड़ रही है।"

---

८ ये मरुत् प्रकृति मे वायुए, शरीर मे प्राण तथा राष्ट्र मे वीर सैनिक है। मरुतो के वाहन पृषती है। पृषती पर ऋग् १.६४ ८ के भाष्य मे सायण लिखते है पृषत्यः श्वेतबिन्दुङ्किता मृग्य इत्यैतिहासिका ,नानावर्णा मेघमाला इति नैरुक्ता.'। एव वायुपक्ष मे पृषती मेघमाला है। प्राणपक्ष मे जल-कण पृषती होगे,प्राणो को अप्-मय कहा भी गया है (आपोमय प्राण ,छा उ ६ ७ ६)। शतपथ मे कहा है-'यावद् वै प्राणेष्वापो भवन्ति तावद् वाचा वदति, शत ५ ३ ५ १६'। एव प्राण जलो पर आरूढ होकर ही वाणी-उच्चारण आदि कार्यो को करता है। सैनिक पक्ष मे श्री सातवलेकर पृषती से धब्बे वाले घोडे अर्थ गृहीत करते है (द्रष्टव्य. दैवत-सहिता मे मरुत् देवता का परिचय)। बुद्धदेव विद्यालकार ने पृषती का अर्थ बिन्दुमती विद्युत् किया है तथा यह आशय लिया है कि सैनिक विद्युद्-रथो पर आरूढ हो प्रयाण करते है, उन्होने वैदिक प्रमाण दिया है —'आ विद्युमद्भि रथेभिर्याति ऋग् १.८८. १', (द्रष्टव्य 'अथ मरुत्सूक्तम्, सवत् १६८८, पृ २२, २३)।

सूर्य

तरणिर्विश्वदर्शतो ज्योतिष्कृदसि सूर्य । विश्वमा भासि रोचनम् ।
वि द्यामेषि रजस्पृथ्वहा मिमानो अक्तुभिः । पश्यञ्जन्मानि सूर्य ॥
सप्त त्वा हरितो रथे वहन्ति देव सूर्य । शोचिष्केश विचक्षण ॥

ऋग् १ ५०. ४, ७, ८

"हे सूर्य, तू तराने वाला है, विश्व द्वारा दर्शनीय है, ज्योतिष्कृत् है, सब लोको को भासमान करता है । तू रात्रियो सहित दिनो का निर्माण करता हुआ तथा जन्मधारियो पर अनुग्रहदृष्टि रखता हुआ विस्तीर्ण द्युलोक मे यात्रा करता है । हे प्रकाशक, शोचि रूप केशो वाले तुझे सात घोड़िया रथ मे वहन करती हैं ।"

बण्महाँ असि सूर्य बडादित्य महाँ असि ।
महस्ते सतो महिमा पनस्यतेऽद्धा देव महाँ असि ॥ ऋग् ८ १०१. ११
विभ्राजञ्ज्योतिषा स्वरगच्छो रोचनं दिवः ।
येनेमा विश्वा भुवनान्याभृता विश्वकर्मणा विश्वदेव्यावता ॥

ऋग् १०. १७० ४

"हे सूर्य, तू महान् है । सचमुच हे आदित्य, तू महान् है । तुझ महान् की महिमा सर्वत्र स्तुत हो रही है । निस्सन्देह हे देव, तू महान् है । ज्योति से भ्राजमान होता हुआ तू द्युलोक मे विद्यमान है, तूने समस्त लोक-लोकान्तरो को धारण किया हुआ है, तू सब कर्मो को करने वाला है, तू सब देवो के लिए हितकर है ।"

चन्द्र

नवो नवो भवसि जायमानोऽह्नां केतुरुषसामेष्यग्रम् ।
भागं देवेभ्यो वि दधास्यायन् प्र चन्द्रमस्तिरसे दीर्घमायुः ॥

अथर्व ७. ८१. २

"हे चन्द्र, उत्पन्न होता हुआ तू नव-नव होकर निकलता है, तू तिथियो का सूचक है, तू उषाओ से पूर्व आता है । आ कर देवजनो को भाग प्रदान करता है, आयु को दीर्घ करता है ।"

गावः

यूय गावो मेदयथा कृशं चिदश्रीरं चित् कृणुथा सुप्रतीकम् ।
भद्रं गृहं कृणुथ भद्रवाचो बृहद् वो वय उच्यते सभासु ॥ ऋग् ६. २८ ६

"हे गौओ, तुम कृश को भी हृष्टपुष्ट कर देती हो, कान्तिहीन को भी सुरूप कर देती हो । हे भद्र वाणी वाली धेनुओ, तुम घर को सुखमय कर देती हो, तुम्हारे दुग्ध-घृतादि भोज्य पदार्थ की सभाओ में बहुत प्रशसा होती है ।"

लाक्षा

रात्री माता नभः पितार्यमा ते पितामहः ।
सिलाची नाम वा असि सा देवानामसि स्वसा ।।
यस्त्वा पिबति जीवति त्रायसे पुरुषं त्वम् ।
भर्त्री हि शश्वतामसि जनानां च न्यञ्चनी ।।
वृक्षं वृक्षमारोहसि वृषण्यन्तीव कन्यला ।
जयन्ती प्रत्यातिष्ठन्ती स्परणी नाम वा असि ।।
यद् दण्डेन यदिष्वा यद् वारुर्हरसा कृतम् ।
तस्य त्वमसि निष्कृतिः सेमं निष्कृधि पूरुषम् ।।
भद्रात् प्लक्षान्निस्तिष्ठस्यश्वत्थात् खदिराद्धवात् ।
भद्रान्न्यग्रोधात् पर्णात् सा न एह्यरुन्धति ।।
हिरण्यवर्णे सुभगे शुष्मे लोमशवक्षणे ।
अपामसि स्वसा लाक्षे वातो ह्यात्मा बभूव ते ।। अथर्व ५ ५ १-५, ७

"रात्रि तेरी माता है, मेघ पिता है, अर्यमा तेरा पितामह है । तेरा नाम सिलाची है, तू देवों की बहिन है । जो तेरा पान करता है, वह जीवित रहता है, तू उस पुरुष का त्राण करती है । तू पुराने से पुराने व्रणों को भरने वाली है तथा उत्पन्न रोगादि को नीचा दिखाने वाली है । पतिवरा कन्या के समान तू वृक्ष-वृक्ष पर आरोहण करती है । तू जीतने वाली है, चिपटने वाली है, तेरा नाम स्परणी (बल देने वाली, स्पृ प्रीतिबलनयोः) है । दण्डप्रहार से, बाण से या अग्निदाह से जो व्रण हो गया है उसकी तू अचूक औषध है । तू उत्कृष्ट पिलखन से, पीपल से, खदिर से, धव वृक्ष से निकलती है । हे सुनहरे वर्ण वाली, सुन्दर चमक वाली, सूर्यवर्णा, वपुष्मती लाक्षा, तू व्रण को प्राप्त होती है, तू व्रण का उपचार करती है । तू जलों की बहिन है, वायु तेरा आत्मा है ।"

अंजन

परिपाणं पुरुषाणां परिपाणं गवामसि ।
अश्वानामर्वतां परिपाणाय तस्थिषे ।।
उतासि परिपाणं यातुजम्भनमाञ्जन ।
उतामृतस्य त्वं वेत्थाथो असि जीवभोजनमथो हरितभेषजम् ।।
यस्याञ्जन प्रसर्पस्यङ्गमङ्गं परुष्परुः ।
ततो यक्ष्मं वि बाधस उग्रो मध्यमशीरिव ।। अथर्व ४ ९. २-४

"हे अंजन, तू पुरुषों का रक्षक है, गौओं का रक्षक है, वेगशील अश्वों की रक्षा के लिए स्थित है, तू यातनाओं का जम्भन करने वाला है, तू परिपालक

है, तू अमृतत्व की कला को जानता है। तू जीवो का भोजन है, तू पाण्डु रोग की औषध है। हे अजन, तू जिसके अग-अग मे, परु-परु मे पहुच जाता है, वहां से मध्यलोक मे स्थित उग्र पवन के समान तू यक्ष्मा को बाहर निकाल देता है।"

उपर्युक्त सब स्तुतिया प्रत्यक्षकृत की श्रेणी मे आती है, क्योकि इन मे 'तुम ऐसे हो,' 'तुमने अमुक-अमुक कार्य किये है', 'तुम्हारी ऐसी महिमा है' इत्यादि प्रकार मे स्तुति की गयी है। ये इन्द्र, अग्नि, सूर्य आदि देवता चेतन हैं या अचेतन, इस सम्बन्ध मे निरुक्तकार ने विचार किया है, तथा दोनो पक्षो मे युक्तिया दी है।[६] जब इनका अर्थ परमात्मा आदि चेतनपरक किया जाता है तब तो ये चेतन ही होते है, किन्तु विद्युत्, आग आदि अचेतनपरक अर्थ लेने पर इन्हे सामान्यत अचेतन होना चाहिए। ऊपर जिन की स्तुति दी गयी है, उन मे लाक्षा एव अजन तो अचेतन कोटि मे आते ही है। वेद मे अचेतनो की स्तुति क्यो है, इस पर इस अध्याय के अन्त मे कुछ विचार किया जायेगा। अब वेदो की परोक्षकृत स्तुतियो का अध्ययन करेगे।

परोक्षकृत स्तुति

प्रत्यक्षकृत की तुलना मे परोक्षकृत स्तुतिया वेदो मे अधिक पायी जाती है। इनमे किसी वस्तु का उसे सम्बोधन न करते हुए वर्णन रहता है। अन्यत्र इसे वर्णनात्मक शैली भी कहा जाता है। इसे वस्तुकथात्मक शैली भी कह सकते है। वेदो मे ब्रह्म मे लेकर मण्डूक तक एव धनुष, बाण, तूणीर तक सभी पदार्थों का इस शैली मे वर्णन हुआ है। इस मे अध्यात्म रहस्यो का वर्णन भी है, इन्द्रादि देवो की गौरव-गाथा भी है, मनुष्यो की दानादि स्तुतिया भी है, सूर्योदय, रात्रि, पर्जन्य, नदी, उषा आदि के कवितामय प्राकृतिक वर्णन भी हैं। सामान्यत: वेदो मे ऐसा बहुत कम है कि किसी सूक्त, अध्याय आदि मे एक ही शैली हो, प्राय कई शैलियो का मिश्रण रहता है। एक मन्त्र मे प्रत्यक्षकृत स्तुति है, तो दूसरे मे परोक्षकृत स्तुति, एक मे प्रेरणात्मक शैली है तो दूसरे मे प्रार्थनात्मक शैली। इस प्रकार एक-एक सूक्त, अध्याय आदि विविध पुष्पो की माला के समान आचरण करता है। तो भी किसी-किसी प्रसग मे एक ही शैली दृष्टिगोचर होती है। प्रस्तुत शैली भी अधिकतर अन्य शैलियों के साथ मिल कर तथा कही-कही स्वतन्त्र रूप मे भी वेदो मे व्यवहृत हुई है। यहा कुछ प्रसगो का दिग्दर्शन किया जाता है।

---

६. द्रष्टव्य : निरु. ७ ६,७

इन्द्र

इन्द्र वेदो का प्रमुख देवता है। अनेक स्थलो मे इसकी प्रत्यक्षकृत तथा परोक्षकृत स्तुति मिलती है। प्रत्यक्षकृत स्तुति के कुछ मन्त्र अभी दर्शाये जा चुके है। परोक्षकृत स्तुति के उदाहरण रूप मे ऋग् १.३२ को ले सकते है, जिस का यास्क ने भी स्तुति के प्रसग मे उल्लेख किया है.[१०] तथा जिसमे मन्त्र ४, १२, १४ के अतिरिक्त शेष सब मन्त्र परोक्ष स्तुति के हैं। इसमे इन्द्र के वृष्टिकर्म का वर्णन है। प्रथम दो मन्त्र इस प्रकार है –

इन्द्रस्य नु वीर्याणि प्रवोचं यानि चकार प्रथमानि वज्री।
अहन्नहिमन्वपस्ततर्द प्र वक्षणा अभिनत पर्वतानाम्॥
अहन्नहिं पर्वते शिश्रियाणं त्वष्टास्मै वज्रं स्वर्यं ततक्ष।
वाश्रा इव धेनवः स्यन्दमाना अञ्जः समुद्रमव जग्मुरापः॥

"इन्द्र के वीरतापूर्ण कर्मों का मैं वर्णन करता हूँ, जिन श्रेष्ठ कर्मों को उस वज्रधारी ने किया है। उसने मेघ का सहार किया, जलो की नीचे गिराया तथा पर्वतो की नदियो को बहाया है। उसने पर्वत पर स्थित घनजाल का हनन किया, त्वष्टा ने इसके लिए उसे सुप्रेरणीय वज्र बना कर दिया था। रभाती हुई धेनुओ के समान शब्द पूर्वक स्पन्दन करती हुई नदियाँ शीघ्र ही समुद्र तक पहुँच गई।"

इन्द्र की परोक्षकृत स्तुति के लिए १५ मन्त्रो का एक सूक्त ऋग् २ १२ भी द्रष्टव्य है, जिसमे अन्तिम मन्त्र को छोड शेष सम्पूर्ण मे इसी शैली की स्तुति है, तथा जिसका लय, प्रवाह एव समस्यापूर्ति का सौष्ठव भी ध्यान देने योग्य है। कुछ मन्त्र निम्न है–

यो जात एव प्रथमो मनस्वान् देवो देवान् क्रतुना पर्यभूषत्।
यस्य शुष्माद् रोदसी अभ्यसेतां नृम्णस्य मह्ना स जनास इन्द्रः॥
यः पृथिवीं व्यथमानामदृंहद् यः पर्वतान् प्रकुपितां अरम्णात्।
यो अन्तरिक्षं विममे वरीयो यो द्यामस्तभ्नात् स जनास इन्द्रः॥
यस्याश्वासः प्रदिशि यस्य गावो यस्य ग्रामा यस्य विश्वे रथासः।
यः सूर्यं य उषसं जजान यो अपां नेता स जनास इन्द्रः॥
यस्मान्न ऋते विजयन्ते जनासो यं युध्यमाना अवसे हवन्ते।
यो विश्वस्य प्रतिमानं बभूव यो अच्युतच्युत् स जनास इन्द्रः॥

ऋग् २ १२ १, २, ७, ९

---

१०. निरु. ७.३

"जो उत्पन्न ही रहता है, प्रथम है, मनस्वी है, जिस देव ने सब देवों को कर्म से अलंकृत किया हुआ है, जिसके बल से द्यावापृथिवी भीत रहते हैं, जो पौरुष की महिमा से प्रख्यात है, हे मनुष्यो, वह इन्द्र है। जिसने शिथिल पृथिवी को दृढ किया, जिसने प्रकुपित पर्वतो को स्थिर किया, जिसने विस्तीर्ण अन्तरिक्ष का निर्माण किया, जिसने द्युलोक को टिकाया, हे मनुष्यो, वह इन्द्र है। जिसके अनुशासन मे अश्व रहते हैं, जिसके अनुशासन में गौएँ रहती हैं, जिसके अनुशासन मे ग्राम है, जिसके अनुशासन मे रथ है, जिसने सूर्य को जन्म दिया, जिसने उषा को जन्म दिया, जो नदियो का नेता है, हे मनुष्यो, वह इन्द्र है। जिसकी सहायता के बिना लोग विजयलाभ नही करते, योद्धागण जिसे रक्षार्थ पुकारते है। जो विश्व का प्रतिमान बना हुआ है, जो अच्युतो का च्यावयिता है, हे मनुष्यो, वह इन्द्र है।"

विष्णु

अब ऋग्वेद से विष्णु की परोक्ष स्तुति के दो मन्त्र दिये जाते है, जो वामन विष्णु द्वारा तीन चरणो मे त्रिलोकी को माप लेने की पौराणिक कथा[11] के मूल हैं—

विष्णोर्नु क वीर्याणि प्रवोचं यः पार्थिवानि विममे रजांसि।
यो अस्कभायदुत्तर सधस्थं विचक्रमाणस्त्रेधोरुगायः॥

प्र तद् विष्णु : स्तवते वीर्येण मृगो न भीमः कुचरो गिरिष्ठाः।
यस्योरुषु त्रिषु विक्रमणेष्वधिक्षियन्ति भुवनानि विश्वा॥

ऋग् १ १५४ १, २

"विष्णु की वीरताओ का मैं गान करता हूँ, जिसने पार्थिव लोको को माप लिया है, तथा जिस प्रभूत कीर्ति वाले ने तीन चरणन्यास करके उत्तर लोक को भी माप लिया है। वह विष्णु अपनी वीरताओ से स्तुति पाता है, वह सिंह के समान भयकर है, भूमि पर सर्वत्र विचरने वाला है, गिरिगुहा मे स्थित है, जिसके तीन विशाल चरणन्यासो मे समस्त भुवन निवास कर रहे हैं।"

निरुक्त के अनुसार यह विष्णु सूर्य है, जो पृथिवी, अन्तरिक्ष तथा द्यौ मे अथवा पूर्व क्षितिज, मध्याकाश एव पश्चिम क्षितिज मे अपने रश्मि रूपी

---

११. द्रष्टव्यः भागवत ८.१४-२४, वामन पु., अ.७५, पद्मोत्तर पु. अ. ४६

चरणों को रखता है[12]। प्राण एव परमेश्वर भी विष्णु पद से वाच्य होते हैं[13]। मुख्य प्राण अपने अपान, व्यान आदि चरणो से शरीर के निम्न, मध्यम तथा उत्तम तीनो लोको में व्याप्त होता है। परमेश्वर भी अपने शक्ति रूप चरणो से त्रिलोकी मे व्याप्त है।

वरुण

वरुण की परोक्षकृत स्तुति के लिए अथर्ववेद का निम्न प्रसग उल्लेखनीय है जिसमे वरुण का एक सम्राट् के रूप मे चित्रण हुआ है, जो अपने गुप्तचरो द्वारा द्यावापृथिवी के एक-एक वृत्त की जानकारी रखता है—

यस्तिष्ठति चरति यश्च वञ्चति यो निलायं चरति यः प्रतङ्कम् ।
द्वौ संनिषद्य यन्मन्त्रयेते राजा तद् वेद वरुणस्तृतीयः ॥
उतेयं भूमिर्वरुणस्य राजा उतासौ द्यौर्बृहती दूरे अन्ता ।
उतो समुद्रौ वरुणस्य कुक्षी उतास्मिन्नल्प उदके निलीनः ॥
उत यो द्यामतिसर्पात् परस्तान्न स मुच्यातै वरुणस्य राज्ञः ।
दिवः स्पश प्र चरन्तीदमस्य सहस्राक्षा अति पश्यन्ति भूमिम् ॥

अथर्व ४. १६ २-४

'जो खडा होता है, चलता है, वचना करता है, छिप कर कोई कार्य करता है, कष्ट मे पड कर कुछ करता है दो बैठ कर जो मन्त्रणा करते हैं उस सब को राजा वरुण तीसरा होकर जान लेता है। यह भूमि वरुण राजा की है, वह द्युलोक भी वरुण राजा का ही है, जो विशाल है तथा दूर अन्त तक चला गया है। ये दोनो (पार्थिव तथा आकाशीय) समुद्र वरुण की दो कुक्षिया है और वह इस छोटी सी पानी की बूद में भी निलीन है। यदि कोई द्युलोक के भी परले पार चला जाये, तो भी वरुण राजा से छूट नही पाता। उस द्योतमान के गुप्तचर सर्वत्र विचर रहे है, जो सहस्र नेत्रो वाले होकर भूमि से परे की वस्तु को भी देख रहे है।'

सोम

सोम की स्तुति वेद मे चन्द्रमा, सोमवल्ली रस, परमात्मा ब्रह्मानन्द आदि कई रूपो मे हुई है। निम्न मन्त्रो मे ऋषि ब्रह्म की साक्षात् अनुभूति कर उसके रस का परिचय दे रहा है, जिसके विषय मे कहा गया है कि वह

---

१२ निरु० १२ १६

१३. 'विष्णो सर्वव्यापिन् जगदीश्वर, व्यापनशीलः प्राणो वा,' दयानन्द, यजु ५ १६ भाष्य।

अमरत्व को देने वाला है[१४]। भावो के अनुरूप पदयोजना एवं आरोहावरोह का वैचित्र्य भी यहा दर्शनीय है। पढते हुए ऐसा प्रतीत होता है, मानो हमारे भी हृदय मे सोम रस की धार प्रवाहित होती चली आ रही है।

स्वादुष्किलायं मधुमाँ उतायं तीव्रः किलायं रसवाँ उतायम् ।
उतो न्वस्य पपिवांसमिन्द्रं न कश्चन सहत आहवेषु ॥
अयं मे पीत उदियर्ति वाचमयं मनीषामुशतीमजीगः ।
अयं षडुर्वीरमिमीत धीरो न याभ्यो भुवनं कच्चनारे ॥
अयं स यो वरिमाणं पृथिव्या वर्ष्माणं दिवो अकृणोदयं सः ।
अयं पीयूषं तिसृषु प्रवत्सु सोमो दाधारोर्वन्तरिक्षम् ॥

ऋग् ६ ४७. १, ३, ४

"यह स्वादु है, यह मधुर है, यह रसीला है। इसके पीने वाले इन्द्र (आत्मा) को आन्तरिक युद्धो मे कोई पराजित नही कर सकता। पान किया हुआ यह मेरी स्तुतिवाणी को प्रेरित कर रहा है, पान किया हुआ यह मेरी अभीप्सायुक्त मनीषा को प्रेरित कर रहा है। इस धीर ने मेरे अन्दर की छहो भूमिकाओ को सुरचित कर दिया है, जिनसे दूर कोई सत्ता नही रहती। यह वह है जिसने मेरी पृथिवी (पार्थिव चेतना) का विस्तार कर दिया है, यह वह है जिसने मेरे द्यौ (आत्मिक चेतना) का विस्तार कर दिया है। इसने मन, बुद्धि, प्राण के तीनो शिखरो पर अमृत प्रवाहित कर दिया है, इसने प्राणमय चेतना रूपी मध्यलोक को धृत कर दिया है।"

प्राण

अथर्ववेद के प्रसिद्ध प्राणसूक्त मे प्रत्यक्षकृत तथा परोक्षकृत दोनो रूपो में प्राण की स्तुति पायी जाती है। परोक्ष स्तुति के कुछ मन्त्र निम्न है—

प्राणाय नमो यस्य सर्वमिदं वशे ।
यो भूतः सर्वस्येश्वरो यस्मिन्त्सर्वं प्रतिष्ठितम् ॥
यदा प्राणो अभ्यवर्षीद् वर्षेण पृथिवीं महीम् ।
पशवस्तत् प्रमोदन्ते महो वै नो भविष्यति ॥
प्राणः प्रजा अनु वस्ते पिता पुत्रमिव प्रियम् ।
प्राणो ह सर्वस्येश्वरो यच्च प्राणति यच्च न ॥

अथर्व ११. ४ १, ५, १०

---

१४. अपाम सोमममृता अभूम, ऋग् ८ ४८. ३।
Soma is the lord of the wine of delight, the wine of immortality--Shri Aurobindo · 'On the Veda' 1956, P 405.

"प्राण को नमस्कार है, जिसके वश में यह सब कुछ है, जो सबका ईश्वर है, जिसमें सब प्रतिष्ठित है। जब प्राण वर्षा के साथ महती पृथिवी पर बरसता है, तब सब प्राणी प्रमुदित होने लगते है कि हमारे लिए प्रचुर अन्न हो जायेगा। प्राण सब प्रजाओं की रक्षा करता है, जैसे पिता प्रिय पुत्र की। प्राण सबका स्वामी है, जो श्वास लेता है, चाहे नहीं लेता।"

उषा

'वेद मे उषा का स्तवन अनुपम काव्य-सौन्दर्य के साथ किया गया है। उषा के मन्त्र नारी को भी उद्बोधन देते हैं तथा उषा मनुष्य के हृदय का आन्तरिक उषा का भी प्रतीक'[१५] है। निम्न मन्त्रो में रात्रि और उषा को दो बहिनें कहा है, जो गगनप्रागण मे क्रमश: आती-जाती है।

इदं श्रेष्ठं ज्योतिषां ज्योतिरागाच्चित्र प्रकेतो अजनिष्ट विभ्वा।
यथा प्रसूता सवितुः सवाय एवा रात्र्युषसे योनिमारैक्॥
रुशद्वत्सा रुशती श्वेत्यागाद् आरैगु कृष्णा सदनान्यस्याः।
समानबन्धू अमृते अनूचो द्यावा वर्णं चरत आमिमाने॥
समानो अध्वा स्वस्रोरनन्तस्तमन्यान्या चरतो देवशिष्टे।
न मेथेते न तस्थतुः सुमेके नक्तोषासा समनसा विरूपे॥

ऋग् १. ११३ १-३

"यह श्रेष्ठ, ज्योतियो की ज्योति उषा आयी है, इस का अद्भुत विभु प्रकाश उत्पन्न हो गया हे। जिस प्रकार प्रसूत हुई यह उषा सूर्य के लिए स्थान खाली कर देती है, उसी प्रकार रात्रि ने उषा के लिए स्थान खाली कर दिया है। सूर्य रूपी चमकीले वत्स वाली, चमकीली, श्वेत उषा का आगमन हुआ है, कृष्णा रात्रि ने इसके सदनो को रिक्त कर दिया है। उषा और रात्रि दोनो समान बन्धु वाली है, अमर है, अनुक्रम से आने-जाने वाली है, द्युतिमती है, अपने रग को विश्व मे बखेरती हुई भ्रमण कर रही है। इन दोनो बहिनो का एक ही अन्त-रहित मार्ग है, उस मार्ग पर ये परमेश्वर द्वारा अनुशासित हो एक के

---

१५. उषा से नारी के कर्तव्यबोध के लिए द्रष्टव्य: स्वामी दयानन्द के ऋग्वेद-भाष्य मे उषा-सूक्तो का भाष्य, तथा 'उषा देवता–'श्री सातवलेकर। उषा से आन्तरिक उषा के ग्रहण के लिए द्रष्टव्य 'आन दि वेद'–श्री अरविन्द, भाग १, अध्याय १२: (She is Divine Dawn and the physical dawning is only her shadow and symbol in the material universe. P. 150)

पीछे एक चल रही है। विभिन्न-रूप होती हुई भी प्रीतियुक्त मनवाली, सुनिर्माणकर्त्री ये दोनों न एक-दूसरे की हिंसा करती है, न ही साथ-साथ स्थित होती है।

सूर्य

निम्न सूक्त में सूर्य के उदय, आकाश मे आरोहण तथा अस्त होने का क्रमिक वर्णन दर्शनीय है—

चित्रं देवानामुदगादनीकं चक्षुर्मित्रस्य वरुणस्याग्नेः ।
आप्रा द्यावापृथिवी अन्तरिक्षं सूर्य आत्मा जगतस्तस्थुषश्च ॥
भद्रा अश्वा हरितः सूर्यस्य चित्रा एतग्वा अनुमाद्यासः ।
नमस्यन्तो दिव आ पृष्ठमस्थुः परि द्यावापृथिवी यन्ति सद्यः ॥
तत् सूर्यस्य देवत्वं तन्महित्व मध्या कर्तोर्विततं सं जभार ।
यदेदयुक्त हरितः सधस्यादाद्रात्री वासस्तनुते सिमस्मै ॥

ऋग् १ ११५.१,३,४

"रश्मियो का पुंज यह विचित्र सूर्य उदित हुआ है, जो मित्र का, वरुण का, अग्नि का प्रकाशक है। इसने द्यावापृथिवी तथा अन्तरिक्ष को अपनी किरणो से परिपूर्ण कर दिया है। यह सूर्य जगम और स्थावर का आत्मा है। सूर्य को वहन करने वाले घोडे भद्र है, चितकबरे है, गतिशील है, स्तुति के पात्र है, नीचे झुक कर वे द्युलोक के पृष्ठ पर आसीन हो गये है, और शीघ्र ही द्यावापृथिवी की परिक्रमा कर रहे है। यही सूर्य का देवत्व तथा महत्त्व है कि क्रियमाण कर्मों के मध्य मे ही उसने अपने फैले हुए रश्मिजाल को समेट लिया है। जब सूर्य ने इस लोक से जाने के लिए अपने घोडे को नियुक्त कर लिया, तब रात्रि अपने तमोरूप वस्त्र को फैलाने लगी है।"

पर्जन्य

ऋग्वेद के पर्जन्यसूक्त मे पर्जन्य की स्तुति कर उससे वृष्टि की प्रार्थना की गयी है। इसमे प्रत्यक्षकृत तथा परोक्षकृत उभयविध स्तुति है। परोक्ष स्तुति के मन्त्र निम्न है—

वि वृक्षान् हन्त्युत हन्ति रक्षसो विश्व बिभाय भुवनं महावधात् ।
उतानागा ईषते वृष्ण्यावतो यत् पर्जन्यः स्तनयन् हन्ति दुष्कृतः ॥
रथीव कशयाश्वाँ अभिक्षिपन्नाविर्दूतान् कृणुते वर्ष्याँ अह ।
दूरात् सिंहस्य स्तनथा उदीरते यत् पर्जन्यः कृणुते वर्ष्यं नभः ॥
प्र वाता वान्ति पतयन्ति विद्युत उदोषधीर्जिहते पिन्वते स्वः ।
इरा विश्वस्मै भुवनाय जायते यत् पर्जन्यः पृथिवीं रेतसावति ॥

ऋग् ५.८३.२-४

"वृक्षो को तोड देता है, राक्षसों को मार देता है, महान् वध करने वाले इस पर्जन्य से सारा भुवन भयभीत हो जाता है। जब यह पर्जन्य गर्जता हुआ दुष्कर्माओ का सहार करता है, तब ओले बरसाने वाले इससे निरपराध व्यक्ति भी कांप उठता है। चाबुक मे घोड़ो को हांकते हुए रथी के समान यह अपने वर्षासूचक मानसून पवन रूप दूतो को प्रकट करता है। जब यह पर्जन्य आकाश को वर्षोन्मुख करता है, तब दूर से ही सिहस्वरूप इसकी गर्जनाएँ उठने लगती हैं। वायुएं चलती हैं, बिजलिया गिरती हैं, ओषधिया ऊर्ध्वगामी हो जाती हैं, आकाश सिंचाई करने लगता है, समस्त भुवन के लिए अन्न उपज जाता है, जब पर्जन्य जल से पृथिवी की रक्षा करता है।"

मण्डूक

वर्षाकाल मे परिपूर्ण सरोवरो मे टर-टर ध्वनि से अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मण्डूको की स्तुति ऋग्वेद मे निम्न शब्दो मे की गयी है, जिससे महाकवि बाल्मीकि तथा तुलसीदास भी प्रभावित हुए प्रतीत होते है। इस वर्णन में काव्य की छटा है, उपमा, उत्प्रेक्षा, स्वभावोक्ति, अनुप्रास अलकारो की मनोहारिता है।

संवत्सरं शशयाना ब्राह्मणा व्रतचारिणः।
वाचं पर्जन्यजिन्वितां प्र मण्डूका अवादिषुः॥
दिव्या आपो अभि यदेनमायन् दृतिं न शुष्क सरसी शयानम्।
गवामह न मायुर्वत्सिनीनां मण्डूकानां वग्नुरत्रा समेति॥
यदीमेनाँ उशतो अभ्यवर्षीत् तृष्यावतः प्रावृष्यागतायाम्।
अक्खलीकृत्या पितरं न पुत्रो अन्यो अन्यमुपवदन्तमेति॥
गोमायुरेको अजमायुरेकः पृश्निरेको हरित एक एषाम्।
समानं नाम बिभ्रतो विरूपाः पुरुत्रा वाचं पिपिशुर्वदन्तः॥

ऋग् ७ १०३.१-३,६

"मण्डूक जो वर्ष भर से सो रहे थे, मानो मौनव्रतधारी ब्राह्मण हो, अब पर्जन्य से तृप्त वाणी को बोलने लगे है। जो मण्डूक जलहीन सरसी में ऐसे सोये पडे थे, मानो शुष्क चर्म हो, उन के प्रति जब आकाशीय जल बरसे, तब उनकी ध्वनि ऐसे उठने लगी, जैसे बछडो से युक्त गौओ की रंभा-ध्वनि उठती है। वर्षा ऋतु आने पर तृषार्त, अतएव वृष्टि की कामना करने वाले मण्डूको के प्रति जब मेघ बरसा, तब हर्ष का शब्द कर जैसे पुत्र पिता के समीप पहुँचता है, वैसे ही 'अक्खला' शब्द के साथ एक मण्डूक बोलते हुए दूसरे के समीप जा पहुँचा। इनमे एक गौ के समान ध्वनि वाला है, दूसरा बकरे के समान ध्वनि वाला

है, एक चितकबरा है, दूसरा हरा है। समान नाम को धारण करने वाले, किन्तु विभिन्न रूपो वाले बोलते हुए ये बहुत प्रकार की वाणी व्यक्त कर रहे हैं[१६]।"

अरण्य

ऋग्वेद १०.१४६ में कोई नागरिक एक वनवासिनी से प्रश्न करता है कि हे वनदेवी, तुम अरण्यो मे क्यो छिपी रहती हो, नगर की पूछ क्यो नही करती, अरण्य में क्या तुम्हे भय नही लगता ? उत्तर में वह अरण्य की स्तुति करती हुई कहती है—

वृषारवाय वदते यदुपावति चिच्चिकः।
आघाटीभिरिव धावयन्नरण्यानिर्महीयते ॥
उत गाव इवादन्ति उत वेश्मेव दृश्यते।
उतो अरण्यानिः साय शकटीरिव सर्जति ॥
गामङ्गैष आ ह्वयति दार्वङ्गैषो अपावधीत्।
वसन्नरण्यान्यां सायमक्रुक्षदिति मन्यते ॥
न वा अरण्यानिर्हन्ति अन्यश्चेन्नाभिगच्छति।
स्वादोः फलस्य जग्ध्वाय यथाकाम निपद्यते ॥
आञ्जनगन्धि सुरभि बह्वन्नामकृषीवलाम्।
प्राह मृगाणां मातरमरण्यानिमशंसिषम्। ऋग् १० १४६ २–६

"जब बोलते हुए वृषारव के पास चिच्चिक आ बैठता[१७] है, तथा उसके स्वर मे स्वर मिलाने लगता है, तब अरण्य ऐसी शोभा पाता है, मानो वीणाओ से सप्त स्वरो को शोधित कर रहा हो। यहा गौएँ सी चरती दिखाई देती है और लताकुँज घर जैसे दिखाई देते है। सायंकाल अरण्य

---

१६. **स्वनैर्घनानां प्लवगाः प्रबुद्धा विहाय निद्रां चिरसंनिरुद्धाम्।**
अनेकरूपाकृतिवर्णनादा नवाम्बुधाराभिहता वदन्ति ॥

रामायण, किष्किन्धा० २८, ३८

दादुर धुनि चहुँ दिशा सुहाई, वेद पढ़हिं जनु वटु समुदाई। तुलसी

१७. वृषारव झिल्ली जन्तु है जिसका शब्द कुछ तीव्र होता है, जैसा कि नाम से स्पष्ट है। चिच्चिक चीं-चीं ध्वनि करने वाला झींगुर है।

मानों शकटियों की सृष्टि कर रहा होता है[१८]। देखो, यह गौ को पुकार रहा है, यह लकड़ी काट रहा है। पर सायकाल यहाँ वास करे तो उसके मन में यह विचार आने लगता है कि यह व्याघ्र बोला, यह चीता बोला। किन्तु यदि अन्य ही कोई आक्रमण न कर बैठे तो अरण्य तो स्वयं किसी को मारता नही, प्रत्युत वहाँ तो मनुष्य स्वादु फल खा कर इच्छानुसार विश्राम करता है। अतः मैं तो अंजन पुष्पो की गन्ध से युक्त, सुरभित, कृषको के बिना ही प्रचुर अन्न से पूर्ण, मृगों की माता अरण्य की स्तुति ही करती हूँ।"

निदर्शन रूप मे इन प्रत्यक्षकृत तथा परोक्षकृत स्तुतियो को देखने के अनन्तर अब हम प्रार्थनात्मक शैली पर आते है।

२. प्रार्थनात्मक शैली

वेदो मे देव, मनुष्य, पशु, पक्षी, नदी-सागर, औषधी-वनस्पति आदि को सम्बोधन कर उनसे सुख, सम्पत्ति, सद्गुण, आरोग्य, दीर्घायुष्य, अमरत्व, वीरता, विजय आदि की प्रार्थनाएँ की गई है। इस प्रकार के सब प्रसंग प्रार्थनात्मक शैली के अन्तर्गत होने है। प्रार्थनात्मक शैली को याञ्चात्मक या याचनात्मक शैली भी कहा जा सकता है। इस शैली के कुछ उदाहरण दिए जा रहे हैं।

इन्द्र

इन्द्र श्रेष्ठानि द्रविणानि धेहि चित्तिं दक्षस्य सुभगत्वमस्मे।
पोषं रयीणामरिष्टिं तनूनां स्वाद्मानं वाचः सुदिनत्वमह्नाम्॥

ऋग् २. २१. ६

हे इन्द्र, तुम हमे श्रेष्ठ सम्पत्तियाँ दो, बल की चेतना दो, सौभाग्य दो, ऐश्वर्यों की पुष्टि दो, शरीरो का आरोग्य दो, वाणी का माधुर्य दो, दिनो की स्वर्णिमता दो।

इन्द्र क्रतुं न आभर पिता पुत्रेभ्यो यथा।
शिक्षाणो अस्मिन् पुरुहूत यामनि।
जीवा ज्योतिरशीमहि॥ ऋग् ७. ३२. २६

हे इन्द्र, तुम हमे कर्म और प्रज्ञा[१९] प्रदान करो, जैसे पिता पुत्र को प्रदान

---

१८. दिन भर लकड़ियाँ काट साय गाडियो मे भर वे गाडियाँ सायं अरण्य से नगर की ओर लायी जाती हैं। पंक्तिबद्ध अरण्य से आती हुई गाडियो को देखने से ऐसा प्रतीत होता है, मानो अरण्य गाडियों की सृष्टि कर रहा हो।

१९. क्रतु=कर्म, प्रज्ञा। नि० २. १; ३. ६

करता है। हे पुरुहूत, जीवन-पथ मे तुम हमे शिक्षा दो, जिससे जीवित-जागृत रहते हुए हम ज्योति को प्राप्त करे।

अग्नि

रुचं नो धेहि ब्राह्मणेषु रुचं राजसु नस्कृधि।
रुचं विश्येषु शूद्रेषु मयि धेहि रुचा रुचम्॥ यजु १८. ४८

हे अग्नि, हमारे ब्राह्मणो मे तेजस्विता निहित करो, हमारे क्षत्रियो मे तेजस्विता निहित करो, हमारे वैश्यो मे तथा शूद्रो मे तेजस्विता निहित करो, मेरे अन्दर तेजस्विता निहित करो।

यां मेधां देवगणाः पितरश्चोपासते।
तया मामद्य मेधाऽग्ने मेधाविनं कुरु स्वाहा॥ यजु ३२. १४

हे अग्नि, जिस मेधा की देवजन तथा पितृजन उपासना करते हैं, उस मेधा से तुम मुझे मेधावी बनाओ। एतदर्थ मै तुम्हे हवि देता हूँ।

सोम

शं नो भव हृद आ पीत इन्द्रो पितेव सोम सूनवे सुशेवः।
सखेव सख्य उरुशंस धीरः प्र ण आयुर्जीवसे सोम तारी॥ ऋग् ८ ४८ ४

हे सोम, पान किये हुए तुम हमारे हृदय के लिए शान्तिकारी होवो, हमारे लिए ऐसे ही सुखजनक होवो, जैसे पिता पुत्र के लिए तथा सखा सखा के लिए होता है। दीर्घ जीवन के लिए तुम हमारी आयु को बढाओ।

अजीतयेऽहतये पवस्व स्वस्तये सर्वतातये बृहते।
तदुशन्ति विश्व इमे सखायस्तदहं वश्मि पवमान सोम॥ ऋग् ९. ९६. ४

हे सोम, तुम अपराजय के लिए, अविनाश के लिए बहो, सर्वविध विपुल स्वस्ति के लिए बहो। यही सब सखाओ की अभिलाषा है, यही मेरी भी अभिलाषा है।

वरुण

वि मच्छ्रथाय रशनामिवाग ऋध्याम ते वरुण खामृतस्य।
मा तन्तुश्छेदि वयतो धियं मे मा मात्रा शार्यपस. पुर ऋतोः॥

ऋग् २. २८. ५

हे वरुण, रज्जु के समान जिस पाप से मैं बद्ध हूँ उसे मुझ से शिथिल कर दो। हम तुम्हारी ऋत की नदी को प्राप्त करे। विचार का पट बुनते हुए मेरा तार छिन्न न हो, कर्म का परिमाण समय से पूर्व विशीर्ण न हो।

बह्वी दं राजन् वरुणानृतमाह पूरुषः।
तस्मात् सहस्रवीर्यं मुञ्च न पर्यंहसः॥ अथर्व १९. ४४. ८.

हे राजन् वरुण, पुरुष बहुत अधिक अनृत भाषण किया करता है, उस पाप से हे सहस्रवीर्य, तुम हमे मुक्त रखो।

सूर्य

शं नो भव चक्षसा शं नो अह्ना शं भानुना शं हिमा शं घृणेन।
यथा शमध्वञ्छमसद् दुरोणे तत् सूर्य द्रविणं धेहि चित्रम्॥

ऋग् १० ३७ १०

हे सूर्य, अपने प्रकाश से हमारे लिए मगलमय हो, अपने दिवस से हमारे लिए मंगलमय हो, अपने तेज से मगलमय हो, शीत ऋतु तथा ग्रीष्म ऋतु से मंगलमय हो। हमें वह अद्भुत ऐश्वर्य प्रदान कर जिस मे मार्ग मे, घर मे, सर्वत्र हमे मगल प्राप्त हो।

उदिह्युदिहि सूर्य वर्चसा माभ्युदिहि।
द्विषश्च मह्यं रध्यतु मा चाहं द्विषते रधं
तवेद् विष्णो बहुधा वीर्याणि॥
त्वं नः पृणीहि पशुभिर्विश्वरूपैः
सुधायां मा धेहि परमे व्योमन्॥ अथर्व १७ १.६

उदित हो, उदित हो, हे सूर्य अपने वर्चस् के साथ मेरे प्रति उदित हो। शत्रु मेरे वशवर्ती हो जाये, मैं शत्रु के वशवर्ती न होऊँ। हे विष्णु, तेरे बहुविध पराक्रम है, तू विश्वरूप किरणो से हमारा पालन कर, मुझे सुधा के मध्य निहित कर, परम व्योम मे निहित कर।

सविता

अचित्ती यच्चकृमा दैव्ये जने दीनैर्दक्षैः प्रभूती पूरुषत्वता।
देवेषु च सवितर्मानुषेषु च त्वं नो अत्र सुवतादनागसः॥

ऋग् ४ ५४ ३

अज्ञानवश, दुर्बलतावश, ऐश्वर्य के मद मे आकर या पौरुष के अभिमान मे हमने जो देवो के प्रति अथवा मनुष्यो के प्रति अपराध किया है, उस से हे सवितः, तुम हमे निष्पाप करो।

या मा लक्ष्मीः पतयालूरजुष्टाभिचस्कन्द वन्दनेव वृक्षम्।
अन्यत्रास्मत् सवितस्तामितो धा हिरण्यहस्तो वसु नो रराणः॥

अथर्व ७ ११५ २

जो पतन की ओर ले जाने वाली अप्रिय लक्ष्मी मुझ मे ऐसे चिपट गयी है, जैसे लता वृक्ष से। उसे हे सवितः, हमारे पास मे अन्यत्र कर दो, हिरण्यहस्त होकर तुम हमे शुभ लक्ष्मी प्रदान करो।

द्यावापृथिवी

उदायुरुद् बलमुत् कृतमुत् कृत्यामुन्मनीषामुदिन्द्रियम् ।
आयुष्कृदायुष्पत्नी स्वधावन्तौ गोपा मे स्तं गोपायतं मा
आत्मसदौ मे स्त मा हिंसिष्टम् ॥ अथर्व ५.६.८

हे द्यावापृथिवी, मेरी आयु को बढाओ, बल को बढ़ाओ, कृत को बढाओ, कृत्य को बढाओ, मनीषा को बढ़ाओ, इन्द्रियो की शक्ति को बढाओ । तुम आयु देने वाले तथा आयु के रक्षक हो, अन्नादि के भडार हो, मेरे रक्षक होवो, मेरे अन्दर आत्म बल को स्थापित करो, मेरी हिंसा मत करो ।

प्राणापान

प्र विशतं प्राणापानावनड्वाहाविव व्रजम् ।
व्यन्ये यन्तु मृत्यवो यानाहुरितरान् शतम् ॥
इहैव स्तं प्राणापानौ माप गातमितो युवम् ।
शरीरमस्याङ्गानि जरसे वहत पुनः ॥ अथर्व ३.११ ५,६

हे प्राणापानो, तुम शरीर में प्रवेश करो, जैसे बैलो की जोडी व्रज मे प्रवेश करती है । तुम्हारे द्वारा मृत्युए, जिन्हे सैकडो प्रकार की कहते हैं, दूर हो जाये । तुम यही रहो, यहाँ से बाहर मत जाओ । इस मनुष्य के शरीर को तथा अगो को पूर्ण आयु तक ले चलो ।

दुन्दुभि

उप श्वासय पृथिवीमुत द्यां पुरुत्रा ते मनुतां विष्ठितं जगत् ।
स दुन्दुभे सजूरिन्द्रेण देवैर् दूराद् दवीयो अपसेध शत्रून् ॥
आ क्रन्दय बलमोजो न आ धा निःष्टनिहि दुरिता बाधमान ।
अप प्रोथ दुन्दुभे दुच्छुना इत इन्द्रस्य मुष्टिरसि वीडयस्व ॥

ऋग् ६.४७.२९,३०

हे दुन्दुभि, धरा और गगन को गुजा दे, चारो ओर विविध रूप मे स्थित सब जगत् तेरा सिक्का माने । इन्द्र तथा देवो के साथ मिलकर शत्रुओ को दूर से दूर पलायन करा दे । उन्हे आक्रन्दन करा, हमारे अन्दर बल तथा ओज धृत कर, उच्च शब्द कर, दुष्ट वैरियो को बाधित कर। हमारे पास से दुर्गति का निस्सारण कर दे । तू इन्द्र की मुष्टि है, पराक्रम दिखा ।

इन मन्त्रों मे धन, बल, सौभाग्य, पुष्टि, आरोग्य, माधुर्य, कर्म, प्रज्ञा, तेजस्विता, मेधा, सुख-शान्ति, स्वस्ति, पापमुक्ति, ऋत, मंगल, वर्चस् आदि की उज्वल प्रार्थनाएँ की गई है । इन से वेद की दृष्टि में कौन सी वस्तुएँ

मनुष्य के लिए स्पृहणीय हैं, इस पर भी प्रकाश पडता है। वेद की उत्कृष्ट प्रार्थनाओ का संग्रह बहुत बड़ा हो सकता है, परन्तु विस्तार के भय से यहाँ कुछ ही प्रार्थनाएँ दी गयी है।

३. आशंसात्मक शैली

स्तुत्यात्मक तथा प्रार्थनात्मक शैलियो के विवेचन के उपरान्त अब आशसात्मक शैली को लेते है। इसमें मनुष्य अपनी आकाक्षा व्यक्त करता है कि मैं ऐसा बनूँ, मुझे अमुक-अमुक वस्तुएँ या सद्गुण प्राप्त हो, आदि। ये आशसाए मुख्यतः तीन प्रकार की होती है। प्रथम प्रकार में किसी देवता आदि को सम्बोधन कर आकाक्षा व्यक्त की जाती है, यथा—'वय ते अग्ने समिधा विधेम (ऋग् ७ १४ २)'। द्वितीय प्रकार मे देवता आदि को सम्बोधन नही किया जाता, किन्तु उस का नामोल्लेख करते हुए यह कहा जाता है कि वह हमे अमुक लाभ पहुँचाये, यथा–'यशस मेन्द्रो मघवान् कृणोतु (अथर्व ६.५८ १)'। तृतीय प्रकार मे देवता आदि के उल्लेख के बिना ही सामान्यत. कोई आंकाक्षा प्रकट की जाती है, यथा—'मूर्धाहं रयीणा मूर्धा समानानां भूयासम् (अथर्व १६.३.१)। प्रार्थनात्मक शैली से इसमे भेद यह है कि प्रार्थनात्मक शैली मे याचना होती है, किन्तु इस मे इच्छा मात्र प्रदर्शित की जाती है। निम्न उदाहरणो से इस शैली का स्वरूप अधिक स्पष्ट हो सकेगा।

ऋग्वेद

आ नो भद्राः क्रतवो यन्तु विश्वतोऽदब्धासो अपरीतास उद्भिदः।
देवा नो यथा सदमिद् वृधे असन्नप्रायुवो रक्षितारो दिवे दिवे॥

ऋग् १.८६.१

"भद्र सकल्प ही सब ओर से हमारे अन्दर आये, जो सकल्पो से दबे-घिरे न हों, तथा बाधाओ का उद्भेदन करने वाले हो, जिससे देव सदा ही हमारी उन्नति करें तथा बिना प्रमाद के दिन-प्रतिदिन हमारी रक्षा मे प्रवृत्त रहे।"

भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः।
स्थिरैरङ्गैस्तुष्टुवासस्तनूभिर्व्यशेम देवहितं यदायुः॥ ऋग् १. ८६ ८

"हे देवो, कानो से हम भद्र का ही श्रवण करे। हे पूज्यो, नेत्रो से हम भद्र का ही दर्शन करे। दृढ अंगो से तथा शरीरो से स्तुति-पूजन करते हुए हम देवो द्वारा स्थापित पूर्ण आयु को प्राप्त करे।

धन्वना गा धन्वनाजिं जयेम धन्वना तीव्राः समदो जयेम।
धनुः शत्रोरपकामं कृणोति धन्वना सर्वाः प्रदिशो जयेम॥ ऋग् ६.७५.२

धनुष से हम गौओ या भूमियो को जीत लेवे, धनुष से सग्राम को जीत लेवे, धनुष से तीव्र मदोन्मत्त शत्रुओ को जीत लेवे। धनुष शत्रु के मनोरथ को विफल कर देता है। धनुष से हम सब दिशाओं को जीत लेवे।

शं नः सूर्य उरुचक्षा उदेतु श नश्चतस्रः प्रदिशो भवन्तु।
श नः पर्वता ध्रुवयो भवन्तु श नः सिन्धव· शमु सन्त्वापः॥ ऋग् ७.३५ ८

बहुप्रकाशक सूर्य हमे सुख-शान्ति देता हुआ उदित हो, चारो प्रदिशाएं हमारे लिए सुख-शांतिकर हो। अचल पर्वत हमे सुख-शान्ति दे, समुद्र सुख शान्ति दे, नदिया सुख-शान्ति दे।

उतेदानीं भगवन्तः स्यामोत प्रपित्व उत मध्ये अह्नाम्।
उतोदिता मघवन् सूर्यस्य वयं देवानां सुमतौ स्याम॥ ऋग् ७ ४१.४

इस समय प्रात. हम सौभाग्यशाली हो, पूर्वाह्ण मे सौभाग्यशाली हो, मध्याह्न मे सौभाग्यशाली हो, और हे मघवन्, सूर्यास्त[२०] के समय भी हम सौभाग्यशाली हो तथा देवो की सुमति मे रहे।

गोभिष्टरेमामतिं दुरेवां यवेन क्षुधं पुरुहूत विश्वाम्।
वयं राजभिः प्रथमा धनान्यस्माकेन वृजनेना जयेम॥ ऋग् १० ४२ १०

हम गौओ के दुग्ध, घृतादि से कुमार्ग पर ले जाने वाली अमति को पार कर लेवे, और हे पुरुहूत इन्द्र, यवादि धान्यो से समस्त क्षुधा को पार कर लेवे। हम राजाओ की सहायता से तथा अपने बल से श्रेष्ठ धनो को जीत लेवे।

यजुर्वेद

प्राणश्च मेऽपानश्च मे व्यानश्च मेऽसुश्च मे
चित्तं च म आधीतं च मे वाक् च मे मनश्च मे
चक्षुश्च मे श्रोत्र च मे दक्षश्च मे बलं च मे
यज्ञेन कल्पन्ताम्॥ ऋग् १८ २

मेरे प्राण, अपान, व्यान, असु, चित्त, विचार, वाणी, मन, चक्षु, श्रोत्र, चातुर्य, बल सब यज्ञ द्वारा सामर्थ्य को प्राप्त करे।

आ ब्रह्मन् ब्राह्मणो ब्रह्मवर्चसी जायता-
मा राष्ट्रे राजन्यः शूर इषव्योऽतिव्याधी महारथो जायतां
दोग्ध्री धेनुर्वोढानड्वानाशुः सप्तिः पुरन्धिर्योषा जिष्णू रथेष्ठाः
सभेयो युवास्य यजमानस्य वीरो जायतां

---

२०. उदिता सूर्यस्य। "उदिता उदितौ उदये सति"—सायण।
at sunset : Griffith

निकामे निकामे नः पर्जन्यो वर्षतु फलवत्यो न ओषधयः पच्यन्तां

योगक्षेमो नः कल्पताम् ॥ यजु २२. २२

हे ब्रह्मन् हमारे राष्ट्र मे ब्रह्मवर्चस्वी ब्राह्मण हो, शूर, धनुर्विद्या में कुशल, नीरोग, महारथी, क्षत्रिय हो, दुधार गौए हो, भारवाही बैल हो, वेगवान् घोडे हो, गृहकार्यकुशल नारिया हो, विजयशील रथारोही हो, इस यजमान का सभ्य, युवा, वीर पुत्र हो। इच्छानुसार पर्जन्य बरसे, ओषधिया फलवती होकर पके, सर्वविध, योगक्षेम हमे प्राप्त हो।

इदं मे ब्रह्म च क्षत्र चोभे श्रियमश्नुताम्।

मयि देवा दधतु श्रियमुत्तमां तस्यै ते स्वाहा ॥यजु३२ १६

यह मेरा ब्राह्मबल और क्षात्रबल शोभा को प्राप्त करे। मेरे अन्दर देव उत्तम श्री को निहित करे। हे श्री, तेरा स्वागत[२१] है।

यन्मे छिद्रं चक्षुषो हृदयस्य मनसो वातितृण्ण

बृहस्पतिर्मे तद् दधातु। श नो भवतु भुवनस्य यस्पति. ॥ यजु ३६ २

जो मेरे नेत्र, हृदय या मन का बहुत बडा छिद्र है, उसे बृहस्पति भर देवे। जो भुवन का अधिपति है, वह हमारे लिए सुखकर हो।

सामवेद

यशो मा द्यावापृथिवी यशो मेन्द्रबृहस्पती।

यशो भगस्य विन्दतु यशो मा प्रतिमुच्यताम्।

यशसा ३ स्याः संसदो हं प्रवदिता स्याम् ॥ साम. पू. ६. ३. १०

द्यावापृथिवी मुझे यश प्राप्त कराये, इन्द्र और बृहस्पति मुझे यश प्राप्त कराये, मुझे सौभाग्यशालिता का यश प्राप्त हो, यह मुझ से छूटे नही। मैं इस ससद् का यशस्वी वक्ता बनू।

अथर्ववेद

स्वस्ति मात्र उत पित्रे नो अस्तु स्वस्ति गोभ्यो जगते पुरुषेभ्यः।

विश्व सुभूतं सुविदत्रं नो अस्तु ज्योगेव दृशेम सूर्यम् ॥ अथर्व १ ३१. ४

हमारी माता को और हमारे पिता को स्वस्ति प्राप्त हो, हमारी गौओ को स्वस्ति प्राप्त हो, पुरुषो को और सब जगत् को स्वस्ति प्राप्त हो। समस्त उत्तम ऐश्वर्य एव उत्तम ज्ञान हमे प्राप्त हो, चिरकाल तक हम सूर्य का दर्शन करते रहे।

---

२१. स्वाहा की निरुक्ति के लिए द्रष्टव्य: निरु ८.२०। अथर्व ८. ८. २४ मे स्वाहा का विरोधी दुराहा शब्द भी पठित है तथा वहा कहा गया है कि हमे स्वाहा प्राप्त हो और शत्रुओ को दुराहा।

मधुमन्मे निक्रमणं मधुमन्मे परायणम् ।
वाचा वदामि मधुमद् भूयासं मधुसदृशः ॥ अथर्व १. ३४. ३

मेरा बाहर निकलना मधुमय हो, लौटकर आना मधुमय हो। मैं वाणी से मधुर भाषण करू, मैं मधु सदृश हो जाऊ।

मह्यं यजन्तां मम यानीष्टाकूतिः सत्या मनसो मे अस्तु ।
एनो मा निगां कतमच्चनाहं विश्वेदेवा अभिरक्षन्तु मेह ॥ अथर्व ५.३.४

मेरी जो अभीष्ट वस्तुए हैं, वे मुझे प्राप्त हो जाये, मेरे मन का सकल्प सत्य होकर रहे। मैं किसी भी पाप को प्राप्त न करू। सब देव मेरी रक्षा में तत्पर हो जाये।

पुनन्तु मा देवजनाः पुनन्तु मनवो धिया ।
पुनन्तु विश्वा भूतानि पवमानः पुनातु मा ॥ अथर्व ६. १६. १

देवजन मुझे पवित्र करे, मनस्वी-जन अपने विचारो से मुझे पवित्र करे, सब भूत मुझे पवित्र करे, पवित्रकर्ता सोम प्रभु मुझे पवित्र करे।

सिंहे व्याघ्र उत या पृदाकौ त्विषिरग्नौ ब्राह्मणे सूर्ये या ।
इन्द्रं या देवी सुभगा जजान सा न ऐतु वर्चसा संविदाना ॥ अथर्व ६.३८.१

जो तेजस्विता सिंह मे है, व्याघ्र मे है, सर्प मे है, अग्नि मे है, ब्राह्मण मे है और जिस दिव्य सुभग तेजस्विता ने इन्द्र को इन्द्र बनाया है, वह वर्चस् से युक्त तेजस्विता हमे प्राप्त हो।

अनृणा अस्मिन्ननृणाः परस्मिन् तृतीये लोके अनृणाः स्याम ।
ये देवयानाः पितृयाणाश्च लोकाः सर्वान् पथो अनृणा आक्षियेम ॥
अथर्व ६. ११७ ३

इस कुमारावस्था मे हम किसी के ऋणी न रहे, द्वितीय युवावस्था मे किसी के ऋणी न रहे, तृतीय वृद्धावस्था मे किसी के ऋणी न रहे। जो देवयान एवं पितृयाण लोक है, उनके मार्गो पर हम ऋण से मुक्त होकर चले।

अभय नः करत्यन्तरिक्षमभयं द्यावापृथिवी उभे इमे ।
अभयं पश्चादभयं पुरस्तादुत्तरादधरादभय नो अस्तु ॥ अथर्व १६.१५.५

"अन्तरिक्ष हमे अभय प्राप्त कराये, ये दोनो द्यावापृथिवी अभय प्राप्त करायें। पश्चिम मे हमे अभय प्राप्त हो, पूर्व मे अभय प्राप्त हो, उत्तर-दक्षिण में भी अभय प्राप्त हो।"

आशसात्मक शैली के ये कुछ मन्त्र वेदो से चुन कर यहा प्रस्तुत किये गये है। इनमें विजय, सुख-शान्ति, सौभाग्य, सुमति, इन्द्रिय-सामर्थ्य, राष्ट्रीय योग-क्षेम, छिद्रपूर्ति, निष्पापता, पवित्रता, तेजस्विता, ऋणमोचन, अभय आदि

की कामना की गयी है। ये ही कामनाये यदि किसी से याचना रूप में की जातीं तो इनमें प्रार्थनात्मक शैली होती। किन्तु यहा याचना न होकर आशंसात्मक शैली मे परिगणन होता है। प्रार्थनात्मक तथा आशसात्मक दोनो शैलियो में अभिप्राय यही रहता है कि हमे अमुक-अमुक वस्तुओ की प्राप्ति हो, अतएव कुछ लोग दोनो को प्रार्थना या आशी शब्द से अभिहित करते हैं[२२]।

वैदिक स्तुति-प्रार्थना-आशंसाओं पर एक दृष्टि

जो स्तुतिया, प्रार्थनाए एव आशसाए ऊपर उद्धृत की गयी है, तथा इन से इतर जो वेदो मे पायी जाती है, उनसे कुछ बाते सामने आती है। स्तुतिया कई प्रकार की मिलती है। कुछ स्तुतिया इन्द्र, वरुण आदि देवो की है, कुछ मनुष्यो की है, यथा राजाओ की दानस्तुतिया[२३], कुछ गौ, वृषभ, मण्डूक, कपिञ्जल आदि पशु-पक्षिओ की है, कुछ वात, पर्जन्य, सूर्य, चन्द्रादि प्राकृतिक शक्तियो की हैं, कुछ रोहणी, पृश्निपर्णी आदि ओषधियो की, तथा कुछ रथ, दुन्दुभि, धनुष, ज्या, इषु, उलूखल-मुसल आदि की। इसी प्रकार प्रार्थनाए भी देव, मनुष्य, ओषधी-वनस्पति एव रथ, लाक्षा, अजन, सिंहासन, इष्टका आदि सबसे की गयी हैं। हमने जो ऊपर स्तुति, प्रार्थना एवं आशंसाओ के उदाहरण दिये है वे अत्यल्प है, वेदो मे बहुत विस्तार मे विविध विषयो पर स्तुति आदि मिलती है।

मैक्समूलर का हीनोथीज्म

इन्द्र, वरुण आदि देवो की स्तुति मे द्यावापृथिवी को उत्पन्न करना आदि कुछ बाते ऐसी है, जो प्राय. सभी देवों के लिए कही गयी हैं। इससे मैक्समूलर ने एक हीनोथीज्म नामक वाद की कल्पना की है, जिसका अभिप्राय यह है कि वैदिक ऋषि जिस देवता की स्तुति करने लगते थे, उसी को सब से बड़ा कह देते थे, कोई एक सब से ज्येष्ठ देव है ऐसा वे नही समझते थे। ऐसा कथन करते हुए मैक्समूलर वैदिक धर्म को अनेक-देवतावाद तथा एक देवता-

---

२२. द्रष्टव्य: इस अध्याय के प्रारम्भ मे यास्क एव स्वामी दयानन्द का मत। किन्तु वही उद्धृत शौनक के मतानुसार आशंसात्मक शैली याचना या प्रार्थना की शैली से भिन्न है।

२३ ऋग्वेद मे कई राजाओं की दानस्तुतिया मिलती है, जिनका उल्लेख प्रथम अध्याय में किया जा चुका है (पृ० ८, ९)। स्तुतियो के प्रसंग में विस्तारभय से हमने इन दानस्तुतियों को नही लिया है।

वाद दोनो से भिन्न प्रकार का बताते हैं[२४]। वस्तुत: देवों की स्तुति में दो प्रकार के अंश रहते हैं, एक वह अश जो सब देवो मे समान है, दूसरा उस देव का अपना विशेष अंश। वेदों में ही ऐसे अनेक स्थल है, जिनमे यह कहा है कि सब देव एक ही सत्ता के नामान्तर[२५] हैं। सब देवो की कुछ अश मे समान स्तुति भी हीनोथीज्म की नही, किन्तु इस अनेको मे एक देवता के वाद की ही पुष्टि करती[२६] है। देवों की स्तुति मे प्रत्येक देव का जो दूसरा अपना स्वतन्त्र अंश है, उससे इस पर प्रकाश पडता है कि क्यो उस देव को पृथक् रखा गया। जैसे विष्णु मे सर्वव्यापकता का गुण एव वरुण मे अनृताचरण करने वाले को पाशो से बाधने का गुण विशेष है, एव विष्णु और वरुण जब उस एक ज्येष्ठ देव के ही नामान्तर होते है, तब उसकी इन विशेषताओं को सूचित करते हैं। वेदों की शैली क्योंकि अध्यात्म, अधिदैवत, अधियज्ञ आदि विभिन्न क्षेत्रो मे अर्थ देने की है, अत: इन अनेक नामो से एक देव के विभिन्न गुण भी सूचित हो जाते हैं, साथ ही ये प्रकृति, शरीर, राष्ट्र आदि मे इतर अर्थों के वाचक भी हो जाते हैं। एव 'एका क्रिया द्व्यर्थकरी प्रसिद्धा' का न्याय चरितार्थ होता है।

जड़ पदार्थों की स्तुति : विविध वाद

जड पदार्थो से सबद्ध जो स्तुति–प्रार्थनाए मिलती है, उनके विषय मे चार वाद उल्लेखनीय है।

---

२४. द्रष्टव्य: मैक्समूलर: इंडिया ह्वाट कैन इट टीच अस, ऑक्सफोर्ड १८९६, पृ. १४७, १६३।

२५ ऋग् १ १६४ ४६;२ १. ३,७, १०. ८२ ३,१० ११४.५; यजु ३२. १; अथर्व १३ ४

२६. मैक्समूलर ने अपने बाद के ग्रन्थ ' दि सिक्स सिस्टम्स ग्राफ फिलासफी' में स्वयं इस तथ्य को स्वीकार किया है। अन्य अनेक विद्वान् भी वेद मे एक-देवतावाद के विचार का समर्थन करते है।

Charles Coleman : Mythology of the Hindus. Schlegel : Wisdom of the Ancient Indians. W. D. Brown : Superiority of the Vedic Religion. Shri Aurobind : Dayanand and the Veda Dwija Das Dutta Rigveda Unveiled.

इनके उद्धरणो के लिए द्रष्टव्य: वेदो का यथार्थस्वरूप, धर्मदेव विद्या-वाचस्पति, पृ. १७६-१९२। डा० मगलदेव भी वेदोक्त अनेक देवताओ में एकत्व का दर्शन करते हैं, द्रष्टव्य: भारतीय सस्कृति का विकास, वैदिक धारा, १९६४, पृ० १०८, १९५, २४४, ३९१।

अभिमानि-देवतावाद–प्रथम अभिमानि-देवतावाद है, जिसका सायण ने अपने ऋग्वेद-भाष्य के उपोद्घात मे वेदान्तसूत्र 'अभिमानिव्यपदेशस्तु' २ १.५ उद्धृत करते हुए पोषण किया है। शंका उठाई गई है कि वेद में दर्भ, क्षुर, पाषाणादि अचेतनो से चेतनवत् सम्बोधन मिलता है, अतः वेद अप्रामाणिक हैं। उत्तर दिया है कि दर्भ, क्षुरादि से उन्ही को सम्बोधन किया जाता है[२७]।

प्रकृतिपूजावाद–द्वितीय प्रकृतिपूजावाद है, जिसका अभिप्राय यह है कि अग्नि, वायु आदि देवता प्राकृतिक वह्नि, पवन आदि ही है, तथा वैदिक ऋषि इन प्राकृतिक पदार्थों को देवता समझ कर पूजते थे। विश्व की नियामक कोई चेतन शक्ति है, इससे वे अनभिज्ञ थे, इस की कल्पना उनके मस्तिष्क मे बहुत उत्तर काल में आयी जिसका केवल कुछ परवर्ती मन्त्रो मे उल्लेख है। इस मत के उद्भावक मैक्समूलर आदि पाश्चात्य विद्वान् है, जिसका खण्डन स्वामी दयानन्द ने अपनी ऋग्वेदादिभाष्य-भूमिका के वेदविषयविचार-प्रकरण मे किया है।

व्यत्ययवाद–तृतीय स्वामी दयानन्द का व्यत्ययवाद है। जहा भी वेद मे जड पदार्थ को सम्बोधन किया गया है, वहा स्वामी दयानन्द ने उसे व्यत्यय मान कर अर्थ करते हुए पुरुष परिवर्तित कर दिया है। यथा 'आपः पुनीत भेषजम्' को वे 'आप· पृणन्ति भेषजम्' मे परिवर्तित कर लेते है[२८]। यहा तक कि जब अग्नि आदि देवतापदो का अर्थ परमात्मा करते हैं, तब व्यत्यय नही मानते, पर जब भौतिक अग्नि आदि अर्थ लेते है, तब व्यत्यय स्वीकार करते हैं। वैदिक भाषा के इस नियम की ओर उन्होने अपनी ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका मे भी 'वैदिक शब्दो के विशेष नियम'[२९] प्रकरण में ध्यान आकृष्ट किया है।

---

२७ शका–'ओषधे त्रायस्वैनम्' इति मन्त्रो दर्भविषय·, 'स्वधिते मैनं हिंसीः' इति क्षुरविषय, शृणोत ग्रावाण इति पाषाणविषय। एतेष्वचेतनानां दर्भक्षुरपाषाणाना चेतनवत् सम्बोधन श्रूयते। नतो द्वौ चन्द्रमसाविति वाक्यवद् विपरीतार्थबोधकत्वादप्रामाण्यम्।
उत्तर-ओषध्यादिमन्त्रेष्वपि चेतना एव तदभिमानिदेवतास्तेन तेन नाम्ना सम्बोध्यन्ते। ताश्च देवता भगवता बादरायणेन 'अभिमानिव्यपदेशस्तु' इति सूत्रे सूत्रिताः। सायण, ऋग्वेद भाष्य का उपोद्घात।

२८ द्रष्टव्यः ऋग् १.२३.२१ का स्वामिभाष्य।

२९. व्याकरणरीत्या प्रथममध्यमोत्तमपुरुषाः क्रमेण भवन्ति, तत्र जड़पदार्थेषु प्रथमपुरुष एव, चेतनेषु मध्यमोत्तमो च। अय लौकिकवैदिकशब्दयोः सार्वत्रिको नियम.। परन्तु वैदिकव्यवहारे जडेऽपि प्रत्यक्षे मध्यमपुरुषयोगाः

आरोपवाद–चतुर्थ वाद आलंकारिको का है, यह है आरोपवाद अर्थात् जहा जड़ पदार्थ मे सम्बोधन होता है वहा जड मे चेतनत्व का आरोप करके वैसा प्रयोग किया जाता है। ऐसे प्रयोग हम लोक मे भी करते हैं। इस प्रकार जब हम रथ को सम्बोधन कर कहते है 'वनस्पते वीड्वङ्गो हि भूयाः–हे रथ तू दृढाग हो', तब हमारा अभिप्राय यही होता है कि हम रथ को दृढांग बनाये, क्योकि रथ चेतन तो है नही, जो हमारी प्रार्थना का श्रवण कर स्वय दृढाग हो जायेगा। आरोप द्वारा कथन मे काव्य-सौन्दर्य का स्वारस्य होता है।

वैदिक उदात्त भावनाएं

वैदिक प्रार्थनाओ तथा आशसाओ को देखने से ज्ञात होता है कि इनमे बड़ी उदात्त भावनाए विद्यमान है। इनमे भौतिकता एव आध्यात्मिकता, इहलोक एव परलोक, धर्म-अर्थ-काम एव मोक्ष का समन्वय पाया जाता है। देह और जगत् को तुच्छ समझकर इससे दूर भागने का भाव वेदो में नही है, वेद की दृष्टि मे तो यह ससार बहुत प्यारा है—'अयं लोकः प्रियतम[30]।' इसे साधन रूप मे ग्रहण कर उन्नति के लिए सदा प्रयत्नशील रहना ही जीवन का ध्येय है। निष्पापत्व, पवित्रता, तेज, यज्ञ, मेधा, निर्भयता, विजय, यह मनुष्य की ऊर्ध्वयात्रा के पाथेय एव निधि है[31]। अत इनकी प्रार्थना बार-बार आती है। धन एव लक्ष्मी की याचना भी पुनः पुन. की गयी है परन्तु वेद इसके लिए सतर्क है कि वह लक्ष्मी पाप की लक्ष्मी नही होनी चाहिए[32]। वेद की अनेक प्रार्थनाए मनुष्य-जीवन का सबल हैं। ऊपर उद्धृत यजुर्वेद की 'आ ब्रह्मन्' आदि राष्ट्रीय प्रार्थना या आशसा किसी भी देश का राष्ट्रगीत बनने योग्य है।

वेद की स्तुत्यात्मक एव प्रार्थना तथा आशसा की शैलियो का विचार अन्य शैलियो के विचार के समान ही पर्याप्त महत्त्वपूर्ण है। वेद मे जिन बातो की स्तुति है एव जिन सद्गुण आदि की प्रार्थना है उनकी प्राप्ति का

सन्ति। तत्रेद बोध्यं जडाना पदार्थानामुपकारार्थं प्रत्यक्षकरणमात्रमेव प्रयोजनमिति। —ऋ भा. भू.

३०. अथर्व ५ ३०.१७

३१. वैदिक उदात्त भावनाओ के परिचय के लिए द्रष्टव्य: लेखक की 'वैदिक सूक्तियां', प्रकाशन-मन्दिर, गुरुकुल कागडी।

३२. प्र पतेत. पापि लक्ष्मि, अथर्व ७.११५.१।

मनुष्य प्रयत्न करे, यह विधि इनसे सूचित होती है। यह हम पूर्व देख चुके हैं कि वेद स्मृतिशास्त्रों के समान स्पष्ट रूप से विधि या आदेश कम देते हैं, अन्य शैलियों में कथित वृत्त से विधियों की कल्पना की जाती है। तदर्थ शैली का सूक्ष्म निरीक्षण आवश्यक है।

संकेत-सूची

अथर्व	अथर्ववेद
अ. भा.	अथर्ववेद-भाष्य
अमर	अमरकोश
आश्व. गृ	आश्वलायन गृह्यसूत्र
ऋक्. प्रा.	ऋक्प्रातिशाख्य
ऋग्.	ऋग्वेद
ऋ. भा.	ऋग्वेद भाष्य
ऋ. भा. भू.	ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका, स्वामी दयानन्द
ऐ. ब्रा	ऐतरेय ब्राह्मण
ऐ. आ.	ऐतरेय आरण्यक
ऐ. उ.	ऐतरेय उपनिषद्
कठ.	कठोपनिषद्
का ऋ. सर्वा.	कात्यायन ऋक्सर्वानुक्रमणी
का. श्रौ सू.	कात्यायन श्रौतसूत्र
केन	केनोपनिषद्
कौ. ब्रा	कौषीतकी ब्राह्मण
कौ. सू.	कौशिक सूत्र
गो. ब्रा.	गोपथ ब्राह्मण
छा. ब्रा.	छान्दोग्य ब्राह्मण
छा. उ.	छान्दोग्य उपनिषद्
जै. उ	जैमिनीय उपनिषद्
जै. न्या	जैमिनीय न्यायमाला
ता. ब्रा.	ताण्ड्य ब्राह्मण
तै. ब्रा.	तैत्तिरीय ब्राह्मण
तै. आ.	तैत्तिरीय आरण्यक
तै. उ.	तैत्तिरीय उपनिषद्
तै. सं.	तैत्तिरीय संहिता
देवी भा.	देवी भागवत
नि.	निघण्टु यास्कीय
निरु	निरुक्त यास्कीय

पा०	पाणिनीय अष्टाध्यायी
पा. शि.	पाणिनीय शिक्षा
पू मी.	पूर्व मीमांसा
प्रश्न	प्रश्नोपनिषद्
भा. पु.	भागवत पुराण
बृ. उ.	बृहदारण्यक उपनिषद्
बृ. दे.	बृहद् देवता
मत्स्य पु.	मत्स्य पुराण
मनु	मनुस्मृति
महा भा.	महाभारत
मही भा	महीधर भाष्य
मु.	मुण्डकोपनिषद्
यजु	यजुर्वेद शुक्ल वाजसनेयि
वायु पु.	वायु पुराण
विष्णु पु	विष्णु पुराण
वे. सू.	वेदान्त सूत्र
वै.	वैशेषिक सूत्र
शत	शतपथ ब्राह्मण
शा. श्रौ. सू.	शाखायन श्रौतसूत्र
श्वेता.	श्वेताश्वतर उपनिषद्
सा. का.	साख्य कारिका
सा. द.	साहित्य दर्पण
सा. भा	सायण भाष्य
साम	सामवेद कौथुम शाखा

संदर्भ ग्रन्थ-सूची

अथर्ववेदपदानामनुक्रमणिका-निर्णय सागर प्रेस

अथर्ववेदभाष्य-श्री पाद दामोदर सातवलेकर

अथर्ववेद संहिता (मूल)-श्री पाद दामोदर सातवलेकर

अथर्ववेद संहिता (हिन्दी भाष्य)-जयदेव शर्मा विद्यालंकार

अथर्ववेद संहिता (सायणभाष्य)-विश्वेश्वरानन्द वैदिक शोध संस्थान

अथर्ववेद संहिता (सायणभाष्य तथा हिन्दी अनुवाद सहित)-पं० रामचन्द्र शर्मा

अस्यवामीय सूक्त-आत्मानन्द

आकाश पोथी (गुजराती)-निरजन वर्मा

ईशादिदशोपनिषदः-शांकर भाष्य, मोतीलाल बनारसीदास

उणादि कोश-वैदिक यन्त्रालय अजमेर

उषा देवता-श्रीपाद दामोदर सातवलेकर

ऋक्प्रातिशाख्य-शौनक

ऋक्सर्वानुक्रमणी-कात्यायन

ऋग्वेद-रामगोविन्द द्विवेदी

ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका-स्वामी दयानन्द

ऋग्वेदादिभाष्यभूमिकाना संग्रहः-सायण, सं० बलदेव उपाध्याय

ऋग्वेदपदानुक्रमणिका-निर्णयसागर प्रेस

ऋग्वेदानुक्रमणी-माधव भट्ट

ऋग्वेद संहिता-स्कन्द स्वामी, उद्गीथ, वेंकटमाधव, मुद्गल भाष्य,
विश्वेश्वरानन्द वै. शो सं० ।

ऋग्वेद संहिता-जयदेव शर्मा विद्यालंकार

ऋग्वेद संहिता (सायण भाष्य)-वैदिक संशोधन मण्डल, पूना

एकादशोपनिषद्-स्वामी सत्यानन्द

ऐतरेय आरण्यक-सायणभाष्य सहित

ऐतरेय ब्राह्मण-सायणभाष्य सहित

कात्यायन श्रौतसूत्र-कात्यायन

काव्यादर्श-दण्डी

काशिका-वामन तथा जयादित्य

कौषीतकी ब्राह्मण

गगन ने गोखे (गुजराती)-निरंजन वर्मा

गोपथ ब्राह्मण
जैमिनीय उपनिषद् ब्राह्मण
जैमिनीय न्यायमाला
छान्दोग्य ब्राह्मण
ताण्ड्य महाब्राह्मण
तैत्तिरीय आरण्यक
तैत्तिरीय ब्राह्मण
दैवत संहिता—श्रीपाद दामोदर सातवलेकर
निघण्टु
निरुक्त भाष्य—स्कन्द स्वामी
निरुक्त भाष्य—दुर्गाचार्य
निरुक्त भाष्य—चन्द्रमणि विद्यालंकार
न्यायदर्शन—वात्स्यायन भाष्य
पाणिनीय शिक्षा
बृहद् देवता—शौनक, सं० रामकुमार राय
भागवत पुराण
भारतीय संस्कृति का विकास (वैदिक धारा)—मंगलदेव शास्त्री
मत्स्य पुराण
मन्त्रार्थ चन्द्रोदय—दामोदर शर्मा झा
महाभारत—व्यास
मीमांसा कोश—केवलानन्द सरस्वती
मीमांसा दर्शन—जैमिनि
यजुर्वेद काठक संहिता—स्वाध्याय मण्डल, किला पारडी
यजुर्वेद काण्व संहिता—स्वाध्याय मण्डल, किला पारडी
यजुर्वेद तैत्तिरीय संहिता—स्वाध्याय मण्डल, किला पारडी
यजुर्वेदपदानुक्रमणिका—निर्णय सागर प्रेस
यजुर्वेद मैत्रायणी संहिता—स्वाध्याय मण्डल, पारडी
यजुर्वेद वाजसनेयि संहिता—स्वाध्याय मण्डल, पारडी
यजुर्वेद संहिता—जयदेव शर्मा विद्यालंकार
यजुर्वेद (वाजसनेयि मा० शुक्ल) संहिता—उवट, महीधर भाष्य, निर्णय सागर प्रेस
यजुर्वेद भाष्यम्—स्वामी दयानन्द
यजुर्वेद भाष्यम्—ब्रह्मदत्त जिज्ञासु सम्पादित स्वामी दयानन्द भाष्य, अ० १–१०

वेद रहस्य–श्री अरविन्द
वेदान्त सूत्र–शांकर भाष्य
वेदार्थ कोष–आर्य प्रतिनिधि सभा, पंजाब
वेदों का यथार्थ स्वरूप–धर्मदेव विद्यावाचस्पति
वैदिक इतिहासार्थ निर्णय–शिवशंकर शास्त्री
वैदिक इण्डेक्स (हिन्दी अनुवाद)–रामकुमार राय
वैदिक कोश–सूर्यकान्त
वैदिक कोष–हंसराज
वैदिक ज्योतिष शास्त्र–प्रियरत्न आर्ष
वैदिक साहित्य और संस्कृति–बलदेव उपाध्याय
वैशेषिक सूत्र–प्रशस्तपाद भाष्य
शतपथ ब्राह्मणम् (मूल) अच्युत ग्रन्थमाला
शतपथ ब्राह्मणम् (माध्यन्दिन)–हरिस्वामी तथा सायणभाष्य, कल्याण, बम्बई
सत्यार्थप्रकाश–स्वामी दयानन्द
सर्वदर्शन संग्रह–माधव
सामवेद–सायण भाष्य
सामवेद–जयदेव शर्मा विद्यालंकार
सामवेद–तुलसीराम
सामवेदानुक्रमणिका–निर्णय सागर
सांख्य तत्त्वकौमुदी–वाचस्पति मिश्र
साहित्य दर्पण–विश्वनाथ

Ancient Sanskrit Literature. Maxmullar
Asya Vamasya Hymn. Dr. C. Kunhan Raja
Asya Vamasya Suktam R. V. Vaidya
Brihad Devata Macdonell
History of Dharma Shastra. P. V Kane
History of Sanskrit Literature Vedic Period. Macdonell
Hymns of the Atharva Veda Griffith
Hymns of the Rigveda. Griffith
Hymns from the Rigveda. Peterson
India, what can it teach us Maxmullar
On the Veda. Shri Aurobindo
Rigveda (English Translation). H. W. Wilson

Rigveda and Vedic Religion. A. C. Clayton
Sacred Books of the East (Vol. XXXII). Edited by Maxmullar
Sacred Books of the East (Vol. XLII) Edited by Maxmullar
Sparks from the Vedic fire. V. S. Agarwal
The Arctic Home in the Vedas. B. G. Tilak
The Vedas Maxmullar
The White Yajurveda. Griffith
Vedic Age Majumdar and Pusalker
Vedic Index. Macdonell
Vedic Mythology. Macdonell
Vedic Reader for students. Macdonell

मन्त्रानुक्रमणिका

मन्त्र	पृष्ठ
अक्षास इदङ्कुशिनो	१३३
अक्षीभ्या ते नासिकाभ्यां	२५२
अक्षैर्मा दीव्य:	१३३
अक्ष्यौ च ते मुख च ते	१२८
अगस्त्य: खनमान.	१५१
अग्निरस्मि जन्मना	१२४
अग्नि: सप्ति	२६४
अग्निर्ददाति सत्पतिं	२६२
अग्निर्देवेषु	२४२
अग्निस्तुविश्रवस्तम	२६२
अग्नेर्वय प्रथमस्या	२०८
अघोरचक्षुरपतिघ्न्येधि	२३८
अचिकित्वान् चिकितुष	५०
अचित्ती यच्चकृमा	३१४
अर्चत प्रार्चत प्रियमेधासो	२३९
अच्छा सिन्धु मातृतमा	१५३
अजारे पिशङ्गिला	२१६
अजीतयेऽहृतये पवस्व	३१३
अजैष्माद्यसनाम	१३२
अतारिषुर्भरता गव्यव.	१५५
अतिधावतातिसरा	२३८
अति विश्वा:	२५१
अतो वयमन्तमेभिर्	१४४
अत्रेदु मे मससे	१०३
अदर्दरुत्समसृजो	१९७
अदित्सन्त चिदाघृणे	१९७
अदो यद् दारु प्लवते	२४५
अद्या मुरीय यदि	२८६
अध पश्यस्व मोपरि	२३८
अनश्वान् दाधार	८०
अनुव्रत पितु पुत्रो	२४४
अनुत्तमा ते मघवन्	१४५
अनृणा अस्मिन्ननृणा:	३१९
अन्तरिक्षप्रा रजसो	१८५
अन्यमू षु त्व	१६२
अन्ये जाया परि	१३३
अपक्रामन् पौरुषेयाद्	२४५
अप तस्य हृत तमो	१७५
अपश्य गोपा	५५
अपादग्रे समभवत्	८६
अपाम सोममममृता	१३१
अपि तेषु त्रिषु	२१२
अपेहि मनसस्पते	२८८
अभय न. करत्यन्तरिक्ष	३१९
अभिभूरहमागम	१२७
अभिवर्धता पयसा	२५७
अभीदमेकमेको अस्मि	२८,१०४
अमन्दन् मा मरुत	१४५
अभी ये पञ्चोक्षणो	४७
अय निधि: सरमे	१६६
अय माताय पिता	२५०
अय मे पीत उदियर्ति	३०७
अय स यो वरिमाण	३०७
अयमिन्द्र वृषाकपि	१७८
अयमेमि विचाकशद्	१७९
अयं मे हस्तो	२५०
अयं यो विश्वान्	२८९
अयुतोऽहमयुतो	१२५

अरं कृण्वन्तु वेदि	१४७
अरायि काणे विकटे	२८८
अर्भको न कुमारको	६६
अर्वागन्य इतो अन्य	२१
अवधीत् कामो	१३२
अव स्म दुर्हणायतो	२३६
अव स्यूमेव चिन्वती	१६३
अवस्वराति गर्गरो	२३९
अवीरामिव मामय	२१, १७४
अव: परेण	५२
अश्मन्वती रीयते	२३२
अश्मवर्म मेऽसि	१२९
अश्वावती सोमवतीम्	२५०
अष्टाचक्रा नवद्वारा	८२
असत्सु मे जरित	१०३
असन्ताप मे हृदय	१२५
असपत्ना सपत्नघ्नी	११८
अस्य प्रजावती गृहे	२६४
अस्य वामस्य पलितस्य	४९
असेन्या व: पणयो	१९५
असौ या सेना मरुत.	२३८
अहन्नहिं पर्वते	३०४
अहमत्क कवये	१०६
अहमपो अपिन्व	११४
अहमस्मि प्रथमजा	१२१
अहमस्मि महामहो	१२६
अहमस्मि सपत्नहा	१२७
अहमस्मि सहमान	१२४
अहमिद्धि पितुष्परि	१३२
अहमिन्द्रो वरुणस्ते	११४
अहमेव वात इव	११६
अहमेव स्वयमिद	११६
अहमिन्द्रो न पराजिग्य	१०४
अहमिन्द्रो रोधो	१०४
अहमेत गव्यय	१०४
अहमेताञ्छाश्वसतो	१०४
अहश्च कृष्ण	१३७
अह केतरहंमूर्धा	११८
अहं गुङ्गुभ्यो	१०४
अह जजान पृथिवी	१२२
अहं तदासु धारय	१०६
अह ता विश्वा	११५
अह दा गृणते	१०६
अह पितेव वेतसूँ	१०६
अह पुरो मन्दसानो	१०२
अह भुवं वसुन.	१०४
अह भूमिमददामार्याय	१०२
अह मनुरभव	१९,१०२
अह रन्धय मृगय	१०६
अहं राजा वरुणो	११४
अह राष्ट्री सगमनी	११६
अह रुद्राय धनु	११६
अह रुद्रेभिर्वसुभि	११६
अह विवेच पृथिवी	१२२
अह सप्त स्रवतो	१०६
अह सप्तहा नहुषो	१०६
अह स यो नववास्त्व	१०६
अह सुवे पितरमस्य	११६
अह सूर्यस्य परि	१०६
अह सोममाहनस	११६
आ क्रन्दय बलमोजो	२१५
आ जुहोता	२४२
आ धा ता गच्छा	१६१
आञ्जनगन्धि सुरभि	३११
आ ते कारो शृणवामा	१५४
आत्वाहार्षमन्तरेभि	२३५

आदित्याना वसूना	१०४	इम नो यज्ञममृतेषु	२१
आ नो भद्रा. क्रतवो	३१६	इमा गाव: सरमे	१६५
आन्त्रेभ्यते गुदाभ्यो	२५२	इमा रुद्राय स्थिरधन्वने	२४०
आ ब्रह्मन् ब्राह्मणो	३१७	इमा पातृ नमृतेना	२३८
आयुश्च रूप च	२८१	इमे ये नार्वाङ्	२७७
आ यो विश्वानि वार्या	२९६	इय वेदि परो अन्त:	२५,२२०
आरोह चर्मोपसीदाग्नि	२२८	इषिरा योषा युवति	१६३
आशासाना सौमनस	२३८	इषुर्न श्रिय इषुधे	१८१
आहार्ष त्वाविदं त्वा	२५१	इषे पिन्वस्वोर्जे	२९५
इति चिद्धि त्वा	२३२	इष्ट च वा एष	२८२
इति त्वा देवा	१८५	इह ब्रवीतु	२१,५१
इदमिन्द्र शृणुहि	१२८	इहैधि पुरुष	२५३
इद त एक	२३२	इहैव स्त प्राणापानौ	३१५
इद देवा: शृणुत	१२७	इहैव स्तं मा वियौष्ट	२५६
इद मे ब्रह्म च क्षत्र	३१८	इहैवैधि मापच्योष्ठा	२३५
इद श्रेष्ठ ज्योतिषा	३०८	ईशा वास्यमिद	२४२
इद सवितर्विजानीहि	८३	उक्षा समुद्रो अरुष:	६५
इद सु मे जरित	७०	उक्ष्णो हि मे पञ्चदश	१७६
इन्द्र क्रतु न आभर	३१२	उच्चा दिवि दक्षिणा	२६६
इन्द्रमिद् गाथिनो	२९६	उत गाव इवादन्ति	३११
इन्द्र श्रेष्ठानि द्रविणानि	३१२	उत त्व सख्ये	२७७
इन्द्रस्य दूतीरिषिता	१६५	उत त्व: पश्यन्	२७७
इन्द्रस्य नु वीर्याणि	३०४	उत यो द्यामतिसर्पात्	३०६
इन्द्राकुत्सा वहमाना	२६	उतासि परिपाण	३०२
इन्द्राणीमासु नारिषु	१७४	उतेदानी भगवन्त.	३१७
इन्द्राय गाव आशिर	२९६	उतेय भूमिर्वरुणस्य	३०६
इन्द्राय साम गायत	२४०	उत्क्रामात. पुरुष	२३४
इन्द्रेषिते प्रसव	१५२	उत्तरस्त्वमधरे ते	२३५
इन्द्रो अस्मा अरदद्	१५३	उत्तिष्ठैव परेहीतो	१३०
इन्द्रो दिव	२९६	उत्तिष्ठत सनह्यध्व	२३८
इन्द्रो यज्वने पृणते	२६३	उत्तिष्ठ त्व देवजना	२३६
इन्धानो अग्नि	२७१	उदसौ सूर्यो अगा	११८
इम नु सोमन्तितो	१५०	उदायुरुद् बल	३१५

उदिहथु दिहि सूर्यं ३१४
उदीर्ष्वं जीवो २३१
उद्बुध्यध्व समनसः २३२
उद्यान ते पुरुष ३४
उद् व ऊर्मि शम्या १५५
उद् वय तमसस्परि १३१
उद् वेपय स विजन्ता २३६
उपक्षरन्ति सिन्धवो २६५
उपह्वरे गिरीणा २२२
उपस्तुहि प्रथम रत्नधेय २४०
उपोप मे परामृश २३
उबे अम्ब सुलाभिके १७३
उशन्ति घा ते अमृतास १५६
ऊरू पादावष्ठीवन्तौ २२६
ऊरुभ्या ते २५२
ऊर्जा च वा एष २८२
ऊर्ध्वं सुप्तेषु जागार २१०
ऋत येमान ऋर्तामिद् २७२
ऋतस्य दृढा धरुणानि २७२
ऋतस्य हि शुरुधः २७२
ऋष्टयो वो मरुतो ३००
एक एवाग्निर्बहुधा २०५
एकस्य चिन्मे १४५
एकं पाद नोत्खिदति ८७
एक सुपर्ण स समुद्र ७३
एको गौरेक ऋषि २२२
एतद् वचो जरितर् १५०
एतद् वै: ब्रध्नस्य २७५
एतद् वै विश्वरूप २७४
एना वय पयसा १५३
एवा च त्व सरम १६६
एवेदेते प्रति म। १४५
एष वा ओदन. २७५
एह गमन्नृषय. १६६
एह्यश्मानमातिष्ठा २५७
ओ चित् सखाय १५८
ओजश्च तेजश्च २८१
ओषमित् पृथिवीमह १२६
ओ षु स्वसार. १५४
क इम वो निण्य ४६
क कुमारमजनयद् २०६
क· स्विदेकाकी चरति ६०६
कति नु वशा नारद २२७
कत्यग्नय· कति सूर्यासः २०४
कत्यस्व विष्ठा· २१७
कदा सूनु पितर १८३
कया शुभा सवयस. १४३
कस्य नून कतमस्या १८७,२०८
कस्य ब्रह्माणि जुजुषु १४३
का ईमरे पिशङ्गिला २१६
का स्विदासीत् पूर्वचित्तिः २१३
किं न इन्द्र जिघांससि १४६
किं नो भ्रातरगस्त्य १४६
किं भ्रातासद्यदनाथ १६१
किं सुबाहो स्वङ्गुरे १७३
किं स्वित् सूर्यसम २११
किं स्विदासीदधिष्ठान २०७
किं स्विद् वन २०७
किमय त्वा वृषाकपि १७१
किमस्य मदे २०४
किमाग आस वरुण १३८
किमिच्छन्ती सरमा १६४
किमेता वाचा कृणवा १८१
कीर्ति च वा एष २८२
कीदृङ्ङिन्द्रः सरमे १६५
कुतस्त्वमिन्द्र १४३

कृणोमि ते प्राणापानौ २५३
केन देवाँ अनुक्षियति २२५
केन श्रोत्रियमाप्नोति २२४
केनेय भूमिर्विहिता २२५
केष्वन्त पुरुष २१३
को अद्य नर्यो २७
को अद्य युङ्क्ते २७
को अस्य वेद प्रथम १६०
को अस्य वेद भुवनस्य २१६
को नु गौ: क एक ऋषि २२२
क्व स्या वो मरुत १४४
क्वा ३ स्य वृषभो २२१
गर्भे न, नौ जनिता १५६
गर्भे तु सन्नन्वेषा ११३
गामङ्गैष आह्वयति ३११
गाव. सन्तु प्रजा २२५
गोभिष्टरेमामति ३१७
गोमायुरेको अजमायु ३१०
ग्रीवास्ते कृत्ये २६०
चक्षुषा ते चक्षुर् २८६
चतुष्कपर्दा युवति ७२
चत्वारि शृङ्गा ६३
चित्र इद् राजा २६३
चित्र देवानामुदगा ३०६
ज ज्ञिष इत्या गोपीथ्याय १८३
जाया तप्यते कितवस्य १३३
जितमस्माकमुद्भिन्न १३२
जिह्वा मे भद्र ११६
जीवता ज्योति ५३
जीवाशो अभिधेतन १३८
त द् सूर्यस्य देवत्व ३०६
तद् यस्यैवं विद्वान् २४३
तन्तुं तन्वन् रजसो २३२
तन्ममेके युवती ८३
तपनो अस्मि पिशाचाना १२८
तपश्चैवास्ता कर्म २२६
तपसा ये अनाधृष्य २५८
तम आसीत् तमसा १५
तरणिर्विश्वदर्शतो ३६१
तदं है पतग है २८६
तव द्यौरिन्द्र पौस्य २६७
तवाग्ने होत्र २६८
तव विश्वे सजोषसो २६६
तव शुक्रासो अर्चयो २६६
तवेमा प्रजा: २६६
तमेवे सप्त सिन्धव: ३६६
तवोतिभि: सचमाना २६६
तस्मा अर्षन्ति दिव्या २७१
तस्मा इद् विश्वे २७१
तस्य द्युमाँ असद् २६४
तस्येदर्वन्तो रहयन्त २६३
तानि सर्वाण्यपक्रामन्ति २८१
तान्त्सत्यौजा २८७
तामाददानस्य ब्रह्मगवी २८१
तिरश्चीनो विततो १८
तिर्यग्बिलश्चमस ८४
तीक्ष्णीयास परशो १२२
तेजोऽसि तेजो २६५
त्रय: केशिन ऋतुथा ५६
त्रय पोषास्त्रिवृति २५७
त्रिपञ्चाश: क्रीडति १३३
त्रि स्म माह्न: श्नथो १८१
त्वज्जतास्त्वयि २६६
त्वमग्ने द्युभिस्त्व २६८
त्वमग्ने प्रथमो २६८
त्वमग्ने प्रमतिस्त्व २६८

त्वमग्ने वृषभ २९८
त्वमिन्द्राभिभूरसि २९७
त्वमीशिषे वसुपते १४४
त्वमेतद्धारय: २९७
त्वष्टा जायमजनयत् २५७
त्वष्टा दुहित्रे वहतु १६३
त्व तमग्ने अमृतत्व २९८
त्व विप्रस्त्व कवि २९९
त्व समुद्रो असि २९९
त्वामग्ने यजमाना २६५
त्वा स्तोमा २९६
दक्षिणावतामिदिमानि २६५
दक्षिणावान् प्रथमो २६६
दक्षिणाश्व दक्षिणा गां २६६
दण्डा इवेद्गो १८
दर्दिहि मह्य २५२
दर्श न्वत्र शृतपा १०३
दिव च रोह २३४
दिवि मे अन्य पक्षो १२६
दिव्य सुपर्ण वायस ६०
दिव्या आपो अभि ३१०
दुहन्ति सप्तैका ६७
दूरमित पणयो १९६
दूष्या दूषिरसि २३३
देवपीयुश्चरति २८०
दौष्वप्न्य दौर्जीवित्य १३०
द्यौरासीत् पूर्वचित्ति २१४
द्वादश प्रधयश्चक्र ६०
द्वासुपर्णा सयुजा ५२,५४
द्वे विरूपे चरत: ४४
द्वेष्टि श्वश्रूरप १३३
धनुष द्या पूर्वतान् ३००
धन्व च यत् कृन्तत्र १७९
धन्वना गा धन्वनाजिं ३१६
धर्मासि सुधर्मा २९५
ध्रुवोच्युत प्र मृणीहि २३५
न किरिन्द्र त्वदुत्तरो २९७
न घा स मामप ११३
न ता अर्वा रेणुककाटो २६३
न ता नशन्ति २६३
न तिष्ठन्ति न निमिष १९०
न ते बाह्वोर्बलमस्ति २९०
न ते सखा सख्य १५८
न दक्षिणा विचिकिते १३७
नदस्य मा रुधत २२,१५०
न देवानामपि २६४
न नूनमस्ति नो श्व. १४६
न पिशाचै. स शक्नोमि १२८
न भोजा मम्रर् २६६
न मत् स्त्री सुभसत्तरा १७२
नमस्ते अस्तु नारदा २२८
नमस्ते अस्तु विद्युते २४
न मा मिमेथ १३३
नमो मित्रस्य वरुणस्य २४१
न मृत्युरासीदमृत १५
न मृषा श्रान्त १५०
न यत् पुरा चकृमा १५९
न वा अरण्यानिर् ३११
न वा उ ते तन्वा १६१
न वा उमा वृजने १०३
न विकर्ण: पृथुशिरा २७९
न विजानामि यदि २६,१३७
न वै तं चक्षुर्जहाति २७४
न ता नशन्ति २६३
न ता अर्वा २६३
नवो नवो भवसि ३०१

न स स्वो दक्षो २६
न सेशे यस्य रम्बते १७७
न सेशे यस्य रोमश १७७
न हि मे अक्षिपच्चना १२६
न हि मे रोदसी उभे १२६
नाकस्य पृष्ठे अधि २६५
नास्मै पृश्नि २७९
नास्य क्षत्ता २७९
नास्य क्षेत्रे पुष्करिणी २७९
नास्य जाया २७९
नास्य श्वेत २७९
नाहमिन्द्राणि रारण १७४
नाहं तन्तुं १३७
नाहं त वेद १०३,१९५
नाह वेद भ्रातृत्व १९६
निक्रमण निषदन ९७
निर्बलासेत: प्रपता २८९
निर्वै क्षत्रं नयति २८०
नीचा वर्तन्त उपरि १३३
नीचैः पद्यन्ता १२१
नैता ते देवा अददुस् २४६
पञ्च नद्य सरस्वती ७५
पञ्चस्वन्त: पुरुष २१३
पदा पणीरराधसो २३६
पर मृत्यो अनुपरेहि २८८
पर. सो अस्तु २८६
परा वीरास एतन २३७
परा ह यत् स्थिरं २३७
परा हीन्द्र धावसि १७१
परिषाण. पुरुषाणा ३०२
परीवृतो ब्रह्मणा १२५
पर्शु र्ह नाम मानवी १८०
परेणैतु पथा वृक १२८
परोऽपेहि मनस्पाप १२९
परोऽपेह्यसमृद्धे २८८
पीवान मेषमपचन्त ९१
पुत्रमत्तु यातुधानीः २८७
पुत्रिणा ता २६४
पुनन्तु मा देवजना ३१९
पुनरेहि वृषाकपे १७९
पुण्डरीके नवद्वारं ८७
पुरूरवो मा मृथा १८४
पुरोडाश यो अस्मै २६४
पूर्ण नारि प्रभर २३८
पूर्वीरहं शरद १४९
पृच्छामि त्वा चितये १९,२१२
पृच्छामि त्वा परमन्त २२०
पृच्छे तदेनो वरुण १३८
पृणीयादिन्नाधमानाय २४२
पृथिव्या अहमन्तरिक्ष १३१
पृष्टीर्मे राष्ट्रमुदर ११९
प्र तद् विष्णुः स्तवते ३०५
प्रति क्षत्रे प्रति तिष्ठामि ११९
प्रति व्रवाणि वर्तयते १८४
प्रति प्राशव्यां इत २६४
प्रत्युष्ट रक्ष प्रत्युष्टा १३१
प्र नून २५५
प्र पतेत पापि २९०
प्र पर्वतानामुशती १५२
प्र नेमस्मिन् ददृशे १०४
प्र मंहिष्ठाय गायत २४१
प्र मा युयुज्रे प्रयुजो १३९
प्र मे नमी साप्य इषे १०४
प्र वाच्य शश्वधा १५४
प्र वाता वान्ति ३०९
प्र विशतं प्राणापाना ३१५

प्र सम्राज चर्षणी ना २३६
प्र सम्राजे बृहदर्चा २४०
प्राग्नये वाचमीरय २४१
प्राण: प्रजा अनु वस्ते ३०७
प्राणश्च मेऽपानश्च ३१७
प्राणाय नमो यस्य ३०७
प्राता रथो नवो ६१
प्रावेपा मा बृहतो १३३
प्रिया तष्टानि मे १७२
प्रेता जयता नर २३७
प्रेह्यभीहि धृष्णुहि २३६
बण्महाँ असि सूर्य ३०१
बतो बतासि यम १६२
बह्वीद राजन् वरुणा ३१३
बाहू मे बलमिन्द्रिय ११६
बृहस्पतिर्म आत्मा १२५
बृहस्पते परिदीया २३६
ब्रह्म च क्षत्र च २८१
ब्रह्म च तपश्च २७५
ब्रह्मणा भूमिर्विहिता २२५
ब्रह्म देवाँ अनुक्षियति २२५
ब्रह्म श्रोत्रियमाप्नोति २२४
ब्रह्म सूर्यसम ज्योतिर् २११
ब्रह्माणि मे मतय. १४३
ब्राह्मणेभ्य ऋषभ २६७
ब्राह्मणो जज्ञे प्रथमो ८०
ब्राह्मणो ऽस्य मुख २०५
भद्र कर्णेभि ३१६
भद्रा अश्वा हरित ३०६
भद्रात् प्लक्षान्निस्तिष्ठ ३०२
भूत च भव्य च २७५
भूरि चकर्थ युज्येभिर् १४४
भोजा जिग्यु: सुरभि २६६
भोजायाश्वं समृजन्त्याशुं १७,२६६
मधुमन्मे निक्रमणं ३१६
मन्ये त्वा यज्ञियं २६७
मम द्विता राष्ट्रं ११४
मम पुत्रा' शत्रुहणो ११८
मया सो अन्नमत्ति ११६
मयि त्यदिन्द्रियं १२४
मयीदमिन्द्र इन्द्रियं २६५
मरीचीर्धूमान् प्रविशा २८६
मरुतो यद्ध वो बल २३७
महानग्नी महानग्न २३
मह्य त्वष्टा वज्र १०४
मह्य नमन्ता मम ३१६
माता च ते पिता च ते २७
माता रुद्राणा २४५
मा बिभेर्न मरिष्यसि २५३
मा धुरिन्द्र नाम १०६
मा नर: स्वश्वा ११५
मुञ्चामि त्वा हविषा २५१
मूषो न शिश्ना १३६
मृत्यो: पद योपयन्त २४४
मेहनाद् वन २५२
मोघमन्न विन्दते १७,२७७
य आध्राय चकमानाय २७६
य उदाजन् पितरो २५६
य उभाभ्यां प्र हरसि २६०
य ऋतेन सूर्यम् २५६
य एक इद्धव्यश्चर्षणी २३६
य एन हन्ति मृदु २८०
यज्जाग्रतो दूरमुदैति २६५
यत्सच्छरीरमशयत् २२७
यत्ते उपोदक २५२
यत्ते माता यत् ते पिता २५३

यत्ते यम वैवस्वत	२४९	यन्मन्युर्जायामावहत्	२२६
यत् पुरुष व्यद:धु	२०५	यन्मे छिद्र चक्षुषो	३१८
यत्र ब्रह्म च क्षत्र च	१९८	यमस्य मा यम्य	१६०
यत्रा सुहार्द सुकृतो	२४६	यमादहं वैवस्वतात्	२५०
यथा प्राण बलिहृतस्	२७५	यमिम त्व वृषाकपि	१७२
यथा बाण सुसशित.	२९०	यशा इन्द्रो यशा अग्निर्	१३१
यथा भवदनुदेयी	२०६	यशो मे द्यावापृथिवी	३१८
यथा मनो मनस्केतै	२९०	यश्च सापत्न. शपथो	१२७
यथा युगं वरत्रया	२५०	यस्तित्याज सचिविद	२७७
यथा सिन्धुर्नदीनां	२५६	यस्तिष्ठति चरति	३०६
यथा सूर्यो नक्षत्राणा	१३०	यस्ते प्राणेद वेद	२७५
यथा सूर्यस्य रश्मय	२९०	यस्ते यज्ञेन समिधा	२६२
यथेय पृथिवी मही	२५०	यस्ते स्तन शशयो	१००
यदङ्गत्वा भरता.	१५५	यस्त्वा जघान	२८७
यदज्ञातेषु वृजनेष्वास	१०३	यस्त्वा पिबति	३०२
यदस्या गोपतौ सत्या	२८१	यस्मान्न ऋते	३०४
यदस्याः कस्मैचिद्	२८१	यस्मिन्नश्वास	९२
यदस्या पल्पूलन	२८१	यस्य भीम प्रतीकाश	२५४
यदादीध्ये न दविषा	१३३	यस्य भूमि प्रमा	२९५
यदा प्राणो अभ्यवर्षीद्	३०७	यस्य वातः प्राणापानौ	२९५
यदासु मर्तो अमृतासु	१८३	यस्य सूर्यश्चक्षु	२९५
यदिक्षितायुर्यदि वा	२५१	यस्याञ्जन प्रसर्पस्य०	३०२
यदि नो गा हसि	२८८	यस्याश्वासः प्रदिशि	३०४
यदिन्द्र चित्र मेहना	१९,२९३	य ग्राममाविशत	११८
यदिन्द्राह यथा त्व	२४	य कृणोति	२५४
यदिमा षाजयन्नह	२५१	यः पृथिवी व्यथमाना	३०४
यदीदह युधये	८९, १०३	य. समिधा य आहुती	२६३
यदीमेनाँ उशातो	३१०	या ओषधयो	२५७
यदुदञ्चो बृहस्पते	१७९	या दम्पती समनसा	२६४
यद् दण्डेन यदिष्वा	३०२	या मा लक्ष्मीः	३१४
यद् वदामि मधुमत्	१२५	या वशा उदकल्पयन्	२२८
यद्विरूपाचर	१८४	या शशाप शपनेन	२८८

या सूर्याः श्रेणि. १८२
या ते धेनुं निपृणामि २४२
यां मेधा देवगणाः २६५,३१३
युनक्त सीरा वि युगा २४४
यूयं गावो मेदयथा ३०१
ये चिद्धि पूर्व १४६,२५६
येनेन्द्रो हविषा ११८
ये यज्ञेन दक्षिणया २५६
ये युध्यन्ते प्रधनेषु २५६
यो अद्य स्तेन १२८
यो अस्मा अन्न २६४
यो अस्मै हव्यदातिभि २६३
यो अस्या कर्णा २८१
यो जात एव प्रथमो ३०४
यो नस्तायद् २८७
यो नो रस दिप्सति २८६
यो मा यातु २८,२८६
यो रायोऽवनिर्महान् २३६
यो यजाति २६४
यो व· सेनानीर्महतो १३३
यो वेतस हिरण्यय २७५
यो वेहत मन्यमानो २८१
यो वै ता ब्रह्मणो २७४
यो वै ते विद्यादरणी ८५
रथीव कशयाश्वाँ ३०६
रमध्व मे वचसे १५३
रात्रीभिरस्मा अहभिर १६१
रात्री माता नभः पिता ३०२
रुच नो धेहि ३१३
रुशद्वत्सा रुशती ३०८
लोमानि प्रयतिर्मम ११६
वचोविद वाचमुदीरयन्ती २४५
वधी वृत्र मरुत १४४
वात आ वातु भेषजं १६,२६३
वायुरस्मा उपामन्थत् ७४
वाशीमन्त ऋष्टिमन्तो २३७,३००
वि जिहीष्व लोक २३४
विततौ किरणौ द्वौ २०
वि तिष्ठध्वं मरुतो २३७
वि द्यामेषि ३०१
विद्युन्न या पतन्ती १८३
विधु दद्राण समने ७१
विपश्चिते पवमानाय २४१
विभ्राजञ्ज्योतिषा ३०१
वि मच्छ्रथाय रशना ३१३
वि रक्षो वि मृधो २३६
वि मे कर्णा पतयतो १३७
विलिप्त्या बृहस्पते २२७
वि वृक्षान् हन्त्युत ३०६
विश्वे देवा अनमस्यन् १३७
विष्णो. क्रमोऽसि १३०
विष्णोर्नु क वीर्याणि २०५
विसर्माणं कृणुहि २३५
वि हि सोतोरसृक्षत १७०
वीरेभिर्वीरान् वनवद् २७१
वृक्ष वृक्षमारोहसि ३०२
वृक्षे वृक्षे नियता ६६
वृषभो न तिग्मशृङ्गो १७७
वृषाकपायि रेवति १७५
वृषा मे रवो २५३
वृषारवाय वदते ३११
वेदाहमस्य भुवनस्य २१६
व्याघ्रं दत्वतां वयं १२८
व्रज कृणुध्व २४४

शकमय धूम	५६
शतयाजं स यजते	२६७
शतहस्त समाहर	२४२
शत्रूयन्तो अभि ये	२८६
शप्तारमेतु शपथो	१२७
शवसा ह्यसि श्रुतो	२६७
शं ते हिरण्य	२५६
शं न सूर्य उरुचक्षा	३१७
शं नो भव चक्षसा	३१४
शं नो भव हृद	३१३
शिरो मे श्रीर्यशो	११९
शिरो हस्तावथो	२२६
शिवा भव पुरुषेभ्यो	२३८
शिवे ते स्ता	२५७
शीर्षक्ति शीर्षामय	२५४
शुक्रोऽसि भ्राजोऽसि	२३३
श्येनो नृचक्षा दिव्यः	८१
षडस्य विष्ठा	२१७
षड् भारां एको	६२
सखाय आ निषीदत	२४१
सखायो ब्रह्मवाहसे	२३९
सचा यदासु	१८३
स जायत प्रथम	६३
सत्येनोत्तभिताभूमि	२७२
सदस्य मदे	२०४
सप्त ऋषय. प्रतिहिता.	७६
सप्त त्वा हरितो	३०१
सम्राज्ञ्येधि श्वशुरेषु	२५६
सभामेति कितव:	१३३
समजैषमिमा अह	११८
समस्मिञ्जायमान	१८२
समहमेषा राष्ट्रं	१२१
समानी प्रपा सह वो	२४४
समानी व आकूति	२४४
समानो अध्वा स्वस्रो	३०८
समानो मन्त्र	२४४
समिधाग्निं दुवस्यत	२४१
समुद्र ईशे स्रवता	२३३
सर्वे देवा उपाशिक्षन्	२२७
सर्वो वै तत्र	२५४
सहस्रदा ग्रामणीर्मा	२५५
सहृदयं सामनस्य	२४४
सहे पिशाचान्त्सहसै.	१२८
सहर्षभा. सहवत्सा	७८
सहस्रणीथा:	२५९
स क्रन्दनेननिमिषेण	२३७
सगच्छध्व सवदध्व	२४३
स मा तपन्त्यभित.	१३९
सवत्सर शशयाना	३१०
स सीदस्व मही	२३३
संशित मे इद ब्रह्म	१२१
स होत्र स्म पुरा	१७४
सा वसु दधती	१८१
सिन्धुर्न क्षोद	२७१
सिहप्रतीको विशो	२३५
सिहे व्याघ्र उत वा	३१९
सुगू सुपुत्रौ	२५७
सुदेवो अद्य	१८,१३९,१८४
सुपर्णा एत आसते	४८
सुपर्णोऽसि गरुत्मान्	२३२
सुमङ्गली प्रतरणी	२३९
सुसमिद्धाय शोचिषे	२४२
सूरिरसि वर्चोधा	२३३
सूर्य एकाकी चरति	२०६
सूर्यो मे चक्षुर्	१२४
सृण्येव जर्भरी	३९

सोऽरिष्ट न मरिष्यसि २५३
सोम एकेभ्यः २५८
स्तुतिस्तु नाम्ना २६३
स्त्रिय दृष्ट्वाय १३३
स्थिरा व. सन्त्वायुधा २३७
स्योनाद् योनेः २५७
स्वर्यन्तो नापेक्षन्त २६५
स्ववृज हि त्वा २३२
स्वस्ति मात्र उत. ३१८
स्वादुष्किलायं ३०७
स्वायसा असयः १३०, २६०
हन्ताहं पृथिवी २५,१२६
हृये जाये मनसा १८१
हिरण्यवर्णां सुभगे ३०२
हरिः सुवर्णो ३३४